ऑब्जैक्शंज उठाये हैं, हम उनको मानते हैं। माननीय सदस्य ने अल्टरनेटिव गांव की जमीन बताई है। अध्यक्ष महोदय, जहां पर मौजूदा थाना है, इसके लिये मैंने संबंधित मंत्री महोदय से बात की है कि यह जगह ही हमें मिल जाये तो मौजूदा बिल्डिंग को गिराकर नया थाना बना देंगे। हमारे पास फंड्स की कोई कमी नहीं है। हम अपने सभी थानों और उनकी इमारतों को ठीक करना चाहते हैं ।

26.12.2022

(क) राज्य सरकार, मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य जघन्य अपराधों मे शामिल व्यक्तियों की वित्तीय सम्पत्तियों के बारे मे विस्तृत एवं विशिष्ट खुफिया जानकारी सक्रिय रुप से एकत्रित कर रही है । गहराई से छानबीन करने पर पता चला है कि इन अपराधियों की कई अचल सम्पत्तियों का निर्माण अनाधिकृत रुप से

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ख) उक्त विध्वसंक कार्य कब से आरम्भ हुआ है तथा अब तक गिराए गए घरों की संख्या कितनी है; तथा	या अवैध अतिक्रमण के माध्यम से किया गया है ।इसके बाद कानून के अनुसार विध्वंस गतिविधियों के लिए विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को पुलिस सहायता प्रदान की गई है ।		
	(ग) क्या सरकार द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों को सूचीबद्ध किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?	(ख) जघन्य अपराधियों एवं मादक पदार्थों के तस्करों की गतिविधियों के बारे मे खुफिया जानकारी का संग्रह निरतंर जारी है तथा विशेष रुप से अपराध द्वारा अर्जित आय के द्वारा जमा की जा रही सम्पत्तियों की सूचना एकत्रित करना भी निरतंर जारी है।		
		XXXX		
		(ग) अपराधियों के बारे मे सूचना एकत्रित करना एक निरतंर प्रक्रिया है तथा यह सूचना संवेदनशील की श्रेणी मे आती हैं अतः इस सूचना को सार्वजनिक करना समाज के लिए हानिकारक होगा तथा इस सूचना को सार्वजनिक करने से अपराधिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से		

नियंत्रित करने के सरकार के प्रयासों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । यद्धपि, राज्य सरकार अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा सगंठित अपराध की वित्तीय जड़ों पर लगातार प्रहार किये जा रहे है और भविष्य मे भी सगंठित अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेंगी।

XXXX

अगर माननीय सदस्य के संज्ञान में कोई मामला हो तो उसके बारे में सूचना दे दें, सरकार उसके ऊपर कार्रवाई करेगी क्योंकि हम हरियाणा प्रदेश के सभी ड्रग तस्करों, गुंडागर्दी और शराब माफियाज पर नकेल लगाना चाहते हैं। स्पीकर सर, जब से सरकार ने इन सभी अपराधियों पर कार्रवाई करनी आरम्भ की है तब से इनके हौसले टूटे हैं। अब हरियाणा प्रदेश में ठंड पड़ रही है और ऐसे लोग हरियाणा प्रदेश को छोड़कर भाग रहे हैं। मैं इसमें संकोच नहीं करूंगा कि अगर ऐसे और भी केसिज सामने आएंगे तो सरकार उन पर कार्रवाई करने में एक बार भी नहीं हिचकेगी और उन पर जरूर कार्रवाई करेगी। मेरा कहना यह है कि ऐसे लोग या तो

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		बदमाशी छोड़ दें या हरियाणा प्रदेश को छोड़ दें। हम किसी को भी गुंडागर्दी और बदमाशी नहीं करने देंगे। इसके लिए सरकार और कानून भी ला रही है और उसको जल्दी ही विधान सभा के माध्यम से या आर्डिनैंस के माध्यम से क्लीयर करवाएंगे। हम ऐसे अपराधियों के लिए 'हकोका' भी ला रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि प्रदेश के लोग अमन और शांति से रहे। कोई भी देश या प्रदेश तभी तरक्की करता है जब वहां पर अमन और शांति हो। हमें अमन और शांति बनाने के लिए जो भी कदम उठाने की आवश्यकता होगी, हम वह कदम उठाएंगे। 26.12.2022		
14.	श्री भारत भूषण बतरा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 15 क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि:– (क) गत 6 महीनों के दौरान रोहतक शहर में चेन तथा पर्स छीनने की कितनी घटनाएं हुई तथा सरकार	XXXX (ख) श्रीमती ललिता रानी पत्नी निवासी जगदीश कालोनी, रोहतक की शिकायत पर अभियोग संख्या 366 दिनांक 14.09.2022 धारा 379ए ध्34 भा.द.स. थाना आर्य नगर, रोहतक में अंकित		

द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) चेन छीनने के कारण सरकार द्वारा पंजीकृत एफ.आई.आर. संख्या 366 दिनांकित 14.09.2022. की वर्तमान स्थिति क्या है तथा क्या अपराधी की गिरफ्तारी हुई या कोई वसूली की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

किया गया था। यह चेन छीनने की घटना थी। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। टावर डंप प्राप्त किया और घटना स्थल के आसपास के कॉल विवरण का विश्लेषण किया। जिले और आसपास के क्षेत्रों में चेन स्नैचिंग के पूर्व अपराधियों से भी पूछताछ की गई। इस समय अभियोग का अनुसंधान रोहतक पुलिस की सीआईए यूनिट–3 द्वारा किया जा रहा है। मुकदमें को जल्द से जल्द सफल बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

26.12.2022

15. चौ0 अभय सिंह चौटाला, विधायक द्वारा दिये गये सोनीपत जिले में जहरीली और नकली शराब पीने के कारण 4 लोगों की मौत से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या 4 एवं इसके साथ संलग्न ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या 29 व 31 जो कि श्री बलराज कुंडू, विधायक व श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा दिये गये थे, के संदर्भ में गृह मंत्री द्वारा दिया गया वक्तव्य–

XXXX

अध्यक्ष महोदय, आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा शराब की अवैध बिक्री न हो सके, उसके लिए विभाग द्वारा नियमित रुप से शराब की दुकानों की चेकिंग की जा रही है। शराब की अवैध बिक्री पर और अंकुश लगाने के लिए, जिला अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं कि जिले के सभी थोक लाइसेंस वाले परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और डीईटीसी (आबकारी) को

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		लाइव फीड उपलब्ध हो। अवैध और नकली शराब का मुकाबला करने के लिए हरियाणा आबकारी अधिनियम, 1914 के प्रावधानों में संशोधन किया गया है। धारा 61 के प्रावधानों को और सख्त किया गया है। आदेश संख्या 6/2/2020–2एचसी दिनांक 11.05.2020 के तहत, गृह विभाग, हरियाणा ने खरखौदा–मटिंडू रोड, सोनीपत, हरियाणा में अस्थायी गोदाम में बरामद शराब के स्टॉक से चोरी के मामले की जांच करने के लिए श्री टी.सी. गुप्ता, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, विद्युत, अधिकारिता, नवीकरणीय ऊर्जा एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एस.ई.टी.) का गठन किया। दिनांक 30.07.2020 को, विशेष जांच दल (एस.ई.टी.) ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी जिसमें रिपोर्ट में उल्लिखित चूकों के लिए व्यक्तिगत अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की सिफारिशों और आबकारी विभाग के कामकाज में व्यवस्थित सुधार के		

लिए सुझाव/अनुशंसित उपाय भी शामिल हैं। पत्र क्रमांक 20/64/2020–3एस(1) दिनांक 25.08.2020 के माध्यम से मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार (कार्मिक विभाग) ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, गृह विभाग और प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, आबकारी और कराधान विभाग को विशेष जांच दल की रिपोर्ट की प्रति सहित एस.ई.टी. की सिफारिशों पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु भेजने के साथ– साथ सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि पूरे मामले की जांच राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा की जाए। तदनुसार, मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार (कार्मिक विभाग) ने सतर्कता विभाग को राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा उपरोक्त मामले की जांच करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, श्री संजीव कौशल, आईएएस, मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार की एक सदस्य समिति बनायी गयी जोकि निम्नलिखित टीमों/समितियों की रिपोर्ट और सिफारिशों का अध्ययन करेगा और विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले आवश्यक सुधारात्मक उपायों की पहचान करेगा और चूककर्ताओं के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई शुरू करेगा:–

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		1. श्री टी.सी. गुप्ता, आईएएस के नेतृत्व में गठित एस.ई.टी। 2. सुश्री कलारामचंद्रन, आईपीएस की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट। 3. श्री श्रीकांत जाधव, आईपीएस की अध्यक्षता में गठित एस.आई.टी.। 4. राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा की जा रही जांच। मामला अभी विचाराधीन है।		
16. चौ0 अभय सिंह चौटाला, विधायक द्वारा दिये गये सोनीपत जिले में जहरीली और नकली शराब पीने के कारण 4 लोगों की मौत से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या 4 एवं इसके साथ संलग्न ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या 29 व 31 जो कि श्री बलराज कुंडू, विधायक व श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा दिये गये थे, के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–	अध्यक्ष महोदय, लॉकडाउन के दौरान जो शराब के बारे में सूचनाएं आई थीं उसके बारे में मैंने श्री टी.सी.गुप्ता जी, आई.ए.एस. की रहनुमाई में एक एस.आई.टी. बनाई थी। उन्होंने जो रिकमण्डेशन दी थी उसमें दो थीं–एक अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए और दूसरी विजीलैंस जांच के लिए। अधिकारियों के खिलाफ जो–जो आदेश थे उनको कला रामचन्द्रन की कमेटी बनाकर पूरा कर दिया गया था। जो विजीलैंस		

अध्यक्ष महोदय, आदमी की जान जाना, यह बहुत ही दुःख की बात है। चाहे वह अवैध शराब का मसला हो, जहरीली शराब का मसला हो या नशे का मसला हो। एक तरफ आज हमारे माननीय मंत्री जी ने बहुत बड़ी स्टेटमैंट दी कि मैं बुरे काम करने वालों को बख्शूंगा नहीं। यह बहुत अच्छी बात है, इस चीज का हम सपोर्ट करते हैं। मैं एक बात हमेशा कहता हूं कि घटना होने से कोई नहीं रोक सकता, घटना होगी लेकिन सरकार क्या कर रही है सरकार का दायित्व क्या है, ये निर्भर करता है कि घटना होने के बाद आपने एक्शन क्या लिया ? वर्ष 2020 में इस मामले को एग्जामिन करने के लिए 4–4 कमेटियों का गठन किया गया था। अब फिर उनके ऊपर एक कमेटी और बना दी और कह दिया कि यह कमेटी उन कमेटीज की रिपोर्ट का अध्ययन करेगी। हम तो यह जानना चाहते हैं कि इस मामले में एक्शन क्या हुआ है, इसमें कौन–कौन से अधिकारी शामिल थे जिनकी वजह से यह घोटाला हुआ है और अवैध शराब कौन बिकवा रहा था? वही वाली बात है कि एक को जांच दी गई उसके बारे में अभी मैंने कुछ ही दिन पहले डी.जी.पी., विजीलैंस से जवाब मांगा था कि इस जांच में क्या कार्यवाही हुई। उन्होंने मुझे लिखित जवाब में बताया कि 209 लिक्कर कांट्रैक्टर्स की स्टेटमैंट्स रिकार्ड की जा चुकी हैं, अधिकारियों एवं कराधान विभाग के 111 अधिकारी/कर्मचारी की भी स्टेटमैंट्स रिकार्ड की जा चुकी हैं, इस पूछताछ के दौरान अब तक पुलिस विभाग के 869 राजपत्रित तथा अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं डिस्टिलरी, ब्रुअरीज एवं बॉटलिंग प्लांट से जुड़े 23 व्यक्तियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। हमें कुछ भी छिपाना नहीं है। जो कार्यवाही चल रही है वह मैं आपको बता रहा हूं। इस पूरे मामले में व्यक्तियों और उनकी निर्दिष्ट भूमिका की पहचान करने के लिए उपरलिखित रिकार्ड एवं बयानों का विश्लेषण किया गया है। विजीलैंस में एफ. आई.आर.दर्ज होने के बाद डी.ई.टी.सीज. ने इन शराब के कारोबारियों पर 63 करोड़ 15 लाख 17 हजार 600 रूपये का जुर्माना लगाया है। मैं दोबारा बोलता हूं 63,15,17,600 रूपये का जुर्माना इनके ऊपर लगाया गया है। जिसमें से 7 करोड़ 78 हजार 25 लाख 753 रूपये (7,78,25,753/– रूपये) रिकवर भी

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	चुहिया भी अंदर गई क्या आज तक? किसी पर क्या कोई एक्शन हुआ? अब एक सदस्यीय कमेटी और बनी है जबकि चार कमटियां पहले से हैं। जवाब में उसके ऊपर एक कमेटी और बना देना कहां तक ठीक है? तब तक वर्ष 2024 आ जायेगा। मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि इस मामले में एक्शन कब होगा? हमें एक्शन चाहिए। श्रीमती सुनीता दुग्गल: सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि जो आंकड़े मैंने बताए हैं और अभय सिंह जी ने जो आंकड़े बताये हैं उनमें बहुत अंतर है। मैं इसकी जांच कराऊंगा और उसकी जो भी स्थिति होगी, ये जिसने भी गलत आंकड़े यहां पर पेश किये होंगे उसके खिलाफ कार्रवाई करके पत्र द्वारा सभी विधायकों को बताऊंगा। अभय जी ने मुझे जो आंकड़े बताये हैं उनके बारे में ऑन दा स्पोट तो मैं नहीं बता सकता। जो आंकड़े मेरे पास किसी अधिकारी ने दिये हैं और जो आंकड़े	किये जा चुके हैं। कुछ मामले कोर्ट में होने के कारण यह रिकवरी नहीं हो पा रही है लेकिन इस पर काम हो रहा है, इन्कवायरी चल रही है और जल्द ही इन्कवायरी फाइनल हो जायेगी, हमने उनको कहा है कि जल्द से जल्द आप इसकी इन्कवायरी करके दो। जैसे ही रिपोर्ट मेरे पास आयेगी तो कम से कम मैं तो किसी को नहीं छोड़ूंगा क्योंकि मैं इस काम के लिए बदनाम हूं कि मैं किसी को नहीं छोड़ता। जैसे ही रिपोर्ट मेरे पास आयेगी तो मैं आपको बताऊंगा। अवैध शराब पीने से मरने वालों के जो आंकड़े मैंने बताए हैं और अभय सिंह जी ने जो आंकड़े बतायें है उनमें बहुत अंतर है। मैं इसकी जांच कराऊंगा और उसकी जो भी स्थिति होगी, ये जिसने भी गलत आंकड़े यहां पर पेश किये होंगे उसके खिलाफ कार्रवाई करके पत्र द्वारा सभी विधायकों को बताऊंगा। अभय जी ने मुझे जो आंकड़े बताये हैं उनके बारे में ऑन दा स्पोट तो मैं नहीं बता सकता। जो आंकड़े मेरे पास किसी अधिकारी ने दिये हैं और जो आंकड़े		

इन्होंने बताये हैं उनमें क्या अंतर है इसकी मैं पूरी जांच करके बताऊंगा क्योंकि आंकड़ों में बहुत ज्यादा अंतर है। ये लगभग 500 बता रहे हैं और मेरे पास रिपोर्ट 36 की है। मैं इसकी जांच करवा कर सभी विधायकों को सूचित करूंगा।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

VIGILANCE DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

07.09.2015

17. श्री बनवारी लाल, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 732- क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) *******

(ख) क्या मार्च, 2009 से सितम्बर, 2014 तक की अवधि के दौरान भूमि उपयोग परिवर्तन (सी.एल.यू) जारी करने के लिए भ्रष्टाचार सम्बन्धी कोई शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो उन पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

इसी प्रश्न के संदर्भ में श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदन के नेता से यह पूछना चाहता हूँ कि मंत्री महोदय जो उत्तर दे रहे हैं, यह ऑन बिहाफ ऑफ मुख्यमंत्री दे रहे हैं। मैं सदन के नेता से यह जानना चाहूंगा कि हमने इस सदन के पहले और दूसरे अधिवेशन में भी इस बारे में कहा था। दोनों अध्यक्ष महोदय, *** पूर्व में मुख्य संसदीय सचिव रहे श्री रामकिशन फौजी के खिलाफ लोकायुक्त की सिफारिश पर राज्य चौकसी ब्यूरो द्वारा 4.12.2014 को एफ.आई.आर. नम्बर-10 रजिस्टर की गई थी। इसके अलावा एक और इन्क्वायरी नम्बर-4 दिनांक 18.5.15 को अम्बाला में रजिस्टर की गई है। श्री राजेश शर्मा और स्वाभिमानी नागरिक वैलफेयर सोसायटी, अम्बाला शहर की शिकायत पर श्री रामकुमार, जिला नगर योजनाकार अम्बाला, नगर तथा ग्राम आयोजन हरियाणा व राजस्व विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध इन्क्वायरी अभी राज्य चौकसी ब्यूरो हरियाणा द्वारा की जा रही है। ***शिकायत का जब तक मैटीरियल नहीं मिलता तब तक छानबीन करने में कठिनाई आती है। कहीं से भी मैटीरियल की जानकारी हमें मिलती है तो एक-एक करके सब चीजें हमारे ध्यान में हैं और पिछले कुछ दिनों में हमने मानेसर के मामले के लिए सी.बी.आई. को इंक्वायरी मार्क कर (1) मुकदमा क्रमांक 10/2014, थाना राज्य चौकसी ब्यूरो, पंचकूला की तफतीश के दौरान अभियोग से सम्बन्धित वी0सी0डी0 राज्य अपराध शाखा, पंचकूला से प्राप्त किया गया, मुदई धर्मेन्द्र कुहाड पुत्र श्री शोभाचन्द वासी धीरणवास, जिला हिसार व प्रवीन पुत्र भीम सिंह वासी गांव देपल, जिला हिसार को शामिल तफतीश किया गया और माननीय लोकायुक्त हरियाणा चण्डीगढ़ से सम्बन्धित रिकार्ड प्राप्त किया गया। मुदईयों की निशानदेही पर मकान नं0 748 सैक्टर 12ए पंचकूला में घटना स्थल का नक्शा मौका अलग से तैयार किया गया।

आरोपी द्वारा दायर याचिका CWP-No. 4554 of 2014 को दिनांक 27.02.2015 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मुकदमा की प्रथम सूचना रिपोर्ट को रद्द करने के आदेश

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(11-01-2023)

दफा हम महामहिम से भी इस बारे में मिले थे और 400 पेज की चार्जशीट भी अपनी पार्टी की तरफ से उनको दी थी। दोनों दफा आश्वासन दिया गया था और आश्वस्त किया गया था कि हम इसकी इंक्वायरी करेंगे। अब काफी समय बीत चुका है मैं जानना चाहूंगा कि अब तक उस पर क्या कार्रवाई हुई है और उसकी इंक्वायरी होगी या नहीं होगी?

दी है। इसी प्रकार से और भी जिन विषयों के बारे में जानकारियां आती रहेंगी उसके बारे में हम जाँच करायेंगे और अगर किसी व्यक्ति ने कोई गलत काम किया हुआ है तो उसकी इंक्वायरी करवायेंगे और इंक्वायरी के बाद जो भी रिजल्ट आयेगा, जो दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

पारित किये, जिसके खिलाफ सरकार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय मे एक LPA No. 1426 of 2015 दायर की गई, जिसमे माननीय उच्च न्यायालय ने इन आदेशो को स्थगित करके मुकदमा की आगामी तफतीश करने के आदेश दिये गये। इस आदेश के विरूद्ध आरोपी द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में SLP No. 15362 of 2016 दायर की गई, जिसमें माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 21.03.2017 को LPA No. 1426 of 2015 के आदेश को निरस्त कर दिया, परन्तु राज्य सरकार को CWP-No. 4554 of 2014 के निर्णय दिनांक 27. 02.2015 के विरूद्ध SLP दायर करने की छूट दे दी। जिस पर सरकार द्वारा एक Civil Appeal No. 6089 of 2018 दायर की गई, जिसमे माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 03.07.2018 को मुकदमा मे तफतीश जारी रखने और मुकदमा से सम्बन्धित तफतीश की रिपोर्ट पेश करने और मुकदमा मे कोई भी कार्यवाही करने से पहले माननीय उच्चतम न्यायालय के नोटिस मे लाये जाने

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			बारे आदेश दिये गये। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 12.05.2016 को LPA No. 1426 of 2015 मे आदेश पारित किये कि मुकदमा की तफतीश 3 IPS अधिकारियों की SIT द्वारा करवाई जाये, जो मूल रूप से हरियाणा के रिहायशी न हो। जिस पर महानिदेशक, हरियाणा पुलिस द्वारा श्री अलोक राय, भा०पु०से०, महानिरीक्षक, क्राईम, हरियाणा, पंचकूला के नेतृत्व मे श्री वाई० पूर्ण कुमार, भा०पु०से०, संयुक्त कमीशनर, गुरूग्राम व श्री अभिषेक जोरवाल, भा०पु०से०, पुलिस अधीक्षक, क्राईम, हरियाणा की SIT गठित की गई। मुकदमा मे आरोपी के वाईस सैम्पल लेने के लिए कई बार नोटिस जारी किये गये परन्तु हर बार वह अपनी बिमारी का जिक्र करके अपने वाईस सैम्पल देने के लिए हाजिर नही आया। जिसके लिए आरोपी की आवाज के नमूने लेने की अनुमति हेतू 12.04.2019	

माननीय अदालत CJM पंचकूला मे एक दरखास्त दी गई, जिस पर माननीय अदालत ने सुनवाई उपरान्त दिनांक 05.03.2020 के आदेश अनुसार आरोपी को आवाज के सैम्पल CFSL, Chandigarh मे मिलान हेतू देने के निर्देश दिये। आरोपी को आवाज के सैम्पल CFSL, Chandigarh से समय लेने उपरान्त दिनांक 18.03.2020 को नोटिस जारी किया गया, परन्तु आरोपी द्वारा कोविड–19 के कारण हाजिर नहीं आया। आरोपी को आवाज के सैम्पल लेने बारे CFSL, Chandigarh से पुनः समय लेने उपरान्त नोटिस जारी किया गया, जो बार–बार नोटिस देने उपरान्त भी हाजिर नही आया। दिनांक 04.08. 2021, 08.09.2021 व दिनांक 12.11.2021 को CFSL, Chandigarh से आरोपी रामकिशन फौजी के आवाज के सैम्पल लेने के लिए समय देने बारे आग्रह किया गया। याचिका I.A No. 4865 (Civil Appellate Jurisdiction) of 2021 in Civil Appeal No. 6089 of 2018 Reply of Affidavit तैयार करके माननीय उच्चतम न्यायालय दिल्ली में जवाब दिया गया, जिस पर सुनवाई

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			दिनांक 10/11.12.2021 उपरान्त आरोपी को सी.जे.एम. कोर्ट पंचकुला में पेष होने बारे आदेष दिए गए, जिस पर दिनांक 22.12.2021 को सी.जे. एम. पंचकुला द्वारा आरोपी को CFSL, Chandigarh में दिनांक 27.12.2021 को अपने आवाज के नमूने देने के लिए आदेष दिए गए, परन्तु आरोपी ने अपने आवाज के नमूने देने से मना कर दिया। मुकदमा में Civil Appeal No. 6089 of 2018 का जवाब दिनांक 04.02.2022, 18.04.2022 को माननीय उच्चतम न्यायालय, दिल्ली में जमा करवाया गया। जिसमें तारीख 28.09.2022 लगी थी, जो आगामी तारिख अभी निष्चित नहीं की गई है। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेषानुसार अभियोग में आगामी कार्यावाही अमल में लाई जाएगी। अतः मुकदमा अनुसंधानाधीन है।	

(2) मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चौकसी विभाग के यादि कमांक 52/38/2015–1चौ(।।) दिनांक 15.05.2015 के आदेशानुसार जांच कमांक 04 दिनांक 18.05.2015, अम्बाला दर्ज की गई, जिसमें आरोप है कि सरकार द्वारा गांव जण्डली, कांवली, सौंडा तथा सरायमहमपुर की कुल 253.30 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने के लिये धारा 4 के अनुसार नोटिफिकेशन जारी किया गया। प्रोपट्री डीलर व जिला नगर योजनाकार तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा आपस में मिलीभगत करके किसानों की जमीन मुख्तयारनामा के आधार पर Alaska Construction Pvt. Ltd. के नाम रजिस्ट्रीयां करवां दी गई। बिल्ड्रों द्वारा जो बाद में अपने नाम रिलीज करवा ली गई। उपरोक्त जमीन पर धारा 6 नोटिफिकेशन जारी की गई। 253 एकड़ में से बकाया जमीन को हरियाणा सरकार द्वारा अक्वायर किया गया जोकि आपस में मिलती नहीं थी। सैक्टर 22 के अन्दर धारा 4 व 6 नोटिफिकेशन के बाद एक बड़ा हिस्सा

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			जोकि 158 एकड़ बनता है, को प्राईवेट बिल्डरों ने ले लिया। नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने लैंड एक्वीजीशन एक्ट 1894 का उल्लंघन करते हुये प्राईवेट बिल्डरों को लाईसैंस नं० 1296 दिनांक 13.08.2014 को जारी करने बारे। जांच की पड़ताल पूर्ण करके अन्तिम रिपोर्ट पत्र क्रमांक 17857 दिनांक 18.12.2018 अनुसार सरकार, चौकसी विभाग को भेजी गई थी, जिसमें सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही एवं सरकार द्वारा अपने स्तर पर कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया था। सरकार के पत्र क्रमांक 58/38/2015–2चौ(।।) दिनांक 13.09.2019 अनुसार सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का अन्तिम निर्णय लिया जा चुका है।	

18. श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 24 के संबंध में अनुपूरकः मुझे पता लगा है कि इसे रेगुलर करने के लिये फाईल सरकार के पास भेजी हुई है। (विघ्न) विभाग के सचिव महोदय कह रहे हैं कि इसको रेगुलर नहीं कर सकते।

विजिलैंस इन्क्वॉयरी के लिये जितने डॉक्यूमैंट्स डिपार्टमैंट से मांगे गये थे, वे सभी डॉक्यूमैंट्स दे दिये गये हैं। अब हम विजिलैंस को कहेंगे कि इस जांच को जल्दी से जल्दी कम्पलीट करे। अध्यक्ष महोदय, यदि इसमें कोई भी दोषी अधिकारी/कर्मचारी पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी करेंगे।

XXX

यदि इसमें कोई प्रौसीजरल लैप्स हुआ है या कोई करप्शन हुई है, निश्चित रूप से हम जल्दी से जल्दी विजिलैंस से जांच के लिये आग्रह करेंगे और जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
19.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान श्री जगबीर सिंह मलिक द्वारा पूछा गया प्रश्नः पिछले गवर्नर एड्रैस में पिंजौर में सेब मंडी, कुंडली में मसाला मंडी, गुरूग्राम में फूल मंडी बनाने का जिक्र था। उनका भी गवर्नर एड्रैस में कहीं कोई जिक्र नहीं है कि ये बन गई हैं या नहीं। मेरे ख्याल से तो बना दी गई होंगी जब इनका गवर्नर एड्रैस में जिक्र ही नहीं किया गया। अगर वे बन गई हैं तो मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं वे बता दें अगर वे बना दी गई हैं तो मैं सदन से माफी मांग लूंगा।	8.03.2021 सभापति महोदय, मैं माननीय साथी की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि बहुत जल्द ही 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से गन्नौर में भी सब्जी मंडी बनने जा रही है।	फूल मंडी, गुरूग्राम :– राज्य सरकार द्वारा फूलों की खेती में सार्वजनिक निवेश को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पहली फूल मंडी गुरूग्राम में विकसित करने की योजना बनाई है। सैक्टर 52–ए गुरूग्राम में 8.26 एकड़ भूमि स्पैशल पर्पज व्हीकल (जो कि जी0एम0डी0ए0 तथा ह0रा0कण्वि0 बोर्ड के बीच मे बनना है) को 20 वर्ष के लिए पट्टे पर देने बारे जी0एम0डी0ए0 ने दिनांक 08.04.2019 को स्वीकर्षति दी थी। चिंह्ति भूमि को नगर योजनाकार विभाग द्वारा "मिक्स लैंड यूज" में बदलने हेतू 24.08.2021 तथा 15.03.2022 को अर्धसरकारी पत्र भेजे गए थे परन्तु अभी तक कोई निर्णय नही हो पाया है । इस मंडी का डी. पी.आर. बनाने हेतू सलाहकार नियुक्त किया गया है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (16-11-2022)

मसाला मंडी, सेरसा, सोनीपतः–

सेरसा (सोनीपत) में 16 एकड़ 18 मरले भूमि पर मसाला मंडी बनाने की योजना है। इच्छुक व्यापारियों से मंडी में प्लॉट लेने हेतू प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे लेकिन कम संख्या में ही प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस मंडी को बनाने के लिए एच.एस.आई.आई.डी.सी. से विचार–विर्मश चल रहा है।

10.03.2021

20. श्री जगबीर सिंह मलिक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 353 क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें क्षतिग्रस्त है;

1. गांव नयात से गांव जौली;
2. गांव दुमेरा से रौलद–लतीफपुर;
3. गांव तिहाड़ कलां की मुख्य सड़क;
4. गांव हुल्लाहेडी से गांव चिटाना; तथा

इन सड़कों की स्थिति निम्न प्रकार हैः–

1. गांव नयात से गांव जौलीः– यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल से सम्बन्धित है। इस सड़क की लम्बाई 3.16 कि0मी0 है। इसकी विशेष मरम्मत का कार्य प्रगति पर है तथा इसके 31.03.2021 तक पूरा होने की संभावना है।

2. गांव दुमेरा से रौलद लतीफपुर :– इस सड़क की लम्बाई 3.54 कि0मी0 तथा राजस्व रास्ता 8 करम चौड़ा है। यह सड़क रख–रखाव हेतू लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़कें) को मार्च, 2020 के दौरान हस्तांतरीत कर दी

प्रश्न में पूछी गई सड़कों की वर्तमान स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

1. गांव नयात से गांव जौलीः– इस सड़क की लम्बाई 3.16 किलोमीटर है। सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य दिनांक 31.10.2021 को पूर्ण हो चुका है तथा सड़क वर्तमान में अच्छी स्थिति में है।

2.गांव दुमेरा से रौलाद–लतीफपुरः– इस सड़क को रख–रखाव हेतू लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग को मार्च, 2020 के

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों को कब तक मरम्मत/निर्मित किए जाने की संभावना है?	गई थी। यह सड़क यातायात सुगम है तथा वार्षिक मरम्मत के अन्तर्गत पैच लगाकर ठीक रखी जा रही है। 3. गांव तिहाड़ कलां की मुख्य सड़क:– यह सड़क लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़कें) से सम्बन्धित है। इस सड़क की लम्बाई 0.96 कि0मी0 है। इस सड़क के सुदृढ़ीकरण तथा चौड़ा करने का कार्य प्रगति पर है जो कि 30.04.2021 तक पूरा होने की संभावना है। 4. गांव हुल्लाहेडी से गांव चिटाना:– यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंड़ल से सम्बन्धित है। इस सड़क की लम्बाई 2.94 कि0मी0 है। हाल ही में इस सड़क की मरम्मत की गई है तथा यह अक्टूबर, 2023 तक दोष दायित्व अवधि के अन्तर्गत है। यह सड़क यातायात सुगम है तथा पैच लगाकर ठीक रखी जा रही है।	दौरान हस्तांतरित कर दिया गया था। अतः यह सड़क लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) विभाग से सम्बन्धित है। **3. गांव तिहाड़ कलां की मुख्य सड़क** :– यह सड़क लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग से सम्बन्धित है। **4. गांव हुल्लाहेड़ी से गांव चिटाना** :– इस सड़क की लम्बाई 2.94 किलोमीटर है। यह सड़क अक्तुबर, 2023 तक दोष दायित्व अवधि (DLP) के अंन्तर्गत है। वर्तमान में सड़क अच्छी स्थिति में है।	

21. तारांकित प्रश्न संख्या 829 के संदर्भ में श्री लीला राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का धन्यवाद भी करना चाहूंगा और उनसे पूछना भी चाहूंगा कि जो उन्होंने अपनी रिप्लाई में कई सड़कों के बारे में ब्यौरा दिया है, जो अगले वित्त वर्ष में बनाई जायेंगी। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि इस ब्यौरा में एक दो सड़कों के बारे में गलत लिखा गया है जैसे गांव दयौरा से जसवंती और एक गांव मानस से अटेला तक की सड़क ऑलरेडी बनी हुई है। इसके अलावा मैं यह भी बातना चाहूंगा कि गांव कुलतारन से उझाना और गांव मानस से अटेला में 33 फुट की रोड है। अध्यक्ष महोदय, जब मैं इस विधान सभा में वर्ष 2000 में चुनकर आया था तब मैंने इस सदन में यही बात उठाई थी। मेरी सरकार से अपील है कि जो कार्य 18—20 साल से पैंडिग पड़े हुए हैं, उनको पूरा करवाने का काम किया जाये।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने 9 सड़कों के बारे में ब्यौरा मांगा था। इसमें से एक सड़क की फिजीबिलिटी रिपोर्ट आनी बाकी है और बाकी सड़कों की फिजीबिलिटी रिपोर्ट चैक कर ली गई हैं। इन 9 सड़कों में से 4 सड़कों की फिजीबिलिटी रिपोर्ट आ गई है और 3 सड़कों के 3 करम के रास्ते हैं और एक सड़क का कच्चा रास्ता है। जो सड़कें फिजीबल की श्रेणी में आ जायेगी माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार जांच करवाने के बाद अगले आने वाले वक्त में इन सड़कों को बनाने का काम पूरा करवा दिया जायेगा।

प्रश्न में पूछी गई सड़कों की वर्तमान स्थिति निम्न प्रकार से है :—

1. उझाना से कुलतारन :— इस सड़क की लम्बाई 3.10 किलोमीटर है। इस सड़क के निर्माण हेतू 174.94 लाख रुपयें की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई तथा यह कार्य ठेकेदार को दिनांक 02.12.2021 को आंबटित किया गया। यह कार्य प्रगति पर है तथा इसके दिनांक 31.03.2023 तक पूर्ण होने की संभावना है।

2. धुंदरेहरि से दीवाल (विद्यालय की सड़क):— इस सड़क की लम्बाई 1.70 किलोमीटर है। इस सड़क के निर्माण हेतू 66.84 लाख रुपयें की प्रशासनिक स्वीकर्षति दिनांक 25.07.2021 को जारी की गई। यह कार्य ठेकेदार को दिनांक 20.12.2021 को आंबटित किया गया परन्तु कार्य समय पर ना शुरु करने की स्थिति में ठेकेदार की धरोहर राशि जब्त कर ली गई। पुनः निविदाएं आमंत्रित करने उपरान्त

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			यह कार्य दिनांक 07.04.2022 को आबंटित किया गया परन्तु कार्य समय पर ना शुरु करने की स्थिति में ठेकेदार की धरोहर राशि जब्त कर ली गई। इस कार्य को पुनः निविंदाए आमंत्रित करने उपरांत 02.09.2022 को आबंटित किया गया। इस कार्य के 31.03.2023 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। **3. मानस से फर्श माजरा (वाया खेतों के रास्ते) :–** इस सड़क की लम्बाई 2.06 किलोमीटर है तथा राजस्व रास्ते की चौड़ाई 5 करम है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति दिनांक 16.03.2022 को दे दी गई हैं। इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है। इस कार्य के वित्त वर्ष 2023–24 में पूर्ण होने की समंावना है ।	

4. जसवन्ती से दोहर :– इस सड़क की लम्बाई 3.30 किलोमीटर है। इस सड़क के निर्माण हेतू 148.67 लाख रुपयें की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 24.02.2021 को जारी की गई। यह कार्य ठेकेदार को दिनांक 16.07.2021 को आंबटित किया गया था। यह कार्य प्रगति पर है तथा इसके दिनांक 31.03.2023 तक पूर्ण होने की संभावना है।

5. गुहना से सांगवान :– इस सड़क की वास्तविक लम्बाई 4.40 किलोमीटर है। इस सड़क के निर्माण हेतू 195.24 लाख रुपयें की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 22.07.2021 को जारी की गई। यह कार्य ठेकेदार को दिनांक 18.10.2021 को आंबटित किया गया। निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा इसके दिनांक 31.03.2023 तक पूर्ण होने की संभावना है।

6. गढ़ी से मानस :– इस सड़क की लम्बाई 1.45 किलोमीटर है। इस सड़क के निर्माण हेतू 60.44

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			लाख रुपयें की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 22.07.2021 को जारी की गई। यह कार्य ठेकेदार को दिनांक 23.11.2021 को आंबटित किया गया। निर्माण कार्य दिनांक 22.03.2022 को पूर्ण हो चुका है तथा सड़क अच्छी स्थिति में है।	
			7. पाड़ला से बाबा लादाना वाया गांव बुडा खेड़ा :– इस सड़क की लम्बाई 3.21 किलोमीटर है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति दिनांक 24.06.2022 को प्रदान की गई। सड़क निर्माण हेतू 201.79 लाख रुपयें की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 27.09.2022 को जारी की गई। इस कार्य की निविदांए आमंत्रित करने की प्रकिया जारी है तथा इस कार्य के वित्त वर्ष 2023–24 में पूर्ण होने की संभावना है।	

8. शेरगढ़ से पानी के नाले की पगडंडी वाया वाक्क खेड़ी से शुगर मिल करनाल सड़क तक :– इस सड़क की लम्बाई 3.72 किलोमीटर है। इस सड़क के राजस्व रास्ते की चौड़ाई आर.डी. 2720 मीटर से 3720 मीटर तक 3 करम है तथा आर.डी. 0 से 2720 मीटर तक कोई राजस्व रास्ता नहीं है। राजस्व रास्ता उपलब्ध न होने के कारण इस सड़क का निर्माण सम्भव नहीं है।

9. दयौरा से नहर की पगडंडी गांव कुलतारण तक :– इस सड़क की लम्बाई 4.70 किलोमीटर है। इस सड़क के राजस्व रास्ते की चौड़ाई आर.डी. 2415 मीटर से 4700 मीटर तक 3 करम है तथा आर.डी. 0 से 2415 मीटर तक कोई राजस्व रास्ता नहीं है। राजस्व रास्त उपलब्ध न होने के कारण इस सड़क का निर्माण सम्भव नहीं है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
22.	श्री बलबीर सिंह, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 771 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि :– (क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधानसभा क्षेत्र में मार्किट कमेटी मतलौडा का भवन बहुत पुराना तथा क्षतिग्रस्त है; तथा (ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त मार्किट कमेटी के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?	18.03.2021 (क) जी हां, श्रीमान्य (ख) इस कार्य के लिए 138.28 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति 23.02.2021 को दे दी गई है। यह कार्य 31.03.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है।	मतलौड़ा का मार्केट कमेटी कार्यालय भवन बहुत पुराना था। मतलौड़ा मण्डी में नये कार्यालय भवन के निर्माण हेतू 138.28 लाख रुपयें की प्रशासनिक स्वीकर्षत दिनांक 25.02.2021 को प्रदान की गई। यह कार्य ठेकेदार को दिनांक 28.07.2021 को आवंटित किया गया। भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है तथा इसके 30.11.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है।	
23.	तारांकित प्रश्न संख्या 771 के सन्दर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः ***** अध्यक्ष जी, इसके अलावा मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से एक रिक्वैस्ट यह है कि मेरे इसराना विधान सभा क्षेत्र में मतलौडा और इसराना ब्लॉक	18.03.2021 अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि मतलौडा और इसराना ब्लॉक में अभी रैस्ट हाऊस बनाने की कोई प्रपोजल नहीं है। इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहूंगा कि मैं इस मामले को मतलौडा और इसराना ब्लॉक के परिप्रेक्ष्य में	मतलौडा व इसराना ब्लॉक के मंडियों में किसान विश्रामग्रह के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।	

में कोई भी रैस्ट हाऊस नहीं है इसलिए इन दोनों जगहों पर जल्दी से जल्दी रैस्ट हाऊसिज का निर्माण करवाया जाये। यह इन दोनों जगहों की बहुत बड़ी जरूरत है। अगर कोई भी सरकारी या गैर सरकारी मीटिंग करनी हो तो हमें वहां से 20 किलोमीटर दूर चलकर पानीपत आना पड़ता है। क्या मंत्री जी इस काम को करवाने की कृपा करेंगे? यदि हां, तो कृपया करके मुझे उसकी समय सीमा बताई जाये।

एग्जामिन करवा लेता हूं। इस सम्बन्ध में जो भी निचले स्तर के अधिकारीगण की रिपोर्ट आयेगी उसके बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

17.12.2021

24. श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 480 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए हरपथ हरियाणा ऐप पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड द्वारा सभी 13025 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों को हरपथ हरियाणा ऐप से जोड़ दिया गया है। इनमें से 9666 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों को गडढ़ा मुक्त कर दिया गया है। बाकी सड़कों को गडढ़ा मुक्त करने का कार्य प्रगति पर है क्योंकि इनमें से कुछ सड़कों पर विशेष मरम्मत का कार्य चल रहा है। सभी सड़कों को गडढ़ा मुक्त करने के लिए सरकार के स्तर पर समुचित निगरानी की जा रही है।

राज्य की लगभग 12000 किलोमीटर लम्बाई की सड़के हरियाणा राज्य कृषि मार्किटिंग बोर्ड के अंर्तगत आती है तथा सभी सड़को को हरपथ हरियाणा ऐप से जोड़ दिया गया है। सभी सड़कों को गड्डा मुक्त करने के लिए सरकार के स्तर पर सामुचित निगरानी की जा रही है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

20.12.2021

25. श्री जगबीर सिंह मलिक,

श्री बलराज कुंडू, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 539 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे:–

(क) चालू वर्ष के दौरान राज्य में भारी वर्षा के कारण नष्ट हुई किसानों की फसलों का जिला–वार तथा फसल–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उनकी नष्ट हुई फसलों के लिए किसानों को दिए गए मुआवजे का जिला–वार तथा फसल–वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) गोहाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के किसानों को दिए गए मुआवजे का गांव–वार तथा फसल–वार ब्यौरा क्या है?

****(क) बाजरा, कपास, मूंग, धान एवं गन्ना की खड़ी फसलों को भारी वर्षा/जलभराव एवं कीटों के हमले से हुए नुकसान का आंकलन करने हेतु दिनांक 30.09.2021, 08.10.2021 तथा 19.10.2021 (जिला सिरसा के लिए आचार सहिंता लगने के कारण) को विशेष दिये गये। अम्बाला मण्डल से दिनांक 14.10.2021 को तथा करनाल मण्डल से दिनांक 25.11.2021 को विशेष गिरदावरी रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं। इन रिपोर्टो के अनुसार, अम्बाला मण्डल में किसी नुक्सान की रिपोर्ट नहीं है, जबकि करनाल मण्डल ने जिला करनाल के 2 गांवों कौल खेड़ा (3.88 एकड़) और अरडाना (48.34 एकड़) में खड़ी फसलों में नुक्सान की रिपार्ट की है। अन्य जिलों से विशेष फसल निरीक्षण रिपोर्ट अपेक्षित है।

(ख) और (ग) हिसार मण्डल, रोहतक मण्डल, गुरूग्राम मण्डल और फरीदाबाद मण्डल से विशेष फसल निरीक्षण की रिपोर्ट

अपेक्षित है। विशेष फसल निरीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त होने उपरांत मुआवजा प्रदान करने बारे निर्णय लिया जाएगा। गोहाना और महम विधान सभा क्षेत्रों की विशेष गिरदावरी रिपोर्ट अपेक्षित है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

क्र. सं.	जिले का नाम	फसल खराबा एकड़ों में	स्वीकृत मुआवजा राशि	फसल का नाम
1	करनाल	46.26	378885/–	कपास
2	पलवल	543.96	5828251/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान/गन्ना
3	नूंह	450	5205000/–	कपास/धान
4	गुरूग्राम	1	10000/–	मूंग
5	हिसार	229684	1723221000/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान/गन्ना
6	फतेहाबाद	107367	952900500/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान
7	सिरसा	76782	729639222/–	कपास/मूंग/बाजरा
8	भिवानी	200661	1270213500/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान/गन्ना
9	सोनीपत	12140.3	122615186/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान/गन्ना
10	चरखी दादरी	40524	452485000/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान/गन्ना

11 रोहतक	9787.4	104550500/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान/गन्ना
12 झज्जर	22148	245110000/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान/गन्ना
13 जीन्द	53790	514341500/–	कपास/मूंग/बाजरा/धान/गन्ना
14 रेवाडी	1903.15	20824875/–	कपास/मूंग/बाजरा
कुल		8146823419/–	

(ग) उपायुक्त सोनीपत से प्राप्त रिपोर्ट अुनसार गोहाना विधानसभा निर्वाचनेत्र के किसानों को दिए गए मुआवजे का गावं–वार तथा फसल–वार ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

क्र. सं.	गांव का नाम	प्रभावित किसानों की संख्या	फसल खरीफ 2021 के लिए स्वीकृत राशि	अब तक लाभार्थियों की संख्या	बांटी गई राशि	फसल का नाम
1	गोहाना	–	–	–	–	–
2	गुढा	–	–	–	–	–
3	गढी उज्जाले खॉ	–	–	–	–	–
4	नगर	–	–	–	–	–
5	बडौता	–	–	–	–	–

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही					टिप्पणी
1	2	3	4					5
			6 गढी सराय	–	–	–	– –	
			7 न्यात	–	–	–	– –	
			8 खेडी दमकन	–	–	–	– –	
			9 जौली	–	–	–	– –	
			10 गंगेसर	–	–	–	– –	
			11 खन्दराई	–	–	–	– –	
			12 गामडी	220	717709	107	465681	कपास
			13 कैलाना खास	60	126629	33	66696	कपास/ धान
			14 खानपुर कलां	1253	7435838	726	3827135	कपास/ धान
			15 पट्टी कैलाना तालुका खानपुर कलां (बेचिराग)	217	1010049	123	653951	कपास/ धान
			16 ककाना बहादरी	–	–	–	– –	
			17 कासण्डी	–	–	–	– –	
			18 कासण्डा	–	–	–	– –	
			19 सरगथल	–	–	–	– –	

20	दुबेटा	177	940000	130	562303	धान
21	माजरी	–	–	–	–	–
22	मोई	228	610000	150	428164	धान
23	चिटाना	–	–	–	–	–
24	हुल्लाहेड़ी	129	544000	111	386689	धान/ कपास/ बाजरा/ ईख
25	खिजरपुर जट माजरा	89	533000	51	225979	धान/ कपास/ बाजरा
26	किलोहडद	–	–	–	–	–
27	जुआं	329	1075000	148	405270	धान/ कपास/ बाजरा
28	सलीमपुर ट्राली	139	418000	64	184708	धान/ कपास/ बाजरा
29	बोहला	350	1208000	141	883945	कपास/ बाजरा
30	पिनाना	431	916000	93	347721	धान/ कपास/ बाजरा
31	सलारपुर माजरा	171	583000	53	200876	कपास/ बाजरा
32	बिघल	–	–	–	–	–
33	तिहाड़	–	–	–	–	–
34	लाठ	–	–	–	–	–
35	बड़वासनी	102	236000	77	153245	धान/ कपास/ बाजरा
36	भटगांव बूगरान	185	1196000	109	1050246	धान/ कपास

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही							टिप्पणी
1	2	3	4							5
			37	जटमलपुर लुहारी टिब्बा	45	144000	39	138055	धान	
			38	गुहणा	–	–	–	–	–	
			39	सलीमसर भाजरा	10	60000	10	57981	ईख	
			40	मटगांव भालयान	–	–	–	–	–	
			41	महीपुर	168	972000	97	712199	धान/ कपास/ बाजरा	
			42	बाघडू	533	2742000	239	1979574	धान/ कपास/ बाजरा	
			43	हस्नयारपुर तिहाड़ कलां	352	1188000	172	1157277	धान/ कपास/ बाजरा	
			44	ताजपुर तिहाड़ खुर्द	429	2150000	183	1611704	धान/ कपास/ बाजरा	
			45	महलाना	51	990000	–	–	धान/ कपास/ बाजरा	
			46	दोदवा	236	164000	93	130127	धान/ कपास/ बाजरा	

47	भादी	–	–	–	–	–	
48	रोलद लतीफपुर	83	87500	28	18278	धान/ कपास/ बाजरा	
49	चटिया देवा	25	47000	18	35830	धान/ कपास/ बाजरा	
50	रहमाना	–	–	–	–	–	
51	सिटावली	–	–	–	–	–	
52	भटाना आफराबाद	–	–	–	–	–	
53	माहरा	–	–	–	–	–	
54	नैनाता– तापुर	159	561000	129	427915	धान/ कपास/ बाजरा	
55	जाजी	48	142500	38	80347	धान/ कपास/ बाजरा	
56	बादशाहपुर माछरी	128	313000	83	280382	धान/ कपास/ बाजरा	
57	करेवड़ी	113	570000	94	519339	धान/ कपास/ बाजरा	
58	मोहाना	540	1810000	181	714665	कपास/ बाजरा	
	कुल	6998	29490425	3814	17306282		

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		22.12.2021		
26.	श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न 531 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री बताएंगे कि:– (क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मार्किट कमेटी द्वारा निर्मित निम्न सड़कों की स्थिति बहुत खराब है:– (i) राम पुर से मीरपुर; (ii) गढ़ कोट से शहजानपुर; तथा (ख) यदि हाँ, तो इन सड़कों को कब तक पुर्ननिर्मित किये जाने की संभावना है ?	XXX (ख) इन सड़कों की विशेष मरम्मत का कार्य प्रगति पर है तथा इनके 31.03.2022 तक पूर्ण होनें की संभावना है।	(ख) इन सड़कों की स्थिति निम्न प्रकार है:–राम पुर से मीरपुर व गढ़ कोट से शहजानपुर सड़कों की विशेष मरम्मत का कार्य दिनांक 17.11.2020 को आबंटित किया गया था। कार्य समय पर पूर्ण न किये जाने की स्थिति में ठेकेदार को दिनांक 30.06.2022 को पैनल्टी लगा दी गई थी। ठेकेदार द्वारा कार्य पुनः शुरू कर दिया गया है तथा कार्य के 31.03.2023 तक पूर्ण होने की सम्भावना है ।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (16-11-2022)

28.02.2020

27. वर्ष 2020–21 के बजट अनुमान के संदर्भ में।

37. मैंने कृषि क्षेत्र के लिए वर्ष 2020–21 में उठाए जाने वाले जिन नए महत्वपूर्ण कदमों के लिए बजट प्रावधान किया है, उनमें से केवल 12 के बारे में मैं विशेष रूप से बताना चाहूंगा। ये इस प्रकार हैं:–

(iii) हरियाणा की सभी सब्जी मण्डियों में महिला किसानों के लिए अलग से 10% स्थान आरक्षित किया जाएगा।

(xi) फसल अवशेषों के स्थल पर तथा दूसरे स्थान पर प्रबंधन हेतु एक व्यापक प्रबंधन योजना तैयार की गई है। इसके तहत सभी प्रभावित जिलों के हर ब्लॉक में पराली खरीद केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

18.03.2021

28. तारांकित प्रश्न संख्या 1035 के सन्दर्भ में श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः *****मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय में अबूब शहर में एक वैक्सिंग और ग्रेडिंग प्लांट की शुरूआत की गई थी जो

*****अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य की मांग है कि वहां पर ;अबूब शहरद्ध कोई फूड प्रोसैसिंग का बड़ा प्लांट लग जाए जोकि इनकी यह जायज मांग है। आज के दिन भारत सरकार की जो पॉलिसी है वह कृषि विभाग की पॉलिसी नहीं है। उससे अलग विभाग की पॉलिसी है जो फूड पार्क बनाती है। उनकी

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	आज की तारीख में बन्द पड़ा हुआ है, उसको रिवाइव कर दिया जाए। ***** *****मैं मंत्री जी से यही निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे यहां अबूब शहर में बंद पड़े वैक्सिंग और ग्रेडिंग प्लांट को रिवाइव करते हुए शीघ्रातीशीघ्र एक प्रोसैसिंग यूनिट स्थापित करने का काम किया जाये। """	इंटरप्रिनोर में आकर कोई फूड प्रोसैसिंग या जूस का कोई प्लांट लगाए तो उसमें हरियाणा सरकार का जो सहयोग होगा वह हम देने के लिए तैयार हैं। हैफेड के लगाए हुए वैक्सिंग के प्लांट को भी हम दोबारा रिवाइव/जांच करेंगे कि वह किस वजह से बन्द पड़ा हुआ है। हमारी इच्छा यह है कि हमारे प्रधान मंत्री जी का किसान की आमदनी बढ़ाने और फूलों–फलों और सब्जियों की खेती करने तथा किसानों को ट्रेनिंग देने, किसानों को मंडी उपलब्ध कराने का जो लक्ष्य है उस दिशा में जो भी सदस्य कोई सुझाव देता है। हम उस पर गम्भीरता से विचार करने के लिए तैयार हैं।	हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा अबूब शहर में किन्नु की पैकिंग तथा ग्रेडिंग के लिये वर्ष 2008 में प्लांट लगाया गया था। इस प्लांट को वर्ष 2008 व 2009 में किन्नु आवक के दौरान मार्किट कमेटी डबवाली द्वारा सचांलित किया गया। वर्ष 2010 व 2011 में प्लांट को सचांलित करने हेतू किराये पर दे दिया गया था। प्लांट की मशीनरी में गड़बडी के कारण बाद में प्लांट सचांलित नही किया जा सका। मशीनरी को ठीक करवाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। अबूब शहर में फूड़ प्रोसेसिग का प्लांट लगाने का कोई प्रस्ताव हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के विचाराधीन नहीं है क्योकि यह बोर्ड की नीति के अर्न्तगत नही आता है ।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (16-11-2022)

2.3.2022

29. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।

मेरी सरकार ने कृषि भूमि एवं अन्य विकास कार्यों में सुगमता लाने के उद्देष्य से दृश्या (Drone Imaging and Information Service of Haryana Limited) का गठन किया गया। इसके तहत ड्रोन पायलट (Drone Pilot) का चयन और ड्रोनों (Drones) को खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । वर्ष 2022–23 से दृश्या सरकारी विभागों को ड्रोन मैपिंग सेवाएं प्रदान करना शुरू कर देगा ।

03.03.2022

30. तारांकित प्रश्न संख्या 1748 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– मेरे कहने का भाव यह है कि चीका में माल गिराने के लिए प्लेटफार्म बनाया जाये और बाद में सरकार वहां माल को स्टोरेज करे। यहां मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि चीका एक ऐसी मंडी है जहां 92 शैल्र्ज हैं। हरियाणा और पंजाब में सबसे ज्यादा शैलर्स चीका

अध्यक्ष महोदय चीका के अन्दर दो मंडियां है। जो नयी मंडी 41.45 एकड़ पर बनी है उसमें हमनें 266 दुकानें बनायी हैं जिनमें से 44 दुकानें बिक गई हैं तथा 222 दुकानें अभी तक नहीं बिकी हैं। नयी मंडी में हमने छोटे बूथ 96 बनाये हैं जिनमें से 18 बिक गये तथा 78 अभी नहीं बिके हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का भाव यह है जो नयी मंडी हमने बनायी है वह अभी पूरी तरह से आबाद नहीं हुई है। यह बात सही है कि चीका में धान उत्पादन सबसे ज्यादा होता है। गुहला चीका विधान सभा क्षेत्र में दो सब यार्ड है। रामथली सब यार्ड 20 किलोमीटर पर है, अनोली सब

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	मंडी में है और इन शैलर्स को सबसे बड़ी दिक्कत यह आती है कि उनको जीरी सुखाने के लिए और इकट्ठी करने के लिए प्लेटफार्म नहीं मिलता । मंत्री जी ने इसका उत्तर नहीं में दिया है जबकि चीका में प्लेटफार्म की बहुत ज्यादा जरूरत है और इसका फायदा सरकार को भी होगा, चीका के आढ़तियों को भी होगा और किसानों को भी होगा । प्लेटफार्म बन जाने से किसानों की फसल सड़कों और गलियों में रूलेगी नहीं। अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि चीका में प्लेटफार्म बनाने पर विचार किया जायेगा या नहीं?	यार्ड जो पहले बंद पड़ा था जिसको इस बार हमने चालू करवाना है यह 10 एकड़ में है। भागल का सब यार्ड 11 किलोमीटर पर है। कांथली परचेज सैन्टर 10 किलोमीटर पर है, कम्बारी का परचेज सैन्टर 14 किलोमीटर पर है, भूसला का परचेज सैन्टर 14 किलोमीटर पर है। दो और परचेज सैन्टर 12 किलोमीटर और 10 किलोमीटर पर हैं। इस प्रकार 9 परचेज सैंटर्ज आस–पास हैं यानी हमारी व्यवस्था पूरी है लेकिन हमने जो मंडी बनाई है उसका पैसा नहीं आ रहा है। दुकानें बिक जायेगी पैसा आ जायेगा तब आगे सब यार्ड बना देंगे।		
		03.03.2022		
31.	श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 649 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गांव खरक गागर से बुढ़ा खेड़ा तक की सड़क की मुरम्मत/पुनः निर्माण करने	जी हां, श्रीमान्, सड़क को नियमति वार्षिक रख रखाव के अंर्तगत दिनांक 30.04.2022 तक गड्ढा मुक्त कर दिया जाए।		

का कोई प्रस्ताव के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक मुरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ?

32. श्री लीला राम, द्वारा पूछा गया तारांकित संख्या 1503 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या कैथल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(i) गांव मानस से फर्श माजरा;

(ii) गांव कुतुबपुर से गांव राहेडिया वाया रेलवे स्टेशन, कुतुबपुर; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सडकों के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

XX (i) गांव मानस से फर्श माजरा :– इस कच्चे रास्ते की लम्बाई 2.06 किलोमीटर है। राजस्व रिकार्ड के अनुसार इस रास्ते की चौड़ाई 5 करम है तथा इस सड़क के बनने पर नजदीकी मंडी फर्श माजरा की दूरी 1.32 किलोमीटर कम हो जाएगी। इस सड़क के निर्माण का प्रस्ताव बोर्ड की सड़क निर्माण नीति के अंतर्गत आता है। इस सड़क के निर्माण का कार्य वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान बजट घोषणा के अंतर्गत किया जाएगा।

(ii) गांव कुतुबपुर से गांव राहेडिया वाया रेलवे स्टेशन, कुतुबपुर :– इस प्रस्तावित सड़क की लम्बाई 0.80 किलोमीटर है। इस सड़क के निर्माण के लिए 46.02 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति 02.02.2022 को प्रदान की गई तथा निविदांए 08.03.2022 के लिए आमंत्रित की गई। इस कार्य के 31.07.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। ग्ग अध्यक्ष महोदय, हमने गांव मानस से फर्श माजरा की सड़क को अगले बजट में पूरा करने का उत्तर दिया है । हम इस प्रक्रिया को और जल्दी पूरी करके सड़क को जल्दी बनाने का प्रयास करेंगे ।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15.03.2022		
33.	श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 737 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) जी हाँ श्रीमान्, इस सड़क पर मरम्मत की आवश्यकता है।		
	(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद में गांव धौज से गांव टीकरी खेड़ा की सड़क बुरी अवस्था में हैं; तथा	(ख) सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य 31.07.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है।		
	(ख) यदि हां, तो उक्त सड़क का निर्माण कब तक किये जाने की संभावना हैं?			
		16.03.20222		
34.	श्री अमित सिहाग, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 811 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) योग्य लाईसैंस धारकों को ड्रा द्वारा प्लॉट आबंटित करने की प्रक्रिया 30.04.2022 तक पूर्ण होने की समावना है। ******		
	(क) नई सब्जी मण्डी, डबवाली में दुकानों को आबंटित करने की प्रक्रिया को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है। ******			

35. श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 71 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के गोदामों में गेहूं के प्रबंधन के नाम पर विभिन्न एंजेसियों द्वारा अनाज की चोरी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका जिला वार ब्यौरा क्या है ?

महोदय, इस सम्बन्ध में प्रस्तुत किया जाता है कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न की खरीद के लिए एक नोडल एजेन्सी है। खरीद का कार्य मुख्यतः तीन एजेन्सियों द्वारा क्रमशः खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड तथा हरियाणा राज्य भण्डारण निगम द्वारा किया जाता है। कस्टम मिलिंग के लिए उपरोक्त सभी एजेंसियों को आबंटित चावल को मण्डी से सीधा मिलों को पहुंचाया जाता है। गेंहू की खरीद का कार्य भी भारत सरकार की ओर से किया जाता है। गेंहू का अधिकतम स्टॉक सीधे मंडी से भारतीय खाद्य निगम को पहुंचाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन एक बडी मात्रा भारतीय खाद्य निगम को नहीं पहंचाई जाती है, जिसे उपरोक्त तीनो एजेन्सियो द्वारा अपने गोदामों में तब तक सुरक्षित रखा जाता है जब तक भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्डों अनुसार अनाज में अधिकता सहित भारतीय खाद्य निगम को वितरित नहीं किया जाता है। यदि भारतीय खाद्य निगम को गेंहू के प्रेषण में कम लाभद्ध सामान्य कमी देखी जाती है तो जिम्मेवार

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		कर्मचारियों/अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाती है। इसके अतिरिक्त यदि स्टाक में असामान्य कमी पाई जाती है तो विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही के अतिरिक्त आपराधिक कार्यवाही भी अमल में लाई जाती है। 2. उपरोक्त एजेन्सियों के गोदामों में गेंहू के स्टॉक की चोरी से सम्बन्धित मामलों की घटनाओं को रोकने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। गोदामों से गेंहू के स्टॉक की प्राप्ति और प्रेषण पर उचित नजर रखने के लिए विभागीय नार्मस अनुसार पी0आर0 चौकीदार नियुक्त किये जाते हैं। 3. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा विभाग के गोदामों में भण्डारित स्टाक की गुणवत्ता एवं मात्रा को बनाये रखने के लिए विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाता है। गोदामों पर भण्डारित स्टाक के स्वास्थ्य के समुचित संरक्षण एवं रख–रखाव के लिए विभाग द्वारा निम्नलिखित कदम भी उठाये जा रहे हैं–		

- ✔ मुख्यालय द्वारा जिला स्तर पर गठित कमेटियों तथा लेखा परीक्षा समितियों द्वारा हर वर्ष 30 जून तथा 31 दिसम्बर को समाप्त अवधि का विभाग के पास भण्डारित स्टॉकध्स्टॉक आर्टिकल्स की भौतिक जांच की जाती है।
- ✔ विभाग के पास भण्डारित स्टाक के स्वास्थ्य तथा रख–रखाव के लिए मुख्यालय द्वारा समय–समय पर हिदायतें तथा गाईडलाईंस जारी की जाती हैं।
- ✔ मुख्यालय स्तर पर भण्डारित स्टाक के प्रेषण तथा कम–अधिकता की मासिक तथा वार्षिक समीक्षा की जाती है तथा कोताही करने वाले कर्मचारियों की जिम्मेवारी निर्धारित की जाती है।

इसके अतिरिक्त चोरी की घटनाओं को कम करने तथा स्टॉक की सुरक्षा के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड तथा हरियाणा राज्य भण्डारण निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		10.06.2022		
36.	तारांकित प्रश्न संख्या 41 के संदर्भ में श्री शमशेर सिंह गोगी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी अपने जवाब में यह भी स्पष्ट करें कि उस जमीन को लीज पर देने का सरकार का कोई विचार नहीं है।	स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि हम सभी प्रकार के डिस्प्यूट्स का जनता के सहयोग से रिज्योल्यूशन करते हैं। हम ताकत का इस्तेमाल नहीं करते। हम माननीय सदस्य श्री गोगी जी से भी सहयोग मांगते हैं कि ये इस समस्या के समाधान में हमारा सहयोग करें। XX स्पीकर सर, आश्वासन दे दिया गया है कि हमारा उस जमीन को छोड़ने का कोई भी इरादा नहीं है। XX स्पीकर सर, यह तो मैंने कह दिया है कि हम उस जमीन को नहीं छोड़ेंगे।		
		02.03.2022		
37.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	राज्य सरकार लगभग 760 करोड़ रुपये की लागत से चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सहकारी चीनी मिलों के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण के साथ–साथ सह–बिजली संयंत्र व एथेनॉल प्लांट की स्थापना के लिए भी काम कर रही है। ****		

07.03.2022.

38. डा0 कृष्ण लाल मिढ़ा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 627 क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे–

(क) क्या जींद चीनी मिल की पिराई क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ?

(क) हाँ श्रीमान जी, राज्य सरकार पहले ही जींद चीनी मिल की पिराई क्षमता 1600 टी.सी.डी. से बढ़ाकर 2200 टी.सी.डी. करने का फैसला कर चुकी है।

(ख) अगले पिराई सत्र 2022–23 से जींद चीनी मिल की पिराई क्षमता बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

07.03.2022

39. श्री इंदुराज नरवाल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 621 क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे–

(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के उप–चुनाव के दौरान बरोदा निर्वाचनक्षेत्र में एक चीनी मिल स्थापित करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त राइस मिल के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

(क) हाँ सर।

(ख) परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त किया गया है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जल्द ही प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। दो साल में परियोजना को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15.03.2022		
40.	श्री दीपक मंगला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 791 क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर के बीच में फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक की भूमि रिक्त पड़ी है; यदि हां, तो उपरोक्त भूमि पर सहकारी बैंक का कोई दफ्तर या शाखा खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या हैं?	यह सत्य है कि दि फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, फरीदाबाद के पास पलवल शहर के बीच में 2634.79 वर्ग मीटर की जगह है। उक्त भूमि पर पलवल में बैंक भवन निर्माण का प्रस्ताव रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, हरियाणा के पास विचाराधीन है।		
		21.03.2022		
41.	श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 770 क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) XXX (ख) XXX (ग) XXX (घ) हॉ, श्रीमान जी, सरकार के पास प्राथमिक कृषि सहकारी समिति/प्राथामिक सहकारी ऋण एवं सेवा समितियों के कार्य की समीक्षा करने और दक्षता में सुधार करने के लिए प्रस्ताव विचाराधीन है:–		
(क)	XXX			
(ख)	XXX			
(ग)	XXX			
(घ)	प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के कार्यशैली की समीक्षा तथा कार्य क्षमता			

को सुधारने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

(i) प्राथमिक कृषि सहकारी समिति/ प्राथामिक सहकारी ऋण एवं सेवा समितियों का कम्पयूटरीकरणय

(ii) प्राथिमिक कृषि सहकारी समिति/ प्राथामिक सहकारी ऋण एवं सेवा समितियां के शीघ्र भुगतान करने वाले किसान सदस्यों के लिए 4 प्रतिशत ब्याज राहत योजना को 26.02.2025 तक बढ़ाने बारे।

10.08.2022

42. तारांकित प्रश्न संख्या 44 के संदर्भ में श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अध्यक्ष. महोदय, सच्चाई यह है कि मैं मंत्री जी के संज्ञान में यह बात लाना चाहती हूँ कि 6 गांव Tosham, Miran, Dhani Miran, Devavas, Kharkari and Jhulli ऐसे हैं जिन्होंने अभी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आवेदन किया था। मंत्री जी कह रहे हैं कि इन्होंने एज् पर नार्म्ज ऑफ द प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना स्कीम में आवेदन नहीं किया है, परन्तु वास्तविकता यह है कि इन गांवों ने नार्म्ज के मुताबिक आवेदन किया है। इन

XX माननीय सदस्य अगर ऐसी कोई बात कह रही है कि डिले है और वेरिफिकेशन हुई है तो मैं चाहूंगा उसका रिकॉर्ड मेरे को भी मुहैया करवा दिया जाये। मैं तुरंत डिप्टी कमिश्नर और वहां जो एल.डी. एम. है उनकी एक कमेटी बनाकर इन सबको रिवेरिफाई करवाने का काम करूंगा। एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी, भिवानी के अंदर जो कलस्टर–वन है, उसको देखती है, तुरंत उनके साथ इस मैटर को टेक अप करके मैटर को रिजोल्व करने का काम करेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

गांवों के किसान धरने पर बैठे हुए हैं। बीसों बार डी.सी. के पास भी जाकर आये हैं। मैं आज ऑन द फ्लोर ऑफ द हाउस यह कहना चाहती हूँ कि सरकार को डी.सी. को गांवों के अंदर भेजना चाहिए। अगर गांव वाले यह कह दें कि उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आवेदन नहीं किया है तो फिर मैं झूठी और मंत्री जी सच्चे। अध्यक्ष महोदय, जब यह बोला जाता है कि जिन गावों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपने आपको रजिस्टर्ड करवाया है, उनको क्लेम की राशि दे दी गई है तो बहुत दुख होता है क्योंकि जिन गांवों ने अपने आपको इस स्कीम के तहत रजिस्टर्ड करवाया है, उनको भी अभी तक क्लेम की राशि नहीं दी गई है। आखिरकार सच्चाई क्या है ? मैंने तो बीमा कंपनियों के मैनेजर से बात करके उनको भी नाम मिजवाये हैं। ये जो बीमा कंपनियां हैं, वे ऐसे काम करती हैं जैसे

सरकार ने पूरी की पूरी तोशाम तहसील में डिक्लेयर कर दिया कि यहां पर 31 परसेंट से लेकर 57 परसेंट तक फसल खराबा हुआ है लेकिन क्राप कटिंग वाली कंपनियां जो हैं, वे खराबा नहीं दिखाती हैं। यह बहुत बड़ी धांधलेबाजी हो रही है।

XX

27.12.2022

43. तारांकित प्रश्न संख्या 28 के संदर्भ में चौ0 आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि पिछले विधान सभा सत्र में भी जब किसानों की जल भराव की समस्या का उप–मुख्यमंत्री जी जवाब दे रहे थे तो हमारे जिले मेवात की गिरदावरी का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। जब हमने यहां पर मामला उठाया तो इन्होंने कहा कि चैक करवा लेंगे। अगले दिन इन्होंने मुझे जवाब दिया कि जल भराव के कारण मेवात में 25–30 हजार एकड़ फसल का नुकसान हुआ है। लेकिन उसका आज तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि पहले आदमपुर उप–चुनाव को लेकर हिसार में तथा बाद में पंचायती राज के चुनावों के कारण पूरे प्रदेश में आचार संहिता लगी हुई थी, उस कारण से इसमें देरी हुई है। मैं कहना चाहूंगा कि जैसे ही गिरदावरी की रिपोर्ट आ जायेगी तो इनका मुआवजा भी भेज दिया जायेगा। जहां तक रबी फसल 2022 के मुआवजे की बात है तो मैं बताना चाहूंगा कि हरियाणा प्रदेश में फसलों के खराबे के लिए 109 करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर पहले ही सैंक्शन कर दिये गये हैं। मेवात के लिए 32.26 करोड़ रुपया फसलों के खराबे के मुआवजे के तौर पर पहले ही ट्रेजरी में जा चुका है। ट्रेजरी में चला गया है तो वह इनको शीघ्र ही मिल जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

जहां तक आज के प्रश्न की बात है तो माननीय उप–मुख्यमंत्री जी ने गिरदावरी के आदेश तो दे दिये हैं लेकिन अभी तक गिरदावरी हो कर कोई रिपोर्ट नहीं आई है। आज वहां पर हालात यह हैं कि किसानों की पिछली फसल तो खराब हो ही गई लेकिन अगली फसल की बिजाई की भी कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है क्योंकि दिसम्बर का अंतिम सप्ताह चल रहा है। अभी तक वहां पर गेहूं और सरसों की बिजाई नहीं हुई है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से यह पूछना चाहूंगा कि इसकी गिरदावरी कब तक हो जायेगी? इसके अतिरिक्त यह जो हर साल जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ता है इसका कोई स्थायी समाधान किया जाये तथा मुआवजे के लिए कोई टाइमफ्रेम बना कर समय पर किसानों को मुआवजा दिया जाये। उस एरिया की गिरदावरी की जाये तथा किसानों को

उनकी खराब फसल का मुआवजा शीघ्र जारी किया जाये। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि पिछले साल की खराब फसल का मुआवजा भी शीघ्रातिशीघ्र जारी किया जाये।

27.12.2022

44. तारांकित प्रश्न संख्या 28 के संदर्भ में चौ0 आफताब अहमद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि पिछले साल की खराब फसलों का मुआवजा मेवात जिले के किसानों को अभी तक नहीं मिला है और जब तक नहीं मिलेगा तो क्या फायदा ?

XXX

मेवात में क्षतिपूर्ति के अन्दर लगभग 3667 किसानों ने अपनी फसल खराबे का, पानी खड़े होने का और अगली फसल की बुआई न होने का डाटा अपलोढ किया है जिसके अन्दर 16007 एकड़ एरिया नॉन–साउन (बिजाई रहित) या डैमेज था। उसकी वैरिफिकेशन चल रही है। जैसे ही इन किसानों का भी 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' के ऊपर डाटा वैरिफाई हो जाएगा उनको भी हरियाणा सरकार तुरंत मुआवजा देगी। गगग

27.12.2022

45. श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 58 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2022 में

श्रीमान, जी हां, खरीफ 2022 के दौरान पंचकूला जिले में ग्रासी स्टंट वायरस रोग के कारण धान की फसल का उत्पादन प्रभावित हुआ है ।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	जिला पंचकूला में घास के स्टंट वायरस रोग के कारण धान का उत्पादन प्रभावित हुआ है; यदि हां, तो उपरोक्त कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के उन किसानों की कुल संख्या जिन्हें उपरोक्त बीमारी के कारण धान की फसल के नुकसान के लिए सरकार द्वारा मुआवजे का भुगतान किया गया है ?	राजस्व विभाग में इस बीमारी के लिए मुआवजे का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए राजस्व विभाग क्षतिपूर्ति नहीं करेगा। हालांकि, कालका विधानसभा क्षेत्र में खरीफ 2022 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 1260 किसानों ने धान की फसल का बीमा कराया। इस बीमारी सहित विभिन्न कारणों से बीमित किसानों को 2.19 करोड़ रूपये का मुआवजा योजना के मानदंडों के अनुसार संबंधित बीमा कंपनी द्वारा दिया जाएगा, किसानों को मुआवजा जारी करने की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है और शीघ्र ही पूरी होने की संभावना है।		
		27.12.2022		
46.	श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 66 क्या कृषि एवं कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	XXX इसके अतिरिक्त, दिनांक 22 सितम्बर, 2022 के बाद कई स्थानों पर हुई भारी वर्षाध्जलभराव		

(क) राज्य में क्षेत्र का जिलावार ब्यौरा क्या है जिसमें बेमौसमी वर्षा के कारण वर्ष 2021–22 की रबी फसलें तथा वर्तमान वर्ष की खरीफ फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं तथा उसका फसलवार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त भाग (क) में वर्णित फसलों के हुए नुकसान के लिए कोई मुआवजा दिया गया है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा प्रति एकड़ दिए गए मुआवजे का वर्षवार ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो उसके क्या कारण क्या है?

के कारण खरीफ फसल, 2022 में हुए नुकसान के आंकलन हेतू सरकार के पत्र दिनांक 28.10.2022 और 09.11.2022 (जिला हिसार में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण) द्वारा विशेष गिरदावरी के आदेश दिए गये थे। जिलों से मण्डलीय आयुक्तों के माध्यम से विशेष गिरदावरी की रिपोर्ट अभी अपेक्षित हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने पर सरकार के नार्मज हिदायतों अनुसार आवश्यक कार्यवाही कर ली जायेगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

MINES & GEOLOGY DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
47.	XX ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के संबंध में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, इसको एडमिट करने के लिए मैं आपको धन्यवाद दे रहा हूं । यह बहुत गम्भीर मामला है और पूरे प्रदेश से संबंधित है। मैं इस समय हाउस में इसलिए खड़ा हूं क्योंकि मैं वहां पर जाकर स्वयं स्थिति को देखकर आया हूं। मैं स्वयं मौके पर गया था। मंत्री जी ने जवाब दिया कि मौके पर जो पहाड़ था जहां पर ऐक्सीडैंट हुआ था उसके नीचे ज्यादा खुदाई नहीं हुई थी। मैं कहता हूं कि उसके साथ वाले पहाड़ पर कितनी खुदाई की हुई है उसे आप स्वयं जाकर देखिये । वहां पर नहर बंद पड़ी है और 700--800 फुट तक खुदाई हुई है। मुझे वहां पर लोगों ने बताया कि वह जमीन पंचायत की है लेकिन पंचायत को उसका हिस्सा भी नहीं दिया गया। अब सदन में किसी वेदपाल नाम के व्यक्ति का जिक्र किया	14.3.2022 XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय नेता प्रतिपक्ष को बताना चाहूंगा कि अभी इस मामले की इन्कवायरी पैंडिंग है। पहले इन्कवायरी पूरी हो जाए, उसके बाद विचार किया जाएगा। (विघ्न)		

गया है और कह रहे हैं कि उसने तो 150 करोड़ रुपये ऑफर किये थे। मैं पूछता हूं कि अब माइनिंग को कौन चला रहा है और उसको आगे चलाने की सरकार ने इजाजत किसको दी ? सरकार ने उसी वेदपाल को माइनिंग चलाने की इजाजत दे दी जो उसको मैनेज कर रहा है। अध्यक्ष महोदय, ये सब बातें गवर्नमैंट के रिकार्ड पर है। चूंकि वह डिफॉल्टर है और 150 करोड़ रुपये लेकर भाग गया। अध्यक्ष महोदय, मैं ये बातें आरोप–प्रत्यारोप लगाने के लिए नहीं कह रहा हूं। यह गम्भीर विषय है। चूंकि इस विषय को लेकर माननीय सदस्यों ने सदन में एक – दूसरे पर उंगलियां उठायी हैं। आज जो चर्चा हुई है उससे कोई नतीजा नहीं निकला है। इसमें सरकार छोटी मछलियों को पकड़ रही है और बड़ी मछलियों को कोई हाथ नहीं लगा रहा है। इसका सरकार के पास क्या जवाब है ? अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी भी यही पर बैठे हुए हैं। मेरी आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग है कि इस मामले की सी.बी.आई. या हाई कोर्ट के जज से

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

जांच करवा दें ताकि यह पता चल सके कि कितना नुकसान हुआ है? क्या माननीय मुख्यमंत्री जी इस मामले की जांच सी.बी.आई. से करवाने के लिए तैयार हैं? इसमें सिर्फ यही बात है। बाकी तो छोटी मछलियों को पकड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ता। चूंकि हर जगह पर छोटी मछलियों को ही पकड़ रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

9.08.2022.

48. डॉ0 अभय सिंह यादव, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 30 के संबंध में अनुपूरक: अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया है उसके साथ ही इंस्पैक्शन रिपोर्ट भी लगाई हुई हैं। मैं उन्हीं रिपोर्ट्स को पढ़ रहा हूं। मंत्री जी ने जवाब में कहा है कि माइनिंग प्लान के अनुसार ही माइनिंग हो रही है। उस रिपोर्ट में एक कॉलम यह भी है कि स्टेटस ऑफ बाउंड्री पिल्लर्स। स्टेटस ऑफ बाउंड्री पिल्लर्स के बारे में कुछ विधायक जी ने जो पंचायत की जमीन पर मलबा पड़ा होने की बात कही है, उस संबंध में मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि पंचायत की जमीन पर जो इस तरह की माइनिंग होती है अगर उसकी ऑक्शन नहीं हो पाती है तो उसको सीज कर दिया जाता हैं लेकिन हम उस जमीन की ऑक्शन करवाएंगे। दूसरा जो वाटर लेवल की बात की गई थी। उस संबंध में मैं बताना चाहूंगा कि जहां बारिश का पानी भरा हुआ था उसको तो हमने बाहर निकाल दिया है। हमने कल

पिल्लर्स को छोड़ कर बाकी पिल्लर्स के बारे में लिख दिया गया है कि एक्सैप्ट पिल्लर्स सच एण्ड सच। इसका मतलब यह है कि इस दिशा में पिल्लर्स को तोड़ दिया गया है। उसके बाद आपकी रिपोर्ट ही कहती है कि दिनांक 11.04.2022 को सर्वे किया गया है जिसके बारे में लिखा हुआ है कि रिपोर्ट अभी पैंडिंग है। इस प्रकार से 4 महीने पहले आपने पैमाइश करवाई लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं आई है। इसमें फैक्ट यह है कि जो पंचायती जमीन है वहां पर मनमर्जी से माइनिंग हो रही है। इसी तरह से जहां पर माइनिंग हो रही है वहां के वाटर लैवल की बात की जाये तो पिछले 4–5 सालों से वाटर लैवल इम्प्रूव हुआ है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने महेन्द्रगढ़ जिले के लिए जो वाटर रिचार्ज की स्कीम बनाई थी और नहरों में पानी छोड़ा गया है उसके बाद हमारे एरिया का वाटर लैवल ऊपर आया है जिसके कारण माइन्ज में पानी भर जाता है। मंत्री जी पता करवा लें वहां खानों में से पम्प लगा लगा कर पानी निकाला जा रहा है। इस प्रश्न के रिप्लाई में अनैक्सर रिपोर्ट के सीरियल नं. 9, लास्ट में लिखा ही रिपोर्ट मंगवाई है वहां पानी का लेवल 175 मीटर नीचे है। वहां जो बाउंडरी लाइन की बात की गई है उसमें पिल्लर्स की रिपोर्ट तो मेरे पास है लेकिन फिर भी मैं उसको एक बार चैक करवा लूंगा कि वह बाउंडरी लाइन से बाहर तो नहीं हैं। वैसे उसकी पूरी जानकारी की रिपोर्ट मेरे पास है अगर फिर भी कहीं रह गई है तो मैं उसको एक बार दोबारा से चैक करवा लूंगा। XXX

माननीय सदस्य ने बाउंडरी लाइन की बात कही है। पानी की रिपोर्ट तो हमारे पास है लेकिन पंचायत की जमीन को खाली करवाने की जो प्रक्रिया है वह हम डी.सी. के थ्रू जल्दी ही करवा देंगे। XXX

अध्यक्ष महोदय, हम उस जमीन की चार महीने में ऑक्शन करवा देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

हुआ है 'पटटाधारक/ठेकेदार का खनिज स्टॉक' तथा इसके (टिप्पणियां) के column में यह लिखा है' "बखरीजा प्लाट नं. 3 की सामान्य सीमा के निकट/साथ लीज के भीतर ओवरबर्डन स्टॉक" यह रिकार्ड का मुद्दा है कि मेगोत बिंजा पंचायत की जमीन है। बिना किसी रैंट व कम्पनसेशन के कई एकड़ जमीन के ऊपर मलबा डम्प कर रखा है। जब मैंने इस संबंध में संबंधित अधिकारी को कहा कि आपने पंचायत की जमीन में मलबे का पहाड़ बना दिया तो वह कहने लगा कि हमने इस मलबे को सीज कर दिया है। यह उससे भी बड़ी बीमारी है। सीज करने का मतलब परमानैंटली उसको वहां छोड़ दिया है। Either you dispose it off, या आप उसका ऑक्शन करवाइये या जो भी करवाएं लेकिन उस पंचायत की जमीन को खाली करवाईये। मेरा मंत्री महोदय से निवेदन है कि वे मेरे को आश्वस्त करें कि वे वहां किसी इंडीपैंडेंट

एजेंसी से सर्वे करवाएंगे। मुझे माइनिंग के बारे में कोई एतराज नहीं है लेकिन माइनिंग नॉर्म्स के मुताबिक हो और मलबे का डिस्पोज ऑफ भी नॉर्म्स के मुताबिक हो क्योंकि वहां आगे आने वाली पीढ़ियों को रहना है।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

REVENUE AND DISASTER MANAGEMENT DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		10-3-1992		
49.	श्री अमीर चन्द मक्कड़ द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं० 11 के उत्तर में :— (क) क्या हांसी में गांव ढाणा रामपुरा में महाराजा फरीदकोट से संबंधित भूमि के आबंटन के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है; तथा (ख) यदि ऐसा है तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई?	(क) ग्राम ढाणा रामपुरा में भूतपूर्व महाराजा फरीदकोट की भूमि से संबंधित केवल एक शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है **** इस बारे उल्लेख है। (ख) ऊपर खंड (क) में वर्णित स्थिति को ध्यान में रखते हुए और सरप्लस भूमि का अलाटियों को मौके पर कब्जा दिलाते समय किसी प्रकार की हिंसा की संभावना को रोकने के लिए और मामले को स्थाई ढंग से निपटाने हेतु सभी संबंधित पक्ष एवं पार्टियों को विश्वास में लेकर सभी उचित कदम उठाये जाएंगे।	1. श्रीचतर सिंह पुत्र श्रीपूर्ण, गांवढाणी पीरवाली को दिनांक 09.01.1989 को 40 कनाल भूमि अलाट की गई थी। गिरदावर हल्का की रिपोर्ट दिनांक 15.05.2017 अनुसार अलाट किये गये रकबा पर गांव के 42 व्यक्तियों ने मकान बनाकर नाजायज कब्जा किया गया है। अलाट किये गये रकबे पर जिन व्यक्तियों ने मकान बनाये हुए है उनको दिनांक 11.12.2018 को कब्जा खाली करने बारे नोटिस जारी किये गये थे। नाजायज काबिज व्यक्तियों के बारे तहसील दार हांसी से रिपोर्ट हेतु उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक 513/एस0ए0 दिनांक 05.08.2019 व 529/एस0ए0 दिनांक 18.11.2018 द्वारा लिखा	After perusing the written reply and oral examination of the Departmental representatives, the Committee observed that the assurance is pending since 1989 for implementation. The Committee therefore, desired that the expenditious step be taken in the matter.

गया था। तहसीलदार हांसी कि रिपोर्ट पत्र क्रमांक 177/ओ0के0 दिनांक 04.02.2021 अनुसार मौके पर 42 व्यक्तियों का कब्जा दिखाया गया है। अभी तक कोरोना महामारी के चलते कब्जा कार्यवाही नही की जा सकी है।

2. चन्दुपुत्र निहाल सिहं गांव रामपुरा को दिनांक 03.02.1989 को 40 कनाल भूमि अलाट की गई थी। गिरदावर व पटवारी हल्का की रिपोर्ट दिनांक 04.12.2017 अनुसार इस अलाटी की मृत्यु हो चुकी है। हरियाणा युटिलाईजेशन ऑफ सरप्लस एण्ड अदर एरिया स्कीम 1976 के अनुसार अलाटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिसों को कब्जा देने का कोई प्रावधान नही है। इसलिए यह रकबा पुनः अलाट किया जायेगा। अलाटमैंट कमेटी गठित करने से सम्बन्धित मामला दिनांक 22.07.2021 को सरकार के आदेशार्थ प्रस्तुत किया हुआ है। अलाटमैन्ट कमेटी गठित

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			होते ही यह रकबा पुनः अलाट कर दिया जायेगा।	
			3. औम प्रकाश पुत्र श्रीराम को गांव ढाणा खुर्द को दिनांक 09.01.1989 को 40 कनाल भूमि अलाट की गई थी। गिरदावर व पटवारी हल्का की रिपोर्ट दिनांक 18.06.2018 अनुसार बार–बार कब्जा लेने नही आया और अब तक यह अलाटी गांव में नही रहता। इस रकबा को पुनः अलाट किया जाना है। अलाटमैंट कमेटी गठित करने से सम्बन्धित मामला दिनांक 22.07.2021 को सरकार के आदेशार्थ प्रस्तुत किया हुआ है। अलाटमैन्ट कमेटी गठित होते ही यह रकबा पुनः अलाट कर दिया जायेगा।	
			4. कैलाश पुत्र फूलसिहं गांव ढाणी पीरवाली को दिनांक 02.02.1989 को 27 कनाल 10 मरले भूमि	

अलाट की गई थी। अलाट किये रकबा पर हनुमान आदि ने सिविल जज हांसी के न्यायालय में सिविल सूट नं0 75 सी0 ऑफ 2015 दिनांक20.04.2015 को दायर किया। इस पर न्यायालय ने हनुमान आदि को सुनने के पश्चात अलाटमैन्ट की कार्यवाही करने बारे दिनांक 26.04.2017 को फैसला सुनाया। इस फैसले के विरूद्व जिला न्यायालय में एक अपील न0. 477 ऑफ 2017 कैलाश द्वारा दायर की गई। इस अपील को दिनांक 19.01.2021 को जिला न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया। इसके उपरान्त एल0आर0 ने उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक 6032/सी0ओ0 11(17)2021 दिनांक 24.03.2021 अनुसार बताया की यह केस उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए फिट नही है। यहां स्पष्ट किया जाता है कि सरकार द्वारा अलाटमैंट कमेटी गठित होने

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			उपरान्त ही न्यायालय के फैसले अनुसार हनुमान आदि को सुना जायेगा।	
			5. ताराचन्द पुत्र पोकरगांवढाणी पीरवाली को दिनांक 09.01.1989 को 27 कनाल 10 मरले भूमि अलाट की गई थी। अलाटी को 7 कनाल का कब्जा दिलाया जा चुका है। बाकी 20 कनाल 10 मरले का कब्जा कोर्ट केस विचाराधीन होने के कारण नहीं दिलाया जा सका है। इस रकबा बारे माननीय उच्च न्यायालय में रामरती बनाम हरियाणा सरकार सिविल रिटपैटीशन नं0 23723/2014 लम्बित है। जिसमें सरकार द्वारा जवाब दावा दाखिल करके पैरवी की जार ही हैं आगामी तारीख पेशी दिनांक 15.11.2021 बहस के लिए निश्चित है।	

नोटः— उपरोक्त सभी अलाटीयो को माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, सी0डब्ल्यू0पी0 नं0 2994 आफ 1991, कर्नल श्री हरेन्द्र सिंह बराड (मृतक) के एल0आर0 बनाम हरियाणा सरकार विचाराधीन होने के कारण कब्जा कार्यवाही नही की जा सकी। उक्त पैटीषन फैसला दिनांक 30.06.2014 को किया गया। जिसके बाद कब्जा कार्यवाही पुनः शुरू की गई।

9.03.2021

50. तारांकित प्रश्न संख्या–960 के संदर्भ में श्री सीता राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी और उप–मुख्यमंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि अटेली तहसील को उप–मण्डल का दर्जा दिया जाये। इसकी दो बार उपायुक्त, महेन्द्रगढ़ से फिजिबिलिटी हो कर आ गई है। XX अध्यक्ष महोदय, मैं इसकी फिजिबिलिटी के बारे में बताना चाहता हूं। अटेली XX इससे संबंधित सभी विषयों के बारे में कमेटी विचार–विमर्श भी करेगी। क्योंकि कई मापदंड हैं कि गांवों की संख्या कितनी है, सब–तहसील कितनी हैं तथा पटवारखाने कितने हैं? कितने हैक्टेयर एरिया है, कितनी जनसंख्या है और जिला मुख्यालय से कितनी दूरी पर है, इन तमाम विषयों को देखा जाता है। कमेटी गम्भीरता से इसके ऊपर विचार करेगी और आने वाले दिनों में बैठक करेगी क्योंकि 1.4.2021 से फिर लैंड बाउंड्री सील होंगी। हमारा प्रयास होगा कि उससे पहले जो माननीय उप–मुख्यमत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में गठित पुर्नगठन कमेटी कि दिनांक 08.03.2022 को हुई बैठक में कमेटी द्वारा तहसील अटेली को उप–मण्डल का दर्जा देने बारे प्रस्ताव को अनुमोदन किया गया। बैठक की कार्यावाही की प्रति दिनांक 4.05.2022 को कार्यालय में प्राप्त हो गई है। परंतु दिनांक 29.03.2022 को मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में नयें मण्डलों, जिलों, तहसीलों,उप–तहसीलों, खण्डों

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तहसील में 53 गांव शामिल हैं और 1,30,000 की आबादी है। इस तहसील में 25545 हेक्टेयर भूमि है और फिजिबिलिटी के हिसाब से सभी मापदंड पूरे करती है। मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि अटेली तहसील को उप–मण्डल का दर्जा दिया जाए।	भी फाइनल निर्णय होगा क्योंकि सेंसस का काम 1.4.2021 से शुरू हो जायेगा इसलिए उससे पहले सरकार इस पर विचार करेगी । XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को आश्वस्त करना चाहूंगा कि अगर यह तहसील मापदंड पूरे करती होगी तो सरकार इस पर अवश्य ही गम्भीरता से विचार करेगी।	इत्यादि के गठन के लिये नये मापदण्डों के निर्धारण हेतु कमेटी का गठन किया गया। जिस द्वारा मापदण्ड निर्धारण का कार्य अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। तदोंपरात दिनांक 21.07.2022 को प्रस्ताव को माननीय मुख्यमत्री महोदय के अनुमोदन हेतु भेजा गया था जिसपर सरकार ने जब तक नये मण्डलों, जिलों तहसीलों, उप–तहसीलों, खण्डों व पंचायत समितियों इत्यादि बनाने के नए मापदण्ड निर्धारित नहीं होते तब तक लंबित रखने के आदेश दिये है।	
		16.03.2021		
51.	श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 263 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–			
(क)	क्या यह तथ्य है कि एन.आई.टी., फरीदाबाद का अपना कोई तहसील तथा उपमण्डल कार्यालय नहीं है; तथा	(क) हां श्रीमान जी, इस समय तहसील कार्यालय व उप–मण्डल (ना.) बडखल, जिला फरीदाबाद का कोई भवन नहीं है और ये सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एन.आई.टी. फरीदाबाद के भवन में बिना किराए के कार्यरत हैं।	आश्वासन संख्या: 59. एन.आई.टी, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र मे उप–मण्डल कॉम्पलैक्स बडखल के कार्यालय के निर्माण के लिए राजकीय कन्या, सीनियर सकैण्डरी स्कूल, मैट्रो मोड, एन.आई.टी फरीदाबाद की 6.43	

(ख) यदि हां, क्या फरीदाबाद, एन.आई.टी. विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उपमण्डल तथा तहसील कार्यालय का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त कार्यालय के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

(ख) उप–मण्डल व तहसील कार्यालय हेतु एन.आई.टी. फरीदाबाद में भूमि चिन्हित की जा रही है और तदोपरान्त निर्माण का कार्य आरम्भ किया जाएगा।

एकड भूमि मे से 2.74 एकड भूमि लघु सचिवालय बडखल ;राजस्व विभागद्ध के नाम सरकार के आदेश पत्र कमांक 701–ए–1–2022/3817, दिनांक 21–04–2022 द्वारा नि:शूल्क स्थानान्तरण कर दी गई थी तथा इस विभाग के पत्र दिनांक 12–05–2022 द्वारा उपायुक्त, फरीदाबाद को लिख दिया गया है कि उप–मण्डल कॉम्पलैक्स बड़खल के कार्यालय के निर्माण के नक्शे सरकार के नॉर्मस अनुसार मुख्य वास्तुकार हरियाणा से तैयार करवाकर उनके माध्यम से सरकार को अनुमोदन हेतु भिजवाना सुनिश्चित करे। मुख्य वास्तुकार हरियाणा से पत्र दिनांक 12710–2022 द्वारा उक्त भवन निर्माण के नक्शे अनुमोदन हेतु प्राप्त हुए थे। जिस बारे सरकार के स्तर पर कार्यवाही की जा रही है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		17.03.2021		
52.	तारांकित प्रश्न संख्या 961 के संदर्भ में श्री सीता राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या दोंगड़ा अहीर को उप–तहसील बनाने की घोषणा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो इसको कब तक उप–तहसील बनाने की घोषणा किये जाने की संभावना है ?	XX पूरे देश और प्रदेश में जनगणना का अभियान 1 अप्रैल, 2021 से शुरू होगा। जैसे ही जनगणना होने के बाद नये आंकड़ें आएंगे और संबंधित कंडीशंज पूरी हो जाएंगी तो सरकार इस बात पर विचार करेगी। XX जैसे ही नयी जनगणना का डाटा आ जाएगा तो इस पर विचार किया जाएगा। इस समय हमारे पास वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार ही डाटा उपलब्ध है। XX अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की मांग पर सरकार जरूर विचार करेगी।	माननीय उप–मुख्यमत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में गठित पुर्नगठन कमेटी कि दिनांक 08.03.2022 को हुई बैठक में कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि गांव दौंगडा अहीर को उप–तहसील का दर्जा देने बारे प्रस्ताव पर जनगणना कार्य पूर्ण होने उपरांत विचार किया जाएगा। भारत सरकार, जनगणना मत्रालंयल ने आपने पत्र दिनांक 23. 12.2021 द्वारा सूचित किया है कि जनगणना का कार्य दिनांक 1.7.2022 से आरम्भ हो रहा है, जब जनगणना का कार्य पूर्ण होने की सूचना जनगणना मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त होगी। तदोंपरान्त मामले में आगामी कार्यवाही कर ली जाएगी।	

53. तारांकित प्रश्न संख्या 769 के संदर्भ में श्री बलबीर सिह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैंने यह प्रश्न लगाया हुआ है कि मेरे हल्के इसराना में तहसील की बिल्डिंग पूरी तरह से खराब है ******* अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इन तहसीलों की बिल्डिंग कब तक बन कर तैयार हो जायेंगी?

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को बहुत स्पष्ट जवाब दिया गया है। जवाब में लिखा हुआ है कि इसराना तहसील का कार्य राजीव गांधी सेवा केन्द्र में चल रहा है वह इसलिए दूसरी जगह पर शिफ्ट नहीं हो सकता क्योंकि वहां पर तहसील के लिए कोई क्लीयर लैंड उपलब्ध नहीं थी। ये स्थानीय विधायक हैं अगर ये हमें मतलौडा में क्लीयर जमीन उपलब्ध करवा दें तो हम वहां पर भी काम शुरू करवा सकते हैं। जहां तक इसराना की बात है तो वहां पर हमारे पास 18 कनाल 6 मरला जमीन उपलब्ध हो चुकी है और वर्ष 2022 तक इस बिल्डिंग का काम पूरा कर लिया जायेगा।

(A) तहसील भवन इसराना कि निर्माण हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 21–04–2022 अनुसार तहसील भवन इसराना के निर्माण हेतु 1543.42 लाख रुपये की प्रशासकीय अनुमति सरकार के पत्र कमांक 2864–र–6–2021/8948, दिनांक 15.12.2021 द्वारा प्राप्त हुई है। 889.44 लाख रुपये की डीनआईटी अनुमोदित हो चुकी है तथा निर्माण कार्य प्रगति पर है व 10: प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

(B) तहसील कार्यालय, मडलौडा उपायुक्त, पानीपत से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 06–12–2022 अनुसार उपायुक्त, तहसील कार्यालय मडलौडा राजीव गांधी सेवा केन्द्र मडलौडा में चल रहा है व सरकार/प्रशासन द्वारा इसका कोई किराया नही दिया जा रहा है। तहसील मडलौडा के भवन निमार्ण बारे तिला विकास एंव

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			पंचायत अधिकारी पानीपत को भूमि चिन्हित करके सम्बन्धित पंचायत से सीमति प्रस्ताव पारित करके भिजवाने बारे लिखा गया है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त, पानीपत को इस विभाग के पत्र दिनांक 02–03–2021, तथा स्मरण पत्र दिनांक 04–06–2021, 07–02–2022, 16–03–2022 तथा स्मरण पत्र दिनांक 31.05.2022 द्वारा तहसील मडलौडा के भवन निर्माण के लिए भूमि का प्रस्ताव सरकार को भेजने बारे लिखा जा चुका है। परन्तु अभी तक उपायुक्त, पानीपत से मांगा गया वांछित प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है। उपायुक्त, पानीपत से प्रस्ताव प्राप्त हो जाने के उरान्त मामले में सरकार के स्तर पर कार्यवाही कर ली जायेगी।	

10.03.2021

54. श्री हरविन्द्र कल्याण, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1011 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या घरौंडा उप–मण्डल के कार्यालय भवन का निर्माण तथा उक्त उप–मण्डल के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के रहने के लिए आवासीय सुविधाओं का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा उसका ब्यौरा क्या है?

श्रीमान जी, घरौंडा उप–मण्डल के निर्माण के लिए तथा उक्त उपमण्डल के राजस्व कर्मचारियों के लिए विभिन्न श्रेणियों के रिहायशी आवासों के लिए भूमि की पहचान की जा रही है तथा तत्पश्चात् भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा।

आश्वासन संख्या: 62 उपायुक्त, करनाल से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 06–12–2022 अनुसार उपमण्डल घरौंण्डा के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के रहने के लिए तथा कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि की पहचान की गई है। उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) घरौण्डा के कार्यालय भवन के निर्माण हेतु रक्षा विभाग, भारत सरकार के पास घरौण्डा में उपलब्ध 534 कनाल 17 मरले भूमि में से 18 एकड़ भूमि ली जानी प्रस्तावित है। राजस्व रिकार्ड अनुसार इस भूमि की मलकीयत प्रोविशियल सरकार तथा खाना कास्त में कब्जा रक्षा विभाग भारत सरकार के नाम दर्ज है। इसके अतिरिक्त उपमण्डल घरौण्डा के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के रहने के लिए नजदीक टोल प्लाजा बसताड़ा के पास पंचायत विभाग की उपलब्ध 09 एकड़ भूमि ली जानी प्रस्तावित है। उपायुक्त, करनाल से प्रस्ताव प्राप्त हो जाने के उरान्त मामले में सरकार के स्तर पर कार्यवाही कर ली जायेगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		10.03.2021		
55.	तारांकित प्रश्न संख्या 1011 के संदर्भ में श्री मेवा सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से उप–मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि लाडवा में भी मंडी के अन्दर एक किसान रेस्ट हाऊस है जिसमें एस.डी. एम. ऑफिस भी चल रहा है, उसी में डी.एस.पी. ऑफिस है, उसी में सैक्रेटरी का ऑफिस है जिससे लोगों को बहुत दिक्कत होती है। हम भी वहां पर जगह उपलब्ध करवा देंगे। मेरा भी उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि वहां भी जल्दी से जल्दी एस.डी.एम. ऑफिस और दूसरे ऑफिसिज और क्वार्टर बनवाने का कष्ट करें।	अध्यक्ष महोदय,****** हमने तमाम जगह जहां से भी अकॉमोडेशन और ऑफिस कॉम्पलैक्स की रिक्वायरमैंट की बात आई है वहां पर जमीन लेने के लिए ई–भूमि पोर्टल पर डाल दिया है। अगर माननीय सदस्य यह कह रहे हैं कि वहां जमीन उपलब्ध है या जमीन उपलब्ध करवा सकते हैं तो हम कल ही ई–भूमि पोर्टल पर उनकी डिमांड डाल देते हैं। ये जैसे ही जमीन को ई–भूमि पोर्टल पर डालेंगे और डिप्टी कमिश्नर की कमेटी की रिपोर्ट हमारे चीफ सैक्रेटरी की कमेटी को भेजेगी तो तुरंत प्रभाव से कार्यवाही की जाएगी क्योंकि ये तो एडमिनिस्ट्रेटिव मेन ऑफिसिज हैं इसलिए हमारी सरकार का लक्ष्य है कि इनको जल्द से जल्द कम्पलीट करवाया जाए ताकि लोगों की सुविधाएं बढ़ें।	आश्वासन संख्याः 63 उपमण्डल कॉम्पैक्स लाडवा तथा राजस्व रिहायशी भवनों के निर्माण के लिए उपायुक्त, कुरूक्षेत्र से पत्र दिनांक 19–05–2022 प्राप्त हुआ था। जिसके सन्दर्भ में इस विभाग के पत्र दिनांक 30.06.2022 द्वारा उपायुक्त कुरूक्षेत्र को लिख दिया गया था कि 32 कनाल 12 मरले भूमि पर उप–मण्डल काम्पलैक्स लाडवा तथा राजस्व रिहायशी भवनों का निर्माण किया जाने बारे उक्त भूमि राजस्व विभाग को निशुल्क स्थानान्तरण करने हेतु लोक निर्माण विभाग से सहमति प्राप्त करके स्पष्ट प्रस्ताव सरकार को भिजवाना सुनिश्चित करे। परन्तु उपायुक्त कुरूक्षेत्र से मांगा गया वांछित प्रस्ताव अभी तक प्राप्त नही हुआ है। उपायुक्त, कुरूक्षेत्र से उक्त अनुसार प्रस्ताव प्राप्त हो जाने के उपरान्त मामले में सरकार के स्तर पर कार्यवाही कर ली जायेगी।	

	17.03.2021	
56. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना के संदर्भ में डॉ. रघुवीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया प्रश्न : अगर वहां पर फसल का कोई डैमेज मिलेगा तो सरकार की तरफ से सदन में स्पैशल उसकी गिरदावरी का एश्योरैंस दिया जाये। मैं सरकार की इस आशय की एश्योरैंस से ही अपने कॉलिंग अटैंशन मोशन की सब्मिशन के तथ्य को मान लेता हूं। अगर उसमें कोई फसल का डैमेज मिलेगा तो उसकी स्पैशल गिरदावरी करवाई जायेगी और डैमेज का उचित मुआवजा दिया जायेगा। सरकार की तरफ से यहां पर इस प्रकार का एश्योरैंस दे दिया जाये। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से इंगलिश न्यूज पेपर 'ट्रिब्यून' की कापी मंत्री जी को दे दूंगा। इस न्यूज पेपर में मेरे हल्के के उन सभी गांवों का जिक्र है जहां पर फसल का नुकसान हुआ है।	स्पीकर सर, माननीय सदस्य ने इस मामले से सम्बंधित जिस दिन सवाल पूछा था उसके बाद रिपोर्ट सॉट की है। हरियाणा प्रदेश में परसों भी कई जगह ओलावृष्टि हुई है। उनकी रिपोर्ट्स भी अवेटिड है। अगर इस दौरान भी माननीय सदस्य के हल्के में फसलों को नुकसान हुआ है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत भी क्रॉप कटिंग एक्सपैरीमैंट्स होते हैं उनके अंदर भी अगर उस एरिया का यील्ड पिछले वर्ष से कम आता है तो सम्बंधित किसान को उसका मुआवजा दिया जाता है। अगर कादियान साहब चाहते हैं कि स्पैसिफिकली वहां से दोबारा से एक रिपोर्ट मंगवाई जाये तो मैं माननीय सदस्य के डिस्ट्रिक्ट लैवल पर एक कमेटी कांस्टीच्यूट करके रिपोर्ट दोबारा से सॉट करके माननीय सदस्य को लिखित रूप में रिप्लाई भिजवा दूंगा।	उपायुक्त झज्जर के पत्र क्रमांक 157/एस0के0, दिनांक 02–02–2022 द्वारा प्राप्त रिपोर्ट अनुसार जिला झज्जर में वर्ष 2021 में ओलावृष्टि से फसलों में कोई नुकसान नहीं हुआ है।
	17.03.2021	
57. विभिन्न मामले/मांगे उठाना के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री कुलदीप वत्स द्वारा पूछा गया प्रश्न : स्पीकर सर, मैंने	XX सूखा एवं बाढ़ प्रबंधन समिति (Drought and Flood Management Committee) की पिछली बैठक जनवरी के अंदर हुई थी	सरकार के पत्र कमांक 885–ई0 आर0 –1–2021/4028, दिनांक 16–06–2021 द्वारा उपायुक्त झज्जर

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	डी.सी. साहब से खुद रिकवैस्ट की कि मेरे बादली विधान सभा क्षेत्र के 30 से 35 गांवों में जल का भराव है जिससे उन गांवों की फसलें पूरी तरह से खराब हो गई हैं। अगर उस पानी की निकासी का प्रबन्ध नहीं किया गया तो वहां के किसान अपनी आगे की फसलों की भी बिजाई नहीं कर पायेंगे। मेरे हल्के के इन 30 से 35 गांवों में बारिश का पानी लोगों के घरों में भी घुस गया है। वहां पर बारिश के पानी से लोगों के मकानों को भी नुक्सान हो रहा है।	और अप्रैल के अंदर दूसरी मीटिंग प्रस्तावित है। अगर माननीय सदस्य अपने डिप्टी कमिश्नर के साथ टाई–अप करके टाईम बाउन्ड रिपोर्ट भेजेंगे तो इस समस्या के समाधान के लिए जल्दी से जल्दी आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस प्रकार के जनहितकारी कार्यों के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। पिछली बार हमारे पास कुल डिमाण्ड लगभग 43 करोड़ रुपये की आई थी। हमने सम्बंधित कमेटी के माध्यम से इन सभी डिमाण्ड्ज को अप्रूव किया था। अगर कोई लो–लाइंग एरिया है जहां पर एडीशनल पाइपलाइन की जरूरत है और पम्पिंग सैट्स की जरूरत है वहां पर इनका प्रावधान किया जायेगा। हमारे प्रदेश में मानसून मई के अंतिम सप्ताह या फिर जून के प्रथम सप्ताह में हिट करती है उससे पहले सरकार पूरे तौर से गियर्ड–अप रहेगी कि माननीय सदस्य के इस समस्या से प्रभावित गांवों में बारिश का पानी खड़ा न हो। स्पीकर सर, मैं माननीय सदस्य को इस सदन के	को ग्रामीण क्षेत्र की जल निकासी के लिए मु0 2.50 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी। जो उपायुक्त झज्जर द्वारा उपमण्डल अधिकारी(ना0) झज्जर/बहादुरगढ/बेरी/बादली को आवश्यकता अनुसार अलॉट की गई है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त झज्जर की मांग अनुसार सरकार के पत्र क्रमांक1042–ई0आर0–I–2021/5188, दिनांक 10.08.2021 द्वारा मु0 5.00 लाख रूपये व पत्र कमांक 1062–ई0आर0–1–2021/5556, दिनांक 25–08–2021 द्वारा उपायुक्त झज्जर को ग्रामीण क्षेत्र की जल निकासी के लिए मु0 50.00 लाख रूपये की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत की गई थी। यहां यह भी उल्लेख किया जाता है कि सरकार के पत्र कमांक 258–ई0आर0–1–2022/408 दिनांक 21–01–2022 द्वारा उपायुक्त झज्जर को भारी वर्षा/जलभराव के कारण फसल खरीफ 2021 के नुकसान हेतु	

पटल पर ऐश्योर कर रहा हूं कि वे अपने डिप्टी कमिश्नर के साथ टाई–अप करके जहां–जहां रिक्वॉयरमैंट है उसकी प्रपोजल Drought and Flood Management Committee को भिजवायेंगे तो जरूर प्राथमिक तौर पर हम उसको कंसीडर करने का काम करेंगे।

मु0 24,51,10,000/–रूपये की मुआवजा राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है।

20.08.2021

58. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव 6 के संदर्भ में डॉ. रघुवीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, हम सरकार से यह आश्वासन चाहते हैं कि जल–भराव से ग्रस्त क्षेत्रों की स्पैशल गिरदावरी करवाई जाए। मेरे विधान सभा क्षेत्र बेरी के सभी गांव जल–भराव की समस्या से ग्रस्त हैं और उनकी फसलें बर्बाद हो चुकी हैं।

अध्यक्ष महोदय, सदन में कई माननीय सदस्यों ने स्पैशल गिरदावरी करने का मुद्दा उठाया है। कादियान साहब और मलिक साहब इस सदन के कई वर्षों से सदस्य हैं। ये सम्मानित सदस्य अच्छी तरह से जानते हैं कि 5 अगस्त से 5 सितम्बर तक प्रदेश के जल–भराव से ग्रस्त क्षेत्रों में गिरदावरी की जाती है। जब रैगुलर गिरदावरी इनप्लेस है तो ये माननीय सदस्य किस बात की स्पैशल गिरदावरी चाहते हैं? मैं इसकी क्लैरीफिकेशन अवश्य चाहूंगा। आज के दिन प्रदेश में जहां–जहां जल–भराव की समस्या है हम वहां पर गिरदावरी करवा रहे हैं। पटवारी सरकार को उसकी रिपोर्ट दे रहे हैं। इस दौरान जहां–जहां फसलों को नुकसान हुआ है उसका डाटा इकट्ठा किया जा रहा है और इसके बाद किसानों को फसल का मुआवजा भी दिया जाएगा।

सरकार के पत्र कमांक 258–ई0आर0–1–2022/408 दिनांक 21–01–2022 द्वारा उपायुक्त झज्जर को भारी वर्षा/जलभराव के कारण खरीफ 2021 की फसलों कपास, मूंग, बाजरा, धान व गन्ना को हुए नुकसान हेतु मु0 24,51,10,000/–रूपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की जा चुकी है। जिसका उत्तर विधान सभा में दिया जा चुका है, अर्थात आश्वासन पूरा हो चुका है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		3.3.2022		
59.	तारांकित प्रश्न संख्या 1720 के संदर्भ में श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–XXX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय से यही पूछना चाहता हूँ कि क्या सभी पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया गया है? मुआवजे से संबंधित जानकारी स्थानीय एस.डी.एम. ने दी है और मुझे इस बात की जानकारी अखबार के माध्यम से ही मिली है। मेरे हल्के के सिर्फ 14 गांवों महम, बहलंबा, मैणी सूरजन, सीसर खास, सैमाण, बेडवा, मैणी चन्द्रपाल, मोखरा खेड़ी रोज़, खरक जाटान, गुगाहेड़ी, बैंसी, निंदाना, फरमाणा बादशाहपुर व खरैंटी आदि को ही मुआवजा मिला है। जबकि मेरे हल्के के 42 के 42 ऐसे गांव हैं जहां पर भारी वर्षा का असर पड़ा है। अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और आपके माध्यम से सदन की जानकारी में लाना चाहता हूँ कि मेरे हल्के में यदि 1000 एकड़ या 700	XXX अगर आज कोई कहे कि खरीफ 2021 की फसल की स्पैशल गिरदावरी करें तो उसका कोई अर्थ नहीं है क्योंकि उसकी गिरदावरी तो जिस समय पर की जानी थी, उसी समय पर की गयी थी। चूंकि वह खरीफ की फसल तो मंडियों में भी बिक चुकी है। जब धान की फसल का सीजन था तो उस समय पर उसकी गिरदावरी पूरी हो चुकी थी। अब तो इस समय सरसों, गेहूं और चने की फसलों की गिरदावरी 28 फरवरी को पूरी हुई है और इसके बाद 1 मार्च से स्पैशल गिरदावरी का प्रावधान शुरू होता है। अगर किसी के एरिया में फसलों को नुकसान हुआ है तो उसके बारे में लिखित में दे देंगे तो हम उन सबकी स्पैशल गिरदावरी करवा देंगे।		

एकड़ पर असर पड़ा है तो मात्र 200 एकड़ तक की फसल का ही मुआवजा मिला है। इस बात के मेरे पास पर्याप्त सबूत भी हैं जहां पर गेहूं की फसल भी नहीं हुई है। सरकार सिर्फ कागजों में यह दिखाती है कि हमने भारी वर्षा से मुआवजा राशि दे दी है जबकि हकीकत यह है कि केवल 10 या 20 प्रतिशत ही मुआवजा मिला है। XXX

तारांकित प्रश्न संख्या 1720 के संदर्भ में श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, हमारे प्रदेश में ओलावृष्टि से फसलों को बहुत नुकसान हुआ है। (शोर एवं व्यवधान)

4.3.2022

60. तारांकित प्रश्न संख्या 1578 के संदर्भ में श्री धर्म सिंह छौक्कर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : ग्ग माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने मेरे एरिया के साथ लगते यू.पी. के एरिया के पिलर्ज का कार्य शुरू करने के बारे में बताया है। विधान सभा में हर सत्र में संबंधित पिलर्ज का कार्य शुरू करवाने के बारे में कमिटमैंट की जाती है। पिछले अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने पिलर्ज का कार्य करवाने की बात की है। मैं आपके माध्यम से इनके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि रिसैंटली पानीपत के एडज्वाईनिंग उत्तर प्रदेश के संबंध में भी हमारी मीटिंग हो चुकी है और टू बी स्पेसिफिक पानीपत डिस्ट्रिक्ट के अन्दर 5 रैफरेंस पिलर्ज, 91 सब रैफरेंस पिलर्ज और 423 बाउंडरी पिलर्ज अगले 1 साल में इरैक्ट कर दिये जाएंगे क्योंकि यमुना नहर के फ्लो को भी देखना पड़ता है। हमने सर्वे जनरल

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

विधान सभा के सत्र और उससे पिछले विधान सभा के सत्र में भी कमिटमैंट की गयी थी, परन्तु वह कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। यह कार्य सिर्फ कागजों में ही हो रहा है। इस सदन में घरौंडा के माननीय विधायक भी बैठे हुए हैं और माननीय सदस्य श्री महीपाल ढांडा जी भी बैठे हुए हैं। इनको भी पता है कि वहां पर पिलर्ज का कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसके बारे में माननीय उप मुख्यमंत्री जी द्वारा पिछले सैशन में भी आश्वासन दिया गया था, परन्तु अभी तक संबंधित कार्य शुरू नहीं हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इस कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करवाया जाए ताकि हमारे हरियाणा प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लोगों का झगड़ा खत्म हो सके। हमारे हरियाणा प्रदेश की जमीन जो हमारे रिवैन्यू रिकार्ड में है, उस पर उत्तर प्रदेश के लोग

ऑफ इंडिया को आलरेडी अपनी रिपोर्ट भेज दी है। जैसे ही जी.पी.एस. कॉ–आर्डिनेशन से फाईनल पोजीशन आ जाएगी तो ये सभी पिलर्ज इरैक्ट कर दिये जाएंगे। इसके बाद हरियाणा प्रदेश की जमीन के संबंध में जो उत्तर प्रदेश में पर्चे दर्ज होते हैं और जो उत्तर प्रदेश की जमीन के संबंध में हरियाणा प्रदेश में पर्चे दर्ज होते हैं, यह समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी क्योंकि हर चीज की रैफरेंसिंग जी.ओ. टैगिंग के माध्यम से होगी। हम हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली के बॉर्डर्ज के साथ पूरे हरियाणा प्रदेश की लैंड बाउंडरी पर जी.ओ. रैफरेंसिंग पिलर्ज लगवाएंगे ताकि आने वाले समय के केवल हम पानीपत और समालखा तक ही सीमित न रहें बल्कि इसके लिए हरियाणा प्रदेश के किसी भी नागरिक को हरास नहीं होना पड़ेगा। आज जो किसी तरह के लैंड इरोजन की वजह से कन्फयूजन क्रिएट हो रहा है, उसको समाप्त कर दिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को दोबारा से कहना चाहूंगा कि अगर वे चाहते हैं कि वर्ष 2012 की कोई इरेगुलरिटी

कब्जा करते हैं और हमारे प्रदेश के लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाते हैं। उस जमीन पर हमारे प्रदेश के लोगों का हक है। हमं यह बात डेली देखते हैं कि इसके लिए उत्तर प्रदेश के लोग हरियाणा प्रदेश के लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाते हैं। इसमें हमारा प्रशासन काम नहीं करता है। यदि हम इस संबंध में प्रशासन के अधिकारियों के पास जाते हैं तो वे सुनवाई नहीं करते हैं। एस.एच.ओ. के पास जाते हैं तो वे भी सुनवाई नहीं करते हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि उनको निर्देश दिये जाएं कि अगर हमारे किसानों के साथ कोई अन्याय हो तो कोई भी जन प्रतिनिधि किसी भी पार्टी का हो, प्रशासन के अधिकारी उसके साथ जाकर समस्या का हल करवाएं ताकि उनको न्याय मिल सके। XX

है और उसकी इन्कवायरी करवायी जाए तो मैं चीफ सैक्रेटरी साहब की अध्यक्षता में 3 सदस्यों की एक कमेटी बना दूंगा। चूंकि उस समय के एफ.सी.आर. ने संबंधित रिपोर्ट बनायी थी तो उनसे सीनियर अधिकारी चीफ सैक्रेटरी हैं। अगर माननीय सदस्य की कोई क्यूरी/कन्फयूजन है तो उस समय की गवर्नमैंट के खिलाफ इन्कवायर करके संबंधित रिपोर्ट आने वाले समय में यहां पर दे देंगे ।

7.03.2022.

61. श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 643 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बिजली कट के दौरान कार्य के सुगम

हां, श्रीमान् जी, रायपुर रानी के तहसील कार्यालय के विस्तार का कार्य चल रहा है व भवन में जनरेटर सैट शीघ्र अर्थात् दिनांक 15.03.2022 तक स्थापित कर दिया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	संचालन के लिए रायपुर रानी के तहसील कार्यालय में जनरेटर सैट उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त कार्यालय में जनरेटर सैट कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है?			
62.	तारांकित प्रश्न संख्या 1655 के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि यह जो प्रश्न है ये लाखो लोगों के भविष्य से जुड़ा हुआ है और इसको लेकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने देश के रक्षा राज्य मंत्री जी को पत्र भी लिखा था। माननीय मंत्री जी के जवाब में माननीय अदालत के निर्णय का और एल.ए.सी. एक्ट, 1903 इन दो बातों का बार–बार जिक्र आया है। इसमें माननीय अदालत का निर्णय आया है कि–	15.03.2022. XX मैं एश्योर करता हूं कि उसको 48 घण्टे के अंदर एग्जामिन करवाकर पुनः खोला जाएगा। आने वाले समय में अगर किसी को भी अपनी लैंड सेल/परचेज करनी है तो वह कर सकेगा फिर चाहे वह 15 एकड़ भूमि की हो या 15 गज की भूमि हो। XX		

"यदि किसी स्थान पर, इस प्रकार का अनधिकृत निर्माण चल रहा है तो उसे तुरन्त रोकने के लिए पग उठाए जाने चाहिए। इस संबंध में एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट पेश की जाएगी।

हमें यह भी स्पष्ट करना है कि उक्त समिति का यह भी कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि ऐसा कोई निर्माण न हो तथा यदि यह पाया जाता है कि इस अवधि के दौरान कुछ अनधिकृत निर्माण किए गए हैं, तो समिति उसके लिए पूरी तरह से उतरदायी होगी तथा किसी भी अन्य कार्यवाही के अतिरिक्त, जो की जा सकती है वह भी की जाए इसे इस न्यायालय के आदेशों की अवमानना भी समझा जाएगा।"

अध्यक्ष महोदय, इस ऑर्डर में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि वहां पर रजिस्ट्री रोक दो। वहां पर किसानों की भी 10–10 एकड़ जमीन है, गरीब लोगों के भी प्लॉट्स हैं। माननीय अदालत ने कहा है कि वहां पर अनअथॉराइज्ड कंस्ट्रक्शन नहीं होनी चाहिए जिसकी वजह से वहां पर बहुत दयनीय स्थिति

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय को वहां की एक–एक चीज के बारे में पता है कि हमारे एरिया को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने हॉटस्पॉट घोषित कर दिया है । इसका दुष्प्रभाव यह है कि जो एरिया 100 मीटर में भी नहीं है वहां के लागों को भी ब्लैकमेल किया जाता है । मैं इससे संबंधित कागजात टेबल करूंगा । खजान सिंह जी की पिछले एक साल से कम्पलेंट है और उसका अब म्यूटेशन हुआ है । उसकी जगह तो 100 मीटर में भी नहीं थी । वह बेचारा दर–दर की ठोकरें खा रहा है । हमारे क्षेत्र के सारंग गांव के मुझे खसरे नंबर दिये हैं । सारंग गांव का 51/21 नंबर खसरा इस 100 मीटर एरिया में डाला हुआ है जबकि वह एरिया कम से कम 900 मीटर दूर है । अतः यह लाखो लोगों की जिन्दगी का सवाल है । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से

माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से यह दरख्वास्त करूंगा कि कोर्ट का ऑर्डर अनअथॉराइज्ड कंस्ट्रक्शन से संबंधित है, इसलिए गरीबों की जमीन की रजिस्ट्रेशन और म्यूटेशन पर रोक मत लगाओ जिससे रैड टैपिजम को बढ़ावा मिले । यह मैं आदर के साथ कहना चाहता हूं ।

15.03.2022.

63. प्रदेश में रजिस्ट्रियों के मामले में घोर अनियमितताएं सामने आने से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, इसमें रैवेन्यू अधिकारी 5 शामिल हैं, रजिस्ट्री क्लर्क 87 संलिप्त हैं। सब–रजिस्ट्रार 34 हैं। तहसीलदार 130 हैं, नायब तहसीलदार 94 हैं और पटवारियों की संख्या 176 है। क्या इन सभी संबंधित दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई की गई है? यदि सरकार ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है तो उसका क्या कारण रहा है? यह बात भी सदन के पटल पर आनी

XX किसी प्लॉट के अंदर सड़क निकलती है, पहले तो वह एग्रीकल्चर लैंड थी और गैर मुमकिन दिखा दी गई फिर उसकी रजिस्ट्रेशन हुई। जिसने लैंड यूज एक साल के अंदर–अंदर दो बार बदला है तो उनके खिलाफ हम कार्यवाही निश्चित तौर पर करेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	चाहिए। अध्यक्ष महोदय, यह हमारे प्रदेश का बहुत बड़ा घोटाला है। प्रदेश में हर साल तकरीबन 6 लाख रजिस्ट्रियां होती हैं और यदि एक रजिस्ट्री पर एक लाख रुपये की एवरेज आती है तो यह महान सदन स्वयं अंदाजा लगा सकता है कि कितने लाखों करोड़ों रुपयों का इसमें घोटाला हुआ होगा। यह सारा का सारा पैसा कहां पर जा रहा है, इसकी भी जांच होनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, यदि माननीय मुख्यमंत्री महोदय इस सारे मामले की जांच करवायेंगे तो उन्हें स्वयं पता लग जायेगा कि उनकी नाक के नीचे कितना बड़ा घोटाला प्रदेश के अंदर हो रहा है।			
		15.03.2022.		
64.	प्रदेश में रजिस्ट्रियों के मामले में घोर अनियमितताएं सामने आने से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, इसमें	XX इनवेस्टिगेशन में यह बात भी सामने आई कि उसके साथ कुछ पुराने लेन देन किसी तहसीलदार के थे, कल उस तहसीलदार को भी विजिलैंस की टीम ने अरेस्ट कर लिया है और साथ में जितने और संबंधित लोग इस		

पहले भूमिका बनानी पड़ेगी। इस विषय पर माननीय सदस्य श्री अभय सिंह चौटाला जी ने अपनी बात रखी है। अभी मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी द्वारा सदन के पटल पर रखा गया रिप्लाई पढ रहा था। इसमें लिखा हुआ है कि जून, 2020 में रिपोर्ट आ चुकी थी। इस रिपोर्ट में सरकार मानती है कि जून, 2020 में दोष प्रूव हो गया था। यानी पौने 2 साल पहले यह बात प्रूव हो चुकी थी। मेरे पास एक अखबार की कटिंग है जिसमें कल करनाल के तहसीलदार और डी.टी.पी. की मिलीभगत का पूरा खेल लिखा हुआ है। यानी पौने 2 साल का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। इस विषय पर मेरे से पूर्व बहुत से माननीय सदस्यों ने पूरा डाटा बता दिया है कि कहां– कहां पर कितनी रजिस्ट्रीज हुई हैं। इस दौरान कम से कम 65,000– 70,000 रजिस्ट्रीज हुई हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से एक बात पूछना चाहता हूं। माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने अपने रिप्लाई में नेक्सेस में जुड़े हुए हैं, उनको भी विजिलैंस की टीम अपनी कार्रवाई के तहत अरेस्ट कर रही है और इन अधिकारियों के खिलाफ हमारी सरकार सी.आर.पी.सी. के माध्यम से सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। XX मैं एक सिम्पल प्वॉयंट पर अपनी बात कहना चाहूंगा कि ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों पर सरकार ने अपनी तरफ से सख्त से सख्त कार्रवाई की है और मैं दोबारा सदन में कह देता हूं कि जो भी अधिकारी/कर्मचारी दोषी होगा, उनको बख्शा नहीं जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

लिखा है कि जून, 2020 में उनके पास रिपोर्ट आ गयी थी कि 7– ए के तहत गलत रजिस्ट्रीज की जा रही हैं और उनमें अनियमितताएं बरती जा रही हैं। पौने 2 साल में आज तक या तो सरकार इस चीज को कंट्रोल करने में कैपेबल नहीं है या इसमें मिलीभगत से सारा खेल खेला जा रहा है। माननीय उप मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि उनके पास तहसीलदार की कमी है। अगर इनको उस समय तहसीलदार की कमी लग रही थी तो पौने 2 साल तक उनकी रिक्रूटमैंट क्यों नहीं की गई ? यह इस बात का कोई जवाब नहीं है। सरकार अपनी जिम्मेवारियों से न भागे। इसमें दोनों चीजों में एक चीज को असैप्ट करें। वे इसमें कार्रवाई करने में सामर्थ्यवान नहीं हैं। यानी इस चीज को कंट्रोल नहीं कर सकते या इनकी भी इसमें मिलीभगत है। इसमें दोनों में से एक चीज है। अध्यक्ष महोदय, मैं

आपके माध्यम से यह बात पूछना चाहता हूं। यह रिपोर्ट मेरी नहीं है बल्कि माननीय उप मुख्यमंत्री जी की रिटन रिपोर्ट है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने जून, 2020 में माना है कि रजिस्ट्रीज की अनियमितताओं वाली रिपोर्ट उनके पास आयी है। यह रिपोर्ट माननीय उप मुख्यमंत्री जी द्वारा दी गयी है।

15.03.2022.

65. प्रदेश में रजिस्ट्रियों के मामले में घोर अनियमितताएं सामने आने से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX यह म्यूटेशन न. 37,597 है यदि रजिस्ट्री हुई है तो ही म्यूटेशन न. है। कस्टोडियन और वक्फ बोर्ड की जमीन है। सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि उन जमीनों की रखवाली करे। गोछी का मैंने प्रश्न लगया था लेकिन उसका जवाब अभी नहीं मिला और सैशन में कहा गया कि जवाब बाद में दिया जायेगा। मैं उप–मुख्यमंत्री जी को मोटेशन भी भिजवा रहा हूं और टेबल भी करूंगा। यह म्यूटेशन नं. 37,597 है इसकी उप–मुख्यमंत्री जी XX जहां तक सराय ख्वाजा की बात की गई इसके कागज माननीय सदस्य ने आज मुझे दिये हैं। इस पर मैं इंक्वायरी मार्क करूंगा कि नो डयूज के बिना कोई रजिस्ट्री हुई है तो उस अधिकारी को तुरंत सस्पैंड करेंगे और सख्त ऐक्शन भी लेंगे। तीसरा केस माननीय सदस्य ने मुझे दिया है उसका ये प्रोपर विवरण नहीं दे पाये । यह म्यूटेशन न. 37597 है। मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य इसकी अलग से डिटेल मुझे दे दें। इसको हम वेरीफाई करवा लें कि एग्जैक्टली मैटर क्या था। यह म्यूटेशन संख्या धारा न. 7 ए के ऐरिया में पड़ता है या नहीं पड़ता है यह देखना पड़ेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

स्वयं जांच करवा लेंगे. तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। उसके बाद नीरज शार्मा को कुछ भी कहना नहीं पड़ेगा। माननीय अमय चौटाला जी जब बात कर रहे थे तो माननीय मंत्री जी ने कहा कि तहसीलदारों की कमी है। तहसीलदारों के हिसाब से तहसीलों पर बोझ ज्यादा है। 90 विधान सभाओं में से केवल मेरी ही एक ऐसी विधान सभा है जिसमें तहसील नहीं है। मेरी विधान सभा को बिना तहसील के न रखें। सरकार सबका साथ, सबका विकास की बात करती है इसलिए मैं मांग करूगा कि मेरी विधान सभा में भी एक तहसील खोली जाये। अध्यक्ष महोदय, सरकार जी.पी.ए. की तरफ भी विशेष ध्यान दे प्रोपर्टी फरीदाबाद की होती है और उसकी जी.पी.ए. नोयडा, झारखंड में क्यों हो रही हैं। जब जमीन फरीदाबाद की है और उसको बेचने तथा खरीदने वाले भी फरीदाबाद के हैं

तो फिर जी.पी.ए. बाहर से होकर क्यों आती हैं। ये सारी जी.पी.ए. फर्जी हैं इसलिए उनकी तरफ विशेष ध्यान दें।

15.03.2022.

66. प्रदेश में रजिस्ट्रियों के मामले में घोर अनियमितताएं सामने आने से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, बड़े विस्तार से मैं सारी बातें सुन रही थी। सबसे पहली बात यह है कि सरकार ने स्वयं माना है कि 58,000 रजिस्ट्रियों में वायलेशन आफ रूल हुआ है और गलत तरीके से ये रजिस्ट्रियां हुई हैं। मंत्री जी ने कहा है कि कहीं भी इन रजिस्ट्रियों में स्टांप ड्यूटी के एक पैसे का भी सरकार को लोस नहीं हुआ है। I think this is the most absurd thing. ठीक है स्टांप ड्यूटी का लोस सरकार को नहीं हुआ होगा लेकिन जो धज्जियां इन रजिस्ट्रियों में सैक्शन 7 ए की उड़ाई गयी हैं और 50,000 अवैध प्लाट, दुकानें, घर और ऐसी जमीनें जिसके तहत रजिस्ट्रियां करवाई गयी हैं। जिससे गरीब आदमी तो बिल्कुल

XX सीधा तहसीलदार और सब तहसीलदारों को तो एफ.सी.आर. साहब ने दिया है और बाकी के लिए डिप्टी कमिश्नर्ज को कहा गया है कि वे 15 दिन के अन्दर उनसे जवाब मांगे। उनका जवाब आने के बाद हम कार्रवाई करेंगे XX

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	वंचित हो गया और कालोनाईजर बनाकर/बेचकर पार हो गये। जब कोरोना महामारी में बुरा हाल हो रहा था और लोग दर–बदर की ठोकरें खा रहे थे। बचने की कोशिश कर रहे थे उस समय में भी धडल्ले से ये रजिस्ट्रियां हो रही थी। अध्यक्ष महोदय, यह देखने वाली बात है। मैं यह बात पूछ रही हूं कि जिन ऑफिसर्ज ने यह काम किया उनमें से 6 ऑफिसर्ज/ऑफिशियल्ज पर कार्यवाही हुई थी। लेकिन बाद में उनको परमोशन दे दिया गया है। XX			
67.	प्रदेश में रजिस्ट्रियों के मामले में घोर अनियमितताएं सामने आने से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, आप बात मत घुमाइये, आप यह बतायें कि यह इंक्वॉयरी कितने दिन में पूरी हो जायेगी। (शोर एवं	15.03.2022. अध्यक्ष महोदय, अब बचने का कोई रास्ता नहीं होगा। अब तो मामला 2010 तक जायेगा और सबकी इंक्वॉयरी करायेंगे। ग्ग अध्यक्ष महोदय, आर्डर कर दिया है कि 2010 से लेकर 2016 तक 7–ए की जहां–जहां उल्लंघना हुई है, उसकी इंक्वॉयरी कराई जायेगी।		

व्यवधान) सदन के अंदर इंक्वॉयरी का टाइम फ्रेम बताना पड़ेगा ? ग्ग अध्यक्ष महोदय, यह मुख्यमंत्री जी की इज्जत का सवाल है। मुख्यमंत्री जी को इसकी इंक्वॉयरी भी करवानी चाहिए और इंक्वायरी का टाइम फ्रेम भी जरूर बताना चाहिए । XX अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महोदय केवल बोलते–बोलते हैं, करके तो कुछ दिखाते नहीं हैं। ग्ग अध्यक्ष महोदय, आप कार्रवाई करो। आप कार्रवाई करने के आर्डर करो। मुख्यमंत्री महोदय, आप आर्डर कीजिए। आर्डर तो आपने करे ही नहीं हैं।

21.03.2022

68. शून्यकाल के संबंध में श्री जगबीर सिंह मलिक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मेरा एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय ने सदन को यह आश्वासन दिया था कि दो संबंधित विधायकों के साथ एक टीम का गठन करके संबंधित खराबी फसल क्षेत्रों का मुआयना करके आयेंगे और उसकी डिटेल्ड रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेंगे। क्या इस अध्यक्ष महोदय, मैंने इस महान सदन में इस संबंध में जरूर आश्वासन दिया था। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या गन्नौर और माननीय विधायक गोहाना के साथ मिलकर स्थानीय संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से जहां–जहां फसल की खराबी हुई है वहां–वहां उस एरिया का दौरा करने जायेंगे। इस संबंध में लिखित हिदायत मेरे, एफ.सी.आर. और एस.एस.आर. द्वारा संबंधित नोटिस संबंधित उपायुक्त महोदय को पहुँच चुकी है। यदि कल तक

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	संबंध में अभी तक कोई कार्यवाही हुई है, क्योंकि माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय ने इस संबंध में एक सप्ताह का समय दिया था और उसमें से पांच दिन का समय तो बीत गया है। मुझे इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। इसके बारे में माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय का क्या कहना है?	दोनों माननीय सदस्यों को कोर्डिनेट करके रिपोर्ट नहीं आती है तो संबंधित उपायुक्त महोदय के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।		
		21.03.2022.		
69.	शून्यकाल के संबंध में मोहम्मद इलियास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या मेवात में जनरल गिरदावरी हुई है तथा क्या मेवात में स्पैशल गिरदावरी के आदेश किए गए हैं ? हमारे नूंह हल्के के जयसिंहपुर, देवला, नगली, झोपड़ी, गोलपुरी आदि 20–25 गांव हैं जहां पूरी फसल ही खराब हो गई है। इसी तरह नगीना ब्लाक में उमरा, सिटोरबास, रिठट,उमरी, सूखपुरी,	अध्यक्ष महोदय, मैं चौथी बार यह रिपीट कर रहा हूं और मैं इंतजार कर रहा था कि कब मोहम्मद इलियास जी अपनी बात रखेंगे । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि दोनो गिरदावरियों की प्राइमरी रिपोर्ट आ गई है और जैसे ही डिटेल्ड रिपोर्ट आएगी हम उसे सदन के पटल पर रख देंगे। पिछड़ा हुआ जिला है या नहीं हम यह चीज न देखते हुए 22 के 22 जिलों में मुआवजे देंगे। अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात जो इन्होंने गांवों के नामों की लिस्ट पढ़ी है तो इस बारे में मैंने आज भी कहा है और उस दिन भी कहा था कि हाउस के 90 के 90 सदस्य		

बदरपुर, बड़ी, बनारसी, नरियाला, सुल्तानपुर, शहजादपुर, दानीबास, नगल आदि 15–20 गांव ऐसे हैं जिनमें एक भी दाना नहीं बचा। अध्यक्ष महोदय, हमारा हल्के पुन्हाना में जटाना से लेकर सिरौली, बीसरू, फरदरी, गुलालता, नाहरनुर, जाड़ौली, गोधोली, लहरवाड़ी आदि 40–50 गांव ऐसे हैं जहां जनरल गिरदावरी और स्पैशल गिरदावरी नहीं हुई है। अध्यक्ष महोदय, अगर किसी कारण से या लापरवाही से गिरदावरी नहीं हो पाई है तो मेरी रिक्वैस्ट है कि जब हमारे एरिया को पिछड़ा माना ही जाता है तो पिछड़ा मानते हुए ही हमारे यहां गिरदावरी करवा दो और गिरदावरी करवा के हमारी जमींदारों को बचाने का काम किया जाए। XX अध्यक्ष महोदय, मैं इन गांवों की लिस्ट माननीय मंत्री जी के पास भिजवा दूंगा और इसके लिए हम मंत्री जी के अहसान मंद होगे । मेरा तो यही कहना है कि गरीब जमींदार है इसलिए उनको मुआवजा देकर उनको बचाने का काम किया जाए।

अपने लैटर पैड पर अपने अपने उन गांवों के नाम लिखकर डी.सी. को दे दें जहां पर भी फसल खराब हुई है और उसकी एक कापी मेरे ओफिस में दे दें। कहीं पर भी कोई डिस्क्रिपैंसी होगी तो हम आपको स्वंय बुलाकर उस पर एक्शन लेगे। XX मोहम्मद इलियास जी, जमींदारों की चिंता हमें भी है इसलिए जिन किसानों की भी फसलें बरबाद हुई हैं उनको मुआवजे देने का काम किया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21.03.2022.		
70.	शून्यकाल के संबंध में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, हमारे फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में ई.डब्ल्यू.एस. कैटेगरी के फ्लैट्स की ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट और कम्पलीशन सर्टिफिकेट की कॉपी उपलब्ध करवा दें ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। सरकार ने लिखा हुआ है कि संबंधित फ्लैट्स वर्ष 2013 तक बनकर पूरा हो गये, लेकिन 8 साल होने के बाद भी उनके आक्यूपेशन सर्टिफिकेट और कम्पलीशन सर्टिफिकेट क्यों नहीं दिये गये हैं?	अध्यक्ष महोदय, आपकी चिन्ता जायज है और हम इस व्यवस्था में सुधार करेंगे। पहले क्या होता था कि मान लें, किसी को हैल्थ से रिलेटिड सर्टिफिकेट की आश्यकता है तो उसको क्वॉलिफाईड डॉक्टर ही देता था। किसी स्ट्रक्चर का सर्टिफिकेट देना है तो उसको स्ट्रक्चरल इंजीनियर ही देता है। वह इंजीनियर लाइसैंस होल्डर होता है और अगर वह कोई गलत काम करेगा तो उसका लाईसैंस कैंसिल हो सकता है। XX अध्यक्ष महोदय, इसमें बिल्डर के साथ–साथ उन सभी लोगों पर कार्रवाई होगी। अगर लाइसैंस होल्डर की वजह से कोई गलती निकलेगी तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। इसमें एफ.आई. आर. दर्ज करवा दी गयी है और अपराधी के खिलाफ कार्रवाई होगी। हमने इस मामले की जांच के लिए आई.आई.टी. के इंजीनियर्ज की कमेटी बना दी है और जिसकी गलती निकलेगी उसको बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।		

71. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या– 35 राज्य में सेम तथा चकबंदी की समस्या से संबंधित, के संदर्भ में माननीय सदस्या श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– XXXX मेरा आपके माध्यम से उप मुख्यमंत्री जी से यह कहना है कि भिवानी में तहसीलदार की नियुक्ति जल्दी से जल्दी की जाये।

XXXX इस सम्बन्ध में मैं यह बताना चाहूंगा कि आज के दिन हमारे पास रेवेन्यू ऑफिसर्ज की बहुत ज्यादा शॉर्टेज है। हम अपनी बड़ी–बड़ी तहसीलों में भी तहसीलदारों की पोस्टिंग नहीं कर पा रहे हैं। जहां तक भिवानी का सम्बन्ध है इस बारे में, मैं यह बताना चाहूंगा कि भिवानी में नायब तहसीलदार की चार की चार पोस्ट्स खाली थी हमने उन सभी को भरने का काम किया है। जैसे ही हमारे अण्डर ट्रेनिंग तहसीलदार ड्यूटी ज्वाईन करेंगे उनमें से मैं इमीजेटली एक को भिवानी में लगाने का काम करूंगा। दूसरी ओर हम इस बार एक चीज और करेंगे कि एडीशनल रेनफॉल के कारण इस बार जहां–जहां क्रॉप लॉसिज हुए हैं 20 से 25 अगस्त के बीच में जब भी हमें सैटेलाईज इमेजरी मिलेगी हम उस पूरे क्षेत्र का सैटेलाईज एमेजरी के तहत टैग–इन करेंगे ताकि एटलिस्ट हमें एग्जैक्ट लॉस का पता चल सके। कई बार यह होता है कि जैसे ही बारिश आई पटवारी ने तभी गिरदावरी कर दी। पहले हफ्ते में पौधा हरा होता है उसके बाद दूसरे या तीसरे हफ्ते में वह पीला पड़कर गल जाता है। बहुत बार यह देखने को मिला है। मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि 25

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		तारीख तक हम जियो टैगिंग के साथ–साथ सैटेलाईज इमेज को भी दोबारा रिकंसाईल कर लें जिससे प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। एक बात अमित सिहाग जी बता रहे थे कि प्राइवेट कम्पनी वाले नहीं दे पाते। इससे उसकी भी डबल चैकिंग हो जायेगी और सैटेलाईट इमेजिज के माध्यम से हम उसमें सुधार लाने का काम करेंगे। XXXX		
		10.08.2022		
72.	मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये संक्षिप्त वक्तव्य के संदर्भ में दिया गया आश्वासन।	XXXX नदी के किनारे की जमीन पानी के बहाव के बदलने के कारण नदी में चली जाती है। उस दौरान कभी–कभी तो पूरे गांव की ही जमीन नदी में चली जाती है। इसके बाद जब कभी नदी का पानी अपना रास्ता बदलता है तो वह जमीन पुनः निकल जाती है। नदी से निकली हुई उस जमीन को बुर्दी बरामद कहा जाता है। बुर्दी बरामद जमीन को भी लोगों को देने के लिए नियमानुसार पहले उस जमीन को शामलात देह में दर्ज किया जाता है। इसके बाद यह हिसाब लगाया जाता है कि किसान की कितनी जमीन नदी		

में गई थी और वापस कितनी जमीन आई है। जितनी जमीन नदी में गई थी अगर उतनी ही या उससे ज्यादा जमीन वापस आ जाए तो किसान की जितनी जमीन गई थी वह उसको वापस दे दी जाती है। अगर किसान की जमीन नदी में ज्यादा गई हो और वापस कम आये तो फिर किसानों को चतव तंजं ईंपे पर जमीन दी जाती है। मैं बताना चाहता हूं कि उस जमीन को एक बार शामलात देह में दर्ज किया जाता है। अब कहीं ऐसा न हो कि उस शामलात देह को भी पंचायतों के नाम कर दिया जाए तो उसको भी हमें बचाना पड़ेगा क्योंकि वह जमीन तो किसानों की है। उस जमीन को किसानों को देने के प्रोसैस में एक बार शामलात देह में दर्ज किया गया है। हम अपने नोटिफिकेशन में भी यह प्रावधान करेंगे।

XXXX

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

INDUSTRIES & COMMERCE DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		30.11-2015		
73.	तारांकित प्रश्न संख्या-960 के संदर्भ में श्री असीम गोयल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न- आदरणीय अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से मैंने पहले भी ए.के.आई.सी. के बारे में निवेदन किया था कि अमृतसर-अम्बाला-कोलकाता इंडस्ट्रियल कोरीडोर पर आ चुका है। हवाई सफर के हिसाब से भी अम्बाला चण्डीगढ़ के नजदीक पड़ता है जहाँ पर इन्टरनैशनल लेवल का ऐयरपोर्ट है तथा अम्बाला में रेलवे का बहुत बड़ा जंक्शन है जिसके कारण अम्बाला में उद्योग को विकसित करने की अपार सम्भावनाएं हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि सभी इंडस्ट्रीज के पुनर्जीवन के लिए एक स्पेशल पैकेज घोषित किया जाये। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या सरकार इस पर कोई विचार करेगी ?	xx अध्यक्ष महोदय, पूरे उत्तर हरियाणा में किस प्रकार से उद्योग का जाल फैलाया जा सके, हरियाणा सरकार उसके लिए बहुत प्रयास कर रही है। साहा में भी एक विशेष फूड पार्क की मंजूरी मिली है और वहाँ पर फूड पार्क विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा अम्बाला में 10 एकड़ भूमि पर 50 करोड़ रुपये की लागत से एक टूल रूम विकसित करने के लिए भारत सरकार से स्वीकृति ली जा चुकी है और वह काम भी हम जल्दी आरम्भ करने वाले हैं।	**आई.जी.सी. साहा** में टूल रूम स्थापित करने के बारे यह सूचित किया जाता है:1. हरियाणा राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम (एच.एस.आई.आई.डी.सी.) ने वर्श 2013 में आई.जी.सी. साहा में टूल रूम स्थापित करने के लिए एम. एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार को 10 एकड़ भूमि आबंटित की थी। अपर विकास आयुक्त, एम.एस.एम.ई मंत्रालय, भारत सरकार ने डी.ओ. पत्र दिनांक 13.09.2019 द्वारा सूचित किया है कि एम.एस.एम.ई. मंत्रालय "नई प्रौद्योगिकी/विस्तार केन्द्र की स्थापना" योजना के तहत टूल रूम स्थापित करने का इरादा रखता है। एम.एस. एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार ने मौजूद भूमि के टुकड़े के निकट अतिरिक्त 10 एकड़ जमीन को में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।	**The Committee would like to know the latest position in this regard.** (25-05-2022)

2. उक्त पत्र के अनुसरण मे तत्कालीन अपर मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने अपने डी.ओ. पत्र दिनांक 04.11.2019 से एम.एस. एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार को सूचित किया है कि साहा में 10 एकड़ की वर्तमान/मौजूदा आबंटित साइट से सटे 10 एकड़ का कोई भूखंड उपलब्ध नहीं है।एच.एस.आई.आई.डी. सी. ने 20 एकड़ भूमि पार्सल की पहचान की है जो कि साहा में प्रौद्योगिकी केन्द्र स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है।

3. एम.एस.एम.ई मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र दिनांक 14.12.2021 के माध्यम से सूचित किया है कि साहा (अंबाला) प्रौद्योगिकी केन्द्र की स्थापना के लिए चयनित स्थानों में से एक है। .एम.एस.एम.ई मंत्रालय, भारत सरकार ने पहले से हस्तांरित 10 एकड भूखंड के स्थान पर 20 एकड (प्लाट संख्या 169 से 188) भूखंड आबंटित करने का अनुरोध किया है।

4. इस कार्यालय ने एच.एस.आई. आई.डी.सी. से अनुरोध किया है कि

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			आई.जी.सी. साहा में प्रौद्यगिकी केन्द्र को स्थापित करने के लिए पहले से हस्तांतरित 10 एकड़ भूमि के स्थान पर उक्त 20 एकड़ भूमि (भूखंड संख्या 169 से 188) हस्तांतरण करने का प्रस्ताव एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार को दिया जाए।	
		24.02.2020		
74.	तारांकित प्रश्न संख्या 134 के संदर्भ में श्री अमरजीत ढांडा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न:–अध्यक्ष महोदय, मेरा जुलाना क्षेत्र एन.सी.आर. में आता है। अगर हम आज इस महान सदन में जुलाना क्षेत्र के विकास की बात करें तो वहां पर विकास के नाम पर कोई काम नहीं हुआ है। अध्यक्ष महोदय, आज के दिन वहां के किसानों के लिए खेती बाड़ी करना भी बहुत मुश्किल हो गया है क्योंकि अधिकतर इलाका तो सूखे की मार झेल रहा है और कुछ इलाके में सेम की बहुत भारी समस्या है। इस इलाके में रोजगार की	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि हरियाणा प्रदेश में 13 उद्योग कुंज स्थापित किए जा रहे हैं और इसमें से एक गांव शादीपुर के अंदर "उद्योग कुंज योजना" के माध्यम से उद्योग कुंज स्थापति किया जायेगा। अध्यक्ष महोदय, जिसके अंदर 27 छोटे उद्योग कुंज डिवैल्प हो चुके हैं और 8 उद्योग कुंज इम्प्लीमैंटेशन में हैं और वहां पर अभी 14 प्लॉट खाली पड़े हैं इसलिए आने वाले समय में हमारे पास जो भी एप्लीकेशन आयेंगी उनके माध्यम से इन्डस्ट्री को बढ़ावा देने का काम करेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं इसके अलावा यह भी बताना चाहूंगा कि	सरकारी आश्वासन संख्या 81 के संबंध में एच.एस.आई.आई.डी.सी. द्वारा सूचित किया गया है कि हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 13 उद्योग कुंज स्थापित किए गए हैं जिनमें से एक उद्योग कुंज गांव शादीपुर, जुलाना, जिला जींद है। एच.एस.आई.आई.डी.सी. को राज्य में प्लॉट एवं शेड विकसित करके उद्योग कुंज स्थापित करने की जिम्मेदारी गई है। उद्योग कुंज गांव शादीपुर, जुलाना, जिला–जींद का विवरण निम्न प्रकार है:–	

व्यवस्था भी नाममात्र की है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से सिर्फ एक ही बात कहना चाहूंगा कि वहां पर औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाये।

हमारा जींद जिला, अमृतसर, कलकत्ता और मुम्बई दिल्ली इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का हिस्सा है इसलिए एच.एस.आई.आई.डी.सी. द्वारा जींद और नरवाना में भी उद्योग लगाने की व्यवस्था करेंगे।

क्र. सं.	विवरण	उद्योग कुंज शादीपुर, जुलाना
1	उद्योग कुंज के अंर्तगत क्षेत्र (एकड़ में)	5.07
2	कुल काटे गए प्लॉट	78
3	कुल बनाए गए शेड	30
4	आवंटित प्लॉटों की संख्या	48
5	आवंटित शेडों की संख्या	06

17.03.2021

75. तारांकित प्रश्न संख्या 763 के संदर्भ में श्री मामन खान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX स्पीकर सर, मैं उप मुख्यमंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि मेवात में इण्डस्ट्रियल एरिया की स्थापना क्यों नहीं की जा सकती इसका कारण मुझे बताया जाये ? XX अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से प्रश्न है कि रोजकामेव में आई. एम.टी. 2013 से धूल फांक रही है। हमें यह सुनते–सुनते बहुत दिन हो गये हैं कि बैट्री की यूनिट आयेगी। क्या माननीय उप मुख्यमंत्री जी उसकी कोई समय–सीमा बतायेंगे कि यह यूनिट कब तक लग जायेगी? जब तक आप वहां

XX माननीय सदस्य स्वयं प्रोफैशन से एक इंजीनियर रहे हैं और इनको भी पता है कि इनके विधान सभा क्षेत्र के अन्दर से इस देश का सबसे महत्वपूर्ण नैशनल हाईवे दिल्ली से बल्लभगढ़ होते हुए सोहना और सोहना से बड़ोदरा तक जा रहा है। जिस दिन उस हाईवे का निर्माण पूरा होगा, मैं माननीय सदस्य को बुला कर इन्हीं के साथ बैठकर बात करूंगा। हमने आई.एम.टी., सोहना जो इनके रोजकामेव, मेवात में ही है, के बारे में गंभीरता से बात की है। हमारी गम्भीरता है कि साढ़े 7 हजार करोड़ रुपये की पहली फोरेन इन्वैस्टमैंट अगर कहीं आ रही है, एक मदर यूनिट कहीं आ रही है तो इनके रोजकामेव में बैट्रीज की यूनिट दुनिया की सबसे बड़ी

Reply still awaited from IE/ HSIIDC Section at Headquarter.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	पर इंडस्ट्रीज नहीं लगायेंगे तब तक बताइये कि मेवात कैसे आगे बढ़ पायेगा?	कम्पनी लगा रही है। जहां तक फिरोजपुर झिरका की बात है तो उस हाईवे के बनने के बाद ही उस एरिया की बैटर क्नैक्टिविटी होगी उसके बाद सरकार एक नहीं बल्कि मल्टीपल प्रपोजल बनाने का काम करेगी। चाहे वह वेयरहाउसिंग का लॉजिस्टिक हब हो, चाहे उसके साथ इंडस्ट्रीज का हब हो, सरकार की प्राथमिकता रहेगी और हमारे बजट में भी यह प्राथमिकता है कि जो नूंह का आई.एम. टी. है उसको हम आज के दिन इलैक्ट्रॉनिक्स के लिए मोटीवेट करने का काम करेंगे। XX माननीय सदस्य इस सदन में बैठे हुए हैं और मुझे लगता है कि इन्होंने रिसैंटली आई.एम. टी. सोहना का विजिट नहीं किया है। उस कम्पनी ने वहां पर अपना निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, मैं यह बात फैक्चुअल तौर पर बता रहा हूं कि दिसम्बर, 2021 में उनका पहला प्लांट फंक्शनल हो जायेगा। जमीन पूरी तौर पर उनको ट्रांसफर हो चुकी है। उन्होंने कंस्ट्रक्शन का टैंडर ऑलरेडी एक		

कम्पनी को दे दिया है और काम 5 दिन में शुरू हो या 10 दिनों में शुरू हो लेकिन उन्होंने एक डैडलाइन विभाग को दे दी है कि हमारी मदर यूनिट का पहला पार्ट दिसम्बर, 2021 में शुरू हो जायेगा। उसी से इम्पलॉयमैंट आयेगी, लैंड एक्वायर करके रखने से इम्पलॉयमैंट नहीं आती। मुझे लगता है कि माननीय सदस्य को पता है कि मेवात में इंडस्ट्रीज को डायवर्ट करना एक बहुत बड़ा टारगेट था जो हमारी सरकार ने प्राथमिक तौर पर अचिव करने का काम किया है। मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले समय में जब वह बैटरी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट आयेगी तो उसके साथ–साथ मोबाइल की यूनिट भी आयेंगी और उसके साथ–साथ लैपटॉप और कम्प्यूटर यूनिट्स भी ऑटोमैटिकली वहां पर शिफ्ट होनी शुरू होंगी। XX

17.03.2021

76. तारांकित प्रश्न संख्या 827 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि इंडस्ट्रियल ग्रोथ सैंटर, साहा का टूल रूम कई सालों से लम्बित है। डिप्टी सी.एम. साहब इसकी XX जहां तक साहा में यह सैंटर खोलने का सम्बन्ध है इस बारे में मैं यह बताना चाहूंगा कि पहले साहा में लैंड की प्रॉब्लम थी और शुरू में केन्द्र सरकार ने प्रति स्टेट एक सैंटर की बात की थी । हमारी सरकार ने केन्द्र सरकार से चर्चा करके यह एप्रूवल ली है कि वहां पर सैकिण्ड सैंटर खोला जाये। इस आई.जी.सी. साहा में टूल रूम स्थापित करने के बारे यह सूचित किया जाता है :

1. हरियाणा राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम (एच.एस. आई.आई.डी.सी.) ने वर्ष 2013 में

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	कोई समय सीमा निर्धारित कर दें कि कब तक यह जल्द से जल्द स्थापित हो जायेगा जिससे कि प्रदेश के युवाओं को इसका लाभ मिल सके।	सैंटर के लिए 20 एकड़ जमीन हमने वहां पर पिन प्वायंट कर ली है जिसकी परपोजल केन्द्र सरकार को भेजी जा चुकी है। जैसे ही हमें केन्द्र सरकार से एप्रूवल प्राप्त होगी उसके बाद तुरंत प्रभाव से इस कार्य को कम्पलीट करने का काम किया जायेगा।	आई.जी.सी. साहा में टूल रूम स्थापित करने के लिए एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार को 10 एकड़ भूमि आबंटित की थी। अपर विकास आयुक्त, एम.एस.एम.ई मंत्रालय, भारत सरकार ने डी.ओ. पत्र दिनांक 13.09.2019 द्वारा सूचित किया है कि एम.एस.एम.ई. मंत्रालय "नई प्रौद्योगिकी/विस्तार केन्द्र की स्थापना" योजना के तहत टूल रूम स्थापित करने का इरादा रखता है। एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार ने मौजूद भूमि के टुकड़े के निकट अतिरिक्त 10 एकड़ जमीन को में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। 2. उक्त पत्र के अनुसरण मे तत्कालीन अपर मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने अपने डी.ओ. पत्र दिनांक 04.11.2019 से एम.एस. एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार को सूचित किया है कि साहा में 10 एकड़	

की वर्तमान/मौजूदा आबंटित साइट से सटे 10 एकड़ का कोई भूखंड उपलब्ध नहीं है। एच.एस.आई.आई.डी.सी. ने 20 एकड़ भूमि पार्सल की पहचान की है जो कि साहा में प्रौद्योगिकी केन्द्र स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है।

3. एम.एस.एम.ई मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र दिनांक 14.12.2021 के माध्यम से सूचित किया है कि साहा (अंबाला) प्रौद्योगिकी केन्द्र की स्थापना के लिए चयनित स्थानों में से एक है। एम.एस.एम.ई मंत्रालय, भारत सरकार ने पहले से हस्तांतरित 10 एकड भूखंड के स्थान पर 20 एकड (प्लाट संख्या 169 से 188) भूखंड आबंटित करने का अनुरोध किया है।

4. इस कार्यालय ने एच.एस.आई.आई.डी.सी. से अनुरोध किया है कि आई.जी.सी. साहा में प्रौद्यगिकी केन्द्र को स्थापित करने के लिए पहले से हस्तांतरित 10 एकड़ भूमि के स्थान पर उक्त 20 एकड़ भूमि (भूखंड संख्या 169 से 188) हस्तांतरण करने का प्रस्ताव एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, भारत सरकार को दिया जाए।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

22.12.2021

77. तारांकित प्रश्न संख्या 1441 के संदर्भ में श्री प्रमोद कुमार विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय उप–मुख्यमंत्री जी के जवाब से बिल्कुल सहमत हूं लेकिन मैं एक सुझाव देना चाहूंगा कि पानीपत इंडस्ट्रियल टाउन है और जिसके कारण वहां पर काफी एयर पोल्यूशन भी होता है। पानीपत निगम में 120 पार्क हैं। जिनको आर. डब्ल्यू.ए. मेंटेन करती है और इनका सारा खर्चा उठाती हैं, जोकि बहुत ही एक्सपेंसिव है इसलिए हमें इन पार्क्स को मैनेज करने में दिक्कत आती है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि रिफाइनरी को भी परस्यू करे। निगम द्वारा पार्कस को मेंटेन करने के लिए कम से कम 3 से 5 करोड़ रुपये सालाना दिये जायें, ताकि एयर पोल्यूशन को रोकने में मदद हो सके। मेरा आग्रह है अध्यक्ष महोदय, जहां तक एयर क्वालिटी की बात है इसमें आपने भी स्वयं देखा है कि सुप्रीम कोर्ट और केन्द्र सरकार निरन्तर पूरे एन.सी.आर. रीजन को मॉनिटर कर रही है। इस बाबत पहले भी सर्वे हुआ है और बावजूद इसके यदि माननीय विधायक इससे संतुष्ट नहीं हैं तो आने वाले समय में प्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर एयर क्वॉलिटी के संदर्भ में दोबारा से सर्वे करवाने के लिए अनुरोध कर सकती है। जहां तक पार्क मैंटेन करने की बात है, एच.एस.वी.पी. के एरिया में आने वाले पार्क्स को संबंधित आर.डब्ल्यू.ए. द्वारा मैंटेन करने का काम किया जाता है और इसके साथ ही साथ प्रदेश सरकार द्वारा पर–स्क्वेयर मीटर के निर्धारित मानदंडों के आधार पर भी संबधित आर.डब्ल्यू.ए. व एच. एस.वी.पी. के बीच टाइअप करके, पार्क्स मैंटेन करवाने का काम किया जाता है। यदि माननीय सदस्य चाहते हैं कि इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के सी.एस.आर. फंड्स विभाग द्वारा महाप्रबंधक, आईओसीएल, पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पानीपत को हरियाणा विधानसभा के सरकारी आश्वासनों पर समिति की 51वीं रिपोर्ट के सरकारी आश्वासन संख्या 88 जोकि पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी), पानीपत के सी.एस.आर. फंड के माध्यम से गैर हरियाणा राज्य विकास प्राधिकरण क्षेत्र के पार्कों के रखरखाव के संबंध में है, की नवीनतम स्थिति भेजने के लिए कहा गया था, जिसके उत्तर में मुख्य महाप्रबंधक (एचआर), पीआरपीसी ने उल्लेख किया है कि पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पानीपत के सी.एस.आर. फंड के तहत केवल नए बुनियादी ढांचे के निर्माण कार्य लेता है।

कि इस मामले को परस्यू करने का काम किया जाये।

का इस्तेमाल करके पानीपत शहर के नॉन–एच. एस.वी.पी एरिया के अधीन आने वाले पार्क्स को मैंटेन करने का काम किया जाये, तो मैं माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि चूंकि मैं जिला पानीपत जिले की ग्रीवेंस कमेटी का चेयरमैन हूँ, तो ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग के दौरान माननीय सदस्य तथा संबंधित म्युनिसिपल कारपोरेशन के सभी शीर्षस्थ अधिकारियों की ज्वॉयंटली बैठक करवाकर, इंडियन ऑयल कारपोरेशन के सी.एस.आर. फंड्ज को नॉन–एच.एस.वी.पी. एरिया के पार्क्स के लिए डॉयवर्ट करवाने का काम किया जायेगा।

03.03.2022.

78. डा0 कृष्णलाल मिढ़ा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 624 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) जींद जिले में उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि जींद में एच.एस. आई.आई.डी.सी. क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

XXX (ख) जींद में एच.एस.आई.आई.डी.सी. क्षेत्र में मूल सुविधाओं के बारे में, यह वर्णित किया जाता है कि मूल अवसंरचना का सुधार करने /अवसंरचना सुविधाओं को उन्नत करना अर्थात आई.ई. में एच.एस.आई.आई.डी.सी. क्षेत्र में सडकें, जल आपूर्ति, मलजल, वर्षा पानी निकास उन्नत करने के लिए 2.47 करोड रूपए की राशि प्रतिशत का कार्य दिया गया था, जो कि प्रगति में है। स्थल पर 55 प्रतिषत कार्य पूरा हो गया है तथा बाकी का कार्य 31. 05.2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अतिरिक्त, 3.16 करोड रूपए की अनुमानित लागत पर 500 के.एल.डी. क्षमता का एक नया सी.ई.टी.पी. प्रस्तावित किया गया है। जिसके लिए निविदाए प्राप्त हो गई हैं तथा मूल्यांकन के अधीन है।	
		09.08.2022.		
79. श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 50 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :– (क) क्या पदमा योजना के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक खंड में एक लघु उद्योग स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के. विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?		हां श्रीमान् जी, हरियाणा सरकार ने 23 फरवरी 2022 को राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में विशिष्ट औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करने के लिए 'प्रोग्राम टू ऐक्सेलरेट डेवलपमेंट फॉर एमएसएमई एडवांसमेंट' (पदमा) के तहत एक योजना शुरू की है। कार्यक्रम की पहल का उद्देश्य पूरे हरियाणा में समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना और राज्य के युवाओं को नए उद्यम स्थापित करने के लिए उन्हें विकसित होने और औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने के अवसर प्रदान करने के लिए सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों पर केंद्रित विकासात्मक हस्तक्षेपों को	

डिजाइन ओर कार्यान्वित करना, औद्योगिक क्लस्टर दृष्टिकोण का लाभ उठाना और उद्यमिता के अवसरों के साथ–साथ संतुलित क्षेत्री विकास को बढ़ावा देना है। इस आश्य के साथ, राज्य के सभी जिलों के 143 ब्लॉकों में से प्रत्येक में स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों, मौजूदा एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र, हितधारकों के परामर्श, कच्चे माल की उपलब्धता, जनसांख्यिकीय प्रोफाइल और टिकाऊ तथा लागत प्रभावी क्लस्टर बनाने के लिए विकास क्षमता के आधार पर एक उपदा की पहचान की गई है। इनमें से प्रत्येक ब्लॉक में, सरकार द्वारा चयनित उत्पाद पर केंद्रित एक नया मिनी– औद्योगिक क्लस्टर विकसित किया जाएगा। यह परिकल्पना की गई है कि प्रत्येक क्लस्टर कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) और बिजनेस डेवलपमेंट सर्विस (बीडीएस) हब के साथ कई नए एमएमएमई का गठन करेगा। पदमा योजना पांच साल की अवधि के लिए लागू की जाएगी। प्रत्येक ब्लॉक का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा ताकि प्रत्येक ब्लॉक में एक जीवंत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने पर उचित ध्यान दिया जा सके।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		09.08.2022.		
80.	श्री सत्या प्रकाश द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 22 के संबंध में अनुपूरक: मेरा माननीय मुख्यमंत्री जी से बार–बार यही अनुरोध है कि इस जमीन को छोड़ने की कार्यवाही अविलम्ब शुरू की जाये। इसके अलावा मेरा यह भी कहना है कि जरूरत के हिसाब से किसानों की जमीन लेकर उनको वहां के जमीन के वर्तमान बाजार भाव का भुगतान कर दिया जाये। मेरा सरकार से यही अनुरोध है।	यह बात तो ठीक है कि वर्ष 2010 में इस जमीन को एक्वॉयर करने के लिए नोटिस हुआ था और उस समय के रेट्स काफी कम थे। अब चूंकि जो वहां के किसान बंधू हैं वे सुप्रीम कोर्ट में गये और सुप्रीम कोर्ट में यह केस चलते–चलते वर्ष 2020 में यह निर्णय हुआ कि यह जमीन एक्वॉयर होगी और उसी रेट पर एक्वॉयर होगी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के ऊपर काफी रिस्ट्रक्शंज लगाई हैं। अब उसके बाद यह भी ध्यान में आ रहा है कि आज वहां पर जमीनों के रेट्स काफी ज्यादा हो गये हैं। हम चाहते हुए भी वहां के जमीन मालिकों के लिए कोई बहुत ज्यादा बड़ी सुविधा/राहत की घोषणा अवॉर्ड में नहीं कर सकते हैं लेकिन ऐसी हमारी योजना है कि आऊसटीज में जो प्लॉट जमीन के मालिकों को देना होता है उसके ऊपर हम उनको कोई न कोई रियायत देकर कोशिश करेंगे कि इस जमीन की जो आज की कीमत है अगर उतनी नहीं तो उसके नजदीक कहीं		

न कहीं पहुंचा सकें। इस प्रकार से आऊस्टीज पॉलिसी में अमैंडमैंट करके हम वहां के जमीन मालिकों को लाभ देने की कोशिश करेंगे।

XXX

इस सम्बन्ध में मेरा यही कहना है कि पहले से जो हमारी पॉलिसी है जहां उस समय गांव बसा हुआ था और जहां उस समय मकान बने हुए थे उस एरिया को रिलीज करने का पॉलिसी में प्रावधान है इसलिए हम अवॉर्ड सुनाते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखेंगे।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TRANSPORT DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		5.03.2018		
81.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में	13 नए बस टरमिनलों का निर्माण किया जा रहा है। मानेसर, कुण्डली, बहादुरगढ़, गुरूग्राम और फरीदाबाद में मल्टीमाडल ट्रांजिट सेंटर स्थापित किए जाएंगें।	बस अड्डा तरावड़ी (करनाल) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और दिनांक 06.08.2022 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा इस बस अड्डे का उद्घाटन किया गया है। बस अड्डा बावल (रेवाड़ी) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 31.08.2019 को किया जा चुका है। बस अड्डा पान्धू पिन्डारा (जीन्द) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और दिनांक 27.10.2020 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा इस बस अड्डे का उद्घाटन किया गया है। बस अड्डा मुस्तफाबाद (अब सरस्वती नगर), यमुनानगर में बस अड्डे का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और	**The Committee would like to know the latest position in this regard.** **(21-09-2022)**

दिनांक 04.09.2022 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा इस बस अड्डे का उद्घाटन किया गया है।

बस अड्डा खिजराबाद का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इसका उद्घाटन दिनांक– 11.09.2019 को किया जा चुका है।

बस अड्डा बाढ़सा, झज्जर का शिलान्यास माननीय कृषि मंत्री हरियाणा द्वारा दिनांक 23.09.2019 को किया जा चुका है। बस अड्डे का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और दिनांक 27.10.2020 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा इस बस अड्डे का उद्घाटन किया गया है।

बस अड्डा बालसमन्द, हिसार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इसका उद्घाटन दिनांक 10.06.2021 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा किया गया है।

बस अड्डा फतेहाबाद (मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत) का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			महोदय द्वारा दिनांक 04.09.2022 को किया गया है।	
			बस अड्डा बहादुरगढ़ का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् इसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 06.03.2022 को किया गया है।	
			बस अड्डा राजीव चौक, गुरूग्राम में बस अड्डा निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा अधिकृत मैसर्ज डी0आई0एम0टी0 एस0, नई दिल्ली को सलाहकार नियुक्त किया गया है। मैसर्ज डी0आई0एम0टी0 एस0, नई दिल्ली द्वारा इस पर डी0पी0आर0 प्रस्तुत की जानी है।	
			बादली (झज्जर) गांव बादली में बस अड्डा के लिए उपलब्ध 12 कनाल 6 मरला जमीन में से 650 वर्ग गज सरकार की सहमति/अनुमोदन उपरांत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा को सिविल निस्तारण संयंत्र	

स्थापित करने हेतु स्थानान्तरित कर दी गई है। शेष भूमि पर बस अड्डा निर्माण के लिए मुख्य वास्तुकार, हरियाणा को नक्शे तैयार करने बारे दिनांक 04.08.2022 को अनुरोध किया जा चुका है।

फरूखनगर (गुरूग्राम) फरूख नगर में बस अड्डा निर्माण के 24 कनाल 16 मरला जमीन उपलब्ध है। इस भूमि पर दुकानदारों द्वारा माननीय उच्च न्यायलय पंजाब एवं हरियाणा में केस दायर किया हुआ है जो अभी तक लंबित है। इसके अतिरिक्त फरूख नगर, गुरुग्राम स्थित बस अड्डे की चारदीवारी बनाने हेतु एवं बिजली की तारें हटवाने के लिए क्रमशः 23,58,000/– तथा 7,72,408/– रु0 की राशि जारी की गई है। बिजली विभाग द्वारा 7,72,408/– रु0 के अनुमानित आंकलन को संशोधित करके 16,69,619/– रु0 का कर दिया गया जिसे सरकार द्वारा दिनांक 04.02.2022 को स्वीकृत किया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा चारदीवारी

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			रु0 23,58,000/– के अनुमानित आंकलन को संशोधित करके रु0 31,00,000/– दर्शाया गया है, जो मूल रूप से अभी इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है।	
			सैक्टर–12 (रेवाड़ी) सैक्टर–12 में परिवहन विभाग के बस अड्डा हेतु 20 एकड़ 1 कनाल 5 मरला भूमि अधिग्रहण की गई है तथा 6 कनाल 8 मरला भूमि पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा भू–मालिकाना हक का मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। मुख्य वास्तुकार, हरियाणा से बस अड्डा व कर्मशाला के निर्माण हेतू नक्शे तैयार करने बारे दिनांक– 26.07.2022 को अनुरोध किया गया है।	

बस अड्डा पिपली (कुरूक्षेत्र) को सरकार द्वारा पी0पी0पी0 आधार पर बनाने का निर्णय किया गया है जिसके लिए सरकार की सलाहाकार कंपनी डी0आई0एम0टी0एस0, नई दिल्ली को नियुक्त किया गया है। संबंधित कंपनी ने इस विभाग को Detailed Project Report प्रेषित की है। मामला CoSI में रखे जाने के लिये प्रेषित किया गया था। जिस पर CoSI द्वारा डी0आई0एम0टी0एस0, नई दिल्ली से मार्किट सर्वे करवाने को कहा गया था। सर्वे रिर्पोट दिनांक 13.09.2022 को प्राप्त हो गई है जिसे आगामी कार्यवाही हेतू भेजा जा रहा है।

बस अड्डा सैक्टर–12, फरीदाबाद में परिवहन विभाग द्वारा 15 एकड़ जमीन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से 50 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से वर्ष 2009 में खरीदी गई थी। आदरणीय श्री विपुल गोयल, एम0एल0ए0, फरीदाबाद द्वारा सुझाव दिया गया है कि परिवहन विभाग की सैक्टर–12, फरीदाबाद में स्थित 15 एकड़ जमीन

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1.	2	3	4	5
			में से 10 एकड़ जमीन शिक्षा विभाग, हरियाणा को बिना किसी राशि की अदायगी के स्थानान्तरित कर दी जाए तथा शेष 5 एकड़ भूमि पर परिवहन विभाग, हरियाणा द्वारा पी0पी0पी0 आधार पर बस अड्डा बनाया जाये। इसके अतिरिक्त यह दर्शाया गया कि 5 एकड़ भूमि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा को कॉलेज भवन निर्माण के लिए स्थानान्तरित की जाए, 5 एकड़ भूमि पर बस अड्डा निर्माण किया जाए तथा शेष 5 एकड़ भूमि सिटी बस सर्विस के लिए उपकेन्द्र स्थापित करने के लिए रखी जाए। मुख्य शहरी योजनाकार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा जताया गया है कि फरीदाबाद नगर में प्रति दिन बढ़ते यातायात के मध्यनजर सेक्टर–12 में 5 एकड़ भूमि बस अड्डा निर्माण के लिए पर्याप्त प्रतीत नहीं	

होती। जिसके बारे में मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को इस बारे में आयोजित हुई बैठक दिनांक– 01.09.2021 को अवगत करवा दिया गया है।

5.11.2020

82. तारांकित प्रश्न संख्या 693 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मतलौडा गांव के आसपास 40 गांव लगते हैं। वहां पर भीड़ बहुत ज्यादा है और बस क्यू शैल्टर पर महिलाओं के लिए शौचालय भी नहीं है। वहां पर नया बस स्टैंड कब तक बनवा दिया जाएगा ?

अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य मतलौडा गांव में पंचायती जमीन उपलब्ध करवा देंगे तो वहां पर तुरंत बस स्टैंड बनवा दिया जाएगा।

इस सन्दर्भ में अवगत करवाया जाता है कि माननीय मुख्यमन्त्री महोदय द्वारा गांव मतलौडा में 3 बेज के बस अड्डे का निर्माण करने की घोषणा की गई है। सरकार के निर्देश के मद्द यनजर 3 बेज के बस अड्डे के निर्माण हेतू कम से कम 2 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इस कार्यालय द्वारा दिनांक 09.08.2021 को महाप्रबंधक, पानीपत से उपयुक्त भूमि बारे रिपोर्ट मांगी गई जिसके प्रत्युत्तर में उन द्वारा अवगत करवाया गया कि सरकार/विभाग की कोई ऐसी हिदायत नहीं है जिसमें बस क्यू शैल्टरों पर शौचालय बनाया जाए। इसके अतिरिक्त महाप्रबन्धक कार्यालय, पानीपत के पत्र क्रमांक 830/बी0सी0 दिनांक 13.08.2021 के द्वारा अवगत

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			करवाया गया कि गांव मतलौडा में बस अड्डे के निर्माण के लिए भूमि सफीदों रोड़ पर फाटक पार करके बाई पास के निकट लगभग 1.5 किलोमीटर की दूरी पर है जोकि गऊशाला के प्रयोग में है। परन्तु खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी मडलौडा के कार्यालय द्वारा यह नहीं दर्शाया गया कि वह कितनी भूमि बस अड्डे के निर्माण के लिए उपलब्ध करवायेंगे। तत्पश्चात् दिनांक 01.09.2021 को इस कार्यालय द्वारा महाप्रबंधक, पानीपत से पुनः उक्त भूमि बारे व्यवहारिक रिपोर्ट मांगी गई परन्तु यह भूमि उपयुक्त न पाये जाने के कारण इसे नकारा घोषित कर दिया गया है। दिनांक 26.07.2022 को इस कार्यालय द्वारा उपायुक्त, पानीपत से मतलौडा में बस अड्डे निर्माण हेतू उपयुक्त भूमि उपलब्ध करवाने बारे अनुरोध किया	

गया है। महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा उपायुक्त पानीपत से दिनांक 07.09.2022 को बस स्टेण्ड निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करवाने बारे पुनः अनुरोध किया गया है।

20.12.2021

83. तारांकित प्रश्न संख्या 1407 के संदर्भ में श्री चिरंजीव राव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— ****माननीय मंत्री जी मुझे बताएं कि मेरे क्षेत्र के बस अड्डों का निर्माण कार्य कब तक हो जाएगा ? मैंने माननीय मंत्री जी से जो सवाल किये हैं उनमें से इन्होंने किसी भी सवाल का अभी तक मुझे जवाब नहीं दिया है। माननीय मंत्री जी ने धारूहेड़ा के बस स्टैण्ड के बारे में भी नहीं बताया जिसको ये स्वयं मानते हैं कि वह बस स्टैण्ड पब्लिक यूज के लिए सेफ नहीं है।

****मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जितनी जल्दी हो सकेगा संबंधित कार्य उतना जल्दी शुरू करवाएंगे। यह काम टैंडर होने के बाद जल्दी करवा दिया जाएगा।

इस सम्बन्ध में अवगत करवाया जाता है कि बस अड्डा धारूहेड़ा को दिनांक— 30.11.2018 को लोक निर्माण विभाग द्वारा असुरक्षित घोषित किया गया व बस अड्डे के भवन को ध्वस्त कर दिया गया है। इसके उपरान्त इसी स्थान पर नया बस अड्डे के निर्माण के लिए मुख्य वास्तुकार से साईट प्लान तैयार करने बारे अनुरोध किया गया। मुख्य वास्तुकार द्वारा बस अड्डा धारूहेड़ा की 5 एकड़ भूमि के अनुसार साईट प्लान तैयार न करके 4.72 एकड़ भूमि के अनुसार साईट प्लान तैयार किया गया और अवगत करवाया गया कि शेष 0.28 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा होने के कारण 5 एकड़ भूमि के अनुसार साईट प्लान तैयार नहीं किया जा सकता।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			नायब तहसीलदार रेवाड़ी की रिपोर्ट अनुसार इस 0.28 एकड़ भूमि पर मकान बने हुए है। इस अवैध कब्जे को हटवाने के लिए महाप्रबन्धक, कार्यालय रेवाड़ी द्वारा नायब तहसीलदार, धारूहेड़ा को बार–2 अनुरोध किया गया की वह कब्जा हटवाने के लिए कार्यवाही करने हेतू तिथि निर्धारित करें। परन्तु नायब तहसीलदार, धारूहेड़ा द्वारा कोई तिथि निर्धारित नहीं की गई। इस कार्यालय दिनांक– 30.08.2022 को उपायुक्त, रेवाड़ी से अनुरोध किया गया है कि वह नायब तहसीलदार, धारूहेड़ा को मामले में आवश्यक कार्यवाही करने के आदेश देवें। जैसे ही इस शेष 0.28 एकड़ भूमि को अवैध कब्जो से मुक्त कर दिया जाएगा तदानुसार नक्शों को अन्तिम रूप देकर बस अड्डे के निर्माण की प्रक्रिया आरम्भ कर दी जाएगी।	

84. श्री देवेन्द्र सिंह बबली, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1434 क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि टोहाना के नए बस स्टैंड की घोषणा जो माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 30.12.2014 को की गई थी, अब तक लागू नहीं हुई है; यदि हां, तो उक्त बस स्टैंड का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

जी हाँ, श्रीमान्। माननीय मुख्यमन्त्री, हरियाणा द्वारा कोड संख्या–9768, दिनांक 30.12.2014 के अन्तर्गत टोहाना में नए बस अड्डे के निर्माण की घोषणा की गई थी। बस अड्डे के निर्माण हेतू कोई उपयुक्त भूमि उपलब्ध ना होने के कारण बस अड्डे के निर्माण की इस घोषणा को क्रियान्वित नहीं किया जा सका। सरकार द्वारा ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि के खरीद की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। सरकार द्वारा भूमि खरीद के पश्चात् जल्द ही बस अड्डे का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

टोहाना में नए बस अड्डे के निर्माण की घोषणा माननीय मुख्यमन्त्री द्वारा घोषणा संख्या–9768, दिनांक– 30.12.2014 को की गई थी। टोहाना में कोई सरकार/परिवहन विभाग की उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण इस बारे ई–भूमि पोर्टल पर भूमि की खरीद बारे प्रक्रिया आरम्भ की गई। ई–भूमि पोर्टल पर भू–स्वामियों द्वारा लगभग 6 एकड़ भूमि देने बारे विवरण दर्शाया गया। परन्तु भू–स्वामियों द्वारा क्लैक्टर रेट का 1.95 गुणा राशि की मांग किए जाने पर इस भूमि को नकार दिया गया। तत्तश्चात् उपायुक्त, फतेहाबाद द्वारा मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को अवगत करवाया गया है कि भू–स्वामियों द्वारा किसी भी कीमत पर अपनी भूमि देने बारे असहमति जताई और अनुरोध किया गया कि इस प्रस्ताव को रद समझा जाए और अन्य जगह हेतू ई–भूमि पोर्टल पर भूमि की खरीद हेतु विवरण दिया जाए। दिनांक–

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			27.06.2022 को माननीय मुख्यमन्त्री महोदय द्वारा हाई पावर लैण्ड पर्चेज कमेटी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपायुक्त, फतेहाबाद को दिशा निर्देश दिए गए कि वह टोहाना में बस अड्डे के निर्माण हेतू कम से कम तीन जगहों को चिन्हित करें और इसे ई– भूमि पोर्टल पर दर्ज करें। इस कार्यालय द्वारा भी दिनांक 20.07.2022 को उपायुक्त फतेहाबाद से तीन स्थान सुझाने बारे अनुरोध किया गया है। इस बारे उपायुक्त, फतेहाबाद के कार्यालय से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है तथा जैसे ही टोहाना में उपयुक्त भूमि उपलब्ध हो जाएगी तदानुसार बस अड्डे की निर्माण की प्रक्रिया को अमल में ला दिया जाएगा।	
85.	श्री दुड़ा राम, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1687 क्या परिवहन मन्त्री कृपा बताएंगे कि क्या फतेहाबाद के जिला	03.03.2022. श्रीमान् जी, फतेहाबाद के जिला मुख्यालय में निर्मित बस स्टैण्ड का उद्घाटन मार्च, 2022 के अंत तक किये जाने की संभावना है।		

मुख्यालय में निर्मित बस स्टैण्ड का उद्घाटन कब तक किये जाने की संभावना हैं?

XXX अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के बाद बस स्टैंड का उद्घाटन कर देंगे।

3.03.2022

86. तारांकित प्रश्न संख्या 1887 के संदर्भ में श्री दूड़ा राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि मेरे फतेहाबाद हल्के में कोरोना महामारी के दौरान गांवों में बसें बंद हो गई थी। अब बसिज को चलाने की बात करते हैं तो कहते हैं कि अभी बसिज की संख्या कम है और अगर बसिज हैं तो बहुत ही कम संख्या में चल रही हैं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि मेरे हल्के में जो कोरोना महामारी के दौरान बसें चल रही थी उनको दोबारा से चलाया जाये । इसके अलावा मेरा यह भी कहना है कि जो पुराना बस स्टैंड था उसकी जगह शहर के अंदर आ गई है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आप उस जगह पर क्या डिवैल्प करोगे या वहां पर कोई नया बस स्टैंड बनाया जायेगा या फिर वह जमीन और काम के लिए यूज की जायेगी।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि कोविड महामारी के समय में सारी बसिज बंद कर दी गई थी लेकिन अब गांवों, शहरों और स्कूलों में सभी बसिज को चलाने का काम किया जायेगा। जहां तक बस स्टैंड की जमीन की बात है तो इसके लिए चर्चा करके जिसके लिए यूज होगी उसके लिए हम यूज करेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15.03.2022.		
87.	तारांकित प्रश्न संख्या 1637 के संदर्भ में मोहम्मद इलियास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अगर सरकार पुन्हाना में रोडवेज का डिपो नहीं बना सकती तो कम से कम पिनगवां में बस स्टैण्ड ही बना दिया जाये क्योंकि वह भी मेरा ही हल्का है। XX	XX मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हम पिनगवां में बस स्टैण्ड की फिजीबिलिटी चैक करवा लेंगे और अगर वहां पर बस स्टैण्ड का निर्माण सभी निर्धारित नॉर्म्ज पूर्ण करता होगा तो हमारा विभाग वहां पर जल्दी से जल्दी बस स्टैण्ड का निर्माण करवाने की कार्यवाही शुरू कर देगा। मैं माननीय सदस्य को यह भी कहना चाहूंगा कि भविष्य में हम मेवात को ज्यादा से ज्यादा नई बसें और अधिक से अधिक बस सर्विस देने का भी काम करेंगे।		
		08.08.2022.		
88.	श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 29 क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि—	(क) जी श्रीमान्। बस अड्डे कनीना की इमारत क्षतिग्रस्त है एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए असुरक्षित घोषित कर दी गई है।		
(क)	क्या यह तथ्य है कि कनीना बस अड्डे का भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त है; तथा	(ख) बस अड्डे कनीना की इमारत को 22.10.2021 को कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें), नारनौल द्वारा नकारा घोषित कर दिया गया है। बस अड्डे कनीना के भवन को ध्वस्त करने के		
(ख)	यदि हां, तो क्या उक्त भवन के स्थान पर बस अड्डे के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के			

विचाराधीन है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

लिए लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) द्वारा 12,94,000/– रूपये की राशि का अनुमान तैयार किया गया है। विभाग द्वारा पुराने ढांचे को तोड़ने की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। नए बस अड्डे का निर्माण मौजूदा बस अड्डे के भवन को ध्वस्त करने और मुख्य वास्तुकार, हरियाणा और लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) से ड्राईंग/अनुमान प्राप्त होने उपरांत मौजूदा स्थान पर किया जाएगा।

09.08.2022.

89. श्रीमति रेनू बाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 27 के संबंध में अनुपूरक प्रश्नः

अध्यक्ष महोदय, सढौरा विधान सभा क्षेत्र की सड़कों पर दिन रात ओवरलोडिंग वाहन चल रहे हैं उनसे सड़कों को बहुत नुकसान हो रहा है।

अध्यक्ष महोदय, सढौरा विधान सभा क्षेत्र से हमारी छोटी बहन विधायक हैं। अपने विधान सभा क्षेत्र के अलावा ये आसपास के क्षेत्रों का भी दौरा करेंगी। छोटी बहन ने कहा है कि जो ओवरलोडिंग वाहन है, वह दूसरी विधान सभा क्षेत्रों में भी जायेगा। वह एक जिले से दूसरे जिले में भी जायेगा। हमने वर्ष 2021–22 में 180 करोड़ 72 लाख रुपये के करीब चालान किये हैं। जहां तक यमुनानगर की बात है तो हमने यमुनानगर में ओवरलोडिंग के 800 वाहन पकड़े हैं। अध्यक्ष महोदय, हमने पिछले महीनें 33 करोड़ रुपये के चालान किये हैं। इसके अलावा यमुनानगर में ओवरलोडिंग के

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		3949 चालान किये हैं, जिसमें हमने 46 करोड़ 67 लाख रुपये की राशि एकत्रित की है। जहां तक ड्राईविंग लाइसैंस की बात है तो हमने 467 ड्राईविंग लाइसैंस रद्द किये हैं। कुल लम्बित पंजीकरण 1 किया है। कुल परमिट 152 रद्द किये हैं। जहां पर सबसे ज्यादा ओवरलोडिंग हो रही है हम वहां पर सबसे ज्यादा चालान भी करने के प्रयास कर रहे हैं। केवल एक हरियाणा प्रदेश से ओवरलोडिंग वाहन नहीं चल रहे हैं बल्कि दूसरे प्रदेशों जैसे पंजाब, यू.पी., राजस्थान से भी हमारे यहां पर ओवरलोडिंग वाहन आते हैं। जहां तक एन.सी.आर. में ओवरलोडिंग वाहन पर बैन लगाने की बात है तो एन.सी. आर. में भी ओवरलोडिंग वाहन पर बैन लगाया गया है। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि राजस्थान, यू.पी., दिल्ली और पंजाब से आने वाले ओवरलोडिंग वाहन पर भी बैन लगाया जायेगा। इस तरह से इन ओवरलोडिंग वाहनों पर भी पूरा शिकंजा कसा जायेगा।		

10.06.2022

90. श्री जोगी राम सिहाग द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 54 क्या परिवहन मंत्री कष्पया बताएंगे कि बरवाला विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में बरवाला के बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना तथा उसका ब्यौरा क्या है?

श्रीमान् जी, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) द्वारा बस अड्डे बरवाला के मौजूदा 3 बेज भवन को जर्जर घोषित किया जा चुका है। सरकार द्वारा बस अड्डा बरवाला के मौजूदा भवन खण्ड और चारदीवारी को तोड़ने के लिए दिनांक 16.06.2022 को 6,14,237/– रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। बस अड्डे के मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करने के पश्चात् नये बस अड्डे का निर्माण करवा दिया जाएगा।

26.12.2022

91. चौ0 आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 13 क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) गत 8 वर्ष के दौरान जिला नूंह के गांव छपेरा में चालक प्रशिक्षण स्कूल खोलने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;

(ख) उपरोक्त परियोजना के लिए सरकार द्वारा कितना बजट आबंटित किया गया है;

(ग) क्या उपरोक्त परियोजना को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा

(क)

XXXX

(iv) माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा ने दिनांक 03.03.2019 को गांव छपेरा–नूंह में चालक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आई.डी.टी.आर.) स्थापित करने के लिए आधारशिला रखी।

(v) वास्तुकार सलाहकार की नियुक्ति के लिए निविदा प्रक्रिया लंबे समय तक जसारी रही लेकिन इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका, इसलिए चालक प्रशिक्षण

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	निश्चित की गई है; यदि हां, तो उक्त परियोजना के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है; तथा (घ) उपरोक्त परियोजना के मास्टर प्लान का ब्यौरा क्या है ?	और अनुसंधान संस्थान (आई.डी.टी.आर.) के निर्माण के लिए जरूरी विस्तृत परिस्थिति योजना, विनिर्देशों और व्यय को तैयार करे और भेजने के लिए सी.आई.आर.टी. पुणे से अनुरोध किया गया, जो कि अभी प्रतीक्षित हैं। (ख) (i) परियोजना की कुल लागत 13.96 करोड़ रुपये की राशि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा समान अनुपात में वहन की जानी थी। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से 698 लाख यानी प्रत्येक से 349 लाख रुपये प्राप्त हुए। (ii) जैसा कि वास्तुकार सलालकार मामले की नियुक्ति अभी भी प्रक्रियाधीन है, उल्लिखित धनराशि राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा अस्थायी आधार पर ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा के माध्यम से वापिस ले ली गई है। (ग) छपेरा जिला नूंह में ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल को संचालित करने के लिए दिनांक		

23.10.2016 को मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 15241 की गई थी लेकिन घोषणा में कोई निश्चित समय सीमा नहीं दी गई थी। चूंकि चालक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आई.डी.टी.आर.) की परिस्थिति योजना, विनिर्देश और व्यय की जानकारी सी.आई.आर.टी. पुणे के स्तर पर लंबित है, इसलिए इस समय उपरोक्त परियोजना को पूरा करने की समय सीमा सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। हालांकि इसे पूरा होने में एक और साल लगने की संभावना है।

(घ) सी.आई.आर.टी. पुणे से आवश्यक विवरण/सूचना प्राप्त होने पर परियोजना के विवरण मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा।

26.12.2022

92. श्री मेवा सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 22 क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगें कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पिपली बस अड्डे का पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ करने की घोषणा पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाई की गई तथा अभी

XXXX

सलाहाकार द्वारा अब यह भी सुझाव दिया गया कि कोविड–19 महामारी की अवधि समाप्त हो चुकी है और कार्य अब सुचारू रूप से चल रहे हैं। इसलिए, माननीय मुख्यमंत्री के पूर्व अनुमोदन के अनुसार विभाग को बस अड्डा निर्माण के लिए अब पीपीपी मोड के लिए

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तक पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किए जाने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?	जाना चाहिए। तदानुसार, कार्यालय द्वारा सलाहाकार को वर्तमान मूल्य निर्धारण पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट संशोधित करके अवलोकन और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये गये है। अब, सलाहाकार से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का प्रारूप प्राप्त हो चुका है जिस पर विचार करने और अनुमोदन के लिए सचिवों की समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। सचिवों की समिति से अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चयनित भागीदार को कार्य आवंटित किया जाएगा। 27.12.2022		
93.	श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 78 क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(ख) जी हां श्रीमान, जून 2023 तक चरखी दादरी आगार के वर्तमान बेड़े में 21 नई बसें शामिल किए जाने का प्रस्ताव है।		
(ख)	क्या दादरी बस–डिपो में बसों की कमी को दूर करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?			

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

IRRIGATION AND WATER RESOURCES DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

POWER DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

06.08.2019

125. सदस्यों द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों के संदर्भ में श्री ललित नागर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX उपाध्यक्ष महोदया, दूसरी जो बिजली की बात है उस संबंध में मैं मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि बहुत सारे घरों के ऊपर से 11 हजार वोल्टेज की व और दूसरी लाईनें जा रही हैं जिससे वहां आए दिन कहीं न कहीं दुर्घटना होती रहती है। वहां आए दिन करंट लगने से मृत्यु होती रहती है क्योंकि 11 हजार वोल्टेज पावर की लाईन घरों के ऊपर से जा रही हैं। कहीं–कहीं पर जब घरों की औरतें अपनी छत पर कपड़े सुखाने के लिए जाती हैं तो वह करंट लगने से मर गई, कहीं पर कोई बच्चा छत पर खेलता हुआ करंट लगने से मर गया। कहीं पर कोई मिस्त्री काम करता हुआ करंट लगने से मारा गया।

उपाध्यक्ष महोदया, बिजली विभाग माननीय मुख्यमंत्री जी का विभाग है। इस संबंध में पूरे प्रदेश में निगम ने फैसला लिया है कि लाल डोरा के अन्दर आने वाली एच.टी. या एल.टी. लाइन को शिफ्ट करने के लिए सारा पैसा निगम खर्च करेगा और जो लाइन लाल डोरा से बाहर है उसको शिफ्ट करने के लिए सारा पैसा मालिक या पंचायत खर्च करेगी। यदि माननीय साथी की एच.टी. या एल.टी. लाइन लाल डोरा के अन्दर आती हैं तो आप उनके बारे में लिख कर दे देना निगम उनको बिना खर्चे के शिफ्ट कर देगी।

पहचानी गई खतरनाक लाईनों की शिफ्टिंग की प्रगति लगभग पूरी है और 30.4.2022 तक इसकी प्रगति नीचे दी गई है :–

यूएचबीवीएन की प्रगतिः

वोल्टेज स्तर	लाईनों की संख्या	शिफ्ट किए गए	संभव नहीं	शेष प्रगतिधीन
33 केवी	90	52	30	8
11 केवी	901	864	29	8

डीएचबीवीएन की प्रगति 31.05.2021 तकः

वोल्टेज स्तर	लाईनों की संख्या	शिफ्ट किए गए	संभव नहीं	शेष प्रगतिधीन
33 केवी	50	41	9	0
11 केवी	2110	2110	0	0

The Committee would like to know the latest position in this regard (29-06-2022)

18.03.2021

126. हरियाणा में किसानों के लंबित नलकूप कनैक्शन जारी करने से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सन्दर्भ में श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया प्रश्न:***** अध्यक्ष महोदय, जैसे माननीय मंत्री जी सदन को बता रहे थे कि मोटर पम्प सैट का हमने ठेका दिया हुआ था। मोटर पम्प की क्षमता को बिना जांच–पड़ताल के मोटर पम्प सैट खरीदने का ऑर्डर क्यों दिया गया? अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार इस गलती को फिर से दोहराया जा रहा है और पूरे प्रदेश में दो ही कंपनियों को लाइनें बिछाने और खम्भे लगाने का कार्य दिया जा रहा है। यह कार्य जिला स्तर पर भी दिया जा सकता है ताकि यह कार्य जल्दी पूर्ण हो सके लेकिन सरकार ऐसा बिल्कुल भी नहीं चाहती है। अध्यक्ष महोदय, 6 वर्ष के करीब नलकूप कनैक्शन किसानों को देने का मामला लम्बित पड़ा हुआ है। मेरा आपके माध्यम से सदन से अनुरोध है कि जल्दी से जल्दी किसानों को नलकूप कनैक्शन जारी करे। धन्यवाद।

*****हाल ही में, डिस्कॉम्स ने 40,000 तीन स्टार रेटिड मोटर पम्प सेट खरीदने के लिए अभिव्यक्ति की अभिरूचि (ग्वप) आमंत्रित की जिसको प्रतिस्पर्धात्मक दरों की प्राप्ति सहित हाई पावरड परचेज कमेटी (राज्य) द्वारा अन्तिम रूप दिया गया। प्राप्त दरें उन दरों की अपेक्षा काफी कम है जिन पर डिस्कॉम्स मोटर पम्प खरीद रहे थे। ये लगभग 40,000 शेष कनैक्शन 30.06.2022 तक जारी किए जाने संभावित हैं।*****

*****दिनांक 3.2.2021 तक 8152 नलकूप कनैक्शंज जारी किए जा चुके हैं, दिनांक 15.6.2021 तक कुल 20000 नए ट्यूबवैल कनैक्शन चालू होने का अनुमान है। यह काम एक साउथ इंडियन फर्म को दे दिया गया है और शेष ट्यूबवैल कनैक्शंज दिनांक 30.6.2022 तक जारी कर दिए जायेंगे। ऑफ ग्रिड सोलर से 10 बी.एच.पी. के अब तक 8922 नलकूप कनैक्शंज जारी किए गए हैं जिनमें ज्यादातर झज्जर जिले में जारी किए गए है। अब वैब पोर्टल की जरूरत नहीं है तथा राज्य सरकार उन सभी किसानों को शीघ्रता से नलकूप कनैक्शन जारी करने के लिए वचनबद्ध है जिन्होंने इस योजना में

1. वर्तमान में, किसानों/आवेदकों को 3 स्टार (पहले 5 स्टार) ऊर्जा कुशल मोटर–पंपसेट की खरीद के लिए पर्याप्त विकल्प प्रदान किए गए हैं। डिस्कॉमस ने 8 निर्माण फर्मों को सूचीबद्ध किया है जहाँ से किसान/आवेदक अपने मोटर–पंपसेट खरीद सकते हैं। किसानों की सुविधा के लिए वेब पोर्टल की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है।
2. सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना की अनिवार्य शर्त की भी समीक्षा की गई है। अब, किसानों को गांव वार गहराई स्तर के अनुसार एमआई सिस्टम स्थापित करने की आवश्यकता है, जहां जल स्तर भूजल से 100 फीट से नीचे है और गांवों में, जहां यह 100 फीट तक उपलब्ध है, वहां आवेदकों/किसानों के पास नए ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने के लिए अंडर ग्राउंड पाइप लाइन सिस्टम या माइक्रो इरिगेशन

The Committee would like to know the latest position in this regard (17-08-2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	संरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

शामिल होने की सहमति दे दी है। ***** ***** सरकार डार्क जोन में नए नलकूप कनैक्शन जारी करने के लिये भी विचार कर रही है। *****

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से श्री वरूण चौधरी जी से कहना चाहता हूँ कि जो कंपनी अभी नलकूप कनैक्शन लगा रही है वह साउथ इण्डियन है। हमने उन्हें निर्देश दिया हुआ है कि वह इस कार्य को जल्दी से जल्दी निपटाये। बिजली विभाग के एम.डी. साहब और अन्य उच्च अधिकारी भी बराबर इस चीज पर नजर रखे हुए हैं। हमने यह भी कहा हुआ है कि अगर यह कार्य तुमसे नहीं होता तो आगे सब्लैट करें। अब हम थोड़े समय में ही सारे के सारे नलकूप कनैक्शन जारी करने जा रहे हैं। इस प्रकार से 20 हजार के करीब तो नलकूप कनैक्शन जारी कर दिये हैं और जल्दी ही 20 हजार और नलकूप कनैक्शन जारी करने जा रहे हैं। अब भविष्य में हम इस संबंध में पोर्टल पर भी निर्भर नहीं रहेंगे। सरकार को पूरी उम्मीद है

सिस्टम की स्थापना का विकल्प है।

3. राज्य सरकार ने केंद्रीय भूजल प्राधिकरण अधिसूचना संख्या एसओ 3289(ई) दिनांक 24.09.2020 की अनुपालना में डार्क जोन में नए ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने के लिए लगाए गए प्रतिबंधों को भी निम्नलिखित शर्तों के साथ वापस ले लिया है।

   i. नलकूप की गहराई 100 फीट से अधिक होने पर किसान सूक्ष्म सिंचाई को अनिवार्य रूप से अपनाएगा।

   ii. 35 बीएचपी से अधिक का कनेक्शन जारी नहीं किया जाएगा।

   डार्क जोन में लोड बढ़ाने, आरसीओ और कनेक्शन को शिफ्ट करने की भी अनुमति दी गई है, जो क्रम संख्या (i) और (ii) में उल्लेखित शर्तों के अधीन है।

4. राज्य सरकार ने लगभग 21120 नए ट्यूबवेल आवेदकों (जिन्होंने

कि आगामी 6 महीने के अंदर–अंदर 58 हजार नलकूप कनैक्शन जारी कर देगी। इसके बाद हम यह सिस्टम करेंगे कि जो भी किसान नलकूप कनैक्शन लेना चाहेगा वह सरकार द्वारा स्वीकृत मोटर पम्प सैट डीलर के पास जाये और मोटर पम्प सैट खरीद कर अपना नलकूप कनैक्शन कर ले।*****

31.12.2018 तक आवेदन किया था) को एक और मौका दिया है, लेकिन डिमांड नोटिस की अनुपालना में डिस्कॉमस में सहमति राशि 30,000/– रुपये जमा नहीं कर सके। निर्णय अनुसार, इन आवेदकों को ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने हेतु विचार करने के लिए एक और डिमांड नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन द्वारा क्रमशः 07.03.2022 और 17.03.2022 को निर्देश जारी किए गए हैं।

5. दिनांक 01.08.2022 की स्थिति अनुसार नए ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने की प्रगति निम्न प्रकार है:–

डिस्कॉमस का नाम	पात्र आवेदकों की संख्या जिन्होंने बुनियादी ढ़ांचे की लागत जमा करवा दी है	जारी किए गए कनैक्शन	शेष
यूएचबीवीएन	21475	17935	3540
डीएचबीवीएन	29461	18137	11324
कुल	50936	36072	14864

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			6. हरियाणा डिस्कॉमस उन सभी पात्र आवेदकों को नए ट्यूबवेल कनेक्शन तेजी से जारी कर रही हैं जिन्होंने बुनियादी ढांचे की लागत जमा की और अन्य शर्तों का भी पालन किया।	
			7. फसलों की कटाई के बाद 31.10.2022 तक शेष कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य है।	
127.	तारांकित प्रश्न संख्या 1679 के संदर्भ में श्री शीशपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि जिन किसानों व आम आदमियों पर केस बनाए गये हैं उनको भी देखें। इसी के साथ मैं यह जानना चाहूंगा कि जो सात कम्पनियां ली गई हैं उनके पास तो फाइव स्टार और थ्री स्टार मोटर बनाने का लाईसैंस ही नहीं है। उसके बाद तो फिर केवल एक कम्पनी ही बची जिसके पास फाइव स्टार और थ्री स्टार मोटर	03.03.2022. अध्यक्ष महोदय, जिस विषय पर माननीय सदस्य बोल रहे हैं, के संबंध में बताना चाहूंगा कि भारत सरकार के लैवल पर ही सभी प्रकार के मापदंड तय किए जाते हैं और यहां तक की कम्पनीज को इनलिस्ट करने का काम भी उनके द्वारा ही किया जाता है। पहले जो फाइव स्टार मोटर लगाने का प्रावधान हुआ करता था उसको अब सभी जगह के लिए थ्री स्टार करने का काम किया गया है। जिन कम्पनीज को टेंडर दिये गये हैं वे सारी बढ़िया कम्पनीज हैं। मैं यह आश्वासन देता हूं कि जिनको ट्यूबवैल कनैक्शन देने रह गये		

बनाने का लाईसैंस है तो फिर उन छः कम्पनियों को लेने का क्या औचित्य हुआ? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि हमारे तमाम किसानों को सरकार कब तक मोटर उपलब्ध करवा देगी।

128. श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 712 क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि:--

(क) वर्ष 2021--2022 में (होर्सपावर--वार) सरकार द्वारा जारी किए गए नलकूप कुनैक्शनों की संख्या कितनी है;

(ख) 31 जनवरी, 2022 तक किसानों द्वारा आवेदित किए गए तथा लंबित नलकूप कुनैक्शनों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) 31 जनवरी, 2022 तक लंबित कनैक्शन कब तक जारी कर दिए जाएंगे ?

129. वर्ष 2022--23 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान श्री जोगी राम सिहाग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX मेरा सरकार से अनुरोध है कि जो किसान ढाणी में रहता है उससे अगर आर.डी. फीडर दो एकड़ की दूरी

हैं उन सभी को कनैक्शन देने का काम वर्ष 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा।

07.03.2022.

(ग) उन सभी पात्र आवेदकों को 30.06.2022 तक नलकूप कनैक्शन जारी किए जाने संभावित हैं जिन्होंने 31.12.2018 तक आवेदन किया है तथा 01.01.2019 से 31.01.2022 तक प्राप्त हुए आवेदनों पर उचित समय में निर्णय किया जाएगा।

14.03.2022.

XX डिप्टी स्पीकर सर, इस सम्बन्ध में मेरा यह कहना है कि हमने ढाणियों की बिजली की समस्या के समाधान के लिए पी.ए.टी. ट्रांसफॉर्मर दिये हैं। इसके अलावा भी अगर माननीय सदस्य की कोई समस्या होगी उसके बारे में मुझे बता दिया जाये। इनकी समस्या

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	पर है और वह उससे अपना बिजली का कनैक्शन लेना चाहता है उसका खर्च भी वह स्वयं वहन करना चाहता है तो सरकार को पहले वाली पॉलिसी को वापिस ले लेना चाहिए कि जो सबसे ज्यादा पास का फीडर है उससे उसको बिजली का कनैक्शन दिया जायेगा। यह किसान की इच्छा पर छोड़ दिया जाये।	का तुरंत प्रभाव से समाधान करवाने का प्रयास किया जायेगा।		
		15.03.2022.		
130.	श्री मोहन लाल बडौली, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1725 क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि गांव नांगल, ओमेक्स सिटी, कामसपुर तथा फाजिलपुर में टी.डी.आई. के आवासीय योजना में ई.डब्लयू.एस फ्लैटों के निवासियों को सरकार द्वारा बिजली कुनैक्शन अब तक नही दिए गए; यदि हां, तो उसके क्या कारण है तथा उपरोक्त निवासियों को बिजली कुनैक्शन कब तक दिए जाने की संभावना है ?	XX एक अंतरिम उपाय के रूप में यह निर्णय लिया गया है कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को विद्युतीकरण के उद्देश्य से अलग योजना/इकाई के रूप में अधिसूचित करेगा और अलग बिजली बुनियादी ढांचे का निर्माण हाउसिंग बोर्ड हरियाणा द्वारा किया जाएगा। हाउसिंग बोर्ड द्वारा किये गये ऐसे खर्च की वसूली टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा कॉलोनाईजरों से की जायेगी। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने अपने आदेश दिनांक		

12.03.2022 के तहत विद्युतीकरण के उद्देश्य के लिए एक अलग इकाई के रूप में हाउसिंग बोर्ड को ट्रांसफर किए गए ईडब्ल्यूएस प्लॉटों को अधिसूचित किया है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा बिजली बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के बाद, यूएचबीवीएन द्वारा ईडब्ल्यूएस प्लॉट धारकों को व्यक्तिगत रूप से कनैक्शन जारी किए जाएंगे। XX हम उनके इंफ्रास्ट्रैक्चर को बना रहे हैं और इंफ्रास्ट्रैक्चर बनाते ही जल्दी ही उन सभी को बिजली कनैक्शन दे दिये जाएंगे।

15.03.2022.

131. वर्ष 2022–23 के लिए बजट अनुमानों पर चर्चा के दौरान श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा उठायी गयी मांगः– मैं बिजली विभाग के संबंध में कहना चाहूंगा कि सोनीपत में ट्रांसफार्मर्ज की समस्या है इसलिए इस बजट में नये ट्रांसफार्मर्ज को बदलने के लिए भी आवश्यक धनराशि का प्रावधान भी होना चाहिए। मैं बिजली मंत्री जी से भी निवेदन करूंगा कि सोनीपत में जहां–जहां नये ट्रांसफार्मर्ज की जरूरत है वहां–वहां नये ट्रांसफार्मर्ज लगवाने का काम करें।

अध्यक्ष महोदय, सोनीपत में जहां ट्रांसफार्मर्ज बदलने होंगे, उनको हम बदलवा देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21.03.2022.		
132.	श्री मोहन लाल बडोली, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1787 क्या बिजली मन्त्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) और (ख) हां श्रीमान, गांव पलड़ी में 1*10 एमवीए और मनोली में 2X10 एमवीए के साथ 33 केवी के दो सब स्टेशन स्वीकृत किए गए हैं। पालड़ी और मनोली में प्रस्तावित नए 33 केवी सब स्टेशन वित्त वर्ष 2023–24 में चालू होने संभावित हैं।		
	(क) क्या राई विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव खुर्मपुर, बाहरा, बकीपुर, मनोली, दहीसरा, गढ़ मिरकपुर, जाजल और पालड़ी–पालड़ा में बिजली घरों के स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा			
	(ख) यदि हां, तो उपरोक्त बिजली घरों के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?			
		10.08.2022.		
133.	श्री मामन खान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 45 क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि–	श्रीमान जी,		
	(क) नूंह जिले में जगमग योजना के अर्न्तगत लंबित कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;	(क) जिला नूंह में 'म्हारा गांव जगमग गांव' योजना की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है – जिला नूंह में 58 घरेलु फीडर हैं जिनमें 441 गांव हैं । 34 फीडरों पर आने वाले 263 गांवों का		

(ख) उन गांवों का ब्यौरा क्या है जहां जगमग योजना कार्य पूरा हो गया है तथा फिरोपुर झिरका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अभी तक लंबित फीडरों की संख्या कितनी है ?

तारांकित प्रश्न संख्या 45 के संदर्भ में श्री मामन खान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जिन गांवों में 'म्हारा गांव, जगमग गांव योजना' के तहत पूरा काम हो चुका है, उन गांवों में कब तक 24 घंटे बिजली उपलब्ध हो जाएगी और संबंधित ढाणियों को कब तक 'म्हारा गांव, जगमग गांव योजना, के तहत जोड़ा जाएगा ?

कार्य पूरा हो चुका है। 19 फीडर ऐसे हैं जिनमें 152 गांवों में काम चल रहा है। 14 फीडरों पर आने वाले 101 गांवों का कार्य प्रगति पर है। 5 फीडरों पर आने वाले 51 गांवों का कार्य ठेकेदार को दिनांक 24.05.2022 को आबंटित किया जा चुका है। शेष 5 फीडरों पर आने वाले 26 गांवों के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। यह पूरा कार्य चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पूरा हो जाने की संभावना है।

(ख) फिरोजपुर झिरका निर्वाचन क्षेत्र में 'म्हारा गांव जगमग गांव' योजना की स्थिति निम्नानुसार है –

माननीय सदस्य के अपने निर्वाचन क्षेत्र में 20 ग्रामीण घरेलु फीडर हैं जिन पर 161 गांव हैं। 7 फीडरों पर आने वाले 53 गांवों का कार्य पूरा हो चुका है। 8 फीडर ऐसे हैं जिन पर 82 गांवों में काम चल रहा है। 4 फीडरों पर आने 36 गांवों का कार्य प्रगति पर है। 4 फीडरों पर आने वाले 46 गांवों का कार्य ठेकेदार को दिनांक 24.05.2022 को आबंटित किया जा चुका है। शेष 6 फीडरों पर आने वाले 26 गांवों के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		की जा चुकी है। यह पूरा कार्य चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पूरा हो जाने की संभावना है। XX अगर कहीं पर घरों के बाहर मीटर नहीं लगाने देते हैं तो वहां पर संबंधित योजना लागू नहीं हो पा रही है। वहां पर इस तरीके का काम हो सकता है, लेकिन फिर भी माननीय सदस्य कोई सुझाव देना चाहते हैं तो उसके बारे में बता दें। हम उस पर विचार करेंगे। 10.08.2022.		
134. श्री राकेश दोलताबाद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 89 क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि–				
(क) क्या यह तथ्य है कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 2016 में स्मार्ट ग्रीड प्रोजेक्ट गुरूग्राम में लागू किया गया था तथा जिसकी जून, 2019 की समय सीमा थी, अभी भी अधूरा है;		(क) हां श्रीमान जी, कार्यक्रम के अनुसार स्मार्ट ग्रिड परियोजना, गुरुगाम को 2019 के दौरान पूरा किया जाना था, लेकिन कुछ तकनीकी/अपरिहार्य कारणों से परियोजना को पूरा नहीं किया जा सका।		
(ख) यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किये जाने की संभावना है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;		(ख) परियोजना पर कार्य प्रगति पर है और इसके 30–06–2023 तक पूरा हो जाने की संभावना है।		
		(ग) XX		

(ग) गुरूग्राम में कुल फीडर लगाने तथा संचालन करने का ब्यौरा क्या है तथा फीडर का सैक्टर–वार ब्यौरा क्या है;

(घ) गुरूग्राम जिलें में लगाए कुल स्मार्ट मीटरों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ड) गुरूग्राम जिलें में उपरोक्त कार्यों के लिए स्वीकृत तथा व्यय की गई कुल निधियां कितनी है तथा बजट की प्रति दी जाए?

26.12.2022

135. श्री अमित सिहाग, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 40– क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगें कि:–

क) डबवाली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र आज तक लंबित टयूबवैल कुनैक्शनों की संख्या कितनी है तथा प्रत्येक लाभार्थी का ब्यौरा क्या है तथा उक्त टयूबवैल कुनैक्शन किस समय से लंबित हैं;

(ख) उक्त टयूबवैल कुनैक्शन के विलम्बन के क्या कारण हैं; तथा

(ग) किसानों को उपरोक्त टयूबवैल कुनैक्शन कब तक जारी किए जाने की संभावना है ?

(क) श्रीमान जी, डबवाली निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2780 पात्र आवेदक हैं, जिन्होंने पूरी लागत जमा करवा दी है, इनमें से 2264 आवेदकों को कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं और शेष 516 आवेदकों के कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है ।

(ख) आवेदकों को वरिष्ठता के आधार पर कनेक्शन जारी किए जा रहे हैं ।

(ग) इन 516 कनेक्शनों को 28.02.2023 तक जारी कर दिए जाने की संभावना है ।

@ अतारांकित प्रश्न संख्या 40 का प्रश्न एवं उत्तर अनैक्श्चर विवरण सहित जो कि 75 पेजिज का है, माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार विधान सभा के पुस्तकालय में रखवाया गया।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

PUBLIC WORKS (B & R) DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		25-3-2015		
136.	तारांकित प्रश्न संख्या 138 के संदर्भ में श्री जाकिर हुसैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि गुड़गांव से अलवर की सड़क बहुत पुरानी सड़क है। वर्ष 2008 में केन्द्र के पूर्व मंत्री श्री जयपाल रेड्डी जी और पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी नूंह में इस सड़क का पत्थर रख कर आये थे। यह सड़क गुड़गांव से अलवर तक चारमार्गी बननी मंजूर हुई थी लेकिन अभी तक वहां पर पत्थर ही लगा हुआ है काम कोई नहीं हुआ। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि यह सड़क कब तक चारमार्गी बन जायेगी ?	अध्यक्ष महोदय, यह जो गुड़गांव-अलवर रोड़ है वह नेशनल हाई-वे में जा चुकी है। हम नेशनल हाई-वे एथोरिटी व भारत सरकार से बातचीत करेंगे और यह कोशिश करेंगे कि यह सड़क फोर लेन बन जाए। जहां तक गुड़गांव - नूंह का संबंध है उस पर ट्रैफिक ज्यादा है और नूंह से आगे अलवर तक ट्रैफिक कम है। इसलिए वहां जाँच करेंगे कि इस पर कितनी गाड़ियां चलती हैं। अगर वह उस नॉर्म्स में आया तो इसको फोर लेन बनाने की पूरी कोशिश करेंगे।	✔ गुरूग्राम–अलवर मार्ग किलोमीटर 2.740 (राजीव चौक) को 6 लेन करने एवं सुदृढीकरण का कार्य एन.एच.ए.आई. द्वारा पूर्ण कर दिया गया है। ✔ सोहना से नूंह तक की सडक पहले ही फोर लेन हो चुकी है। ✔ नूंह से हरियाणा/राजस्थान सीमा तक सड़क के विस्तार के लिए दिनांक 06.05.2021 को एच.एस. आर.डी.सी. को चार लेन का प्रस्ताव सौंपा गया था और इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 93.32 लाख रुपए एचएएम मोड के तहत डीपीआर तैयार करने के लिए सरकार के पास विचाराधीन है। अब, यह कार्य एम.ओ.आर.टी.एण्डएच. के फण्ड से लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़के) द्वारा किया जाना है।	The Committee would like to know the latest position in this regard (21-09-2022)

गुरुग्राम–अलवर सड़क के कि.मी. 46.95 से 81 व 83.35 से 96 कि.मी. तक के लिए डी.पी.आर. सलाहकार हेतू अधीक्षक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग गुरुग्राम ने निविदाएं आमंतत्रित की गई थी और इसे 10/12/21 को प्राप्त कर लिया गया था। तकनीकी एवं वित्तीय बोली को सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिनांक 08.08.2022 को अनुमोदित किया गया है। एस.ई. गुरुग्राम पत्र दिनांक 18.08.2022 के माध्यम से सलाहकार को 10महीने की समय अवधि के साथ कार्य आवंटित किया गया है। डी.पी.आर. बनाने का कार्य प्रक्रियाधीन है।

इसके अलावा यह भी अवगत कराया जाता है कि चार लेन सडक पेवड शोलडर सहित सडक का निर्माण हेतू रु 350 करोड की एन.एच. की वार्षिक योजना में सडक परिवहन मंत्रालय ने दिनांक 16/06/22 को मंजूरी दे दी है। और सलाहकार से जैसे ही डी. पी.आर. प्राप्त होगी इसके बाद इस कार्य की डी.पी.आर. की अंतिम स्वीकृति हेतू सडक परिवहन मंत्रालय को भेजा जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		17.3.2016		
137.	श्री अनूप धानक द्वारा तारांकित प्रश्न संख्या 1013 के संदर्भ में पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा मंत्री जी से आग्रह है कि हमारे ये आर.यू.बीज. बनाये जायें क्योंकि यह बहुत ही मेजर समस्या है। इसलिए इस समस्या का निदान करने के लिए ये आर.यू.बीज. बनाये जायें।	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो दो आर.यू.बीज. की मांग की है उस सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ मीटिंग के दौरान चर्चा की गई थी। माननीय सदस्य के दौरान चर्चा की गई थी। माननीय सदस्य को मैं यह बताना चाहूंगा कि उनके द्वारा डिमाण्ड किए गए दो आर.यू.बीज. में से उकलाना आर.यू.बी. की डिमाण्ड वायबल बनती है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वयं भी कहा है कि मैं कई बार उस सड़क से गुजरा हूं वहां पर परेशानी आती है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को विश्वास दिलाता हूं कि अगले वित्त वर्ष में हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि उनके क्षेत्र में यह आर.यू.बी. बनाया जाये।	सामान्य व्यवस्था ड्रॉइंग (GAD) डिप्टी मुख्य अभियंता, उत्तर रेलवे विभाग के पत्र क्रमांक 260-W/1737/HR/BR/ S&D Dated 16.03.2022 द्वारा स्वीकृत कर दी गई है और यह आर०ओ०बी० 50–50 प्रतिशत हिस्सेदारी से बनाया जाना है। विस्तृत अनुमानित लागत और डिजाइन रेलवे विभाग से प्रतिक्षित है। रेलवे विभाग द्वारा विस्तृत लागत और डिजाइन मिलने के बाद निविदा आमंत्रित की जाएगी। अब, रेलवे के हिस्से का विस्तृत अनुमान भी सलाहकार से तैयार कर लिया गया है और निविदाओं को आमंत्रित करने के संबंध में आगे की आवश्यक कार्रवाई करने के लिएएंच. ई.डब्ल्यू. पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है।	The Committee would like to know the latest position in this regard (21-09-2022)

30.3.2016

138. श्री मूल चन्द शर्मा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1032 : क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि बल्लभगढ़ से सोहना तक चारमार्गी सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त सड़क पर चारमार्गी पुल के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

***अध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह रोड़ रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के पास है, जो तकरीबन वर्ष 2026 तक बी.ओ.टी. के आधार पर दिया गया है लेकिन मैं सदन को विश्वास दिलाता हूं कि यदि सर्वे में यह जायज पाया गया और वास्तव में भीड़ पाई गई तो हम इस पुल को जरूर बनवा देंगे।

i) यहां पर भी सूचित किया जाता है कि पूर्व समपार 575बी पर अतिरिक्त 2 लेन आर.ओ.बी के निर्माण के लिए लगभग 7 कनाल–11 मरला अतिरिक्त निजी भूमि की आवश्यकता है। इस भूमि में से 2 कनाल–2 मरला रेलवे कोसिंग से पहले अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है। यह क्षेत्र मेसर्ज स्टार वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के स्वामित्व में हैं (1 कनाल–12मरला) और मैसर्ज सुप्रीम कमर्शियल इंटर प्राइवेट लिमिटेड (10 मरला)। यह भूमि औद्योगिक भूमि की श्रेणी में आती है और दोनों प्रतिष्ठानों में कारखाने चल रहे हैं।

ii) इन दोनों कारखानों के प्रबंधन के साथ 'विकास परियोजनाओं के लिए सरकार को स्वेच्छा से दी गई भूमि की खरीद की नीति' के अनुसार भूमि की खरीद के लिए उचित दर पर पहुंचने के लिए कई दौर की बैठकें हो चुकी है।

The Committee would like to know the latest position in this regard
(21-09-2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			हालांकि, प्रबंधन ने हमेशा दिल्ली मथुरा रोड और औद्योगिक क्षेत्र, सैक्टर –5 हुडा पर अपने स्थान का हवाला देते हुए अपनी जमीन के लिए बहुत अधिक कीमत यानि सर्कल रेट का 3.87 गुणा मांगा। सभी बैठकें अनिर्णायक रूप से समाप्त हुई क्योंकि दिल्ली मथुरा रोड और औद्योगिक क्षेत्र सैक्टर–5 हुडा पर लागू दरें इस कारखानों की भूमि पर लागू नहीं थी। iii) भूमि की अनुपलब्धता और अतिरिक्त भूमि की खरीद में असमर्थता के कारण सीएम की घोषणा को टालने की सिफारिशों के साथ मामला माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा के संज्ञान में लाया गया था। अब, माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा की इच्छा है कि इस संबंध में डीसी, फरीदाबाद से रिपोर्ट मांगी जाए।	

iv) अब फरीदाबाद के सांसद माननीय विद्युत एवं हरियाणा उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार और श्री मूलचंद शर्मा, परिवहन मंत्री हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में भू–स्वामियों के साथ दिनांक 17.09.2021 को बैठक हुई जिसमें भू–स्वामी 30,000/– रुपए प्रति वर्ग के हिसाब से जमीन देने के लिए सहमत हो गए, जोकि कलैक्टर रेट से दुगुनी कीमत है।

v) यह मामला भूमि की खरीद के लिए दिनांक 16.05.2022 को सी.ओ.एस. को प्रस्तुत किया गया है, लेकिन सी.ओ.एस. की बैठक में, सीओएस ने डीसी फरीदाबाद को भूमि मालिकों के साथ दरों पर फिर से बातचीत करने के निर्देष दिए है क्योंकि दरें अधिक लगती है।

vi) डी.सी. फरीदाबाद द्वारा दिनांक 20.05.2022 को पुनः वार्ता बैठक आयोजित की गई और भू– स्वामियों को अपनी जमीन को सर्कल रेट की दोगुनी कीमत पर बेचने के

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			लिए और बैठक के कार्यवृत दिनांक 06.06.2022 को डीएलआर कार्यालय को प्रस्तुत किए गए है।	
			vii) अब सचिव समिति ने 04.08.2022 को इस मामले को आगे की बातचीत के लिए उच्च शक्ति भूमि खरीद समिति के साथ उठाने का निर्णय लिया है।	
		6.03.2017		
139. श्री जगबीर सिंह मलिक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1685 : क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि :– (क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना की पश्चिम दिशा पर बाई पास के निर्माण करने की घोषणा माननीय मुख्य मंत्री द्वारा की गई थी; तथा (ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?		(क) हां, श्रीमान् जी, (ख) वर्तमान में समय सीमा नहीं दी जा सकती।	पी.डब्ल्यू.डी. (बी एंड आर) ने जिला सोनीपत में 115.47 एकड़ भूमि के लिए एक मांगपत्र रखा था, जिसके खिलाफ ई–भूमि पोर्टल पर 92.40 एकड़ (80:) भूमि की पेशकश की गई है। 846 भू–स्वामियों की सहमति ई–भूमि पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। CoS ने उपायुक्त सोनीपत को भूस्वामियों के साथ दरों पर फिर से बातचीत करने और उन्हें अपनी सहमति अपलोड करने के लिए प्रेरित करने	The Committee would like to know the latest position in this regard (21-09-2022)

का निर्देश दिया, अन्यथा परियोजना को छोड़ दिया जाएगा। डी.सी. सोनीपत द्वारा दो सप्ताह के भीतर डीएलआर को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाए। CoS ने मामले को अगली बैठक के लिए टाल दिया है। CoS ने कहा कि दरें अनुचित रूप से अधिक हैं, इसलिए परियोजना को ड्रॉप किया जा सकता है। तदानुसार, अधीक्षक अभियंता, सोनीपत को मामले को सरकार को भेजने से पहले डीसी, सोनीपत की टिप्पणी लेने का निर्देश दिया गया है। अधीक्षक अभियंता, सोनीपत ने पत्र क्रमांक 114590 दिनांक 06.07.2022 द्वारा उपायुक्त, सोनिपत को इस विषय में आवश्यक अनुशंसा हेतु आग्रह किया गया है। उपायुक्त सोनिपत से अनुशंसा प्रतीक्षित है।

अब डीसी सोनीपत ने पत्र नं. 2176 दिनांक 26.08.2022 के द्वारा सी.एम. की घोषणा को रद्द करने की सिफारिश की है औरतदानुसार सरकार को प्रस्ताव रद्द करने का अनुरोध किया जा रहा है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		9.03.2017		
140.	श्री उदय भान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न 1767 : क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या होडल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के हसनपुर गांव में यमुना नदी पर पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?	हां, श्रीमान जी। यह मामला सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ उठाया गया है। xx अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि हमने इस पुल के निर्माण के लिए दिनांक 8.12.2016 को माननीय केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी को डी.ओ. लैटर लिखा है। हमें उम्मीद है कि इसका काम जल्दी ही शुरू हो जायेगा।	ग्राम हसनपुर में यमुना नदी पर पुल के निर्माण के लिए ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से निजी भूमि की खरीद के लिए रुपये 524.92 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति सरकार के पत्र क्रमांक 14.06.2022 2B&R(W) दिनांक 17.08.2022 द्वारा स्वीकृत कर दी गई है। ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से निजी भूमि की खरीद के लिए कार्रवाई की जा रही है और भूमि की खरीद के बाद काम शुरू किया जा सकेगा।	The Committee would like to know the latest position in this regard (21-09-2022)
		8.03.2018		
141.	तारांकित प्रश्न संख्या 2531 के संदर्भ में श्री बिक्रम सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि कोसली–हथुरी बाई–पास का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है, जिसकी घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2015 में	***अध्यक्ष महोदय, यह कोसली बाई पास का प्रश्न है। हमने इसकी तकरीबन 63 करोड़ रुपये की एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल दे रखी है। यह कोसली का बाई पास दो जिलों में पड़ता है। इसके लिए तकरीबन 24 एकड़ जमीन एक्वायर कर ली गई है। 7 एकड़ जमीन रिवाड़ी जिले में और 17 एकड़ जमीन झज्जर जिले में एक्वायर की गई है। इसके लिए	कोसली बाईपास के निर्माण के लिए 23.09 एकड़ निजी भूमि की खरीद की जानी है। भूमि का विवरण ई–भूमि पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया था। दिनांक 27.04.2021, 18.08.2021 को सचिवों की समिति के समक्ष एजेंडा रखा गया और सचिवों की समिति द्वारा भूमि मालिक के साथ बातचीत करने	The Committee would like to know the latest position in this regard (21-09-2022)

की गई थी ?

रिवाड़ी जिले के डिप्टी कमिशनर साहब की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई हुई है और इसी तरह से एक कमेटी झज्जर जिले में बना रखी है। उसमें रिवाड़ी जिले के डी.सी. ने तो लिख कर भेज दिया है कि यहां के लोग जमीन देने के लिए तैयार हैं । अब एक बार जल्दी ही झज्जर जिले की रिपोर्ट भी आ जाए तो हम निकट भविष्य में इस बाई पास को जल्दी ही बना देंगे।

और वैकल्पिक मार्ग की पहचान करने का निर्देश दिया गया। भूस्वामियों ने कम दर पर अपनी पर भूमि को बेचने से मना कर दिया और वैकल्पिक संरेखण भी संभव नहीं पाया गया था। तत्पश्चात दिनांक 27.01.2022 को माननीय मुख्यमंत्री के साथ बैठक में "यह निर्णय लिया गया है कि इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया जाए और संबंधित विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश तुरंत फाइल पर लिया जाए"। तदानुसार, प्रस्ताव को ड्रॉप करने के लिए सरकार से अनुरोध किया गया था और माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित किया गया था।

इसके अतिरिक्त माननीय उप–मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक मीटिंग दिनांक 14.03.2022 के दौरान माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय ने निर्देश दिए कि उपरोक्त बाईपास का अन्य विकल्प तलाशा जाए। श्री लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक, कोसली के साथ 23 मई, 2022 को की गई चर्चा अनुसार वैकल्पिक संरेखण का सत्यापन अधीक्षक अभियंता, रेवाड़ी

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			द्वारा किया जा चुका है और इसकी सूचना दिनांक 04.07.2022 अधीक्षक अभियंता, रेवाड़ी द्वारा प्रस्तुत कर दी गई है और इसे निर्णय के लिए सरकार को दिनांक 07.09.2022 को भेजा गया है।	
		15.03.2018		
142.	तारांकित प्रश्न संख्या 2398 के संदर्भ में श्रीमती प्रेम लता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूँ कि राष्ट्रीय राजमार्ग–71–रोहतक–जींद का काम कब शुरू हुआ था? इस राष्ट्रीय राजमार्ग को बनाने के लिए किस कंपनी को ठेका मिला था? इसके लिए कितना एस्टीमेट बनकर तैयार हुआ था? अध्यक्ष महोदय, पिछले 10 साल से काम बंद पड़ा हुआ है। जब मैं दिल्ली से चलती हूँ, रोहतक क्रॉस करने के बाद देखती हूँ कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग	अध्यक्ष महोदय, यह नेशनल हाईवे बनाने का कार्य वर्ष 2013 में शुरू किया गया था और वर्ष 2015 में रूक गया था, जिस कम्पनी के पास यह नेशनल हाईवे बनाने का ठेका था उस कम्पनी ने कोर्ट में केस कर दिया और दिल्ली हाई कोर्ट में संबंधित मुकदमा चल रहा है। विभाग की तरफ से इस केस की पैरवी की जा रही है और विभाग की तरफ से मुकदमें का समाधान करवाने के लिए आरबिट्रेटर भी नियुक्त कर दिया गया है। मुझे उम्मीद है कि जल्दी ही इस केस का फैसला कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभाग की तरफ से माननीय कोर्ट में कहा गया था कि यह केस कोर्ट में चलता रहेगा	राष्ट्रीय राजमार्ग 71 रोहतक जींद को चारमार्गीय बनाने का कार्य 2013 में शुरु किया गया था और वर्ष 2015 में रुक गया था। M/s VIL Rohtak Jind Highway Pvt. Ltd. के पास यह राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का ठेका था तथा 29.75 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। जिसके बाद कन्सैशनेयर ने कार्य छोड़ दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग 71 रोहतक जींद को चारमार्गीय करने के शेष कार्य को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मैसर्ज वी0आर0सी0 कन्सट्रक्शन को आवंटित किया है	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

पर पेड़ भी उगने शुरू हो गए हैं। अध्यक्ष महोदय, क्या सरकार के पास इस राष्ट्रीय राजमार्ग को बनाने की कोई योजना है? क्योंकि इसमें रिस्क शेयरिंग एक फैक्टर है कि जब नये ठेकेदार बुक किये जाते हैं तो पुराने ठेकेदारों को बकाया पैसा देना पड़ता है। क्या सरकार के पास ऐसी कोई पॉलिसी है जिससे बन्द पड़े हुए कार्यों को जल्दी शुरू करवाया जा सके।

परन्तु विभाग को सड़कें बनाने की मंजूरी दी जाए। मुझे उम्मीद है कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा जल्दी ही कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

और वर्तमान प्रगति 70 प्रतिशत है और कार्य 31.10.2022 तक पूरा किया जाना निर्धारित है।

11.09.2018

143. तारांकित प्रश्न संख्या 2857 के संदर्भ में श्री हरविन्द्र कल्याण द्वारा पूछा गया प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि सोमा कंस्ट्रक्शन कम्पनी का जो सिक्सलेन का काम चल रहा है हमने जानकारी ली तो पता चला है कि उसके स्कोप ऑफ वर्क में यह काम दिया ही नहीं गया था। वहां पर भारी ट्रैफिक है इसलिए वहां पर सर्विसलेन अवश्य बननी चाहिए। पक्का पुल के पास केवल फोरलेन हैं जिसकी वजह से वहां पर बोटलनैक बन गया है जिसके कारण वहां पर बहुत ज्यादा एक्सीडैंट्स होते

**** अध्यक्ष महोदय, माननीय साथी मधुबन के सामने से यूनिवर्सिटी की तरफ जा रहे रास्ते की जगह जिस अंडरपास की बात कर रहे हैं वह अभी विचाराधीन है और मुझे उम्मीद है कि वह अगले महीने तक अप्रूव हो जायेगा। जहां तक पीर बाबा के पास सर्विसलेन का जिक्र है उसको हम अवश्य बनवायेंगे क्योंकि चण्डीगढ़ से दिल्ली तक कोई भी सर्विसलेन बंद नहीं की गई है। यहां पर बंद क्यों की गई है यह बात समझ से परे है। हमने इसको टेकअप किया है और उम्मीद है कि जल्दी ही इसको बना देंगे।

पानीपत–अम्बाला–जालंधर सैक्शन राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग 1) पर छः मार्गी परियोजना को कि0मी0 96.00 से 387.100 तक बी.ओ.टी. (टोल) के आधार पर एन.एच.डी.पी. फेज़–5 के तहत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लागू किया गया था।

कन्सैशन एग्रीमेंट के अनुसार कि0मी0 115.830 पर Augmentation Canal पर एक नया माईनर ब्रिज का निर्माण मुख्य सड़क पर किया गया है।

यद्यपि, इस परियोजना में इस नहर पर इन पुलों को सर्विस रोड के लिए

The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	हैं। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जिस दिन वहां पर एक्सीडैंट्स नहीं होते हों। क्या इसमें किसी की जिम्मेदारी फिक्स नहीं होनी चाहिए कि प्लानिंग में यह कमी क्यों रही है? इसके अलावा मेरा दूसरा अनुपूरक प्रश्न यह है कि वहां से लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर कम्बोपुरा गांव है। कम्बोपुरा गांव सड़क के दूसरी तरफ है और उनकी जमीन सड़क के दूसरी तरफ हैं इसलिए वहां पर भी एक अंडरपास बनाया जाना बहुत जरूरी है। अंडरपास न होने की वजह से वहां पर भी बहुत एक्सीडैंट्स होते हैं। इसका प्रस्ताव तैयार करके हमने सरकार के पास भेजा हुआ है। इसके साथ ही साथ मधुबन में ही पक्का पुल के पास पंडित दीनदयाल उपाध्याय आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी जो कुटेल में बननी है, उसके लिए जो अंडरपास प्रस्तावित है वह भी बनवाया जाये क्योंकि वहां पर बहुत से सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल भी बनने हैं।		शामिल नहीं किया गया था और इनका निर्माण नहीं किया गया था। परियोजना निदेशक एन.एच.ए.आई.पी. आई.यू. अम्बाला ने सूचित किया है कि कार्य के लिए बिड्स 05.07.2022 को प्राप्त हो चुकी हैं और वित्तिय बोलियां 07.09.2022 को खोली जाएंगी। कार्य पूरा होने की संभावित तिथि 30.09.2023 है। काम्बोपुरा गांव में अंडरपास के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री ने माननीय केन्द्रीय मंत्री (RT&H)से अपने अर्द्ध–सरकारी पत्र दिनांक 20.01.2020 के माध्यम से अनुरोध किया था। परियोजना निदेशक एन.एच.ए.आई. पी. आई.यू. अम्बाला ने 19.09.2022 को सूचित किया कि काम्बोपुरा में एफ.ओ.बी. का कार्य प्रगति पर है और कार्य 30.09.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। चूंकि, एफ.ओ.बी. का निर्माण प्रगति पर है, इसलिए वी.यू.पी के प्रस्ताव पर	

इसलिए मेरा अनुरोध है कि वहां पर भविष्य की जरूरत को देखते हुये जो डेढ़ सौ फीट का रास्ता मधुबन के सामने से जा रहा है वहां पर भी एक अंडरपास मंजूर किया जाना चाहिए। इन दोनों अंडरपास के प्रस्तावों को सरकार जरूर मंजूर करवाये।

विचार नहीं किया जा रहा है।

परियोजना निदेशक एन.एच.ए.आई. पी.आई.यू. अम्बाला ने यह भी सूचित किया कि दो वी.यू.पी. कि.मी. 113.250 (कुटैल गांव) और कि.मी. 116.275 (हरियाणा पुलिस अकादमी मेन गेट) पर पहले ही उपलब्ध कराये जा चुके हैं। 113.400 किमी पर कुटैल गांव की ओर जाने वाली पहुंच सड़क का कार्य आवंटित किया जा चुका है। ठेकेदार ने सर्वे कर लिया है और कार्य प्रगति पर है। कार्य 30.09.2022 तक पूरा होने की संभावना है।

11.09.2018

144. तारांकित प्रश्न संख्या 2681 के संदर्भ में डॉ. कमल गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि यह जो फ्लाईओवर है वह दो रेलवे लाईन एल.सी. 60 और एल.सी. 89 के बीच में है। जिनकी दूरी 122 मीटर है। अगर वहां फ्लाईओवर बनाया गया तो उनके बीच में जो सूर्य नगर की आबादी है वह लगभग 43 हजार है। क्योंकि जब वहां फाटक बन्द हो जाएगा तो वहां के लोग वहां

XXX अध्यक्ष महोदय, हमने अब मुख्यमंत्री जी से इसकी अप्रूवल लेकर इसके लिए स्टेट हैड से 60 करोड़ रूपये मंजूर करवा लिये हैं। इसकी टैंडर प्रक्रिया भी जल्दी ही शुरू कर दी जाएगी। टैंडर लगाने में दिक्कत आती है क्योंकि वहां से पोल शिफ्टिंग करनी है जिसका बिजली बोर्ड से ऐस्टीमेट मांगा हुआ है। पब्लिक हैल्थ विभाग की पाईप लाईन का ऐस्टीमेट भी मांगा हुआ है। मुझे उम्मीद है कि 10–15 दिन के अन्दर उनका ऐस्टीमेट आ जाएगा और 15 दिन के बाद हम इसका टैंडर लगवा देंगे। यह गुप्ता जी की और हिसार के

✔ राज्य के हिस्से में एल.सी 89 और 60 का काम 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है और 28.02.2023 को पूरा होने की संभावना है। हालांकि रेलवे हिस्स का काम 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है और काम 22.04.2023 को पूरा होने की संभावना है।

इसमें अंडर पास का कार्य भी प्रगति पर है और वह अंडर पास सूर्य नगर के एरिया में निकलता है।

The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	से कैसे निकलेंगे ? मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या आपने उसमें कोई अण्डर पास बनाने की व्यवस्था भी की है ? अगर की है तो क्या ऐसी भी कोई व्यवस्था है कि वह अण्डर पास सूर्य नगर के एरिया में निकले। XXX अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा वहां पर कुछ और पुल भी हैं जैसे ढाबड़ा से महावीर कॉलोनी की तरफ जाते हैं। वहां पर एक निरंकारी भवन है और वहां सब्जी मण्डी के लिए एक पुल है। क्या उस पर भी अण्डर पास बनाने की कोई योजना है, या कोई प्रपोजल है ?	लोगों के लिए बहुत पुरानी डिमांड थी। अब वहां पर आर.यू.बी. और आर.ओ.बी. दोनों ही बन रहे हैं। उसके बाद वहां सूर्य नगर के लोगों की कोई समस्या नहीं रहेगी। XXX अध्यक्ष महोदय, गुप्ता जी ढाबड़ा से महावीर कॉलोनी की तरफ जाने पर जो निरंकारी भवन के पास पुल है, उसकी चर्चा कर रहे हैं। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि इसके लिए हम अण्डर पास की योजना भी बना रहे हैं। XXX गुप्ता जी ने जिस पुल का जिक्र किया है उस संबंध में हम पहले एक–डेढ़ साल का ऐस्टीमेट देते थे लेकिन हम इस पुल को तकरीबन 9 महीने में बनाकर तैयार करेंगे जोकि हरियाणा में पहला ऐसा नया पुल बनेगा।	✔ निरंकारी भवन के पास एल.सी.–91ए और सब्जी मंडी चौक के पास एलसी–1 पर आर.ओ.बी. के निर्माण हेतू परामर्श सेवाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति रूपये 30.00 लाख पत्र संख्या 06/04/2020–2बी. एंड आर. (डब्ल्यू) दिनांक 13.07.2020 के माध्यम से प्राप्त हो चुकी है। कंसल्टेंसी का कार्य मैसर्स तरूण माथुर सलाहकार को आवंटित किया गया है। हिसार में प्रस्तावित आरओबी को एलिवेटेड से जोड़ने की व्यवहार्यता पर काम किया जा रहा है, हिसार में एलिवेटेड सड़कों के जीएडी को अंतिम रूप देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सरकार से यूओ नंबर 103074 दिनांक 21.06.2022 के माध्यम से हिसार शहर में एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 723.87 करोड़	

रुपये की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति देने का अनुरोध किया है जोकि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

11.09.2018

145. तारांकित प्रश्न संख्या 2741 के संदर्भ में श्री नरेश कौशिक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– XXX अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि बहादुरगढ़ बाई–पास को स्टेट गवर्नमैंट फंड से पैसा लेकर तैयार करवाकर शुरू किया जाए। बहादुरगढ़ में रोजना 10000 कमर्शियल व्हीकल्ज चलते हैं जिनकी वजह से आए दिन यहां पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इस काम को तीन महीने बाद किया जायेगा।

चरण –1:–

इनर रिटेनिंग वॉल का कार्य प्रगति पर है, जिसे सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसे 05.03.2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। अब तक 38 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इनर रिटेनिंग वॉल का कार्य पूरा होने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा बायपास के सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जायेगा। इसके अतिरिक्त फॉरेस्ट क्लीयरेंस का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया जाना है, जो प्रगति पर है।

चरण –2:–

नहर के इनर रिटेनिंग वाल का कार्य पहलाचरण पूर्ण होने के उपरांत सिंचाई विभाग द्वारा शुरू किया जाएगा। सिंचाई विभाग द्वारा नहर के इनर लाईनिंग और रिटेनिंग वाल का कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जा सकेगा।

The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		11.09.2018		
146.	तारांकित प्रश्न संख्या 2688 के संदर्भ में श्री टेक चंद शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी सदन के पटल पर तो जवाब नहीं में देते हैं और बाद में हां कर देते हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि पृथला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में असावटी/देवाली/पायला रेलवे फाटक पर उपरि पुल के निर्माण का टैंडर कब हुआ और कब तक उम्मीद की जा सकती है कि यह काम उस डेट तक पूरा हो जायेगा। माननीय मंत्री जी ने कहा है कि 18 महीने में इसका टैंडर हो जायेगा और निर्माण हो जायेगा। XXX अध्यक्ष महोदय,	अध्यक्ष महोदय, रेलवे ने ही टैंडर लगाया है और रेलवे ने ही इसकी कीमत लगाई है। मुझे उम्मीद है कि 18 महीने में काम पूरा हो जायेगा। XXX मैं पूरी कोशिश करूँगा कि यदि यह पुल बन सकता है तो हम जरूर बनवायेंगे।	✔ असावटी गांव में रेलवे द्वारा निष्पादित एलएचएस का कार्य जनवरी 2022 में पूरा होने की संभावना है और एलएचएस यातायात के लिए कार्यात्मक है। ✔ देवली गांव में रेलवे द्वारा निष्पादित एलएचएस का कार्य दिसम्बर 2021 में यातायात के लिए खोले जाने की संभावना है और एलएचएस यातायात के लिए कार्यात्मक है। ✔ पियाला गांव में एलसी–571 पर आरओबी का जीएडी अनुमोदन के लिए पत्र कमांक 1115 दिनांक 25.03.2022 को भेजा गया है। रेलवे से मंजूरी का इंतजार है। पहले इस आरओबी का निर्माण रेलवे द्वारा अपनी लागत पर किया जाना था परंतु अब इस कार्य को राज्य पी.डब्लयू.डी. (बी एण्ड आर) द्वारा किया जाएगा।	The Committee would like to know the latest position in this regard (08-07-2021)

आपके माध्यम से दूसरी बात माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि जो रेलवे अंडर पास पुल बनवा रहे हैं वह ग्रीन फील्ड कॉलोनी से लगता है। उसमें रेलवे फाटक के नीचे तीन–चार फीट पानी भर जाता है लेकिन निकासी का कोई भी प्रबंध नहीं है। पानी की निकासी का भी प्रबंध होना चाहिए। माननीय मंत्री जी ने मार्च, 2018 में मेरे एक प्रश्न के जवाब में सीकरी, पृथला, बगोला आदि में पुल बनवाने की बात कही थी। उसमें से बगोला अकेला ऐसा गांव हैं जिसकी आबादी दोनों तरफ से है। एक तरफ स्कूल है तो दूसरी तरफ श्मशान घाट है। इस तरह से आधी आबादी एक तरफ और आधी आबादी दूसरी तरफ है। जिससे लोगों को आने–जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि बगोला गांव का पुल का काम भी सैंक्शन किया जाये।

- ग्रीन फील्ड कालोनी के पास अंडरपास नगर निगम, फरीदाबाद से संबंधित है।
- बधौला गांव से जनौली गांव में एलएचएस का प्रस्ताव 03.06.2021 को रेलवे अधिकारियों और डीजीएम, पलवल के साथ निरीक्षण के दौरान रेलवे द्वारा छोड दिया गया है। अब इस कार्य के लिए आरओबी के प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया गया है और इसका जीएडी रेलवे द्वारा तैयार किया जा रहा है और एक सप्ताह में एचएसआरडीसी को प्रस्तुत किया जाएगा।अब रेलवे अपने खर्च पर आरओबी का निर्माण कर रहा है। जीएडी रेल विभाग के पास लंबित है।
- जब भी जीएडी को रेलवे द्वारा अनुमोदित किया जाएगा रेलवे द्वारा अपनी लागत पर काम आंवटित किया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		08.03.2018		
147.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर मुख्य मंत्री द्वारा दिये गए रिप्लाई के संदर्भ में।	स्पीकर सर, रादौर के माननीय विधायक श्याम सिंह राणा और इंद्री के माननीय विधायक एवं मंत्री श्री कर्ण देव कम्बोज जी ने यमुना के ऊपर एक अतिरिक्त पुल हमीदा, जिला यमुना नगर और मेरठ रोड़, करनाल पर बने पुलों के बीच में बनवाने की मांग की है क्योंकि इन दोनों पुलों के बीच की दूरी 50 किलोमीटर है। इस सम्बन्ध में मैं यह घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार के साथ बातचीत करके इन दोनों पुलों के बीच में जहां पर भी योग्य स्थान पाया जायेगा वहां यमुना पर पुल का निर्माण कराया जायेगा। XX	जिला यमुनानगर में यमुना नदी पर गांव जठलाना के पास उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है जिसमें सभी 80 गर्डरों को साईट पर लॉन्च किया जा चुका है और कुल 16 डेक स्लैब में से 11 डेक स्लैब साईट पर डाले दिये गये हैं व शेष बचे 5 डेक स्लैब 15.08.2022 तक डाल दिये जायेंगें। साथ ही साईट पर अप्रोच का कार्य भी प्रगति पर है। पुल व अप्रोच के निर्माण के लिये 27 एकड़ भूमि खरीदी जानी है जिसमें से अब तक 20 एकड़ भूमि खरीद ली गई है व शेष 7 एकड़ भूमि कलैक्टर रेट में अंतर पाये जाने के कारण नहीं खरीदी गई है। वर्तमान में माननीय कलैक्टर, यमुनानगर के पत्र कमांक 1872/एच. आर.ऐ. दिनांक 17.06.2022 द्वारा कलैक्टर रेट संशोधित कर दिये हैं। अब इस कार्यालय द्वारा शेष 7 एकड़	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

भूमि खरीदने के लिये भू--स्वामियों को राजी किया जा रहा है। अप्रोच सहित पुल का निर्माण कार्य दिनांक 31.12.2022 तक पूरा कर दिया जायेगा।

इस कार्य की प्रारंभिक परियोजना में 725 मीटर अपस्ट्रीम साईड में और 200 मीटर डाउनस्ट्रीम में गाईडबंध का प्रावधान था। कार्य के दौरान नदी का कीक बदल गया है जोकि हरियाणा की ओर स्थानांतरित हो गया है। इस कार्यालय ने प्रोफेसर अहमद जुल्फीकार, हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग विभाग, आई.आई.टी. रुड़की को नदी के बहाव के संबंध में तकैनीकी सहायता प्रदान करने के लिए कहा। तद्नुसार, प्रो. अहमद जुल्फेक्वार ने 1050 मीटर अपस्ट्रीम में और 230 मीटर। डाउनस्ट्रीम में दोनों साईडों की लंबाई में गाइड बंध के विस्तार/संशोधन के लिए अपना प्रस्ताव के पत्र दिनांक 26.08.2020 के माध्यम से प्रस्तुत किया। तदानुसार इस विभाग द्वारा उक्त कार्य का रुपये 83.55 करोड़ का राशि वृद्धि केस उच्च अधिकारियों को भेजा गया

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			था जोकि मुख्य कार्यालय के पत्र कमांक 10–बी.आर.–एन.ऐ.बी.–2016/110384 दिनांक 01.07.2021 द्वारा स्वीकृत कर दिया गया था। इसके बाद हरियाणा साईड में 345 मीटर गाईड बंध अपस्ट्रीम में व 200 मीटर डाउनस्ट्रीम में गाईडबंध बना दिया गया है तथा उत्तर प्रदेश साईड में 200 मीटर अपस्ट्रीम में गाईडबंध भी बन चुका है। इसके अलावा उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि गाइड बंध के निर्माण कार्य की पुनः समीक्षा की जाएगी क्योंकि साइट पर कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है और वहां के किसानों ने कहा है कि गाइड बंध के के बनने से दोनों गाईडबंधों की बीच बची हुई जमीन भी खराब हो जायेगी इसीलिये उनकी सारी भूमि को खरीदा जाये। इसीलिये किसानों की संतुष्टि के लिये दोनों गाईडबंधों के बीच आने	

वाली लगभग 200 एकड़ अतिरिक्त भूमि को खरीदने के लिये 1650000X 200 = 33.00 करोड़ रुपये का खर्चा आयेगा।

तदनुसार इस मामले को लेकर एम. डी.,एच.एस.आर.डी.सी, सैक्टर–2, पंचकुला के कार्यालय में प्रो. अहमद जुल्फेक्वार, मुख्य अभियंता, अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता (नाबार्ड) व अधीक्षक अभियंता, चंडीगढ़ सर्कल और कार्यकारी अभियंता, प्रान्तीय मण्डल यमुनानगर के अधिकारियों की उपस्थिति में दिनांक 23.06.2022 को एक बैठक हुई जिसमें 2002 के बाद से नदी के प्रवाह के पूरे इतिहास पर चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि गाइड बंध के साथ या उसके बिना एक नया सुरक्षित प्रस्ताव प्रो. अहमद जुल्फेक्वार द्वारा तैयार किया जायेगा।

गाइड बांध की समीक्षा के बाद रिपोर्ट 11.07.2022 को प्रो. अहमद जुल्फेक्वार द्वारा प्रस्तुत की गई है और लागत निहितार्थ के संबंध में इसकी जांच की जा रही है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21.02.2019		
148.	तारांकित प्रश्न संख्या 2944 के संदर्भ में श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि सन् 1966 में हरियाणा प्रदेश बना और सन् 1965 में लक्कड़पुर में कॉलोनीज बन चुकी थी। यह डेन्सली पापुलेटिड एरिया है और मध्यम वर्गीय तथा मध्यम वर्ग से नीचे के अधिकतर लोग यहां पर रहते हैं। इस एरिया में 30 दिनों में कम से कम ऑन एन एवरेज 25 लोग रेल से कटकर भगवान के घर पर चले जाते हैं। आज टैक्नॉलोजी बहुत एडवांस हो चुकी है। हमारे फौजी भी पुल बनाने के लिए अलग से पार्ट्स को जोड़ने का सिस्टम रखते हैं इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस पुल को बनाने के लिए अलग से	अध्यक्ष महोदय, आर.ओ.वी. से आर.यू.वी. नहीं बनाया जा सकता लेकिन माननीय सदस्या के अनुरोध पर फुट ओवर ब्रिज बनवा देंगे जो लोगों के आवागन का साधन हो जाएगा। ***अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को आश्वासन देता हूं कि वहां पर एक फुट ओवर ब्रिज बनवा देंगे।	2. दिल्ली मथुरा रोड से लक्करपुर तक एलसी–579 बी पर एफओबीर का निर्माण। ✔ सरकार के पत्र कमांक 13/60/2019–2बीएण्डआर (वर्क्स) दिनांक 10.09.2021 ने इस कार्य के लिए 15.50 करोड रुपए की प्रषासनिक स्वीकृति प्रदान की है। ✔ यह परियोजना अतिरिक्त भूमि पर भी निर्भर थी जिसके लिए संबंधित अधिकारी प्रयास कर रहे थे। माननीय विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने डब्ल्यूएसीएस पीडब्ल्यूडी (बी.एंड.आर.) को दिनांक 04.08.2021 को डीओ पत्र लिखा है कि बिना रैंप और सीढियों के साथ FOB का निर्माण किया जाए क्योंकि FOB के निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता नहीं है।	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

व्यवस्था की जाए क्योंकि वहां पर बहुत गरीब लोग बसते हैं।

- ✔ डीओ पत्र के आधार पर सीढी के साथ जीएडी दिनांक 05.01.2022 को अनुमोदन के लिए रेलवे का प्रस्तुत किया गया है।
- ✔ अब, माननीय एम.डी. (एच.एस. आर.डी.सी.) ने जी.ए.डी. के अनुमोदन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए दिनांक 31.03.2022 को मुख्य अभियता, उत्तर रेलवे नई दिल्ली को डीओ पत्र लिखा है।
- ✔ जीएडी को रेलवे द्वारा दिनांक 30.05.2022 को अनुमोदित कर दिया गया है
- ✔ इसके अलावा रेलवे के पत्र क्रमांक 162/डब्ल्यू/सी/एसएसबी दिनांक 22.06.2022 द्वारा सूचित किया है कि रेलवे द्वारा एफओबी को लागत साझा करने के आधार पर निष्पादित किया जाना है।
- ✔ तदानुसार, रेलवे ने 2 करोड रुपए की मांग की है। राज्य के हिस्से के रूप में जो शीघ्र ही रेलवे को जमा कर दिए जाएंगे जो प्रक्रियाधीन है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21.02.2019		
149.	तारांकित प्रश्न संख्या 2881 के संदर्भ में श्री जाकिर हुसैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि गुड़गांव (गुरूग्राम) से अलवर वाया नूंह तक प्रस्तावित यात्री रेलवे लाईन की वर्तमान स्थिति क्या है ?	हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (HRIDC), हरियाणा सरकार और रेल मंत्रालय की हाल ही में स्थापित संयुक्त उद्यम कंपनी इस परियोजना का व्यवहार्यता अध्ययन (Feasibility Study) कर रही है, जो 31.03.2019 तक पूरा होने ही संभावना है। व्यवहार्यता अध्ययन पूरा होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।	हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एच आर.आई.डी.सी), हरियाणा सरकार और रेल मंत्रालय की एक संयुक्त उद्यम कंपनी ने हरियाणा सरकार (जी.ओ.एच.) के निर्देशों के अनुसार इस परियोजना का व्यवहार्यता अध्ययन पूरा कर लिया है और 30.04.2019 को रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट की एक प्रति उत्तर रेलवे को भी 13.12.2019 को भेजी गई थी। इस संबंध में आग की कार्यवाहीरेल मंत्रलाय (एम.ओ.आर.) और हरियाणा सरकार द्वारा की जानी बाकी है। सोहना–नूंह–फिरोजपुर झिरका के रास्ते दिल्ली से अलवर की कुल लंबाई 121 किलोमीटर है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 2509.84 करोड़ लागत होगी। इस संबंध में आगामी कार्यवाही रेलवे मंत्रालय और राज्य सरकार के विचाराधीन है।	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

22.02.2019

150. अतारांकित प्रश्न संख्या 758 के संदर्भ में श्री जाकिर हुसैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि पानीपत से पलवल वाया सोहना रेलवे लाईन बिछाने पर कुल कितनी राशि खर्च किये जाने की संभावना है तथा उक्त परियोजना का प्रस्ताव किस तिथि को बनाया गया था ?	हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (HRIDC) ने पलवल से पानीपत रेलवे लाइन (वाया सोहना, मानेसर होते हुए) "हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर" नाम की एक परियोजना विकसित की है, जिसकी लागत 4100 करोड़ रुपये होगी। यह परियोजना असौटी को राठधाना से 130 किलोमीटर लंबी विद्युतीकरण दोहरी लाइन के द्वारा जोड़ेगी। परियोजना को शुरू करने के प्रस्ताव को नवंबर, 2018 में हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था। ✔ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 15–09–2020 को इस परियोजना को मंजूरी दी है। ✔ प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 5618 करोड़ है। यह 122 कि.मी. लम्बी विद्युतीकृत दोहरी रेलवे लाईनसोहना–मानेसर–खरखौदा–दिल्ली को बाईपास करते हुए पलवल से हरसाना कलां को उत्तर हरियाणा से जोड़ती है। यह प्रोजेक्ट दिसंबर, 2025 तक पूरा होने की संभावना है। ✔ भारतीय रेल अधिनियम के अनुसार सभी 5 जिलों (पलवल, गुरूग्राम, झज्जर, सोनीपत और नूंह) में भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है। ✔ नियत प्रक्रिया पूरी करने के बाद, परियोजना के लिए जनरल कंसल्टेंसी सर्विसेज का अनुबंध मैसर्स राइट्स लिमिटेड और मेसर्स	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			एस.एम.ई.सी. इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के कंसोर्टियम को 6 साल की अवधि के लिए दिया गया है। ✔ यूटिलिटीज शिफ्टिग यूटिलिटी शिफ्टिंग का ठेका दिया जा चुका है और कार्य प्रगति पर है। ✔ प्राथमिकता खंड (पाटली से मानेसर)–मानेसर से पाटली तक प्राथमिकता अनुभाग के विभिन्न घटक के कार्यों के निष्पादन के लिए, निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।	
		05.08.2019		
151.	श्री कुलदीप शर्मा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 3077: क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गन्नौर कस्बे के लिए एक बाई–पास/सर्कुलर सड़क के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?	**** अध्यक्ष महोदय, वैसे तो इस प्रश्न का जवाब नहीं में था लेकिन मैं माननीय साथी को आश्वासन देना चाहूंगा कि इस पर विचार किया गया है और इसी वित्त वर्ष में हम इसको बनाने का पूरा प्रयत्न करेंगे।	गन्नौर बाई पास की प्रस्तावित अलाइनमैन्ट सरकार के पत्र क्रमांक 09/991/2019–3 B&R (W) दिनांक 25.05.2022 द्वारा मंजूर कर दी गई है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर) अनुमान प्रक्रियाधीन हैं। इनको 05.10.2022 तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

152. श्री घनश्याम सर्राफ द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 812 क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि भिवानी शहर में नए बस स्टैंड से लोहारू पुल तक की एन.एच. 709 ई. सड़क बरसात के कारण पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गई है; यदि हां, तो इसके कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

हां, श्रीमान् जी। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 709 (ई0) का भाग है जो भिवानी शहर में पड़ता है। यह सड़क भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास है। इस सड़क के बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत/दोबारा निर्माण दिनांक 15.09.2019 से तीन महीनों तक पूरा कर दिया जाएगा।

एन.एच.–709 (विस्तार) के इस खंड को पी.डब्ल्यू.डी., हरियाणा को सौंप दिया गया है और इसका रखरखाव एन.एच. विंग द्वारा किया जा रहा है।

MORT & H दिल्ली द्वारा "किमी 114.320 से 116.570 और किमी 121.720 से 127.00 तक की मजबूती प्रदान करके और मौजूदा 4 लेन की सड़क के पुनर्निर्माण के लिए किमी 116.570 से 118.300 और किमी 118.900 से 121.00 (लोहारू रोड पर बस स्टैंड से आरओबी तक) तक सीसी पेवमेंट प्रदान करके वन टाईम ट्रीटमेंट" के लिए रुपये 3860.11 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

बोलियां फिर से आमंत्रित की गई हैं और 14.09.2022 को खोली गई। तकनीकि मूल्याकंन प्रक्रियाधीन है। सक्षम प्राधिकारी से निविदा की स्वीकृति के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

The Committee would like to know the latest position in this regard
(11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		06.08.2019		
153.	तारांकित प्रश्न संख्या 3090 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण होने के बाद बहुत ही जल्दी बाईपास बनाने का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा, परन्तु यह बहुत लम्बा प्रोसैस है। छुछकवास का बाईपास बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि उस एरिया में बहुत से एजूकेशनल इंस्टीच्यूशंज हैं। इसके अतिरिक्त झाड़ली थर्मल पॉवर प्लांट और बहुत सी दूसरी इंडस्ट्रीज भी हैं जिसके कारण झज्जर और दादरी से ओवरलोडिड वाहन सामान लेकर आते जाते रहते हैं। मैंने स्वयं देखा है संबंधित एरिया में एक्सीडैंट्स होते रहते हैं इसलिए इस बाईपास को बनाया जाना बहुत जरूरी है ताकि जान-माल का नुकसान होने से बचा जा सके। हमारी कांग्रेस पार्टी की सरकार के	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या सही बात कह रही हैं। मैंने मौके का मुआयना भी किया था। मैं झज्जर जिले की ग्रीवैंसिज कमेटी का चेयरमैंन भी हूं। इसमें 2 गांवों के कुल 229 लोगों की जमीन है जिसमें से 74.2 प्रतिशत लोगों ने अपनी जमीन देने के लिए कन्सैंट दे दी है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा कि यह काम जल्दी पूरा करवा दिया जाएगा और यह सी.एम. अनाउंसमैंट भी है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस काम को जल्दी ही पूरा करवा दिया जाएगा। XX अध्यक्ष महोदय, विभाग बिना सवाल के भी संबंधित बाईपास बनवाने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है।	सीओएस ने आगे की कार्रवाई तय करने के लिए मामले को एच.पी.एल. पी.सी. के पास भेज दिया है। एच.पी. एल.पी.सी द्वारा दिनांक 27.06.2022 की बैठक में 26.90 एकड़ भूमि की दरों को रु. 40.00 लाख प्रति एकड़। साथ ही डी.सी. झज्जर को प्रत्येक भू-स्वामी से विक्रय का अनुबंध प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। तदनुसार, राजस्व विभाग से नवीनतम जमाबंदी एकत्र की गई है और संशोधित भू-स्वामियों का विवरण तैयार किया जा रहा है। 10.79 करोड़ रुपये की धनराशि व्यवस्था की जा रही है और तदानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, धनराशि रु. 10.79 करोड़ की व्यवस्था की जा रही है और तदनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

समय में भी संबंधित बाईपास बनाने के लिए पूरा प्रयास किया था। सैक्शन 4 और 6 के नोटिसिज इशू हो चुके थे और सैक्शन 9 के लिए कॉल कर रहे थे परन्तु उस समय लैंड लेने के लिए लोगों के साथ सहमति नहीं बन पायी। अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने संबंधित बाईपास बनाने के लिए हां तो भरी है लेकिन after on going land acquisition process के बाद कहा है। यह बाईपास बनवाने का काम जल्दी पूरा करवाया जाना चाहिए और यह माननीय मुख्यमंत्री जी की भी अनाउंसमैंट है। संबंधित एरिया में बाईपास न होने के कारण ट्रैफिक जाम होता रहता है और नम्बर ऑफ इंसिडैंट्स भी बढ़ रहे हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगी कि संबंधित बाईपास बनवाने का मामला पहले जीरो ऑवर में उठाती रही हूं और पिछले पांच सालों से लगातार उठाती रही हूं। (शोर एवं व्यवधान)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		06.08.2019		
154.	तारांकित प्रश्न संख्या 3090 के संदर्भ में श्रीमती प्रेम लता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि उंचाना के बाईपास का क्या स्टेट्स है ?	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूगा कि संबंधित बाईपास की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल दी जा चुकी है और जल्दी ही काम शुरू करवा दिया जाएगा। संबंधित जिले के डी.सी. ने रिपोर्ट दे दी है कि ई–भूमि पोर्टल पर जमीन की डिमांड की जा रही है। इस बाईपास के लिए 57.35 करोड़ रुपये की मंजूरी दी जा चुकी है और जल्द ही काम शुरू करवा दिया जाएगा।	इस कार्य में भूमि अधिग्रहण शामिल है। सचिवों की समितिद्वारा भूमि दरों को अन्तिम रूप दे दिया गया है । भूमि भुगतान के लिए राशि प्राप्त हो चुकी है । भूमि खरदीने का कार्य प्रगति पर है और अभी तक 40.50 प्रतिशत भूमि खरीदी जा चुकी है और शेष भूमि खरीदने की प्रकिया प्रगति पर है ।	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)
		05.11.2019		
155.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ मे।	****रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आरओबी/आरयूबी का निर्माण करके वर्ष 2020 तक सभी रेलवे क्रॉसिंग को समाप्त कर दिया जाएगा।	सरकार ने संख्या 13/19/2020–2 बी एंड आर (डब्ल्यू) दिनांक 01.07.2020 को उत्तर पश्चिम रेलवे के तहत 8 आरओबी आरयूबी के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है और उत्तर रेलवे के तहत 16 नंबर आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिए 400 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति संख्या 13/24/2020–2बी	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

एंड आर (डब्ल्यू) दिनांक 22.03.2021 के तहत प्रदान की है। पी.डब्ल्यू.डी./एच.एस.आर.डी.सी. द्वारा निर्माण के लिए व्यवहार्यता/जी.ए.डी./डी.पी.आर प्रक्रियाधीन है। साइट की व्यवहार्यता के अनुसार आरओबी/आरयूबी का निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। नवम्बर 2014 से अक्टूबर, 2019 तक 43 आर.ओ.बी./आर.यू.बी तथा नवम्बर 2019 से जुलाई, 2022 तक 15आर.ओ.बी./आर.यू.बी. का कार्य पूर्ण किया गया है और 46 आर.ओ.बी./आर.यू.बी. का कार्य प्रगति पर है जिसमें मेजर वर्क 02 नं. फ्लाई ऑवर भी शामिल है और 22 का कार्य विचाराधीन है।

13.03.2015

156. तारांकित प्रश्न संख्या 377के संदर्भ में श्री मनीष ग्रोवर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न यह है कि जब कोई एक्सीडैंट वगैरह हो जाता है अर्थात् कोई एमरजैंसी घटना घट जाती है तो ट्रैफिक कंजैशन की वजह से पेसैंट समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता है। अध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ग्रोवर साहब ने रोहतक मैडिकल कॉलेज की बात उठाई है। चूंकि मैकिडकल कॉलेज भी मेरे पास है इसलिए इन्होंने पहले भी मुझे अपनी इस समस्या से अवगत कराया था कि एमरजैंसी केसिज में अम्बुलैंसिंज के द्वारा दूर–दूर से पेशंट्स मैडिकल कॉलेज रोहतक में आते हैं, लेकिन रास्ते बड़े कंजैस्टिड है तथा ट्रैफिक केवल एक पीडब्ल्यूडीसड़क जोकि पुराना दिल्ली हिसार रोड है जो मेडिकल मोर के माध्यम से पी.जी.आई. रोहतक को जोडती है। इस सड़क के अलावा कोई अन्य पी.डब्ल्यू.डीसड़क नही है। दूसरा मार्ग एम.डी. विश्वविद्यालय, रोहतक के अंदर से है जोकि पी.जी.आई. रोहतक को

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	पी.जी.आई. रोहतक एक बहुत बड़ा अस्पताल है तथा यह अस्पताल महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक के साथ ही स्थित हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक की भारी दिक्कत आती है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि पी.जी.आई. रोहतक पहुंचने के लिए बाहर से रास्ते का प्रावधान किया जाये ताकि एमरजैंसी केसिज़ में पेसैंट्स की जान बचाई जा सके।	कंजैशन की बड़ी समस्या है इसलिए इस मैडिकल कॉलेज में अम्बुलैंसिज़ नहीं पहुंच पाती है। इस समस्या के निदान के लिए इन्होंने एक रास्ता सजैस्ट किया है जो महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से होकर गुजरता है। इस रास्ते के लिए शिक्षा विभाग की सहमति लेना जरूरी है क्योंकि वहां यूनिवर्सिटी कैम्पस है। मैं माननीय सदस्यों को आश्वासन देना चाहूंगा कि यदि शिक्षा विभाग इजाजत दे देगा तो मैं अवश्य माननीय मुख्य मन्त्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि वहां पर यह रास्ता बनाया जाये।	आंतरिक रुप से जोडता है, इस संबंध में निर्णय उच्च शिक्षा विभाग को लेना है। यह मामला रजिस्ट्रार, पी.जी.आई रोहतक द्वारा महर्षि दयानंदयूनिवर्सिटी, रोहतक के साथ भी पत्र क्र. संख्या एस्टेट/2021/814 दिनांक 09.03.2022 से उठाया गया था, इस अनुरोध के साथ कि मामले को उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा के समक्ष भी उठाया जाए। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक की कार्यकारी परिषद द्वारादिनांक 03.08.2015 को आयोजित बैठक में इस संबंध में एक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी इसकी एक कॉपी सूचना निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा पंचकूला को रजिस्ट्रार,,महर्षि दयानंदयूनिवर्सिटी, रोहतक के पत्र क्र0 एमडीयू/जीए/जी–IV/2015/2699 दिनांक 24.08.2015 से भेज दी गई थी। इस संबंध में सरकार को समय–समय पर	

		रजिस्ट्रार, पं बी.डी.एस यू.एच.एस., रोहतक द्वारा अपने पत्र दिनांक 14.12.2017, 21.02.2018, 06.09.2018, 10.01.2020 और 15.01.2020 के माध्यम से सूचित किया गया था। मामला उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित है।	
	24.02.2020		
157. श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 4 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मुलाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में मारकण्डा नदी पर ऊपरी पुल के निर्माण के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?	हाँ, श्रीमान् जी। ग्राम सबगा से सौहाटा सड़क पर मारकण्डा नदी पर ऊपरी पुल का निर्माण कार्य जुलाई 2021 तक पूरा होने की संभावना है।	कार्य प्रगति पर है और 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कार्य 28.02.2023 (रिवाईजड)तक पूरा होने की संभावना है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11-01-2023)
	25.02.2020		
158. तारांकित प्रश्न संख्या 262 के संदर्भ में डॉ0 अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, आदमपुर दादी से नारनौल वाला जो नैशनल हाइवे न. 148–बी है, इसकी भी फोर लेनिंग का काम पैंडिंग है। मेरा निवेदन है कि माननीय मंत्री जी इस बारे में भी जरूर गौर फरमायेंगे। (शोर एवं व्यवधान)	**** माननीय सदस्य ने बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा है। जिस सड़क की वे बात कह रहे हैं उस सड़क का काम पहले ही किया जा चुका है लेकिन चूंकि इस एरिया में माइनिंग का काम बड़े जोर–शोर से होता है और इसकी वजह से यहां पर हैवी ट्रैफिक चलता रहता है जिसका परिणाम यह निकलकर सामने आता है कि यह सड़क निरंतर टूटती रहती है। इस सड़क पर रिपेयरिंग के कार्य की बहुत	आदमपुर दादी से नारनौल तक 4 मार्गीकरण का कार्य : सरकार द्वारा दिनांक 15.11.2021 को अनुमानित लागत 298.08 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। हाइब्रिड वार्षिकी मोड (एच.ए.एम.) के तहत काम शुरू करने का प्रस्ताव था। अब, सरकार ने आदेश दिनांक 13/17–05–2022 द्वारा एच.ए.एम. को बुलाए गए	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		जरूरत है और बहुत जल्दी इस सड़क पर रिपेयर कार्य शुरू करवा दिया जायेगा।	निविदाओं को दाखिल करने के बाद आइटम दर अनुबंध के आधार पर निविदाएं आमंत्रित करने की मंजूरी दी है। तदनुसार, आइटम दर अनुबंध पर निविदाएं 07.07.2022 को प्राप्त हुई हैं और जिसका मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है	
		25.02.2020		
159.	तारांकित प्रश्न संख्या 59 के संदर्भ में राव दान सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– स्पीकर सर, जो उप मुख्यमंत्री जी ने दो फेजिज की बात की है। इस सम्बन्ध में मुझे यह जानकारी मिली है कि सरकार की पहले यह मंशा थी कि यह सडक् फिलहाल साढ़े 7 मीटर चौड़ी है इसकी चौड़ाई को 10 मीटर करके रखा जायेगा क्योंकि इसकी बगल में एक दूसरा 152–डी हाईवे निकल रहा है जो सिक्स लेनिंग रोड बन रहा है जो पनियाला मोड से जोड़ करके सीधा अम्बाला तक आयेगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि उसकी वजह से इस सड़क के कार्य	**** माननीय सदस्य को तो इस बात की खुशी होनी चाहिए कि यह हाईवे फोर लेन के बजाये सिक्स लेन हो रहा है। इससे तो इनके इलाके की प्रगति की रफ्तार ही बढ़ेगी। जो इन्होंने बात रखी मैंने अभी उसी को ही बोला था कि पहले यह फोर लेन प्रोजैक्ट था लेकिन अब इसको एन.एच. 152– डी के अंदर लेकर सिक्स लेनिंग करने की प्रपोजल है। हम इस सम्बन्ध में एन.एच.ए.आई. से चर्चा कर चुके हैं। अगर एन.एच.ए.आई. इस प्रोजैक्ट को टेक–अप नहीं करती तो इस सड़क के फोर लेनिंग के कार्य को हम जल्दी से जल्दी कम्पलीट करवाने का कार्य करेंगे।	नारनौल से चरखी दादरी तक 4 लेन का कार्य : सरकार द्वारा दिनांक 15.11.2021 को अनुमानित लागत 298.08 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। हाइब्रिड वार्षिकी मोड (एच.ए.एम.) के तहत काम शुरू करने का प्रस्ताव था। अब, सरकार ने आदेश दिनांक 13/17–05–2022 द्वारा एच.ए.एम. को बुलाए गए निविदाओं को दाखिल करने के बाद आइटम दर अनुबंध के आधार पर निविदाएं आमंत्रित करने की मंजूरी दी है। तदनुसार, आइटम दर अनुबंध पर निविदाएं 07.07.2022 को प्राप्त हुई हैं और	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11-01-2023)

को रोका न जाये क्योंकि सरकार की पहले भी यह पॉलिसी है कि डिस्ट्रिक्ट हैडक्वॉर्टर टू डिस्ट्रिक्ट हैडक्वॉर्टर हम फोर लेन से जोड़ेंगे। इस रोड पर एक सिरे में दादरी डिस्ट्रिक्ट हैडक्वॉर्टर है और दूसरी तरफ नारनौल डिस्ट्रिक्ट हैडक्वॉर्टर है we are in between. मैं समझता हूं कि अगर इस सड़क के निर्माण कार्य को सरकार द्वारा अपनी प्रॉयरिटी पर लिया जायेगा तो ज्यादा बेहतर रहेगा। अगर एन.एच.ए.आई. से भी सरकार के स्तर पर सम्पर्क स्थापित किया जायेगा तो इस सड़क के कार्य को निश्चित रूप से जल्दी से जल्दी पूरा करवाया जा सकता है।

जिसका मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है।

25.02.2019

160. श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 51 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2014–15 में माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद भी कालका निर्वाचनक्षेत्र के गांव भूरेवाला से मोली तक सड़क का निर्माण अब तक नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसका कारण क्या है तथा उक्त सड़क का निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है ?

हां, श्रीमान् जी। इस सड़क के साथ संरक्षित वन भूमि के डाईवर्जन की मंजूरी के कारण कार्य शुरू नहीं किया जा सका, जो कि 19.01.2020 को प्राप्त हुई है। कार्य के शुरू होने के बाद 18 महीने के अंदर पूर्ण होने की संभावना है, जिसे 4 महीने के अंदर शुरू किए जाने की सम्भावना है।

यह प्रस्तुत किया जाता है कि गांव भूरेवाला से मौली तक सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है और 75% काम पूरा हो चुका है और शेष कार्य 30.11.2022 तक पूरा कर लिया जाएगा।

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		26.02.2020		
161.	तारांकित प्रश्न संख्या 190 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री कुलदीप वत्स द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, सुबाना का बाई–पास काफी समय पहले मंजूर हो गया था पता नहीं इस प्रौजैक्ट को क्यों रोका जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, यह काम माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय के महकमे से संबंधित है इसलिए मेरी पर्सनल रिक्वैस्ट है कि इस प्रौजैक्ट की तरफ अवश्य ध्यान दिया जाये और साथ ही हमारे यहां गांव पुलाना में अंडर पास जरूर बनाया जाये क्योंकि यहां पर जो चौक है उसका संबंध तकरीबन 50 से 60 गांवों से है जिसकी वजह से यहां पर आए दिन कोई न कोई नया एक्सिडेंट होता रहता है। यहां से माननीय उपमुख्यमंत्री जी भी निकलते हैं, दूसरे माननीय मंत्री जी भी निकलते हैं, माननीय मंत्री बनवारी लाल जी सदन में बैठे हुए हैं, वे भी इस चौक गुजरते हैं इसलिए मेरा अनुरोध है कि गांव पुलाना में अंडर	अध्यक्ष महोदय, जहां तक हरियाणा में आर.यू.बी. और आर.ओ.बी. बनाने की बात है। हमारी सरकार का प्रयास है कि हरियाणा को फाटक मुक्त बनाया जाये। रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और राज्य में रेल सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में रेल कनैक्टिविटी के लिए हरियाणा सरकार ने रेल मंत्रालय से मिलकर एक संयुक्त उद्यम कम्पनी, एच0आर0आई0 डी0सी0 (हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवैल्पमैंट कॉरपोरेशन) का गठन किया है। जिसमें रेलवे संबंधी मामले ही होंगे और पूरे प्रदेश की मैपिंग करके आर.यू.बी. और आर.ओ.बी. को कम्पलीट कराने का काम करेंगे। अध्यक्ष महोदय, जहां तक माननीय सदस्य की बाईपास की बात है। यह अलग प्रश्न है। माननीय सदस्य अपना जवाब लिखित रूप में मेरे पास भेज दें, मैं उसका जवाब लिखित तौर पर माननीय सदस्य को भिजवा दूंगा। अध्यक्ष महोदय, जहां तक माननीय सदस्य का प्रश्न रैस्ट हाऊस बनाने को लेकर है। माननीय	सुबाना बाई पास के लिये अभी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नही है। कुलाना गांव का अंडरपास एन.एच.ए.आई. से सम्बधित है। विश्राम गृह पटौदा में:– इस कार्य के लिए 745.01 लाख रूपये की सरकारी स्वीकृत कर दी गई है। एसई झज्जर द्वारा ठेका एजेंसी को दिनांक 29.07.2022 को 15 महीने की समय सीमा के साथ टेंडर आवंटित कर दिया गया है और कार्य प्रगति पर है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11-01-2023)

पास जरूर बनाया जाये। इसके अतिरिक्त पाटोदा में जो पुराना रैस्ट हाउस है जिसकी इमारत जर्जर हो चुकी है और यहां पर काफी जमीन खाली भी पड़ी हुई है तो ऐसी स्थिति में यहां पर नया रैस्ट हाउस बनाने का जरूर विचार किया जाना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, पटौदा का जो रैस्ट हाऊस है, इसकी जमीन करोड़ों रुपये की है।XX

सदस्य उसके लिए एक प्रपोजल बनाकर भेज दें, सुविधा के अनुसार यदि सरकार को लगेगा कि वहां पर रैस्ट हाउस बनाने की आवश्यकता है तो सरकार जरूर बनायेगी। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य के हल्के को भी विकास के नाम पर पीछे छोड़ने वाले नहीं है।

28.02.2020

162. श्रीमती शैली चौधरी, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 99 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि रायपुर रानी से नारायणगढ़ सड़क को चार मार्गी करने की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

श्रीमान, रायपुर रानी शहर में मात्र 20.71 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से चार मार्गी करने का प्रस्ताव है। वन विभाग की मंजूरी के बाद लिया जाएगा तथा शेष राशि से सड़क 7 मीटर से 10 मीटर चौड़ी की जाएगी जिस पर चार महीने के भीतर काम शुरू कर दिया जाएगा।

एस.आर0एम0 कॉलेज भूरेवाला से नारायणगढ़ तक सड़क प्रान्तीय मण्डल लो0नि0वि0 नारायणगढ़ के अधीन पड़ती है।

जगाधरी–बिलासपुर–सढौरा–नारायणढ़ (SH-1) किमी. 47.080 से 54.10 (भूरेवाला से नारायणगढ़) के चारमार्गीय/चौड़ाई के कार्य के लिए सरकार के पत्र क्रमांक 9/598/2017-3B&R(W)दिनांक 25.01.2018 द्वारा 2071.41 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मत्रालय, भारत सरकार द्वारा 3.18

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			हेक्टेयर वन भूमि की स्टेज–1 की स्वीकृति कमांक सख्यां 9-HRB094/ 2021-CHA दिनांक 22.04.2021 द्वारा जारी कर दी गई है। तथा वन मण्डल अधिकरी अम्बाला को रु. 452.78 लाख को भुगतान कर दिया गया है। वन विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। 70% पेड़ों की कटाई हो चुकी है।. किमी 50 व 51 में लाहा नदी व बेगना नदी पर दो उच्च स्तरीय पुल व किमी. 52 में भूरेवाला नाले पर एक बोक्स टाईप पुलिया के निर्माण का कार्य अधिक्षक अभियन्ता चण्डीगढ़ वृत लो0नि0वि0 चण्डीगढ़ के पत्र क्रमांक 1083 दिनांक 11.02.2022 के द्वारा रु. 834.09 लाख में ठेकेदार को आबटित कर दिया गया है और कार्य प्रगति पर है वन विभाग की स्वीकृति मिलने में देरी के कारण तथा सड़क की हालत खराब	

होने के कारण, सड़क को यातायात के योग्य बनाने के लिए सड़क की मुरम्मत का कार्य जून 2020 में किया गया था। तथा जून 2023 तक ठेकेदार की दोष दायित्व अवधि में है। सड़क यातायात के लिए बिल्कुल ठीक है। दोष दायित्व अवधि समाप्त होने के पश्चात सड़क को 7.00 मीटर से 10.00 मीटर चौड़ा कर दिया जाएगा।

28.02.2020

163.वर्ष 2020–21 के बजट अनुमान के संदर्भ में।	142 कैथल शहर में लगभग 4.5 कि.मी. लम्बी एलिवेटेड रेलवे लाइन की परियोजना तैयार की गई है जिसे स्वीकृति के लिए रेल मंत्रालय को शीघ्र प्रस्ताव भेजा जायेगा। इस परियोजना से कैथल शहर तीन रेलवे क्रॉसिंग (देवीगढ़ रोड, करनाल रोड, पुराने अम्बाला–हिसार बाईपास) से मुक्त हो जाएगा, जिससे यातायात का संचालन सुचारू रूप से होगा। 147 हमारी सरकार द्वारा 10 विमिन्न शहरों के बाईपास के निर्माण के लिए 905.67 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। ये बाईपास टोहाना, कोसली, ह्थीन, फुहाना, पिंगवाना,	142. कैथल शहर में 191.73 करोड़ रुपये की लागत से 4 किमी लंबे एलिवेटेड ट्रैक के निर्माण के प्रस्ताव को केंद्रीय रेल मंत्री ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। 18.01.2021 की बैठक के दौरान माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा के साथ रेलवे बोर्ड ने इस परियोजना को स्वीकृत कर दिया था। माननीय रेलवे मंत्री की बैठक दिनांक 10.01.2022 के दौरान इस प्रोजेक्ट को वित्तीय वर्ष 2022–23 में शामिल करने की सलाह दी गई थी। इस प्रोजेक्ट की डी.पी.आर. रेलवे को भेजी जा चुकी है। कैथल शहर में एलिवेटेड ट्रैक के निर्माण के पश्चात 3 समपार	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		छुछकवास, बहादुरगढ़, गोहाना, उचाना और सोनीपत शहर में प्रस्तावित हैं। टोहाना बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है और सितम्बर 2021 तक पूरा होने की सम्भावना है। शेष बाईपासों के निर्माण के लिए भूमि की आवश्यकता है जिसके लिए ई–भूमि पोर्टल पर प्रस्ताव मांगे गए हैं। मैंसबंधित विधायकों से इस बारे सहयोग का भी अनुरोध करता हूँ। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि जहां जमीन पहले उपलब्ध होगी, उस बाईपास के निर्माण का कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा। इनके अलावा, पिंजौर और भिवानी शहर के लिए बाईपास का कार्य प्रगति पर है तथा वर्ष 2020 में ही कार्य पूरा होने की संभावना है।	समाप्त हो जाएंगे।	
		149 इसके अतिरिक्त, पूरे प्रदेश में पाँच करम के सभी रास्ते, जोकि एक गांव को दूसरे गांव से जोड़ते हैं, उन्हें पक्का किया जाएगा।	147 (रेवाड़ी जिले के कोसली में बाई पास का विवरण नीचे दिया गया है):– कोसली बाइपास के निर्माण के लिए 23.09 एकड़ निजी भूमि खरीदी जानी है। भूमि विवरण ई–भूमि पोर्टल पर अपलोड किया गया था। दिनांक 27.04.2021, 18.08.2021 को सचिवों की समिति के समक्ष एजेंडा रखा गया था और सचिवों की समिति को भूमि मालिक के साथ बातचीत करने और वैकल्पिक मार्ग की पहचान करने का निर्देश दिया गया था। भू–स्वामी अपनी भूमि को कम दर पर बेचने के लिए सहमत नहीं हुए और वैकल्पिक संरेखण भी व्यवहार्य नहीं पाया गया। तत्पश्चात दिनांक 27.01.2022 को माननीय मुख्यमंत्री के साथ बैठक में "यह निर्णय लिया गया कि इस प्रस्ताव को छोड़ दिया जाए और संबंधित विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश तुरंत फाइल पर लिया जाए"। तदनुसार, सरकार	
		152सड़क वाहनों की सुरक्षा के लिए विद्युत		

लाइनों को ऊँचा करना बहुत आवश्यक है। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये जा चुके हैं कि सड़कों पर से गुजरने वाली उन विद्युत लाइनों का सर्वेक्षण किया जाए जिनकी ऊँचाई सड़क से 6.5 मीटर से कम है। हरियाणा सरकार के सभी विभागों/बोर्डों/निगमों की सड़कों का सर्वेक्षण किया जाएगा। अगले तीन महीनों में सर्वेक्षण करने के उपरान्त प्रदेश कीं हर सड़क पर विद्युत लाइनों को ऊँचा करने का कार्य बिजली विभाग द्वारा अगले 6 महीनों में पूरा किया जाएगा।

प्रस्ताव को छोड़ने का अनुरोध किया गया था और इसे माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था।

इसके अलावा, दिनांक 14.03.2022 को माननीय डिप्टी सी.एम. की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वैकल्पिक संरेखण का पता लगाया जाये।श्री लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक, कोसली के साथ 23 मई, 2022 को चर्चा के अनुसार वैकल्पिक संरेखण को एसई, रेवाड़ी द्वारा सत्यापित किया गया है और उसकी रिपोर्ट अधीक्षक अभियंता, रेवाड़ी द्वारा 04.07.2022 को प्रस्तुत की गई है। इसकी मुख्य कार्यालय में जांच की गई है और इसे निर्णय के लिए सरकार को दिनांक 07.09.2022 को भेजा गया है।

पुन्हाना बाय पास:–भूमि के रेट 1.20 गुना अधिक मंजूर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में CoS की मीटिंग दिनांक 17/03/2022 को कर दिये हैं और साथ में निर्देशित किया है कि अगली कार्यवाही करने से पहले बाकि भू–मालिकों से हल्फनामा लिया जाए।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अब तक 7 भूमि मालिकों की सहमति/शपथ पत्र लिया गया है जिसमें 52.70 एकड़ या 85 प्रतिशत भूमि शामिल है। शेष भूमि में से 3.23 एकड़ भूमि हरियाणा वक्फ. बोर्ड की है और 2.49 एकड़ भूमि सिंचाई विभाग की है। शेष 4.08 एकड़ भूमि के हल्फनामा देने के लिए भूमि मालिक नहीं मिल पा रहे हैं। विभाग की ओर से जमीन खरीद की प्रक्रिया को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। पिनांगवान बाय पास–भूमि के रेट मंजूर करन हेतू मुख्य सचिव की अध्यक्षता में CoS की मीटिंग दिनांक 25/01/2022 को हुई जिसमें कमेटी ने विभाग को निर्देशीत किया कि कोई नई अलाईनमेंट खोजी जाए जिसका रेट कम हो और उपायुक्त नूह को निर्देशित किया था कि भू–मालिकों से रेट के लिए नेगोशियेशन व्यक्तिगत रुप में किया जाए।	

कमेटी के निर्देशानुसार उपायुक्त नूह ने दिनांक 18/02/2022 को भू–मालिकों के साथ बैठक की और भू–मालिक अपनी जमीन को सरकारी दरों से 5 गुना अधिक रेट पर देने के लिए तैयार हुए व ग्राम खानपुर घाटी के जमीदार अपनी जमीन को रु 400 लाख पर देने को तैयार हुए। इस कार्यवाही की रिर्पोट उपायुक्त नूह ने अपने पत्र क्रमांक 6478 दिनांक 09/05/2022 को निदेशक भू–अभिलेख विभाग को प्रेषित की। इसके बाद मुख्य सचिव की अधियक्षता में दिनांक 16/05/2022 को कमेटी की बैठक हुई और कमेटी ने अतिरिक्त उपायुक्त नूंह को निर्देशीत किया कि भू–मालिको के साथ वार्तालाप किया जाए अगर वो तैयार नही है रेट कम करने के लिए तो यह एजेंडा हटा लिया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त, नूह ने दिनांक 03/06/2022 को भू–मालिकों के साथ बैठक की और भू–मालिक अंत में अपने रेट कम करते हुए अपनी जमीन को सरकारी दरों से 3 गुना अधिक देने के लिए तैयार हुए ग्राम खानपुर घाटी के

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			भू–मालिक अपनी जमीन को सरकारी दरों से 5 गुना अधिक देने को तैयार हुए। इस कार्यवाही की रिर्पोट उपायुक्त नूंह ने अपने पत्र क्रमांक 8401 दिनांक 07/06/2022 को निदेशक भू–अभिलेख विभाग को प्रेषित की। इस मुद्दे पर, बै (सीओएस) की बैठक दिनांक 04/08/2022 में फिर से चर्चा की गई जिसमें भूमि मालिकों द्वारा मांग की गई उच्च दरों पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया कि पी.डब्ल्यू.डी. (बी एंड आर) द्वारा उक्त बाय पास की आवश्यकता के लिए व्यवहार्यता अध्ययन फिर से किया जाना चाहिए। सीओएस दिनांक 04.08.2022 की बैठक में इस मामले पर फिर से चर्चा की गई है और डीसी नूंह द्वारा जारी भूमि मालिकों के साथ बातचीत करने और उन्हें भूमि के लिए अपनी मांग	

दरों को कम करने के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया है, यह ध्यान में रखते हुए कि यह सड़क भविष्य में क्षेत्र को विकास की ओर ले जाएगी । समिति ने डीसी नूंह और पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) को परियोजना की व्यवहार्यता की जांच करने का भी निर्देश दिया। यदि मांग की गई दरों को उचित स्तर तक नीचे नहीं लाया जाता है, तो परियोजना को स्थगित किया जा सकता है। नेगोसिएशन तथा कार्य व्यवहार्यता दो सप्ताह के भीतर डी.एल.आर को प्रस्तुत की जाए।आगे की कार्यवाही डी.सी. नूंह द्वारा की जानी है।

झज्जर जिले में छुछकवास बाई पास का विवरण नीचे दिया गया है:–

सीओएस ने आगे की कार्रवाई तय करने के लिए मामले को एच.पी.एल. पी.सी. के पास भेज दिया है। एच.पी. एल.पी.सी द्वारा दिनांक 27.06.2022 की बैठक में 26.90 एकड़ भूमि की दरों को रु. 40.00 लाख प्रति एकड़। साथ ही डी.सी.झज्जर को प्रत्येक भू–स्वामी से विक्रय का अनुबंध प्राप्त

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			करने का निर्देश दिया गया है। तदनुसार, राजस्व विभाग से नवीनतम जमाबंदी एकत्र की गई है और संशोधित भू-स्वामियों का विवरण तैयार किया जा रहा है।इस बीच, धनराशि 10.79 करोड़ रूपये की व्यवस्था की जा रही है और तदनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोनीपत बाईपासः एच.पी.एल.पी.सी. द्वारा दिनांक 27.06.2022 की बैठक में कलेक्टर दरों से 50% अधिक की दर से 28.00 एकड़ भूमि की दरों को अनुमोदित किया गया है। इसके अलावा, एच.पी. एल.पी.सीने प्रत्येक भूमि मालिक से बिक्री का अनुबंध प्राप्त करने का निर्देश दिया। 533 भूस्वामियों में से 425 (80%) भूमि स्वामियों की एच.पी.एल.पी.सी. द्वारा अनुमोदित दरों पर अपनी भूमि बेचने की सहमति प्राप्त कर ली गई है और शेष सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।	

नारनौंद बाईपास:

25.01.2022 को सचिवों की समिति (सी.ओ.एस.) की बैठक में इस मामले पर चर्चा की गई और इच्छा व्यक्त की कि सरकार से पुनः संरेखण के मामले को मंजूरी दी जाए, तब तक एजेंडा मदों को स्थगित किया जा सकता है। सीओएस ने पी.डब्ल्यू.डी (बीएंडआर) को दो सप्ताह के भीतर सरकार के अनुमोदन के साथ विस्तृत वार्ता रिपोर्ट डी.एल.आर. को प्रस्तुत करने की सलाह दी। तदनुसार, यू.ओ. शासन को नोटिस भेजा गया है। 27657/आरआईआई दिनांक 17.02. 2022 के माध्यम से 25.01.2022 को आयोजित सी.ओ.एस. बैठक के निर्देशों के अनुसार संरेखण परिवर्तन को मंजूरी देने के अनुरोध के साथ बातचीत की गई लेकिन भूमि मालिक कलेक्टर दरों पर अपनी जमीन देने के लिए तैयार नहीं थे. 20% समय बीतने के कारण, आसपास के संरेखण के किसानों ने संरचना का निर्माण किया है और जनसंख्या प्रस्तावित संरेखण के पास विकसित हुई है। अब, यह संरेखण एक बाय पास के उद्देश्य की

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			पूर्ति नहीं करता है। माननीय उप मुख्यमंत्री हरियाणा ने भी दिनांक 14.03.2022 की बैठक में संरेखण परिवर्तन की इच्छा की है। तदानुसार, अधीक्षक अभियंता, हिसार से प्राप्त नए संरेखण के प्रस्ताव की जांच की गई है और अधीक्षक अभियंता, हिसार को डी.सी, हिसार की सिफारिश के साथ प्रस्तावित बाय–पास के साथ प्रस्तावित फेरी–फेरी रोड की आवश्यकता को उचित ठहराने का अनुरोध किया गया है। रिपोर्ट प्रपत्र अधीक्षक अभियंता, हिसार अभी प्रतीक्षित है अब कार्यकारी अभियंता, प्रांतीय मंडल, हांसी ने पत्र नं. 7250 दिनांक 18.08.2022 को डीसी हिसार को इस संबंध में उनकी सिफारिश के लिए पत्र लिखा है और जोकि अभी तक प्रतीक्षित है। बहादुरगढ़ बाईपास: यह बाईपास सिंचाई विभाग के पश्चिमी	

जुआ और मुंगेसपुर नाले पर दो चरणों में बनाया जाना है। विवरण इस प्रकार है:–

चरण –1:–

पूर्व में बाई पास के निर्माण का कार्य ठेका एजेंसी को आवंटित किया गया था, लेकिन वर्क फ्रंट की अनुपलब्धता के कारण अनुबंध को रद्द करना पड़ता है क्योंकि बाय पास के निर्माण का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा रिटेनिंग वॉल के निर्माण के बाद ही किया जा सकता है। सिंचाई विभाग के कार्य प्रारंभ होने की तिथि 06.12.2021 है और पूर्णता तिथि 05.03.2023 है। अतः निविदा प्रक्रिया दिसम्बर, 2022 के बाद प्रारम्भ की जा सकती है

चरण –2:–

साइड ड्रेन की भीतरी आर/दीवार सिंचाई विभाग द्वारा निष्पादित की जानी है और इसके लिए विस्तृत अनुमान सिंचाई विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है। पहले चरण की वन मंजूरी मिल चुकी है और दूसरे चरण की मंजूरी अभी बाकी है। सिंचाई विभाग द्वारा इनर लाइनिंग कैनाल कार्य एवं

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			रिटेनिंग वॉल का कार्य पूर्ण होने के बाद ही सड़क निर्माण का कार्य हाथ में लिया जा सकता है। चीका बाईपास: इस बायपास के निर्माण के लिए 60 एकड़ निजी भूमि खरीदी जाने की आवश्यकता है। माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में दिनांक 06.01.2022 को उच्चाधिकार प्राप्त भूमि क्रय समिति (एच.पी.एल.पी.सी) की बैठक में इस मामले पर चर्चा की गई। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार बातचीत के बाद 44.75 एकड़ भूमि या परियोजना की आवश्यकता के अनुसार जनहित में 47 लाख/ एकड़ के हिसाब से निश्चित किए गए। इसके अलावा डीसी कैथल को शेष भू–स्वामियों की सहमति प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया तथा इस संबंध में 15 दिनों के भीतर डी.एल.आर. को	

रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया।एच. पी.एल.पी.सी. ने डी.सी. कैथल को हरियाणा परियोजना भूमि चकबंदी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2017 के तहत शेष भूमि के अधिग्रहण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। भूमि क्रय के लिए धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है तथा भूमि क्रय का कार्य प्रगति पर है। 17 एकड़ (28.33)% भूमि खरीदी जा चुकी है और शेष भूमि की खरीद की प्रक्रिया प्रगति पर है। तदानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पिंजौर बाईपासः 14064 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति पत्र क्रमांक RW/NH-12014/1113/HR/ 2016/ NH-I दिनांक 08.12.2016 द्वारा प्राप्त हो चुकी है।

पिंजौर बाईपास के निर्माण का कार्य 31.05.2023तक पूरा होने की संभावना है।

भिवानी बाईपासः बाईपास सहित खरक से भिवानी चारमार्गीय परियोजना, भिवानी–रोहतक सड़क से भिवानी–दादरी सड़कः 24725 लाख रूपये की

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			प्रशासकीय स्वीकृति पत्र क्रमांक RW/ NH-12014/1155/HR/2016/NH-I दिनांक 20.01.2017 द्वारा प्राप्त हो चुकी है। कार्य दिनांक 31.05.2022 को पूर्ण किया जा चुका है। हथीन बाईपास: 15.89 करोड़ रुपये की राशि का कार्य ठेका एजेंसी को आवंटित किया गया है। एसई गुरुग्राम मेमो नं. 30954 दिनांक 22.02.2022, 27.03.2023 तक 22 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। उचाना बाईपास: उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति द्वारा दिनांक 07.01.2021 को दरों को अंतिम रूप दिया गया है। भूमि अधिग्रहण की आगे की प्रक्रिया प्रगति पर है और लगभग 42 प्रतिशत आज तक खरीदी जा चुकी है और शेष खरीद प्रगति पर है।	

गन्नौर बाईपास:

गन्नौर बाई पास की प्रस्तावित अलाइनमैन्ट सरकार के पत्र कमांक 09/991/2019–3B&R(W) दिनांक 25.05.2022 द्वारा मंजूर कर दी गई है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर) अनुमान प्रक्रियाधीन हैं। इनको 05.09.2022 तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

149. 1767.81 किलोमीटर की कुल लंबाई के साथ 6 करम या अधिक चौड़ाई वाले 638 कच्चे रास्तों की पहचांन की गई है।638 कच्चे रास्तों में से 634.04 किलोमीटर की लंबाई वाले 259 पथ का कार्य पूर्ण हो गया हैं, 583.43 किलोमीटर की लंबाई वाली 199 सड़के प्रगति पर है, 87.16 किलोमीटर की लंबाई वाली 32 सड़क निर्माण के लिए संभव नहीं हैं, 32.90 किमी लम्बी 11 सड़कों का निर्माण अन्य विभाग द्वारा किया गया/किया जाना है। 4 नंबर पथ डुप्लिकेट पाए गए तथा वर्ष 2022–23 में 407.59 किमी लम्बी 135 सड़कों का निर्माण किया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			152. पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के फील्ड स्टाफ ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर 123 स्थानों, राज्य राजमार्गों पर 123 स्थानों, प्रमुख जिला सड़कों पर 307 स्थानों और पी.डब्ल्यू.डी. (बी एंड आर) विभाग के अन्य जिला सड़कों पर 14766 स्थानों की पहचान की है, जहां ऊंचाई पी.डब्ल्यू.डी. रोड को पार करने वाली बिजली लाइन 5.5 मीटर से कम है। पी.डब्ल्यू.डी. के फील्ड अधिकारी द्वारा संबंधित बिजली वितरण कंपनी (डी. एच.यू.बी.वी.एन.एल., यू.एच.बी.वी.एन. एल, एच.वी.पी.एन.एल.) को विवरण भेज दिया गया है और उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जानी है।	
		04.03.2020		
164.	श्री सत्य प्रकाश जरावता, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 276 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पटौदी के बाई–पास का निर्माण कार्य आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के	श्रीमान, जी हालांकि, निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कोई निश्चित समय–सीमा नहीं दी जा सकती है क्योंकि काम अभी तक (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) द्वारा प्रदान नही किया गया है।	जैसा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पूछताछ की गई है। बाय–पास पटौदी गुरुग्राम–पटौदी–रेवाड़ी सड़क (NH&352) के सुधार का एक हिस्सा है। पटौदी में बायपास	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)

विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना की आरम्भ की तारीख 24.11.2021 है और पूरा होने की तारीख 23.11.2023 है और इस परियोजना की कुल लागत 900.00 करोड़ है।

26.08.2020

165. श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 526 : क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि बड़खल विधानसभा के अन्तर्गत पड़ने वाले रेलवे अंडर ब्रिज तथा रेलवे ओवर ब्रिज परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त परियोजनाओं के कब तक पूरा किए जाने की सभांवना है?

श्रीमान जी, वर्तमान में बड़खल विधान सभा क्षेत्र में आर.ओ.बी. या एफ.ओ.बी. के निर्माण के निम्नलिखित दो कार्य विचाराधीन हैं:

1. दिल्ली मथुरा रोड से गुरुकुल पर स्थित लेवल क्रासिंग 579–ए पर आर.ओ.बी. का निर्माण

   इस जगह पर तकनीकी अध्ययन सम्पूर्ण हो चुका है जिससे पता चला है कि यहां पर आर.ओ.बी. का निर्माण संभव है, जिसके लिए ड्राइंग के अनुमोदन की आवश्यक प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह प्रस्ताव अतिरिक्त 14 कनाल 13 मरले जमीन की खरीद पर निर्भर करता है जिसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अतिरिक्त जमीन का कब्जा सरकार को मिलने के पश्चात ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

2. दिल्ली मथुरा रोड से लक्कड़पुर पर स्थित लेवल क्रासिंग 579–बी पर एफ.

2 दिल्ली मथुरा रोड से लक्करपुर तक एलसी–579 बी पर एफओबीर का निर्माण।

✔ सरकार के पत्र क्रमांक 13/60/2019–2 बीएण्डआर (वक्सी) दिनांक 10.09.2021 ने इस कार्य के लिए 15.50 करोड रुपए की प्रषासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

✔ यह परियोजना अतिरिक्त भूमि पर भी निर्भर थी जिसके लिए संबंधित अधिकारी प्रयास कर रहे थे। माननीय विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने डब्ल्यूएसीएस पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) को दिनांक 04.08.2021 को डीओ पत्र लिखा है कि बिना रैंप और सीढियों के साथ थ्च् का निर्माण किया जाए क्योंकि

The Committee would like to know the latest position in this regard
(11-01-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		ओ.बी. का निर्माण इस जगह पर मौके की बाधा के कारण केवल एफ.ओ.बी. का निर्माण ही संभव है। ड्राइंग के अनुमोदन की आवश्यक प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस परियोजना में भी राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर अतिरिक्त 1400 वर्ग गज भूमि की आवश्यकता है। अतिरिक्त जमीन का कब्जा सरकार को मिलने के पश्चात ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।	FOB के निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता नहीं है। ✔ डीओ पत्र के आधार पर सीढी के साथ जीएडी दिनांक 05.01.2022 को अनुमोदन के लिए रेलवे का प्रस्तुत किया गया है। ✔ अब, माननीय एमडी (एचएसआर डीसी) ने जीएडी के अनुमोदन की प्रकिया में तेजी लाने के लिए दिनांक 31.03.2022 को मुख्य अभियता, उत्तर रेलवे नई दिल्ली को डीओ पत्र लिखा है। ✔ जीएडी को रेलवे द्वारा दिनांक 30.05.2022 को अनुमोदित कर दिया गया है ✔ इसके अलावा रेलवे के पत्र कमांक 162/डब्ल्यू/सी/एसएसबी दिनांक 22.06.2022 द्वारा सूचित किया है कि रेलवे द्वारा एफओबी को लागत साझा करने के आधार पर निष्पादित किया जाना है।	

तदानुसार, रेलवे ने 2 करोड रुपए की मांग की है। राज्य के हिस्से के रूप में जो शीघ्र ही रेलवे को जमा कर दिए जाएंगे जो प्रक्रियाधीन है।

1. दिल्ली मथुरा रोड से गुरूकुल तक एलसी–579 ए पर आरओबी का निर्माण

✔ आरओबी का निर्माण 14 कनाल, 13 मरला की अतिरिक्त भूमि की खरीद पर निर्भर है। इस अतिरिक्त भूमि की उपलब्धता तक रेलवे ने भी इस स्थल पर निर्माण रोक दिया है।

✔ भूमि की खरीद हरियाणा सरकार के अधीन "विकास परियोजनाओं के लिए सरकार को स्वेच्छा से दी जाने वाली भूमि की खरीद नीति" के तहत की जा रही है । भू–स्वामियों से उनकी सहमति से जमीन खरीदी जाएगी।

✔ भूमि क्रय की प्रक्रिया समय पर प्रारंभ की गई तथा भू–स्वामियों के साथ बैठक भी की गई लेकिन कुछ भूमि मालिकों द्वारा अपनी

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			जमीन बेचने में अनिच्छा दिखाने के कारण भूमि की उपलब्धता अनिश्चित है। ✔ कुल भूमि में से 8 कनाल 10 मरला का एक बडा हिस्सा गुरूकुल का है जो समपार के पास है। आर्य प्रतिनिधि सभा, गुरूकुल इंद्रप्रस्थ प्रबंधन समिति व किराएदारों के बीच विवाद है कि जमीन का मुआवजा किसे मिलेगा। दिनांक 30.06.2021 को योग्य विधायक बडखल की उपस्थिति मे बैठक हुई। अनिच्छुक जमीदारों को आष्वस्त किया जा रहा है कि वे आपसी सहमति से अपनी जमीन बेचे। ✔ भू–स्वामियों के साथ दिनांक 04.07.2022 को जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। हितधारक अपनी जमीन बेचने को तैयार है। स्वामित्व के आधार पर भूमि का सीमांकन किया जा रहा है।	

	26.08.2020		
166. श्री बिशन लाल सैनी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 126 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या रादौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में त्रिवेणी से गांव जठलाना तक की सड़क की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?	हां, श्रीमान् जी, सड़क की मरम्मत 1781.00 लाख रुपये की राशि से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड आर.आई.डी.एफ. XXV) योजना के तहत स्वीकृत हुई है।	जिला यमुनानगर में रादौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में त्रिवेणी से गांव जठलाना तक की सड़क की मरम्मत का कार्य 7 मीटर चौड़ाई में सी.सी. पेवमैंट के साथ 15.12.2021 कोपूर्ण कर दिया गया है।	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)
	5.11.2020		
167. तारांकित प्रश्न संख्या 683 के संदर्भ में श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, रसूलपूर (पलवल—हसनपुर) तथा बामणी खेड़ा—हसनपुर सड़क पर रेलवे उपरि पुल का निर्माण कार्य काफी लंबे समय से रूका हुआ है। जिसकी वजह से इसके साथ लगती आस—पास की जो पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एंड.आर.) डिपार्टमैंट से संबंधित लिंक रोड्ज हैं, उन पर ट्रैफिक का लोड ज्यादा हो गया है और ये लिंक रोड्ज टूट गई हैं। अतः जब तब रेलवे उपरि पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक यदि इन लिंक रोड्ज की मरम्मत का कार्य करवा दिया जाये तो यहां पर	अध्यक्ष महोदय, जहां तक दोनों आर.ओ.बीज. की बात है, के संदर्भ में बताना चाहूंगा कि 31.7.2021 तक ये दोनों आर.ओ.बीज. कंप्लीट हो जायेंगे। एक आर.ओ.बी. रेलवे की डिजाइनिंग की वजह से पैंडिंग था तो वहीं दूसरा आर.ओ. बी. लैंड एग्विजिशन की वजह से पैंडिंग था। जहां तक लिंक रोड्ज की मरम्मत की बात है, के विषय में बताना चाहूंगा कि सर्वप्रथम रोड्ज को डिफेक्टिव लॉयबेलिटी पीरियड के तहत मरम्मत करवाने का काम किया जायेगा और यदि इसमें कवर नहीं होंगी तो उन रोड्ज की मरम्मत के लिए भी अवश्य संज्ञान लिया जायेगा।	रसुलपुर (पलवल—हसनपुर) और बामनीखेड़ा से हसनपुर दोनो आरओबी का काम 31.12..2022 तक पूरा कर लिया जाएगा।	

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	दुर्घटनाओं को घटित होने से रोका जा सकेगा और ट्रैफिक की समस्या से भी लोगों को निज़ात मिल सकेगी।			
		5.11.2020		
168.	श्री मेवा सिंह, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 120 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–	(क) हॉ, श्रीमान् जी।	कारपेट का कार्य 16.09.2021 को पूरा कर दिया गया हैं।	The Committee would like to know the latest position in this regard (11-01-2023)
(क)	क्या लाडवा निर्वाचनक्षेत्र में लाडवा से हिनौरी सड़क को कारपेट करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा	(ख) कारपेट का कार्य मार्च 2021, तक पूरा किये जाने की संभावना है।		
(ख)	यदि हां, तो इसके कब तक कारपेट किए जाने की संभावना है?			
		5.03.2021		
169.	माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	XXX राज्य में कई सड़कों को चारमार्गीय किया गया है। इनमें से कुछेक हैं:– अंबाला–कैथल, पंचकुला–यमुनानगर, जींद–नरवाना (पंजाब सीमा तक) और भिवानी–चरखी दादरी। करनाल–कैथल सड़क को चारमार्गीय बनाने का कार्य वर्ष 2021–22 के दौरान पूरा होगा। गुरुग्राम–पटौदी सड़क को चारमार्गी बनाने		

का कार्य भी वर्ष 2021–22 के दौरान शुरू किया जाएगा।

XXX

8.03.2021

170. तारांकित प्रश्न संख्या 790 के संदर्भ में श्री सुभाष सुधा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– कुरूक्षेत्र में बाई पास बनाने की हमारी बहुत पुरानी मांग है। मैं आदरणीय मुख्यमंत्री जी का भी धन्यवाद करना चाहूंगा कि उन्होंने इस सम्बन्ध में सैंट्रल मिनिस्टर श्री गढ़करी जी को भी पत्र लिखा है। इस बाई पास के लिए जो जमीन एक्वॉयर की जायेगी उसमें 70 परसैंट लैंड पंचायत की है और 30 परसैंट प्राईवेट लैंड है। जो प्राईवेट लैंड ओनर्ज हैं वे भी इस बाई पास के लिए अपनी जमीन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अध्यक्ष जी, मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से यही रिक्वैस्ट है कि कुरूक्षेत्र के बाई पास का जल्दी से जल्दी निर्माण करवाया जाये।

स्पीकर सर, माननीय सदस्य श्री सुभाष सुधा जी ने जो बात रखी है। यह बात मैं भी मानता हूं कि यह कुरूक्षेत्र शहर की एक बहुत ही पुरानी मांग है। मैं पर्सनली तौर पर इसको फोलो–अप करवाकर एक्सपीडिशियसली इस कार्य को पूरा करवाउंगा।

9.03.2021

171. श्री राव दान सिंह तथा डॉ. अभय सिंह यादव, द्वारा पूछा गया तारांकित. प्रश्न संख्या 863 : क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

जिला महेन्द्रगढ़ तथा चरखी दादरी में पडने वाली सड़क के पैचवर्क का कार्य प्रगति पर है तथा इसके क्रमशः 14.06.2021 तथा 15.05.2021 तक पूरा होने की संभावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(क) मन्दौला से नारनौल के राजकीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के विलंब के क्या कारण हैं; तथा (ख) उपरोक्त राजमार्ग के तीव्र निर्माण के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?	जिला महेन्द्रगढ़ में पड़ने वाली सड़क को फोर लेन करने का कार्य सरकार के विचाराधीन है। जिला चरखी दादरी में पड़ने वाली सड़क को 7 से 10 मीटर तक चौडा करने का कार्य दिनांक 01.03.2021 को प्रशासकीय रूप से स्वीकृत कर लिया गया है तथा निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं।		
		9.03.2021		
	172. तारांकित प्रश्न संख्या–863 के संदर्भ में राव दाव सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– XX इसके अलावा दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि श्रीमती नैना सिंह चौटाला जी का क्षेत्र भी इस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। उस क्षेत्र के बारे में सरकार द्वारा कहा जा रहा है कि 7 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ा करने का प्रस्ताव दिनांक 01.03.2021 को पारित कर दिया गया। एक तरफ तो सरकार यह मान रही है कि इसको फोर लेनिंग बनाने के लिए प्रस्तावित है और दूसरी तरह यह कहा	XX हमारी सरकार ने बावजूद इसके इस पूरे टुकड़े पर एक स्पैशल पैकेज के तौर पर पैचवर्क का कार्य शुरू किया है। जो अगले महीने के अंत तक कम्पलीट हो जायेगा। जहां दादरी से महेन्द्रगढ़ सड़क के पैचवर्क की बात है उसके लिए हमारी सरकार ने 17.70 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं और इसको for the time being State fund से बना लिया जाये अभी फिलहाल इसको फोर लेनिंग करके 7 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ा किया जाये। माननीय सदस्य की जो सोच है सरकार उसके प्रति कायम है और मैं इनको ऑन दि		

जा रहा है कि 7 मीटर से 10 मीटर इसको बनाने जा रहे हैं। वहां पर इतना हैवी ट्रैफिक है, जिसकी वजह से वहां पर सैंकड़ों मौतें हो चुकी हैं। अगर सरकार को मेरी बात का यकीन नहीं है तो पिछले वर्षों का रिकॉर्ड उठाकर देख सकती है। इसकी वजह से लोगों की गाड़ियां का एक्सीडेंट्स होना, पैट्रोल और डीजल की बर्बादी होना और उनके समय का भी दुरुपयोग होने का उनको नुकसान उठना पड़ रहा है। हैवी ट्रैफिक और धूल उड़ने की वजह से बहुत से लोगों को तो टी.बी. की भी बीमारी हो गई होगी लेकिन बावजूद इसके सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय और माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से पुनः निवेदन है कि इस कार्य को बड़ी गंभीरता के साथ लिया जाये न कि इसको टालने के लिए लिया जाये।

फ्लोर ऑफ दि हाउस आश्वासन देता हूं कि जैसे ही इसकी हैंडिंग ओवर होगी हमारी सरकार स्टेट फंड से इस पूरे पैच वर्क को फोर लेनिंग बनाने का काम करेगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		9.03.2021		
173.	तारांकित प्रश्न संख्या–863 के संदर्भ में डॉ. अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– ग्ग मेरा यह भी कहना है कि इस कार्य को पूरा बनाया जाये, इसको पार्टस में न बनाये इससे प्रदेश की जनता में गलत मैसेज जायेगा। ऐसा नहीं होना चाहिए कि एक जिले की बाउंड्री पर सड़क बना दी और दूसरे जिले की बाउंड्री पर सड़क नहीं बनाई। मैं समझता हूं कि इससे प्रदेश की जनता में अच्छा संदेश नहीं जायेगा। अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से पुनः निवेदन करूंगा कि इसका जल्दी से जल्दी प्रपोजल बनाकर फोर लेन का काम यथाशीघ्र शुरू करवाने का काम किया जाये।	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य डॉ. अभय सिंह जी ने जो बात रखी है वह बिल्कुल सही है कि यह काम पैचिज में न किया जाए। दादरी से महेन्द्रगढ़ के बीच का कार्य चल रहा है उसके अन्दर पिछली सरकार को इमीडियेटली स्टैप लेना पड़ा क्योंकि माइनिंग सैक्टर बहुत बड़ी मात्रा में इस सड़क का इस्तेमाल करता है। निरन्तर एक्सीडैंट्स भी हुए हैं और आपको याद होगा कि पिछले दिनों भी किसी सदस्य ने यह बात उठाई थी। इसको हमें इमीडियेटली टेकअप करना पड़ा। जैसे ही यह हैंडओवर होगा पूरे फेज में हम इस प्रोजैक्ट को स्टेट फंड से डिवैल्प करेंगे।		

174. तारांकित प्रश्न संख्या–863 के संदर्भ में राव दाव सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि कल उन्होंने 4–5 जगहों के बाईपास का जिक्र किया था कि वे निर्माणाधीन हैं और किसी का 70 प्रतिशत, किसी का 80 प्रतिशत तथा किसी का 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। मेरा एक निवेदन है कि जब आप दादरी–महेन्द्रगढ़ रोड को फोरलेन बना रहे हैं तो महेन्द्रगढ़ के बाईपास को भी कंसीडर करें क्योंकि शहर बढ़ रहा है और सड़क के दोनों और रिहायशी मकान बन गये हैं। जमीन पहले ही एक्वायर हो चुकी है इसलिए सरकार को केवल टैंडर ही करना है। सरकार को ज्यादा पैसा लगाने की भी जरूरत नहीं है। अगर सरकार इस काम को करना चाहेगी तो बहुत जल्द यह काम हो जायेगा।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य के सुझाव पर सरकार अवश्य विचार करेगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		9.03.2021		
175.	डॉ कमल गुप्ता, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 902 उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि हिसार में सेक्टर 1–4 से महाबीर कॉलोनी तक सड़क के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?	श्रीमान् जी, इस कार्य को करने के लिए रु. 476.83 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वन विभाग से अनापत्ति पत्र की आवश्यकता है। वन विभाग से अनापत्ति पत्र प्राप्त होने के बाद कार्य को शुरू किया जाएगा।		
		9.03.2021		
176.	श्री मेवा सिंह, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 796 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या लाडवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में जी.टी.रोड़ से बराड़ा वाया बबैन तक सड़क को कारपैट करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक कारपैट किए जाने की संभावना है ?	हां, श्रीमान जी। कुल 28.50 कि.मी. लंबाई में से 10.50 कि.मी. सड़क भाग पर बिटुमिनस कंक्रीट करना प्रस्तावित है।		

177. तारांकित प्रश्न संख्या–986 के संदर्भ में श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय उप–मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में यह बात लाना चाहती हूं और पूछना भी चाहती हूं कि मेरे विधान सभा क्षेत्र में लक्कड़पुर व गुरुकुल में एक रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना है। मैं इन दोनों की स्थिति के बारे में पूछना चाहती हूं कि लक्कड़पुर व गुरुकुल में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जायेगा? इस बारे में मुझे पूरी जानकारी दी जाये।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने गुरुकुल से मथुरा रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाने के बारे में पूछा है। इसके लिए डिपार्टमैंट को अतिरिक्त 14 कैनाल और 13 मरला भूमि की जरूरत है। मैं माननीय सदस्या से भी आग्रह करूंगा कि वे अपने सहयोग से डिस्ट्रिक्ट लैवल पर ई–भूमि पोर्टल पर जितनी जल्दी जमीन अपलोड करवा देगी, सरकार उस जमीन को एक्वायर करके तुरन्त प्रभाव से वहां पर आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य शुरू करने का काम करेगी। जहां तक लक्कड़पुर में फुट ओवर ब्रिज बनाने की बात है तो इसके लिए हमें approximately additional 1400 secure yard जमीन की जरूरत है जैसे ही ई–भूमि पोर्टल पर यह जमीन अपलोड करवा देंगी तो तुरन्त प्रभाव से उस कार्य को भी कम्पलीट करवाने का काम किया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

10.03.2021

178. तारांकित प्रश्न संख्या–986 के संदर्भ में श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष जी, मैं मंत्री जी के संज्ञान में यह बात लाना चाहती हूं कि ये जो लक्कड़पुर का रेलवे ओवरब्रिज है यहां पर 30 दिन में लगभग 20 लोग रेलवे एक्सीडैंट्स में कट जाते हैं। वहां पर यह सिलसिला पिछले लगभग 20 साल से चल रहा है। हमारे द्वारा पिछली पंचवर्षीय योजना में भी इसके लिए पूरा प्रयास किया गया था लेकिन इसके बावजूद भी वहां पर पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं हो पाई। मेरा अनुरोध है कि हमने वहां पर दो सर्वे सरकार के माध्यम से करवाये हैं। जिसमें हम टू–व्हीलर्ज और पैदल चलने वालों के लिए एक ओवरब्रिज बनाया जा सकता है। मैं उसके लिए

अध्यक्ष महोदय, जो माननीय सदस्या ने बात कही है हमारी ओर से उस रेलवे ओवरब्रिज का रफ कॉस्ट एस्टीमेट लगभग 15.60 करोड़ रूपये का ऑलरेडी बन चुका है। इस रेलवे ओवरब्रिज के लिए जैसे वॉलंट्री लैंड अलॉट होगी तो इसका कार्य उसी समय शुरू हो जायेगा। इस मामले में जो ई–भूमि पर लैंड एक्वीजिशन का प्रोसैस है सरकार उस दिशा में जल्दी से जल्दी कार्यवाही शुरू करेगी।

सिर्फ आश्वासन ही नहीं चाहती बल्कि मैं यह चाहती हूं कि इसके लिए की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही को जल्दी से जल्दी अंजाम दिया जाये।

10.03.2021

179. तारांकित प्रश्न संख्या–986 के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहूंगा कि जो आनंदपुर का अण्डरब्रिज है वहां पर बारिश के मौसम में बहुत ज्यादा पानी भर जाता है। बरसात के मौसम में वहां पर कई बार बहुत सी गाड़ियां डूब चुकी हैं। अध्यक्ष जी, इसके अलावा मैं मंत्री जी के ध्यान में यह बात भी लाना चाहता हूं कि बाटा पुल और नीलम पुल इन दोनों पुलों की हालत बहुत ही ज्यादा जर्जर है। रिपेयरिंग के लिए इन दोनों पुलों को कई बार बंद किया जा चुका है जिसके कारण पूरे शहर के वाहन चालकों को बड़ी भारी परेशानी होती है। मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से रिकवैस्ट है कि इन दोनों पुलों की रिपेयर का काम जल्दी से

अध्यक्ष महोदय, ***** जो माननीय सदस्य ने दो स्पैसिफिक रेलवे ओवरब्रिजिज की रिपेयर की बात की है और एक अण्डरपास की बात की है। जहां तक रेलवे ओवरब्रिजिज की रिपेयर का सवाल है हमारी सरकार इस सम्बन्ध में जल्दी से जल्दी आवश्यक कदम उठायेगी। जहां पर वॉटर लोगिंग की समस्या है वहां पर ड्रेनेज के सिस्टम को कैसे इम्प्रूव किया जाये मैं इसको एग्जामिन करवाने के लिए तुरंत एक टीम कांस्टीच्यूट करके जल्दी से जल्दी इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करूंगा। यह एरिया एम.सी.एफ. के अण्डर आता है। जहां तक रोड की एक्सपैंशन का सम्बन्ध है अगर हमारे पास जिला प्रशासन की तरफ से कोई परपोजल आयेगी तो हमारा विभाग उसके ऊपर अवश्य विचार करेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	जल्दी करवाया जाये। इसके अलावा मेरी एक मांग यह भी है कि बल्लभगढ़ से सोहना रोड पर जो टू–लेन का पुल है उसको जल्दी से जल्दी फोर लेन का बनाया जाये। मैं इस सम्बन्ध में सरकार की योजना के बारे में जानना चाहता हूं।			
		10.03.2021		
180.	श्री राम कुमार गौतम, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 238 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नारनौंद से हिसार वाया गांव मोथ, मसूदपुर, चनौट, मिर्जापुर तथा खरखडी तक सड़क निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?	हाँ, श्रीमान जी। नारनौंद से हिसार वाया गाँव मोथ, मसूदपुर, चनौट, मिर्जापुर, और खरखडी तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव है।		
		15.03.2021		
181.	तारांकित प्रश्न संख्या–901 के संदर्भ में श्री कुलदीप वत्स द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– स्पीकर सर, मेरे प्रश्न का जवाब मंत्री जी ने नहीं में दिया है। सर, मैं	अध्यक्ष महोदय, इस रोड की स्ट्रैन्थनिंग के लिए तो 15.78 करोड़ रुपये का एस्टीमेट पास हो चुका है। इससे यह सारी की सारी सड़क ठीक हो जायेगी। स्पीकर सर, मैं		

आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में यह तथ्य लाना चाहता हूं कि सुबाना में बाई–पास न होने वहां पर बहुत से एक्सीडैंट्स हो चुके हैं। वहां पर आये दिन बहुत बड़े–बड़े हादसे हो रहे हैं। आज से डेढ़ साल पहले वहां पर एक बस का एक्सीडैंट हुआ था जिसमें एक ही परिवार के तीन बच्चों की डैथ हो गई थी। उसके बाद एक स्कॉरपियो और बस का एक्सीडैंट हुआ उसमें एक ही परिवार के चार बच्चों की डैथ हो गई थी। इस प्रकार से वहां पर लगातार भयानक एक्सीडैंट्स हो रहे हैं इसलिए मंत्री जी को इसको गम्भीरता से लेते हुए सुबाना का बाई–पास जल्द से जल्द बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही शुरू कर देनी चाहिए। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि इसी कड़ी में सिलानी का अण्डरपास भी जल्दी से जल्दी बनाया जाये। सुबाना बाई–पास और सिलानी अण्डरपास समय की जरूरत हैं। हमारे बहुत से माननीय सदस्य उस सड़क से आते हैं मंत्री जी आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि गांव सुबाना झज्जर–सुबाना–कोसली सड़क पर पडता है। जो राज्य राजमार्ग–22 है। झज्जर शहर में झज्जर –सुबाना–कोसली सड़क आर.डी 28.2 से आरम्भ होती है तथा प्रांतीय डिवीजन, झज्जर के अधिकार क्षेत्र के अधीन झज्जर सीमा पर 63 किलोमीटर पर समाप्त होती है इस अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सड़क की कुल

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इनसे भी पूछ सकते हैं कि वह सड़क बहुत खतरनाक है। मेरी बार–बार मंत्री जी और मुख्यमंत्री जी से यही रिकवैस्ट है कि इन दोनों कार्यों को जल्दी से जल्दी कम्पलीट करवाया जाये। जिनके जवान बच्चों की डैथ हो जाती है उनके दुख की हम कल्पना भी नहीं कर सकते इसके बारे में तो उन्हीं को पता चलता है जिनके साथ इस प्रकार के हादसे हो जाते हैं। मुझे पिछले सैशन के दौरान उप मुख्यमंत्री जी ने मुझे आश्वासन दिया था कि वे इसको एग्जामिन करवायेंगे लेकिन इसके बावजूद भी इस दिशा में अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हो पाई है। मैं यही चाहता हूं कि इस फाइनैंशियल ईयर में स्पैशल बजट का प्रावधान करके मेरे इन दोनों कार्यों को करवाया जाये। इन सड़कों से सिर्फ बादली का ही ट्रैफिक	लम्बाई 24.8 किलोमीटर है तथा गांव सुबाना–झज्जर से 17 किलोमीटर दूर है। प्रारम्भिक रूप से यह सड़क 1960 में निर्मित की गई थी। इसमें 12 करम का रास्ता है। गांव के अंदर इस सड़क की चौड़ाई केवल 8 करम है। इसके अलावा जहां तक बाई–पास के लिए अभी हमारे पास जमीन उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस बाई–पास के लिए जमीन की रिक्वॉयरमैंट को ई–भूमि पर डाला जायेगा। उसके बाद जैसे ही जमीन उपलब्ध होगी उसके बाद इस बाई–पास के निर्माण के लिए आगे की कार्यवाही शुरू की जायेगी।		

नहीं निकलता है बल्कि वहां से मेवात, महेन्द्रगढ़, नारनौल और जयपुर तक का ट्रैफिक गुजरता है। हमारे यहां से जो ट्रैफिक मुम्बई और महाराष्ट्र के दूसरे शहरों में जाता है वह भी इन्हीं सड़कों से गुजरता है।

16.03.2021

182. तारांकित प्रश्न संख्या 1039 के संदर्भ में श्री विनोद भ्याना द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि मैंने जिस सड़क (हांसी सिटी ईस्टर्न एंड वेस्टर्न बाईपास) का जिक्र किया है वह सिर्फ 5 किलोमीटर की ही सड़क है और वह शहर के बीचों–बीच है। इसमें आलरेडी 2.50 किलोमीटर तक फोरलेन बना हुआ है बाकी 2.50 किलोमीटर का टुकड़ा ही शेष बचा हुआ है। इसके लिए मेरी डिमांड है कि इसको भी फोरलेन कर दिया जाए। इस सड़क पर हर रोज एक्सीडैंट्स होते रहते हैं। इस सड़क के साथ–साथ अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि एन.एच.ए.आई. ने हांसी में विशाल बाईपास बनवा दिया है। इसके कारण शहर में ट्रैफिक डैनसिटी बहुत बड़ी मात्रा में डिक्रीज हुई है। माननीय सदस्य ने कहा है कि वहां पर केवल 2.50 किलोमीटर रोड का ही पैच है। इसके लिए मैं एक चीफ इंजीनियर लेवल की कमेटी कांस्टीच्यूट कर दूंगा। अगर डिपार्टमैंट के पास राईट ऑफ वे और लैंड एवेलेबल होगी तो फिजिबिलिटी रिपोर्ट के हिसाब से इस प्रस्ताव पर विचार कर लेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	3 गांव लगते हैं और उन गांवों के लोग या तो मजदूरी करते हैं या छोटे किसान हैं। वे रोजाना अपनी सब्जी लेकर या मजदूरी करने के लिए साईकिल या मोटर साईकिल से शहर में आते हैं। वहां पर हर रोज एक्सीडैंट्स होते रहते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस 2.50 किलोमीटर के टुकड़े को फोरलेन कर दिया जाए। ऐसा करने से वहां के लोगों के लिए बेहतरीन काम हो जाएगा।			
		16.03.2021		
183.	श्री राम कुमार गौतम, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 239 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हिसार में गुलकनी, मिल्कपुर, राखी, गुराना, लुहारी राघो, शाला धेरी, चनोट तथा ठरवा गावों की सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?	हां, श्रीमान जी। सड़क वाया गांव गुल्कनी, मिलकपुर, राखी, गुराना, लुहारी राघो, शाला धेरी और ठरवा सिवाय गांव चनोट बनाने का प्रस्ताव है।		

16.03.2021

184. श्री अमित सिहाग, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 320 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ओर अधिक कमरों का निर्माण करके डबवाली में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह की क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

XXX डबवाली के पुराने लोक निर्माण विभाग गृह की 17.17 लाख रुपये की लागत से विशेष मरम्मत नवीनीकरण का आकलन सरकार के विचाराधीन है।

17.03.2021

185. तारांकित प्रश्न संख्या 934 के संदर्भ में श्री दूड़ा राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX भूना से फतेहाबाद भी लोग जाते हैं, इसलिए मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि भूना में बाईपास बनाया जाए। भट्टू और भूना की सड़कों को चौड़ी करवाया जाए क्योंकि हैडक्वार्टर पर सभी डिस्ट्रिक्ट के लोगों को अपने काम करवाने के लिए आना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से यही प्रार्थना है कि भूना में बाईपास बनवाया जाए और इन दोनों सड़कों को चौड़ा करवाया जाए। XX मैं यह कहना चाहता हूं कि भूना से रतिया की सड़क चौड़ी की

XX मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि यह कुल मिलाकर 47 किलोमीटर का रोड नेटवर्क है। हमने उसको भी छोटा करने के लिए भूना से फतेहाबाद डायरेक्टली कनैक्टिविटी करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना 3 के बैच 2 के अन्दर 19.5 किलोमीटर एग्जिस्टिंग रोड सीधे भूना से रतिया तक डिवलैप करने के लिए प्लानिंग की है। जिसके लिए सरकार द्वारा लगभग 5.78 करोड़ रुपये आलरेडी मंजूर किये जा चुके हैं और दिनांक 31.3.2021 तक इसका टैंडर हो जाएगा। जिसमें भूना और रतिया को कनैक्ट कर दिया जाएगा। इसके बाद वह अच्छी चौड़ी सड़क बन जाएगी। XX फतेहाबाद टू रतिया तक 7 मीटर वाईड सड़क है। हम

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	जाए क्योंकि लोगों को हैडक्वार्टर पर अपने काम के लिए आना पड़ता है। भूना से फतेहाबाद और भट्टू से फतेहाबाद तक सड़क चौड़ी की जाए।	इसकी ट्रैफिक डैनसिटी चैक करवा लेंगे। अगर ट्रैफिक डैनसिटी बढ़ी है और उसके लिए लैंड एवेलेबल है तो हम उसको जरूर 7 से 10 मीटर बनाने के लिए एक कमेटी कांस्टीच्यूट कर देंगे और उसकी रिपोर्ट आने के बाद उस पर विचार करेंगे।		
		17.03.2021		
186.	तारांकित प्रश्न संख्या 934 के संदर्भ में श्री लक्ष्मण नापा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि रतिया से भट्टू वाया फतेहाबाद होकर जो सड़क जाती है वह पंजाब और राजस्थान को जोड़ती है। माननीय सदस्य कह रहे थे कि उस सड़क को फोरलेन बनाया जाए। इस पर काफी ट्रैफिक रहता है क्योंकि हमारे बहुत से लोग राजस्थान से पंजाब होते हुए दिल्ली जाते हैं। वे भी इसी रोड से होकर जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद	अध्यक्ष महोदय, जैसे ही संबंधित कमेटी इस पर ट्रैफिक डैनसिटी की रिपोर्ट देगी तो हम उस पर विचार करेंगे।		

करना चाहूंगा कि अभी उन्होंने रतिया से भूना तक रोड बनाने की घोषणा की है। इसके लिए मैं उनका बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं। इसके अतिरिक्त भूना से फतेहाबाद रोड को भी फोरलेन किया जाए।

17.03.2021

187. श्री नयन पाल रावत, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 954 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि फरीदाबाद बाईपास सड़क से के.जी.पी. एक्सप्रेसवे तक मुख्य सड़क को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ? XX तारांकित प्रश्न संख्या 954 के संदर्भ में श्री नयन पाल रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि यह जो के.जी. पी. और के.एम.पी. एक्सप्रैस वे बना है। इसमें मेरे विधान सभा क्षेत्र के 5–6 गांव लगते हैं जिनमें चंदावली, मचगर, दयालपुर, छायंसा और मौजपुर है। इन गांवों की स्थिति ऐसी है कि कोई माता–बहन अपने पशुओं को या चारा लेकर नहीं निकल सकती क्योंकि सारा दिन रोड जाम रहते हैं इसीलिए यह बाई श्रीमान जी, फरीदाबाद बाईपास सड़क से के.जी.पी. एक्सप्रेस वे को चार मार्गीय करने का कार्य मई 2021 तक आरम्भ किये जाने तथा 30.11.2022. तक पूरा किये जाने की संभावना है। XX अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात रखी है उसका उत्तर बड़ा क्लीयरली दे दिया गया था कि इसका काम मई 2021 में शुरू हो जाएगा और वर्ष 2022 के अन्त से पहले–पहले यह काम कम्पलीट हो जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

पास बनने प्रस्तावित है। मेरा माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इस बाईपास का निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जाये।

18.03.2021

188. श्री बिशन लाल सैनी, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 923 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि सरकार द्वारा निम्नलिखित सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है :–

(1) एस.के.सड़क के गांव तिगरा, तिगरी वाया गांव दुसानी;

(2) रादौर जठलाना सड़क के गांव कंडरौली वाया गांव पोटली;

(3) रादौर–जठलाना सड़क के गांव गुमथला, गांव रजेहड़ी वाया गांव फतेहगढ़;

(4) रादौर–मुस्तफाबाद सड़क से खेडी लख्खा सिंह, गांव भागुमाजरा;

श्रीमान जी, इस समय कोई समय सीमा नही दी जा सकती क्रम संख्या (i) तथा क्रम संख्या (viii) पर सड़कों का विशेष मुरम्मत कार्य प्रशासनिक रूप से स्वीकृत किया गया तथा क्रम संख्या (ii) से (vii) तक की सड़कें संतोषजनक स्थिति में हैं।

*****अध्यक्ष महोदय, इसमें क्रम संख्या 1 तथा 8 पर दर्शायी गयी सड़कों के विशेष मरम्मत के कार्य की जिसकी एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल दे दी गयी है। एक नम्बर पर तिगरा, तिगरी वाया दुसानी की रोड है और इसका इस साल तक पूरा काम कम्पलीट हो जाएगा। जो रेलवे स्टेशन मुस्तफाबाद से छप्पर रोड है। इसका दिनांक 30.6.2021 तक काम कम्पलीट हो जाएगा। इसका टैंडर और वर्क

(5) गांव जोडियां–हरनौल से गांव गोलनपुर;

(6) सहानपुर–कुरूक्षेत्र सड़क से गांव छप्पर;

(7) गांव मण्डेबरी से गांव मेहरामपुर वाया फुन्सगढ़; तथा

(8) रेलवे स्टेशन मुस्तफाबाद से छप्पर सड़क?

***** मेरा कहना है कि इन सड़कों को दोबारा से चैक करवाना चाहिए।

अलॉट हो चुका है। जो 2 नम्बर सड़क रादौर से पोटली तक है। यह वर्ष 2016 में बनी थी। इसके अन्दर माईनिंग सैक्टर इन्वाल्वड है जिसके कारण वहां पर हैवी ट्रैफिक चलता है। माननीय सदस्य ने जो बात कही है, उसके लिए मैं रि–सर्वे करवा लेता हूं। आज के दिन (चूंकि यह 5 साल पुरानी रोड है) इसकी डी. एल.पी. खत्म हो चुकी है तो हम इसकी स्ट्रैंथनिंग भी करवाएंगे। वहां पर हैवी ट्रैफिक चलता है जिसके कारण इस सड़क की बारी–बारी कारपेटिंग हो चुकी है। जहां तक बात 3 नम्बर सड़क की है, वह वर्ष 2018 में बनी थी। वहां पर दो सड़कें राजौंद–मुस्तफाबाद रोड टू खेड़ी लखा सिंग वाया भागुमाजरा तक है। यह सड़क वर्ष 2013 में बनी थी।

इसके लिए मैं अधिकारियों को डायरेक्ट करता हूं कि इसकी रिपोर्ट बनाएं क्योंकि यह 8 साल पुरानी सड़क है। इसको दोबारा से बनवाने का काम करेंगे। माननीय सदस्य के एरिया की आधी सड़कें रूरल सड़कें हैं। उनको हम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत फेज–3 में बनवा देंगे। जोकि 600 किलोमीटर पैंडिंग हैं और ये हमें सैंट्रल गवर्नमैंट से लेने हैं। इसमें भी इन सड़कों को डलवा रखा है। जैसे ही सैंट्रल गवर्नमैंट से एप्रूवल आ जाएगी तो इन तमाम सड़कों को एक्सपैंड भी किया

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		जाएगा और स्ट्रैन्थन भी किया जाएगा। जिससे वहां पर मोटरिंग फैसिलिटिज को और बेहतर बनाया जा सकेगा।		
		18.03.2021		
189.	तारांकित प्रश्न संख्या 748 के सन्दर्भ में डॉ0 कृष्ण लाल मिद्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू *****: मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या यह तथ्य सही है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र जीन्द के अमरहेड़ी गांव और माननीय उप मुख्यमंत्री जी के विधान सभा क्षेत्र के शाहपुर गांव के पास ज्यादा रोड टूटा हुआ है। शाहपुर गांव के पास आज से 15 दिन पहले एक एक्सीडैंट भी इसी रोड की वजह से हुआ था और वहां पर एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गयी थी। इसी प्रकार छोटे–मोटे एक्सीडैंट्स तो होते ही रहते हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि जब तक यह फोरलेन बनाने का कार्य पूरा नहीं हो	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिस सड़क की बात रखी है। उसके रिपेयर वर्क्स के एस्टीमेट्स बनने के लिए दे दिए गए हैं। इसके लिए भारत सरकार को लिखित में भी भेज दिया गया था। मैंने स्वंय भी माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से मिलकर आग्रह किया था कि यह रोड मात्र जीन्द से लेकर कैथल तक ही नहीं है। चूंकि नैशनल हाइवे भिवानी तक भी आ चुका है इसलिए भिवानी टू कैथल नैशनल हाइवेज को भी कनैक्ट करने के लिए एन.एच.ए.आई. टेकअप करे और हम उम्मीद करते हैं कि केन्द्र सरकार हमारे प्रपोजल को अप्रूव करेगी और यह पूरा सैक्टर फोर लेन करने का काम किया जायेगा। इसके कारण जो छोटे–छोटे विलेजिज हैं, आज जिनके अंदर सड़कें टूटी हुई हैं, उनके लिए भी बाई पास निकाले		

जाता तब तक इस सड़क को सुचारू रूप से चलने के लिए ठीक कर दिया जाए ताकि लोगों को कोई दिक्कत न आए और ये दुर्घटनाएं दोबारा न हों।

190.श्री सीता राम यादव, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1159 :– क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कों को चारमार्गीय बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:–

(i) अटेली से महेन्द्रगढ़ वाया दोंगड़ा अहीर;

(ii) भडफ बस अड्डे से उन्हानी दादरी मोड़ तक;

(iii) कनीना में अटेली टी प्वांइट से कांटी–खेड़ी राजस्थान बॉर्डर तक वाया भोजावास, महासर, अटेली मंडी, सैदपुर, बिहाली;

(iv) मोहनपुर नांगल बस अड्डे से झिंगावन, सुन्दराह, बेवल, दोंगडा अहीर, अटाली, शिहमा, खामपुरा, खासपुर, फैजाबाद चौंकी, महेन्द्रगढ़ रोड;

(v) उन्हानी टी प्वांईट से धनौन्दा, खेड़ी, सेहलंग, बाघोत; तथा

जायेंगे। जिससे गांव के लोगों की सुरक्षा की जा सकेगी और हमारा रोड नैटवर्क और ज्यादा स्ट्रेंथन हो सकेगा।

20.08.2021

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि अभी इन सड़कों को फोरलेन बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है क्योंकि ये सड़कें फोरलेनिंग के लिए 19 हजार पैसेंजर कार यूनिट्स की डैंसिटी का नॉर्म्स पूरा नहीं करती हैं। पिछले सर्वे में ये सड़कें नॉर्म्स को पूरा नहीं करती थी अगर माननीय सदस्य चाहेंगे तो सरकार इसका दोबारा सर्वे करवा कर सरकार उस पर विचार करेगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों को कब तक चार मार्गी किए जाने की संभावना है?

20.08.2021

191. तारांकित प्रश्न संख्या 1159 के संदर्भ में राव दान सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री सीता राम जी ने जो 5 सड़कों की बात उठाई है वे सभी महेन्द्रगढ़ जिले से जुड़ी हुई हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय उप—मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जब भी सड़कों को डिवैल्प करने या नये फोरलेन बनाने का प्रश्न उठता है तो सरकार की तरफ से आश्वासन दे दिया जाता है और सरकार श्रेय भी लेती है कि हम दादरी से नारनौल, महेन्द्रगढ़ से रेवाड़ी तथा महेन्द्रगढ़ से अटेली फोरलेन बना रहे हैं लेकिन वास्तव में अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। मैं यह जानना चाहता हूं कि आखिर हमसे ऐसी कौन सी कमी रह गई है कि जब भी हमारे क्षेत्र की अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बात रखी है कि सदन को मिस्गाइड किया जाता है। मैंने पहले सदन में एक बात रखी थी कि दादरी और महेन्द्रगढ़ जिले की सड़कों को स्पेशली रिपेयर करवाया जायेगा जो कि हुई भी हैं तथा माननीय सदस्य भी इस बात को मानते हैं। उसके बाद एक नैशनल हाईवे की बात आई थी कि इस नैशनल हाईवे को हम स्टेट हाईवे में कन्वर्ट करवा कर स्पेशल प्रोजैक्ट के तहत बजट में प्रावधान करके इसको बनायेंगे। इस कार्य के लिए अभी केन्द्र के पत्र का इंतजार है और जैसे ही केन्द्र सरकार से इसकी मंजूरी मिल जायेगी अगले दिन उसका कार्य शुरू हो जायेगा क्योंकि इसकी डी.पी.आर. बनी हुई है। जहां तक इन पांच सड़कों को फोरलेन बनाने की बात है तो फोरलेनिंग के लिए जो 19 हजार पैसेंजर

सड़कों के विस्तार या नई सड़क बनाने की बात आती है तो नकारात्मक उत्तर दिया जाता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इस बारे में सकारात्मक सोचा जाना चाहिए। वहां पर ट्रकों के लोड तथा ट्रैफिक की स्थिति को देखते हुए इस पर निर्णय लिया जाना चाहिए।

192. श्री जगबीर सिंह, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 431 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें बुरी अवस्था में हैं:–

(i) सोनीपत रोड से गांव जाजी तथा गढ़ी हकीकत से सोनीपत रोड;

(ii) बोहला से सलारपुर माजरा;

(iii) बोहला से सलीमपुर तरौली;

(iv) मोहाना से सलारपुर माजरा;

कार यूनिट्स की डैंसिटी का नॉर्म्स है आज के दिन ये उसको पूरा नहीं करती हैं। अगर इन पांचों में या और कोई स्पेसिफिक सड़क पूरे प्रदेश में हो जो 19 हजार पैसेंजर कार यूनिट्स की डैंसिटी का नॉर्म्स पूरा करती हो तो उसको हम पूरे उत्साह के साथ बनवायेंगे। यह पैसेंजर कार यूनिट्स लॉ कोई आज नहीं बना है बल्कि यह पुरानी सरकारों के समय से बना हुआ है। इसके बावजूद भी अगर हमें स्पेशल रिलैक्सेशन भी देनी पड़ी तो आज के दिन पैसेंजर कार यूनिट्स जहां पर 18000 या 17500 है वहां पर भी हम बना देंगे।

20.08.2021

XXX (क्रम संख्या अप) मोहना से लोहारी टिब्बा की हालत खराब थी। अब, सड़क में सुधार किया जा रहा है और पी.एम.जी.एस. वाई. योजना–III के तहत कार्य प्रगति पर है और 31 दिसंबर, 2021 तक पूरा हो जाएगा।

क्रम संख्या (पगद्ध अनायती से खानपुर कलां की हालत खराब थी। अब, नाबार्ड योजना आरआईडीएफ–XXVII में सड़क को मंजूरी दे दी गई है। निविदा बुलाई जा रही है तथा दिनांक 30 जून, 2022 तक कार्य पूरा किए जाने की संभावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
(v) दुभेटा से रोलड लतीफपुर;				
(vi) मोहाना से लोहारी टिब्बा;				
(vii) मोहाना से तिहाड़ मलिक;				
(viii) मोहाना से गुहना;				
(ix) अनायत से खानपुर कलां;				
(x) जौली से अनायत				
(xi) अनायत से गढ़ी सराय नामदूर खान; तथा				
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है ?				
		20.08.2021		
193. श्री जगबीर सिंह, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 432 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–		XXX क्रम संख्या (अप) नैना से बादशाहपुर माछरी सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सोनीपत से संबंधित है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने सूचित किया है कि इस सड़क पर कुछ पैच हैं तथा दिनांक 30.09.2021 तक पैच वर्क पूरा किए जाने की संभावना है।		
(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें बुरी अवस्था में है:–				
(i) बड़वासनी से भागरू;				

(ii) बारोठा से गामड़ी;

(iii) जींद सड़क से वजीरपुरा वाया हसनगढ़;

(iv) जौली से बीघल;

(v) सैनीपुरा से कैलाना खास;

(vi) नैना से बादशाहपुर माछरी;

(vii) मेहलाना से बाघडु खुर्द; तथा

(ख) यदि हां, तो इन सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है ?

194. श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1122 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2018 में सरकार द्वारा पिजौंर में रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण प्रस्ताव स्वीकृत किया गया;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य अब तक आरम्भ नहीं किया गया है; तथा

(ग) यदि हां, तो देरी के कारण क्या हैं तथा उपरोक्त रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

23.08.2021

(क) तथा (ख) हां, श्रीमान् जी।

(ग) कार्य में देरी होने का कारण यह है कि जनता की मांगानुसार रेलवे अंडर ब्रिज के डिजाइन में बदलाव किया गया था। अब बदले हुए डिजाइन के हिसाब से रेलवे अंडर ब्रिज की निविदा ठेकेदार को आबंटित कर दी गई है और कार्य के दिनांक 01.09.2021 से शुरू होने की संभावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

23.08.2021

195. श्री धर्म सिंह छौक्कर, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 396 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर–बिलासपुर सड़क पर पुल के निर्माण कार्य को आरम्भ हुए लगभग 8 वर्ष हो गए हैं परन्तु अब तक उक्त कार्य पूरा नहीं हुआ है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

(क) श्रीमान् जी, यमुनानगर–बिलासपुर सड़क (एस.एच.1) यमुनानगर जिले में आती है और इस सड़क पर कोई बड़ा पुल नहीं बनाया जा रहा है। हालांकि समालखा, आटा बिलासपुर और खोजकीपुर गावों को उत्तर प्रदेश के टांडा, नागल, कुर्डी गांवों से जोड़ेगा। इस पुल के निर्माण का कार्य दिनांक 7.11.2018 को 24 महीने की समय सीमा के साथ प्रारंभ किया गया था।

(ख) कार्य 31.07.2022 तक पूरा होने के संभावना है।

23.08.2021

196. श्री धर्म सिंह छौक्कर, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 397 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि समालखा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव मनाना में जी.टी.रोड़ पर उपरि पुल की स्वीकृति पहले ही

हां, श्रीमान जी, कार्य एजैंसी को आवंटित कर दिया गया है और वह प्रगति पर है। इस कार्य के पूरा होने की संभावित तिथि जनवरी, 2022 है।

मिल चुकी है; यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?

24.08.2021

197. तारांकित प्रश्न संख्या 1181 के संदर्भ में श्री बिशन लाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप—मुख्यमंत्री महोदय को धन्यवाद कहना चाहूंगा कि उन्होंने कुरूक्षेत्र से यमुनानगर तक चार मार्गीय बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया है। इसके साथ—साथ मैं माननीय मंत्री महोदय से यह भी कहना चाहता हूँ कि जब तक यह सड़क नहीं बन जाती तब तक इस सड़क पर जो गड्ढे बने हुए हैं उनको भरवा दिया जाये। क्या माननीय उप—मुख्यमंत्री महोदय मुझे यह आश्वासन देंगे ? बेशक उनको ईंटों या मिट्टी या रोड़ों से ही भरवा दें ताकि उस सड़क पर चलना आसान हो जाए।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने सदन में गड्ढों को भरवाने की बात रखी है तो इस पर मेरा कहना है कि हम उनको जरूर भरवाएंगे। वह एक हाई ट्रैफिक रोड है, इसलिए हम उसका काम जरूर करेंगे। अगले 6 महीने में इसकी डी.पी.आर. तैयार हो जाएगी और सारे सर्वे भी हो जाएंगे। मुझे उम्मीद है कि सवा साल में यानि कि वर्ष 2023 से पहले तक कुरूक्षेत्र से यमुनानगर रोड को चारमार्गीय करने का काम हम कर देंगे।

24.08.2021

198. तारांकित प्रश्न संख्या 1140 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— **** मेरा अनुरोध है कि इस तरह के जाम से छुटकारा पाने के लिए झाड़ली रेलवे क्रोसिंग पर जल्दी

**** मैं माननीय सदस्या को यह विश्वास दिला देता हूं कि हम इसको वर्ष 2022 के खत्म होने से पहले बना देंगे क्योंकि रेलवे का पोर्शन अलग है। एक साल तो ब्रिज बनने में लग जाता है। आज हम बात करें तो अगस्त

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	से जल्दी एक आर.ओ.बी. बनाया जाए जिसका आश्वासन मंत्री जी ने अपने लिखित जवाब में दिया है कि यह कार्य प्रशासनिक रूप से स्वीकृत किया गया है। इसके लिए तो मैं उनका धन्यवाद करती हूं। साथ ही जवाब में लिखा है कि निविदाएं शीघ्र ही आमंत्रित की जाएगी। माननीय मंत्री जी ये जरूर बता दें कि इस रेलवे क्रोसिंग पर आर.ओ.बी. कितने समय में बन जाएगा?	का महीना चल रहा है अगर हम 21 दिन का प्रोसैस भी फॉलो करेंगे तो भी इतना समय तो लग ही जाएगा लेकिन फिर भी हम इसको जल्द से जल्द कम्पलीट कराएंगे क्योंकि यह समस्या केवल मात्र चार–पांच गांव या सात–आठ उद्योगपतियों की नहीं है बल्कि यह समस्या उस पूरे रीजन की है। हमारा तो यह भी प्रयास है कि आने वाले दिनों में वहां जो भी अल्टरनेटिव रोड्ज हैं उनको भी रेलवे से टेकअप करके वहां भी आर.यू.बी. और आर.ओ.बी. की व्यवस्था करें जिससे उस पूरे एरिया के अन्दर ट्रैफिक व्यवस्था और बेहतर हो।		
		17.12.2021		
199.	मोहम्मद इलियास, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1416 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि पिनंगवा–पुन्हाना बाय–पास के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?	श्रीमान जी, वर्तमान में दोनों बाई–पास के निर्माण हेतू आवश्यक जमीन ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीदी जा रही है। पिनंगवा बाई–पास के लिए 93.72 प्रतिशत भू–स्वामियों की सहमति एवं पुन्हाना बाई–पास के लिए 73.23 प्रतिशत भू–स्वामियों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। दोनों बाई–पास के लिए भूमि		

खरीदने हेतू एजेंडा सचिवों की समिति (सी. ओ.एस.) की अगली बैठक में विचार व निर्णय के लिए रखा जाएगा।

निर्माण कार्य के लिए समय सीमा केवल भूमि के पूर्ण रुप से अधिकृत होने उपरान्त ही दी जा सकती है।

17.12.2021

200. डॉ. कमल गुप्ता, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 468 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि गत् वर्ष में हिसार शहर में सरकार द्वारा बन्द किए गए लेवल क्रासिंग की संख्या कितनी है तथा कितने लेवल क्रासिंग बन्द किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

हां, श्रीमान् जी, हिसार शहर में पिछले एक वर्ष में एक नंबर लेवल क्रासिंग अर्थात 4–ए जो बालसमंद डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ किलोमीटर 3/7–8 क्रॉसिंग दक्षिणी परिधि सड़क हिसार सदलपुर रेलवे लाइन पर बन्द कर दिया गया है। निकट भविष्य में सात नंबर लेवल क्रासिंग बन्द होने की संभावना है। इन सात नंबर लेवल क्रॉसिंग, में से चार नंबर लेवल क्रॉसिंग अर्थात 6 बी हिसार–मंगली–शरवा मार्ग, 89 रेवाड़ी भटिंडा रेलवे लाइन पर 139/7–8 किलोमीटर हिसार जिले में, 60 लेवल क्रासिंग हिसार जाखल खंड किलोमीटर 78/10–11(78/15–16) पर जिंदल चौक से सूर्य नगर तक हिसार जिले में और 88 रेवाड़ी भटिंडा रेलवे लाइन किलोमीटर 135/3–4 पर हिसार दक्षिणी बाय पास रोड (सातरोड के पास) हिसार जिले में रोड़ ओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। शेष

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		तीन नंबर लेवल क्रॉसिंग अर्थात 96 किलोमीटर 145/7–8 रेवाड़ी–भटिंडा रेलवे लाइन दक्षिणी परिधि रोड पर बालसमंद डिस्ट्रीब्यूटरी (स्टड फार्म के पास), 91 किलोमीटर 141/6–7 हिसार सदलपुर रेलवे लाइन पर डाबड़ा चौक पर निरंकारी भवन रोड (महाबीर कॉलोनी में रेलवे फाटक) और 1 किलोमीटर 141/6–7 हिसार जाखल रेलवे लाइन पर डाबड़ा चौक से निरंकारी भवन रोड (डाबड़ा चौक पर रेलवे फाटक) पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है।		
		17.12.2021		
201. श्रीमती शकुन्तला खटक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 556 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–		XXX (ख) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (चरण–3) के तहत गरनावठी मोड से काहनौर तक गांव गरनावठी, काकराना और सूझाना के माध्यम से 11.80 किलोमीटर की लम्बाई में सड़क का उन्नयन प्रस्तावित किया गया है और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार को रुपये 383.00 लाख की अनुमानित लागत की स्वीकृति के लिए भेजा गया है। मार्च 2022 तक स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।		
(क) क्या यह तथ्य है कि गरनावठी मोड से गरनावठी गांव तक की सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है; तथा				
(ख) यदि हां, तो उक्त सड़क को निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के				

विचाराधीन है तथा उक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है ?

भारत सरकार से स्वीकृति मिलने के तुरन्त बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

17.12.2021

202. मोहम्मद इलियास, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 570 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि पुन्हाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव सिकरावा से पुनहाना तथा गांव फारदारी से पुन्हाना की सड़क बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त सड़कों को पुनः कारपेट तथा चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त सड़कों के कब तक पुनः कारपेट तथा चौड़ा किये जाने की संभावना है ?

(क) हां श्रीमान् जी,

(ख) श्रीमान् जी, गांव पुन्हाना से सिकरावा तक सड़क और पुन्हाना से गांव कोट तक सड़क जिसमें गांव फारदारी से पुन्हाना तक सड़क खंड शामिल हैं इन सड़कों के पुर्ननिर्माण/चौड़ा करने का प्रस्ताव है।

पुन्हाना–सिकरावा सड़क के किलोमीटर 0.00 से किलोमीटर 9.83 तक पुर्ननिर्माण के साथ चौड़ा करने और सुदृढ़ीकरण के माध्यम से सुधार का कार्य आवंटित किया जा चुका है। कार्य प्रगति पर है और मई 2022 से पहले निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा होने की संभावना है।

गांव फारदारी से पुन्हाना तक की सड़क लगभग 7 किलोमीटर है और यह पुन्हाना से गांव कोट तक की सड़क का हिस्सा है और यह जनवरी 2023 तक पूरा होने की संभावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

17.12.2021

203. डॉ. कमल गुप्ता, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 469 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2020–21 में हिसार शहर में सरकार द्वारा कितनी चारमार्गीय सड़कें निर्मित की गई है तथा हिसार में अन्य चारमार्गीय सड़कें जिन्हें निर्मित किए जाने की संभावना है, का ब्यौरा क्या है?

श्रीमान् जी, हिसार शहर में चार–मार्गीय की दो सड़कों का निर्माण करवाया जा चुका है और एक अन्य चार–मार्गिय की सड़क के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जो इस प्रकार से है–

(क) हिसार शहर में चार– मार्गीय की दो सड़कों का निर्माण करवाया जा चुका है जो इस प्रकार से है–

(i) लक्ष्मीबाई चौक से मलिक चौक तक जिसकी लम्बाई 1.25 कि.मी. है। यह कार्य 213.77 लाख रुपये की लागत से संपूर्ण हुआ है। इस कार्य को दिनांक –14–07–2021 को पूर्ण कर दिया गया है।

(ii) डाबड़ा चौक से दक्षिणी पैरीफेरी सड़क तक जिसकी लम्बाई 2.220 कि.मी. है। यह कार्य 741.04 लाख रुपये की लागत से संपूर्ण हुआ है। इस कार्य को दिनांक 26–06–2021 को पूर्ण कर दिया गया है।

(ख) चार– मार्गीय की एक सड़क का निर्माण प्रगति पर है जो इस प्रकार से है:–
हिसार–मंगाली सहारवा सड़क जो दक्षिणी पैरीफेरी सड़क हिसार से हिसार शहर की सीमा तक का निर्माण (मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 18225 दिनांक 08–11–2016) जिसकी लम्बाई 2.73 कि.मी. का कार्य मैसर्ज हरियाणा बिल्डर्स, हिसार को अनुमानित लागत 1114.95 लाख रुपये में अलाट किया गया है। इस कार्य को दिनांक 22–12–2022 तक पूर्ण कर दिया जायेगा।

17.12.2021

204. श्री ईश्वर सिंह, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 494 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि चीका में हरियाणा की ओर से गांव पीडल पर बाय–पास का निर्माण कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

श्रीमान जी, अभी कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती क्योंकि भूमि खरीद की प्रक्रिया ई–भूमि पोर्टल के द्वारा प्रगति पर है। मोल–भाव के बाद भूमि के तयशुदा भाव अगली बैठक मे हाई पावर लैंड परचेज कमेटी के समक्ष रख दिए जाएंगे।

20.12.2021

205. तारांकित प्रश्न संख्या 1373 के संदर्भ में श्री लीला राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न:– अध्यक्ष महोदय, कैथल नाले की पटरी पर खनौरी सड़क से खुराना सड़क

**** दिनांक 2 फरवरी, 2021 को इस सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई थी। इरीगेशन चैनल पर यह सड़क बननी है और इसके लिये वन विभाग की अंतिम मंजूरी

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		पैंडिंग है। इस प्रश्न का जवाब सदन के पटल पर भी रख दिया गया है। इरीगेशन विभाग द वन विभाग का आपस में लगभग 13 लाख रुपये के आस–पास पैंडिग थे, वह भी हमारे विभाग द्वारा ट्रांसफर करवा दिये गये हैं। जैसे ही वन विभाग से अंतिम मंजूरी आ जायेगी, उसके बाद तुरंत संबंधित विभाग इसको टेकअप करेगा। इसकी समय–सीमा निर्धारित करना फॉरेस्ट डिपार्टमैंट की क्लीयरैंस पर डिपैंड करता है। जैसे ही फॉरेस्ट डिपार्टमैंट से क्लीयरैंस आ जायेगी उसके बाद टैंडर में जो टाइम एलोकेट किया हुआ है उससे भी पहले सड़क बनाने का काम करेंगे।		
		20.12.2021		
206.	तारांकित प्रश्न संख्या 1332 के संदर्भ में श्री सत्य प्रकाश जरावता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– जैसा कि उप–मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फ्लाई ओवर बनाने के लिए नैशनल हाइवे को प्रस्ताव भेजा हुआ है, यह बात मैं बहुत लम्बे समय से	**** जहां तक पंचगांव चौक की बात है यह ऑलरेडी क्लोवरलीफ है जो के.एम.पी. दिल्ली जयपुर हाईवे को कनैक्ट करती है। पिछले दिनों मैंने एन.एच.ए.आई. अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उन्होंने मुझे इसमें 30 दिन का टाइम दिया है कि 30 दिन के अंदर		

सुनता आ रहा हूं। ये फ्लाई ओवर कब तक बनने आरम्भ हो जायेंगे हमें यह बताया जाये क्योंकि वहां पर आये दिन कैजुअल्टी होती रहती है। एक यू टर्न के लिए 14 किलोमीटर दूर से घूमकर जाना पड़ता है। राठीवास भुड़का में जो फुट ओवर ब्रिज है उसकी वहां इतनी आवश्यकता नहीं है क्योंकि वहां पर फ्लाई ओवर की बहुत जरूरत है। एक फुट ओवर ब्रिज पंचगांव में रिक्वायर्ड है और उसको भी बनाने से मना कर दिया गया। इसी तरह से राठीवास भुड़का में फ्लाई ओवर रिक्वायर्ड है। मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि पंचगांव में फुट ओवर ब्रिज और उपरोक्त फ्लाई ओवर कब तक बना दिये जायेंगे।

जितने भी एंट्री एग्जिट प्वॉयंट्स दिल्ली जयपुर हाईवे और के.एम.पी. के बीच हैं। एन.एच.ए. आई. के स्कोप में आते हैं इसलिए इसको वे पूरी तरह से दुरुस्त भी करेंगे और मोटरेबल बनाने का काम भी करेंगे। जहां फुट ओवर ब्रिज की बात है। आज तक पंचगांव चौक के लिए कोई भी प्रपोजल हमारे पास नहीं आया है। अगर माननीय विधायक चाहेंगे तो जहां पर पोपूलेशन मुवमैंट ज्यादा है, वहां एन.एच. ए.आई. हर कदम पर फुट ओवर ब्रिज बनाने का काम करेंगे। स्पीकर सर, माननीय विधायक साथी का सवाल सारे का सारा सैंट्रल गवर्नमैंट अर्थात् एन.एच.ए.आई. से रिलेटिड है। इस हाईवे पर बावल एवं पटौदी दोनों कांस्टीचुएंसी में हैवी ट्रैफिक मूवमैंट्स के कारण वहां पर ट्रैफिक जाम भी लगता था, ये चार फ्लाई–ओवर बहुत लम्बे समय से पैंडिंग थे। अब ये चार के चार फ्लाई–ओवर मंजूर हो चुके हैं। जहां तक माननीय सदस्य पंचगांव चौक की बात कर रहे हैं कि वहां पर फुट–ओवर ब्रिज की बजाय फ्लाई–ओवर बनाया जाये इसका प्रपोजल भी हम एन.एच. ए.आई. को भिजवा देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

20.12.2021

207. श्रीमती शकुन्तला खटक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 557 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि गरनावाठी मोड से बालन्द तक सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त सड़क को निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है ?

(क) हाँ, श्रीमान जी।

(ख) सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य 100 मिलीमीटर की मोटाई का डी.बी.एम (घना बिटुमिनस मैकडैम) और 40 मिलीमीटर की मोटाई का बी.सी (बिटुनमिनस कंक्रीट) से कॉन्ट्रैक्च्युएल एजेंसी को 25.11.2021 को आवंटित किया गया है। कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 17.06.2022 है।

20.12.2021

208. मोहम्मद इलियास, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 571 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि जिला हिसार के गांव जखोड़ खेरा से माहालसरा वाया लाडवी सड़क बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक

नहीं श्रीमान् जी, जाखोद खेड़ा से महलसरा वाया लाडवी सड़क की वर्तमान स्थिति संतोषजनक है और इस सड़क का रख–रखाव पैच वर्क द्वारा किया जा रहा है।

(ख) इस सड़क का अंतिम रख–रखाव वर्ष 05/2017 को किया गया था। हरियाणा सड़क रख–रखाव नीति 2016 के अनुसार

मरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ?

209. श्री चिरंजीव राव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 526 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) 2014 से 2021 तक जिला रेवाड़ी में सरकार द्वारा निर्मित सड़कों की लम्बाई (किलोमीटर में) कितनी है; तथा

(ख) जिला रेवाड़ी में सरकार द्वारा निर्मित की जाने वाली संभावित नई सड़कों का ब्यौरा क्या है ?

इस सड़क की मुरम्मत/पुनःनिर्माण मई, 2022 के बाद किया जाना है।

20.12.2021

**** (ख) रेवाड़ी जिले में लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग द्वारा अनुमानित लागत 1440.64 लाख रुपए के साथ 12 नं0 नई सड़कें जिनकी लंबाई 21.38 कि0मी0 का निर्माण किए जाने की संभावना हैं। जिनका विवरण निम्नलिखित है:–

क्र. सं.	निर्वाचन क्षेत्र	सड़क/कार्य का नाम	लम्बाई (कि.मी.)	प्रशासकीय स्वीकृति (लाख रुपये में)
लोक निर्माण विभाग, रेवाड़ी:–				
1.	कोसली	रेवाड़ी जिले में गांव करावरा मानकपुरा से गांव नूरपुर तक नई सडक निर्माण करना	1.20	278.14
2.	कोसली	रेवाड़ी जिले में गांव नांगल कुमरोधा से गांव मोतला कलां तक नई सडक निर्माण करना	2.33	
3.	कोसली	रेवाड़ी जिले में गांव शादीपुर से जलाखा की ढाणी तक नई सड़क का निर्माण करना	1.50	
4.	कोसली	रेवाड़ी जिले में गांव झाल (एस के एन के) से नाहर जूऊडी (एच.एस.ए.एम.बी.) तक नई सड़क निर्माण करना	1.70	98.95
5.	बावल	रेवाड़ी जिले में गांव भरंगी राजगढ़ सडक से धारण फिरनी तक नई सडक निर्माण करना	0.90	876.14

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही		टिप्पणी
1	2	3	4		5
		6. बावल रेवाड़ी जिले में गांव कातूवास से बोलनी तक नई सड़क निर्माण करना	3.95		
		7. बावल रेवाड़ी जिले में गांव राजगढ से कुतीना तक नई सड़क निर्माण करना	1.83		
		8. बावल रेवाड़ी जिले में गांव खेरी मोतला वाटर वर्क्स से पीडब्ल्यू डी सड़क (गढी से बगथला) तक नई सड़क निर्माण करना	1.35		
		9. बावल रेवाड़ी जिले में रेवाडी कोटकासिम सड़क से गांव लोधाना कि.मी. 0.00 से 2.02 तक नई सड़क निर्माण करना	2.02		
		10. बावल रेवाड़ी जिले में गांव नन्दरामपुर बॉस जस्थल (एम बी) से नन्दरामपुर बॉस से गांव गढी बोलनी तक नई सड़क निर्माण करना	1.10		
		11. रेवाड़ी रेवाड़ी जिले में गांव कालूवास से हरिजन बस्ती गोकलगढ़ से गोकलगढ गांव की सीमा तक नई सड़क निर्माण करना	2.00	189.41	
		12. रेवाड़ी रेवाड़ी जिले में गांव बैरियावास से माजरा गुरदास तक नई सड़क निर्माण करना	1.50		
		कुल योग	21.38	1440.84	

20.12.2021

210. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 601 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि बल्लभगढ़ रेलवे फाटक पर दो मार्गी पुल पर भारी यातायात होने के कारण लोगों को लम्बे समय के लिए जाम का सामना करना पड़ता है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त पुल को चार मार्गी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक चारमार्गी किए जाने की संभावना है ?

****हां श्रीमान जी, मुम्बई–दिल्ली रेलवे लाईन पर बल्लभगढ़–पाली–धौज–सोहना मार्ग पर पड़ने वाले समपार संख्या 575 बी पर मौजूदा दो मार्गी पुल के विस्तार का प्रस्ताव है। पुल को दो मार्गी से चार मार्गी करने के लिए निजी भूमि की खरीद की आवश्यकता है जिसके लिए निजी भूमि मालिकों से सहमति ले ली गई है और हरियाणा सरकार की नीति "सरकार को विकास परियोजनाओं के लिए स्वेच्छा से भूमि की खरीद के लिए नीति " अनुसार जमीन खरीदने के लिए ई–भूमि पोर्टल पर डाल दिया गया है। जब तक जमीन के अधिगृहण का कार्य पूरा नहीं होता तब तक कार्य के शुरू होने का समय सुनिश्चित नहीं किया जा सकता।

21.12.2021

211. डॉ. कमल गुप्ता, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1293 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ऊपरी सड़क का निर्माण कर हिसार शहर की मुख्य दिल्ली रोड़ को यातायात जाम से मुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

हां, श्रीमान जी, व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए सरकार ने सलाहकार नियुक्त किया XX मुझे पूरी उम्मीद है कि वर्ष 2022 के अंदर जैसे ही इसकी डी.पी.आर. तैयार हो जायेगी तो माननीय संबंधित सदस्य को बुलाकर इसका शिलान्यास का काम करवा देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21.12.2021		
212.	तारांकित प्रश्न संख्या 1377 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय को बताना चाहता हूं कि रेवाड़ी से महेन्द्रगढ़ रोड स्टेट हाइवे–24 है। कौसली से कनीना का जो रोड है वह उसी हाइवे पर जाकर मिलता है। उस मार्ग पर वाहनों की तादाद काफी ज्यादा है। इसके अलावा डहीना से कनीना बाउंड्री तक बहुत ज्यादा एक्सीडैंट्स होते रहते हैं। कनीना की बाउंड्री से उन्हाणी दादरी मोड़ तक ट्रैफिक की बहुत ज्यादा भीड़ रहती है। वहां पर पूरा दिन जाम लगा रहता है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन है कि उस मार्ग को चारमार्गी किया जाए।	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिस रेवाड़ी से महेन्द्रगढ़ स्टेट हाइवे–24 की बात की है वह हाइवे ऑलरेडी एग्जिस्ट करता है। जहां तक माननीय सदस्य की दूसरी सड़क की बात है मैं आज ही आदेश करता हूं कि इसका ट्रैफिक डैंसिटी सर्वे अवश्य करवाया जाएगा।		

213. श्रीमती रेणु बाला, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1364 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि सढौरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों की निम्नलिखित सड़के क्षतिग्रस्त हो गई हैं :–

(i) चान्चक से संगौली;

(ii) मलिकपुर से जगधौली;

(iii) मुसीम्बल बस स्टैण्ड से राजपुरा वाया खुन्डेवाला;

(iv) कोटला से संगौली;

(v) मुस्तफाबाद से गंदापुरा;

(vi) मैहलांवाली से राष्ट्रीय राजमार्ग 73। कैल वाया काठवाला;

(vii) गुगलों से दराजपुर;

(viii) मघरपुरा से माली माजरा;

(ix) रूहला खेड़ी से गुगलों;

(x) खेड़ा फार्म से रटौली;

(xi) पिरथीपुर से गाड़वाली माजरा वाया काट्टरवाली, बनकट;

(xii) कान्हड़ी कलां से स्यालवा;

XX मलिकपुर से जगधौली धमगढ़ से जगधौली तक की सड़क एचएसएएमबी से संबंधित है जिसकी लंबाई 1.55 कि.मी. है। इस सड़क का निर्माण वर्ष 1996 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए प्रशासनिक स्वीकृति 16.89 लाख रुपये में दिनांक 18.11.2021 को दी गई है। कार्य ठेकेदार को आवंटित किया गया है और 31.08.2022 तक पूरा होने की संभावना है।

XX गुगलों से दराजपुर : यह सड़क एचएसएएमबी से संबंधित है। गुगलों से दराजपुर तक सड़क की लंबाई 1.53 कि.मी. है। इस सड़क का निर्माण वर्ष 1998 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए 20.89 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 18.11.2021 को प्रदान की गई। कार्य ठेकेदार को आवंटित किया गया है और दिनांक 31.08.2022 तक पूरा होने की संभावना है।

XX मघरपुरा से माली माजरा : मघरपुरा से मुस्तफाबाद रेलवे स्टेशन तक की सड़क एचएसएएमबी से संबंधित है जिसकी लंबाई 2.44 कि.मी. है। इस सड़क का निर्माण वर्ष 2002 के दौरान किया गया था। इस सड़क

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
(xiii) गधौली से खानपुर; (xiv) खानपुर से अकालगढ़ का माजरा; (xv) छप्पर से जगधौली वाया कलावड़; तथा (ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों को पुनर्निर्मित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाये गए या उठाये जाने की संभावना है तथा उपरोक्त सड़कों के कब तक पुनर्निर्मित किए जाने की संभावना है?		की विशेष मरम्मत के लिए 104.22 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 15.12.2021 को प्रदान की गई है। इसके लिए एचएसएबीएम द्वारा 14.01.2022 के लिए निविदा आमंत्रित की गई है और कार्य 2022–23 के दौरान पूरा होने की संभावना है। XX रूहला खेड़ी से गुगलों : रूहला खेड़ी से सुढैल तक की सड़क एचएसएएमबी से संबंधित है, जिसकी लंबाई 1.51 कि.मी. है। सड़क का निर्माण वर्ष 2003 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए 14.96 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है और निविदा दिनांक 29.12.2021 के लिए आमंत्रित की गई है। XX पिरथीपुर से गाड़वाली माजरा वाया काट्टरवाली, बनकट रू गाड़वाली माजरा से काट्टरवाली, बनकट सड़क की लंबाई 5.30 कि.मी. है। इस सड़क की पक्की चौड़ाई 3.66 मीटर है। सरकार द्वारा इस सड़क की चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के माध्यम से विशेष मरम्मत के लिए 909.06 लाख रुपये		

की प्रशासनिक स्वीकृति पत्र क्रमांक 9/459/2021–3बीएण्डआर(डब्ल्यू) दिनांक 09.09.2021 के द्वारा नाबार्ड आरआईडीएफ–XVII योजना के तहत प्रदान की गई है। निविदा ठेकेदार को 08.12.2021 को 9 महीने की समय सीमा के साथ आवंटित की गई है।

XX कान्हड़ी कलां से स्यिालवारू कान्हड़ी कलां से स्यिालवा तक की सड़क एचएसएएमबी से संबंधित है, जिसकी लंबाई 2.10 कि.मी. है। इस सड़क का निर्माण वर्ष 2007 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए 33.57 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 15.12.2021 को प्रदान की गई है। इसके लिए निविदा दिनांक 14.01.2022 को आमंत्रित की गई है और कार्य 2022–23 के दौरान पूरा होने की संभावना है।

XX गधौली से खानपुररू गधौली से खानपुर तक की सड़क एचएसएएमबी से संबंधित है, जिसकी लंबाई 2.29 कि.मी. है। इस सड़क का निर्माण वर्ष 2002 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए 68.35 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 15.12.2021 को प्रदान की गई है। इसके लिए एचएसएएमबी द्वारा 14.01.2022 को निविदा आमंत्रित की गई है और काम

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		2022–23 के दौरान पूरा होने की संभावना है। XX अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से माननीय सदस्या को आश्वस्त करना चाहूंगा कि इनके क्षेत्र की जो 9 सड़कें पिछले 3–4 महीने से डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड से बाहर आ चुकी हैं, का दोबारा से सर्वे करवाकर उनको एडमिनिस्ट्रेव एप्रूवल देने का काम किया जायेगा। 21.12.2021		
214. श्री जगबीर सिंह मलिक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 550 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निम्न सड़कें जो कि जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, मुरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; (i) गांव बरवासनी से लोहारी टीबा; (ii) गांव बरवासनी से गांव बागरू; (iii) गांव बरोता से गांव गामरी;		गांव बड़वासनी से लोहारी टिब्बाः– इस सड़क की कुल लम्बाई 15.19 कि.मी. है व इस सड़क का कार्य पी0एम0जी0एस0वाई चरण–III (बैच–II) के तहत प्रगति पर है और मार्च 2022 तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है। XX गांव बारोठा से गांव गामड़ी :– यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सोनीपत से संबधित है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सोनीपत द्वारा सूचित किया गया है कि विशेष मरम्मत कार्य का ठेका दिनांक 08.12.2021 को एजेंसी को आवंटित		

(iv) रोहत पुल से खुबरू पुल तक पश्चिमी यमुना नहर पार सड़क;

(v) गांव तिहार मलिक से मैंसवाला कलां;

(vi) गांव खानपुर कलां से शामरी;

(vii) गांव खानपुर से बजाना कलां;

(viii) गांव मुंडलाना से खानपुर कलां;

(ix) गांव हुला खेड़ी, करेवाड़ी को जोड़ने वाली सड़क; तथा

(x) सोनीपत सड़क से गांव चिताना?

कर दिया गया है और 30.04.2022 तक कार्य पूरा होने की संभावना है। XX रोहट पुल से खुबड़ू पुल तक पश्चिम यमुना नहर पर सड़क:—इस सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम (एचएसआरडीसी) को सौंपा गया है। XX कार्य के लिए निविदा एचएसआरडीसी द्वारा 26.11.2021 को प्राप्त कर ली गई है और यह कार्य आबंटन की प्रक्रिया में है। XX गांव तिहाड़ मलिक से मैंसवाल कलां :— यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सोनीपत से संबंधित है। XX वार्षिक मरम्मत के तहत पैच का काम 31.03.2022 तक फिरनी हिस्से को छोड़कर पूरा होने की संम्भवना है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सोनीपत द्वारा दोनों गांवों में फिरनी हिस्से की विशेष मरम्मत का कार्य अगले वित्तीय वर्ष यानी 2022—23 में किया जाएगा। XX गांव खानपुर कलां से शामड़ी :—XX इस सड़क का सुधार किया जा रहा है। कार्य प्रगति पर है और मार्च, 2022 तक पूरा होने की संभावना है। XX गांव मुंडलाना से खानपुर कलां :— यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सोनीपत से संबंधित है। इस सड़क की लंबाई 5.70 कि.मी. है। समय बीतने के साथ कुछ पैच सड़क पर विकसित हो गए हैं और वार्षिक मरम्मत के

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		तहत पैच का काम 31.03.2022 तक पूरा होने की संभावना है। XX गांव हुला हेड़ी, करेवड़ी को जोड़ने वाली सड़क :– पीएमजीएसवाई चरण– III (बैच–III) के तहत गांव हुला खेड़ी की लिंक रोड में सुधार किया जा रहा है। इस सड़क की कुल लंबाई 15.19 कि.मी. है। कार्य प्रगति पर है और मार्च, 2022 तक पूरा होने की संभावना है। XX सोनीपत सड़क से गांव चिटाना :– इस सड़क की लंबाई 2.80 कि.मी. है। नियमित पैच वर्क द्वारा सड़क का रखरखाव किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए 159.24 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति अतिरिक्त मुख्य सचिव ज्ञापन संख्या 09/454/2021–3 बी एंड आर (डब्ल्यू) दिनांक 30.09.2021 के माध्यम से प्राप्त हुई थी और तदनुसार विस्तृत अनुमान और निविदा आमंत्रित करने की विस्तृत सूचना का कार्य प्रगति पर है।		
		22.12.2021		
215. तारांकित प्रश्न संख्या–1317 के संदर्भ में श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अनुपूरक		अध्यक्ष महोदय, अगर कोई कार्य रूका हुआ होगा तो उसको एग्जामिन करवाकर उसके		

प्रश्नः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को यह बताना चाहूंगा कि सफीदों शहर के अंदर रोड का एक साल से कार्य रूका हुआ है। वहां आधा काम हो चुका है और आधा रूका हुआ है। यह मैं सफीदों शहर से लेकर हांसी ब्रांच तक की सड़क की बात कर रहा हूं।

22.12.2021

216. श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 529 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैः–

(i) काजमपुर से भरोली;

(ii) XXX

(iii) बागवाली से बागवाला;

(iv) XXX

(v) XXX

(vi) टोका से दुदगढ़; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों को कब तक पुनः कार्पेट/मरम्मत किए जाने की संभावना है?

XXX

(i) काजमपुर से भरोलीः– काजमपुर से भरोली तक का मार्ग पंचकूला जिले में टिक्करताल से रायपुरानी वाया कैम्बवाला–मुरादनगर लिंक रोड़ पर पड़ता है, जिसकी लम्बाई 14.58 कि. मी. है। इस सड़क को 5.50/3.66 मीटर से 7.00 मीटर तक पक्का चौड़ा और मजबूत करने के लिए निविदा 08/2021 को 18 महीने की समय सीमा के साथ ठेकेदार को आवंटित की जा चुकी है। वन विभाग से मजूंरी का इंतजार है और उसके मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। XXX

(iii) बागवाली से बागवालाः– गांव बागवाला से बागवाली तक लिंक सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से सम्बन्धित है। इस सड़क की कुल लम्बाई 1.75 कि.मी. है और इसका ऊपर कार्यवाही करने का काम किया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		निर्माण वर्ष 2002 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मुरम्मत के लिए 47.16 लाख रूपये की प्रशसनिक अनुमति दिनांक 15.12.2021 को दी गई है। इसके लिए 14.01.2022 को निविदा आमन्त्रित की गई है और यह कार्य वर्ष 2022–23 के दौरान पूरा होने की सम्भावना है। XXX (vi) टोका से दूदगढ़:–टोका से सबीलपुर तक लिंक रोड़ की लम्बाई 11.72 कि.मी. है, जिसकी पक्की चौडाई 5.50 मीटर है। मरम्मत की अन्तिम तिथि 05/2017 की थी और दोष दायित्व अवधि 05/2021 को समाप्त कर दी गई थी। फिलहाल पैचवर्क के द्वारा सड़क को यातायात योग्य बनाया गया है। सबीलपुर से खेतपुराली तक की सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से सम्बन्धित है। सड़क की लम्बाई 0.57 कि.मी. है जिसका 1994 के दौरान निर्माण किया गया था। इस सड़क की विशेष मुरम्मत के लिए 32.45 लाख रुपये की प्रशासनिक अनुमति दिनांक 16.12.2021 स्वीकृत किये गए हैं।		

इसके लिए 17.01.2022 को निविदा आमन्त्रित की गई है और यह कार्य वर्ष 2022–23 के दौरान पूरा होने की सम्भावना है। XXX

22.12.2021

217. श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 530 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त है:–

(i) XXX

(ii) XXX

(iii) XXX

(iv) कालका मंदिर से मलाह चौंक; तथा

(ख) XXX

XXX

(iv) कालका मंदिर से मलाह चौंक:– कालका मंदिर से मलाह चौंक तक सड़क की कुल लम्बाई 6.70 कि.मी. है। सड़क का अंतिम मरम्मत 07/2015 के दौरान किया गया था। सड़क की पक्की चौड़ाई 9.20 मीटर और 12 मीटर है। सड़क की दोष दायित्व अवधि 30.08.2019 को समाप्त कर दी गई थी। वर्तमान में सड़क संतोषजनक स्थिति में है। इसके अलावा इस सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार द्वारा यादि क्रमांक 09/695 /2021–3 बी एण्ड आर (डब्ल्यू) दिनांक 06.12.2021 के तहत 1470.97 लाख रुपये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें 50 मि.मी. डी.बी.एम व 30 मि.मी. बी.सी. का प्रावधान किया गया है। जिसका विस्तृत अनुमान और डीएनआईटी तैयार किए जा रहे है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		02.03.2020		
218.	तारांकित प्रश्न संख्या–150 के संदर्भ में श्री धर्म सिंह छोक्कर एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: अध्यक्ष महोदय, मैं कोई नया पुल बनवाने की मांग नहीं कर रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि जो पुल बने हुए हैं उनसे नैशनल हाइवे की तरफ जाने वाला रोड़ सिंगल है । वहां पर ट्रैफिक बहुत ज्यादा है, इसलिए उस रोड को फॉरलेन बनाकर स्टेट हाइवे का दर्जा दिया जाए। इसके अलावा गांव मनाना और गांव चुल्काना में जो रेलवे क्रॉसिंग्स हैं, को क्रॉस करने वाले रोड को आगे नैशनल हाइवे तक मिला दिया जाए।	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने शायद बजट को पूरा नहीं पढ़ा है। हमारी सरकार ने पहले ही यह निर्णय ले लिया है कि प्रदेश में अगर कोई भी एन.डी.आर. स्टेट हाइवे होगा तो उसको फाटक मुक्त किया जाएगा। इसके अलावा माननीय सदस्य जिस सड़क की बात कर रहे हैं उसको भी 10 मीटर चौड़ी करने का प्रपोजल ऑलरेडी हमारी सरकार के पास है।		
		02.03.2022		
219.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	रेल कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए के.एम.पी. के साथ–साथ 5,618 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले "हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर" हेतू भूमि अर्जन का कार्य चल रहा है। करनाल–यमुनानगर रेलवे लाइन स्थापित करने की प्रारम्भिक कार्यवाही की जा रही है।		

220. तारांकित प्रश्न संख्या 1682 के संदर्भ में श्री संजय सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मेरे सोहना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पंचगांव से मोहम्मदपुर—तावडू तक मिलिट्री इजीनियरिंग सर्विसिज (एम.ई.एस.) की सड़क है और वहां पर एयरफोर्स स्टेशन बना हुआ है। मैं माननीय उपमुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं और मैं इनसे रिक्वैस्ट भी करता हूं कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी बनाया जाये क्योंकि यहां पर करीब 2 दर्जन गांव इस सड़क का यूज करते हैं और काफी बड़ा क्षेत्र इससे जुड़ा हुआ है। हमारे जो सैन्य कर्मचारी हैं जब वे अपनी छुट्टी काटकर यहां आते हैं तो उनको पंचगांव से पैदल ही काफी लम्बा सफर तय करना पड़ता है क्योंकि न तो वहां पर रोडवेज बस की कोई व्यवस्था है और न ही सड़क पर किसी प्रकार के साधनों की आवाजाही है इसलिए इन कर्मचारियों के लिए साधन वगैरह की व्यवस्था की जा सके इसलिए मेरी माननीय उपमुख्यमंत्री जी से रिक्वैस्ट है कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी समय सीमा तय करके बनाया जाये।

अध्यक्ष महोदय, जो मिलिट्री इजीनियरिंग सर्विसिज (एम.ई.एस.) की सड़कें हैं। उसके लिए सैंटर से निरन्तर फंड आते हैं पिछले दिनों हमने केन्द्र सरकार से भी इस बारे में चर्चा की और एक एम.ओ.यू. केन्द्र सरकार की डिफैंस मिनिस्ट्री और प्रदेश सरकार के बीच में साइन हुआ था कि वे सड़क के निर्माण के लिए फंड एलोकेट करेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा इस सड़क को बनाने का काम तुरन्त किया जायेगा। उसके बाद हमारे केन्द्र सरकार से निरन्तर पत्राचार भी हुए हैं मगर केन्द्र से फंड एलोकेशन होनी थी उसमें डिले हुआ है। मैं माननीय सदस्य को एश्योर करता हूं कि अगले 15 दिन के अंदर केन्द्र से हमारे पास फंड नहीं आते हैं तो इसको हम स्टेट हैड में टेकअप करेंगे, क्योंकि पंचगांव से तावडू की तरफ जाने का यह अहम रास्ता है और पुरानी सड़क भी है, इसके बीच अनेक गांव लगते हैं। अगर 15 दिन के अंदर केन्द्र हमें फंड नहीं एलोकेट करता है तो उसको तुरन्त स्टेट हैड से टैकअप करके स्पैशल रिपेयर ही नहीं बल्कि इसको दोबारा से स्ट्रैन्थन भी करेंगे और इस सड़क को बनाने का भी काम करेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
221.	श्री बिशन लाल सैनी, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1759 क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है गांव चमरौड़ी से सिल्ली तक सड़क बनाने के लिए निविदा जारी की गई है तथा कार्य भी आबंटित किया गया है परंतु ठेकेदार कार्य नही कर रहा है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ? तारांकित प्रश्न संख्या 1759 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि मेरे यहां पर सड़क बनाने के लिए ठेकेदार को जो वर्क अलॉट किया गया है, इस काम को दिए हुए काफी समय बीत चुका है। जब यह ठेकेदार काम नहीं करना चाहता है तो इस ठेकेदार के कांट्रैक्ट को कैंसिल कर दिया जाना चाहिए और इस काम को किसी और कांट्रैक्टर को दे दिया जाना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, यह	03.03.2022. हां श्रीमान जी, ठेकेदार कार्य को निष्पादित करने में विफल हो चुका है तथा विभाग द्वारा जारी कई पत्रों का उत्तर नहीं दिया है। अब, कार्यकारी अभियंता, यमुना नगर द्वारा कार्य अनुबंध समाप्त करने का नोटिस उन्हें जारी किया है तथा तदानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। 3.3.2022. अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की जो क्यूरी है, मैं उसको पूरी तरह से जायज मानता हूँ। कोविड के दो फेसिज में इस एजेंसी ने सरकार से समय मांगा था। यह कार्य 2019 में अलॉट किया गया था। बीच में इस एजेंसी के ठेकेदार के परिवार में भी कोई ट्रेजडी हुई थी। कल भी टाइम एक्सटेंड बारे हमें एक पत्र प्राप्त हुआ है लेकिन इन सबके बावजूद कल शाम को इस एजेंसी का कांट्रैक्ट कैंसिल कर दिया गया है। इसके साथ ही मैं माननीय सदस्य को विश्वास दिलाता हूँ कि अगले 30 दिन में		

ठेकेदार तो यह भी कहता है कि उसको हरियाणा में बहुत सारे ठेके मिले हुए हैं। पहले दूसरे काम करूंगा उसके बाद इस काम को करूंगा और यह भी कहता है कि वह करनाल का रहने वाला है। मेरा आज सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इस सारे मामले की तह तक जाया जाये। अध्यक्ष महोदय, आज मेरे यहां पर लोग बहुत तकलीफ में हैं। रादौर का जो हलका है, वह विशेष रूप से माइनिंग से संबंधित है और यहां पर सड़क की जो इतनी बुरी हालत है इसे लोगों को बहुत कष्टों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के ई.आई.सी. भी इस सड़क का हाल देखकर आये हैं। इस बात को हुए भी 7–8 महीने का समय बीत चुका है लेकिन बावजूद इसके अभी तक इस दिशा में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। अब मैंने इस समस्या के बारे में सदन में सवाल लगाया है और माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय ने उसका जवाब दे दिया है, ऐसा लगता है कि बात यहीं पर खत्म हो गई है। अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि सरकार को इस विषय पर जल्द से जल्द संज्ञान नया टैंडर फ्लोट करके नये कांट्रैक्टर को वर्क अलॉट कर दिया जायेगा और इसके अगले 7 से 9 महीने की समयावधि में यह जो वर्ष 2019 से लेकर 2022 तक की काम की पैंडेंसी है, उसको एक साल की समयावधि पूरा करने का काम किया जायेगा।

3.3.2022.

अध्यक्ष महोदय, प्रोपर टाइमलाइन के हिसाब से अगर कोई भी वर्क अलॉट किया जाता है तो 9 महीने का मिनिमम टाइम तो जरूर दिया ही जाता है लेकिन बावजूद इसके मैं ऑन द फ्लोर ऑफ द हाउस यह एश्योरैंस देता हूँ कि एक महीने के अंदर टैंडर प्रक्रिया को शुरू करके 6 महीने में इस कार्य को पूरा कंप्लीट करा देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	लेते हुए कार्रवाई करने की जरूरत है। तारांकित प्रश्न संख्या 1759 के संदर्भ में श्री बिशन लाल सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, माननीय उप—मुख्यमंत्री जी 7 से 9 महीने की समयावधि की बात कर रहे हैं। मेरा अनुरोध है कि ऐसा नहीं किया जाना चाहिए और जल्द से जल्द इस काम को पूरा किया जाये। कम से कम यहां पर रोडी—बजरी—रेता वगैरह तो जल्द से जल्द गिरवा दिया जाये ताकि लोगों को अहसास हो जाये कि जल्द से जल्द इस सड़क का काम होने वाला है। (हंसी)			
222.	तारांकित प्रश्न संख्या 1557 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, इसराना एक बड़ा शहर है। यदि एक दिन भी बारिश हो जाती है तो लगभग डेढ़ महीने तक तकरीबन सभी को पानी में से ही गुजरना	3.3.2022. अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात सदन के पटल पर रखी है वह सही है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को भी यह बताना चाहता हूँ कि इसराना की जिस पैच की बात सदन के पटल पर रख रहे हैं वह ड्रेन नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के		

पड़ता है। यह हमारे इसराना के लिए बड़ी भारी दिक्कत है। कई बार तो ऐसा हो जाता है कि एक फ्लाई ओवर के दोनों तरफ सर्विस रोड पर पानी की वजह से एक भी कोई साधन फंस जाता है तो बाकी के साधनों में जो भी आदमी होते हैं उनको पानी में ही उतरना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, यदि सरकार ने यह समस्या खत्म करनी है और लोगों का समाधान करना है तो इसके लिये जरूर कोई न कोई समय–सीमा निर्धारित करनी ही चाहिए। यह हमारे क्षेत्र के लोगों की बहुत बड़ी डिमाण्ड है और इस समस्या का समाधान होना हमारे लिये बहुत जरूरी है।

अंडर है और हम नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इण्डिया को इस संबंध में लिखकर देने का काम करेंगे। इसके साथ–साथ क्योंकि ड्रेन में ब्लॉकेज हैं और उसकी सफाई का प्रावधान एन.एच.ए.आई. की तरफ से आज तक कोई परपोज़ल नहीं आया है। अध्यक्ष महोदय, हम इसराना में हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट अथॉरिटी के माध्यम से चौधरी देवी लाल मॉडल कॉलोनी बनाने का भी काम कर रहे हैं। यह हरियाणा का ही नहीं बल्कि देश का पहला रूरल डिवैल्पस सेक्टर इसराना में आयेगा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को इंश्योर करता हूँ कि उसकी स्टेट फंड से तुरंत प्रभाव से सफाई भी करवायेंगे और एन.एच.ए.आई. से लैवलिंग की कोई दिक्कत है तो उसको तुरंत टेकअप करके रेक्टिफाई कराने का काम भी करेंगे ताकि आने वाले भविष्य के अंदर न तो वहां पर पानी खड़ा हो और ड्रेन के माध्यम से कोई ऐसी जगह जहां पर पानी की प्रॉपर निकासी हो उसकी कनेक्टिविटी भी बनायेंगे।

श्रीअध्यक्ष महोदय, हम अगले एक महीने के अंदर–अंदर पूरी ड्रेन की सफाई करवाने का काम करेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

3.3.2022.

223. श्री इंदुराज नरवाल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 617 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि गोहाना शहर में महम सड़क तथा बड़ोदा सड़क पर निर्मित किए जाने वाले रेलवे उपरि पुलों के निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए और जिसके लिए गत् 2 वर्षों से सर्वेक्षण किया जा रहा है तथा इन उपरि पुलों के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

श्रीमान जी,

(i) महम रोड़ पर एलसी–29 पर पड़ने वाले प्रस्तावित रेलवे उपरगामी पुल जी.ए.डी. को मंजूरी के लिए रेलवे के पास भेजा गया है। रेलवे से इस उपरगामी पुल को पिंक बुक में शामिल करने का भी अनुरोध किया गया है।

(ii) बड़ौदा रोड पर एल.सी.–30 पर पड़ने वाले प्रस्तावित रेलवे उपरगामी पुल जी. ए.डी. तैयार की जा रही है। हालांकि, प्रस्तावित उपरगामी पुल को पिंक बुक में शामिल करने के लिए रेलवे प्राधिकरण को अलग से अनुरोध भेजा गया है। जैसे ही रेलवे द्वारा दोनों उपरगामी पुलों को स्वीकृत करके पिंक बुक में शामिल किया जाएगा, पुलों का काम शुरू कर दिया जाएगा।

3.3.2022.

224. श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 658 क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गांव पिल्लूखेड़ा मण्डी से जींद–पानीपत सड़क की मुरम्मत/पुन निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़क के कब तक मुरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

XXX (2) पिल्लूखेड़ा मण्डी से तलौडा खेड़ी (शहीद सौरम गर्ग मार्ग) को जोड़ने वाली हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़क की लम्बाई 2.08 कि.मी. है और इसका निर्माण वर्ष 2009 के दौरान किया गया था। इस सड़क पर अन्तिम विशेष मुरम्मत मार्च 2019 के दौरान की गई थी, समय बीतने के साथ और बरसात के मौसम के कारण इस सड़क पर कुछ पैच विकसित हो गए हैं। पैचवर्क 31.03.2022 तक पूरा होने की सम्भावना है।

3.3.2022.

225. श्री कुलदीप वत्स, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 633 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या बादली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नए मिनी सचिवालय भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त भवन के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

श्रीमान् जी, बादली विधानसभा क्षेत्र में उपमण्डल भवन निर्माणाधीन है और इसका निर्माण कार्य 17.10.2023 तक पूरा होने की सम्भावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		4.03.2022.		
226.	तारांकित प्रश्न संख्या 1665 के संदर्भ में श्री मेवा सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से रिकवैस्ट करूंगा कि हमारे जिले की सड़कों की अनदेखी की जा रही है। कुरूक्षेत्र और यमुनानगर जिले की सड़कों की बहुत दयनीय हालत है । हमारे प्रश्न के 'हां' में जवाब सुनने के लिए हमारे कान तरस गए हैं। हम जब भी कोई प्रश्न लगाते हैं तो उसका हमें 'ना' में ही जवाब मिलता है। मेरा अनुरोध है कि हमारे प्रश्नों का भी 'हां' में जवाब दिया जाए। कोई चाहे कुरूक्षेत्र जाकर पिपली–यमुनानगर सड़क की हालत देख ले। लाडवा में सड़कों पर सारा दिन जाम लगा रहता है । पिछले 2 सालों से हमारे एक भी काम की 'हां' नहीं की गई है।	अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि आज के दिन माननीय सदस्य ने जिस सड़क की बात की है हम उसकी कंडीशन विद इन वन वीक चैक करवा लेंगे । हम अगले एक महीने के अन्दर उसका ट्रैफिक सैंसस करवा लेंगे। उसके बाद देख लेंगे कि उसको वाइडन करने की जरूरत है या स्ट्रैंथन करने की जरूरत है। मैं यह आश्वासन देता हूं कि हम अगले डेढ़ महीने में डिटेल्ड रिपोर्ट दे देंगे। मेरे संज्ञान में यह भी आया है कि यह सड़क लास्ट टाइम वर्ष 2016 में रिपेयर हुई थी जोकि 5 साल की डी.एल.पी. को भी पार कर चुकी है। यह मेरी ऐश्योरैंस है कि हम इसको स्ट्रैंथन भी करेंगे और इस वित्त वर्ष 2022–2023 में वाइडन करने का भी काम करेंगे।		

7.03.2022.

227. तारांकित प्रश्न संख्या 1667 के सन्दर्भ में श्री विनोद भ्याणा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः गग अध्यक्ष महोदय, हांसी से उमरा तक की सड़क की बहुत खराब हालत है। अतः माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन है कि कृपा करके इस सड़क की अच्छी तरह से जांच करायें और इस सड़क को बनवाने का कार्य करें।

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की पीड़ा समझ सकता हूँ। एम.डी.आर. 108 से लेकर एन.एच. 9 तक की कनेक्टिविटी की जो रोड है, इसका डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड 31 दिसम्बर, 2021 को एक्सपॉयर हुआ है और अभी पिछले दो महीने से इसकी रखवाली करने वाला कोई नहीं बचा है। अब हम इसका ट्रैफिक सैंसस भी करवा लेते हैं और मैं एश्योर करता हूँ कि 30 दिन के अंदर जैसे ही रिपोर्ट आयेगी, हम इसे उठा लेंगे।

7.3.2022.

228. तारांकित प्रश्न संख्या 1701 के सन्दर्भ में श्री जगदीश नायर, द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न था कि क्या होडल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के हसनपुर शहर में बाई–पास निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है, के संदर्भ में माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय ने नही में जवाब दे दिया। अध्यक्ष महोदय, यह शहर यमुना नदी के किनारे पर बसा हुआ है और इसके बीच में से जो सड़क गुजरती है, उस पर हमेशा जाम लगा रहता है और

अध्यक्ष महोदय, हम इसका डिटेल्ड सर्वे दोबारा से करवा देंगे और उसकी रिपोर्ट भी माननीय सदस्य के पास भेज देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

जाम की वजह से वहां पर यात्री एक–एक दो–दो घंटे फंसे रहते हैं। गग यह बाईपास लिखी गांव से जाकर सतुआगढ़ी गांव से घूमेगा और माहौली रोड से घूमकर सनौली को क्रॉस करके यह होडल–हसनपुर रोड तक जायेगा। इससे शहर के ट्रैफिक का दबाव कम हो जायेगा। मैं माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूंगा कि मेरी मांग पर विचार करें और इसकी स्कीम बनाकर मंजूरी देने का काम करे।

7.3.2022

229. तारांकित प्रश्न संख्या 1701 के सन्दर्भ में श्री दीपक मंगला, द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा सप्लीमैंट्री प्रश्न इसी से संबंधित है। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात सदन के पटल पर रखी है वह सही है। यह बाईपास केवल होडल के लिये ही नहीं बल्कि वहां पर मल मास में बृज–84 कोस की परिक्रमा भी चलती अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बात सदन के पटल पर रखी है, मेरा उसके संबंध में यह कहना है कि पाटन ब्रिज जो उत्तर प्रदेश को कनैक्ट करता है, वह भी हसनपुर जाता है। पलवल से हसनपुर रोड का भी इंटर चेंज है, होडल से हसनपुर रोड का भी यहां पर इंटर चेंज है। बावनी खेड़ा–हसनपुर और हसनपुर–जटौली रोड, ये पांच जंक्शंज शहर के अलग–अलग कोनों में मिलते हैं। अध्यक्ष

है। जिसके कारण पूरे हरियाणा से ही नहीं बल्कि पूरे देश भर से लाखों की संख्या में श्रृदालु वहां आते–जाते हैं। इस प्रकार से यह बाईपास बनना हमारे लिये और भी जरूरी है। यह समस्या होडल की ही नहीं बल्कि आप–पास के जिलों की भी भारी समस्या है।

महोदय, हम दोबारा से ट्रैफिक सैंसस करवा लेंगे, इसका जो डाटा होगा उसको देखते हुए सरकार आने वाले भविष्य के हिसाब से निर्णय लेगी।

14.03.2022.

230. तारांकित प्रश्न संख्या–1610 के संदर्भ में राव दान सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि जिस समय हरियाणा बना था, उस समय सात जिलों में से महेन्द्रगढ़ एक जिला था और आज भी है। उस समय से लेकर आज तक महेन्द्रगढ़ शहर में बाई–पास या रिंग रोड की मांग रही है। महेन्द्रगढ़ शहर पांच कस्बों नारनौल, सतनाली, दादरी, कनीना और अटेली को जाने वाली सड़कों को जोड़ता है। इसमें कहीं भी आपको एक फ्लाई ओवर के अलावा जाने का कोई रास्ता नहीं है। आने वाला 158 बी और 152 डी नैशनल हाईवेज महेन्द्रगढ़ से निकलेंगे। उनका ट्रैफिक का प्रैशर महेन्द्रगढ़ शहर पर रहेगा। इस शहर की एक्सपेंशन कहीं भी

XX अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य के पिछले एक हफ्ते पहले के सवाल पर मैंने जवाब दिया था कि हमने स्टेट की तरफ से एक प्रपोजल भेजी है जिसमें हिसार, तोशाम, बाढ़ड़ा, सतनाली, महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी तक नया हाईवे बनाने की बात कही गई है और उस हाईवे को रिवाड़ी से तावडू जो नैशनल हाईवे बन रहा है उसको के.एम.पी पर कनेक्टीविटी दी जाये। माननीय नितिन गडकरी जी ने 9 तारीख को इसके बारे में अनाउसमैंट भी कर दी है और डी.पी.आर. बनाने के लिए अधिकारियों को आदेश भी दे दिये गये हैं। अध्यक्ष महोदय, जिस दिन यह प्रपोजड हाईवे बन जायेगा। जैसा माननीय सदस्य ने कहा कि पांच शहरों का जंक्शन वहां बनता है, ओटोमैटिकली उसके बनने से हैवी लोड ट्रैफिक डायवर्ट हो जायेगा । क्योंकि सतनाली की पहाड़ी से हम

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	नजर नहीं आ रही है। मेरे हल्के के ही नांगल सिरोही गांव में भी बाई–पास दे दिया गया है फिर महेन्द्रगढ़ शहर में रिंग रोड या बाई–पास देने में क्या दिक्कत है?	उतरेंगे तो वह प्रपोज्ड हाईवे महेन्द्रगढ़ शहर को क्रोस करेगा। उसके लिए एक्वीजिशन भी होगी और उसमें नया बाई–पास भी प्रस्तावित होगा।		
		14.03.2022.		
231.	तारांकित प्रश्न संख्या–1548 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, यह काम वर्ष 2016 से हो रहा है। मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी से जानना चाहती हूं कि जो इन्होंने 134 करोड़ रुपये एप्रूव करने की बात कही है वह कौन से पोर्शन की बात कही है क्योंकि हमारा फॉरलेन इन दि इंटरनल रोड्ज ऑफ दि सिटी के सारे ऐस्टीमेट्स पैंडिंग हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' में झज्जर अछूता रह रहा है इसलिए उप मुख्यमंत्री जी कृपा मुझे यह बता दें कि ये 134 करोड़ की अप्रूवल किस रोड के लिए है। इन्होंने जो कमेटी बनाने की	XX अध्यक्ष महोदय, जैसा कि माननीय सदस्या को हमने बताया है कि झज्जर से छुछकवास रोड की जो पैच है उसका अक्टूबर 2022 तक डी.एल.पी. है उसको अलग से टेकअप किया जाएगा। यह जो पोर्सन टेकअप किया जाएगा वह गांव छुछकवास से बहू तक का पैच है जिसकी 134 करोड़ रुपये की एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल दे दी गई है। जैसे ही टैंडर प्रोसैस कम्पलीट होगा 11 महीने के अन्दर पूरे तौर पर हम उस कार्य को करने का काम करेंगे।		

बात की है उसमें इन्होंने कहा था कि आपको भी इस कमेटी में मैंबर बनाया जाएगा लेकिन मुझे आज तक भी उस कमेटी की कोई इंफॉरमेशन नहीं मिली। मेरा अनुरोध है कि मुझे 134 करोड़ रुपये की अप्रूवल के बारे में बताया जाए कि वह कौन सी रोड के लिए है और इसी के साथ फॉरलेन विद वाइडनिंग, स्ट्रैथनिंग और स्ट्रीट लाईट्स के बारे में कहा है उसकी टाइम बाउंड मैनर मुझे बता दें ताकि इस समस्या का समाधान हो जाए।

14.03.2022

232. श्री बलबीर सिंह, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1558 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव नौलथा के पास से पानीपत–रोहतक रेलवे लाइन गुजरती है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि राजस्व रिकार्ड के अनुसार एक रास्ता गांव नौलथा से खेतों की ओर जाता है तथा यह रेलवे लाइन तक पक्का है तथा लगभग 400

XX स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को एश्योर करना चाहूंगा कि माननीय सदस्य की मांग की अनुसार अण्डर पास जल्दी से जल्दी बनवाने का कार्य किया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	एकड़ गांव की कृषि भूमि रेलवे लाइन से दूसरी ओर है परन्तु अब इस रास्ते को रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है तथा इसके अतिरिक्त गांव के उपरोक्त खेतों के लिए कोई अन्य रास्ता नहीं है; तथा;			
	(ग) यदि हां, तो क्या उक्त रेलवे लाइन पर अंडर पास या रेलवे फाटक निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?			
		14.03.2022.		
	233. श्रीमती रेनू बाला, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1685 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–			
	(क) क्या यह तथ्य है कि सढौरा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हैं:–			
	(i) रणजीतपुर से सढौरा वाया सुल्तानपुर;	xx (i) रणजीतपुर से सढौरा वाया सुल्तानपुर :– श्रीमान जी, सड़क आर.डी. 12.350 से 12.500 कि.मी. और 14.850 से 15.590 कि.मी. तक की हालत खराब है। शेष सड़क यातायात योग्य है। इस सड़क के सुधार के लिए विशेष मरम्मत का अनुमान सरकार को यू.ओ. नं. 42331/आर–V दिनांक 10.03.2022 को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा गया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।		
	(ii) मुगलवाली से साबीलपुर;			
	(iii) सवाबड़ी मदरसा से भगवानपुर वाया शेरगढ़;			

(iv) सरावां मोड़ से पाबनी;

(v) महेश्वरी मोड़ से लोक निर्माण विभाग सड़क;

(vi) मेहलावाली से राष्ट्रीय राजमार्ग 73–ए वाया काठवाला;

(vii) छप्पर से जगधौली वाया कलावड़;

(viii) खानपुर से अकालगढ़ का माजरा;

(ix) खेड़ा फार्म से रतौली;

(x) रूहला खेड़ी से सुढैल; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत/पुनः निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

(ii) मुगलवाली से साबीलपुर :–

श्रीमान जी, सड़क आर.डी. 0 से 7.370 कि.मी. और 10.800 से 14.000 कि.मी. की स्थिति यातायात योग्य है।

सड़क भाग कि.मी. 7.37 से कि.मी. 10.80 तक का निर्माण निजी भूमि में किया गया था और माननीय न्यायालय ने विभाग को अभियोगी को कब्जा सौंपने का निर्देश दिया। सीमांकन के बाद यह देखा गया कि 33 फीट चौड़ा एक चकबंदी पथ मौजूदा पक्की सड़क के लगभग समानांतर उपलब्ध है, लेकिन यह भी पाया गया कि चकबंदी पथ में 8–10 घरों का निर्माण किया गया है। पंचायत/बी.डी.पी.ओ., बिलासपुर द्वारा पी.पी. एक्ट के तहत चकबंदी पथ से अतिक्रमण हटाने के लिए उपायुक्त, यमुनानगर के समक्ष मामला दर्ज कराया गया है। सुनवाई की अगली तिथि 16.03.2022 निर्धारित की गई है।

(iii) सवाबड़ी मदरसा से भगवानपुर वाया शेरगढ़ :–

श्रीमान जी, लिंक रोड से गांव शेरगढ़ तक सड़क की स्थिति यातायात योग्य है। सरकार की सड़क अनुरक्षण नीति और वित्त की उपलब्धता के अनुसार आगे सुधार किया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		शेरगढ़ से दयालगढ़ तक लिंक रोड़ की मरम्मत के लिए निविदा आवंटन की प्रक्रिया में है। कपाल मोचन धनौरा सड़क से गांव भगवानपुर तक लिंक रोड़ तक सड़क की स्थिति अच्छी है। (iv) सरावां मोड़ से पाबनी :– श्रीमान जी, सड़क की स्थिति यातायात योग्य है। सरकार की सड़क अनुरक्षण नीति और वित्त की उपलब्धता के अनुसार आगे सुधार किया जाएगा। (v) XX (vi) XX (vii) छप्पर से जगधौली वाया कलावड :– श्रीमान जी, छप्पर से कलावड सड़क की स्थिति खराब है और विभाग द्वारा पैच वर्क के जरिए इसका रखरखाव किया जा रहा है। इस सड़क के सुधार के लिए विशेष मरम्मत का अनुमान सरकार को यू.ओ. संख्या		

28325/आर–ए दिनांक 17.02.2022 को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा गया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

कलावड से जगधौली तक सड़क अच्छी स्थिति में है।

(viii) खानपुर से अकालगढ़ का माजरा :–

श्रीमान जी, खानपुर से अकालगढ़ का माजरा तक सड़क को पैच वर्क के माध्यम से यातायात योग्य बना दिया गया है। सरकार की सड़क अनुरक्षण नीति और वित्त की उपलब्धता के अनुसार आगे सुधार किया जाएगा।

(ix) खेड़ा फार्म से रतौली :–

श्रीमान जी, सड़क भाग कि.मी. 0.00 से कि. मी. 1.16 तक की स्थिति यातायात योग्य है और नियमित रूप से पैच वर्क के माध्यम से रखरखाव किया जा रहा है।

सड़क भाग कि.मी. 1.16 से कि.मी. 1.46 तक को अमृत योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान नगर निगम, यमुना नगर द्वारा सी. सी. ब्लॉक वाले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और वर्तमान में नगर निगम, यमुना नगर द्वारा काम पूरा कर लिया गया है। जमा राशि के विरूद्ध शीघ्र ही मरम्मत

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जायेगी तथा निविदा प्राप्त होने के 2 माह के अन्दर कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। खेड़ा से रतौली तक सड़क एच.एस.ए.एम.बी. से संबंधित है और अच्छी स्थिति में है। (x) रुहला खेड़ी से सुढैल :– श्रीमान जी, यह सड़क एच.एस.ए.एम.बी. से संबंधित है। रूहला खेड़ी से सुढैल (रोड आई. डी. 2999) तक इस सड़क की लंबाई 1.51 कि.मी. है और प्रमुख मरम्मत के लिए निविदा 04.03.2022 को प्राप्त कर ली गई तथा कार्य आबंटन की प्रक्रिया में है। 15.03.2022.		
234 श्री जगबीर सिंह मलिक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 745 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:– (क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित योजक सड़कें बुरी अवस्था में हैं; (i) जुआं से माछरी;		सड़कों की स्थिति इस प्रकार है:– (प) जुआं से माछरी (आई.डी–2550):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 3.36 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत 25.04.2017 को की गई थी। इस सड़क पर पैच वर्क 31. 03.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। (पप)		

(ii) जुआं से मोहाना;

(iii) सालानपुर माजरा से पिनाना;

(vi) सालारपुर माजरा से नैना ततारपुर;

(v) गुहना से सालीमसर माजरा;

(vi) केताना खास से खानपुर कलां;

(vii) सलीमपुर तरौली से चेतिया;

(viii) बोहला से रोलद;

(ix) कासन्डा से ककाना;

(x) जागसी से गोहाना सोनीपत योजक सड़क; तथा

(ख) यदि हां, तो इनके कब तक मरम्मत किए जाने की संभावना है?

जुआं से मोहाना (आई.डी–2583):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 3.16 किलोमीटर है। नवंबर, 2017 के दौरान इस सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया था। इस सड़क पर पैच वर्क 31.03.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। (पपप) सालानपुर माजरा से पिनाना (आई.डी–2553):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 1.85 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत दिसम्बर, 2015 के दौरान की गई थी। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए 42.37 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 28.02.2022 को प्रदान की गई है, इस सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य 30.09.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। (पअ) सालारपुर माजरा से नैना ततारपुर (आई.डी–2569):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 2.50 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत नवंबर, 2015 के दौरान की गई थी। इस सड़क पर पैच वर्क 31.03.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। (अ) गुहना से सालीमसर माजरा (आई.डी–4970):– यह हरियाणा राज्य

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 3.72 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत मार्च, 2021 के दौरान की गई थी और सड़क दोष दायित्व अवधि के अंतर्गत है। समय बीतने के साथ, इस सड़क पर कुछ खड्डे विकसित हो गए हैं। पैच वर्क 31.03.2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। (अप) केताना खास से खानपुर कलां (आई.डी–4963):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 2.52 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत नवंबर, 2020 के दौरान की गई थी और सड़क दोष दायित्व अवधि के अंतर्गत है। समय बीतने के साथ, इस सड़क पर कुछ खड्डे विकसित हो गए हैं। पैच वर्क 31.03.2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। (अपप) सलीमपुर तरौली से चेतिया (आई. डी–6652):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की एक मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 2.17 किलोमीटर है। इस सड़क का निर्माण जुलाई, 2018 के दौरान किया गया था। समय		

बीतने के साथ, इस सड़क पर कुछे खड्डे विकसित हो गए हैं। पैच वर्क 31.03.2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। (अपपप) बोहला से रोलद (आई.डी–4971):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की एक मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 1.82 किलोमीटर है। इस सड़क की अंतिम विशेष मरम्मत दिसंबर, 2016 के दौरान की गई थी। समय बीतने के साथ, इस सड़क पर कुछ खड्डे विकसित हो गए हैं। इस सड़क पर पैच वर्क 31.03.2022 तक पूरा होने की संभावना है। (पग) कासन्डा से ककाना (आई.डी–6493):– यह हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की एक मौजूदा सड़क है, जिसकी लंबाई 2.97 किलोमीटर है। इस सड़क का निर्माण नवंबर, 2015 के दौरान किया गया था। इस सड़क की विशेष मरम्मत के लिए 57.00 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 28.02.2022 को प्रदान की गई है। इस सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य 31.10.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है। XX

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15.03.2022.		
235.	श्री सीताराम यादव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 819 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र राजस्थान सीमा में कनीना से कांटी–खेड़ी तक सड़क को 7.00 मीटर से 10.00 मीटर तक चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक चौड़ा किए जाने की संभावना है ?	(क) श्रीमान् जी, एनसीआरपीबी ऋण योजना के तहत महेन्द्रगढ़ जिले में कनीना से अटेली रोड़ किलोमीटर 68.07 से 94.67 (एमडीआर–124) तक सड़क को 7.00 मीटर से बढ़ाकर 10.00 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। (ख) इसके निर्माण की संभावित तिथि सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ही दी जा सकती है।		
		16.03.2022.		
236.	तारांकित प्रश्न संख्या 1638 के सन्दर्भ में मोहम्मद इलियास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू """ अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि पुन्हाना में भी नया रैस्ट हाउस बनवाने का कष्ट करें क्योंकि जब भी कोई वी.आई.पी. आता है, चाहे मुख्यमंत्री जी हों या मंत्री जी हों या कोई और वी.आई.पी. हो तो रैस्ट हाउस न	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य जहां पुन्हाना की बात कर रहे हैं। वहां जो पुरानी एग्जिस्टिंग बिल्डिंग है उसको हम 15 दिन के अन्दर दोबारा रिव्यू करवा लेंगे। अगर उसमें कहीं मुरम्मत व रि–स्ट्रैक्चरिंग की जरूरत होगी तो उस पर सरकार विचार करेगी।		

होने के कारण हमें जिला मुख्यालय पर नूंह जाना पड़ता है और हमारे हल्के में काम नहीं हो पाता है इसलिए पुन्हाना में भी रैस्ट हाउस का निर्माण किया जाये।

237 श्री सीताराम यादव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 820 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के कनीना में रेवाड़ी टी प्वाईंट से महेन्द्रगढ़ तक सड़क को पुनर्निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक पुनर्निर्मित किए जाने की संभावना है?

238. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 836 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) मांझावाली पुल की आधारशिला कब रखी गई थी तथा उक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है;

(ख) XX

(ग) XX

16.03.2022.

(क) श्रीमान जी, अटेली विधान सभा क्षेत्र के कनीना में रेवाड़ी टी प्वाईंट से महेन्द्रगढ़ तक हाई ब्रिड वार्षिकी मोड के तहत 4 लेन सड़क बनाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

(ख) इसके निर्माण की संभावित तिथि सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ही दी जा सकती है।

21.03.2022.

(क) मंझावली पुल की आधारशिला दिनांक 15.08.2014 को रखी गई थी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 27.10.2017 को कार्य स्वीकृत किया गया था और दिनांक 10.03.2018 को शुरू किया गया था। अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 31.08.2019 थी। दिनांक 30.06.2022 तक कार्य के पूरा होने की संभावना है।

(ख) XX

(ग) XX

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21.03.2022.		
239.	श्री अमित सिहाग, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 817 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि भारत माला परियोजना के अन्तर्गत निर्मित किए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग–54, डबवाली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अधीन पड़ने वाले नौ गांवों से गुजरेगा; यदि हां, तो उपरोक्त गांवों के उन सभी किसानों को, जिनकी भूमि अधिग्रहित हुई है, मुआवजा कब तक दिए जाने की संभावना है?	हाँ श्रीमान् जी, प्रस्तावित छह लेन मंडी डबवाली–चौटाला राष्ट्रीय राजमार्ग (एन. एच.–54) डबवाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ गांव यानि जोगेवाला, डबवाली, अलीका, शेरगढ़, अबुबशहर, सक्ताखेड़ा, सुखेराखेड़ा, असखेड़ा और चौटाला से गुजरेगा। लगभग 168 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3जी. के तहत सी.ए.एल.ए. एवं डी.आर.ओ. सिरसा द्वारा रुपये 174,73,03,167/– का अवार्ड घोषित किया गया है। इस राशि में से रुपये 162,13,20,57/– पहले ही वितरित किए जा चुके हैं और शेष राशि रुपये 12,59,82,591/– की पेशकश भूमि मालिकों को पहले ही की जा चुकी है और इस राशि की जुलाई 2022 तक वितरित होने की संभावना है। अधिग्रहित भूमि पर निर्मित संरचनाओं के बदले मुआवजा के लिए धारा 3जी के तहत		

अवार्ड घोषित किया जाना बाकी है और अवार्ड एक महीने के भीतर घोषित कर दिया जाएगा।

08.08.2022.

240. तारांकित प्रश्न संख्या 2 के सन्दर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को कहना चाहूंगी कि झज्जर शहर की सड़कों की बहुत बुरी हालत है। जिन सड़कों के बारे में मैंने पूछा था वे डायवर्जन रोड, अग्रसेन चौक से रामलीला ग्राउंड व झज्जर शहर से गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग–71 तक की सड़कें हैं जिसमें डायवर्जन रोड और भगत सिंह चौक से छिक्कारा चौक, अम्बेडकर चौक, बेरी गेट, सीता राम गेट, छारा चुंगी चौक से अग्रसेन से लेकर रामलीला ग्राउंड तक की सड़कें आती हैं। अध्यक्ष महोदय मंत्री जी ने जो जवाब टेबल्ड किया है उसके पहले प्वायंट में 1.700 कि.मी. से 3.065 कि.मी. के खंड को छोड़कर सड़क की स्थिति संतोषजनक है दूसरे प्वाइंट में भी यही जवाब लिख दिया कि रेवाड़ी चौक को छोड़कर सड़क

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने तीन सड़कों के बारे में सवाल पूछा था इनकी पहली सड़क पर पब्लिक हैल्थ विभाग की सीवरेज पाइप लाइन कई जगह पंचर थी जिससे वह पूरी सड़क खराब नहीं है। वह सड़क केवल 1300 मीटर खराब है वहां पर सीवरेज की पाइप लाइन में पंचरिंग होने की वजह से कई जगह पर गड्ढे बने हुए हैं जिनको निरंतर रिपेयर किया जाता है। मगर पब्लिक हैल्थ विभाग द्वारा पिछले दिनों 6 करोड़ 60 लाख रुपये का एक टैंडर निकाला गया है। शायद माननीय सदस्या को उसके बारे में पता नहीं है। जैसे ही सीवरेज लाइन के अन्दर जहां–जहां लाइनेज होनी है वह कंपलीट होने के बाद इस सड़कों को दिसम्बर, 2022 तक पूरी तौर पर दुरुस्त कर दिया जाएगा। दूसरी सड़क पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग–71 झज्जर शहर तक का डी.एल.पी. पीरियड ओवर हो चुका है वह मोटरेबल कंडीशन में है। मगर हमने पूरे प्रदेश भर में हर विधायक से 25 करोड़ रुपये की रोड स्पेशल रिपेयर के लिए आवेदन मांगे हैं। मैं माननीय सदस्या को

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	की स्थिति संतोषजनक है। तीसरे प्वायंट में मेरा प्रश्न अम्बेडकर चौक से राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, झज्जर तक की सड़क के बारे में था इसके साथ ही साथ मैंने झज्जर रूरल एरिया की सड़कों की हालत के बारे में बताया था कि वहां सड़कों की हालत बद से बदतर है गग जिससे वहां का जीवन अस्त–व्यस्त हो रहा है और वहां पानी खड़ा होने के कारण बीमारियां पैदा हो रही हैं। गग वर्ष, 2016 से छुछकवास बाईपास की अनाउसमैंट की हुई है लेकिन अभी तक उसके टैंडर तक भी नहीं हुए। गग अध्यक्ष महोदय, टाइम बाउंड मैनर में माननीय डिप्टी चीफ मिनिटस्र साहब को बताना चाहिए कि झज्जर शहर की रोड्स की दुर्दशा को सुधारने के लिए सरकार कब तक प्रयास करेगी।	भी कहना चाहूंगा कि जितना जल्दी आप अपने एरिया की स्पेशल रिपेयर लिखकर भेजेंगी उतना ही अच्छा रहेगा क्योंकि यह रोड डी.एल.पी. से बाहर है इसलिए हम इसको टेकअप करके स्पेशल रिपेयर में कम्पलीट कराएंगे। जहां अम्बेडकर चौक से गवर्नमैंट कन्या हाई स्कूल तक के रोड की बात है आज के दिन यह मोटरेबल नहीं है। मैं इसको दोबारा से एग्जामिन करवाकर सदन के पटल पर इसका जवाब दे दूंगा।		
		8–08–2022		
241.	श्री प्रवीण डागर द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 1, क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि:–	(क) जी हाँ, सरकार ने मौजूदा नूंह–पलवल रोड को कि0मी0 2.00 से कि0मी0 32.00 तक फोर लेनध्सुधारने के प्रस्ताव पर		

(क) क्या पलवल–नूंह राज्य राजमार्ग संख्या–13 जो कि दोनों जिलों की मुख्य योजक सड़क है, को चौडा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विचार किया है और दिनांक 07.07.2022 को एनसीआरपीबी ऋण सहायता के तहत रु0 137.57 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

इस परियोजना को राज्य की स्थायी वित्त समिति "बी" के अनुमोदन और एनसीआरपीबी, नई दिल्ली से ऋण की मंजूरी के बाद कार्यान्वयन के लिए लिया जाएगा।

(ख) उसका विवरण इस प्रकार है:–

- ✔ चार लेन की जाने वाली प्रस्तावित सड़क की कुल लंबाई 30.00 किलोमीटर है जो कि कि0मी0 2.00 से शुरू होकर कि0मी0 32.00 पर समाप्त होती है।
- ✔ सड़क की लंबाई कि0मी0 2.00 से कि0मी0 15.75 तक नूंह जिले में आती है और कि0मी0 15.75 से कि0मी0 32.00 तक सड़क पलवल जिले में आती है।
- ✔ कि0मी0 0.00 से कि0मी0 2.00 तक की सड़क अब राष्ट्रीय राजमार्ग (NH&248 A) का हिस्सा है, जो पहले से ही चार लेन का है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		08.08.2022		
242.	श्रीमती रेनू बाला, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 14 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि राष्ट्रीय राजमार्ग–73 क पर छप्पर के पास के चौराहे को दुर्घटना चौंक के रूप में जाना जाता है, जहां प्राया हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं; यदि हां, तो जनता की बार–बार मांग के बावजूद सरकार द्वारा उपरी पुल के निर्माण करने के लिए कार्यवाही नही किए जाने के कारण क्या हैं ?	श्रीमान जी, पंचकूला–यमुनानगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–73) एनएचएआई के अधिकार क्षेत्र में आता है और थाना छपर में दुर्घटनाओं के मुद्दे का समाधान करने के लिए एनएचएआई द्वारा डीपीआर सलाहकार पहले ही लगाया जा चुका है। डीपीआर सलाहकार ने इस स्थान पर वाहन अंडरपास (वीयूपी) के निर्माण की सिफारिश की है और रुपये 27.9 करोड़ का अनुमान प्रस्तुत किया है। एनएचएआई से अभी काम की मंजूरी नहीं मिली है।		
		8.08.2022.		
243.	श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 15 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि सफीदों में सरला मेमोरियल कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?	हाँ, श्रीमान। सफीदों में सरला मेमोरियल कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क का निर्माण करने का प्रस्ताव नगर पालिका, सफीदों के विचाराधीन है। नगर पालिका, सफीदों द्वारा 1.70 करोड़ रुपये की राशि का एक अनुमान तैयार किया गया है। सक्षम अधिकारियों से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने और निविदाएं हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल के माध्यम		

से आमंत्रित करने उपरांत कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

9.08.2022.

244 श्री राव दान सिंह द्वारा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 26 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या जिला महेन्द्रगढ के गांव पायगा में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त विश्राम गृह के कब तक निर्मित/पूरा किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने कहा है कि इस रैस्ट हाउस के लिए वर्ष 2019 में फाउंडेशन स्टोन रखा गया था। इन्होंने पायगा गांव में जो जमीन ग्राम पंचायत के रैजोल्यूशन पर दिलवायी थी, उस ग्राम पंचायत की जमीन गांव के सबसे लो लाईंग एरिया में है जिसके कारण वहां पर आज भी पानी खड़ा हुआ है। इसको देखते हुए संबंधित प्रपोजल को रिजैक्ट कर दिया है। सरकार आज भी अल्टरनेटिव लैंड की तलाश कर रही है और जैसे ही लैंड उपलब्ध हो जाएगी तो हम संबंधित प्रपोजल को टेक अप करेंगे। माननीय सदस्य जदोजहद के साथ रैस्ट हाउस की बात कह रहे हैं तो मैं उनको बताना चाहूंगा कि आज के दिन वहां पर रूकने के लिए कोई दिक्कत नहीं है। महेन्द्रगढ के किले में आलरेडी पी.डब्ल्यू.डी. (बी एंड आर) का रैस्ट हाउस है जिसमें 3 कमरे हैं। नारनौल में 33 कमरों का नया रैस्ट हाउस पुरानी बिल्डिंग में बन रहा है। इसके अतिरिक्त महेन्द्रगढ में इरीगेशन डिपार्टमैंट और पॉवर डिपार्टमैंट का रैस्ट हाउस

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		भी है। सतनाली में मार्केटिंग बोर्ड का रैस्ट हाउस है। पाली सैंट्रल यूनिवर्सिटी में भी रैस्ट हाउस है। आज सरकारी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाना बहुत आसान है, लेकिन उसको अपकीप करना और यूटिलाइजेशन करना उतना ही मुश्किल हो जाता है। मगर वहां पर जैसे ही लैंड उपलब्ध हो जाएगी तो हम पुराने रैस्ट हाउस को नयी बिल्डिंग में शिफ्ट करेंगे। चूंकि संबंधित किला हैरिटेज साईट है तो उसको भी अल्टरनेट यूज में लेने का काम करेंगे। XXX दूसरी चीज यह है कि हम माननीय सदस्य को पूरी छूट देते हैं कि हम ई–भूमि पोर्टल पर लैंड के अलग–अलग पैचिज नयी सैक्रेटरिएट की बिल्डिंग के पास डलवा देंगे और वहां पर माननीय सदस्य कोई अल्टरनेटिव साईट दिलवा सकते हैं। चूंकि वहां पर इनकी भी जमीन है। अगर माननीय सदस्य उसके साथ लगती जमीन दिलवा पायें तो we will be more than happy. माननीय सदस्य कलैक्टर रेट पर जमीन दिलवा दें। हम उसको प्रक्योर भी करेंगे और नया रैस्ट हाउस भी बनवाएंगे		

245. श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 31 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि यमुनानगर से रादौर सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

(क) हां श्रीमान जी

(ख) इस मार्ग का कार्य ठेकेदार को दिनांक 26–07–2022 को आवंटित किया गया है और यह कार्य दिनांक 15–12–2022 तक पूरा होने की संभावना है।

9.8.2022.

246. उपमुख्यमंत्री द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– अध्यक्ष महोदय, जो भी एस्टिमेट्स हमारे यहां के अधिकारियों ने भेजे हैं, हमने उन्हें लेकर ग्रीवेंस कमेटी से लेकर अनेक दूसरे मंचों तक इस मैटर को बहुत बार टेकअप करने का काम किया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करूंगी कि कल भी आपने इस विषय पर चर्चा करवाई। डिप्टी चीफ मिनिस्टर साहब को अपने विभाग की गलतियों को मानना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2016, 2017, 2018 तथा 2019 में डिप्टी चीफ मिनिस्टर साहब अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्या लैंड अवेलेबल करा दें तो हम 15 महीने में यह बाईपास बना देंगे। पिछली बार लैंड एक्विजीशन के लिए इनको कहा गया था। ये लैंड अवेलेबल करा दें और हम बाई पास बना देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	ने मुझे कहा था कि 15 महीने में छुछकवास बाई पास बना देंगे। पिछली बार मैंने यह भी कहा था कि ग्वालीशन से लेकर छुछकवास तक की सड़क के बारे में लोगों ने कहना शुरू कर दिया है कि यहां पर थेगली लगनी शुरू हो गई है। अध्यक्ष महोदय, मैं ऑन द फ्लोर ऑफ द हाउस चैलेंज करतीं हूँ कि मेरे झज्जर एरिया में एक जगह भी पैच वर्क तक नहीं किया गया है।			
247.	तारांकित प्रश्न संख्या 46 के संदर्भ में श्री प्रवीण डागर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उपमुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जो ई–भूमि पोर्टल पर जमीनें एक्वायर करने की बात की गई है, इसमें थोड़ी सी दिक्कत है। मैंने इस बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी से भी बात की थी और हमारे संबंधित विभाग एच.एस.आई.आई.डी.सी. के उच्च अधिकारियों से भी बात की थी। माननीय	10.08.2022. अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि यह जो लिंक बनवाना चाहते हैं यह बहुत ही महत्वपूर्ण लिंक है। पिछले दिनों मेरी मुलाकात श्री नितिन गडकरी जी से हुई थी और मैंने उनसे निवेदन किया था कि हमें एन.एच.ए.आई. के राईट ऑफ वे के अनुसार परमीशन दे दी जाये मगर एन.एच.ए.आई. निजनतम मगचंदेपवद के लिए राईट ऑफ वे रखती है इसलिए उन्होंने इसको डिनाई कर दिया। अगर हम अढ़ाई किलोमीटर रोड बनायेंगे तो		

मुख्यमंत्री महोदय ने उनकी ड्यूटी भी लगाई थी कि अगर आपके पास इसका कोई और ऑप्शन है तो उस बारे में अवगत करवाया जाये। अध्यक्ष महोदय, मेरे पास इसका नक्शा है जो मैंने श्री उमा शंकर जी को दे दिया था। एक हमारा पुराना हाईवे है। उसके पास से डी.एन.डी. रोड निकलता है और पलवल–नूंह राज्य मार्ग संख्या–13 को के.एम.पी. इंटरचेंज और दिल्ली–वडोदरा–मुम्बई ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए नई सड़क का निर्माण किया जाना है। यह रोड इन दोनों को हमें 15 एकड़ लैंड एक्विजिशन करनी पड़ेगी इसलिए हम इसको ई–भूमि पोर्टल पर डालेंगे ताकि यह लिंक रोड बन जायें। अगर इसके अलावा इनके पास कोई अल्टरनेट जगह है तो हमें इस बारे में भी सुझाव दे दें। उसको भी हम टेकअप करेंगे। इसके अलावा मैं एक अपडेट और देना चाहूंगा कि कल मैंने सदन में माननीय विधायक श्रीमती गीता भुक्कल जी ने झज्जर की झुझकवास वाली रिप्लाई के बारे में कहा था। आज की अपेडट इसमें यह है कि 10 करोड़ 71 लाख रुपये में टोटल झुझकवास की पेरीफेरी में जो फॉर्मर थे, उनको ई–भूमि पोर्टल पर ऐक्सेप्ट कर लिया गया है परन्तु मैं इनसे यह भी रिक्वैस्ट जरूर करना चाहूंगा कि वहां पर रजिस्ट्री के लिए लोग जल्दी–जल्दी लोकल ट्रेस आउट हो जायें। अगर रजिस्ट्री हो जायेगी तो हम इसका निर्माण भी जल्दी शुरू कर देंगे।

10.08.2022

248. तारांकित प्रश्न संख्या 46 के संदर्भ में श्री जगदीश नायर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, यह मांग हमारे पूरे जिले की है क्योंकि इससे सारा जिला लिंक होता है। अगर यह जल्दी ही बनकर तैयार हो जायेगा तो हमारे पूरे जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

अध्यक्ष महोदय, तीनों एक्सप्रेस वे का जंक्शन जहां पर बन रहा है उससे हमारे स्टेट हाईवे को कनैक्ट करेंगे तो हमारे वहां पर उद्योग और अन्य धंधे महत्पूर्णता के साथ जुड़ेंगे। हम इसको प्रॉयरटी के आधार पर करने का काम करेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

10.08.2022.

249. श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 92 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि निम्नलिखित गांवों की सड़कें क्षतिग्रस्त है:–

(i) घुघेरा से पाटली खुर्द;

(ii) बमिरयाका से अमरोली;

(iii) अमरोली कैनल से चोवन का नगला;

(iv) रायडस्का से बमिरयाका वाया डूंगरवास;

(v) बिलोचपुर से हाफजाबाद वाया पीरागढी;

(vi) पलवल– धोड़ी सड़क से सीहोल वाया पलक;

(vii) पलवल से अलावलपुर से मोहना सड़क तक;

(viii) बाटा से अमरोली;

(ix) दीघोट से रायडस्का;

(x) दिल्ली–मथुरा सड़क से अगवानपुर; तथा

महोदय सड़कवार उत्तर इस प्रकार है :

(i) घुघेरा से पाटली खुर्द : XXइस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा ।

(ii) XX (iii) XX

(iv) रायडस्का से बमरिया का वाया डूंगरवास: XX इस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा ।

(v) बिलोचपुर से हाफजाबाद वाया पीरागढ़ी : XX इस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा ।

(vi) पलवल–धोड़ी सड़क से सीहोल वाला

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों को कब तक पुनः निर्मित किये जाने की संभावना है?

पलक : XX इस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा ।

(vii) XX (viii) XX

(ix) दीघोट से रायडस्का : XX इस सड़क के सुधार के लिए कच्चा लागत अनुमान तैयार किया जा रहा है और इसे धन की उपलब्धता और सड़क रखरखाव नीति के अनुसार जांचा जाएगा। (x) XX

10–08–2022

250. श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 99 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव बेहलबा में महम से बेरी वाया कलानौर सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है।

(क) हाँ, श्रीमान जी।

(ख) सरकार ने इस सड़क खंड की विशेष मरम्मत के लिए 61.85 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। विस्तृत अनुमान एवं डीएनआईटी के अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत शीघ्र ही निविदाएं आमंत्रित की जायेगी।

26.12.2022

251. तारांकित प्रश्न संख्या 13 के संदर्भ में श्री लक्ष्मण नापा, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न –

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिस सड़क के बारे में कहा है उस सड़क के पैरलल में ही एन.एच.ए.आई. द्वारा नया ग्रीन फील्ड नेशनल

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से रिक्वेस्ट करूंगा कि हमारी विधान सभा क्षेत्र में एक रतिया–टोहाना रोड चण्डीगढ़ को जोड़ता है और हमारे इलाके के सभी लोग इसी रोड से आते–जाते हैं जिससे यहां काफी ट्रैफिक बढ़ गया है जिसके कारण यहां पर काफी एक्सीडैंट भी हो रहे हैं। मैं माननीय उप मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि यह जो सड़क रतिया–टोहाना और पंजाब से होती हुई चण्डीगढ़ को जाती है उसको चौड़ा किया जाए। मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि उस सड़क को कब तक चौड़ा करवा दिया जाएगा ?	हाई–वे डिक्लेर किया हुआ है जोकि सिरसा के चौटाला से लेकर पानीपत के सिवाह तक कनैक्ट करेगा। वह हाई–वे हरियाणा का इस्ट–वेस्ट कोरिडोर के तौर पर माना जाएगा। दूसरी और आज के दिन जो ओ.डी.आर. है अगर उसको एम.डी.आर. के बाद हम स्टेट हाई–वे भी करें तो उसके लिए हमें 10 हजार पैसेंजर कार यूनिट्स के ऊपर का ट्रैफिक लोड चाहिए लेकिन मैं तुरंत इसका सर्वे भी करवा लूंगा। अगर आज वहां पर नॉर्म के नजदीक पैसेंजर ट्रैफिक लोड है तो हम उसको जरूर करेंगे। हमने पीछे भी इसका ऐस्टीमेट्स बनाया था। हमारे पास राईट ऑफ–वे अवेलेबल है। लगभग 83 करोड़ रुपये के अन्दर इस पूरी सड़क की 10 मीटर वाइडनिंग हो सकती है। माननीय सदस्य ने जितना ट्रैफिक बताया है। उसको हम अकोमोडेट कर पाएंगे।	
		26.12.2022		
252	तारांकित प्रश्न संख्या 16 के संदर्भ में श्री जगदीश नायर, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न –	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य की बात को दुरूस्त करना चाहूंगा कि हरियाणा राज्य में पड़ने वाले बृज परिक्रमा		

अध्यक्ष महोदय, मेरा विधान सभा क्षेत्र बृज 84 कोस परिक्रमा में आता है। बृज 84 कोस का अर्थ है कि जो एक बार परिक्रमा कर लेता है और भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का दर्शन कर लेता है, उसका जन्म सफल हो जाता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूंगा कि यह परिक्रमा उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत ही अच्छे तरीके से बना रखी है। हरियाणा में इसका लगभग 30 किलोमीटर का एरिया आता है जो बिछोड़ से लेकर हसनपुर तक गुजरता है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय एक बार शादी समारोह में गये थे और वहां के लोगों की बात सुनकर कहा था कि वहां पर एक पुल बनाया जायेगा। अध्यक्ष महोदय, यह हमारे लिये बहुत ही अच्छी बात है कि आज यमुना नदी पर वह पुल बनने लगा है। यह हमारी बहुत पुरानी मांग थी। किसी भी सरकार ने पहले इस तरफ ध्यान नहीं दिया था। इस रास्ते से करोड़ों श्रद्धालु यहां से गुजरते हैं। मेरा सुझाव है कि यहां पर अच्छे वृक्ष लगाये जायें, 33 फीट चौड़ा यह रास्ता बनाया जाये, की कुल लंबाई 37.35 किलोमीटर है। जिसमें 6.25 किलोमीटर पुन्हाना निर्वाचन क्षेत्र में ओर बाकी 31.60 किलोमीटर होडल निर्वाचन क्षेत्र में पड़ता है। इसमें से शेष 1.50 किलोमीटर लंबाई के लिए सरकार ने भूमि की खरीद के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है जोकि ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाधीन है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य से आग्रह करूंगा कि वहां के किसान जो अपनी मर्जी से इस मार्ग की कम्पलीशन के लिये जमीन देना चाहते हैं, उसमें सहयोग करें। यमुना नदी पर पुल के निर्माण के लिये उत्तर प्रदेश के साथ माननीय मुख्यमंत्री महोदय के लैवल पर ऑलरेडी दो बार बातचीत हो चुकी है। अध्यक्ष महोदय, यू.पी. ब्रिज कॉरपोरेशन ने जमीन अधिग्रहण का प्रोसैस शुरू कर दिया है। हमें उम्मीद है कि जल्दी ही यमुना नदी पर पुल का निर्माण कम्पलीट हो जायेगा। बृज परिक्रमा का कार्य भी यू.पी. और हरियाणा दोनों स्टेट मिलकर जल्दी कम्पलीट बनवाने का काम करेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	शौचालय बनाये जायें, बैंच आदि लगवायें जायें। इस प्रकार के तमाम कार्य करवायें जायें क्योंकि यह हमारा धार्मिक क्षेत्र है। इस रास्ते से करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। हम सभी भगवान कृष्ण की जन्म भूमि के लोग हैं और वहीं से यह परिक्रमा गुजरती है। डेढ–दो किलोमीटर की नई सड़क और बनाई जाये। अध्यक्ष महोदय, यहां से जेवर ऐयरपोट की दूरी भी लगभग 20 किलोमीटर की रह जाती है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस सड़क को चौड़ा किया जाये ताकि जेवर ऐयरपार्ट तक आवागमन का भी फायदा हम लोगों को मिल सके। अध्यक्ष महोदय, बृज 84 कोस की परिक्रमा हमारे लिये बहुत ही जरूरी है सारे प्रदेश की इस पर नजर रहती है, इसलिए इस परिक्रमा का उद्धार करना बहुत जरूरी है। यह परिक्रमा बहुत ही सुन्दर तरीके से बनाई जानी चाहिये।			

253. तारांकित प्रश्न संख्या 17 के संदर्भ में श्री मेवा सिंह, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न –

अध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय उप मुख्यमंत्री जी से कहना है कि युमनानगर से पिपली तक सड़क का केवल 33 किलोमीटर का टुकड़ा है। यमुनानगर से जितनी भी अवैध माइनिंग होती है उसके टोटल डम्पर इस मार्ग से होकर दिल्ली और राजस्थान में जाते हैं। दूसरी बात यह है कि यमुनानगर में जो शुगर मिल है, यमुनानगर और कुरूक्षेत्र जिले के गन्ना किसान इस मार्ग से होकर शुगर मिल में गन्ना लेकर जाते हैं। हम पिछले 3 साल से सरकार का यही जवाब सुनते आ रहे हैं । मेरा कहना है कि जब सरकार वहां से माइनिंग द्वारा खूब धन कमा रही है तो क्या सरकार वहां की जनता के लिए सड़क के केवल 33 किलोमीटर के एक टुकड़े का निर्माण नहीं कर सकती ? मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि लोगों की समस्या को देखते हुए इस सड़क को जल्द–से–जल्द बनवाने की कोशिश करे।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य तो केवल 33 किलोमीटर के एक पैच के कार्य की बात कर हैं जबकि हमने इसको ऑलरेडी आगे तक टेक अप कर लिया है । हमने इसको पटियाला से चीका, चीका से पेहवा, पेहवा से पीपली, पीपली से लाडवा और लाडवा से यमुनानगर के पूरे पैच को नैशनल हाइवे डिक्लेयर करने की मांग की है। इस संबंध में रिसैंटली एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों से मेरी बात हुई है । इसका केन्द्र सरकार की कैबिनेट सब–कमेटी पी. आई.बी. जो इन्फ्रास्ट्रक्चर को अप्रूव करती है, के लिए ऑलरेडी प्रपोजल बन चुका है । फिर भी मार्च महीने तक अगर भारत माला प्रोजैक्ट–2 के तहत इस प्रोजैक्ट को पी. आई.बी.द्वारा एप्रूव नहीं किया जाता तो हरियाणा प्रदेश में पीपली से यमुनानगर के इस पूरे पैच को हाइपर एन्युटी मोड में हम डिवैल्प करेंगे। इससे इसकी स्ट्रैंथनिंग भी हो जाएगी, वाइडनिंग भी हो जाएगी और स्टेट हाइवे डिक्लेयर करके इसके कार्य को पूरा किया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	बड़े–बड़े डम्पर लाडवा से रेत, बजरी आदि सामान लेकर जाते हैं । इसकी वजह से वहां पर अम्बेडकर चौक पर सारा दिन वाहनों का जाम लगा रहता है। अतः इस सड़क को जल्दी–से–ज़ल्दी 4 लेन करने का काम किया जाए। इसके अलावा यह सड़क तीन स्टेट्स पंजाब, हरियाणा और यू.पी. को जोड़ती है, इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस सड़क को पेहवा तक जल्द–से–जल्द बनवाने का काम किया जाए ।			
		26.12.2022		
254.	श्री जगबीर सिंह मलिक, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 3 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–			
(क)	क्या यह तथ्य है कि गोहाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लाठ, खानपुर कलां, तथा मोई गांवों से गुजरने वाली मुख्य सड़कें पिछले एक वर्ष से गंदे पानी से जलमग्न है; तथा	(क)	महोदय, ग्रामीणों द्वारा इन गांवों की पीडब्ल्यूडी सड़कों पर सीवरेज तथा घरों का गंदा पानी छोड़ने के कारण कुछ सड़को के हिस्से में पानी जमा हो जाता है। साइड ड्रेन के बंद होने के कारण ये पानी ओवरफ्लो हो जाता हैं और इन गांवों में गंदा पानी जमा होने की समस्या अक्सर होती रहती हैं।	

(ख) उपरोक्त समस्या का समाधान करने के लिए इन गॉव के सड़कों के हिस्सों में प्रभावित क्षेत्रों को या तो सीमेंट कंक्रीट पेवमेन्ट या सीमेंट कंक्रीट ब्लॉकों से बनाया गया हैं ताकि ये सड़के वाहनों के चलने योग्य रहे। गांव लाठ में हरियाणा पीडब्ल्यूडी बी एंड आर के द्वारा और गांव खानपुर कलां तथा मोई में ग्रम पंचायतों के द्वारा साइड ड्रेन का निर्माण किया गया हैं। अब चूंकि ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन हो गया हैं, इसलिए साइड ड्रेन के जाम होने और सफाई नहीं होने का मुद्दा इनके साथ उठाया जाएगा।

26.12.2022

255. चौ0 आफताब अहमद, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 14 क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए को नूंह से अलवर (राजस्थान सीमा) तक चारमार्गी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है

हाँ श्रीमान जी, नूंह शहर से अलवर (राजस्थान) सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए को चारमार्गी बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति के लिए निविदा प्राप्त हुई है और इसे जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (डवत्ज–प्) ने वार्षिक योजना 2022–23 में रुपये 350 करोड़ की अस्थायी लागत के साथ इस सड़क को चारमार्गी करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि अभी इसकी कोई समय सीमा नहीं बताई जा सकती है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		26.12.2022		
256.	श्री घनश्याम सर्राफ, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 29 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि भिवानी शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ई का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?	भिवानी शहर में वन टाइम ट्रीटमेंट का कार्य दिनांक 02.12.2022 को संविदा एजेंसी को प्रदान किया गया है। एजेंसी को परफॉर्मेंस सिक्योरिटी 02.01.2023 तक जमा करनी है। इसके अतिरिक्त, अनुबंध समझौते के क्लॉज 2.21 के अनुसार, एजेंसी द्वारा रूपये 29,82,415/– की अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी राशि जमा करने की आवश्यकता होगी, क्योंकि उद्धृत दरें कम हैं। अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा करने की मंजूरी का मामला सचिव MoRT&H को भेजा गया है और अनुमोदन की प्रतीक्षा है। इसे देखते हुए मध्य फरवरी के बाद 2023 में ही काम शुरू होने की संभावना है।		
		26.12.2022		
257.	श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 35 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगें–			
(क)	कालांवाली शहर में रोड़ी सड़क पर निर्मित किये जा रहे पुल की निविदा कब आमत्रिंत की गई थी तथा इसके	(क) श्रीमान् जी, कालांवाली शहर में रोड़ी सड़क पर पुल (आर.ओ.बी.) के लिए निविदा दिनांक 16.02.2018 को आमंत्रित की गई थी। लोक निर्माण विभाग के भाग हेतु निविदा दिनांक 15.06.2018 को 24 माह की समय सीमा के साथ		

कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है;

(ख) क्या उपरोक्त पुल के निर्माण के लिए सरकार द्वारा समय सीमा बढाई गई थी;

(ग) निर्धारित सबंध में उपरोक्त पुल के निर्मित न किए जाने के लिए कम्पनी के विरूद्व क्या कार्यवाही की गई; तथा

(घ) उपरोक्त पुल को जनता के लिए कब तक खोले जाने/ आरम्भ किए जाने की संभावना है?

आवंटित की गई थी। इस कार्य के रेलवे भाग के लिए इस विभाग द्वारा दिनांक 04.09.2020 करे निविदा आमंत्रित की गई तथा दिनांक 26.03.2021 को 12 माह की समय सीमा के साथ निविदा आवंटित की गई। इस पुल (आर.ओ.बी.) के पूरा होने की संभावित दिनांक 31.03.2023 है।

XXXX

(घ) श्रीमान् जी, अतिरिक्ति बिटुमिनस सतह के कार्य को छोड़कर लोक निर्माण विभाग का हिस्सा पूरा हो गया है, जो रेलवे हिस्से के पूरा होने पर किया जायेगा। रेलवे विभाग का कार्य दिनांक 31.03.2023 तक पूरा होने की संभावना है। उसके बाद पुल को यातायात के लिए खोल दिया जायेगा।

27.12.2022

258. श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 24 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कें बहुत बुरी अवस्था में है :–

गवालड़ा से नारायना: यह सड़क विधायक समालखा की प्राथमिकता सूची में है। एच.ई.डब्लयु पोर्टल पर 157.62 लाख रूपये की अनुमानित राशि तैयार की गई है, जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इसकी कोई समय सीमा नही बताई जा सकती।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
(i)	गवालड़ा से नारायना;	गवलड़ा से नामुंडा : यह सड़क विधायक इसराना की प्राथमिकता सूची में है। एच.ई. डब्लयु. पोर्टल पर 70.79 लाख रुपये की अनुमानित राशि तैयार की गई है, जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इसकी कोई समय सीमा नही बताई जा सकती।		
(ii)	गवालड़ा से नामुंडा;			
(iii)	रिफाईनरी क्रोसिंग से सिंगपुरा गांव बोहली तक;			
(iv)	शाहपुर से परडाना, सींक तक;			
(ख)	यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों के कब तक मरम्मत/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ?	रिफाईनरी क्रोसिंग से सिंगपुरा गांव बोहली तकः निविधा आमंत्रित की गई है तथा 10.01.2023 को प्राप्त होगी, कार्य मार्च, 2023 के दौरान आरंभ होने की संभावना है।		
		XXX		
		शाहपुर से परडाना, सींक तकः नाबार्ड आर. आई.डी.एफ–ग्ग्टप्प् योजना के अंतर्गत 612.06 लाख रूपये की लागत से सड़क प्रस्तावित है। नाबार्ड से स्वीकृति अभी बाकी है। XXX		
		27.12.2022		
259.	तारांकित प्रश्न संख्या 24 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न –	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात सदन के पटल पर रखी है, वह एक सड़क सिंगपुरा से बोहली की है, उसका ऑलरेडी		

अध्यक्ष महोदय, जब भी हम सड़कों के बारे में संबंधित विभाग के एस.ई/एक्सियन/एस.डी.ओ. से बात करते हैं तो हर बार उनसे यही जवाब मिलता है कि आपकी सड़कों के टैंडर लगने वाले हैं अर्थात् आपकी सड़कों के काम चालू होने वाले हैं, परंतु हम काफी दिनों से संबंधित ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय से पुनः निवेदन करता हूँ कि जिन सड़कों के टैंडर की बात हो रही है, दोबारा प्रशासन से पूछा जाये कि कौन–कौन सी सड़कों के काम शुरू हो चुके हैं। आज के दिन मेरा मानना है कि किसी भी सड़क का काम चालू नहीं है। सरकार इन सड़कों को कब तक बना देगी? यदि सरकार इन सड़कों को नहीं बनाती है तो इसका कारण भी सदन को बताया जाये?

टैंडर फ्लोट हो चुका है, दिनांक 10.01.2023 को इसका टैंडर खुलेगा और मार्च महीने में काम शुरू हो जायेगा। अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार से तीन सड़कें मार्केटिंग बोर्ड की हैं, दो सड़कें डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के अंदर है और एक सड़क नाबार्ड के अंडर है, जैसे ही इसकी ग्रांट आयेगी, हम इसको टेकअप करेंगे। अध्यक्ष महोदय, टैंडर कब तक लगेंगे, के जवाब में मेरा यह कहना है कि पहले टैंडर लगाने का प्रोसैस डिपार्टमैंट वाईज होता था, अब 28 के 28 इंजीनियरिंग डिपार्टमैंट का एक हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल बन चुका है। मैं इस बात को मानता हूँ कि इसके प्रोसैस में डिले हुआ है। मगर एक चीज स्पष्ट हो गई है कि कहीं कोई लो क्वालिटी का काम करेगा तो सरकार के 28 के 28 महकमों के अंदर संबंधित ठेकेदार को दण्डित किया जायेगा। इस चीज को देखते हुए थोड़ा डिले जरूर हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह भी कहना चाहता हूँ कि जो उन्होंने 25 करोड़ रुपये की दो सड़कों के बारे में रिकमैंडेशन दी है, मैं चाहूंगा कि बची हुई सड़कों के नाम भी उसमें डलवा दें। प्राथमिकता के आधार पर उनको जनवरी और फरवरी महीने में टेकअप कर लेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

28.12.2022

260. श्री लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 41 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या कोसली उपरि पुल का पुनर्निर्माण करने तथा कोसली बाईपास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई या की जाने की संभावना है ?

(क) हां श्रीमान जी, कोसली ओवर ब्रिज के पूनर्निर्माण तथा कोसली बाईपास के निर्माण का प्रस्ताव है।

(ख) ब्यौरे इस प्रकार हैं:–

(i) कोसली ओवर ब्रिज: कोसली ओवर ब्रिज के पुनर्वास के लिए रफ अनुमानित लागत सी.आर.आर.आई, नई दिल्ली की विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार तैयार किया गया है तथा यह विचाराधीन है

(i) कोसली बाईपास: लोक निर्माण (बी एंड आर) वास्तुकला विभाग संख्या 09/154/2015–3 बी एंड आर (डब्लयु). दिनांक 26.11.2015 को कोसली बाईपास के निर्माण के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के माध्यम से 6274.16 लाख रुपये की राशि के कार्य को प्रशासनिक रूप से स्वीकृत किया गया था। कोसली बाईपास के

निर्माण के लिए कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नही है तथा निजी भूमि खरीदी जानी है। भूमि को खरीदने के लिए ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से मामला उठाया गया था लेकिन भू स्वामीयों द्वारा उच्च दरों की मांग के कारण इसे छोड़ना पड़ा। अब वैकल्पिक संरेखण पर विचार किया जा रहा है। कोसली बाईपास का कार्य केवल निजी भूमि खरीदने के पश्चात् आरम्भ किया जा सकेगा। गग दूसरी बात जो ऊपरगामी पुल की है उसका मार्च 2023 से पहले टैंडर करने का प्रयास करेंगे ताकि इस वित्त वर्ष में उसका टैंडर फ्लोट हो जाये और माननीय सदस्य के विधायक रहते–रहते उसका कंस्ट्रक्शन वर्ष 2023 के अन्दर–अन्दर कम्पलीट हो जाये। XX

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
261.	तारांकित प्रश्न संख्या–336 के संदर्भ में श्री मोहन लाल बड़ौली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः उपाध्यक्ष महोदय, 16.10.2018 को कुंडली गांव को नगरपालिका का दर्जा दिया गया था ***** उसके बाद वहां के लोगों को एक आस लगी थी कि अब हमारे गांव में पीने के पानी व सीवरेज की व्यवस्था हो जाएगी लेकिन अभी काफी समय निकल गया है अभी तक वहां पीने के पानी व सीवरेज की व्यवस्था नहीं हो पाई है *****	28.02.2020 उपाध्यक्ष महोदय, जनगणना के हिसाब से कुंडली गांव की वर्ष 2011 में 21633 की पॉपूलेशन थी और वर्ष 2020 में 25627 पॉपूलेशन है। वहां की जलापूर्ति चार ट्यूबवैल के जरिये 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से की जा रही है। उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का दूसरा प्रश्न सीवरेज सिस्टम का था। पहले यह गांव सैसिज टाऊन में आ गया था। जैसा कि माननीय सदस्य कह रहे हैं कि अब इसका फैसला हो गया है और अब यह गांव नगरपालिका में आ गया है तो अब इस गांव में सीवरेज लाईन बिछा दी जाएगी।	18.04.2022 कुण्डली नगर पालिका मे तीन नम्बर टयुबवैल के द्वारा पीने के पानी की सप्लाई दी जा रही है। पानी की सप्लाई कम होने के कारण गांव दहिसरा मे रेनीवैल प्रोजेक्ट बनाने की फिजिबिलटी सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिसकी रिर्पोट एक माह मे आने की अपेक्षा है। सीवेज ट्रीटमैन्ट प्लांट बनाने के लिये नगर पालिका कुण्डली (सोनीपत) के द्वारा 2.92 एकड़ तालाब की जमीन का प्रस्ताव विभाग को दिया गया है। विभाग द्वारा सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांट लगाने के लिये सर्वे का कार्य शुरु करवा दिया गया है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (18-05-2022)
262.	तारांकित प्रश्न संख्या 179 के सन्दर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया	03.03.2020 अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या की चिंता के मद्देनजर इनको आश्वस्त करता हूँ कि	श्रीमती जी, गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र के गांव बड़ी, लल्हेड़ी कलां, लल्हेड़ी खुर्द,	The Committee would like to know

अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मेरा सवाल यह है कि गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र के गांव बड़ी, लल्हेड़ी कलां, लल्हेड़ी खुर्द, राजलू गढ़ी तथा भोगीपुर का भूमिगत जल दूषित हो गया है। गग वहां पानी की सप्लाई तो दे दी गई है लेकिन जो ग्राउंड वाटर दूषित हो रहा है उसके लिए सरकार क्या कदम उठा रही है? गग गांव बड़ी इंडस्ट्रीयल एरिया में जो कैमिकल की फैक्ट्रियां लगी हुई हैं उनका रिवर्स बोर किया हुआ है जिनका गन्दा पानी नीचे जमीन में जा रहा है। माननीय मंत्री जी मेरी इस बात का भी जवाब दें कि हमारे यहां जिन गांवों का मैंने जिक्र किया है जब यहां पर बोर करके पानी निकाला जाता है तो वह गुलाबी रंग का निकलता है। इस गंदे पानी की वजह से इन गांवों में हर पांचवीं मौत कैंसर और काला पीलिया जैसी भयानक बीमारियों की वजह से हो रही हैं। इन गांवों का अगर सर्वे करवाया जाए तो पायेंगे कि यहां पर हालात बहुत गम्भीर बने हुए हैं। हम इन गांवों में जो वस्तुस्थिति चल रही है, उसकी जांच करवा कर यथासंभव प्रभावी कदम उठायेंगे।

राजलु गढ़ी तथा भोगीपुर में विभाग के भूमिगत जल का नियमित रुप से प्रयोगशाला मे समय पर परीक्षण किया जाता रहा है। भूमिगत जल मे कोई भी संदूषण (Contamination) नहीं पाया गया है है तथा परिक्षण रिर्पोट (अनुलंग्नक– I)के रूप मेंसलंग्न है। गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र के इन सभी गांवो मे स्वच्छ पीने का पानी सप्लाई किया जा रहा है।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का उत्तर निम्नलिखित है:–

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) ने अर्धवार्षिक आधार पर गांव बड़ही में एक स्थान में पहले से मौजूद बोरवेल से भूजल के नमूने एकत्रित किए। भूजल के नमूने के मापदंडो के परिणाम पीने के पानी के मानकों के अनुसार निर्धारित मापदड़ों के भीतर पाए गए।

बड़ही औधोगिक क्षेत्र में 330 इकाइयां हैं, जिनमें से 135 जल प्रदूषित कर रही हैं और इन इकाइयों ने अपशिष्ट जल के उपचार के लिए अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (ई. टी. पी) स्थापित किए हैं। बड़ही औधोगिक क्षेत्र में

the latest position in this regard.

(14-09-2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			स्थित 30 इकाईयों के विरूद्व क्लोजर एक्शन लिया गया है जबकि एक गैर अनुपालन इकाई के विरूद्व अभियोग चलाकर कार्यवाही की गई है। बड़ही औधोगिक क्षेत्र में कोई भी औधोगिक इकाई दिनांक 01.04.2019 से आज तक अपशिष्ट जल की रिवर्स पंपिंग करते हुए नहीं पाई गई। इसके अलावा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) नियमित रूप से प्रदूषणकारी औधोगिक इकाईयों का निरीक्षण करता है, हरियाणा के पूरे राज्य में बहने वाली नदियों और नालों के पानी की गुणवता की नियमित निगरानी रखता है और निर्धारित सीमा से अधिक अपशिष्ट जल के निर्वहन के लिए पर्यावरण मुआवजे के अलावा विशेषण पर्यावरण न्यायालय में दोषी इकाइयों के खिलाफ मुकदमा दायर करता है।	

(ii) तारांकित प्रश्न संख्या 179 के सन्दर्भ में श्री धर्म सिंह छोक्कर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः xx अध्यक्ष महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र का एक गांव चुलकाना है जिसकी आबादी लगभग 20000 के करीब है। इस गांव को टच करते हुए एक शराब की फैक्ट्री लगी हुई है। इस फैक्ट्री से जो कैमिकल युक्त पानी निकलता है वह सारा पानी बोर करके जमीन में छोड़ दिया जाता है इस गांव के साथ लगते 10 गांवों में कैंसर व काला पीलिया के 700–700, 800–800 पेशैंट्स मिल जायेंगे। इस समस्या के बारे में माननीय सदस्या श्रीमती निर्मल रानी ने भी बताया है। मैं माननीय मंत्री जी से इस बारे में जवाब चाहता हूं कि क्या इस फैक्ट्री को शिफ्ट किया जायेगा या कोई अन्य प्रावधान किए जायेंगे, कृपा करके मंत्री जी यह बताने का कष्ट करें।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो शिकायत की है, उसकी जांच करवा कर समस्या को दुरूस्त करवा दिया जायेगा।

विषयाधीन तारांकित प्रश्न के संदर्भ में अवगत कराया जाता है कि जन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गांव में 5 ट्यूबवैल के माध्यम से पीने का पानी सप्लाई किया जाता है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

क्रमं	गांव का नाम	नलकूप का स्थान	नलकूप की गहराई (मीटर में)	पीने योग्य/ पीने योग्य नहीं	टिप्पणी
1	चुलकाना	लड़कों के सरकारी स्कूल में	135	पीने योग्य	पानी के नमूने की रिपोर्ट संलग्न
2	चुलकाना	डिंडार रोड़ पर	137	पीने योग्य	पानी के नमूने की रिपोर्ट संलग्न
3	चुलकाना	छदिया यूसूफपुर रोड़ पर	350	पीने योग्य नहीं	पानी के नमूने की रिपोर्ट संलग्न
4	चुलकाना	बस स्टैंड के पास	135	पीने योग्य	पानी के नमूने की रिपोर्ट संलग्न
5	चुलकाना	भोडवाल माजरी रोड़ पर	350	पीने योग्य नहीं	पानी के नमूने की रिपोर्ट संलग्न

ट्यूबवैल न0 3 और 5 के पानी की शुद्धता IS 10500 : 2012 (द्वितीय संस्करण) मानकों जैसे कि टी.डी.एस., जल की कठोरता,

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(14-09-2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			मैगनेशियम एवं सल्फेट की मात्रा निर्धारित मानकों से अधिक है। इनके बदले दो नए नलकूपों का अनुमान, जिनकी अनुमाति राशि रू0 108.85 लाख है, स्वीकृत हो चुका है। जिनमें से एक नलकूप इस विभाग की मैकेनिकल शाखा, सोनीपत द्वारा बोर कर दिया गया है तथा ट्यूबवैल की मशीनरी लगाने का कार्य प्रगति पर है।इस नलकूप का विधुत कनैक्शन बिजली वितरण विभाग द्वारा हाल ही में प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त गांव में एक अन्य ट्यूबवैल महाग्राम योजना के तहत लगाया जा रहा है। वर्तमान में दोनों बन्द ट्यूबवैलों की पाईप लाईन गांव में स्थित अन्य 3 ट्यूबवैलों की पाईप लाईन से जोड़कर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।	
			शराब की फैक्ट्री को स्थानातरित करने के संबंध में हरियाणा राज्य	

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का उत्तर निम्नलिखित है:—

क्षेत्रीय अधिकारी, पानीपत ने प्रस्तुत किया है कि विचाराधीन इकाई, अर्थात मेसर्स हरियाणा ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम चुलकाना, सम्भालखा, पानीपत एक अनाज आधारित शराब बनाने की इकाई है और शराब बनाने की प्रक्रिया के माध्यम से रैक्टीफाइड स्प्रिट के निर्माण में लगी हुई है।

उक्त इकाई ने डिकैन्टर, बहु प्रभावी बाष्पीकरण और ड्रायर सहित शून्य तरल निर्वहन प्रणाली (जेडएलडी) स्थापित की है और

उपचारित बहिः स्त्राव को प्रक्रिया और कूलिंग टावरों में पुनर्चक्रित कर रही है।

उक्त इकाई ने बोर्ड से संचालन के लिए स्वीकृति प्राप्त कर ली है, जो 30.09.2023 तक वैध है। यूनिट ने आनॅलाइन कंटीन्यूअस एफलुएंट मॉनिटरिंग सिस्टम (ओसीईएमएस) के माध्यम से अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण के सभी बिंदुओं पर इलैक्ट्रोमेगनेटिक प्रवाह मीटर स्थापित किए हैं और उन्हें हरियाणा राज्य

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सरवर से जोड़ा हुआ है। उक्त इकाई का निरीक्षण दिनांक 31.08.2022 को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र अधिकारी द्वारा किया गया और निरीक्षण के दौरान इकाई को अनुपालन करते हुए पाया गया।	
		12.03.2021		
263.	वित्त वर्ष 2021–22 के बजट के सन्दर्भ में।	xx इंद्री, पलवल, यमुनानगर में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट्स की स्थापना तथा ऐलनाबाद, फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, सिरसा, रोहतक और तोशाम में इनके उन्नयन का कार्य चल रहा है, जो वर्ष 2021–22 में पूरा हो जाएगा। राजौंद व सिसाय में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट के उन्नयन की परियोजनाएं 2021–22 में शुरू की जाएंगी।	इंद्री, यमुनानगर, ऐलनाबाद, फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, सिरसा व तोशाम में सीवेज ट्रीटमैंट प्लांट के उन्नयन का कार्य पूरा हो चुका है। पलवल व रोहतक में उन्नयन का कार्य चल रहा है, जोकि वित्त वर्ष 2022–23 में पूरा हो जाएगा। राजौंद व सिसाय में सीवेज ट्रीटमैंट प्लांट स्थापित करने का कार्य 2022–23 में शुरु किया जाएगा।	**The Committee would like to know the latest position in this regard. (01-06-2022)**

20.08.2021

264. डॉ. कृष्ण लाल मिढ़ा, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1144 क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार जींद शहर में पीने के पानी की परियोजना के पूरे किए गए चरणों का ब्यौरा क्या है तथा उक्त परियोजना के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?	XXX इस प्रस्ताव के लिए, गांव बड़ौदी एवं झांज कलां से 45 एकड़ भूमि को ई–भूमि पोर्टल पर अपलोड किया गया था। अपलोड की गई 219.7752 एकड़ भूमि में से, 49.9814 एकड़ भूमि उपयुक्त पाई गई। किन्तु मांग/बातचीत दरें कलेक्टर दरों से 20 प्रतिशत से अधिक है। तदानुसार यह निर्णय लिया गया कि सम्पदा से सटे भूमि के अन्य टुकडे का पता लगाया जाए, जिसके लिए प्रक्रिया पहले ही शुरु की जा चुकी है। भूमि उपलब्ध होने के बाद, विस्तृत प्रस्तावना रिपोर्ट तैयार की जायेगी, इसका तकनीकी व प्रशासनिक अनुमोदन सक्षम अधिकारी से लिया जायेगा तथा उसके बाद, नहर आधारित जलघर के निर्माण मे तीन साल लगेगें।	गांव बड़ौदी एवं झांज कलां मे 46.05 एकड़ भूमि खरीद के अनुमान को प्रशासनिक व तकनीकी रूप से भी मंजूरी दे दी गई है। सभी भूस्वामियों का पंजीकरण पूर्ण होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया, नामांतरण एवं कब्जे की सुपुर्दगी की कार्यवाही चल रही है, लेकिन कुछ भूस्वामियों ने अंतिम चरण में अपनी भूमि बेचने से इंकार कर दिया और उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। नहर आधारित जलघर के निर्माण के डी.पी.आर. को बनाने के लिए सर्वे करवाया जा रहा है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (18-05-2022)

20.08.2021

265. श्री भारत भूषण बतरा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 447 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:– (क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक में पीर वाली गली के निकट एकता कॉलोनी,	(क) हां, श्रीमान जी, एकता कॉलोनी में नजदीक पीरवाली गली और राजीव नगर में मल निकासी लाईन बिछाने का कार्य 20 एम.एल.डी. मल उपचार संयत्र को बनाने का कार्य प्रगति पर है तथा दिनांक	(क) एकता कॉलोनी/राजीव नगर में विभिन्न साईज की 3 KM लम्बी सीवरेज पाईप लाइन को बिछाने का कार्य अमृत योजना के तहत किया जाना है तथा	The Committee would like to know the latest position in this regard. (01-06-2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

राजीव नगर में सीवरेज लाईन के लिए अम्रूत योजना के अतंर्गत एक साल पहले सीवरेज लाईन के लिए निविदाएं आवेदित की गई थी परन्तु अब तक सीवरेज नहीं बिछाया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि क्या रोहतक में काठ मण्डी, पीपल वाली गली, तथा नया पड़ाव वैश्य कॉलेज रोड की सीवरेज प्रणाली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है; यदि हां, तो रोहतक के उपरोक्त क्षेत्र में नई सीवरेज प्रणाली कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

30.09.2022 तक पूरा कर दिया जाएगा जो कि अम्रुत योजना के तहत, शहरी निकाय विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

(ख) नहीं, श्रीमान जी, कांठमडी, पीपल वाली गली और नया पड़ाव वैश्य कॉलेज रोड रोहतक की मल प्रणाली चालू स्थिति में है। इसके अलावा, सी.आई.पी.पी. तकनीक का उपयोग करके 1600 मि.मी.आई/डी की मौजूदा मल लाईन को मजबूत करने कार्य प्रगति पर है और इसे 31/12/2021 तक पूरा कर लिया जाएगा।

इसमें से 1.8 KM की पाईप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है व शेष कार्य प्रगति पर है।

(ख) काठमंडी, पीपल वाली गली और नया पड़ाव वैश्य कॉलेज रोड़ रोहतक की मल प्रणाली चालू स्थिति में है और जो भी इन गलियों में जल भराव की समस्या थी वह 1600 मि.मी. आई/डी की लाईन के कारण थी, जो कि सी.आई.पी.पी. तकनीक का उपयोग करके 1600 मि.मी. आई/डी की मौजूदा मल लाईन को मजबूत करने का कार्य पूर्ण कर देने से अब सूचारू रूप से चल रही है।

266. तारांकित प्रश्न संख्या 1188 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बत्तरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—**** विभाग द्वारा पाईपलाईंज डाली गयी हैं, परन्तु उनका कहीं से कनैक्शंज नहीं किया गया है। सीवरेज लाईंज डाली गयी हैं, परन्तु उनका कहीं पर एग्जिट नहीं है। इस कारण वह पानी खेतों और प्लॉट्स में जा रहा है। जो पाईपलाईंज डाली गयी हैं उनका वॉटर वर्कस से कनैक्शन नहीं है। सरकार इसका रिप्लाई नहीं में क्यों दे रही है I do not understand it. अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से हम्बल रिक्वैस्ट करूंगा कि ये मूलभूत आवश्कता की चीजें उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेवारी है और हमारा मौलिक अधिकार है। It is a fundamental right कि हमें पाल्यूशन फ्री वातावरण मिलना चाहिए। मैं बस यही कहूंगा कि अगर इतना इरेस्पोंसिबल रिप्लाई आएगा तो सरकार से सवाल पूछकर क्या करना है ?

**** रोहतक शहर की मल निकासी प्रणाली कुछ निश्चित सीवर लाईन को छोड़कर पूरी तरह कार्यात्मक है जिसके लिए शहर की विभिन्न कॉलोनियों में नई व क्षतिग्रस्त मल निकासी लाईन 8 ईंच आई.डी.एस. डब्ल्यू. से 12 ईंच आई.डी.एस. डब्ल्यू. व 24 ईंच आई. डी.आर.सी.सी. लाईन लगाने एवं मैनहोल के निर्माण के लिए अनुमानित राशि 353.00 लाख रुपये का अनुमान हाल ही में स्वीकृत किया गया है जिसके लिए टैंडर्ज जारी किये गये हैं और उसे दिनांक 30.06.2022 तक पूरा कर दिया जाएगा।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा रोहतक शहर में जो भी पानी व मल निकासी की पाईप लाईन बिछाई गई थी उनमें से कोई भी लाईन ऐसी नहीं है जो कार्यात्मक स्थिति में ना हो और अब पानी किसी भी खेत या प्लाट में नहीं जा रहा है। इसके अलावा शहर की विविमन्न कॉलोनियों में नई व क्षतिग्रसत मल निकासी लाईन 8 ईंच साईज आई/डी एस. डब्ल्यू से 12 ईंच साईज आई/डी एस डब्ल्यू व 24 ईंच आई/डी आर.सी.सी. लाईन एवं मैनहोल के निर्माण के लिए अनुमानित राशि 353.00 लाख रूपये का अनुमान हाल ही में स्वीकृत किया गया था जिसके अधिन सीवर लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है व 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य दिनांक 30.06.2022 तक कर दिया जाएगा। इसके अलावा लोहे की पानी की पाईप लाईन बिछाने व जलघरों की मुरम्मत करने का अनुमानित राशि 500.40 लाख रूपये का एक अनुमान हाल ही में स्वीकृत

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(01-06-2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			किया गया था जिसके अधिन जलघर मुरम्मत का कार्य प्रगति पर है व 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और डी. आई पाईप उपलब्ध होने के बाद कार्य दिनांक 30.09.2022 तक कर दिया जाएगा।	
		20.12.2021		
267.	श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 516 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों गांगोली तथा सिवाना मल में जल घर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?	एक प्रस्ताव जिसकी लागत 303.40 लाख रुपये है गांव गांगोली में जल निर्माण के लिए स्वीकृत हो चुका है तथा एक अन्य प्रस्ताव जिसकी अनुमानित लागत 1309.00 लाख रूपये है, गांव सिवाना मल व पांच अन्य गांव के लिए स्वीकृति प्रक्रिया में है। इन प्रस्तावों के अंतर्गत जलघरों का निर्माण 31.03.2023 तक पूरा होने की संभावना है।	जल जीवन मिशन के तहत गांव गांगोली में जलघर निर्माण कार्य के लिए 303.40 लाख रूपये के एक स्वीकृत अनुमान के तहत कार्य प्रगति पर है। जो दिनांक 31.03.2023 तक पूरा होने की संभावना है तथा जल जीवन मिशन के तहत गांव सीवानमाल में नहर आधारित जलघर निर्माण कार्य के लिए 1485.30 लाख रुपये का अनुमान स्वीकृत हो चुका है व डी.एन.आई.टी. मुख्यालय में विचाराधीन है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (18-05-2022)

10.03.2021

268. तारांकित प्रश्न संख्या 932 के संदर्भ में श्री दूड़ा राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: स्पीकर सर, फतेहाबाद में वॉटर वर्क्स के लिए हुडा ने जगह छोड़ रखी है। यह सारे का सारा सैक्टर डिवैल्प हो चुका है। वहां पर नहरी पानी नहीं जाता है। सैक्टर 3, 5 और 7 पूरी तरह से आबाद हो चुके हैं। वहां पर जो ट्यूबवैल हैं उनका पानी बहुत ही ज्यादा खराब है। वहां पर सभी लोगों की डिमाण्ड है कि वहां पर नहरी पानी की सप्लाई होनी चाहिए। जब नहरी पानी की सप्लाई के लिए बूस्टिंग स्टेशन की स्थापना के लिए हमारे पास पर्याप्त जगह उपलब्ध है और आबादी भी है तो वहां पर जल्दी से जल्दी कैनाल बेस्ड वॉटर सप्लाई की शुरूआत की जाये।**** अध्यक्ष महोदय, जिस सैक्टर की चर्चा माननीय सदस्य कर रहे हैं उसमें कुल 1542 प्लॉट्स हैं। वहां पर लगभग 560 मकानों का निर्माण हुआ है और 497 मकानों के अंदर रिहायश हुई है। वहां पर अभी पूरी तरह से रिहायश नहीं हुई है। जब तक वहां पर आबादी बढ़ेगी हम जल्दी से जल्दी नहरी पानी की सप्लाई की व्यवस्था करने का काम कर देंगे। ***** अध्यक्ष महोदय, फतेहाबाद में दो कैनाल बेस्ड वॉटर वर्क्स ऑलरेडी हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि हम वहां पर कैनाल बेस्ड तीसरे वॉटर वर्क्स का निर्माण भी जल्दी से जल्दी करवाने के लिए कार्यवाही शुरू कर देंगे।

15.03.2021

269. तारांकित प्रश्न संख्या–907 के संदर्भ में श्री राम कुमार कश्यप द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे हल्का इंद्री में एक धनोरा एस्केप है जिसमें अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने तेजाबी नाले का जिक्र किया है जो डिच ड्रेन के माध्यम से धनोरा एस्केप में गिरता है। इसके लिए एच.एस.आई.आई.डी.सी.,सी.ई.टी.पी. (रासायनिक अपशिष्ट उपचार संयत्र) की स्थापना के लिए कार्य कर रही है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	यमुनानगर के सीवरेज और फैक्ट्री का गन्दा पानी आ जाता है जोकि मेरे हल्के के एक दर्जन गांव जो यमुना नदी के साथ लगते हैं उनमें रहने वाले नगरवासियों के स्वास्थ्य और किसान की खेती को प्रभावित कर रहा है।			
		20.12.2021		
270.	तारांकित प्रश्न संख्या 1288 के संदर्भ में श्री राम कुमार गौतम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– **** मेरा यह भी अनुरोध है कि वहां पर जल्दी से जल्दी सीवरेज ट्रीटमैंट का प्लांट लगाया जाये क्योंकि जब तक वहां पर सीवरेज ट्रीटमैंट का प्लांट नहीं लगेगा तब तक इस गांव को शहर बनाने का कोई लाभ नहीं है क्योंकि शहर की सबसे पहली सुविधा तो ही होती है कि वहां पर सीवरेज ट्रीटमैंट का प्लांट तो कम से कम हो।	**** जो विधायक साथी ने बताया है इनकी यह चिंता पूरी तरह से वाजिब है। मैं इसको री–एग्जामिन करवाऊंगा। जो जगह उन्होंने एक्वॉयर की हुई है उसको छोड़कर दूसरी कोई और व्यवस्था कैसी हो सकती है मैं विभाग से सीवरेज की सारी री–डिजाईनिंग करवाऊंगा और हम कोशिश करेंगे कि हम इस शहर को सीवरेज की सुविधा जल्दी से जल्दी दे सकें।		

271. डॉ. कृष्ण लाल मिढ़ा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 686 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) जींद में हांसी सड़क पर स्थित 15 एम. एल. डी. सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) का नवीनीकरण का कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है तथा उपरोक्त कार्य को समय पर पूरा न किए जाने पर एजेंसी के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई;

(ख) जोगिन्द्र नगर–लोको कालोनी–अमेठी–रोहतक सड़क में सीवरेज सिस्टम के लिए डिस्पोजल प्लांटो के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त कार्य एजेंसी ने अधूरा छोड़ दिया है; यदि हां, तो एजेंसी के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

(क) XX (ख) XX

(ग) एजेंसी ने निर्धारित समय के अन्दर उक्त कार्य को पूर्ण नहीं किया, जिसके लिए अनुबंध के क्लॉज–2 के अनुसार एजेंसी के विरूद्ध 92.68 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। अब एजेंसी ने उक्त कार्य को पूर्ण करने के लिए 18.02.2022 को अपनी सहमति दी है व उक्त कार्य 31.08.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

15.03.2022.

272. श्री दीपक मंगला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 790 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा यादि क्रमांक 11180 दिनांक 05.04.2016 के अनुसार पलवल शहर के बीच में निर्मित किये जाने वाले नाले का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है; यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किएजाने की संभावना है?

मुख्यमंत्री घोषणा कोड संख्या 11180 दिनांक 05.04.2016 के तहत पलवल शहर के बीच में स्थित मौजूदा नाले के पुनर्निर्माण का कार्य 242.50 लाख रुपये के स्वीकृत अनुमान के तहत प्रगति पर है। उक्त अनुमान के तहत नाले को ऊपर उठाने/पुनर्निर्माण का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। 90.20 लाख रुपये के अलग अनुपूरक अनुमान के तहत नाले का शेष कार्य प्रगति पर है। हालांकि डी०एच०बी०वी०एन०एल० द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित न करने तथा स्थानीय निवासियों द्वारा किथवाड़ी सड़क पर किए गए अतिक्रमण के कारण कार्य को पूर्ण करने में यह दो बाधाएं है।

विद्युत ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करने के लिए डी.एच.बी.वी.एन.एल. प्राधिकारियों के साथ अनुकरण किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद पलवल के प्राधिकारियों से पहले ही पत्राचार किया जा चुका है।

संबंधित प्राधिकारियों द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर के स्थानान्तरण एवं अतिक्रमण हटाने के पश्चात कार्य 30.06.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है।

16.03.2022.

273. तारांकित प्रश्न संख्या 1839 के सन्दर्भ में श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहूंगी कि बाढड़ा हल्के में कई गांव हैं जिनमें झोझू कलां, कलाली, बलाली, जावा, बधवाना, चिड़िया, मकड़ानी, मंदौला, मंदौली, घसौला, नलकरा, मकडाना, महराना, कलियाना, नौरणांबास जाटान इत्यादि 15 गांव हैं जिनमें पीने के पानी की भयंकर समस्या है। बाढड़ा हल्का रेतीला है और इसमें जो बोरवैल लगे हुए हैं जल स्तर काफी नीचे चला गया है तथा पानी कड़वा भी है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहती हूं कि मेरे हल्के को पीने का पानी मुहैया करवाया जाये। आजकल तो लोग प्याऊ भी बिठाते

*****गोठड़ा माईनर में गर्मी के दिनों में टेल के अन्तिम छोर पर पानी की कमी हो जाती है जिसकी वजह से वहां गर्मियों में पानी की थोड़ी दिक्कत आती है इसलिए निरंतर गुणवत्ता में कमी आने की वजह से मापदंडों में कमी आई है। आने वाले समय में इनमें भी सुधार किया जाएगा। इसी तरह बाकी सभी गांवों में 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पानी की सप्लाई दी जा रही है। फिलहाल 50 गांवों में कैनाल बेस्ड सप्लाई दी जा रही है और 52 गांवों की स्कीम बनाई हुई है। इसके अन्दर तीन स्कीम हैं। एक नाडा समूह है जिसमें 6 गांव हैं जिसका काम 1772.35 लाख रुपये की लागत से प्रगति पर चल रहा है और वह कार्य 31.12.2022 तक पूरा हो जाएगा। इसी तरह सिरसली समूह है जिसके अन्दर 12 गांव हैं। इसके अन्दर 3622.75 लाख रुपये की लागत से योजना चलाई जा रही है। वह

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

हैं। यहां पर सिंचाई मंत्री जी बैठे हुए हैं मैं उनसे निवेदन करना चाहूंगी कि हमारी जो बधवाना माइनर हर सप्ताह चलती थी उसका टाइम बढ़ा कर आपने 15 दिन कर दिया है जिसके कारण पानी की कमी और अधिक हो गई है। समी जोहड़ खाली पड़े हैं जिसके कारण पशुओं को पीने का पानी नहीं मिल रहा है इसलिए इसको फिर से 7 दिन किया जाये। बोर वैल्स का जल स्तर भी काफी नीचे चला गया है। इसके साथ ही साथ जो मोटर्स लगी हुई हैं वे खराब हो गई हैं तथा कई जगह से पाइप लाइन भी खराब हो गई है जिसके कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि गर्मी शुरू होने से पहले बाढड़ा हल्के में पीने का पानी उपलब्ध करवाया जाये।

कार्य भी 31.12.2022 तक पूरा हो जाएगा। तीसरी स्कीम निम्भड़ बडेसरा समूह जिसमें 34 गांव हैं और एक शहर बाढड़ा है। इसका कार्य भी 100 करोड़ रुपये की लागत से अलॉट हो गया है लेकिन अभी वहां लैंड और फोरेस्ट का इशू चल रहा है। जब यह सैटल हो जाएगा उसके बाद इसका काम 01.07.2022 तक शुरू होने की संभावना है और 31.12.2023 तक इस कार्य के पूरा होने की संभावना है। जब इन प्रोजैक्ट्स का काम पूरा हो जाएगा तो फिर कोई दिक्कत नहीं रहेगी। अगर फिर भी कोई समस्या है तो जल जीवन मिशन के तहत उसका काम पूरा करवा दिया जाएगा।

16.03.2022.

274. श्री घनश्याम सर्राफ, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1628 क्या मुख्यमन्त्री कृपा बताएंगे कि भिवानी में धानी जांगा में पीने के पानी के लिए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है?

हां, श्रीमान् जी। पेयजल आपूर्ति के लिए धानी जांगा में एक बूस्टिंग स्टेशन निर्माणाधीन है और दिनांक 31.03.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है।

16.03.2022.

275. तारांकित प्रश्न संख्या 1628 के सन्दर्भ में श्री घनश्याम सर्राफ द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : ****** मेरा यह भी कहना है कि राजीव कॉलोनी के लिए बूस्टिंग स्टेशन बना दिया जाये ताकि वहां की जनता को पीने का पानी उपलब्ध हो जाये।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि हम पहले इसको एग्जामिन करवा लेते हैं उसके बाद अगर वहां जरूरत होगी तो बूस्टिंग स्टेशन बना दिया जायेगा।

08.08.2022

276. तारांकित प्रश्न संख्या 4 के सन्दर्भ में राव दान सिंह, द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि ये जब नैशनल

अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के भिवाडी का गन्दा पानी धारूहेड़ा के आसपास आकर काफी फैल जाता है। यह केस एन.जी.टी. के पास गया था। एन.जी.टी. ने अब उस पर फैसला

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	हाइवे नं. 8 से जयपुर जाते हैं तो रास्ते में फ्लाई ओवर के पास भिवाडी से आने वाला गन्दा पानी इकट्ठा हो जाता है। वहां से छोटे व्हीकल्स आ–जा नहीं पाते मेरा माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन है कि वे इस पर गंभीरता से विचार करके कोई–न–कोई समाधान निकालें।	कर दिया है कि इसके लिए एक एस.टी.पी. बनाया जाएगा और इसका सारा खर्च राजस्थान सरकार देगी तथा इसको बनाने का काम हरियाणा सरकार करेगी। कल नीति आयोग की बैठक में राजस्थान और हमारे हरियाणा प्रदेश के मुख्य सचिव शामिल हुए थे और उसमें राव इंद्रजीत जी भी शामिल हुए थे। इस संबंध में एक मीटिंग करके इसके समाधान के लिए जल्द ही एस.टी.पी. का निर्माण करवाया जाएगा। यह कार्य राजस्थान सरकार के सहयोग से किया जाएगा। इसको अकेला हरियाणा प्रदेश नहीं करेगा। हालांकि भिवाड़ी के गन्दे पानी से नुक्सान हमको होता है लेकिन इस बारे में एन.जी.टी. अपना फैसला दे चुका है। अतः हम उस फैसले को जल्द ही लागू करवायेंगे।	
		08.08.2022		
277.	तारांकित प्रश्न संख्या 6 के सन्दर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, आज	अध्यक्ष महोदय, इस संबंध में सबसे पहली बात तो मैं यह कहना चाहूंगा कि इस बार हरियाणा प्रदेश में बहुत सी जगहों पर नॉर्मल		

माननीय मुख्यमंत्री जी भी सदन में उपस्थित हैं। मैं बताना चाहूंगा कि छोटूराम चौक के ऊपर पानी भरने की यह एक बहुत पुरानी समस्या है। जब 1995 के अंदर फ्लड आया था तब वहां पर 12 फीट पानी भरा हुआ था। जहां तक मुझे ध्यान है मुख्यमंत्री जी को भी इस बात का जरूर पता होगा। जब 2007 के अन्दर चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे उस समय जल भराव समस्या का पूरी तरह निदान हो गया था। मुख्यमंत्री जी सरकार को इस बात के लिए हिदायत दें कि सिस्टम के अन्दर तथ्य क्यों छिपाये जाते हैं? जब समस्या 2007 के अन्दर खत्म हो गयी थी उसके बाद 2022 के अन्दर वहां पानी कैसे इकट्ठा हुआ? क्या 15 साल में ऐसी बारिश कभी नहीं आयी कि वहां पर पानी इकट्ठा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री महोदय, सबसे बड़ी समस्या यह है कि वहां साथ में अप्पूघर लाड वाला जोहड़ है उस जोहड के अन्दर वह पानी तुरंत उस रिजर्व वर्ग को अडॉप्ट कर लेता था जिसे आपकी सरकार की स्कीमों ने कभी अप्पूघर की वर्षा से ज्यादा हुई है। रोहतक में भी बहुत बारिश हुई है यह मुझे मालूम है। इसके अलावा और भी बहुत से स्थानों पर अच्छी बरसात हुई है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि अगर वर्षा ज्यादा हो जाये तो उसके लिए हमारी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए। जहां तक यहां पर रोहतक के विषय को उठाने का संबंध है तो जन स्वास्थ्य विभाग जांच करवायें कि कौन–कौन से ऐसे विषय हैं जिनके कारण से वहां का जो सारे का सारा सिस्टम है उसने मौके पर काम नहीं किया। जहां तक बिजली के बिलों की बात है यह विषय पिछले बहुत से वर्षों से चलता आ रहा था। अब हमने इस साल से यह व्यवस्था कर दी है कि सरकारी विभाग का कोई भी बिजली का बिल अब किसी डिपार्टमैंट का जितना भी सालाना बिजली के बिल का खर्च है उसको कंसोलिडेट करके बजट में से कम करके पहले ही अप्रैल में उनको वापिस किया जायेगा नहीं तो बहुत से स्थानों पर यह शिकायत आती है कि इस ऑफिस का बिजली का बिल नहीं गया और उस ऑफिस का बिजली का बिल नहीं गया। आखिरकार पॉवर डिपार्टमैंट एक इंडिपैंडैंट संस्था है अर्थात् वह एक कम्पनी

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

बात, कभी फूड सीड की बात करके जोहड़ को भर दिया। जिस वजह से यह समस्या इतने सालों के बाद हुई है, यह बहुत बड़ी गंभीर समस्या है। जब संत नगर, हरि नगर, छोटू राम चौक, भगवान कालोनी में बारिश हो रही थी उस समय मैं वहां पर गया तो वहां पर साढ़े तीन फीट तक पानी भरा हुआ था। मैंने वहां देखा, वहां का सिस्टम फेल्योर था। इस समस्या को सरकार ऐडमिट क्यों नहीं करती, पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट इसे एडमिट क्यों नहीं करता। वहां पर हुड्डा कॉम्पलेक्स के अन्दर अप्पूघर के साथ जो डिस्पोजल था वह भी काम नहीं कर रहा था। कृष्णा कालोनी, गुरुनानक पुरा तथा महावीर कालोनी में आदरणीय चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी बारिश के दो दिन बाद जब उन कालोनियों में गये तब वहां पर दो–दो फीट पानी घरों में भरा हुआ था। उन घरों की व्यथा और है उसके नाते उनको तो सरकारी और प्राईवेट सभी विभागों/उपभोक्ताओं से बिजली के बिल लेने हैं। अब हमने यह तय किया है कि सभी सरकारी विभागों के सारे के सारे बिजली के बिल संबंधित डिपार्टमैंट को ऑटोमैटिकली चले जायेंगे। इसी प्रकार से और भी विभागों का लेन देन होता है जिसके कारण से कंट्रोवर्सिज होती हैं। उनका भी बजट में समाधान कर दिया जायेगा ताकि पूरे साल का जितना भी खर्च हो, सारे के सारे को उसमें से निकाल लिया जाये। इसके अलावा मैं एक बार फिर से यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि इस मामले की डिपार्टमैंट्ल इंक्वॉयरी पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट द्वारा की जायेगी।

नुक्सान हमने देखा। सरकार ने जवाब में लिखा है कि मुआवजे के लिए कोई प्रपोजल नहीं है। मेरे कहने का मतलब यही है कि जब इस समस्या का निदान 15 साल पहले हो गया था तो अब यह समस्या एकदम कैसे आई। माननीय अध्यक्ष महोदय, सरकार ने अपने जवाब के अन्दर लिख दिया कि वहां पर कोई नुक्सान नहीं हुआ और मंत्री जी ने अपने जवाब में लिख दिया कि कोई कम्पनसेशन नहीं। कम्पनसेशन की प्रोसैस शुरू हुई। मैंने कम्पनसेशन के लिए चीफ सैक्रेटरी को इमीडिएटली पत्र लिखा। उन्होंन उसको रिस्पौड किया। डी.सी. ने उसका सर्वे करवाया और मंत्री जी कहते हैं कि कम्पनसेशन देने का कोई प्रॉविजन ही नहीं है। मैंने लोगों के घरों के नुक्सान को अपनी आंखों से देखा है। हाऊसिंग बोर्ड के अंदर पम्पिंग स्टेशन नहीं चल रहा था। वह ऑलरेडी खराब था। कृष्णा कॉलोनी की बैक साइड वाला पम्पिंग स्टेशन भी नहीं चल रहा था और सबसे बड़ी समस्या यह है कि पीछे पब्लिक हैल्थ का लाड़ वाला जोहड़

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

था जो पूरी तरह से भर चुका है वहां पर अनअथोराईज्ड कॉलोनियां कट चुकी हैं। इन सभी कारणों से सारी की सारी कृष्णा कॉलोनी का बहुत बड़ा नुक्सान हुआ है। म्युनिसिपल कारपोरेशन के हाउस में यह रेज्योल्यूशन पास हुआ है कि अप्पू घर के पास रोड वाले तालाब को मैंनटेन किया जाये ताकि इस समस्या का समाधान हो। यह मैं सिर्फ कुछ एरिया की बात कर रहा हूँ। इस बार की बारिश में मॉडल टाऊन, हाऊसिंग बोर्ड और गांधी कैम्प इत्यादि सभी इलाकों में बहुत बुरा हाल हुआ है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि इस समस्या का परमानैंट तौर पर समाधान होना चाहिए। हमने वहां पर वर्ष 1985 व वर्ष 1995 की बाढ़ देखी। इसका जल्दी से जल्दी समाधान होना चाहिए, लाड़ वाला जोहड़ फिर से मैंनटेन होना चाहिए। मंत्री जी यहां पर इसके लिए आश्वासन दें और सदन में

यह भी कहा जाये कि वह इमीडिएटली रिलीफ रिजरवॉयर बनेगा। ये मेरी मांगे हैं। मगर मैं यह भी बताना चाहूंगा कि डिपार्टमैंट द्वारा 4.75 करोड़ रुपये की मांग की गई। इसके लिए तीन महीने पहले चिट्ठी लिखी गई लेकिन वह 4.75 करोड़ रुपये बारिश आने से तीन दिन पहले ही सैंक्शन हुआ। इस प्रकार की स्थिति में पैसा कहां और कैसे खर्च हो सकता है। इतने कम समय में नालों की सफाई किस प्रकार से हो सकती है। इसकी भी इंक्वॉयरी करवाई जानी चाहिए कि 4.75 करोड़ रुपये की राशि टाइम पर रिलीज क्यों नहीं की गई। इसके लिए जो भी अधिकारी जिम्मेदार हों उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये।

09.08.2022

278. श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा तारांकित प्रश्न संख्या 40 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:--

(क) गोहाना सड़क के सामने टी.बी. अस्पताल पर स्थित तथा कृष्णा कालोनी, महावीर

(क) 10 बीघा 7 बिस्वा (6.46 एकड़) भूमि का हिस्सा सरकार द्वारा 10.4.2008 को अधिग्रहित किया गया था और यह भूमि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कब्जे में है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

कॉलोनी तथा गुरू नानकपुरा के पीछे राहड़ वाला नामक तालाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी से संबधित भूमि का कुल क्षेत्र कितना है तथा सरकार द्वारा इसे कब अधिगृहित तथा कब्जाया गया तथा वर्तमान में उक्त भूमि किसके कब्जे में हैं;

(ख) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा उक्त भूमि को उपयोग करने का उद्देश्य क्या है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या यह तथ्य है कि दिनांक 30 जून को उपरोक्त कालोनियों में 4 फीट तक पानी एकत्रित हो गया था; यदि हां, तो वर्षा ऋतु के दौरान उपरोक्त कालोनियों में पानी एकत्रित होने से रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए या उठाए जाने वाले पग क्या है तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

(ख) उक्त भूमि पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का एक सीवेज डिस्पोजल व एक स्ट्रोम वॉटर डिस्पोजल है जो कि उपरोक्त कालोनियों के सीवरेज व बरसाती पानी निकालने के लिए बनाए गए हैं।

(ग) हां, श्रीमान् जी। रोहतक शहर में दिनांक 30.6.2022 को 6 से 7 घंटों में लगातार 153 मिलीमीटर के करीब भारी वर्षा हुई जो कि हरियाणा की 550 मिलीमीटर औसतन वार्षिक वर्षा से कहीं अधिक थी। गोहाना सड़क टी.बी. अस्पताल के सामने व कृष्णा कालोनी, महावीर कॉलोनी तथा गुरू नानकपुरा में वर्षा का पानी एकत्रित हो गया था। उपरोक्त कालोनियों में वर्षा के पानी को एकत्रित होने से रोकने के लिए 45.27 करोड़ का एक अनुमान वॉटर सप्लाई व सीवरेज बोर्ड की मीटिंग जो कि दिनांक 20.7.2022 को हुई थी, उसमें प्रशासनिक अनुमोदन

कर दिया गया है। इस कार्य के पूर्ण होने पर वर्षा ऋतु के दौरान उपरोक्त कालोनियों में वर्षा का पानी एकत्रित नहीं होगा।

10.08.2022

279. श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 49 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) डबवाली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गंगा में महाग्राम योजना के अंतर्गत कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है;

(ख) अब तक सरकार द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या उपरोक्त कार्यों के निष्पादन के दौरान ग्राम गंगा के निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ा है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए है ?

श्रीमान, (क) गांव गंगा में महाग्राम योजना के तहत कार्य 19.08.2019 को शुरू किया गया था और इसके 31.12.2023 तक पूर्ण होने की संभावना है।

(ख) गंगा में जलापूर्ति योजना के विस्तार का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है और सीवरेज प्रणाली बिछाने का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। मल शोधन संयंत्र के निर्माण के लिए निविदाएं 01.09.2022 तक आमंत्रित करने की संभावना है।

(ग) हां, कार्य के निष्पादन के दौरान निवासियों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ा। कार्य करने के दौरान खंडित की गई सड़कों की मरम्मत का काम विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है और इसे बरसाती मौसम के बाद अर्थात् 31.10.2022 तक पूर्ण कर दिया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

10.08.2022

280. तारांकित प्रश्न संख्या 49 के संदर्भ में श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, जब हमने पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट के अधिकारियों से पूछा तो उन्होंने मना कर दिया कि यह हमारे विभाग का काम नहीं है और ठेकेदार से पूछा तो उसने भी यही कहा कि हम सिर्फ पैच वर्क करेंगे क्योंकि टैंडर में इन गलियों को बनाने का प्रावधान नहीं है। XX अध्यक्ष महोदय, यह केवल एक गांव की बात नहीं है बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश में इसी तरह से काम हो रहा है। XX अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से सिर्फ एक आश्वासन चाहता हूं। अगर सरकार सही मायने में गंभीर हैं तो इसमें जिसकी भी जिम्मेवारी है अगर वह इस काम को 31.10.2022 तक नहीं करता है तो आप एक बार इस गांव में आने का कष्ट जरूर करें।

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के पटल पर कह रहा हूं कि हम इस काम को करवायेंगे। अब हमने टैंडर में ही यह प्रावधान कर दिया है तथा पूरे हरियाणा में जहां भी इस तरह का काम होगा उसको पब्लिक हैल्थ करेगा। XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को आश्वस्त करना चाहूंगा कि पहले यह प्रावधान नहीं था लेकिन अब हमने यह प्रावधान कर दिया है और हम पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट के माध्यम से यह काम करवायेंगे। XX अध्यक्ष महोदय, हम इसको 31.10.2022 से पहले करवा देंगे इसलिए माननीय सदस्य चिन्ता न करें।

10.08.2022

अध्यक्ष महोदय, हम उनके खिलाफ जरूर कार्यवाही करेंगे।

तारांकित प्रश्न संख्या 49 के संदर्भ में श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, जहां–जहां नहीं हुआ (महाग्राम योजना के तहत होने वाला काम) क्या मंत्री जी उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे।

26.12.2023

281. तारांकित प्रश्न संख्या 9 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, मैंने कुछ गांवों के नाम लिखे हैं जिसमें मैंने माननीय मंत्री जी से पीने के स्वच्छ पानी देने के बारे में जानना चाहा है। मेरे झज्जर विधान सभा क्षेत्र के गांवों के खेतों में पानी भरा है, गलियों में पानी भरा हुआ है, लेकिन पीने के लिए पानी नहीं है। पहली बात तो मैंने जो प्रश्न पूछा था उसमें झज्जर शहर का भी कुछ हिस्सा था जिसमें सीवरेज का मिक्सड पानी आ रहा है, लेकिन इस प्रश्न में उसका जिक्र नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मेरा सबसे पहले प्रश्न मेरे झज्जर विधान सभा के गांव कबलाना का है।

XXXX

गांव कबलाना की वर्तमान जनसंख्या 4,704 है और जहां तक धूलेडा डिस्ट्रिब्यूशन से पानी की कमी की बात थी, इसको एन.सी.आर. से चालू कर दिया गया है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत गांव कबलाना में फिल्टर बैडों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनैक्शन (F.H.T.C.) देने के लिए और बाकी की जो लाईनें हैं उनको बिछाने के लिए 43.15 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से 70 प्रतिशत काम हो गया है। जो बाकी का काम है वह भी 31.03.2023 तक पूरा हो जायेगा। इसी तरह अकेहरी–मदनपुर की जनसंख्या 6625 है और मूलरूप से यह गांव अकेहरी–मदनपुर के 3 गांवों के समूह जल की आपूर्ति करता है। अब इसको आगे

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

इस गांव की मेरे पास सारी वीडियोज हैं। इसकी कुछ वजह से फोटोग्राफी नहीं आ पायी, लेकिन मेरे पास सारी वीडियोज हैं। कबलाना गांव में बुरी तरह से गंदगी के ढेर लगे हुए हैं टैंक साफ नहीं हैं और उसकी चारदीवारी टूटी हुई है। जिससे वहां पर गंदा पानी जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक अकेहरी व मदनपुर गांव की बात है यहां पर बुस्टर नहीं बने। इसके लिए मैंने विधान सभा में कई बार पहले भी ये प्रश्न लगाया है। इसके अलावा लदैण गांव की टंकी की सफाई नहीं है। गांव बीरार, अम्बोली तथा नोगांवा में टंकी नहीं है वॉटर वर्क्स नहीं है। अगर वॉटर वर्क्स है तो उनकी पाइपलाइंस टूटी पड़ी हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरे पास इस समय इन एक–एक गांव की फोटोज और वीडियोज मोबाइल में उपलब्ध हैं जबकि माननीय मंत्री जी कह रहे हैं कि बढ़ाने के लिए फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप टाईप कनैक्शन और पाईप लाईन बिछाने के लिए 28 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह काम 31.07.2023 तक पूरा कर दिया जायेगा। गांव लदेण की जनसंख्या 2684 है। मूलरूप से इसका यह कार्य 26 लाख रूपये की लागत से 1984 में शुरू किया गया था। उसके बाद इसके लिए 315.75 लाख रूपये की राशि और स्वीकृत की गई है। इसका काम वर्ष 2014 में शुरू किया गया था। उसके बाद अभी 324.55 लाख की राशि पम्पिंग स्टेशन के निर्माण ढांचों की मुरम्मत, पाईप लाईन बिछाने और घरेलू कनैक्शन इत्यादि के लिए स्वीकृत की गई है। यह कार्य भी 31.07.2023 तक पूरा कर लिया जायेगा। इसी तरह बीरार गांव के अंदर वर्तमान में 14640 जनसंख्या है। इस गांव की जलापूर्ति योजना 6 गांवों के समूह नामतः जमालपुर, लदेण, बीरार, ढाणी धारियावास और हुमांयूपुर वर्ष 1984 में शुरू की गई थी।

इन गांवों में पीने के पानी की समस्या नहीं है। साल्हावास गांव में वॉटर वर्क्स की सफाई नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मैंने जो प्रश्न लगाया था उसके लिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगी। मैंने मंत्री से कहा था कि इन गांवों में यह समस्या तो है ही इसके साथ ही साथ मैं यह भी जानना चाहूंगी कि सरकार इन गांवों में कब तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करवाएगी ? जबकि माननीय मंत्री जी ने कहा है कि पेयजल की आपूर्ति नहीं करवाएंगे आपने इसके लिए मना ही कर दिया। दूसरी बात मैंने सप्लीमैंट्री में पूछी थी कि विभिन्न गांवों के जलघरों की सफाई का क्या शेड्यूल रहता है ? जिसका माननीय मंत्री जी ने कोई जवाब नहीं दिया। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगी कि जिन गांवों में वॉटर वर्क्स नहीं बने हुए हैं उन गांवों में विशेष तौर से वॉटर वर्क्स बनाए जाएं और जिन गांवों में वॉटर वर्क्स बने हुए हैं उनके लिए सरकार बतायें कि पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट के द्वारा कब–कब इन इसके अलावा 26 लाख रूपये की राशि वर्ष 1984 में 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन के हिसाब से स्वीकृत की गई थी लेकिन अब 12.39 लाख रूपये की राशि और स्वीकृत की गई है। इस पर भी काम चल रहा है। यह काम भी 31.03.2023 तक पूरा हो जायेगा। इसी तरह से अम्बोली गांव में, जिसकी जनसंख्या 2920 है, पानी की आपूर्ति दो ट्यूबवैलों से की जा रही है। वर्ष 2012 के दौरान यह योजना शुरू की गई थी। अब फिलहाल इसके लिए 28.85 लाख रूपये के एस्टीमेट्स को स्वीकृत किया गया है। इस पर काम चल रहा है और यह कार्य 31.03.2023 तक पूरा कर दिया जायेगा। इसी तरह नौगांवा गांव की वर्तमान जनसंख्या 3668 है। फिलहाल इसके लिए भी 31.10 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह काम भी 31.03.2023 तक पूरा कर दिया जायेगा। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत 77.70 लाख रूपये की राशि का अनुमान जन वितरण नैटवर्क को मजबूत करने तथा हाउसहोल्ड टैप कनैक्शन देने के लिए अनुमोदित किया गया। यह काम भी 31.03.2023 तक पूरा कर दिया जायेगा। गांव मोहनबारी की जनसंख्या 1624

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

वॉटर वर्क्स की सफाई की जाती है क्योंकि इन वॉटर वर्क्स में बुरी तरह से काई जमी हुई है, मरे हुए पशु–पक्षी पड़े हुए हैं जिसके कारण वहां पर बदबू आती है और पाईप भी टूटी पड़ी है। मैंने जितने भी गांवों यानी नोगांवा, साल्हावास, मोहनबारी तथा हुमायूंपुर की लिस्ट यहां पर दी है इन सभी गांवों के वॉटर–वर्क्स की मैंने पर्सनल विजिट की जिसमें पाया कि इनमें काई और गंदगी के ढेर की वजह से गंदे पानी की सप्लाई आ रही है। हमारी सरकार के समय में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा एन.सी.आर. के लिए शहरों के लिए पीने का पानी लाने का काम किया था।

है। गांव मोहनबारी को भी एक बूस्टिंग स्टेशन के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। फिलहाल इस गांव के लिए 134 लाख रूपये की अनुमानित राशि स्वीकृत की गई है। इसमें एक इंडीपैंडैंट वॉटर वर्क्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह काम भी 31.08.2023 तक पूरा कर दिया जायेगा। इसी तरह हुमांयूपुर गांव की वर्तमान जनसंख्या 2126 है। इस गांव के लिए भी जल जीवन मिशन के तहत 22.31 की अनुमानित राशि का अनुमान लाईन बिछाने तथा फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनैक्शन देने के लिए अनुमोदित किया गया है। यह काम भी 31.03.2023 तक पूरा कर दिया जायेगा। सभी गांवों के सरपंचों ने यह लिखकर दिया है कि उनके गांवों में पानी की किसी भी तरह की समस्या नहीं है।

26.12.2022

282. तारांकित प्रश्न संख्या 12 के संदर्भ में श्री घनश्याम सराफ, विधायक द्वारा पूछा गया अपुनूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय,

अध्यक्ष महोदय, इन बुस्टिंग स्टेशंज के लिए 9 करोड़ 73 लाख़ रुपये का ऐस्टीमेट्स मंजूर हो चुका है। इस संबंध में कोर्ट में केस पैंडिंग

मेरे प्रश्न के एक भाग में तो जमीन की बहुत दिक्कत है। दूसरे में विभाग द्वारा किसी जमीन की रजिस्ट्री गलत करवा दी गई है। जोकि सांझा खाते की जमीन थी उससे बड़ी भारी दिक्कत आ रही है। जब माननीय उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी भिवानी गये थे उस समय इन्होंने हमारे देव नगर में एक बुस्टिंग स्टेशन बनाने के लिए जगह देने की बात कही थी। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि वह जमीन हमें कब तक मिल जाएगी? इसी तरह से राजीव कॉलोनी का एस.टी.पी. सैक्टर–13 में बना हुआ है। अगर उसमें एक बुस्टिंग स्टेशन बना दिया जाए तो हमारी उस इलाके की पानी की समस्या दूर हो जाएगी।

होने की वजह से इनमें थोड़ी डिले हो रही है। इन केसिज से संबंधित कोर्ट में एक केस की तारीख 03.04.2023 और दूसरे केस में 18.01.2023 तारीख लगी हुई है। अगर इन तारीखों पर इन केसिज का फैसला हो जाता है तो हम इन दोनों बुस्टिंग स्टेशंज को बनाने के लिए तैयार हैं। अगर विधायक जी इनके लिए कहीं दूसरी जगह जमीन दिलवा दें तो हम इनको वहां बनवा देंगे।

27.12.2022

283. श्री घनश्याम सर्राफ द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 75 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि अनाज मंडी, भिवानी के 50 वर्ष पुरानी सीवरेज लाइन को बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के

जी हाँ श्रीमान, पुरानी सीवरेज लाइन बदलने के कार्य को वित्त वर्ष 2023–24 में पूर्ण होने की संभावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त सीवरेज लाइन के कब तक बदले जाने की संभावना है?

28.12.2022

284. श्री भव्य बिश्नोई द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 52 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि आदमपुर मंडी में क्षतिग्रस्त सीवरेज तथा पीने के पानी की पाइप लाइन को बदलने के लिए 5378.73 लाख रूपय तथा 3017.30 लाख रूपये की परियोजनाएं सरकार द्वारा स्वीकृत की गई हैं;

(ख) सरकार द्वारा इन परियोजनाओं के लिए निविदाएं कब तक आमंत्रित किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त कार्यों के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि चाबरवाल, भोडिया खेड़ा, सादलपुर, आदमपुर, कबरेल, ढोमी

(क) हां श्रीमान् जी।

(ख) मल शोधन संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण के बाद सीवरेज प्रणाली के कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी और जल आपूर्ति प्रणाली के कार्य के लिए निविदाएं प्रक्रियाधीन हैं। स्वीकृति पत्र जारी होने के दो माह के भीतर इन कार्यों को शुरू कर दिया जायेगा।

(ग) नहीं श्रीमान्

(घ) हां श्रीमान्, गांव सादलपुर में जलघर निर्माण का प्रस्ताव है परन्तु गांव चन्दन नगर में जलघर निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है। असरावन जलघर की मरम्मत का 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर दिया गया है।

में महात्मा गांधी बस्ती, बीड़, धनडूर, झीरी तथा पीरांवाली गांवों में पेयजल की भारी समस्या है; यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) क्या गांव सादलपुर तथा चंदन नगर में जलघर का निर्माण तथा गांव असरावन के जलघर में पानी की टंकी की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

28.12.2022

285. श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 100 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर की कालोनियों अर्थात शेखपुरा कॉलोनी, झाबर नगर कॉलोनी, श्याम नगर कॉलोनी, देव नगर कॉलोनी तथा तुहीराम कॉलोनी में लगभग 10 से 12 फीट गहरी पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन बिछाई गई है जिसके कारण लीकेज के

पलवल शहर की शेखपुरा कालोनी, झाबर नगर कालोनी, श्याम नगर कालोनी, देव नगर कालोनी और तुहीराम कालोनी में स्थित पुरानी पाइप लाइन की जगह नई पाइप लाइन बिछाने के लिए 82.16 लाख रूपये का अनुमान 14.09.2021 को प्रशासनिक अनुमोदित किया था जिसके अंतर्गत 5698 मीटर में से 4908 मीटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है । शेष कार्य 31.01.2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा ।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	समय मरम्मत कार्य नहीं हो पाता तथा लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं; तथा			
	(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कालोनियों में नई पाइप लाइन बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?			
		28.12.2022		
	286. श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न रंख्या 101 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–			
	(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर के कमेटी चौंक से मीनार गेट तक की सीवरेज लाइन कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है; तथा	पलवल शहर में कमेटी चौक से मीनार गेट तक क्षतिग्रस्त सीवर को सी० आई० पी० पी० तकनीक द्वारा सुदृढ़ करने के लिए 329.02 लाख रूपये के अनुमान को जलापूर्ति एवम सीवरेज बोर्ड की बैठक में 20.07.2022 को प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान हो चुका है। इस कार्य के विस्तृत अनुमान का तकनीकी अनुमोदन भी 18.10.2022 को हो चुका है। इस कार्य की डी० एन० आई० टी० 20.12.2022 को अनुमोदित हो चुकी है और निविदाऐं आमंत्रित की जा रही है ।		
	(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सीवरेज लाइन की मरम्मत के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?			

287. श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 107 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि दादरी शहर में ठप सीवरेज प्रणाली, दूषित पानी की निकासी के कुप्रबंधन और दूषित पेयजल की आपूर्ति की बड़ी समस्याएं हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्याओं का स्थाई समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

(क) दादरी शहर की सीवरज प्रणाली सुचारू रूप से चल रही है लेकिन कुछ मौजूदा सीवर लाइनें अवरूद्ध हो गई है जैसे कि बाईपास रोड़ दादरी चुंगी, चिड़िया रोड़ मल शोधन संयत्र के समीप, सीसीआई तालाब के समीप व तीकोणा पार्क झज्जर रोड़ मल शोधन सयंत्र के समीप। शहर में पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जा रही है। जब भी कोई दूषित पानी की शिकायत प्राप्त होती है उसको तत्काल सुधारा/ठीक कर दिया जाता है।

(ख) मौजूदा दो मल शोधन सयंत्रों से ड्रेन नंबर 8 तक उपचारित अपशिष्ट के निस्तारण के लिए एच.डी.पी.ई. राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 3770.00 लाख रूपये के अनुमान के अंतर्गत प्रगति पर है व यह कार्य 31.03.2023 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। मौजूदा क्षतिग्रस्त सीवरेज को प्रतिस्थापनध्पुर्नवास करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपार्ट तैयार की जा रही है व इसकी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी द्वारा दो महीने के भीतर हो

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

जाएगी। इस विस्तृत परियोजना रिपार्ट के अंतर्गत कार्य 31.12.2025 तक पूर्ण होने की सभांवना है।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

HIGHER EDUCATION DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		28.02.2017		
288.	तारांकित प्रश्न संख्या–1678 के संदर्भ में श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः *** अध्यक्ष महोदय, माननीय शिक्षा मंत्री जी ने मेरे निर्वाचन क्षेत्र फतेहाबाद में नैशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज खोलने संबंधी प्रश्न का जवाब 'हां' में दिया है, मैं बहुत आभारी हूंगा यदि माननीय मंत्री जी फतेहाबाद में पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के शिलान्यास संबंधी कोई तारीख भी निश्चित कर दें।	* * * अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया जी को बताना चाहूँगा कि वह फतेहाबाद में जिस पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के शिलान्यास के बारे में जानना चाहते हैं, उस संदर्भ में मैं केवल यही कहना चाहूँगा कि इसी वित्त वर्ष में इस कॉलेज का शिलान्यास करना हमारी प्राथमिकता रहेगी।	इस संबंध में अंकित किया जाता है कि राज्य सरकार की 20 किलोमीटर की परिधि में एक राजकीय महाविद्यालय खोलने की निति है जिसके अन्तर्गत राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडियाखेडा में स्थित है जिसकी फतेहाबाद शहर से दूरी लगभग 3 कि0मी0 है। इसके अतिरिक्त विधानसभा समिति की सिफारिश अनुसार मामले में उपायुक्त, फतेहाबाद से जमीन की उपलब्धता बारे पत्र क्रमांक 7/9–2022 सी–1(3) दिनांक 03.08.2022 अनुसार रिपोर्ट मांगी गई थी जो अभी तक प्राप्त नही हुई है। इस संदर्भ में दिनांक 03.10.2022 को स्मरण पत्र भी जारी किया जा चुका है।	समिति ने चाहा है कि फतेहाबाद जिला हैड क्वार्टर होने की वजह से वहां पर एक गवर्नमैंट कॉलेज होना अति आवश्यक है। अतः विभाग वहां कॉलेज के लिए जमीन चिन्हित करके आगे की कार्यवाही शुरू करे।

289. तारांकित प्रश्न संख्या 42 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री कुलदीप बिश्नोई द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : थैंक यू अध्यक्ष महोदय। अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के आदमपुर के बालसमंद गांव की 9.5 एकड़ जमीन में हुड्डा साहब की सरकार ने एक कॉलेज बनाने का प्रपोजल बनाया था। भारतीय जनता पार्टी की एक नेत्री के रिश्तेदारों ने उस 9.5 एकड़ जमीन पर कब्जा किया हुआ है । उस पर वर्ष 2016 में स्टे लिया गया था लेकिन 9 अक्तूबर, 2017 से वह स्टे वैकेट हो गया है। अब उस पर न्यायालय ने पंचायत के हक में फैसला कर दिया है। अतः अब मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार उसको खाली करवाएगी। इसके अलावा अगर कॉलेज बनाने का प्रावधान है तो सरकार उसको खाली करवाकर कॉलेज कब तक बनवाएगी? इसके अतिरिक्त उसके खाली न करवाने का क्या एक कारण यह है कि वहां पर भारतीय जनता पार्टी की नेत्री के रिश्तेदारों का कब्जा है ?

अध्यक्ष महोदय, नियम के अनुसार जो भी कार्यवाही बनती होगी वह हम करेंगे। अगर कुछ गलत है तो हम निश्चित तौर पर खाली करवाएंगे।

महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा चौ0 चरण सिंह विश्वद्यालय हिसार की 70 कनाल 11 मरला भूमि identify की गई थी प्रस्तावित भूमि को शिक्षा विभाग के नाम स्थानांतरण हेतु विश्वविद्यालय से विभाग द्वारा पत्राचार किया गया था, परन्तु प्रस्तावित भूमि के स्थानांतरण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्ताव का अस्वीकार कर दिया गया था। वर्तमान में महाविद्यालय के भवन निर्माण लगभग 8 से 10 एकड़ suitable & easy accessible भूमि के identification हेतु स्थानीय प्रशासन को डी0 ओ0 दिनांक 07–01–2021 पत्र दिनांक 21–01–2021 को लिखा गया था।

वर्तमान में बालसमंद पंचायत ने 7 एकड़ 6 कनाल 13 मरला पंचायती भूमि महावद्यिालय के निर्माण के लिए प्रस्तावित है। जिसके संदर्भ में महानिदेशक पंचायत को दिनांक 25.02.2022, 26.04.2022 (DO letter) 04.07.2022, 16.08.2022 तथा

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(12-10-2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	XX अध्यक्ष महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि उस जमीन को कब तक खाली करवा दिया जाएगा ?		04.10.2022 को @रु 1/– प्रति एकड़ प्रति वर्ष 33 वर्ष के लिए शिक्षा विभाग को राजस्व रिकार्ड में स्थानांतरण करने हेतु पत्र लिखा गया है जो कि अभी भी प्रतीक्षित है।	
		26.02.2020		
290.	श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 62 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि पिल्लूखेड़ा के राजकीय विद्यालय के कक्षा कमरों में राजकीय महिला महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा की कक्षाओं का आयोजन हो रहा है; यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?	हाँ, श्रीमान् जी, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा की कक्षाएं चालू शैक्षणिक सत्र 2019–20 से वैकल्पिक भवन में चलाई जा रही है। ग्राम जामनी में महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु 8 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है जिसका निर्माण कार्य प्रस्तावित भूमि के अधिगृहण उपरान्त तुरन्त आरम्भ कर दिया जाएगा।	महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा महंत डेरा जमदगिनी महाराज जामनी की 8 एकड़ भूमि को identify किया गया है, जिसके पश्चात प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय जींद को प्रस्तावित 8 एकड़ भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में स्थानांतरित करवाने हेतु पत्र दिनांक 07.12.2020 नॉडल ऑफिसर नियुक्त किया था तथा भूमि स्थानांतरण प्रक्रिया की नवीनत्तम स्थिति बारे प्राचार्य एंव नोडल अधिकारी राजकीय महाविद्यालय जींद को दिनांक 11.09.2021 लिखा गया था। प्राचार्य रा0	The Committee would like to know the latest position in this regard. (12-10-2022)

		महा0 जींद (Nodal Officer) द्वारा अवगत करवाया गया है कि प्रस्तावित भूमि जो कि महंत डेरा जमदगिनी महाराज जामनी की 8 एकड़ भूमि है की lease deed करवा दी गई है। वर्तमान में विभाग द्वारा दिनांक 22.09.2022 को राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लू खेडा के भवन निर्माण हेतु drawings अनुमोदित की गई है तथा लोक निर्माण विभाग को रफ कॉस्ट एस्टीमेट तैयार करते हुए अनुमोदन हेतु, विभाग को भेजने हेतु लिखा गया है।	
	26.02.2020		
291. तारांकित प्रश्न संख्या 62 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि इस कॉलेज का नामकरण महर्षि जमदग्नि के नाम पर रखा जाए क्योंकि जो इसके लिए जमीन दी गई है वह बहुत ही कीमती है और वह जमीन महर्षि जी के डेरे की जमीन है। अतः इसके लिए जो प्रस्ताव दिया	अध्यक्ष महोदय, हम माननीय सदस्य के सुझाव पर विचार करेंगे।	तारांकित प्रश्न 62 के अनुसार राजकीय महिला महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा का नामकरण महर्षि जमदग्नि रखने बारे कोई भी आवेदन प्राप्त नही हुए है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (12-10-2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	है उसके अन्दर भी इसका जिक्र किया गया है इसलिए इस कॉलेज का नामकरण महर्षि जमदग्नि के नाम पर किया जाए।			
		30.3.2016		
292.	तारांकित प्रश्न संख्या 1001 के संदर्भ में श्री हरि चन्द मिढा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न – क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:– (क) क्या जींद शहर में बहुतकनीकी महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?	**अध्यक्ष महोदय, मिढा साहब में अपनी बात मनवाने की एक कला है। मैं मिढा साहब को पहले ही कह चुका हूं कि आपके सवाल पर हम नहीं में जवाब बहुत कम देते हैं। ऑटो मार्केट बनवाना तो मेरे बस की बात नहीं है और बहुतकनीकी संस्थान की प्रपोजल मिढा साहब आप वहां से बनवाकर भिजवा दे हम उस पर जरूर विचार करेंगे।	जी हॉ। जींद शहर में एक राजकीय बहुतकनीकी खोलने का प्रस्ताव है, तथा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा क्रमांक 9744 दिनांक 26–12–2014 को घोषणा की जा चुकी है। यह घोषणा शौक्षणिक सत्र 2015–2016, 2016–2017 के दौरान कम दाखिलों के साथ साथ परियोजना की कुल लागत को मदेनजर रखने के बाद गैर–व्यवहार्य पाई गई है। मुख्यमंत्री महोदय ने 09–09–2016 को एक वर्ष के लिए इसे अमल में ना रखने के लिए मंजूरी दी थी।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (12.10.2022)

एक साल बाद, दिनांक 06.12.2017, 17.01.2018 और 22.02.2018 को डीसी जींद को पुनः जींद शहर में या चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के परिसर में भूमि की पहचान के लिए अनुरोध किया गया था। डीडीपीओ, जींद द्वारा जींद हांसी स्टेट हाईवे पर गांव राजपूरा भान में जमीन की पहचान की गई थी। उपकुलपति के कार्यालय द्वारा सूचित किया गया कि चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के परिसर मे कोई भूमि उपलब्ध नहीं है।

बाद में माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी ने दिनांक 22–03–2018 को सम्पन्न हुई बैठक में यह निर्णय लिया कि नई सरकारी बहुतकनीकी की स्थापना हेतु उपयूक्त भूमि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के परिसर में उपलब्ध करवाई जाए। तदानुसार 2.5 एकड़ से 4 एकड़ जींद की उपयुक्त भूमि को उपलब्ध करवाने के लिए अर्धसरकारी पत्र दिनांक 11–05–2018 व पत्र कमांक 539/विकास दिनांक 04–06–2018

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			के द्वारा उपकुलपति, चौधरी रणबीर सिह विश्वविद्यालय जींद को अनुरोध किया गया। परन्तु विश्वविद्यालय द्वारा कोई भी जमीन उपल्बध नही करवाई गई। दिनांक 16–07–2018 को मुख्य सचिव, हरियाणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2.5 एकड़ कृषि विभाग की भूमि जो चौधरी रणबीर सिह विश्वविद्यालय, जींद के साथ लगती है को समुचित एप्रोच रोड के साथ तकनीकी शिक्षा विभाग को जींद शहर में राजकीय बहुतकनीकी की स्थापना के लिए प्रदान किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा ने दिनांक 11–10–2018 को जींद शहर में राजकीय बहुतकनीकी की स्थापना हेतु कृषि विभाग (HAMETI) के कब्जे	

की 2.5 एकड भूमि को तकनीकी शिक्षा विभाग को हस्तांतरण के लिए आदेश दिया है। तत्पश्चात, दिनांक 14.08.018 के द्वारा कृषि विभाग हरियाणा के ए0सी0एस0 को राजकीय बहुतकनीकी जींद की स्थापना के लिए 2.5 एकड भूमि प्रदान करने के लिए अनुरोध किया गया। मुख्य सचिव हरियाणा सरकार की अध्यक्षता मे दिनांक 26.03.2019 को हुई बैठक में यह निर्णय किया गया कि जीद शहर में राजकीय बहुतकनीकी की स्थापना हेतु कृषि विभाग द्वारा 2.5 एकड भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी।

राजस्व और आपदा प्रबंध विभाग ने 20 कनाल 07 मरले कृषि विभाग की भूमि के हस्तांतरण के लिए दिनांक 23.07.2019 के द्वारा जींद शहर में राजकीय बहुकनीकी जींद की स्थापना के लिए स्वीकृति जारी की है।

मुख्य वास्तुकार, हरियाणा द्वारा तैयार योजना और चित्र का खाका सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दिया

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			गया है। राजकीय बहुतकनीकी जींद के निर्माण के लिए अनुमानित खर्चे का अनुमान रू0 16.34 करोड वित विभाग हरियाणा की Standing Finance Committee "A" के विचारधीन है।	
293.	तारांकित प्रश्न संख्या 1018 के संदर्भ में श्री इंदू राज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के बरोदा में हाल ही में उप–चुनाव हुआ था जिसमें इण्डियन नैशनल कांग्रेस पार्टी की जीत हुई थी। उप–चुनाव से पूर्व वहां पर बी. जे.पी. के जितने भी बड़े नेता माननीय मुख्यमंत्री महोदय या माननीय मंत्रीगण गये वहां पर सभी ने उस कॉलेज (धज्जा राम जनता कॉलेज बूटाना) को युनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की घोषणा की थी। अगर सरकार उस कॉलेज को युनिवर्सिटी	16.03.2021 अध्यक्ष महोदय, उस कॉलेज को युनिवर्सिटी में अपग्रेड करने के लिए जब माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अनाउंसमैंट की थी तो उन्होंने उस कॉलेज की मैनेजमैंट को सी.एम. ऑफिस में आकर सम्पर्क करने के लिए कहा था। अभी तक उस कॉलेज की मैनेजमैंट ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से सम्पर्क करके इस बारे में कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। इसके अलावा सोनीपत जिले में तीन सरकारी और पांच प्राइवेट युनिवर्सिटीज ऑलरेडी एग्जिस्ट करती हैं। अतः उस जिले में युनिवर्सिटीज की संख्या पहले ही बहुत है। इसके साथ–साथ	मामला धज्जा राम विद्या भवन, बुटाना (सोनीपत) का अधिग्रहण कर राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना से संबंधित है और मामला विभाग के विचाराधीन है। मिसल 22.04.2022 को सरकार को भेजी गई थी और मामले की पुनः जांच /व्यवहार्यता के लिए माननीय शिक्षा मंत्री जी की टिप्पणियों के साथ 22.07.2022 को वापिस प्राप्त हुई है। मामला विभाग के स्तर पर Re-examination के लिए कार्यवाही में है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (12.10.2022)

बनाती है तो मेरे हल्के के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इससे जनता में यह भी मैसेज जाएगा कि यह सरकार जो कहती है वह करती भी है। अतः मैं माननीय मंत्री जी से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि उस कॉलेज को युनिवर्सिटी में अपग्रेड किया जाए।

हम उस कॉलेज को युनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की फिजीबिलिटी भी चैक करवा रहे हैं और हम वहां पर युनिवर्सिटी का रिजनल सैंटर बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। अतः वहां पर जैसी भी आवश्यकता होगी वैसा ही निर्णय ले लिया जाएगा।

9.03.2021

294. श्री मामन खान, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 761 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) राज्य में स्थापित राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या जिला नूंह में राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

XX (ख) श्रीमान जी, जिला नूंह में एक राजकीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। उक्त विश्वविद्यालय के लिए भूमि की तलाश और हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद इसकी व्यवहार्यता की जांच कर रहा है। व्यवहार्यता का पता चलने के बाद ही समय प्रदान करना संभव होगा। XX दिनांक 9.2.2021 को उच्च हरियाणा राज्य शिक्षा परिषद् के आदेश पर एक कमेटी बनायी गयी थी, जोकि फिजिब्लिटी रिपोर्ट देगी और वह रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। एक यूनिवर्सिटी की स्थापना करने में कम से कम 4–5 साल का समय लगता है।

(क) वर्तमान में, 21 राजकीय विश्वविद्यालय और 01 केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा राज्य में स्थापित है। सूची पताका 'ख' पर संलग्न है।

(ख) जिला मेवात में एक नया राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने का मामला सरकार के विचाराधीन है और वर्तमान में उपायुक्त मेवात (नूंह) को जमीन की उपलब्धतो बारे पत्र दिनांक 15.9.2022 को अनुरोध किया गया है तथा स्मरण पत्र जारी किया जा रहा है।

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(12.10.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20.08.2021		
295.	डॉ0 कृष्ण लाल मिढा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 389 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	XXX (ख) वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया रूकी हुई है। हालांकि, जल्द ही स्थायी शिक्षण/गैर शिक्षण अमले की नियुक्त किए जाने की संभावना है। XXX		
	(क) चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में अनुबंध आधार पर कुल कितने कर्मचारी नियुक्त किए गए तथा उनके नाम तथा पते क्या हैं; तथा		(क) रजिस्ट्रार सी0आर0एस0यू जींद से प्राप्त पत्र क्रमांक CRSU/ Estt/2022/2013 दिनांक 10.10.2022 के अनुसार 34 सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति संविदा के आधार पर की गई है, उनके नाम और पतों का विवरण संलग्न सूची में अंकित है। वर्तमान में, विश्वविद्यालय में कोई गैर–शिक्षण कर्मचारी संविदा के आधार पर नियुक्त नहीं है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (12.10.2022)
	(ख) उक्त विश्वविद्यालय में स्थायी शिक्षण/गैर शिक्षण अमले के कब तक नियुक्त किए जाने की संभावना है ?		(ख) जहां तक बिंदु संख्या (ख) का संबंध है, यह विश्वविद्यालय में शिक्षण और गैर–शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों की नियुक्ति	

और चयन प्रक्रिया को सरकार द्वारा रोक दिया गया था। पत्र दिनांक 19.01.2021 के द्वारा और उसके बाद मुख्यालय के तीन अधिकारियों की एक समिति दिनांक 24.01.2021 को जांच के लिए विश्वविद्यालय में भी प्रतिनियुक्त किया गया और उसके बाद सरकार ने मामले में सतर्कता जांच करने का निर्णय लिया है और तदानुसार कार्यालय द्वारा फाइल / रिकॉर्ड 03.03.2021 को मुख्य सचिव, सतर्कता विभाग को भेजा गया था और जांच रिपोर्ट अभी भी प्रतीक्षित है।

यहां यह भी उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा स्वीकृत रिक्त पदों को भरने के लिए शिक्षण और गैर–शैक्षणिक पदों की उचित संख्या तय करने के लिए दिनांक 20.06.2022 के आदेश के तहत एक समिति भी गठित की थी समिति की बैठक

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			कुलपति, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के साथ दिनांक 18.07.2022 को हुई थी। फाइल सरकार को दिनांक 14.09.2022 को निर्णय के लिए भेज दी गई है।	
		21.12.2021		
296.	तारांकित प्रश्न संख्या 1472 के संदर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX मैं अपने गन्नौर हल्के के लिए एक को–एड कॉलेज बनवाना चाहती हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आश्वासन चाहती हूं कि गन्नौर में एक को–एड कॉलेज खोल देंगे।	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा कि हम इसके बारे में आश्वासन तो नहीं दे सकते, लेकिन फिजिबिलिटी चैक करवा लेंगे और जरूरत के अनुसार विचार करेंगे।		
		21.12.2021		
297.	राव दान सिंह, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1300 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) हां, श्रीमान जी। (ख) राजकीय महिला महाविद्यालय, महेन्द्रगढ़ में महाविद्यालय की मांग अनुसार विज्ञान		

(क) क्या यह तथ्य है कि महिला महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ में कन्या विधार्थियों की संख्या की तुलना में अध्ययन कक्ष पर्याप्त नहीं हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त महाविद्यालय में अतिरिक्त कमरों के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

खंड एवं 8 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों के निर्माण हेतु मामला विभाग के सक्रिय विचाराधीन है और मांग वास्तुकला विभाग को भेजते हुए नक्शे तैयार करने हेतु लिखा जा चुका है, जैसे ही नक्शे प्राप्त होगें तदानुसार इन परियोजनाओं के निर्माण हेतु विभाग द्वारा आगामी आवश्यक कार्यवाही कर ली जाएगी।

08.08.2022

298. श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 13 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या अटेली के सरकारी महाविद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जोकि जीर्ण–शीर्ण अवस्था मे है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

(क) श्रीमान जी,

(ख) राजकीय महाविद्यालय अटेली की स्थापना 1996 में हुई थी। हाल ही में प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय अटेली से महाविद्यालय भवन की खराब स्थिति (जर्जर) के संबंध में अनुरोध प्राप्त हुआ तथा कार्यकारी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट दिनांक 04.08.2022 को प्राप्त हुई है। लोक निर्माण विभाग को संबंधित जर्जर भवन को ध्वस्त करने के लिए अनुमानित लागत तैयार करने और नये भवन के निर्माण के लिए लेआउट प्लान तैयार करने बारे संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देश देने के लिए कहा गया

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		है । यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो शैक्षणिक सत्र 2025–26 तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।		
		08.08.2022		
299.	श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 32 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि गांव माण्डी हरिया विद्यालय के भवन में चल रही राजकीय महाविद्यालय की कक्षाएं कब तक महाविद्यालय के नए भवन में आरम्भ किए जाने की संभावना है ?	मैडम जी, महाविद्यालय का भवन निर्माण कार्य भौतिक रूप से पूर्ण है और कुछ विद्युत कार्य लंबित हैं। लंबित विद्युत कार्यों के लिए रू 8.57 लाख की स्वीकृती प्रदान की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार भवन निर्माण कार्य पूरा होने की तिथि 15.10.2022 है। विभाग द्वारा भवन का अधिग्रहण करने के बाद वर्तमान शैक्षणिक सत्र में ही राजकीय महाविद्यालय मंडी हरिया की कक्षाएं अपने भवन में शुरु हो जाएंगी।		
		09.08.2022		
300.	श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 39 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–			
	(क) क्या यह तथ्य है की पिल्लूखेडा के	(क) हां, श्रीमान जी, राजकीय महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा के लिए भवन निर्माण का मामला सरकार के विचाराधीन है। राजकीय महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा नें		

महिला महाविद्यालय की कक्षाएं राजकीय विद्यालय के भवन में चल रही है; तथा

(ख) महिला महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा के भवन का निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त महिला महाविद्यालय की कक्षाएं कब तक महाविद्यालय के नए भवन में आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

शैक्षणिक सत्र 2019–20 से वैकल्पिक भवन में काम करना शुरू कर दिया है। महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा 8 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है तथा महाविद्यालय भवन के लिए 33 वर्ष की अवधि के लिए 11.04.2022 को लीज डीड दर्ज की गई है। निर्माण कार्य अगले 6 महीनों में शुरू होने की उम्मीद है और यह शैक्षणिक सत्र यानी 2025-26 से पहले पूरा हो जाएगा।

10.08.2022

301. श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 53 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या झोझू कलां में महिला महाविद्यालय में सरकारी सहायता प्राप्त विज्ञान संकाय सीटों को स्वीकृत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;यदि हां, तो इन्हें कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) झोझू कलां में महिला महाविद्यालय में एन.सी.सी. यूनिट कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

(क) XX

(ख) महिला महाविद्यालय झोझू कलां में एन0सी0सी0 प्रारंभ करने का आवेदन पत्र बटालियन, 2 हरियाणा कन्या एन0सी0सी0 बटालियन रोहतक द्वारा बनाई गई प्रतिक्षा सूची में 5वें स्थान पर है। जैसे ही एन0सी0सी0 में रिक्ति उपलब्ध होती है, इस महाविद्यालय में वरिष्ठता के आधार पर एन0सी0सी0 प्लाटून/कम्पनी आवंटित कर दी जाएगी। इस बारे कोई समय सीमा निश्चित नहीं की जा सकती।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

26.12.2022

302. श्रीमती नैना सिंह चौटाला, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 38 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगें कि:--

क) गांव कादमा में सेठ कालू राम राजकीय महाविद्यालय तथा दादरी जिला मुख्यालय पर राजकीय स्नातकोत्तर में प्रोफैसरज तथा अन्य अमले की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; तथा

(ख) बाढ़डा में राजकीय महाविद्यालय में सरकार द्वारा एम.एससी. भूगोल की वर्तमान सीटों को कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

इन कॉलेजों में सहायक/सह प्रोफेसरों और अन्य कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए गए है। अंतःकालीन व्यवस्था के रूप में सहायक/सह प्रोफेसर और अन्य कर्मचारियों को पहले से ही आस-पास के महाविद्यालयों से समायोजित किया जा चुका है। वर्तमान में 09 सहायक/सह प्रोफेसर सेठ कालूराम गोयल महाविद्यालयॉ कादमा में तथा 05 सहायक/सह प्रोफेसर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चरखी दादरी में पढ़ा रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न विषयों में सहायक प्रोफेसरों के 1535 पदों को भरने के लिए मांग पत्र पहले ही हरियाणा लोक सेवा आयोग को भेजा जा चुका है और विभिन्न विषयों में सहायक प्रोफेसरों के लगभग 2770 पदों को भरने के लिए एक अन्य प्रस्ताव प्रक्रिया में है। भर्ती के बाद इन कॉलेजों में नियमित स्टाफ की नियुक्ति कर दी जाएगी।

ख) राजकीय महिला महाविद्यालय, बाढड़ा में

एम०एस०सी० भूगोल में सीटें बढाने का प्रस्ताव अगले शैक्षणिक सत्र अर्थात 2023–24 में नियमानुसार विचारा जायेगा।

27.12.2022

303. तारांकित प्रश्न संख्या 30 के संदर्भ में श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–पोर्टल में 192 छात्रों के सत्यापित दावे प्राप्त हुए हैं तथा इन दावों को भुगतान अगले 7 दिनों में कर दिया जाएगा। जो यह 2020–21 से पैंडिंग चल रहे हैं, अब कह रहे हैं कि अगले सात दिन के अंदर हम दे देंगे। यह जो स्कालरशिप के बच्चे हैं और इनका जो इतना लंबा समय निकल गया है आखिरकार इसकी भरपाई कैसे हो पायेगी। हमें इस बारे में बताया जाये। अध्यक्ष महोदय, ये जो हालात हैं ये हम सबके सामने हैं। अभी भी 249 स्टूडेंट्स को इस सुविधा से वंचित क्यों रखा गया है। यह जो छात्रवृत्ति दी जाती थी मेरे ख्याल से 12000 रूपये के करीबन दी जाती है। अध्यक्ष महोदय, हालत ऐसे हो गए हैं कि स्टूडेंट्स को जो किताबों के लिए पैसा

अध्यक्ष महोदय, शैक्षणिक वर्ष 2020–21 में प्रदेश में अनुसूचित जाति से संबंधित विद्यार्थियों की संख्या 95 हजार 52 थी, जिसमें से 83 हजार 834 विद्यार्थियों को छात्रवृति जारी कर दी गई थी। हरियाणा के सभी जिलों में 11 हजार 218 विद्यार्थियों को छात्रवृति जारी नहीं की जा सकी, जिसका मुख्य कारण विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी सही न भरना है। सभी लाभार्थियों को छात्रवृति प्राप्त हो सके इसके लिये संबंधित छात्रों से ही जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर भरवाई जाती है। छात्रवृति प्राप्त न होने वाले विद्यार्थियों की जिले वार संख्या सदन के पटल पर रख दी गई है तथा विभाग को आदेश दिया गया है कि हम सभी विद्यार्थियों की डिटेल ऑनलाइन पोर्टल पर एंट्री करवा कर अगले 21 दिनों में छात्रवृति जारी करवाई जाये। अध्यक्ष महोदय, इस प्रश्न के भाग 'ख' के संदर्भ में मेरा यह कहना है कि शैक्षणिक वर्ष 2020–21, गवर्नमैंट

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	दिया जाता है, वह भी नहीं दिया गया है तो ऐसे हालात में हमारे गरीब बच्चे क्या करें और कहां जायें ? इन सब बातों के उपर प्लीज रोशनी डाली जाये।	कॉलेज, अटेली, जिला महेन्द्रगढ़ में 487 अनुसूचित जाति से संबंधित विद्यार्थियों में से 238 विद्यार्थियों को छात्रवृति जारी कर दी गई है, 249 ऐसे विद्यार्थी हैं जिन्होंने ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी डिटेल ठीक नहीं भरी, जिसके कारण इन विद्यार्थियों को छात्रवृति जारी नहीं की जा सकी। अध्यक्ष महोदय, वर्तमान जानकारी के अनुसार 192 छात्रों की डिटेल्स ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त हो गई है, विभाग को यह आदेश दे दिया गया है कि अगले 7 दिनों में इन छात्रों की छात्रवृति जारी कर दी जाये और बचे हुए 57 विद्यार्थियों में से 27 के दावों में जानकारी गलत प्राप्त हुई है, कॉलेज द्वारा भी इनके दावे को खारिज कर दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, 30 छात्रों के दावों को कागज–पत्र पूरे न होने के कारण कॉलेज द्वारा सत्यापित नहीं किया गया। अध्यक्ष महोदय, जो दावे कॉलेज द्वारा सत्यापित कर दिये जायेंगे उनको छात्रवृति जारी कर दी जायेगी।		

304. तारांकित प्रश्न संख्या 30 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, इसमें एक कंफ्यूजन है, जिसके बारे में मेरा यह कहना है कि पहले हमारी स्कीम 100 प्रतिशत केन्द्र से स्पॉन्सर्ड थी और अब 60:40 की रेशो में है अर्थात् 60 प्रतिशत हिस्सा केन्द्र का है और 40 प्रतिशत हिस्सा स्टेट का रहता है। स्टेट इस प्रकार से समयानुसार अपना हिस्सा भरे। शिड्यूल्ड कॉस्ट डिपार्टमैंट वर्ष 2018–19 से पहले सभी की स्कॉलरशिप देने का काम करता था। वर्ष 2018–19 के बाद यह दिक्कत इसलिए आ रही है क्योंकि पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप को अब हायर एजुकेशन, तकनीकी, हैल्थ, आई.टी.आई. अपने–अपने तरीके से अलग–अलग कर रहे हैं। इस वजह से उन बच्चों को बहुत ज्यादा दिक्कतें आ रही हैं । हमें ऐसे बच्चों ने हजारों की संख्या में पत्र लिखे हैं जिनमें उन्होंने कहा है कि हमें सही समय पर स्कॉलरशिप न मिलने की वजह से हम अपनी शिक्षा को छोड़ गए हैं । अध्यक्ष महोदय, मेरा अध्यक्ष महोदय, इसमें पहले बहुत–सी त्रुटियां थी और एक ही व्यक्ति 2–2, 3–3 जगह से स्कॉलरशिप ले लेता था । अब नई तकनीक आने से काफी लाभ हुआ है । जहां तक पोर्टल बंद करने की बात है तो मैं इसकी जानकारी लूंगा । अगर इस प्रकार की कोई बात पाई गई तो हम उस पर निश्चित तौर पर कार्यवाही करेंगे । (विघ्न) इसमें कुल 57 विद्यार्थी हैं जिनमें से 27 के दावों को हमने खारिज कर दिया और 30 को हमने स्कॉलरशिप देने के लिए कह दिया है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि पहले यह जिम्मेवारी वेलफेयर ऑफ शिड्युल्ड कास्ट डिपार्टमैंट के पास थी और वह विभाग अन्य विभागों को पैसे देता था लेकिन अब विभागों को स्वयं पैसा देना पड़ रहा है । इसकी वजह से आज हजारों बच्चों को इसमें दिक्कत आ रही है । अतः माननीय मंत्री जी काइंडली आइडेंटीफाई करके हमें बता दें कि कोऑर्डिनेशन के लिए इसमें कौन–सा विभाग नोडल डिपार्टमैंट रहेगा?			
		28.12.2022		
305.	श्री चिरंजीव रॉव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 48 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि रेवाड़ी में लड़कों के लिए राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?	श्रीमान् जी, राजकीय महाविद्यालय रेवाड़ी (लड़के) के भवन के निर्माण के लिए 8 एकड़ 1 कनाल 8 मरला भूमि ग्राम लिसाना में चिन्हित की गई है। भूमि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के नाम स्थानांतरण हो जाने के उपरांत महाविद्यालय के निर्माण कार्य की प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुसार आरंभ कर दी जायेगी।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SCHOOL EDUCATION DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

6.03.2018

306. तारांकित प्रश्न संख्या 2372 के संदर्भ में श्री वेद नारंग द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

क) क्या यह तथ्य है कि बरवाला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के मिल गेट क्षेत्र में लड़कियों के लिए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहीं है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त क्षेत्र में कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

(क) जी, हां।

(ख) विद्यालय के लिए भूमि की खोज की जा रही है।

अध्यक्ष महोदय, माननीय विधायक श्री वेद नारंग जी ने मिल गेट क्षेत्र बरवाला में लड़कियों के लिए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोलने की बात की है। यह उनके विधान सभा क्षेत्र की कठिनाई है। हमारी सरकार ने इसके लिए प्रस्ताव बनाया है कि वहां पर जो स्कूल चल रहा है हम उसकी बिल्डिंग को दो मंजिल या तीन मंजिल बना कर उस स्कूल को अपग्रेड कर दें और अप्रैल सत्र से हम इसको अपग्रेड कर रहे हैं।

मिल गेट एरिया (बरवाला विधान सभा क्षेत्र) में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोलने के लिए वांछित भूमि उपलब्ध ना होने के कारण निदेशालय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी हिसार को उक्त एरिया में भूमि तलाश करने बारे पत्र लिखा गया था। जिसकी अनुपालना में, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 09.04.2021 को सम्पदा अधिकारी एच0एस0वी0पी0 हिसार को पत्र लिखा गया। सम्पदा अधिकारी हिसार द्वारा इस बारे में अवगत किया गया कि सैक्टर 1–4 हिसार के रिवाईज्ड प्लान दिनांक 08.05.2011 के अनुसार उच्च विद्यालय साईट के लिए पांच एकड़ भूमि चयनित (earmark) की गई है। इस भूमि की मलकीयत एच0एस0वी0पी0 विभाग के पास ही है। यदि उक्त भूमि विद्यालय शिक्षा

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(08-02-2023)

विभाग को स्थानांतरित की जाती है तो विभाग इस भूमि पर राजकीय विद्यालय बनाने के लिए सहमत है।

28.02.2020

307. वर्ष 2020–21 के बजट अनुमान के संदर्भ में।	69. प्रदेश के सभी शिशुओं और किशोरों को शिक्षा की अति आधुनिक सुविधाएं देने के लिए उठाये जाने वाले कुछ नए कदमों का मैं विशेष उल्लेख करूंगा। जो हैं :– (i) राज्य में 500 नए क्रैच कामकाजी महिलाओं के शिशुओं के लिए खोले जाएंगे। (v) वर्ष 2020–21 में ही सभी राजकीय विद्यालयों में बच्चों के पीने के लिए R.O. से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से सौर पैनल भी हर विद्यालय में उपलब्ध करवाए जाएंगे। ये भी कुल सात विधायकों की ओर से सुझाव आया था।	इस आश्वासन का सम्बन्ध स्कूल शिक्षा विभाग से नही है। इस बारे में विभाग के पत्र क्रमांक KW 2/9-2018 तम–I (1) दिनांक 12.05.2021 के तहत निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा पंचकूला को इस आश्वासन की नवीनतम स्थिति अपने स्तर पर हरियाणा विधान सभा सचिवालय में भिजवाने बारे पत्र लिखा गया है। जिसकी अनुपालना में उनके कार्यालय के पत्र दिनांक 28.06.2021 के तहत विधान सभा सचिवालय एवं विभाग को निम्नानुसार अवगत करवाया गया है– राज्य में 500 नए क्रैच केन्द्र खोलने के लिए मोबाईल क्रैचिज संस्था के साथ दिनांक 22.10.2020 को विभाग द्वारा एम0ओ0यू0 साईन करके सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना	The Committee would like to know the latest position in this regard. (08-02-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

अधिकारी व सुपरवाईजर को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रथम चरण में कुल 183 कैच केन्द्रों को स्थापित किया जाना था। जिसमें से 30 कैच केन्द्रों को आधुनिक सुविधाओं के साथ दिनांक 15.03.2021 से शुरू कर दिया गया है। शेष 153 क्रैच केन्द्रों की 51 कैच वर्करों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। 102 कैच केन्द्रों को प्रशिक्षण अतिशीघ्र शुरू करवा दिया जाएगा। इसके पश्चात दूसरे चरण में 317 नये क्रैच केन्द्र स्थापित किये जाएंगे।

(v) राजकीय विद्यालयों में छात्रों के लिए R.O. से शुद्ध पेय–जल की व्यवस्था करवाने बारे मामला विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त प्राथमिकता के आधार पर पहले राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों में सोलर पैनल स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

वित्त वर्ष 2022–23 के लिए विद्यालयों में सोलर पैनल स्थापित करने के लिए कुल 50.00 करोड रुपये की बजट प्रावधान उपलब्ध है। प्रत्येक राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय मे सोलर पैनल स्थापित करने के लिये 10.00 लाख रुपये की राशि जारी की जा रही है।

16.03.2021

308. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 265 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि ठेका अनुबंध सहमति पत्र के नियमों तथा शर्तों में यथा वर्णित 5 वर्ष के पश्चात् नियमितकरण के अधीन वर्ष 2011 में राज्य में खोले गए आरोही मॉडल स्कूलों में सरकार द्वारा अनुबंध आधार पर अध्यापक नियुक्त किए गए हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त अध्यापकों को अब तक नियमित न किये जाने के कारण क्या है तथा इनको कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

(क) हां, श्रीमान जी।

(ख) मामला प्रक्रिया में है।

विभाग द्वारा राज्य के कुल 36 खण्ड जो शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हुए थे, इन खण्डों में वर्ष 2011–12 के दौरान कुल 36 आरोही मॉडल स्कूल स्थापित किए गए थे। वर्तमान में इन विद्यालयों में कुल 274 शैक्षणिक एवं कुल 30 गैर शैक्षणिक स्टाफ अनुबन्ध आधार पर कार्यरत है। आरोही मॉडल स्कूल सोसाईटी के सेवा बाईलॉज के तहत इन विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ को पांच वर्ष की सन्तोषजनक सेवा उपरान्त नियमित किया जाना था, परन्तु वित्त विभाग द्वारा दिनांक 15.09.2021 को विभाग को मंत्रणा प्रदान की गई कि

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(08-02-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

इन विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ को नए बाईलॉज बनाकर उन्हे नियमितीकरण करने बारे आगामी कार्यवाही की जाए।

यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि इन विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ द्वारा उन्हे नियमित करवाने बारे माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में निम्नलिखित चार याचिकाऐं दायर की गई हैं:–

क्र.	सी०डब्लयु०पी० नं०	शीर्षक	सुनवाई की आगामी तिथि
1.	19100/2022	संजीव कुमार व अन्य बनाम हरियाणा सरकार	09.02.2023
2	14238/2021	विद्यावती बनाम हरियाणा सरकार	09.02.2023
3	22696/2020	कविता बनाम हरियाणा सरकार	07.02.2023
4	22565/2020	पूजा मक्कर बनाम हरियाणा सरकार	07.02.2023

माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चण्डीगढ द्वारा उक्त याचिकाओं में जो आदेश पारित किए जाएंगे तदानुसार मामले में आगामी कार्यवाही कर ली जाएगी।

20.08.2021

309. श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 400 क्या शिक्षामंत्री कृपया बताएंगे कि 1 जुलाई 2021 तक राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग में स्वीकृत पदों तथा रिक्तियों का पदवार ब्यौरा क्या है तथा इनके कब तक भरे जाने की संभावना है ?

XXX इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों के 3848 पी0जी0टी0 के पद, 2636 टी0जी0टी0 के पद व मेवात कैडर के 952 प्राथमिक शिक्षकों के पद भरने हेतु हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को निवेदन किया गया है। 6695 सेवादार के पद भरने के लिए भी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को चयन हेतु निवेदन भेजा गया है। शैक्षिक व गैर शैक्षिक के शेष रिक्त पदों को भी नियमानुसार पदोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से आने वाले समय में भर दिये जायेंगे।

विभाग द्वारा रिक्त पदों को भरने बारे निम्नानुसार कार्यवाही की गई है:—

1. विभाग द्वारा शेष हरियाणा काडर में सीधी भर्ती के लिये पी0जी0टी0 के विभिन्न विषयों के कुल 3863 रिक्त पदों तथा मेवात काडर के कुल 613 रिक्त पदों को भरने के लिये मांग पत्र दिनांक 09.09.2022 को हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला को भेजा जा चुका है।

2. विभाग द्वारा टी0जी0टी0 (विभिन्न विषय) के कुल 7471 (6130 ROH+1341 मेवात कैडर) रिक्त पदों को भरने के लिये दिनांक 27.08.2022 को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को मांग पत्र भेजा गया था जो दिनांक 22.10.2022 को

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(08-02-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

withdraw कर लिया गया है क्योंकि टी0जी0टी0 के सेवा नियमों में संशोधन उपरान्त जल्द ही मांग पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को पुनः भेज दिया जायेगा।

3. विभाग द्वारा टी0जी0टी0 अंग्रेजी (मेवात कैडर) के लिए कुल 341 रिक्त पदों को भरने बारे दिनांक 20.07.2015 को मांग पत्र हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा गया था। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक 04.10.2022 को 306 पदों की सिफारिश विभाग को भेजी गई है। जिसमें से 224 टी0जी0टी0 अंग्रेजी को मेवात कैडर में नियुक्तिया प्रदान की जा चुकी है।

4. विभाग द्वारा वर्ष 2022 में 555 टी0जी0टी0 अंग्रेजी, 354 पी0टी0आई0 एवं 325 आर्ट एण्ड काफ्ट अध्यापकों को शेष हरियाणा कैडर में नियुक्तियां

प्रदान की जा चुकी है।

5. विभाग द्वारा दिनांक 07.03.2021 को मेवात कैडर के कुल 952 पी0आर0टी0 पदों को भरने हेतु हरियाणा कर्मचारी चयन अयोग को मांग पत्र भेजा जा चुका है।

6. विभाग द्वारा सेवादार के कुल 6695 पद भरने के लिए भी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को चयन हेतु निवेदन भेजा जा चुका है। शैक्षिक व गैर शैक्षिक के शेष रिक्त पदों को भी नियमानुसार पदोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से आने वाले समय में भर दिए जाएंगे।

7. राज्य में प्रधानाचार्य के कुल 2198 पद स्वीकृत हैं जिसमें से 221 पद रिक्त हैं। मेवात कैडर में प्राधानाचार्य की 121 पद स्वीकृत है जिसमें 05 पद रिक्त है। ये रिक्त पद मुख्यध्यापक वर्ग एवं प्राध्यापक वर्ग से पदोन्नति से भरने बारे अतिशीघ्र कार्यवाही कर ली जायेगी।

8. पी0जी0टी0 के पदोन्नति कोटे के रिक्त पदों को भरने के लिये

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			टी0जी0टी0 साईंस व गणित से पी0जी0टी0 के 794 पदों पर दिनांक 06.04.2021, टी0जी0टी0 एस0एस0 व अंग्रेजी से पी0जी0टी0 के विभिन्न विषयों पर 1230 पदों पर दिनांक 13.04.2022, टी0जी0टी0 हिन्दी से पी0जी0टी0 हिन्दी के 152 पदों पर दिनांक 03.03.2022 एवं टी0जी0टी0 आर्टस /आर्टस एण्ड क्राफ्ट टीचर (ड्राईंग टीचर) से पी0जी0टी0 फाईन आर्टस के 147 पदों पर दिनांक 01.07.2022 के तहत पदोन्नति की जा चुकी है। टी0जी0टी0 हिन्दी/हिन्दी अध्यापक से पी0जी0टी0 हिन्दी के पदों पर पदोन्नति बारे कार्यवाही विभाग के विचाराधीन है।	
			9. मेवात डेवलेपमैंट एजैंसी के तहत संचालित 8 विद्यालयों में कार्यरत 321 टीचिंग स्टाफ एवं 23 नॉन टीचिंग स्टाफ को टेकओवर करके मेवात	

कैडर में पोस्टिंग प्रदान करने बारे मामला कार्यवाही में है।

10. विभाग द्वारा कुल 379 पी0जी0टी0, 874 टी0जी0टी0 (विभिन्न श्रेणी) को अनुबन्ध आधार पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नियुक्त किया जा चुका है तथा 472 पी0जी0टी0 एवं 2670 टी0जी0टी0 की भर्ती हरियाणा रोजगार कौशल निगम के माध्यम से करने बारे मामला कार्यवाही में है।

20.12.2021

310.श्रीमती शकुन्तला खटक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 587 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि कलानौर तथा खरावड़ के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन जीर्ण–शीर्ण है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इनके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

महोदय, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कलानौर के भवन निर्माण के लिए दिनांक 27–01–2020 को 363.00 लाख रू0 की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में पहले से बने भवन को गिरा दिया गया है। ड्राईंग और डिजाइन का कार्य प्रगति पर है, निर्माण स्थल पर कार्य फरवरी 2022 में शुरू किया जाएगा और उसे सितम्बर 2023 तक पूर्ण किया जाएगा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरावड़ के भवन निर्माण के लिए दिनांक 21–01–2019 को 197.28 राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कलानौर की पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का कार्य 95 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा भवन निर्माण का कार्य निर्माण एंजेसी को दिनांक 19.07.2022 को अलॉट किया जा चुका है जो दिनांक 28.07.2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरावड के नये भवन का निर्माण कार्य निर्माण एंजेसी को दिनांक

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(08-02-2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		लाख रुपए की राशि की प्रशासनिक सहमति/स्वीकृति लोक निर्माण विभाग को दी गई थी और बिल्कुल इसके साथ–साथ इतनी ही राशि हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद के खाते मे जमा करा दी गई थी। इसके बाद 29–09–2021 को 52.45 लाख रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति सीधे तौर पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद को दी गई थी। दिनांक 23–11–2021 को टैंडर प्राप्त किए गए और खोले गए। निर्माण स्थल पर कार्य जनवरी 2022 में शुरू होगा, जिसे जून 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा।	12.01.2022 को अलाट किया जा चुका है। पायलिंग कार्य प्रगति पर है तथा निर्माण कार्य दिनांक 11.07.2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।	
		08.08.2022		
311.	श्री बिसम्बर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 3 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) हां, श्रीमान् जी,		
(क)	क्या यह भी तथ्य है कि बवानी खेड़ा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव गुजरानी	(ख) पुनर्निर्माण कार्य अगस्त, 2024 माह तक पूर्ण होने की संभावना है। कक्षा छठी से आठवीं तक की कक्षाएं गांव में स्थित धर्मशाला के चार कमरों व एक बरामदे		

के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भवन गत 2 वर्षों से क्षतिग्रस्त है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

में संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त कक्षा 11वीं से 12वीं की कक्षाएं स्कूल भवन के शेष दो कमरों में संचालित की जा रही हैं और 9वीं से 10वीं की कक्षाएं प्राथमिक पाठशाला के तीन कमरों में संचालित हो रही हैं। विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं हुई है।

09.08.2022

312. श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 54 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठय—पुस्तकें सत्र 2022—23 के लिए उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है; यदि हां, तो उसके कारण क्या है तथा विद्यार्थियों को कब तक पुस्तकें उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सरकार द्वारा साईकिलों के लिए बजट भी उपलब्ध नही करवाया गया है; यदि हां, तो साईकिलों के लिए बजट कब तक उपलबध करवाए जाने की संभावना है?

(क) शैक्षणिक सत्र 2022—23 के लिये कालका विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें दिनांक 17.07.2022 से 25.07.2022 तक पहले ही उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं।

(ख) वित्त वर्ष 2022—23 के लिए कक्षा 9 वीं व 11 वीं के अनुसूचित जाति के छात्रों को निःशुल्क साईकिल उपलब्ध करवाने हेतु कुल 6 करोड रूपये का बजट प्रावधान उपलब्ध है। सितम्बर 2022 माह में जिला स्तर पर साईकिल मेला, "मेरी साईकिल मेरी पसन्द" आयोजित करवाकर कक्षा 9 वीं व 11 वीं के अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को साईकिलें वितरित करवा दी जाएंगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

10.08.2022

313. श्री राम कुमार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 56 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि तहसील इंद्री के गांव बुढनपुर बांगर के प्राथमिक विद्यालय का भवन जीर्ण—शीर्ण है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त विद्यालय के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

(क) हां, श्रीमान जी

(ख) इस विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवी तक कुल 28 विद्यार्थी हैं। भवन क्षतिग्रस्त होने के कारण कक्षाओं को विद्यालय के बरामदे में लगाया जा रहा है। दिनांक 03.06.2022 को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा 13,29,300/— रूपये की राशि जारी की गई थी और 86,70,500/— रूपये की राशि भी हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद् को जारी कर दी गई है। कुल 99,99,800/— रूपये की लागत से 5 कमरे बनवाए जाएंगे, इसके अतिरिक्त चारदीवारी, मिट्टी भरत, इंटरलॉकिंग पेवर पाथ, 02 शौचालय, 01 पानी का टैंक आदि भी बनवाए जाएंगे।

10.08.2022

314. श्रीमती नैना सिंह चौटाला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 86 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला दादरी में प्रस्तावित जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

श्रीमान् जी, छप्पार की ग्राम पंचायत ने गांव की शामलाती भूमि पर जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने के लिए 47 एकड़ भूमि देने के लिए सहमति जताई है। नवोदय विद्यालय समिति से आवश्यक प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार भूमि स्थानातंरण की प्रकिया आरम्भ की जाएगी।

10.08.2022

315. श्री राम कुमार, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 93 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत राज्य में स्कूलों में ड्राईंग शिक्षकों को नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त शिक्षकों की नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है?

नहीं, श्रीमानजी।

शिक्षकों के पदों के वैज्ञानिकीकरण तथा सामान्य स्थानांतरण प्रक्रिया के पश्चात जो पद रिक्त रह जायेंगें, उनको हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से सेवानिवृत शिक्षकों से भरा जाएगा।

10.08.2022

316. श्री अमित सिहाग द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 112 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि नगर सुधारक मंडल पार्क से

श्रीमान जी, जब से राजकीय प्राथमिक विद्यालय 04 मंडी डबवाली (18802) खुला था तब से यह पार्क के एक कमरे मे चल रहा है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौहान नगर

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	संचालित/कार्यरत्त प्राथमिक विद्यालय संख्या–18802 केवल एक कमरे के साथ तथा डबवाली के खेल स्टेडियम में चलाए जा रहे प्राथमिक विद्यालय, चौहान नगर संख्या 18801 के अपने भवन नही हैं; यदि हां, तो क्या उपरोक्त विद्यालयों को पर्याप्त अवसरंचना उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है?	(18801) आरम्भ में 1986 में एक धर्मशाला में खोला गया था। वर्ष 2017 में यह विद्यालय गुरू गोबिन्द सिंह खेल स्टेडियम मंडी डबवाली में स्थानांतरित किया गया था क्योंकि धर्मशाला की इमारत वर्षा के कारण बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। दोनों विद्यालय पुरानी आबादी क्षेत्र में स्थित है जहां भवनों के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जा रही है तथा भूमि उपलब्ध होने पर इन विद्यालयों के भवनों के निर्माण का कार्य किया जाएगा।		
		03.03.2022		
317.	श्री सुरेन्द्र पंवार, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1658 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–			
(क)	सोनीपत विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के निजी विद्यालयों में जिन योग्य छात्रों को नियम 134–ए के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के शैक्षणिक सत्र में दाखिला मिला, उनकी कुल संख्या कितनी है तथा उक्त	(क) श्रीमान, शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए नियम 134 ए के तहत मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए दाखिला प्रकिया अभी शुरू होनी है।		
		(ख) इन मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की बजट राशि वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए हरियाणा विधान सभा की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद आबंटित की जाएगी।		

नियम के अंतर्गत विद्यालयों में प्रवेश से वंचित छात्रों की कुल संख्या कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) सोनीपत विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के निजी विद्यालयों में नियम 134–ए के अंतर्गत प्रत्येक छात्र के दाखिले के लिए सरकार द्वारा कुल कितना बजट आबंटित किया गया तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

03.03.2022

318. श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 647 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव मरोट, मुण्डाखेड़ा, झांसवा, खापड़वास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय कन्या प्राथमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय, झज्जर के विद्यालय भवनों को असुरक्षित घोषित किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालयों के भवनों को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

(अ) हां श्रीमान् जी.

(ब) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, मरोट और मुण्डाहेड़ा के भवनों के निर्माण हेतु डी. एन.आई.टी. (DNIT) और विस्तृत अनुमान तैयार किया जा रहे हैं और इस कार्य के लिए एक माह के भीतर निविदाएं आमंत्रित कर ली जाएंगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झांसवा के भवन निर्माण के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद् के पक्ष में पत्र क्रमांक 2/77–2021 वर्कस (2) दिनांक 23.02.2022 के अनुसार 310.48 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई हैं।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		उपरोक्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य आबंटन की तारीख से 18 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। राजकीय माध्यमिक विद्यालय, खप्परवास के भवन निर्माण कार्य के लिए राशि 1,78,23,444/– रुपये के अनुमान और राजकीय कन्या प्राथमिक संस्कृति विद्यालय, झज्जर के भवन निर्माण के लिए राशि 2,02,33,102 रुपये के अनुमान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, झज्जर से दिनांक 28.02.2022 को प्राप्त हुए हैं। इन कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति अप्रैल – मई 2022 में जारी कर दी जाएंगी और इन विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य आबंटन की तारीख से 18 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। 04.03.2022		
319.	श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 648 क्या शिक्षा	हां, श्रीमान जी। यह मामला निदेशालय के विचाराधीन है। भवन निर्माण के लिए 10.80		

मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या प्रारम्भ राज्य उच्च अध्ययन शिक्षक शिक्षा संस्थान, झज्जर के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा यदि; हां, तो उपरोक्त भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

करोड रूपये पहले ही बजट प्रावधान किया जा चुका है। मुख्य वास्तुकार कार्यालय ड्राइंग तैयार करने की प्रक्रिया में है। ड्राइंग तैयार होने उपरान्त् भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही कर ली जाएगी।

04.03.2022

320. श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 707 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) नव निर्मित मेवात मॉडल स्कूल, चिलावाली, नूंह में कक्षाएं कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है; तथा

(ख) उन पदों के नाम क्या हैं तथा संख्या कितनी हैं जिन पर उक्त स्कूल में सरकार द्वारा स्टाफ नियुक्त किया गया हैं तथा उसका ब्यौरा क्या हैं?

श्रीमान जी,

(क) मेवात मॉडल स्कूल, चिलांवाली नूहं का भवन एक तरफ की चारदीवारी को छोड़कर पूर्ण हो चुका है। चार दीवारी को बनाने के लिए निविदा दिनांक 16.03.2022 को आमंत्रित की गई है व चारदीवारी के निर्माण कार्य 6 माह में पूर्ण होने की सम्भावना है, इसलिए पी.डब्लयू.डी. (बी. एण्ड आर.) विभाग द्वारा स्कूल के भवन का हस्तांतरण शिक्षा विभाग को नही किया गया है। भवन के हस्तांतरण उपरांत कक्षाएं आरम्भ करवा दी जाएंगी।

(ख) भवन के हस्तांतरण उपरांत स्कूल में कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

04.03.2022

321. श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 708 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) जिला मेवात, नूंह के गांव सालाहेड़ी में प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उक्त विद्यालय का निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है?

महोदय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, भारत सरकार ने जिला नूंह में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव को निर्धारित मानदण्डों के अनुसार ही प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है और इसे नियत समय में पुनः प्रस्तुत किया जाएगा।

14.03.2022.

322. श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 824 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि शिक्षा विभाग में कार्यरत अतिथि अध्यापकों के वेतन एवं सेवा सम्बन्धी घोषणाओं/अनुबंधों को सरकार द्वारा पूरा कर दिया गया है; तथा

(ख) xxx

(क) हां श्रीमान जी।

(ख) राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 12.03.2019 के तहत 'हरियाणा अतिथि अध्यापक सेवा अधिनियम 2019' बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत अतिथि अध्यापकों को सेवा की सुरक्षा प्रदान की गई थी तथा अतिथि अध्यापकों सेवानिवृत्ति की आयु अर्थात 58 वर्ष तक कार्य करतेर हेंगे। साथ ही, इस अधिनियम में यह

प्रावधान भी किया गया है कि अतिथि अध्यापकों के मासिक मानदेय में प्रति वर्ष प्रथम जनवरी एवं प्रथम जुलाई से उसी अनुपात में वृद्धि की जायेगी जिस अनुपात में सरकार द्वारा नियमित कर्मचारियों को दिये जाने वाले महंगाई भत्ते जोकि मुद्रास्फीति को निष्प्रभावी करने के लिये दिया जाता है। हाल ही में सरकार द्वारा अतिथि अध्यापकों की निम्नलिखित मांगों को भी पूरा किया गया है:–

- ☐ अतिथि अध्यापकों की सेवाओं को विनियमित करने के लिए सरकार द्वारा सेवानियम बनाए गए है जिन्हें शीघ्र ही अधिसूचित कर दिया जाएगा।
- ☐ यदि कोई अतिथि अध्यापक मोरनी शिक्षा खण्ड या नूंह जिले में स्थित किसी भी विद्यालय में नियुक्ति का इच्छुक होगा उन्हें प्रतिमाह 10000 रू का अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा।

15.03.2022

323. श्री घनश्याम दास, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1735 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) XX (ख) XX (ग) राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना कठिन चयन परीक्षा के बाद

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

(क) राज्य में संस्कृत मॉडल स्कूलों की कुल संख्या कितनी हैं;

(ख) उपरोक्त स्कूलों में शिक्षण तथा गैर–शिक्षण अमले के स्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी हैं तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) उपरोक्त स्कूलों में रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

की जाती है। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक पदों को सामान्य पद माना जाता है और इन्हें प्रतिनियुक्ति और सामान्य स्थानांतरण प्रक्रिया के माध्यम से भरा जाता है। गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के रिक्त पदों को पदोन्नति, सीधी भर्ती और स्थानांतरण के माध्यम से भरा जाएगा। इन रिक्तियों को निकट भविष्य में भर लिया जाएगा।

15.03.2022.

324. तारांकित प्रश्न 1735 के संदर्भ में श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX गैर शैक्षणिक कर्मचारी न होने की वजह से न तो स्कूलों की प्रॉपर सफाई हो पाती है और न ही पीरियड खत्म होने के बाद कोई घंटी बजाने वाला होता है। स्कूल का प्रिंसिपल या टीचर किसी विद्यार्थी को एक पीरियड का समय ओवर होने के बाद घंटी बजाने के लिये भेजता है, आज हमें स्कूलों में

XX अध्यक्ष महोदय, टी.जी.टी. से पी.जी.टी. पदों की प्रमोशन के लिये मीटिंग हो चुकी है। इनकी जल्दी ही प्रमोशन के बाद राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यममिक स्कूल अलॉट कर दिये जायेंगे। इन स्कूलों में गैर शैक्षणिक पद सीधी भर्ती और ट्रांसफर के माध्यम से भरे जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह भी कहता हूँ कि टीचर्ज की सीधी भर्ती का प्रोसैस हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भेजा

ऐसी नौबत देखने को मिल रही है। क्या हमने जो मॉडल संस्कृति स्कूलों की परिकल्पना की है, वह इसी पैरामीटर को देखते हुए की थी? अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि यदि हमने इन मापदंडों को इसी पैरामीटर में परिकल्पना नहीं की है तो स्कूलों में शिक्षण व गैर शिक्षण कर्मचारियों के पदों को जल्दी से जल्दी भरा जाना चाहिए। मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि जैसे माननीय मंत्री जी ने बताया कि बड़ी कठिन परीक्षा के बाद ही अध्यापक भेजे जाते हैं। हमारे यहां बहुत ही योग्य अध्यापक हैं जो कठिन परीक्षा में भी उत्तीर्ण हो जायेंगे। यदि सरकार परीक्षा लेगी तभी तो उत्तीर्ण होंगे। यदि उनकी परीक्षा ही नहीं ली जायेगी तो कैसे उत्तीर्ण होंगे और कैसे रिक्त पद भरे जायेंगे? अध्यक्ष महोदय, गैर शैक्षणिक पद आधे से ज्यादा खाली पड़े हुए हैं, उनमें तो कोई कठिन परीक्षा का फॉर्मूला नहीं है। XX अध्यक्ष महोदय, रिक्तियों को निकट भविष्य में भर लिया जायेगा, माननीय मंत्री जी इसके लिये कोई समय–सीमा भी जरूर बता दें।

हुआ है और प्रमोशन के केसिज के लिये फिर से आवेदन मांगे गये हैं। क्लास फोर्थ के लिये राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल और राजकीय प्राथमिक मॉडल संस्कृति स्कूलों में शिक्षण व गैर शिक्षण रिक्त पद सामान्य ट्रांसफर द्वारा भरे जायेंगे। ग्ग अध्यक्ष महोदय, भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। फोर्थ क्लास की भर्ती कौशल विकास के माध्यम से भरी जायेंगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		15.03.2022		
325.	श्री सीता राम यादव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 798 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव नवदी के प्राथमिक विद्यालय की चारदीवारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?	हां, श्रीमान जी राजकीय प्राथमिक पाठशाला, नावदी में चारदीवारी के निर्माण के लिए 770000/– की स्वीकृति जारी की गयी है। यह कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23 में पूर्ण कर लिया जाएगा।		
		21.03.2022		
326.	श्री राम निवास, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1642 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) हां, श्रीमान जी।		
(क)	क्या 31 मार्च, 2022 के पश्चात् राजकीय विद्यालयों में अनुबंध के आधार पर नियुक्त लगभग 2200 कम्प्यूटर शिक्षकों का अनुबंध बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा	(ख) नए शैक्षणिक सत्र के आरम्भ से पहले परिवार पहचान पत्र के आधार पर हरियाणा कौशल रोजगार के माध्यम से प्रस्ताव को क्रियान्वित किए जाने की संभावना है।		

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

16.03.2022

327. तारांकित प्रश्न संख्या 1683 के सन्दर्भ में श्री संजय सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि तावडू क्षेत्र के आसपास लगते हुए 84 गांव हैं जहां पर कहीं भी गर्ल्स कॉलेज नहीं है। जिन 247 छात्राओं की बात की गई है वे तावडू ज्वॉयंट कॉलेज में हैं जो कि तावडू शहर से करीब तीन–साढे तीन किलोमीटर दूर है जहां पर इन बच्चियों को पैदल जाना पड़ता है। इसके साथ ही इस क्षेत्र की काफी बच्चियां हमारे साथ लगते जिला गुरूग्राम के गर्ल्स कॉलेज में जाती हैं या फिर उनको किसी और अन्य जिलों में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है इसलिए एक बार वहां का सर्वे जरूर करवाया जाएं क्योंकि बहुत सारी बच्चियों को यहां गर्ल्स कॉलेज न होने की वजह से यहां से बाहर कहीं

अध्यक्ष महोदय, हम वहां पर ट्रांसपोर्ट की सुविधा के लिए विचार कर लेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

दूसरे जिलों में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। जो यह को एजूकेशन कॉलेज है वह शहर से तीन–साढे तीन किलोमीटर दूर है जहां पर बच्चियों को पैदल जाना पड़ता है। मेरा शिक्षा मंत्री जी से आग्रह है कि हमारे क्षेत्र के हालात को देखते हुए वहां गर्ल्स कॉलेज बनाना आवश्यक है। तावडू क्षेत्र को वैस भी पिछड़े हुए क्षेत्र में गिना जाता है। उसको ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी का 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का जो एक सपना है वह बड़ा साक्षर सिद्ध होगा।

28.12.2022

328. तारांकित प्रश्न संख्या 44 के सन्दर्भ में डॉ. अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, यह टीचर्ज की कमी का जनरल विषय है। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि जहां–जहां भी टीचर्ज की कमी है, उसको पूरा करवाया जाये।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य डॉ. अभय सिंह यादव जी ने जो बात कही है वह बहुत ही जैनुअन है। मैं माननीय सदस्य को इसकी जानकारी देता हूं कि हमारे पास प्रिंसिपल के 573 पद खाली पड़े हुए हैं। प्रिंसिपल के पद प्रमोशन के माध्यम से ही भरे जायेंगे और प्रमोशन से संबंधित केस विभाग के द्वारा मांग

लिये गये हैं। हैड मास्टर के 302 पद प्रमोशन के माध्यम से भरे जायेंगे और इसकी भी जानकारी विभाग ने मांग ली है। हमारे पास पी.जी.टी. के 8567 पद रिक्त हैं। हमने 3863 पद शेष हरियाणा के लिये और 663 पद मेवात के लिए एच.पी.एस.सी. को भर्ती करने के लिए भेज दिये हैं और इसके अलावा 877 पद हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भरने के लिए भेज दिये हैं और शेष पद प्रमोशन के माध्यम से भरे जायेंगे। दूसरा हमारे पास ई.एस.एच.एम. के पद हैं, इसमें 730 पद सरप्लस हो गये हैं क्योंकि ये 8वीं स्कूल तक के हैड मास्टर थे और ये स्कूल दूसरे स्कूलों में मर्ज हो गये थे। इसके अलावा टी.जी.टी. के 17910 पद खाली पड़े हुए है, जिसके लिए टी.जी.टी. अध्यापकों के सेवा नियम 2012 में संशोधन के बाद 7471 पद सीधी भर्ती के लिए एच.पी.एस.सी. को भेजने की प्रक्रिया भी हम जल्दी कर देंगे और इनकी नियुक्तियां भी जल्दी हो जायेंगी। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 5624 पद भरने के लिए भेज दिये हैं और हम शेष पद प्रमोशन के माध्यम से भरने का काम करेंगे। इसके बाद पी.आर.टी. के 861 पद है लेकिन पी.आर.टी. के 1483 पद सुप्रीम कोर्ट

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			के आदेश के बाद इनको अप्वॉयंटमैंट के लिए ऑफर कर दिया है और जल्दी ही इनकी भर्ती कर दी जायेगी।	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

HEALTH SERVICES DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		27.02.2019		
329.	तारांकित प्रश्न संख्या 3035 के सन्दर्भ में श्री श्याम सिंह विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः उपाध्यक्ष महोदया, मेरे रादौर में एक 50 बैडिट हॉस्पिटल बनना था। xx उसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने अनाउंसमैंट भी की हुई है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वह कब तक बन कर तैयार हो जायेगा?	xx उपाध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य का जो अस्पताल है हम उसको भी एग्जामिन करवा लेंगे। हालांकि मैं केवल एग्जामिन करवा सकता हूं और आश्वासन माननीय मुख्यमंत्री महोदय ही देंगे। अगर 50 बैडिट हॉस्पिटल की बात है तो फिर हम जरूर विचार करेंगे। xx उपाध्यक्ष महोदया, अगर उस हॉस्पिटल का काम सी.एम. अनाउंसमैंट के अंतर्गत होना है तो हम उसे आंख बंद करके मंजूर करके तैयार करवा देंगे।	The Government has sanctioned the approval to demolish the old building of CHC Radour at District Yamunanagar. For carrying out the construction of the new building, an administrative approval of Rs. 1047.55 Lacs has already been issued vide dated 12-06-2019. The executing agency for the said work is PWD (B&R). And as per their report (B&R) the previous allotted tender is under termination due to excessive variations in the cost of building material. Therefore, once the allotted tender is terminated the PWD (B&R) shall carry out the retendering.	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)
		25.02.2020		
330.	श्री श्री कृष्ण हुड्डा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 31 :– क्या	हां श्रीमान जी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरोदा मोर जिला सोनीपत के भवन निर्माण का	सूचित किया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के	The Committee would like to know

स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गांव बरौदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत का निर्माण कार्य आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है जिसके लिए 360 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति सरकार द्वारा 05.07.2019 जारी की गई है। इस भवन के निर्माण के लिए 09.09.2019 को लोक निर्माण विभाग द्वारा टेन्डर भी प्राप्त किया गया था। कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग सोनीपत की रिपोर्ट के अनुसार भवन की जगह बदल दी गई व मुख्य वास्तुकार हरियाणा से पुनः भवन का प्रारूप तैयार करवाकर इस शर्त के साथ अनुमोदित कर दिया गया कि भवन के लिए विवादित भूमि का मालिकाना हक जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा निश्चित किया जाएगा। मामला जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोनीपत के पास विचाराधीन है। भूमि के निश्चित होने के उपरान्त, भवन का निर्माण कार्य आरम्भ होने में तीन मास का समय लगेगा।

लिए सरकार के पत्र क्रमांक 20/60/2019–5एच.बी. III, दिनांक 05.7.2019 को 360.00 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौदा मोर के भवन निर्माण के लिए खेवट नं० 551 खसरा नं० 104 में 2 एकड़ जमीन पंचायत विभाग द्वारा 33 साल के पट्टे पर स्वास्थ्य विभाग के नाम कर दी गई है तथा संस्था की भूमि का साईट–प्लान वरिष्ठ वास्तुकार विभाग हरियाणा को दिनांक 22.07.2022 द्वारा ड्राईंग्स बनाने हेतु भेज दिया गया है।

the latest position in this regard.
(07.09.2022)

28.02.2020

331. श्री मामन खान सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 113 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

क) क्या सामान्य अस्पताल मांडीखेडा, जिला नूंह जिले में ट्रामा सैंटर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(क) हां श्री मान जी

(ख) हां, श्रीमान जी, अल्ट्रासाउंड मशीन नागरिक हस्पताल मांडी खेड़ा में संचालित है परन्तु वर्तमान समय में अल्ट्रासाउंड चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। हालांकि अल्ट्रासाउंड की सुविधा गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा निजी हस्पतालों के

(क) Govt. of India के Norms अनुसार दो ट्रामा सैन्टर के बीच की दूरी कम से कम 50 किलोमीटर होनी चाहिए। मांडीखेडा, सामान्य अस्पताल की दूरी शहीद हसन खान मेवाती

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(07.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
ख)	क्या उपरोक्त अस्पताल में अल्ट्रासाऊंड तथा विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवाएं तथा रेडियोलोजिस्ट/सोनोलोजिस्ट की सुविधाएं उपलब्ध हैं ?	द्वारा मुफ्त उपलब्ध है। गरीबी रेखा से नीचे मरीजों को सात अनुबन्धित निजी हस्पतालों के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त ईलाज व सरकारी कर्मचारियों के क्षतिपूर्ति बिलों की अदायगी विभाग द्वारा कर दी जाती है।	मेडिकल कालेज से मात्र 26 किलोमीटर है जहां पर ट्रामा के मरीजों का ईलाज पहले से हो रहा है। अतः उपरोक्त के मद्देनजर सामान्य हस्पताल मांडीखेड़ा में ट्रामा सैन्टर खोलने का कोई औचित्य नहीं बनता। (ख) स्वास्थ्य विभाग में वर्तमान में केवल 17 रेडियोलोजी विशेषज्ञ कार्यरत हैं। रेडियोलोजिस्ट/सोनेलोजिस्ट विशेषज्ञ जो कि अल्ट्रासाउंड, सी.टी. स्केन इत्यादि की सेवाएं प्रदान करते हैं। इन प्रकार के विशेषज्ञों की काफी कमी है इसलिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अल्ट्रासाउंड की सुविधा पी.पी.पी. मोड पर देने बारे कार्यवाही की जा रही है।	

		अतः उपरोक्त के मद्देनजर इस पैरे को ड्रोप करने की सिफारिश की जाती है।	
	16.03.2021		
332. श्री सुधीर सिंगला, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1071 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :– (क) क्या यह तथ्य है कि गुरूग्राम में पुराना सामान्य अस्पताल जीण–शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त अस्पताल का दर्जा 500 बेड तक बढ़ाकर पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो उक्त अस्पताल का पुनर्निर्माण/दर्जा बढ़ाने का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?	(क) हां श्रीमान जी, पुराना नागरिक हस्पताल गुरूग्राम जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है। उपरोक्त अस्पताल को 500 बिस्तरीय में अपग्रेड करते हुये पुनर्निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है। (ख) निर्माण कार्य सभी आवश्यक तौर–तरीकों के पूरा होने और सभी आवश्यक अनुमोदनाएं प्राप्त करने के उपरान्त शुरू होगा।	A 400 beded Civil Hospital shall be re-constructed on the same land parcel at District Gurugram. Presently, the proposal is under consideration with the Government.	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)
	16.03.2021		
333. वर्ष 2021–22 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया आश्वासन।	****अध्यक्ष महोदय, स्वास्थ्य के संबंध में सदन को बताना चाहता हूँ कि जिला स्तर पर सामान्य अस्पतालों के 100 बिस्तरों को अपग्रेड करके 200 बिस्तरों का करेंगे और जहां पर जिला स्तर का अस्पताल नहीं है	सरकार के पत्र क्रमांक 23/24/2021–4एच.बी. III, दिनांक 22.03.2021 द्वारा जिला मुख्यालय नूंह पर 100 बिस्तरीय जिला नागरिक अस्पताल, आवासीय भवन व सिविल	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		अर्थात् नूंह जिले में वहां पर इस साल 100 बिस्तरों का अस्पताल खोलेंगे।****	सर्जन कार्यालय सहित बनाने बारे प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा भवन निर्माण बारे कार्यवाही की जा रही है। Amended drawings are awaited from the Deptt. of Architecture, Haryana. इसके अतिरिक्त यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी जिलों में 100 बिस्तरीय जिला नागरिक अस्पतालों को 200/300 बिस्तरीय जिला नागरिक अस्पतालों में अपग्रेड किया जा चुका है केवल जिला रोहतक, चरखी दादरी, झज्जर तथा पलवल को छोड़कर, जिन बारे भी कार्यवाही की जा रही है। अतः उपरोक्त के मद्देनजर इस पैरे को ड्रोप करने की सिफारिश की जाती है।	

334. तारांकित प्रश्न संख्या 1012 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री हरविन्द्र कल्याण द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: स्पीकर सर, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करें। घरौंडा को आज से साढ़े तीन वर्ष पहले सब–डिवीजन का दर्जा प्राप्त हुआ था। उससे भी बड़ी बात यह है कि घरौंडा विधान सभा क्षेत्र की जो यमुना बैल्ट है अर्थात् जो आखिरी छोर मेरी विधान सभा का है उन गांवों की दूरी करनाल से बहुत ज्यादा है। घरौंडा के अंदर सब डिवीजन लैवल का हॉस्पिटल होना इस कारण से भी जरूरी है क्योंकि वहां पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की भी जरूरत है और अधिक स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत है। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से दोबारा से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि वे जरूर अपने फैसले पर पुनर्विचार करें।

अध्यक्ष महोदय, घरौंडा में इस समय 30 बैड का हॉस्पिटल है और आदरणीय विधायक के कहे अनुसार वहां पर बेहतर और ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाओं की बहुत ज्यादा जरूरत है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए हम घरौंडा के 30 बैड के हॉस्पिटल को 50 बैड का हॉस्पिटल कर देंगें। सिर्फ इनका ही नहीं हरियाणा में जहां–जहां पर सब–डिवीजन हैं हम उन सभी के हॉस्पिटल्ज को अपग्रेड करेंगे। जो 30 बैड के हॉस्पिटल्ज हैं उनको 50 बैड के हॉस्पिटल बनायेंगे और 50 बैड के हॉस्पिटल्ज हैं उनको 100 बैड के हॉस्पिटल्ज बनायेंगे और सारी की सारी सुविधायें भी उनमें मुहैया करवायेंगे।

सरकार के पत्र क्रमांक 23/82/2021–4एच.बी. III, दिनांक 17.12.2022 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरौंडा (करनाल) को 50 बिस्तरीय उपमण्डल नागरिक अस्पताल में अपग्रेड करने की सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। भवन निर्माण बारे कार्यवाही की जा रही है। सिविल सर्जन करनाल से साईट प्लान मंगवाकर भवन की ड्राईंग बनवाने के लिए Deptt. of Architecute को दिनांक 08.04.2022 को भेज दी गई हैं।

Presently, the Civil Surgeon, Karnal has been requested to provide the scope of work for the 50 bedded hospital.

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(07.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		17.03.2021		
335.	श्री जगबीर सिंह मलिक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 249 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या चण्डीगढ़ में हरियाणा एम.एल.ए. हॉस्टल के समीप एम.एल.एज. औषधालय के निर्माण के लिए कोई जगह सरकार द्वारा चिन्हित की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना हैं ?	हां श्रीमान जी, चण्डीगढ में हरियाणा एम. एल.ए. होस्टल के समीप एम.एल.एज. औषधालय के निर्माण के लिए 18040 वर्ग फुट भूमि को चिन्हित किया गया है। भूमि का कब्जा व आवश्यक स्वीकृतियां मिलने उपरान्त निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।	एम०एल०ए० हॉस्टल डिस्पैन्सरी, सैक्टर–3 चण्डीगढ़ के भवन के निर्माण हेतू भूमि अभी स्वास्थय विभाग के नाम नहीं हुई है। भूमि भवन निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग के नाम होने उपरान्त भवन निर्माण बारे कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। **UT Administration Chandigarh has been requested to provide the necessary land for construction of dispensary.**	**The Committee would like to know the latest position in this regard.** **(07.09.2022)**
		23.08.2021		
336.	तारांकित प्रश्न संख्या 1142 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री धर्म सिंह छौक्कर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः XX मेरा निवेदन बस इतना है कि इस अस्पताल में स्टॉफ की पोस्टिंग कर दो और जो अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर है जैसे एक्स–रे मशीन	अध्यक्ष महोदय, मैं आश्वासन देता हूँ कि इनके अस्पताल में 15 दिन के अंदर एक्स–रे मशीन आ जायेगी।	**The Staff position of SDH Samalkha is as under:**	**The Committee would like to know the latest position in this regard.** **(07.09.2022)**

है या अल्ट्रासाउंड मशीन है, बस इसका प्रबंध कर दो तो इससे मेरे क्षेत्र के लोगों को बहुत फायदा होगा। XX

S. No.	Name of Post	Sanctioned	Filed	Vacant
1	SMO	2	1	1
2	MO	11	10	1
3	Dental Surgeon	1	0	1
4	Nursing Sister	2	0	1
5	Staff Nurse	17	16	2
6	PHN	1	0	1
7	Pharmacist	3	3	1
8	Lab Tech.	1	1	0
9	OTA	2	0	0
10	OA	1	0	2
11	Radiographer	2	0	1
12	MPHS(M)	1	1	2
13	MPHS(F)	1	1	0
14	MPHW(M)	1	1	0
15	MPHW(F)	1	1	0

हस्पताल में एक्स–रे मशीन दिनांक 23.08.21 से ही उपलब्ध करवा दी गई है। The mandatory approval from AERB is under process.

यहां यह भी उल्लेखित है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक के सभी चिकित्सा संस्थाओं में अल्ट्रासाउंड की सुविधा पी०पी०पी० मोड पर देने बारे कार्यवाही की जा रही है। क्योंकि विभाग में इस प्रकार के विशेषज्ञयों (Radiologist) की कमी है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		23.08.2021		
337.	शून्यकाल में विभिन्न मामले/मांगें उठाना के संदर्भ में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन कर रहा हूं और यह मेरा अधिकार भी है कि वे हमें आश्वस्त करें कि मैं एक हाई लैवल की कमेटी बनाऊँगा । वह कमेटी जांच करेगी कि कितने लोग ऑक्सीजन की कमी से मरे हैं और कितने लोग कोरोना वायरस से मरे हैं। XX मैं तो सवाल पूछ रहा हूं कि ऑक्सीजन की कमी से कितने पेशेंट्स मरे हैं ? माननीय मुख्यमंत्री जी अपनी आत्मा से बता दें कि शॉर्टेज ऑफ ऑक्सीजन से कोविड–19 के पेशेंट्स मरे हैं या नहीं? XX	XX विभाग द्वारा संबंधित रिपोर्ट एस.पी. हिसार को दे दी गयी है और उसके ऊपर एस.पी. हिसार कार्रवाई करेंगे। उस हॉस्पीटल में डॉक्टर्ज के खिलाफ जो कार्रवाई बनेगी, वह कार्रवाई करेंगे। XX हम तीनों रिपोर्ट्स का अध्ययन करवाकर अगर कोई क्लीयर कट केस बनता होगा उसमें एफ.आई.आर. पुलिस में करवायेंगे तो अपने आप इसकी इन्क्वायरी होगी। अगर इनको लगता है कि तीनों रिपोर्ट्स के बाद भी नई रिपोर्ट किसी मैजिस्ट्रेट से या किसी अन्य एजेंसी से करवाने की आवश्यकता होगी तो एक बॉडी और बना देंगे, बाद में सभी रिपोर्ट्स का अध्ययन करेंगे। (शोर एवं व्यवधान) XX	Government has constituted a Committee of three senior Officers under the Chairpersonship of Additional Chief Secretary to Govt. Department of Medical Education & Research to study and analyse the three reports over lack/ shortage of oxygen during the Covid-19 Pandemic in Hisar, Rewari & Gurugram districts vide orders dated 11.11.2021; the report was submitted to higher authorities. In light of above, no action is required to be taken on this point. May kindly be filed.	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)
		23.08.2021		
338.	शून्यकाल में विभिन्न मामले/मांगें उठाना के संदर्भ में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया प्रश्न : XX क्या सदन के	स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से विपक्ष के माननीय नेता को यह कहना चाहता हूं कि हम उनके द्वारा जीरो ऑवर में आज उठाये		The Committee would like to know

नेता हमारी पार्टी के विधायकों के साथ दिनांक 20.08.2021 को हुए बर्ताव की जांच के लिए कमेटी का गठन करेंगे?

गये मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन करेंगे और जहां–जहां लापरवाही हुई है उसके बारे में रिपोर्ट ली जायेगी। (शोर एवं व्यवधान)

17.12.2021

339. श्री जयवीर सिंह, द्वारा पूछा गयाा तारांकित प्रश्न संख्या 1378 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरखौदा का नागरिक अस्पताल के रूप में दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

(क) हां श्रीमान् जी।

(ख) सरकार द्वारा 50 बिस्तरीय नागरिक अस्पताल की सैद्धांतिक स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है तथा अमले की स्वीकृति बारे केस सरकार के विचाराधीन है तथा अमले की स्वीकृति उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उन्नत कर दिया जायेगा।

सरकार ने पत्र क्रमांक 23/7/2022–4एच0बी0–III दिनांक 06.04.2022 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 50 बिस्तरीय अस्पताल में अपग्रेड करने व अमला सृजन बारे स्वीकृति जारी कर दी है।

अतः उपरोक्त के मद्देनज़र इस पैरे को ड्राप करने की सिफारिश की जाती है।

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(07.09.2022)

17.12.2021

340. श्री दीपक मंगला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 500 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि पलवल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में बडौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सरकार द्वारा अमले की नियुक्ति कब तक किये जाने की संभावना है क्योंकि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन पूरा हो गया है परन्तु वहां अब तक अमले की नियुक्ति नहीं हुई है ?

श्रीमान् जी, अमला सृजन का प्रस्ताव विचाराधीन है।

Govt. vide letter No. 23/94/2021-4HBIII dated 06.04.2022 has issued the sanction of staff for CHC Badoli by upgrading the existing PHC.

अमले की नियुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1252 चिकित्सा अधिकारियों को लगाने बारे कार्यवाही की गई जिसमें से 847 चिकित्सा

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(07.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अधिकारियों को नियुक्त पत्र जारी किए गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडौली में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का एक पद स्वीकृत है जो कि रिक्त है तथा चिकित्सा अधिकारी के 7 पद स्वीकृत हैं जो कि सभी पद भरे हुए हैं।	
		20.12.2021		
341.	श्री देवेन्द्र सिंह बबली, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1433 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सामान्य चिकित्सालय, टोहाना में सामान्य स्टाफ के स्वीकृत पदों की संख्या 157 है, जिसमें से केवल 30 पद भरे गए हैं तथा 127 पद रिक्त हैं; यदि हां, तो उक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?	इन पदों को हाल ही में 12.7.21. को स्वीकृत किया गया है। डॉक्टरों और अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ को भर्ती सक्रिय प्रक्रिया कर्मचारियों को जल्द ही तैनात किए जाने की संभावना है।	The staff position of 100 bedded Civil Hospital Tohana is annexed at annexure A, B and C. यहां यह भी उल्लेखित है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1252 चिकित्सा अधिकारियों को लगाने बारे कार्यवाही की गई जिसमें से 847 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)

	20.12.2021		
342. तारांकित प्रश्न संख्या 1433 के संदर्भ में श्री देवेन्द्र सिंह बबली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैंने माननीय मंत्री जी से पिछले सैशन में भी और उससे पिछले सैशन में भी इस विषय पर प्रश्न करते हुए अनुरोध किया था लेकिन बावजूद इसके स्टाफ की भर्ती या कमियों को दूर करने संबंधी जो इंप्लीमैंटेशन होनी चाहिए थी, वह आज तक नहीं हो पाई है। अतः मेरा इस सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि एक टाइम बाउंड मैनर में ऐसा सिस्टम बनाया जाये ताकि आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके।	**** मैंने सामान्य चिकित्सालय, टोहाना को भी चैक करवाया था, वह वैसे भी जर्जर अवस्था में है अर्थात् उसकी कंडीशन ठीक नहीं है। उस अस्पताल की चारदीवारी भी बनने वाली है और स्टाफ क्वार्टर्ज भी टूटे हैं। मैं इस तरह से उन सभी चीजों का भी एग्जामिन करवा रहा हूँ और उनको भी जल्दी ठीक–ठाक करवा दूंगा।	नागरिक हस्पताल टोहाना फतेहाबाद के प्रांगण में जो रिहायशी भवन जो जर्जर हालत में थे, उनको लोक निर्माण विभाग द्वारा नकारा घोषित कर दिया गया है, कण्डम अनुमान सरकार को अप्रूवल के लिए भेज दिये गये हैं। संस्था की चारदीवारी के निर्माण के लिए 21.37 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति सरकार द्वारा दिनांक 15.09.2021 द्वारा जारी की जा चुकी है। भवन की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। In light of the above, Hon'ble Committee is requested to drop this para.	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)
	20.12.2021		
343. श्री प्रमोद कुमार विज, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1440 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः– (क) क्या राज्य में सभी बी.पी.एल. परिवारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जा रहा है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? (ख) यदि नहीं, तो राज्य के सभी बी.पी.एल.	**** उपरोक्त श्रेणियों के परिवारों को हरियाणा में पी.एम.जे.ए.वाई के तहत शामिल किया जा रहा है है और यह प्रक्रिया छह महीने के भीतर पूरी होने ने की संभावना है।	(क) व (ख) It is intimated that the beneficiaries of the Ayushman Bharat Scheme are determined as per SECC data of 2011, which has been fixed by Govt. of India and can not be editied/changed; it includes BPL families also. The details are available on the	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

परिवारों को उपरोक्त योजना का लाभ उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए;

(ग) राज्य में आयुष्मान भारत योजना में सरकार द्वारा सम्मलित की गई श्रेणीयों के नाम क्या है; तथा

(घ) आयुष्मान भारत योजना के अर्न्तगत लाभ उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा सर्वेक्षण कब तक करवाये जाने की संभावना है तथा उक्त योजना में किसी व्यक्ति का नाम दर्ज करवाने के लिए सरकार के क्या प्रावधान हैं?

website https:// aapkedwar ayushman.pmjay.gov.in/ Apkedwar/

इसके अलावा State Govt. द्वारा चिन्हित परिवारों, जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है वह राज्य की PMJAY स्कीम के पात्र बनाए गये है। इसके संदर्भ में CRID विभाग का डाटा de-duplication का कार्य कर रहा है, उसके सम्पूर्ण होने पर राज्य की PMJAY के कार्ड बनने आरम्भ हो जायेंगे।

(ग) The proposed categories to be included in the AB-PMJAY scheme by State Govt. are

i. Lumerdars
ii. Chowkidar
iii. ASHA workers
iv. Anganwadi workders
v. Persons belonging to Ghumantu Jati
vi. Building and other Construction Workers

vii. All the families having annual income less than 1.80 lakhs.

(घ) State Govt. is including all the families having annual income less than 1.80 lakhs. The NHA & SHA software has been customized and after verification of data by CRID, the scheme will be rolled out. In light of the above, Hon'ble Committee is requested to drop the para.

22.12.2021

344. तारांकित प्रश्न संख्या–1461 के संदर्भ में श्री बलराज कुंडू द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: अध्यक्ष महोदय, गगग मेरे महम के हॉस्पिटल में डॉक्टर्स के 11 पद स्वीकृत हैं और उसमें ऑर्थो, सर्जन जैसा एक भी स्पैशलिस्ट डॉक्टर मौजूद नहीं है। वहां पर अनैसथिसिया का डॉक्टर है लेकिन कोई सर्जन नहीं है। वहां पर एक भी स्पैशलिस्ट डॉक्टर नहीं है। xxx

xxx मैंने पूरे हरियाणा प्रदेश के हॉस्पिटल्ज का सर्वे करवाया है कि हमें कितने स्पैशलिस्ट डॉक्टर्ज चाहिएं ? इनमें कितने ई.एन.टी, आईज, गॉयनो और सर्जन चाहिए। इस प्रकार फरदर जो एडवर्टाइजमैंट हुआ करेंगी, वे स्पैशलिस्ट डॉक्टर्ज के हिसाब से हुआ करेंगी। हमने इसके लिए व्यवस्था कर दी है। अभी 980 डॉक्टर्ज और भर्ती करने जा रहे हैं तथा अगले महीने तक उनकी भर्ती हो जाएगी। जहां–जहां पर उनकी जरूरत होगी, उसी हिसाब से उनकी पोस्टिंग कर देंगे।

नागरिक हस्पताल, महम में चिकित्सा अधिकारी के 11 पद स्वीकृत हैं, जिनके विरुद्ध 10 चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं। 10 चिकित्सा अधिकारियों में से अनैसथिसिया के एक विशेषज्ञ तथा एक बायोकैमेरटरी के विशेषज्ञ कार्यरत हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1252 चिकित्सा अधिकारियों को लगाने बारे कार्यवाही की गई जिसमें से 847 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं।

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(07.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			अतः उपरोक्त के मद्देनजर इस पैरे को ड्रोप करने की सिफारिश की जाती है।	
		22.12.2021		
345.	श्रीमती नैना सिंह चौटाला, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1479 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झोझू तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाढ़ड़ा स्थित सामान्य अस्पताल में चिकित्सकों तथा विशेषज्ञों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए तथा उसका ब्यौरा क्या है?	xxx राज्य में चिकित्सा तथा पैरा--चिकित्सा अमले की भारी कमी है। चिकित्सा अधिकारियों के मामले में यह कमी अधिक गंभीर है। इस समय चिकित्सा अधिकारियों के 3685 स्वीकृत पदों में से 1070 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों को भरने के प्रयास किए जा रहे हैं।	नागरिक अस्पताल, चरखीदादरी में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के 3 पद स्वीकृत हैं जिनके विरुद्ध 3 वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं तथा चिकित्सा अधिकारी के 42 पद स्वीकृत हैं, जिनके विरुद्ध 38 चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं और 4 पद रिक्त हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोपी में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के 1 पद स्वीकृत हैं जो रिक्त है तथा चिकित्सा अधिकारी 7 पद स्वीकृत हैं, जिनके विरुद्ध 7 चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, झोझुकलां में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के 1 पद स्वीकृत हैं जो रिक्त हैं तथा चिकित्सा अधिकारी के 7 पद	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)

स्वीकृत हैं, जिनके विरुद्ध 7 चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बाढ़ड़ा में 2 पद स्वीकृत हैं, जिनके विरुद्ध 2 चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं।

अतः उपरोक्त के मद्देनजर इस पैरे को ड्रोप करने की सिफारिश की जाती है।

22.12.2021

346. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या–31 'हरियाणा में नये कोविड वैरियंट ओमिक्रॉन पर अंकुश लगाने के लिए उठाये गये पगों बारे' चर्चा के दौरान श्री चिरंजीव राव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः सभापति महोदय, मंत्री जी ने अभी सदन में जो जवाब दिया है, के परिपेक्ष्य में मैं कहना चाहूंगा कि कोविड की दूसरी वेव से पहले जो सत्र आयोजित हुआ था, उस सत्र के दौरान भी मैंने इसी नेचर का एक ध्यानाकर्षण नोटिस देने का काम किया था और उस वक्त भी सरकार की तरफ से बड़ी बड़ी बातें कही गई थी और बावजूद उसके किस तरह से हरियाणा को कोविड की सैकिंड वेव से जूझना पड़ा था, वह हम सबको याद है। लोगों को आक्सीजन स्पोर्टिड बैड तक

सभापति महोदय, हमने कोविड–19 की सैकेण्ड वेव के बाद प्रदेश में ऑक्सीजन का ऐडिशनल अरेंजमैंट किया है । हम जिस तरह से चल रहे हैं उसके आधार पर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हम हरियाणा में ऑक्सीजन के इतने प्लांट लगाने जा रहे हैं कि हरियाणा देश का पहला राज्य होगा जो ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर होगा। हमने न केवल सरकारी अस्पतालों में पी.एस.ए. (Pressure Swing Adsorption) प्लांट लगाने के लिए आदेश जारी किये हैं बल्कि हमने प्राइवेट अस्पतालों को भी कहा कि 50 बैड की क्षमता से ज्यादा क्षमता वाले प्राइवेट अस्पताल अपनी जरूरत के मुताबिक पी.एस.ए. प्लांट लगा सकते हैं।

The Department has undertaken all the possible means to fight against COVID-19 by establishing the following infrastructure:

1. **PSA plants :**

   PSA PLANTS : 110 (53 from PM Care and 57 under CSR)

   - **92-Health (44 - PM Care & 48 - CSR)**
   - **18 - MER (9 - PM Care & 9-CSR)**

2. **COVID HEALTH FACILITIES IN THE STATE:**

   - **Dedicated COVID Hospitals (DCH) - 69**
   - **Dedicated COVID Health Centre (DCHC) - 595**
   - **Dedicated COVID Care Centre (DCCC) - 448**

   Total Facilities - 1112

3. **BEDS & Ventilators**

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(07.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

नहीं मिल पाये थे, वैंटीलेटर्ज नहीं मिल पाये थे और अगर कहीं पर वैंटीलेटर्ज थे भी तो टैक्निशियंज नहीं थे जोकि वैंटीलेटर्ज को चला सकें। ***

- Isolation Beds - 59,151
- Total Isolation bed for Paediatric Patients - 5160
- Oxygen supported beds - 16,693
- Oxygen isolation beds for Paediatric patients - 3802
- ICU Beds - 6081
- ICU Beds (Paediatric+Neo-Natal)- 3802
- Ventilators - 2690
- Ventilators Paediatric - 749
- Oxygen Manifold : 558

4. MOLECULAR LABS IN THE STATE :

Sr. No.	Govt. Labs 26	Pvt. Labs 26
1.	Govt. Hospitals 17	
2.	Medical Colleges 6	
3.	Others 3	

*Establishment of one more lab in Civil Hospital, Bahadurgarh is under process.

5. COVID-19 VACCINATION STATUS (03.09.2022):

		1st Dose=2,36,48,643 (100%) 2nd Dose = 1,97,62,887 (88%) Precaution Dost = 17,72,366 Comulative Coverage of vaccination (including Precaution Dost and Children 15 below 18 years): 4,51,83,896 In light of above, the Hon'ble Committee is requested to drop the para.	
	22.12.2021		
347. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या–31 'हरियाणा में नये कोविड वैरियंट ओमिक्रॉन पर अंकुश लगाने के लिए उठाये गये पगों बारे' चर्चा के दौरान श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: ***मै। माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि रैपिड एंटीजन टेस्ट को बढ़ाने के लिए आपने क्या कदम उठाए है तथा क्या स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल तथा पैरा मेडिकल के पदों को भरने के लिए कोई रोड़ मैप है।***	***प्राइवेट अस्पतालों का भी हमें पिछली बार पूरा सहयोग मिला था। एम.बी.बी.एस. के जो थर्ड और फोर्थ इयर कलाशिज के स्टूडेंट्स थे, उनकी भी हमने सर्विसिज ली थी। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को यह भी बताना चहाता हूँ कि 980 नये डॉक्टर्ज की मंजूरी मिल चुकी है और एक या दो दिन में उन डॉक्टर्ज के पदों की एडवरटाईजमैंट हो जायेगी उसके बाद 980 डॉक्टर्ज भी प्रदेश को अपनी सेवाएं देने लग जायेंगे।***	Due to the constant endeavour, State Govt. has been able to manage the COVID pandemic well, and Haryana has been the frontrunners among all the states, with recovery rate of 98.86% and Fatality Rate of less than 1.02% as on 03.09.2022. स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1252 चिकित्सा अधिकारियों को लगाने बारे कार्यवाही की गई जिसमें से 847 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। अत: उपरोक्त के मद्देनजर इस पैरे को ड्रोप करने की सिफारिश की जाती है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (07.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20.08.2021		
348.	तारांकित प्रश्न संख्या 1115 के संदर्भ में श्री वरुण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः-- अध्यक्ष महोदय, मैंने आपके माध्यम से मंत्री जी के सामने अपनी बात रखते हुए यह कहा है कि सैंपल क्षमता की बहुत कमी है। जिसके बारे में मंत्री जी के जवाब से पता चल रहा है कि पुरे प्रदेश में एक साल में खाद्य सामग्रियों के मात्र दो हजार सैंपल चैक होते हैं। जो कि बहुत ही अपर्याप्त हैं। मेरा यही सवाल है कि सैंपल क्षमता क्यों नहीं बढ़ाई जा रही है। मैं यह कहना चाहता हूं कि राज्य स्तर के साथ–साथ जिला स्तर पर भी इस तरह की प्रयोगशालाएं क्यों नहीं बनाई जा रही हैं। दूसरा जो दवाईयों की लैब है उसके अन्दर आज हालात ये हैं कि नियमानुसार जितने सैंपल लिये जाने चाहिएं उतने सैंपल नहीं लिये जा रहे	अध्यक्ष महोदय, विभाग इसकी जांच करेगा। अगर जरूरत पड़ेगी तो हम प्रयोगशालाओं की संख्या को बढ़ाएंगे।		

हैं। जो सैंपल लिये जाते हैं उनकी समय पर रिपोर्ट नहीं बनती। इसके लिए मेरी प्रार्थना है कि जल्दी से जल्दी ये सैंपल प्रयोगशालाएं बढ़ाई जाएं और बनाई जाएं।

4.03.2022

349. श्री शमशेर सिंह गोगी, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1491 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि करनाल–जींद राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रामा सेन्टर/100 बैडों का अस्पताल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

श्रीमान जी, करनाल–जींद राष्ट्रीय राजमार्ग पर असन्ध में 50 बैड वाले उप–मण्डल नागरिक अस्पताल को 100 बैड वाले उप–मण्डल नागरिक अस्पताल का दर्जा बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है जिसमें ट्रामा केयर की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

08.03.2022

350. दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 109 से निकाला गया आश्वासन।

राज्य की जनसंख्या में वरिष्ठ नागरिकों के बढ़ते अनुपात को ध्यान में रखते हुए, सभी जिला नागरिक अस्पतालों में फीजियोथरेपी इकाइयों के साथ वरिष्ठ नागरिक कॉर्नर शुरू किए जाएंगे। नागरिक अस्पतालों में इलाज के लिए वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		08.03.2022		
351.	दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 111 से निकाला गया आश्वासन।	हमने हाल के वर्षों में बड़ी गंभीरता से यह अनुभव किया है कि छोटे शहरों और बड़े गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है। स्वास्थ्य सुविधाओं का यह विस्तार सरकार और निजी, दोनों क्षेत्रों का करना होगा। छोटे शहरों में अपनी संस्था स्थापित करने के लिए डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने हेतु, मैं बजट में एक नई योजना प्रस्तावित करता हूँ। जो डॉक्टर नगरपालिकाओं वाले छोटे शहरों और महाग्रामों में अपने नए अस्पताल, नर्सिंग होम या क्लीनिक स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें वित्तीय संस्थानों से लिए गए ऋण पर ब्याज सहायता देने के लिये तीन वर्ष की अवधि के लिए 2 प्रतिशत की दर से ब्याज सहायता प्रदान की जायेगी। स्कीम के विस्तृत विवरण की अधिसूचना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शीघ्र ज़ारी की जाएगी। मुझे उम्मीद है कि इस प्रोत्साहन से छोटे शहरों और गांवों में निजी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विस्तार में मदद मिलेगी।		

08.03.2022

352. दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 108 से निकाला गया आश्वासन।

माननीय अध्यक्ष महोदय, यह देखा गया है कि गरीब वर्ग के परिवार स्वास्थ्य सम्बन्धी कई ऐसी समस्याओं का सामना करते हैं, जिनका समय पर पता नहीं लगता और फलस्वरूप असामयिक मृत्यु हो जाती है। मैं प्रस्ताव करता हूँ कि जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये या उससे कम है, उन्हें दो वर्ष में एक बार निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जाँच की सुविधा प्रदान की जाएगी। हर दो साल में सबका एक बार मेडीकल टेस्ट होगा।

08.03.2022

353. दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 107 से निकाला गया आश्वासन।

सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी एक दीर्घकालिक समस्या रही है। सरकार विशेषज्ञ डॉक्टरों को आकर्षित करने में सक्षम हो, इसके लिए मैं डॉक्टरों का एक विशेषज्ञ काडर बनाने का प्रस्ताव करता हूँ। ऐसे डॉक्टर केवल क्लीनिकल ड्यूटी करेंगे। विशेषज्ञ काडर में डॉक्टरों की सेवा के नियम और शर्तें अन्य डॉक्टरों से अलग होंगी। चिकित्सा स्नातकों को सरकारी सेवा की ओर आकर्षित करने के लिए, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में 40 प्रतिशत सीटें सरकारी सेवा

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

के डॉक्टरों हेतु आरक्षित करने का निर्णय लिया गया है।डी.एन.बी. (डिग्री और डिप्लोमा) पाठ्यक्रम, जो वर्तमान में 11 अस्पतालों में उपलब्ध हैं, को सभी जिला नागरिक अस्पतालों में शुरू किया जाएगा।

14.03.2022

354. श्री सत्य प्रकाश जरावता, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1553 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:

(क) xxx

(ख) यदि हां, तो उक्त अस्पताल भवन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा अस्पताल में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है तथा उक्त अस्पताल का निर्माण कुल कितनी जगह पर किए जाने की संभावना है ?

(क) xxx

(ख) 7.73 एकड़ उपलब्ध भूमि पर एक 400 बिस्तरीय अस्पताल बहिरंग रोगी विभाग, अन्तरंग रोगी विभाग, निजी कमरे, आपातकालीन, ऑपरेशन थिएटर, आई. सी.यू.एच.डी.यू., प्रसूति, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रयोगशाला, फिजियोथरेपी, आयुष, रक्तकोश इत्यादि सुविधाओं सहित निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। इसके निर्माण में 3 वर्ष लगने की संभावना है।

355. तारांकित प्रश्न संख्या–1509 के संदर्भ में श्री मामन खान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा अभी तक पी.एच.सी. पिनगवा, पी.एच.सी. मरोड़ा और पी. एच.सी. बाई में सेमी ऑटो एनालाइजर मशीन भी उपलब्ध नहीं करवाई गई है। मुझे इसी सदन में दिनांक 28.02.2020 को माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने ट्रॉमा सैंटर बनाने का आश्वासन दिया था कि आपको जल्दी से जल्दी मेवात में ट्रॉमा सैंटर बनाकर दिया जायेगा। हमारे माननीय मुख्यमंत्री दिनांक 13.02.2022 को मेवात में गये थे और वहां पर इन्होंने कहा था कि आपको कल ही रेडियोलॉजिस्ट मिल जायेगा लेकिन हमें आज तक रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिला है। मैं इन आश्वासनों को देखते हुए यही कहना चाहूंगा क्योंकि हमारा एक एक्सप्रैस डिस्ट्रिक्ट है इसलिए मेवात के मैडीकल कॉलेज, सी.एच.सीज., पी. एच.सीज., सिविल होस्पिटल, मांढी खेड़ा को क्यों न बन्द कर दिया जाए, ऐसा मेरा इस हाउस में सुझाव है ताकि कम

XX अध्यक्ष महोदय, वहां जो चीजें नहीं हैं उनको उपलब्ध करवाने का काम प्रोसैस में है और ये चीजें 4 महीने में उपलब्ध करवा दी जाएंगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	से कम और जिलों को तो फायदा हो जाए? मेवात तो पहले भी डूब रहा है और फिर डूब लेगा । कम से कम मंत्री जी इस बात का जवाब हाउस में दें कि झूठे आश्वासन यहां क्यों दिए जाते हैं ?			
		14.03.2022		
356.	श्री जोगी राम सिहाग, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1606 क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि बरवाला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव सतरोड़ कलां तथा लाडवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का पुनः निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इनके कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?	हाँ श्रीमान जी, सतरोड कलां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण छह माह में प्रारम्भ होने की संभावना है, जबकि लाडवा में स्वास्थ्य विभाग के नाम पर भूमि स्थानांतरित होने के उपरान्त प्रक्रिया शुरू की जायेगी।		
		15.03.2022		
357.	श्रीमती नैना सिंह चौटाला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 783 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे–	XX ग्राम पंचायत से भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानांतरित होने उपरानत कांधा में उप		

(क) क्या यह तथ्य है कि बाढ़ड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव कांधा तथा रूदरोल में स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन जर्जर हैं तथा उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों की भी कमी है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त भवनों के कब तक पुनः निर्मित/नवीनीकरण किए जाने की संभावना है तथा कर्मचारियों की कमी को कब तक दूर किये जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। इस उप स्वास्थ्य केन्द्र में अमले की कमी नहीं है।

15.03.2022

358. श्री अमित सिहाग, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न 809 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डबवाली में अल्ट्रासांऊड मशीन के कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

श्रीमान जी, वर्तमान में उप मण्डल नागरिक हस्पताल, डबवाली में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव नही है। हालांकि, पी.पी.पी. प्रणाली के अंतर्गत अल्ट्रासांउड सेवाओं की सुविधा उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया चल रही है, जोकि 6 महीने में शुरू होना संभावित है।

15.03.2022

359. श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 831 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या झज्जर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र

(क) श्रीमान जी, नवीनीकरण का कार्य पहले से ही चल रहा है।

(ख) इसके तीन माह में पूर्ण होने की संभावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जमालपुर के भवन को पुनर्निर्मित/नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) उपरोक्त भवन को कब तक पुनर्निर्मित/नवीनीकरण किये जाने की संभावना है?

16.03.2022

360. श्री जगदीश नायर, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1702 क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या हसनपुर नागरिक अस्पताल का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है?

श्रीमान जी, निर्माण कार्य तीन माह में आरम्भ होने की संभावना है।

16.03.2022

361. तारांकित प्रश्न संख्या 1702 के सन्दर्भ में श्री जगदीश नायर : द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, ****** क्या हसनपुर नागरिक

अध्यक्ष महोदय, किसी अस्पताल के लिए जो एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल मिलती है तो उसमें डॉक्टर्ज के निवास, स्टॉफ क्वॉटर तथा अन्य सभी प्रकार की चीजों का समावेश होता है

अस्पताल में डाक्टरों के निवास और स्टॉफ के निवास भी बनाये जा रहे हैं ?

और जब एप्रूवल मिली है तो यह सब कुछ बनेगा। वैसे माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि इस अस्पताल का 11134 स्क्वेयर मीटर का एरिया है और जो पुराने अस्पताल की बिल्डिंग है उसको कंडम घोषित कर दिया गया है और यहां पर नए अस्पताल का काम जल्द से जल्द करवा दिया जायेगा।

16.03.2022

362. तारांकित प्रश्न संख्या 1806 के सन्दर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहती हूं कि मेरे गन्नौर हल्के में लगभग 165 एकड़ लैंड में रेल कोच फैक्ट्री बनकर तैयार हो चुकी है और करीब 500 एकड़ लैंड में इन्टरनेशनल फ्रूट एंड वेजिटेबल मार्केट है। जैसे ही वहां पर ओवर क्राउडिड हो जाएगा तो उसमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए कि वहां पर कोई हादसा हो सकता है क्योंकि हर साल बहुत से ऐसे हादसे होते हैं जिनमें पेशैंट्स की दिल्ली के हॉस्पिटल्ज में पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही डैथ

डॉ0 कमल गुप्ता: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा कि ट्रॉमा सैंटर बनाने की कुछ स्पेशिफिकेशंज होती हैं और उसमें लेवल– 1, लेवल– 2 और लेवल– 3 भी होता है। चूंकि उतनी दूरी में 6 + 3 ट्रॉमा सैंटर्ज हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि इनसे माननीय सदस्या की चिन्ता पूरी हो जाएगी। लेकिन फिर भी माननीय सदस्या ने आग्रह किया है तो उसके बारे में पुर्नविचार कर लिया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

हो जाती है। इसलिए आगे के भविष्य को देखते हुए मैं चाहती हूं कि मेरे हल्के के बड़ी गांव की मेन हाईवे पर 65 एकड़ लैंड है और उसको पंचायत देने के लिए तैयार है। वहां पर ट्रॉमा सेंटर बनाने के बारे में अगर सरकार ध्यान देगी तो यह बहुत ही अच्छा होगा।

09.08.2022

363. श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 23 के संबंध में अनुपूरक: अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस काम के लिए एक समय–सीमा निर्धारित की जाये ताकि यह काम समय पर पूरा हो सके।

कालका के हॉस्पिटल के बारे में माननीय सदस्य की बात बिल्कुल वाजिब है। उसका संज्ञान लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की है कि सूटेबल लैंड का चुनाव करके वहां पर हॉस्पिटल को शिफ्ट कर दिया जाये। इस काम के लिए हमने टिबरा गांव की 10 एकड़ जमीन आइडैंटीफाई कर ली है। यह म्यूनिसिपल कमेटी की जमीन है और हम इस जमीन को ले रहे हैं। हमने इसका प्रोसैस शुरू कर दिया है और मैं माननीय सदस्य को

बताना चाहता हूं कि इस साल के अन्दर–अन्दर हम यह काम शुरू कर देंगे।

10.08.2022

364. तारांकित प्रश्न संख्या 43 के संदर्भ में श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि पलवल के अन्दर पलवल से मथुरा और मथुरा से फरीदाबाद तक सारा नेशनल हाई–वे है और दिन प्रतिदिन उस नेशनल हाई–वे पर ट्रैफिक बढ़ता जा रहा है। पलवल से के.एम.पी., के.जी.पी. और बहुत सारी कनैक्टिविटी हो रही हैं। उस नाते से पलवल पर ट्रैफिक का बहुत बड़ा भार बढ़ा है। जिस पर आए दिन एक्सीडैंट्स भी होते रहते हैं लेकिन हमारे इस हाई–वे पर कोई भी ट्रॉमा सैंटर नहीं है। अगर वहां पर एक ट्रॉमा सैंटर बना दिया जाए तो आए दिन जो एक्सीडैंट्स होते हैं उससे लोगों को राहत मिलेगी। इसके लिए हमारे सिविल होस्पिटल के सी.एम.ओ. साहब की तरफ से भी डी.जी. हैल्थ को एक लैटर गया

अध्यक्ष महोदय, गवर्नमैंट ऑफ इण्डिया के मानकों के अनुसार 50 किलोमीटर की दूरी पर एक ट्रॉमा सैंटर खोला जाता है। पलवल के सिविल होस्पिटल में भी सारी फैसिलिटीज हैं और फरीदाबाद के सिविल होस्पिटल में भी सारी फैसिलिटीज हैं। इसके अतिरिक्त फरीदाबाद में सात प्राईवेट ट्रॉमा सैंटर हैं। फरीदाबाद में अभी मैं समझता हूं कि हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा 2400 बैड का अमृता होस्पिटल बना है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री जी 24.08.2022 को करेंगे। मैं भी खुद उस होस्पिटल को देखकर आया हूं। उस होस्पिटल में बिल्कुल लेटेस्ट तकनीक और लेटेस्ट फैसिलिटीज मुहैया कराई गई हैं लेकिन फिर भी माननीय सदस्य की चिन्ता को तरजीह देते हुए पिछले सदन में मुख्यमंत्री जी ने अनाउंस किया था कि पलवल में एक मैडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। अतः वहां जो मैडिकल कॉलेज बनेगा उसमें हम ट्रॉमा सैंटर भी बनाएंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

हुआ है। उस लैटर के मुताबिक वहां हर महीने 300 से 400 एक्सीडैंट होते हैं जिनको यहां से दूसरे होस्पिटल्ज के लिए रैफर किया जाता है। आगे आने वाले समय को देखते हुए वहां एक ट्रॉमा सैंटर बनाना बहुत जरूरी है उसके लिए पलवल के सिविल होस्पिटल के अन्दर जगह भी है और उसका साइट प्लान भी बनाकर भेजा हुआ है। अगर उसमें ही एक ट्रॉमा सैंटर बन जाएगा तो उससे सारे पलवल जिले और आस–पास के नैशनल हाई–वे से गुजरने वाले लोगों को बहुत सुविधा होगी। इसी के साथ मैं एक बात और कहना चाहूंगा क्योंकि हमारा बृज का क्षेत्र है जिससे मथुरा–वृन्दावन जाने वाले बहुत से देश–विदेश के सैलानी यहां से होकर जाते हैं। आगरा जाने वाले देश–विदेश के सैलानी भी यहीं से होकर जाते हैं। वहां आए दिन एक्सीडैंट्स होते हैं उनको

देखते हुए यह ट्रॉमा सैंटर सब के लिए सुटेबल रहेगा, इसलिए मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि अगर इस ओर ध्यान दिया जाए तो यह हमारे लिए बहुत ज्यादा अच्छा रहेगा।

10.08.2022

365. श्री जगबीर सिंह मलिक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 85 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना निर्वाचन क्षेत्र के नागिरक अस्पताल, गोहाना तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप–स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की मानदंडों के अनुसार नियुक्ति की गई; तथा

(ख) यदि नही, उपरोक्त पद कब से रिक्त है तथा इनके कब तक भरे जाने की संभावना है?

(क) श्रीमान् जी, एक कथन सदन के पटल पर रखा है।

ख) चिकित्सकों और पैरामेडिकल की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

XX

10.08.2022

366. श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 95 क्या

श्रीमान जी, पूर्व में नागरिक अस्पताल दादरी में एक नेत्र जांच केन्द्र, ऑपरेशन थियेटर

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सामान्य अस्पताल, दादरी में प्रस्तावित नेत्र जांच केन्द्र, ऑपरेशन थियेटर तथा स्वास्थ्य कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

तथा जिला प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण का प्रस्ताव था, परन्तु अब एम.सी.एच अस्पताल चरखी दादरी की भूमि पर एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक प्रस्तावित है।

10.08.2022

367. श्री दीपक मंगला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 108 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रायपुर खोर के गांव में 7–8 वर्ष पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण किया गया था परंतु आज तक स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द नही किया गया है;

यदि हां, तो इसका कारण क्या है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त भवन जीर्ण–शीर्ण हो गया है; यदि हां, तो

(क) हां श्रीमान जी, रामपुर खोर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्थान पर एक उप–स्वास्थ्य केन्द्र है। दिनांक 13.08.2009 को 21.16 लाख रूपये की स्वीकृति जारी करने के उपरान्त भी लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) द्वारा भवन पूर्ण नहीं किया गया है तथा न ही इसे सुपुर्द/हस्तांतरित किया गया है।

(ख) हां श्रीमान जी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) से विवरण प्राप्त करने के उपरान्त ही भवन निर्माण बारे विचार किया जायेगा।

क्या उक्त भवन को मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त भवन को मरम्मत कब तक किये जाने की तथा स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द किये जाने की संभावना है?

26.12.2022

388. श्री शमशेर सिंह गोगी, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 11 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृप्या बताएंगे, कि:–

(क) सरकार द्वारा असंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 50 बैड से 100 बैड तक विस्तार के लिए वित्तीय अनुमति कब तक दिए जाने की संभावना है; तथा

(ख) उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के विस्तार के लिए भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

(क) असंध उप मण्डल में 100 बिस्तरों वाले नागरिक अस्पताल के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग (बी एंड आर) से ड्राइंग और अनुमानित लागत प्राप्त होने के पश्चात् जारी की जाएगी।

(ख) आवश्यक अनुमोदन के पश्चात् भवन का निर्माण कार्य आरम्भ होने की संभावना है।

26.12.2022

369. श्री राम करण, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 25 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगें कि शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग

XXXX

वर्तमान में, हरियाणा सरकार प्रति जिले में कम से कम 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रथम रेफरल ईकाईयों के रूप में संचालित

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक तथा अन्य अमले की नियुक्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?	करने का प्रयास कर रही है। इसके तहत एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक बाल रोग विशेषज्ञ और एक एनेस्थिसियोलॉजिस्ट को एक कार्यात्मक ऑपरेशन थियेटर और एक ब्लड स्टोरेज सेंटर के साथ–2 प्रत्येक प्रथम रेफरल युनिट में तैनात करने का प्रस्ताव है। XXXX		
		28.12.2022		
370.	श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा तारांकित प्रश्न संख्या 50 क्या स्वास्थ्य मंत्री कृ पया बताएंगे कि क्या गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाकर उपमंडल अस्पताल के रूप में करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इस का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?	हां श्रीमान जी, गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उपमंडल अस्पताल के रूप में दर्जा बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। दर्जा बढ़ाने की प्रक्रिया को पूरा करने में 6 से 8 महीने लग सकते है।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

MEDICAL EDUCATION AND RESEARCH DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

7.03.2018

371. तारांकित प्रश्न संख्या–2477 के संदर्भ में श्री करण सिंह दलाल एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :–
*** अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि हर जिले में नर्सिंग कॉलेज और नर्सिंग स्कूल खोलने की सरकार की जो योजना है उसमें क्या ग्लोबल लैंग्वेज यानि दुनिया की महत्वपूर्ण लैंग्वेज सिखाने का भी प्रावधान किया जायेगा क्योंकि आज नर्सिज की जरूरत ऑल ओवर दी ग्लोब है। इससे हमारी लड़कियों को दूसरे देशों में भी रोजगार मिल सकेगा। क्या मंत्री जी इन नर्सिंग कॉलेजिज और नर्सिंग स्कूल्स में ग्लोबल लैंग्वेज इंट्रोड्यूस करने का आश्वासन देंगे?

*** अध्यक्ष महोदय, नर्सिंग काउंसिल की पहली मीटिंग नहीं हुई है। जैसे ही वह पहली मीटिंग होगी उसमें वह नॉर्म्स भी तय करेगी और जो सदस्यगण सुझाव दे रहे हैं उन सारी बातों का भी उसमें निर्णय करेंगे। वह जो–जो निर्णय करेंगे उन्हीं पर नर्सिंग काउंसिल और नर्सिंग काउंसिल ऑफ इण्डिया दोनों के तालमेल से ही आगे सारे नर्सिंग स्कूल और कॉलेजिज खुलेंगे।

1. यह सूचित किया जाता है कि चिकित्सा शिक्षा एंव अनुसंधान विभाग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है कि वे सरकारी नर्सिंग स्कूलों/कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं को अंग्रेजी विषय पढ़ाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।
2. इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया है कि हरियाणा नर्सिंग काउंसिल ने अपने पत्र क्रमांक 568 दिनांक 26–05–2022 द्वारा सूचित किया है कि उक्त मामले को काउंसिल की 12वीं एक्जैकटिव कमेटी की संभा दिनांक 10–01–2020 में लिए गए निर्णय अनुसार इंडियन नर्सिंग काउंसिल को उनके पत्र क्रमांक 169 दिनांक

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(28.09.2022)

इस बारे में हरियाणा नर्सिंग काउसंल व इंडीयन नर्सिंग काउसल नई दिल्ली से कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ है। इस बारे मे मिटिंग होना अपेक्षित है मामले में कार्यावाही के लिए काउंसिल को लिखा जा रहा है।

13–01–2020 द्वारा भेजा गया था, इस बारे दिनांक 24–08–2020, 23–07–2021 तथा 26–05–2022 द्वारा स्मरण पत्र जारी किये जा चुके हैं, परन्तु इंडियन नर्सिंग काउंसिल से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है, हरियाणा नर्सिंग काउंसिल ने यह भी सूचित किया है कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल के उचित मार्ग दर्शन प्राप्त होने पर सूचित कर दिया जायेगा।

हालांकि भारतीय नर्सिंग परिषद के जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम के अवलोकन पर यह देखा गया है कि जी0एन0एम0 में अंग्रेजी विषय का अध्ययन किया जा रहा है। भारतीय नर्सिंग परिषद के पाठ्यक्रम के सम्बन्धित केस की प्रति साथ संलग्न है।

24.02.2020

372. तारांकित प्रश्न संख्या 35 के संदर्भ में डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि संबंधित वर्क्स की डी.पी.आर. तैयार होने

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि विभाग 4 कॉलेजिज का निर्माण करवाने जा रहा है। इसमें एक कॉलेज जीन्द में, दूसरा कॉलेज भिवानी में, तीसरा कॉलेज नारनौल में और चौथा कॉलेज

जिला जींद के गांव हैबतपुर में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है इसके निर्माण के लिए Haryana State Roads & Bridge Development Corporation Ltd.

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(28.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	के बाद भी निर्माण कार्य में विलम्ब क्यों हो रहा है और निर्माण कार्य के लिए कब तक टैंडर जारी किये जाने की संभावना है ? प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के स्थान के ऊपर से हाई वोल्टेज़ बिजली के खम्भे कब तक दूसरी जगह पर शिफ्ट कर दिए जाएंगे क्योंकि दिनांक 24.5.2015 को इसकी घोषणा की गयी थी। इस कार्य में काफी विलम्ब हो रहा है। इसको जल्दी करवाया जाए ताकि जीन्द जिले की जनता को फायदा मिल सके।	गुरूग्राम में खोला जाएगा। इन चारों कॉलेजिज के वर्क्स अलॉट कर दिये गये हैं और प्रोसैस में है। इनमें से कुछ वर्क्स के कान्सैप्ट प्लॉन बना रहे हैं, कुछ की डी.पी.आर. बन चुकी है और उन्हीं एजेंसीज के द्वारा संबंधित कॉलेजिज का निर्माण कार्य किया जाना है। लगभग 3 महीने में जीन्द के मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू करवा देंगे।	को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। एस0एफ0सी0 कमेटी की मीटिंग दिनांक 07.01.2020 को आयोजित हुई जिसमें प्रथम फेज के कार्य के लिए 524.23 करोड़ रूपए की लागत के साथ अनुमोदना प्रदान की गई। विभाग द्वारा दिनांक 03.03.2021 को कार्यकारी ऐजेंसी के साथ अनुबंध हस्ताक्षरित किया जा चुका है तथा यह कार्य 30 महीनों में पूर्ण होगा। निर्माण कार्य के सम्पूर्ण होने की सम्भावित तिथि सितम्बर 2023 है। कार्यकारी ऐजेंसी द्वारा M/s Larsen and Toubro Ltd. Chennai को निर्माण कार्य सौंपा गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है और अभी तक 27.5 प्रतिशत निर्माण कार्य किया जा चुका है। 132 के0वी0 हाई वोल्टेज टेंशन लाईन को हटा दिया गया है तथा 11 के0वी0 हाई वोल्टेज लाईन को अक्तूबर के अंत तक हटा दिया जाएगा।	

भिवानी में मौजूदा जिला अस्पताल को अपग्रेड करके राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए Bridge & Roof Co. (I) Ltd. New Delhi को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। एस0एफ0सी0 कमेटी की मीटिंग दिनांक 06.10.2020 को आयोजित हुई जिसमें 535.55 करोड़ रूपए की लागत के साथ अनुमोदन प्रदान की गई।

विभाग द्वारा दिनांक 07.10.2020 को कार्यकारी ऐजेंसी के साथ अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया तथा यह कार्य 27 महीनों में पूर्ण होगा। निर्माण कार्य के सम्पूर्ण होने की सम्भावित तिथि जनवरी 2023 है। कार्यकारी ऐजेंसी द्वारा डे छब स्जकण भ्लकमतंइंक को निर्माण कार्य सौंपा गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है और अभी तक 44.5 प्रतिशत निर्माण कार्य किया जा चुका है।

जिला महेंद्रगढ के कोरियावास गांव में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है इसके निर्माण के लिए लोक निर्माण

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			विभाग को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। विभाग द्वारा दिनांक 30.08.2019 को कार्यकारी ऐजेंसी के साथ अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। निर्माण कार्य प्रगति पर है और अभी तक 88 प्रतिशत निर्माण कार्य किया जा चुका है।	
		24.02.2020		
373. श्री लीला राम, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 125 क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :– क) क्या यह तथ्य है कि जिला कैथल तथा अन्य साथ लगते जिलों जैसे जीन्द तथा कुरूक्षेत्र में कोई चिकित्सा महाविद्यालय नहीं है; तथा ख) यदि हां, तो जिला कैथल में एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?		(क) और (ख) श्री मान जी, यद्यपि कैथल जिले में कोई चिकित्सा महाविद्यालय नहीं है, तथापि सरकार गांव हैतबपुर जिला जींद में सरकारी मेडिकल कालेज की स्थापना कर रही है। इसके अलावा जिला कुरूक्षेत्र में 150 एम0बी0बी0एस0 छात्रों के साथ एक निजी चिकित्सा महाविद्यालय आदेश चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल कार्यरत है। वर्ष 2016 में मिरी–पीरी इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल सांइसेज एंड रिसर्च, शाहबाद, कुरूक्षेत्र की स्थापना के लिए एल0 ओ0 आई0 जारी किया गया था।	जिला कैथल में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के लिए ग्राम पंचायत सांपन खेडी से 160 कनाल 6 मरला भूमि लीज पर ली गई जिसकी लीज डीड दिनांक 11.02.2021 को मगमबनजम की जा चुकी है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए Bridge & Roof Co. (I) Ltd. New Delhi को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है। ऐजेंसी द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के	The Committee would like to know the latest position in this regard. (28.09.2022)

		जिला कैथल में एक सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय खोलने के लिए सरकार के विचार में एक प्रस्ताव है, जिसके लिए उपयुक्त भूमि की पहचान की जा रही है।	लिए 963.51 करोड रूपए की डी0पी0आर0 प्रस्तुत कर दी गई है जिसे माननीय मुख्यमंत्री ने दिनांक 29.05.2022 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। डी0पी0आर0 को वित्त विभाग की एएसएफसी–सी कमेटी की अनुसंशा के लिए भेजा जा रहा है।	
		22.12.2021		
374.	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या–31 'हरियाणा में नये कोविड वैरियंट ओमिक्रॉन पर अंकुश लगाने के लिए उठाये गये पगों बारे' चर्चा के दौरान श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: ***मैंने आपसे कोरोना से जुड़ी हुई बातें पूछी हैं कि जो पैरा मेडिकल स्टाफ है उसकी कमी आप कैसे दूर करेंगे? अगर पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी रहेगी तो आप कोरोना की तीसरी लहर से कैसे निपटेंगे? ***उपाध्यक्ष महोदय, सरकार की तरफ से पिछले 7 सालों में बार–बार यह बात कही गई कि हम प्रदेश के सभी जिलों में एक–एक मैडिकल कॉलेज बनाएंगे। अभी तक जिला सिरसा में एक भी मैडिकल कॉलेज	***उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य श्री अभय सिंह चौटाला ने पैरा मैडिकल स्टॉफ के संबंध में बात की है, वह मैंने तीन दिन पहले कैटेगरी वाईज बता दिया है कि विभाग में कितनी कैटगरी का टैस्ट हो चुका है। केवल उनके पेपर्ज वैरीफिकेशन करना बाकी है। मुझे लगता है कि विभाग में 10 या 15 दिन में सारे के सारे स्टॉफ की भर्ती हो जायेगी। मैडिकल कॉलेज की जहां तक बात है, हम प्रदेश में मैडिकल कॉलेज बना भी रहे हैं। उपाध्यक्ष महोदय, ऐसी बात बिल्कुल भी नहीं है कि जो बात सरकार कहती है, उस बात से पीछे हटती है। जो मौजूदा मैडिकल कॉलेजिज हैं उनके अलावा गवर्नमैंट मैडिकल कॉलेज कोरियावास, गवर्नमैंट मैडिकल कॉलेज भिवानी, गवर्नमैंट कॉलेज जीन्द का वर्क अलॉट हो	जिला सिरसा में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु 21 एकड़ 13 मरला भूमि लीज पर ली गई, जिसकी लीज डीड दिनांक 12.04.2021 को मगमबनजम की जा चुकी है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए सरकार ने M/s HITES को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। एजेंसी द्वारा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के लिए डी0पी0आर0 प्रस्तुत कर दी गई है, जिसे सरकार की स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। सरकार की स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (28.09.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

नहीं है। माननीय मंत्री जी कहते हैं कि हम मैडिकल कॉलेज बनाएंगे।

चुका है। इसके अलावा यमुनानगर, सिरसा और गुरूग्राम में भी एक–एक गवर्नमैंट मैडिकल कॉलेज के अलॉटमैंट का प्रोसैस चल रहा है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है कि सिरसा में एक गवर्नमैंट मैडिकल कॉलेज के अलॉटमैंट का प्रोसैस चल रहा है।***

03.03.2022

375. श्री जगबीर सिंह मलिक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 750 क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि गत् तीन वर्षों के दौरान भगत फूल सिंह महिला चिकित्सा महाविद्यालय में ओपीडी की संख्या में कमी आई है; यदि हां, तो इसके कारण तथा मासवार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त समय के दौरान भगत फूल सिंह महिला चिकित्सा महाविद्यालय से अन्य स्थानों पर रेफर किए जाने वाले मरीजों की मासवार संख्या कितनी है तथा रेफर किए जाने के कारण क्या है?

XXX जनवरी 2019 से दिसंबर 2021 तक भगत फूल सिंह महिला चिकित्सा महाविद्यालय से अन्य उच्च केंद्रों के लिए रेफरल डेटा निम्नानुसार है:–

वर्ष	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्तूबर	नवम्बर	दिसम्बर	कुल
2019	76	95	104	151	153	147	115	104	76	47	70	31	1169
2020	36	44	52	16	36	69	104	81	53	35	28	29	583
2021	23	38	17	12	12	72	81	80	61	82	61	16	555

यह संस्थान कोविड अस्पताल था और यहां सुपरस्पेशिएलिटी कंसल्टेंटस की कमी है। इसलिए उपरोक्त रोगियों को अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया गया था। सुपरस्पेशिएलिटी

कंसल्टेंटस की कमी को दूर करने के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास जारी हैं।

07.03.2022

376. डा0 कृष्ण लाल मिढ़ा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 629 क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) जींद शहर में निर्माणाधीन चिकित्सा महाविद्यालय के चरणों का ब्यौरा क्या है जो अब तक पूरे किए गये हैं; तथा

(ख) उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

xx (ख) जींद में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य 02.09.2023 तक पूर्ण होने की संभावना है।

08.03.2022

377. दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 115 से निकाला गया आश्वासन।

पंडित भगवतदयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पी.जी.आई.एम.एस.), रोहतक, राज्य में आयुर्विज्ञान का प्रतिष्ठित संस्थान है। मुझे यह घोषणा करते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि पी.जी.आई.एम.एस. ने अपने अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की चुनौती स्वीकार की है। मुझे आशा है कि वर्ष 2022–23 में पी.जी.आई. एम.एस., रोहतक में किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा चालू हो जाएगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

14.03.2022

378. श्री गोपाल कांडा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 800 क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि जिला सिरसा में स्वीकृत चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य अब तक आरम्भ नहीं किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त महाविद्यालय के निर्माण कार्य के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

(क) हां, श्रीमान जी।

(ख) राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिरसा की ड्राईंग एवं विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट कार्यकारी एजेंसी एच0एल0एल0 इंफ्राटैक सर्विसेज लिमिटेड (एच0आई0टी0ई0एस0) द्वारा तैयार की जा रही है। ड्राईंग एवं विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट की स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा।

21.03.2022

379. वर्ष 2022–23 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान राव दान सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, हमारे जिले में भी मैडिकल कालेज बनाया जा रहा है उसके लिए मैं सहमत हूँ। लेकिन इसके साथ ही यह भी याद दिलाना चाहूंगा कि जिस

अध्यक्ष महोदय, जैसाकि माननीय सदस्य कह रहे है तो सरकार, सैंट्रल गवर्नमैंट के इशू को भी परश्यु करने का काम करेगी। अगर उन्होंने कह रखा है तो जरूर बनायेंगे। वैसे हमें तो इसके बारे में मालूम नहीं है। सैंट्रल यूनिवर्सिटी गवर्नमैंट ऑफ इंडिया चला रही है। (शोर एवं व्यवधान)

दिन सैंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा का फाउंडेशन स्टोन रखा गया था, उस दिन एच.आर.डी. मिनिस्टर श्री अर्जुन सिंह आए थे और उस समय श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा तथा श्रीमती किरण चौधरी जी भी वहां पर उपस्थित थी। उस समय हमारे यहां पर मैडिकल कालेज देना प्रस्तावित किया गया था। उस समय सैंटर गवर्नमैंट द्वारा जो एड दिया गया था, उसके हिसाब से सैंटर यूनिवर्सिटी के अंदर मैडिकल कालेज प्रस्तावित किया गया था और हमने इस यूनिवर्सिटी के लिए 525 एकड़ जमीन देने का काम किया था जिसमें से 73 एकड़ जमीन मैडिकल कालेज के लिए चिन्हित करके रखी हुई है।

08.06.2022

380. श्री प्रवीन डागर, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 11 क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जिला पलवल में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई

(क) हाँ, सर।

(ख) बजट सत्र 2022–23 के दौरान, माननीय मुख्यमंत्री ने जिला पलवल में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की है। विभाग को इस संबंध में एचएसवीपी और पंचायतों से कुछ भूमि

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

थी तथा तीन महीने के अंदर चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए स्थान चिन्हित करने के भी आदेश दिए थे; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए सरकार द्वारा कोई स्थान चिन्हित किया गया है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जो विभाग के पास विचाराधीन हैं।

08.08.2022

381. श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 12 क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 03.04.2022 को सफीदों में एक पैरा मेडिकल महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई; तथा

(ख) क्या उपरोक्त पैरा मेडिकल महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो अब तक

(क) हाँ, महोदय।

(ख) विभाग द्वारा मामले की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए मौजूदा नीति के अनुसार, सफीदों में एक राजकीय पैरामेडिकल महाविद्यालय खोलना संभव नहीं है क्योंकि संस्थान के पास 10–15 कि.मी. के भीतर न्यूनतम 300 बिस्तरों वाला अस्पताल होना चाहिए। तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिनांक

सरकार द्वारा इस विषय में क्या पग उठाए गए तथा इसके कब तक खोले जाने की संभावना है तथा इसके स्थान का ब्यौरा क्या है ?

16.06.2022 को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जींद के परिसर में पैरामेडिकल महाविद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की। हालांकि, निर्माणाधीन चिकित्सा महाविद्यालय में भूमि की कमी के कारण उपायुक्त जींद को पत्र लिखकर आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने के लिए कहा गया है। उपायुक्त जींद ऐसी जमीन की पहचान करने की प्रक्रिया में है।

08.08.2022

382. श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 18 क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) यमुनानगर में श्री गुरू तेग बहादुर चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) XX

(क) माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा ने दिनांक 29.05.2022 को जिला यमुनानगर के ग्राम पंजूपुर में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी दे दी है। ब्रिज एंड रूफ कंपनी (आई) लिमिटेड को परियोजना के लिए कार्यकारी एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। 21.09.2021 को चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान विभाग और कार्यकारी एजेंसी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओए) निष्पादित किया

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

गया है। एमओए के अनुसार डीपीआर की मंजूरी की तारीख से 30 महीनों में काम पूरा होने की संभावना है।XX

26.12.2022

383. डॉ0 कृष्ण लाल मिड्ढा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 9 क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि जींद में चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्यों के चरणों का ब्यौरा क्या है जो अब तक पूरे किए जा चुके हैं तथा उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

हाँ श्रीमान् जी, जींद में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय गांव हैबतपुर में 24 एकड़ 3 कनाल 3 मरला भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। उक्त भूमि का पटटानामा दिनांक 27.07.2017 को 33 वर्ष की अवधि के लिए 1 रूपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से किया गया है। हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल निगम लिमिटेड को दिनांक 22.08.2019 को कार्यकारी ऐजेंसी के तौर पर नियुक्त किया गया है। दिनांक 03.03.2021 को मेमोरंडम आफ एग्रीमेंट साईन किया गया और एग्रीमेंट के अनुसार प्रोजेक्ट के पूर्ण होने की संभावित अवधि 30 महीने है। प्रोजेक्ट की कुल लागत 663.86 करोड़ रूपए है (प्रथम चरण 524.23 करोड़ व द्वितीय चरण 139.63 करोड़)। निर्माण कार्य

प्रगति पर है और प्रथम चरण का निर्माण कार्य 37 प्रतिशत पूरा हो चुका है तथा प्रोजेक्ट के पूर्ण होने की संभावित तिथि 02.09.2023 है।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

AYUSH DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		7.03.2018		
384.	तारांकित प्रश्न संख्या–2546 के संदर्भ में डॉ0 पवन सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– *** अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्या मेरे हल्के के कुछ गांवों रामशरण माजरा, कौला पुर, खानपुर, कोलिया, इशर हेड़ी, लोहारा और बरोट गांवों में व्यायामशाला खोलने का कोई प्रस्ताव है ?	*** अध्यक्ष जी, इसमें विभाग का उत्तर तो नकारात्मक है लेकिन इनके खेल प्रेम और इनके साईकिल प्रेम और बाकी सारे प्रेम को देखते हुए मैं यहां हाँ करता हूं कि इनके इन गांवों में भी हम व्यायामशालाएं स्वीकृत करेंगे और उनको बनाएंगे।	इस बारे पंचायती राज, लोकनिमार्ण हरियाणा से सूचना मांगी गई थी। पंचायती राज, लोक निर्माण हरियाणा ने सूचित किया है कि गांव रामसरण माजरा में पार्क–कम –व्यायामशाला के निर्माण हेतू अनुमान मु0 29.00 लाख रूपये कार्यकारी अभियन्ता, पंचायती राज, कुरूक्षेत्र द्वारा तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति हेतू उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक पीआरके/2016/7983 दिनांक 22.11.2016 द्वारा अधीक्षक अभियन्ता, पंचायती राज लोक निर्माण परिमण्डल अम्बाला को भेजा जा चुका है। यह अनुमान प्रशासकीय स्वीकृति हेतू अधीक्षक अभियन्ता, पंचायती राज लोक निर्माण परिमण्डल अम्बाला के कार्यालय के पत्र क्रमांक पीआरसीए/2016/3010 दिनांक 30.11.2016 द्वारा प्रबन्धक निदेशक,	The Committee would like to know the latest position in this regard. (04.08.2021)

		हरियाणा ग्रामीण विकास निधि प्रशासन बोर्ड, चण्डीगढ को भेजा जा चुका है परन्तु प्रशासकीय स्वीकृति अपेक्षित है। जिला कुरूक्षेत्र के गांव लोडारा (लाडवा) एंव बरोट (लाडवा) में व्यायामशालाओं हेतू भूमि उपलब्ध है। इनकी फिजिबिलिटी प्राप्त करने उपरान्त इन्हें दूसरे फेज में खोलने हेतू प्रस्ताव पंचायती राज, लोक निर्माण हरियाणा को भेज दिया जाएगा। कौला पुर (पीपली), खानपुर कोलिया (पीपली) एंव इशर हेडी (बबैन) भूमि उपलब्ध नही है। यदि इन गांवों मे व्यायामशालाओं हेतू पंचायत द्वारा भूमि उपलब्ध करवाई जाती है तो तदाउपरांत प्रस्ताव आवश्यक कार्यवाही हेतू पंचायती राज, लोक निर्माण हरियाणा को भेज दिया जाएगा।	
	20.02.2019		
385. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	XX परम्परागत चिकित्सा पद्धति के मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए मेरी सरकार ने देवरखाना (झज्जर) में पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ योग एंड नेचुरोपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च की स्थापना करने का मुद्दा भारत	भारत सरकार, आयुष मंत्रालय 200 बिस्तर वाले इन्डोर अस्पताल के साथ ग्राम देवरखाना जिला झज्जर मे पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ योग एंड नैचुरोपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च की	The Committee would like to know the latest position in this regard. (04.08.2021)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		सरकार के साथ उठाया है, जिसके लिए 83 कनाल भूमि निर्धारित की गई है। इसी तरह से पंचकूला में एक राष्ट्रीय स्तर का आयुर्वेदिक उपचार, शिक्षा और अनुसंधान संस्थान खोला जा रहा है। इस संस्थान में 250 बिस्तर होंगे और 500 से अधिक विद्यार्थियों के लिए अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, पी.एच.डी. डिग्री प्रदान करने की सुविधा होगी। XX	स्थापना करने जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए हरियाणा सरकार ने वर्ष 2009–10 मे 83 कनाल 11 मरला भूमि और वर्ष 2016–17 के दौरान 83 कनाल अतिरिक्त भूमि प्रदान की है। इस प्रकार कुल 166 कनाल 11 मरला भूमि प्रदान की गई है। इस संस्थान के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चूका है। इस संस्थान के निर्माण का कार्य दिसम्बर 2020 में पूर्ण हो चूका है। यह संस्थान पोस्ट ग्रेजुएट/ग्रेजुएट और डिप्लोमा पाठ्यकर्मों के साथ योग और प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान प्रदान करेगा। यह संस्थान योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल के माध्यम से आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करेगा। इस संस्थान में ओ0पी0डी0 शुरू हो चुकी है। इस समय इस संस्थान में दो योगा विशेषज्ञ एवं तीन योगा थैरेपिस्ट कार्यरत है।	

इसके अतिरिक्त इस संस्थान मे साजों–सामान उपलब्ध करवाना, स्टॉफ की भर्ती करना, कोर्स हेतू दाखिले की प्रक्रिया केन्द्रीय योग एंव प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा शीघ्र ही की जाएगी।

हरियाणा सरकार एवं श्री माता मनसा देवी श्राईन बोर्ड द्वारा श्री माता मनसा देवी श्राईना बोर्ड, पंचकूला की 20 एकड़ जमीन 33 वर्षो के लिए व अन्य 33 वर्षो के लिए नवीनिकरण, अधिकतम 99 वर्षो तक 1/–रू0 के टोकन चार्ज पर पट्टे पर स्वास्थ्य मंत्रालय (आयुष) को स्थानान्तरित की जा चुकी है।

माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिनांक 12.02.2019 को कुरूक्षेत्र से श्री माता मनसा देवी काम्पलेक्स, पचंकूला के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की श्री श्रीपद येसो नाइक, माननीय आयुष मंत्री भारत सरकार की उपस्थिति मे नींव रखी गई है।

रक्षा मंत्रालय से दिनांक 20.01.2020 को अनापत्ति प्रमाण पत्र

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			प्राप्त हो चुका है। एन0आई0ए0 जयपुर द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि पी0एम0सी0 (WAPCOS) ने दिनांक 5.7.2021 को निर्माण कार्य एक्जीक्यूटिव ऐजंसी/ कॉन्ट्रक्टर को आर्बिट्रेट कर दिया है एंव निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ WAPCOS द्वारा कर दिया जाएगा। इस प्रोजैक्ट की कुल लागत 270.54 करोड है।	
		28.02.2020		
386. श्री सुभाष सुधा, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 309 : क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि कुरूक्षेत्र के गांव फतेहपुर (थानेसर) में 100 एकड़ में आयुष विश्वविद्यालय की चारदीवारी के इलावा अन्य निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?		भवन के प्रथम चरण के लगभग 95000 वर्ग मीटर क्षेत्र को 36 महीने की अवधि मे निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार एंजेसी (पी.एम.सी.) को नियुक्त करने के लिए विस्तृत निविदा सूचना आंमत्रित करने हेतू तैयार की जा चुकी है और शीघ्र ही जारी करने की संभावना हैं।	दिनांक 27.05.2021 को माननीय स्वास्थ्य एंव आयुष मंत्री की अध्यक्षता मे एक मीटिंग हुई जिसमे यह निष्कर्ष निकाला गया है कि विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण के लिए पी0एम0सी0 की सेवाओं को हॉयर करने के संबध मे श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय द्वारा की गई अब तक की प्रक्रिया को पी0एम0सी0/सलाहकार की भर्ती के लिए Committee of Secretaries	

(COSAER) के समक्ष रखा जाए जिसमे यह निर्णय लिया जाएगा कि पी0एम0सी0/सलाहकार की भर्ती के लिए वर्तमान चरण से आगे तक निविदा प्रकिया को जारी रखा जाए या प्रारम्भिक चरण के नए सिरे से प्रारम्भ किया जाए। इस मामले मे आगे बढने के लिए दिनांक 15.07.2021 को टैक्निकल इवैल्युएशन कमेटी की बैठक मे प्रं0 दीन दयाल उपाध्याय, यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ सांइस, करनाल एवं श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया का अवलोकन करने उपरांत पर पाया गया कि श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र द्वारा अपनाई गई निविदा प्रक्रिया निदेशक चिकित्सा शिक्षा एंव अनुसंधान विभाग हरियाणा की तर्ज पर नई निविदा प्रकिया अपनाने के लिए Committee of Secretaries (COSAER) को सिफारिश की है। इसके उपरांत दिनांक 19.07.2021 को कैम्स्ट की बैठक हुई और टैक्निकल इवैल्युएशन कमेटी की सिफारिशों को

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			स्वीकार किया गया। COSAER की बैठक के मिनटस ऑफ मीटिंग मुख्य सचिव हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदन कर दिये गये है। COSAER की बैठक मे निम्न निर्णय लिए गए है:– 1. परियोजना को नए सिरे से शुरू किया जाए। 2. परियोजना का स्कॉप ऑफ वर्क Committee of Secretaries (COSAER) द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दिनांक 04.11.2020 की अधिसूचना मे वर्णित COSAER के पॉवर एण्ड फंक्शन को संशोधित करवाया जाए। 3. मिनटस के क्र0 स0–2 के अनुसार COSAER की टैक्निकल इवैल्युएशन कमेटी की तकनीकी क्षमता को बढाया जाए।	

COSAER की बैठक मे लिए गएं उक्त निर्णय सरकार को अवगत करवाने एवं इनकी अनुमोदना प्राप्ति हेतू भेज दिये गये है। उक्त निर्णय के अनुसार टैक्निकल इवैल्युएशन कमेटी मे चार विशेषज्ञ सदस्य (भारत सरकार, आयुष मंत्रालय का प्रतिनिधि, राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान, जयपुर का प्रतिनिधि, रजिस्ट्रार, श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र तथा डा0 राजेश बाली, ए0एस0एम0ओ0, स्वास्थ विभाग, हरियाणा) बढाए गए है।

टैक्निकल इवैल्युएशन कमेटी के परामर्श के अनुसार पी0एम0सी0 को हॉयर करने के लिए नई निविदा (Fresh Bids for hiring the PMC) आमंत्रित करने की प्रकिया शुरू कर दी गई है। आर0एफ0पी0 दस्तावेज टैक्निकल इवैल्युएशन कमेटी द्वारा तैयार किए जाएगें जिसके लिए विभाग द्वारा टैक्निकल इवैल्युएशन कमेटी को अपनी एस्पर्ट राय दो सप्ताह तक देने के लिए पत्र दिनांक 29.07.2021 को लिख दिया गया है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

16.03.2021

387. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 286 क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद, एन. आई.टी. विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में गांव खेड़ी गुजरान की लगभग 8 एकड़ भूमि गैर–संचारी रोगों के लिए यूनानी चिकित्सा के राष्ट्रीय संस्थान का अस्पताल निर्मित करने के लिए आयुष विभाग को दी गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त अस्पताल के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

(क) हां, श्रीमान् जी।

(ख) यह एक केन्द्रीय परियोजना है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अर्धसरकारी पत्र दिनांक 11.02.2021 के द्वारा इस बारे निम्न अनुसार स्थिति सूचित की गई है:–

"आबंटित भूमि क्षेत्र मे यूनानी उपचार सुविधाएं स्थापित करने का प्रस्ताव सक्रिय रूप से विचाराधीन है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार किसी भी नए संस्थान की स्थापना के लिए व्यय वित्त समिति (ईएफसी)/कैबिनेट की स्वीकृति आवश्यक है, इसलिए, उक्त शोध संस्थान का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका और यह भी बताया गया है कि संबंधित एजेंसियों से आवश्यक वैधानिक मंजूरी/अनुमोदन प्राप्त होते ही इन सुविधाओं को यथाशीघ्र स्थापित किया जाएगा।"

12.03.2021

388. वित्त वर्ष 2021–22 के बजट के संदर्भ में।

xx इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने आयुष विभाग के अन्तर्गत पूरे राज्य में लोगों की भलाई के लिए 1000 "हैल्थ वेलनेस सेंटर" स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। इसमें निवारक, प्रोत्साहन, उपचारात्मक, पुनर्वास और व्यापक स्तर की देखभाल सेवाएं प्रदान की जाएंगी। राज्य के लोगों को वेलनेस सेंटर में सभी प्रकार की सुविधाएं जैसे कि योगशाला, ध्यान, शारीरिक व्यायाम, खानपान परामर्श के अलावा दवाओं और परीक्षण व जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

23.08.2021

389. तारांकित प्रश्न संख्या 1160 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सरकार द्वारा पटौकरा (नारनौल) में बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक महाविद्यालय तथा अस्पताल के भवन का निर्माण किया गया था। उक्त महाविद्यालय तथा अस्पताल में बी.ए. एम.एस. की कक्षाएं कब तक आरम्भ

XX हम इस कॉलेज में वर्ष 2022–23 के सैशन में क्लासिज शुरू करने के प्रयास करेंगे। सरकार ने इस कॉलेज में मैडीकल सुप्रिंटैंडेंट के अलावा अन्य स्टाफ की भी रिक्रूटमैंट के लिए कमेटी गठित की है। XX अध्यक्ष महोदय, मैंने जैसा अभी माननीय सदस्य को बताया कि इस मैडीकल कॉलेज में वर्ष 2022–23 के सैशन में क्लासिज शुरू हो जायेंगी तब तक हम इसमें स्टाफ आदि की भर्तियां भी करनी शुरू कर देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	होने की संभावना है और कक्षाएं आरम्भ न करने के क्या कारण हैं? XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि स्टाफ की कब तक भर्ती कर दी जायेगी और इसके अलावा यह भी माननीय मंत्री जी आश्वासन दें कि इस मैडीकल कॉलेज में कब तक क्लासिज शुरू हो जायेंगी?			
		04.03.2022		
390.	श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 706 क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि युनानी चिकित्सा महाविद्यालय, अकेरा (नूंह) में कक्षाएं कब तक शुरू किये जाने की संभावना है?	श्रीमान जी, राजकीय युनानी चिकित्सा हस्पताल एवं महाविद्यालय, अकेड़ा का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है और कार्य प्रगति पर है। इसके फरवरी, 2023 तक पूर्ण होने की संभावना है। XX इस दौरान यूनानी हस्पताल के लिए पदों के सृजन एवं स्वीकृति का मामला सरकार के विचाराधीन है।		

391. दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 103 से निकाला गया आश्वासन।

दिव्यांगों को स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और स्वास्थ्य देखभाल खर्च को पूरा करने में सहायता की आवश्यकता है। मैं प्रस्ताव करता हूँ कि 70 प्रतिशत या उससे अधिक की विकलांगता वाले सभी दिव्यांगों, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपये या उससे कम है, को आयुष्मान भारत के माध्यम से पूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार ऐसे मामलों में अपने संसाधनों से खर्च वहन करेगी, जहां आयुष्मान भारत के सामान्य दिशा–निर्देशों में चिकित्सा सहायता प्रदान करने का प्रावधान नहीं है।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

URBAN LOCAL BODIES DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		16-03-2015		
392.	तारांकित प्रश्न संख्या 233 के सन्दर्भ में श्री उमेश अग्रवाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जैसा कि माननीय मंत्री जी ने बताया कि गुड़गांव इंदिरा आवास योजना के तहत छोटे-छोटे मकान बने हुए थे। मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि इंदिरा आवास योजना के तहत जो मकान बने हुए थे वे निश्चित रूप से सिंगल स्टोरी के ही होंगे तथा छोटे-छोटे मकान ही होंगे, उनमें कितने असुरक्षित मकान थे, क्या वहां पर कोई बिल्डिंग गिरने वाली थी तथा वहां पर क्या कार्य होने वाला था? जैसा मंत्री जी ने बताया कि इसमें अनियमितता बरती गई है और एक दिन में ही सारे काम कर दिए गए हैं और हजारों करोड़ों रुपये की लागत से फाइव स्टार होटल	अध्यक्ष महोदय, माननीय साथी ने जो इस केस के बारे में कहा है यह वाकई में ही संदिग्ध केस है और इसकी जांच कराई जानी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य उमेश अग्रवाल जी और आप सब जानते हैं कि हमारी सरकार की भ्रष्टाचार की जीरो टोलरैंस की नीति है। इस केस में जो तथ्य फाइल पर उपलब्ध हैं उनसे बिल्कुल यह सिद्ध हो रहा है कि इसमें किसी को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों को ताक पर रखकर यह सब प्रक्रिया अपनाई गई है। यदि सदस्य इसकी जांच करवाना चाहते हैं तो मैं समझता हूं कि इसकी विजीलैंस जांच करवाई जानी चाहिए ताकि सारे तथ्य सामने आ जाएं। (विघ्न) गुड़गांव में तो इस तरह के बहुत से मुद्दे होंगे इसलिए आप लोग यहां मुद्दे लाते रहिए और हम जांच कराते रहेंगे।	महानिदेशक, राज्य चौकसी ब्यूरो द्वारा अपने पत्र कमांक 6188/गुप्त/रा.चौ. ब्यूरो.(ह) दिनांक 19.04.2022 द्वारा सूचित किया है कि सम्बन्धित मामले में अंतिम रिपोर्ट पत्र कमांक 19741 दिनांक 28.12.2021 से चौकसी विभाग, हरियाणा को निर्णय लेने हेतु भेजी जा चुकी है। विभाग से निर्णय अभी अपेक्षित है। उक्त के सन्दर्भ में इस विभाग के पत्र यादी कमांक डीएयूएलबी0/प्रशा0/4ए/2022/18035दिनांक 28.04.2022 द्वारा चौकसी विभाग, हरियाणा को निर्णय शीघ्र इस विभाग को भिजवाने बारे अनुरोध भी किया जा चुका है। माननीय समिति को तदानुसार अवगत करवा दिया जायेगा।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11.05.2022)

को लाभ पहुंचाने के लिए निगमायुक्त की तरफ से एक तरफा कार्यवाही की गई है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि जिस अधिकारी द्वारा यह एक तरफा कार्यवाही की गई है क्या उस अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई है या सरकार भविष्य में कोई कार्यवाही करने वाली है ताकि आगे से कोई और अधिकारी इस तरह की कार्यवाही न कर सके।

9.9.2013

393. श्री देवेन्द्र कुमार बंसल, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 478 : क्या मुख्य मंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या सैक्टर 23, पंचकूला से डम्पिंग ग्राऊंड स्थानांतरित करने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन संयंत्र भी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

हां, श्रीमान् जी। सैक्टर 23, पंचकूला से डम्पिंग ग्राउंड स्थानांतरित करने और गांव झूरीवाला में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, पंचकूला ने सूचित किया है कि सेक्टर–23, पंचकूला में डंप किए गए पुराने कचरे के बायोरेमेडिएशन का कार्य एजेंसी को आबंटित किया गया था। लेकिन एजेंसी द्वारा निर्धारित समय सीमा में बायो–रेमेडिएशन कार्य का निष्पादन न करने के कारण उस एजेंसी को आबंटित किये गये कार्य को रद्द कर दिया गया है। अब नगर निगम पंचकूला सेक्टर–23, पंचकूला स्थित पुराने कचरे के

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(11.05.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			बायोरेमेडिएशन के कार्य के लिए नई एजेंसी का चयन प्रक्रियाधीन है। पंचकूला शहर में दैनिक रूप से उत्पन्न होने वाले नगर निगम के कचरे के उपचार के उद्देश्य से झुरीवाला में एक एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र लगाया जाना प्रस्तावित है। पहले कलस्टर अप्रोच इतना सफल ना हो सका था, इसलिए इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सचिवों की समिति (CoSI) ने दिनांक 08.07.2020 को सम्पन्न हुई अपनी बैठक में संशोधित कलस्टर अप्रोच को मंजूरी देते हुए हरियाणा को 13 कलस्टरों में पुनर्गठित करने के साथ–साथ संशोधित आर0एफ0पी और सी0ए0 को मंजूरी दी थी। यही प्रस्ताव इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सब–कैबिनेट कमेटी (ब्च्) द्वारा अपनी बैठक दिनांक 21.10.2020 को मंजूर किया गया था।	

ISWM पंचकूला कलस्टर के लिए 16.09.2021 को बोली जमा करने की बढाई गई तिथि 15.04.2022 के साथ निविदा आमंत्रित की गई थी। पंचकूला कलस्टर के लिये 02 निविदायें प्राप्त हुई थीं परन्तु योग्य नहीं पाई गई। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए एवं सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने उपरांत, पंचकूला कलस्टर की निविदा को निरस्त कर दिया गया है। उक्त निविदा दिनांक 27.04.2022 को पुनः आमंत्रित की गई है। जिसकी अंतिम तिथि 17.05.2022 है।

6.03.2017

394. तारांकित प्रश्न संख्या 1748 के सदर्भ में श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, आज हमारे मुख्यमंत्री जी यहां बैठे नहीं हैं, मैं इस बारे में बहुत सारी चिट्ठियां उनको लिख चुकी हूं क्योंकि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण प्रोंजेक्ट है और बी.जे.पी. सरकार का एक स्टेलर प्रोग्राम है स्वच्छ भारत अभियान। भारत किस

****जहां तक भिवानी का कंसर्न है, मैं उनको बताना चाहूंगी कि भिवानी के लिए भी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट हमारे भिवानी कलस्टर का हिस्सा है। हांसी रोड बवानी खेड़ा में 16 एकड़ भूमि पर हम यह सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने जा रहे हैं और यह पूरे नॉर्म्स को भी पूरा करता है, क्योंकि जहां पर शहर की आबादी है, यह जगह उससे 2 किलोमीटर दूर है। कचरे से खाद बनाने के लिए 4 कलस्टर भिवानी, भूना, पुन्हाना और हिसार

CCI की बैठक में जारी निर्देशों के अनुपालन में, ISWM भिवानी क्लस्टर के लिए निविदा शुरू में 10.03.2021 को आंमत्रित की गई थी। जिसके लिए बोली जमा करने की बढ़ाई गई तिथि 01.06.2021 थी, लेकिन उक्त निविदाओं में कोई भी बोली प्राप्त नहीं हुई थी। इसलिए, ISWM भिवानी के लिए निविदा 07.06.2021 को पुनः आमंत्रित की गई थी जिसकी बोली

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(11.05.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

तरह से स्वच्छ हो सकता है। इस अभियान के द्वारा अगर आपको सही मायने में स्वच्छ भारत की वास्तविक रूप में पहचान बनानी है तो यह बहुत जरूरी है कि जो सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रॉजेक्ट है, उसे हर जिले के अंदर लगाए जाए, वरना हमारा स्वच्छ भारत का काम पूरा नहीं होने वाला है। आप जानते हैं कि इसका 100 परसेंट सेग्रीगेशन नहीं होता है और सॉलिड वेस्ट की इनएडिक्वेट ट्रांसपोटेशन होती है, रोड साइड पर डम्पिंग होती है, जिससे बहुत गंदगी फैलती है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अभी जवाब दिया है कि वह 31 मार्च, 2014 को खत्म हो गया था। जब केन्द्र सरकार ने इसे मंजूर कर लिया था और साढ़े 4 करोड़ रूपया यहां के लिए दे दिया था। हमने डी.पी.आर. भी भेज दी थी तो उसके बावजूद जिसमें नगर परिषद् भिवानी भी शामिल है, चिन्हित किए गए हैं। इसके लिए बोली प्रक्रिया जून, 2017 तक पूर्ण होने की संभावना है और इस कलस्टर के निर्माण के बाद निश्चित रूप से कूड़े की लिफ्टिंग, डम्पिंग, सेग्रीगेशन को कम किया जा सकता है और उसको प्रयोग में लाया जा सकता है। हमारी सरकार उसके लिए पूरी तरह से चिंतित है और हम निश्चित रूप से उस पर काम करेंगे। (विघ्न)

जमा करने की अंतिम तारीख 22.07.2021 थी।

शहरी परियोजना क्षेत्रों के क्लस्टरों के लिए ISWM भिवानी के लिए 2 बोलियां प्राप्त हुई थी। भिवानी क्लस्टर की बोलियों को खोलने की अनुमति के लिए फाइल माननीय मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की गई थी, जिसे मुख्य रूप से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था और उक्त परियोजना PPP परियोजनाओं अर्न्तगत होने के कारण विभाग को इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सब–कैबिनेट कमेटी (CCI) का अनुमोदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया था।

CCI (Cabinet Sub-Committee on Infrastructure) की बैठक 14.10.2021 को हुई थी, जिसमें माननीय CCI ने ISWM परियोजना के मौजूदा समूहों में नए अधिसूचित

2 साल हो गये हैं, लेकिन अभी तक कोई काम नहीं हुआ है। उसके ऊपर केन्द्र सरकार से बात करके कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है ?

यूएलबी को शामिल करते हुए ISWM भिवानी क्लस्टर की बोलियों के साथ आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया । यह निर्णय लिया गया कि भिवानी (शहरी) क्लस्टर के लिए प्राप्त हुई दरों को इस मामले में अंतिम निर्णय के लिए CCI के समक्ष रखा जाए और DULB को निर्देश दिया कि भिवानी क्लस्टर (शहरी) के मामले में बोली लगाने वालों से पूछा जाए कि भिवानी क्लस्टर में लोहारू और भादरा को जोड़े जाने पर उनको कोई आपत्ति है या नही की प्रतिक्रिया प्राप्त कर पुनः माननीय CCI के समक्ष प्रस्तुत करने बारे आदेश दिये गये।

ISWM भिवानी क्लस्टर के लिए निविदा में प्राप्त दरों को 23.02.2022 को आयोजित CCI की बैठक प्रस्तुत किया गया था जिसमें CCI द्वारा उक्त दरों को नोट करते हुए विभाग को ISWM भिवानी क्लस्टर में प्राप्त दरों को सक्षम प्राधिकारी यानी CoSI के समक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			तदानुसार, PPP परियोजनाओं के लिए CoSI बैठक आमंत्रित करने के लिए इस कार्यालय द्वारा वित्त विभाग बतौर सदस्य संयोजक विभाग होने के नाते CoSI की बैठक बुलाने हेतु तिथि और समय लेने के लिए अनुरोध किया जा चुका है। CoSI से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद विभाग द्वारा कार्य आंबटित करने के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।	
		23.10.2017		
395.	श्री हरी चन्द्र मिढ़ा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 540 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:	XX क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनः निर्माण लगभग 9 महीने में पूर्ण करवाया जाएगा।		
क)	क्या जींद शहर में अर्बन एस्टेट, स्कीम नं 5, स्कीम नं. 6 तथा डिफैंस कालोनी की क्षतिग्रस्त सड़कों को पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा		कार्यकारी अधिकारी, नगरपरिषद, जींद द्वारा प्रस्तुत किया गया है कि जीन्द शहर में अर्बन एस्टेट सैक्टर–10, 11, एक्सटैंशन तथा डिफैंस कालोनी की सड़को के पुनः निर्माण का कार्य मौके पर पूर्ण हो चुका है। स्कीम न0 5 व 6 की क्षतिग्रस्त सडकों के पुनः निर्माण हेतू मुख्यमंत्री घोषणा सं0	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11.05.2022)

ख) यदि हां, तो इनके कब तक पुनः निर्मित किये जाने की संभावना है ?

23109 दिनांक 12.09.2018 के तहत 466.45 लाख रूपये का कार्य पूर्व में इस कार्यालय के कार्य आदेश संख्या MCJ/2019/4765 दिनांक 20.09.2019 के माध्यम से श्री सतपाल ठेकेदार को कार्य अलाट किया गया था। लगभग 35 प्रतिशत कार्य मौके पर हो गया था। परन्तु दिनांक 31.01.2020 को सतपाल ठेकेदार का देहांत हो गया। जिस कारण कार्य मौके पर बन्द था। इस कार्य के शेष भाग को करवाने हेतू दिनांक 14.05.2020 को ई–निविदा आमंत्रित की गई थी जिसकी आवेदन की अन्तिम तिथि 21.05.2020 तक थी। लेकिन लॉकडाउन के चलते एजेंसियों का निविदा में भाग न ले पाना एवं एक एजेंसी का समय पर दस्तावेज जमा ना होने पर आपत्ति दर्ज होने के कारण निविदा को दिनांक 08.09.2020 को आनलाईन निरस्त करना पड़ा। इस कार्यालय द्वारा उक्त कार्य का टैण्डर प्रशासकीय कारणो के चलते दिनांक 12.05.2021 को आमंत्रित किया था। जिसकी निविदाएं

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			दिनांक 08.06.2021 को खोल दी गई। उक्त बचे हुये निर्माण कार्य के वर्क ऑडर फर्म को दिनांक 15.06.2021 को जारी कर दिये गए है। मौके पर कार्य शुरू करवा दिया गया है। यह कार्य दिनांक 15.02.2022 तक पूर्ण किया जाना था, परन्तु मौके पर गलीवासियों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ था जिसको हटवाने में समय लगा एवं स्थानीय लोगो से विरोध का सामना करना पड़ा जिस कारण गली निर्माण कार्य बाधित हुंआ। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है तथा लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह कार्य दिनांक 31.05.2022 तक पूर्ण होने की संभावना है।	
		14.03.2018		
396.	तारांकित प्रश्न संख्या 2621 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री सुभाष सुधा द्वारा	XX मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगी कि विभाग द्वारा 2 बार टैंडर काल किये जा	कालम घ में दर्शाई गई कार्रवाई उपरान्त मामले की नवीनतम स्थिति	The Committee would like to know

पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि कुरुक्षेत्र जिले से डेली 70 टन कचरा निकलता है यह हमारे जिले की बहुत बड़ी समस्या है। अगर हम लीज पर जमीन लेकर कचरा डालने का प्रबन्ध करते हैं तो कचरे के कारण वहां पर रहने वाले लोगों में बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है, इसलिए इस समस्या के समाधान के लिए जल्दी से जल्दी टैंडर प्रक्रिया पूरी करके काम शुरू करवाया जाए।

चुके हैं परन्तु सिंगल बिड आयी है और कोई भी टैंडर रिसीव नहीं हुआ है जिसके कारण विभाग इस काम को नहीं कर पाया। इसके लिए फिर से विभाग द्वारा 15 अप्रैल को नये टैंडर लगाए जाएंगे और उसके टैंडर्ज रिसीव होने के बाद हम इसका काम जल्दी ही पूरा करवा देंगे IXX

इस प्रकार है कि CCI की बैठक में जारी निर्देशों के अनुपालन में, ISWM भिवानी और सिरसा कलस्टर के लिए निविदाएं दिनांक 10.03.2021 को आंमत्रित की गई थी। जिसकी बोली जमा करने की अंतिम तिथि 01.06.2021 थी। जो कि दिनांक 07.06.2021 को बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22.07.2021 के साथ पुनः आमंत्रित की गईं। ISWM भिवानी और सिरसा क्लस्टर के लिए उक्त निविदा में 2–2 बोलियां प्राप्त हुई थीं जो कि अग्रिम चरण में हैं।

इसके अलावा अंबाला–यमुनानगर, करनाल–कैथल–थानेसर, पंचकुला और रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर क्लस्टर के लिए भी निविदाएं दिनांक 27.04.2022 को पुनः आमंत्रित की गई है। जिसकी बोली जमा करने की अंतिम तिथि 17.05.2022 है।

इन कलस्टरों को अंतिम रूप देने के बाद भूना–हिसार–फतेहाबाद सहित शेष क्लस्टरों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।

the latest position in this regard.

(11.05.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

14.03.2018

397. तारांकित प्रश्न संख्या 2621 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री सुभाष बराला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से पूछना चाहूंगा कि मूना में जो सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाना था, उसकी वर्तमान स्थिति क्या है और क्या उसमें भी कोई ऊर्जा पैदा करने वाला संयंत्र साथ में लगाया जाएगा?

XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को यह भी बताना चाहूंगी कि यहां पर 45.65 करोड रुपए की लागत से प्लांट लगाया जाएगा और इसके लिए हमने 5 जनवरी, 2018 को टैंडर कॉल किया था, जिसकी अंतिम तिथि 6 मार्च, 2018 थी। अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगी कि जब उस टैंडर को खोला गया तो हमें सिर्फ 1 ही टैंडर रिसीव हुआ इसलिए हम अब दोबारा से टैंडर कॉल कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि जून, 2018 तक टैंडर की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और उसके बाद इसका काम आरंभ हो जाएगा और अगस्त, 2019 तक यह काम पूर्ण हो जाएगा।

कालम घ में दर्शाई गई कार्रवाई उपरान्त मामले की नवीनतम स्थिति इस प्रकार है कि CCI की बैठक में जारी निर्देशों के अनुपालन में, ISWM भिवानी और सिरसा कलस्टर के लिए निविदाएं दिनांक 10.03.2021 को आमंत्रित की गई थी। जिसकी बोली जमा करने की अंतिम तिथि 01.06.2021 थी। जो कि दिनांक 07.06.2021 को बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22.07.2020 के साथ पुनः आमंत्रित की गई। ISWM भिवानी और सिरसा कलस्टर के लिए उक्त निविदा में 2–2 बोलियां प्राप्त हुई थीं जो कि अग्रिम चरण में हैं।

इसके अलावा अंबाला–यमुनानगर, करनाल–कैथल–थानेसर, पंचकुला और रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर क्लस्टर के लिए भी निविदाएं दिनांक

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(11.05.2022)

27.04.2022 को पुनः आमंत्रित की गई है। जिसकी बोली जमा करने की अंतिम तिथि 17.05.2022 है।

इन कलस्टरों को अंतिम रूप देने के बाद जींद सहित शेष कलस्टरों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।

21.02.2019

398. अतारांकित प्रश्न संख्या–737 के संदर्भ में श्री पिरथी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नरवाना शहर में ठोस कचरे का उचित निपटान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

हां, श्रीमान जी। प्रस्तावित इंटीग्रेटिड सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट जीन्द कलस्टर के अंतर्गत आने वाली पालिकाओं में से नरवाना एक है, जिसमें घर घर से कूड़े का संग्रह, प्राथमिक और माध्यमिक परिवहन, सेनेटरी लैंडफिल में निष्क्रिय सामग्री का प्रसंस्करण और निपटान शामिल हैं। जीन्द कलस्टर के लिए निविदा प्रक्रिया दिनांक 30.04.2019 तक पूरी होने की सम्भावना है।

कालम घ में दर्शाई गई कार्रवाई उपरान्त मामले की नवीनतम स्थिति इस प्रकार है कि CCI की बैठक में जारी निर्देशों के अनुपालन में, ISWM भिवानी और सिरसा कलस्टर के लिए निविदाएं दिनांक 10.03.2021 को आंमत्रित की गई थी। जिसकी बोली जमा करने की अंतिम तिथि 01.06.2021 थी। जो कि दिनांक 07.06.2021 को बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22.07.2020 के साथ पुनः आमंत्रित की गईं। ISWM भिवानी और सिरसा कलस्टर के लिए उक्त निविदा में 2–2 बोलियां प्राप्त हुई थीं जो कि अग्रिम चरण में हैं।

इसके अलावा अंबाला–यमुनानगर, करनाल–कैथल–थानेसर, पंचकुला

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(19.07.2021)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			और रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर क्लस्टर के लिए भी निविदांए दिनांक 27.04.2022 को पुनः आमंत्रित की गई है। जिसकी बोली जमा करने की अंतिम तिथि 17.05.2022 है। इन कलस्टरों को अंतिम रूप देने के बाद जींद सहित शेष कलस्टरों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।	
		26.02.2019		
399.	तारांकित प्रश्न संख्या–2998 के संदर्भ में श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि झज्जर में ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?	नगर पालिका झज्जर इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रोहतक कलस्टर का हिस्सा है, जिसके लिए निविदा 15 मार्च 2019 तक आमंत्रित किए जाने की संभावना है। इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अगस्त 2021 तक स्थापित हो जायेगा।	कालम घ में दर्शाई गई कार्रवाई उपरान्त मामले की नवीनतम स्थिति इस प्रकार है कि ISWM रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर कलस्टर के लिए निविदा 16.09.2021 को बढ़ाई गई बोली जमा करने की तिथि 15.04.2022 के साथ आमंत्रित की गई थी। लेकिन रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर कलस्टर में कोई बोली प्राप्त नहीं हुई	The Committee would like to know the latest position in this regard. (19.07.2021)

है। अतः सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर कलस्टर की निविदा रद्द कर दिनांक 27.04.2022 को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.05.2022 के साथ पुनः आमंत्रित की गई है।

27.02.2019

400. तारांकित प्रश्न संख्या–3052 के संदर्भ में श्री ज्ञान चंद गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला पंचकूला के गांव चौंकी में एक श्मशान घाट निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त गांव में श्मशान घाट कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है?

हां, जी। गांव चौंकी जिला पंचकुला में शमशान घाट के निर्माण का प्रस्ताव नगर निगम, पंचकुला के पास विचाराधीन है। xx उपाध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य को ऑन दा फ्लोर ऑफ दा हाउस आश्वासन देना चाहूंगी कि एच.एस.वी.पी. द्वारा लैंड ट्रांसफर होते ही यह काम आरम्भ करवा दिया जाएगा।

नगर निगम पचकूला द्वारा प्रस्तुत किया गया है कि एच0एस0वी0पी0 द्वारा गाँव चौकी की सारी भूमि का अधिग्रहण किया गया है। श्मशान घाट निर्मित करने के लिए कोई भूमि नगर निगम पंचकुला के पास उपलब्ध नहीं है।

सम्पदा अधिकारी, एच0एस0वी0पी0 को श्मशान घाट निर्मित करने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने बारे अनुरोध किया गया है। जिला नगर योजनाकार, पंचकूला द्वारा सैक्टर 32 पंचकूला के रिवाईज्ड ले आउट प्लान में 02 एकड़ भूमि श्मशान घाट निर्माण हेतु प्रस्तावित की गई है तथा मामला

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(13.07.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			एच0एस0वी0पी0 को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया हुआ है । मामला एच0एस0वी0पी0 के विचाराधीन है । यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि कि गांव चौकी में पहले से ही श्मशान घाट के लिए अस्थायी शैड निर्मित है। जैसे ही एच0एस0वी0पी0 द्वारा भूमि नगर निगम को हस्तांतरित की जाएगी, नगर निगम द्वारा स्थायी श्मशान घाट का निर्माण करवा दिया जाएगा।	
		26.02.2020		
401.	तारांकित प्रश्न संख्या 171 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री असीम गोयल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मेरी और माननीय मंत्री जी की मर्ज और दिक्कत एक ही है। अध्यक्ष महोदय, जैसा कि सभी जानते हैं कि दिनांक 1 नवम्बर, 1966 को पंजाब और हरियाणा अलग हुआ था, तब मलकानी	अध्यक्ष महोदय, आदरणीय सदस्य ने एक बहुत ही जायज चिंता व्यक्त की है। कई वर्षों से यह प्रोजैक्ट नॉन–प्लानिंग की वजह से पैंडिंग रहा। जैसा बताया गया कि हमारी माननीय सांसद ने अनजान कारणों से इसकी जगह को शिफ्ट कर दिया और इसको पंजाब के बॉर्डर के नजदीक ले जाया गया जिसके लिए एन.ओ.सी. लेने में कई साल का समय	कालम घ में दर्शाई गई कार्रवाई उपरान्त मामले की नवीनतम स्थिति इस प्रकार है कि अंबाला, अंबाला–यमुनानगर एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का हिस्सा है। अंबाला शहर में दैनिक उत्पन्न कचरे के उपचार के उद्देश्य से, अंबाला में एक एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र	**The Committee would like to know the latest position in this regard.** **(11.05.2022)**

कमीशन बनाया गया था। उस मलकानी कमीशन ने एशिया के सबसे गंदे शहरों में से एक अम्बाला का नाम लिया था और हम तब से इस गंदगी के दंश को झेलते आ रहे हैं। पिछली बार जब राज्य और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी। उस समय जो हमारे अम्बाला से सांसद थी उनको केन्द्रीय मंत्री बनाया गया था। उन्होंने चाईना की रिजैक्टिड और ओल्ड टैक्नीक की मशीनरी को बिना एन.ओ. सी. लिए उस प्लांट को लगवा दिया और जो इंटर स्टेट का इशू था उसको भी हल नहीं किया गया। जो एन.जी. टी. की एन.ओ.सी. रिक्वायर्ड थी उसको भी प्राप्त नहीं किया गया था। इस सबका यह परिणाम यह हुआ कि वह प्लांट आज तक नहीं चला। उस प्लांट को लगे 13 से 14 साल हो चुके हैं। आज वह पूरी तरह से जर्जर हालत में हो गया है। आज हालत यह है कि जो 17 एकड़ जमीन म्युनिसिपल कारपोरेशन ने कूड़े के लिए निश्चित की थी वह लैण्ड पूरी तरह से फिल हो चुकी है। उसके अभाव में आज कूड़ा डालने की एक इंच जगह भी अम्बाला शहर या लग गया। जिससे इस प्रोजैक्ट की सारी की सारी मशीनरी खराब हो गई। अब सरकार ने कलस्टर योजना के तहत इसका वेस्ट टू एनर्जी की योजना बनाई है। इस कलस्टर में करनाल से अम्बाला तक के जितने भी शहर हैं अर्थात् जितनी भी एम.सीज़. हैं सभी को इसमें इंक्लयूड किया गया है। इसके लिए कोई बिड नहीं आ रही है क्योंकि शायद वह वॉयबल नहीं है। हम इसका एक टैण्डर और निकालेंगे। अगर उसमें कोई बिड आती है तो हम वहां पर वेस्ट टू एनर्जी का प्लांट स्थापित करेंगे नहीं तो हम इसको डि–सैंट्रलाईज करेंगे। जिसके तहत हम प्रत्येक शहर के लिए अलग प्लांट लगायेंगे और वेस्ट टू कम्पोस्ट के प्लांट लगाने को प्राथमिकता देंगे जोकि छोटा होता है और उसको लगाने के लिए बहुत सी पार्टीज इंट्रैस्टिड भी होती हैं। फिर हम उसके ऊपर एक्सपैरीमैंट करेंगे। अभी हम इसका एक बार और टैण्डर लगा देते हैं।

स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

इंफ्रास्ट्रक्चर पर सचिवों की समिति (COSI) ने 08.07.2020 को हुई अपनी बैठक में क्लस्टर दृष्टिकोण को मंजूरी दी है और इन समूहों को 13 भागों में पुनर्गठित किया गया है। 21.10.2020 को हुई अपनी बैठक में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सब–कैबिनेट कमेटी (CCI) द्वारा इसी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

ISWM अंबाला–यमुनानगर क्लस्टर के लिए निविदा दिनांक 25.08.2021 को बढ़ाई गई बोली जमा करने की तिथि 15.04.2022 के साथ आमंत्रित की गई थी।

अंबाला–यमुनानगर क्लस्टर में केवल एक बोली प्राप्त हुई है। अतः सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर अंम्बाला–यमुनानगर क्लस्टर की निविदा निरस्त कर दिनांक 27.04.2022 को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.05.2022 के साथ पुनः आमंत्रित की गई है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

अम्बाला छावनी में उपलब्ध नहीं है। इस सम्बन्ध में मैं एक जानकारी और यह देना चाहूंगा कि माननीय कोर्ट ने कमिश्नर और जो कमीशन में ई.ओ. नियुक्त हैं उनकी सरकारी गाड़ियों को भी गंदगी न उठ पाने की वजह से अटैच कर दिया है। मैं एक बात और बताना चाहूंगा कि जैसे अभी माननीय मंत्री जी ने अलग–अलग तीन टैण्डर्ज को लगाने की बात की है जिनमें कोई निविदा नहीं आई है। गुरूग्राम–फरीदाबाद पहला कलस्टर और सोनीपत दूसरा कलस्टर था। इसी प्रकार से अम्बाला–करनाल तीसरा कलस्टर था। मेरा निवेदन है कि 338 करोड़ रुपये का लास्ट टैण्डर जो लगा था उसकी शर्तों में बदलाव करके इस काम को पूरा किया जाये क्योंकि यह काम होना पब्लिक और दोनों शहरों के लिए बहुत ही ज्यादा जरूरी है। मेरा आपके माध्यम से

आदरणीय मंत्री जी से यह निवेदन है कि नियमों में आवश्यक बदलाव या संशोधन करके इस काम की निविदा को जल्दी से जल्दी आमंत्रित किया जाये ताकि यह काम जल्दी से जल्दी पूरा हो सके।

28.02.2020

402. श्री घनश्याम दास अरोड़ा, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 349 : क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में 3–4 जिलों के प्रत्येक कलस्टर में बड़ा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

महोदय, हां, इस प्रकार की योजना अंतिम निर्णय तक विचाराधीन है।

विवरण

कुल 86 नगर निगम, नगर परिषद् और नगरपालिकाओं से कचरा प्रबंधन हेतू 14 कलस्टर (सामुहिक संयंत्र) बनाये गये है। इन 14 कलस्टर (सामुहिक संयंत्र) में से 4 कचरे से बिजली उत्पादन संयंत्र है और 10 कलस्टर (सामुहिक संयंत्र) में कचरे से खाद का निर्माण/कचरे से ईंधन (आर.डी.एफ.) के संयंत्र है। जिसका विवरण नीचे दिया गया है।*****

इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जहां तक कस्बों के स्तर पर खाद बनाने वाले विकेन्द्रीरण योजना पर भी विचार किया जा रहा है।

कालम घ में दर्शाई गई कार्रवाई उपरान्त मामले की नवीनतम स्थिति इस प्रकार है कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर सचिवों की समिति (COSI) ने 08.07.2020 को हुई अपनी बैठक में क्लस्टर दृष्टिकोण को मंजूरी दी है और इन समूहों को 13 भागों में पुनर्गठित किया गया है। 21.10.2020 को हुई अपनी बैठक में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सब–कैबिनेट कमेटी (CCI) द्वारा इसी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी और निर्णय लिया कि यूएलबी विभाग आगे बढ़कर पहले चरण में 4 क्लस्टर्स के लिए निविदाएं आमंत्रित करेगा।

CCI की बैठक में जारी निर्देशों के अनुपालन में, ISWM भिवानी और

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(11.05.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			सिरसा क्लस्टर के लिए निविदाएं दिनांक 10.03.2021 को आंमत्रित की गई थी। जिसकी बोली जमा करने की अंतिम तिथि 01.06.2021 थी। जो कि दिनांक 07.06.2021 को बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22.07.2020 के साथ पुनः आमंत्रित की गई। ैड भिवानी और सिरसा क्लस्टर के लिए उक्त निविदा में 2–2 बोलियां प्राप्त हुई थीं जो कि अग्रिम चरण में हैं। इसके अलावा अंबाला–यमुनानगर, करनाल–कैथल–थानेसर, पंचकुला और रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर क्लस्टर के लिए भी निविदांए दिनांक 27.04.2022 को पुनः आमंत्रित की गई है। जिसकी बोली जमा करने की अंतिम तिथि 17.05.2022 है। इन कलस्टरों को अंतिम रूप देने के	

बाद शेष कलस्टरों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।

26.08.2020

403. श्री जगबीर सिंह मलिक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 106 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना तथा सोनीपत में ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

हां, श्रीमान जी, नगर निगम, सोनीपत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना हरियाणा के सोनीपत–पानीपत क्लस्टर (500 टी.पी.डी.) का एक हिस्सा है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट को स्थापित करने व चलाने का कार्य एजेंसी को आवंटित किया गया है और प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है जो मार्च 2021 तक पूरा होने की सम्भावना है। XXX

नगर निगम सोनीपत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना हरियाणा के सोनीपत–पानीपत क्लस्टर (500 TPD) का एक हिस्सा है। इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की स्थापना व संचालन का कार्य एजेंसी को आवंटित कर प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है. संयंत्र अगस्त, 2021 से सुचारू रूप से काम कर रहा है।

इसके अलावा गोहाना, रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का हिस्सा है। गोहाना कस्बे में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले कचरे के उपचार के उद्देश्य से रोहतक में एक एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

इंफ्रास्ट्रक्चर पर सचिवों की समिति (COSI) ने 08.07.2020 को हुई अपनी

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(11.05.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			बैठक में क्लस्टर दृष्टिकोण को मंजूरी दी है और इन समूहों को 13 भागों में पुनर्गठित किया गया है। 21.10.2020 को हुई अपनी बैठक में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सब–कैबिनेट कमेटी (CCI) द्वारा इसी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। ISWM रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर क्लस्टर के लिए निविदा 16.09.2021 को बढ़ाई गई बोली जमा करने की तिथि 15.04.2022 के साथ आमंत्रित की गई थी। लेकिन रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर क्लस्टर में कोई बोली प्राप्त नहीं हुई है। अतः सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर रोहतक–बहादुरगढ़–झज्जर कलस्टर की निविदा रद्द कर दिनांक 27.04.2022 को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 17.05.2022 के साथ पुनः आमंत्रित की गई है।	

8.03.2021

404. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 184 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद, नगर निगम के पत्र संख्या एम.सी.एफ./ई.ई–1/2017/400 दिनांक 19.07.2017 द्वारा सरकार ने कार्य निर्देश पारित किया है परन्तु कार्य अभी तक आरम्भ नहीं किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

****नगर निगम फरीदाबाद द्वारा मैसर्स सहाल कंस्ट्रक्शन इंडिया लिमिटेड को मुख्यमंत्री घोषणा कोड न0 11147 के तहत पी/एल 80 एम एम थिक इंटरलॉकिंग टाइलें, मस्जिद वाली दो गलियों में सीसी रोड और एन0आइ0टी फरीदाबाद के वार्ड न0 6, की विभिन्न गलियों के मैनहोल कक्ष उठाने का कार्य करने के लिए रुपये 146.89 लाख का वर्क आर्डर दिनांक 19.07.2017 को जारी किया गया है और मोके पर 65 प्रतिशत काम पूरा हो चूका है।

(ख) यह कार्य शीघ्र ही पूरा कर दिया जाएगा।

इस सन्दर्भ में अवगत कराया जाता है कि यह कार्य मुख्यमंत्री घोषणा कोड नं० 11147 के अंतर्गत है तथा इस कार्य के लिए एजेंसी की 78,18,673/– रूपये की राशि बकाया है जिसका जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा तथा भुगतान होने उपरान्त शेष कार्य को पूरा करवा दिया जाएगा।

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(16.11.2022)

8.03.2021

405. श्री संजय सिंह, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 271 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोहना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सोहना नगर निगम में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए एक बहुस्तरीय पार्किंग का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

हाँ, श्रीमान जी। नगर परिषद, सोहना में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण करवाने के लिए फिजीबिलिटी स्टडी करने, डी0 पी0 आर0 तैयार करने इत्यादि हेतु कसंल्टेंट की नियुक्ति करने बारे नगर परिषद सोहना की आम बैठक में प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। आवश्यक स्वीकृति प्राप्त होने तथा अनुदान राशि उपलब्ध होने उपरान्त कार्य शुरू किया जाऐगा।

एम.सी., सोहना में मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण हेतु फीजिबिलिटी रिर्पोट व डी.पी.आर. आदि तैयार करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति बारे नगर परिषद, सोहना की आम सभा की बैठक दिनांक 30.01.2019 में प्रस्ताव कमांक 5 पारित किया जा चुका है। सम्बन्धित कार्य हेतु सलाहकार की नियुक्ति के अनुमोदन हेतु मामला

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(16.11.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			नगरपरिषद, सोहना द्वारा मुख्यालय पंचकूला को दिनांक 15.02.2021 को भेजा गया जिसे कुछ आपत्तियाँ लगाने उपरान्त न0प0 सोहना को वापिस भेजा गया। एमसी सोहना द्वारा इस संबंध में राजस्व विभाग की भूमि खसरा संख्या 299 पर मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में तहसीलदार सोहना को अनुरोध भेजा गया था। तहसीलदार सोहना ने पत्र कमांक 2446 दिनांक 15.12.2021 द्वारा अवगत कराया कि भूमि हस्तानान्तरण हेतु अतिरिक्त मुख्य सचिव एंव वित्तायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन सक्षम प्राधिकारी है। चूंकि भूमि की मलकीयत दूसरे विभाग से सम्बन्धित है, मामले में आगामी कार्रवाई भूमि हस्तान्तरण उपरान्त ही की जा सकेगी।	

16.03.2021

406. तारांकित प्रश्न संख्या 1076 के संदर्भ में श्री नरेन्द्र गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि प्रश्न (ख) में माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया है सुपर इंटर प्राइजिज द्वारा 51371 एल.ई.डी. लाईट्स खरीदी गई। प्रश्न (ग) के बारे में माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया है। मैं उस बारे में बताना चाहूंगा कि इसमें से एक लाईट भी मेरे विधान सभा क्षेत्र में नहीं लगाई गई है। मैं माननीय मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि फरीदाबाद के लिए 51371 लाईट्स खरीदी गई थी परन्तु इनमें से एक भी लाईट फरीदाबाद में नहीं लगाई गई है, इसके क्या कारण हैं? प्रश्न (ड़) में माननीय मंत्री जी ने जवाब दिया है कि मुख्य अभियंता नगर निगम फरीदबाद की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया गया है। मेरा इस संबंध में यही कहना है कि यह जो जांच चल रही है, वह कब तक पूरी हो जायेगी? फरीदाबाद नगर निगम के बारे में पूरे अध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही गंभीर मामला है कि लगभग 51000 एल.ई.डी. लाईट्स लगाई गई किन्तु हमारे माननीय सदस्य के विधान सभा क्षेत्र में एक भी एल.ई.डी. लाईट नहीं लगाई गई, यह बहुत ही गंभीर मामला है। माननीय सदस्य ने इस पूरे मामले के बारे में जो जानकारी दी है मैं इसकी जांच करवाऊंगा। अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि इस मामले में चीफ इंजीनियर द्वारा जांच की जा रही है। माननीय सदस्य ने जो प्वॉयंट आउट किये हैं। हमने उन प्वॉयंट्स के बारे में इसकी पैरावाइज पूरी डिटेल बता दी है। मैं इस मामले की उच्च स्तरीय जांच रिकमण्ड करता हूं कि इसकी उच्च अधिकारियों से जांच करवाई जाये। XXX

प्रस्तुत किया जाता है कि नगर निगम फरीदाबाद के खरीद विभाग द्वारा प्रश्नाधीन वर्षों के दौरान खरीदी गई स्ट्रीट लाइटों का प्रश्न से संबंधित विवरण निम्नलिखित हैः–

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(16.11.2022)

Year	60W	24W	90W	Grand Total
2018	15441	0	500	15941
2019	12989	33244	1193	47,426
Total	28430	33244	1693	63,367

कुल 63,367 एलईडी लाइटें खरीदी गई और वर्तमान में एमसीएफ स्टोर पर स्टॉक में शेष लाइटें इस प्रकार हैं–

Constituency /Ward	60W	24W	90W	Grand Total
NIT (1-10)	20	0	0	20
Badkhal (11-21 except 13)	0	0	0	00
Tigaon (22-27)	783	3607	278	4668
Old Faridabad (28-34 & 13)	18	0	18	36
Ballabgarh (35-40)	0	0	0	00
Total	821	3607	296	4724

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			58643 एल0ई0डी0 लाईट्स मौके पर उस समय पर नियुक्त कनिष्ठ अभियंता द्वारा सहायक अभियंता की देख–रेख में लगवाये गये है। नगर निगम, फरीदाबाद ने बताया है कि जांच के दौरान कोई गंभीर गड़बड़ी नहीं मिली है।	
		18.03.2021		
407.	तारांकित प्रश्न संख्या 938 के सन्दर्भ में श्री शमशेर सिंह गोगी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि असंध बहुत बड़ी म्यूनिसिपल कमेटी है और वहां पर बहुत सारे जानवर मर जाते हैं और उनको डिस्पोज्ड ऑफ करने की कोई व्यवस्था नहीं है वे ऐसे ही सड़कों पर पड़े सड़ते रहते हैं। क्या असंध म्युनिसिपल कमेटी को बिल्कुल ही लावारिस छोड़ दिया गया है। वहां पर कोई हड्डा रोडी नहीं	अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य नगरपालिका असंध के साथ बात करके कुछ प्रयास करें तो हम उस पर अवश्य विचार कर लेंगे। *****अध्यक्ष महोदय, वैसे तो हड्डा रोडी का काम हम सारे प्रदेश में ही बंद करने जा रहे हैं क्योंकि इससे मरे हुए जानवरों को उठा कर जो लोग ले जाते हैं उनमें से वे अपनी जरूरत का हिस्सा निकाल लेते हैं और बाकी जानवर को ऐसे ही फेंक देते हैं। जो हिस्सा बच जाता है उसको कुत्ते तथा दूसरे जानवर खाते रहते हैं जिससे प्रदूषण फैलता है।	सरकार ने पत्र कमांक 14/32/2022– 4CI दिनाक 17.05.2022 द्वारा सभी नगरपालिकाओं को मृत पशुओं के वैज्ञानिक निपटान के लिए उपयुक्त और प्रर्याप्त भूमि चिन्हित करने हेतू दिशा निर्देश जारी कर दिये गये है। इसके इलावा मृत पशुओं को दफनाने हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया है, ताकि नगरपालिका सीमा में कोई भी परेशानी उत्पन ना हो। इसके इलावा नगर पालिका, असंध ने	The Committee would like to know the latest position in this regard. (08.02.2023)

है। लावारिस पशु भी हैं और वहां पर गौशाला भी है इसलिए वहां हड्डा रोडी की जरूरत है। इसके अलावा मृत जानवरों के सड़ने से प्रदूषण भी फैलता है। कई बार एक्सीडैंट्स में भी जानवर मर जाते हैं तो उनको कोई नहीं उठाता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वहां पर हड्डा रोडी की व्यवस्था की जाये या कोई और व्यवस्था की जाये।

*****अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि हड्डा रोडी की व्यवस्था बंद करने से पहले उसकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था अवश्य की जाये ताकि मरे हुए जानवर जो सड़कों पर ऐसे ही पड़े रहते हैं उनसे कोई बीमारी न फैले और प्रदूषण भी न फैले।

सुझाव यह आ रहा है कि हड्डा रोडी न बना कर कोई न कोई जगह निर्धारित करके इनको भी दफनाया जाये। हम पूरे हरियाणा में ही यह व्यवस्था करने जा रहे हैं। पशुओं को दफनाने से पहले उनको चूना और पाउडर लगा कर दफनाया जायेगा ताकि बीमारियां न फैलें।

*****अध्यक्ष महोदय, हमें जगह की दिक्कत है। म्युनिसिपल कमेटी के पास जगह उपलब्ध नहीं है। मरे हुए पशु सड़कों पर ऐसे ही नहीं पड़े रहेंगे हम उनके लिए व्यवस्था करेंगे और जगह नहीं है तो जगह की भी व्यवस्था करेंगे।

सूचित किया है कि वर्तमान में नगरपालिका द्वारा पशुओं को दफनाने के लिए नगर पालिका, असन्ध द्वारा श्री कृष्ण कृपा गौशाला खिजराबाद रोड असन्ध की मदद से अस्थाई रूप से गौशाला में मौजूद जगह में व PWD रेस्ट हाउस, असन्ध के नजदीक नगरपालिका असन्ध की लगभग आधा एकड खाली पडी भूमि में दफना दिये जाते है, हालांकि नगर पालिका, असंध ने भविष्य में इसके लिए भूमि खरीद का आश्वासन दिया है।

18.03.2021

408. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 346
क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या सरकार द्वारा आर्दश तालाब योजना के अर्न्तगत फरीदाबाद, एन.आई.टी.

(क) नहीं श्रीमान् जी, हालांकि गांव गोच्छी के 2 तालाबों को मॉडल तालाबों के रूप में विकसित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 की कार्य योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है।

बजरी, गौंची, गाजीपुर, डबुआ और झारसेंटली गांवों में कुल 12 तालाब विकसित किए जाने हैं। इन12 तालाबों की संख्या एवं स्थिति नीचे दी गई है:

(क) बजरी में 03 तालाब मौजूद हैं।

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(08.02.2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में डबूआ, बजरी, गाजीपुर, गोच्छी, झारसन्तली तथा नांगला के तालाबों को सम्मिलित किया है; तथा (ख) यदि हां, तो उक्त तालाबों का नवीनीकरण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?	(ख) इन 2 तालाबों के जीर्णोद्धार/कायाकल्प के अनुमान नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा तैयार किये जा रहे हैं और उनके कार्य प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्ति एवं धनराशि आबंटित होने के बाद 2 महीने के भीतर शुरू हो जाएंगे।	(ख) डबुआ में 01 तालाब मौजूद है। (ग) गौंची में 04 तालाब मौजूद हैं। (घ) नंगला गुजरां में 01 तालाब का अस्तित्व है। (ङ) झार सेंटली में 02 तालाब हैं। (च) गाजीपुर में 01 तालाब मौजूद है। बजरी में उपरोक्त 03 तालाबों का विकास वित्तीय वर्ष 2022–2023 में किया जायेगा। हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा गौंछी तालाब को असम्भव घोषित कर दिया गया था। शेष 8 तालाबों का विकास वित्तीय वर्ष 2023–2024 में किया जायेगा। इन तालाबों के वास्तुशिल्पीय आरेखण को दिनांक 31.01.2022 के ज्ञापन संख्या एमसीएफ/ईई–तालाब/2022 के माध्यम से पुनरीक्षण के लिए	

हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण (एच0पी0डब्ल्यू0डब्ल्यू0 एम0ए0) के कार्यालय में प्रस्तुत किये गये थे, लेकिन एच0पी0डब्ल्यू0 डब्ल्यू0एम0ए0 द्वारा वास्तुशिल्प ड्राइंग पर कुछ टिप्पणियां उठाई गई थीं। अवलोकन को हटाकर वास्तुशिल्पीय रेखाचित्रों को पुनः प्रस्तुत किये गये है तथा केवल गौन्छी तालाब को छोड़कर सभी 11 तालाबों को हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा उनके कार्यालय पत्र दिनांक 04.05.2022 के माध्यम से अनुमोदित किया जा चूका है।

08 तालाबों (बजरी –3, डबुआ– 1, गौंची–1, झारसेंटली–2 और गाजीपुर –1) का अनुमान जिनके वास्तुशिल्प चित्रों को हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया गया थे हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण को पत्र दिनांक 11.05.2022 के माध्यम से आवश्यक प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए भेजे गये।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			05 तालाबों (बजरी–3, डबुआ–1 और गौंची–1) की प्रशासनिक स्वीकृति हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रदान कर दी गई है। लेकिन नगर निगम, फरीदाबाद ने पत्र दिनांक 20.09.2022 के माध्यम से इन 5 तालाबों के डीएनआईटी की तैयारी से पहले हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण से स्पष्टीकरण मांगा है और वह अभी भी प्रतीक्षित है। इसके लिए स्पष्टीकरण प्राप्त होने उपरान्त डीएनआईटी की तैयारी का कार्य शुरू किया जाएगा, जिसके उपरान्त हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर अगामी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। तथापि, 3 तालाबों (झारसेंटली–2 और गाजीपुर–1) का अनुमान आवश्यक प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल	

प्रबंधन प्राधिकरण को प्रस्तुत किया गया है।

3 तालाबों (गौंची–2 और नंगला गुजरां–1) के अनुमान जिनके वास्तुशिल्प चित्र हरियाणा तालाब अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण (एच0पी0डब्ल्यू0डब्ल्यू0एम0ए0) द्वारा अनुमोदित किए गए हैं, तैयार किए जा रहे हैं। इसके अनुमान आवश्यक प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए (एच0पी0डब्ल्यू0डब्ल्यू0एम0ए0) को प्रस्तुत किए जाएंगे। (एच0पी0 डब्ल्यू0डब्ल्यू0एम0ए0) के सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू किया जाएगा।

10.03.2021

409. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 189 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद के प्याली पार्क में गत 4 वर्षों से पीने के पानी का नलकूप खराब पड़ा है तथा

(क) हां, श्रीमान जी।

(ख) नगर निगम, फरीदाबाद ने प्रस्तुत किया है कि नए ट्यूबवैल की स्थापना हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा रूपये 7.92 लाख के अनुमान की मंजूरी प्राप्त की गई है तथा निविदायें आमंत्रित करने उपरांत मामले की निविदायें दरें मंजूरी प्रक्रिया

इस सन्दर्भ में अवगत कराया जाता है कि, नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा परित्यक्त ट्यूबवेल के स्थान पर नए ट्यूबवेल को लगाने के अनुमान रुपये 7.92 लाख की मंजूरी सक्षम प्राधिकारी से दिनाक 15.06.2019 को प्राप्त की गई। तत्पश्चात दिनांक 04.07.2019, 03.08.2019, 07.12.2019,

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(08.02.2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	उक्त पार्क की चार–दीवारी भी क्षतिग्रस्त हो गई है; तथा	में है। इसके अतिरिक्त प्याली पार्क की दीवार तथा फूटपाथ की मरम्मत हेतु नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा 74.00 लाख का अनुमान (बड़खल विधानसभा क्षेत्र में वार्ड न. 12 के विभिन्न पार्क हेतु) तैयार कर लिया गया है तथा मंजूरी लेने हेतु सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत किया गया है।	19.02.2020, 07.07.2020, 19.08.2021, 26.08.2021, 11.03.2022 and 06.04.2022 को नौवीं बार निविदाये आमंत्रित की गई परंतु किसी भी एजेंसी द्वारा निविदा में भाग नहीं लिया गया। अब दिनांक 29.04.2022 को दसवीं बार निविदाये आमंत्रित की गई है। किसी भी बोलीदाता ने फिर से निविदा में भाग नहीं लिया और निविदा को दिनांक 03.11.2022 को फिर से आमंत्रित किया गया है।	
(ख)	यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?		पार्क की दिवार तथा फुटपाथ की मरम्मत हेतु नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा रुपये 44.46 लाख का अनुमान (बड़खल विधान सभा क्षेत्र में वार्ड नं0 12 के विभिन्न पार्क हेतु) मंजूर किया गया। वर्तमान में, दिनांक 29.04.2022 को निविदाये आमंत्रित की गई है जो दिनांक 13.05.2022 को खोली जानी थी। किसी भी बोलीदाता ने निविदा में	

		भाग नहीं लिया और निविदा को दिनांक 11.11.2022 को वापस आमंत्रित किया गया है।	
	20.08.2021		
410. श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 437 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:– (क) एन.आई.टी. फरीदाबाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के वार्ड संख्या–9 गांव डाबुआ की हरिजन चौपाल के क्षेत्र में इंटरलॉक पेवर ब्लॉक तथा सीवरेज तथा पीने के पानी की पाईप लाईन बिछाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए जिसके लिए सरकार द्वारा 17.80 लाख रूपये का अनुमान निर्धारित किया गया है; तथा (ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त कार्य अब तक आरम्भ नहीं हुआ है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?	(क) नगर निगम, फरीदाबाद ने काउंसलर फंड 2021 के तहत राशि 17.80 लाख रुपये के अनुमान की प्रशासनिक स्वीकृति की मंजूरी दी है और उक्त कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं जो दिनांक 03–09–2021 को खोली जानी है। (ख) हाँ, महोदय। कन्ट्रैक्चुअल एजेंसी को कार्य आबंटित करने के बाद कार्यादेश में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्थल पर कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।	कार्यादेश पहले ही आदेश संख्या 363 दिनांक 31.03.2022 द्वारा जारी किया जा चुका है। कार्य दिनांक 01.04.2022 को शुरू किया गया है और दिनांक 31.12.2022 तक पूरा होने की संभावना है। फिलहाल सीवर लाइन का काम पूरा हो चुका है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (08.02.2023)
	20.08.2021		
411. श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 439 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) आयुक्त, नगर निगम, फरीदाबाद ने आदेश दिनांक 20–11–2020 द्वारा मुख्य नगर योजनाकार, अतिरिक्त नगर आयुक्त और	आयुक्त, एमसी, फरीदाबाद ने मामले की जांच करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए सीटीपी, एमसीएफ, अतिरिक्त	The Committee would like to know the latest position

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(क) क्या माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 11313 के निर्माण कार्य में जांच पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई; तथा (ख) दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध सरकार द्वारा अब तक कोई कार्यवाही न किए जाने के क्या कारण हैं?	निगम के वरिष्ठ वास्तुकार की एक समिति गठित की हैं जो मामले की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। (ख) उपरोक्त समिति द्वारा जांच रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं की गई है। समिति द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट में प्रस्तुत की गई सिफारिशों के आधार पर दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।	नगर आयुक्त, एमसीएफ और वरिष्ठ वास्तुकार, एमसीएफ की एक समिति गठित की थी। दोषी अधिकारियोंध्कर्मचारियों के नामों के संबंध में एमसी, फरीदाबाद से रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।	in this regard. (08.02.2023)
		23.08.2021		
412.	तारांकित प्रश्न संख्या 1197 के संदर्भ में श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न हमारे गुरूग्राम के लिये महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि हमारे यहां पर वॉटर लोगिंग की बहुत भारी समस्या है। पूरे देश को इस बात का पता है कि थोडी सी ही बरसात में गुरूग्राम में जल भराव	XX माननीय सदस्य ने यह भी कहा है कि जल भराव की भयंकर समस्या है, उसके लिये पांच सदस्यों की एक कमेटी गठित कर दी गई है जिसमें एम.सी. गुरूग्राम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, डी.एल.एफ., इरीगेशन और पब्लिक हैल्थ विभाग के अधिकारी भी हैं। यह टीम हाईवे या दूसरी जगहों पर भी पानी की निकासी का काम करेगी। अब इसकी	नजफगढ़ झील में पानी का नियमित प्रवाह गुरुग्राम से तीन मुख्य नालों से आता है जिन्हें लेग I, II और लेग III (लेग III बादशाहपुर ड्रेन के रूप में जाना जाता है)। पानी का मुख्य स्रोत मानसुन के मौसम में बरसाती बहाव और गैर बरसाती मौसम में उपचारित सीवेज जल है। ड्रेन नंबर 8 से यमुना	The Committee would like to know the latest position in this regard. (08.02.2023)

की समस्या पैदा हो जाती है। XX हमारी असली प्रॉब्लम यह है कि अरावली से जो पानी फ्लो होकर आता है वह सेक्टर चार व नौ की तरफ से होते हुए नज़फगढ़ ड्रेन की तरफ आता है। इसमें तीन लेन बनी हुई है, लेकिन इन तीनों लेन की कैपेसिटी उस पानी को ले जाने की नहीं है। पानी ओवर फ्लो होता है और वह जमीन पर आ जाता है। अध्यक्ष महोदय, हमें इनकी कैपेसिटी बढ़ानी पड़ेगी और यह काम क्यों नहीं हो रहा है, क्योंकि जी.एम.डी.ए. के पास जिस तरीके से फंड आना चाहिए था उस तरीके से नहीं आ रहा है। इस विषय पर हमें काम करने की जरूरत है। XX अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना है कि इसके लिए उस कमेटी को एक महीने का समय दिया गया था। जिम्मेवारी एक–दूसरे डिपार्टमैंट के ऊपर डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी बल्कि सभी विभागों के अधिकारी इक्ट्ठे होकर इस काम को देखेंगे। XX माननीय सदस्य ने नज़फगढ़ झील की बात की है जहां पर 3 लाइनों–लाइन नं. 1, लाइन नं. 2 और लाइन नं. 3 का पानी जाता है। ये वहां की बात कर रहे हैं जहां का एरिया सबसे ज्यादा झील में है। वहां पर एन.जी.टी. का भी केस चल रहा है। उन तीन लाइनों से जो नाले निकलते हैं वे गांवों में पानी पहुंचाते हैं। माननीय सदस्य ने बिल्कुल ठीक कहा कि उन नालों के पानी से ग्रामीणों की फसलें खराब हो जाती हैं। जहां पर ये लाइन्स टूटी हुई हैं उनके लिए हमने एक कमेटी का गठन कर दिया है। जैसे ही हमारे पास उस कमेटी की रिपोर्ट आ जाएगी वैसे ही हम माननीय सदस्य श्री राकेश दौलताबाद के बताए हुए कार्य को कर देंगे। XX अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि उसमें पॉल्यूशन और कई अन्य विषय भी शामिल हैं। हम इनके कार्य को जल्दी ही करवा देंगे। नदी तक जाने वाला नजफगढ़ ड्रेन का रखरखाव सिंचाई विभाग, हरियाणा सरकार और एन०सी०टी० दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। नजफगढ़ ड्रेन तक लेग I, II और लेग III (मास्टर ड्रेन) का रख रखाव ळडक। द्वारा किया जाता है। नगर निगम गुरुग्राम और कॉलोनाइजर्स द्वारा अपने अपने अधिकार क्षेत्रों में गुरुग्राम टाउन की आंतरिक कार्य की देखभाल की जा रही है।

नजफगढ़ झील से संबंधित सभी मुद्दों पर विचार करने के लिए मंडलायुक्त, गुरुग्राम की अध्यक्षता में गठित समिति ने आदेश दिनांक 14.02.2020 के तहत अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी और इस बारे निर्णय के लिए सरकार के स्तर पर विभिन्न बैठकें हो चुकी हैं। अभी दिनांक 28.09.2021 को श्री देवेंद्र सिंह आईएएस अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, सिंचाई और जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में विधायक, बादशाहपुर, सीईओ, जीएमडीए, और उपायुक्त गुरुग्राम,

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			नगर निगम गुरुग्राम एवं विभिन्न प्रमुख विभागों जैसा कि जल संसाधन विभाग, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग, विकास और पंचायतविभाग और निजी कॉलोनाइजर आदि के साथ गुरुग्राम में नजफगढ़ झील से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर निर्णय के लिए मीटिंग हुई है। हरियाणा की ओर नजफगढ़ नाले से पानी के बैकफ्लो को रोकने के लिए नजफगढ़ नाले का बांध बनाने, नजफगढ़ नाले तक लेग.II~और लेग. III~(बादशाहपुर ड्रेन) को पूरा करने का मामला सरकार के सक्रिय विचाराधीन है। हरियाणा सरकार ने माना कि संयुक्त रूप से नजफगढ़ नाले की नियमित गाद निकालने के लिए दिल्ली सरकार के साथ एक तंत्र विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। सिंचाई विभाग द्वारा	

गुरूग्राम के सीवरेज संसोधित जल को जिला गुरुग्राम व झज्जर के गांवो में कृषि उद्देश्यों के लिए एस०टी०पी० चैनल के सवंर्धन करने वाले प्रस्ताव पर कार्य शुरू कर दिया है जिससे गैर बरसाती मौसम में नजफगढ़ झील में कोई भी पानी न जाए।

विधानसभा सत्र के दौरान सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार इस मुद्दे को हल करने के लिए मामला सक्रिय रूप से विचाराधीन है।

23.08.2021

413. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया 1135 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि सतबीरा कंस्ट्रक्शन नाम की कम्पनी को नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बिना कोई कार्य किए करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया था; तथा

(ख) नगर निगम फरीदाबाद में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ?

(क) और (ख) श्रीमान जी, प्रस्तुत किया जाता है कि सरकार ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए राज्य सतर्कता विभाग हरियाणा को पत्र क्रमांक 52/45/2020–5–II दिनांक 05.02.2021 के तहत मामले में जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। रिपोट की प्रतीक्षा है। XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि ये भरोसा रखें। हमने नगर निगम, फरीदाबाद, गुरूग्राम तथा पंचकुला का मामले में चौकसी विभाग द्वारा जांच की गई। जांच उपरान्त चौकसी विभाग, फरीदाबाद द्वारा दोषी पाये गये अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. संख्या 11, 13 तथा 21 आफ 2022 दर्ज की गई तथा सर्व श्री डी० आर० भास्कर, मुख्य अभियन्ता एवं रमन शर्मा, तत्कालीन कार्यकारी अभियन्ता गिरफतार किये गये। इसके अतिरिक्त श्री सतबीरा सिहँ, सतबीरा कम्पनी का ठेकेदार, श्री दीपक थापर,

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(08.02.2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तारांकित प्रश्न संख्या 1135 के संदर्भ में माननीय सदस्य श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, नगर निगम, फरीदाबाद में बहुत अधिक भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण सिस्टम बिल्कुल खराब हो चुका है। यह एक अहम मुद्दा है इसलिए इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है।	ऑडिट सी.ए.जी. के माध्यम से करवाने का निर्णय ले लिया है।	संयुक्त निदेशक, श्री सतीश शर्मा, तत्कालीन लेखा अधिकारी, श्री हरबू लाल, वरिष्ठ आडिटर, श्री दीपक कुमार, टयूबवैल आपरेटर तथा श्री राजन तेवतिया कनिष्ठ अभियनता (अनुबन्धित) भी गिरफ्तार किये गये है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा सर्व श्री डी0आर0भास्कर, मुख्य अभियन्ता, रमन शर्मा, तत्कालीन कार्यकारी अभियन्ता तथा विशाल कौशिक, तत्कालीन लेखा अधिकारी को निलम्बित भी किया गया । सर्व श्री तसलीम, लिपिक, पंकज, लिपिक एवं प्रदीप लिपिक जो कि अनुबन्धित आधर पर कार्यरत थे की सेवायें भी दिनांक 19.03.2021 को निरस्त कर दी गई है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा श्री डी0आर0भास्कर, मुख्य अभियन्ता,	

रमन शर्मा, तत्कालीन कार्यकारी अभियन्ता के विरूद्ध हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड एवं अपील) नियमावली 2016 के नियम 7 के अर्न्तगत चार्जशीट जारी की गई है। विशाल कौशिक, तत्कालीन लेखा अधिकारी के विरूद्ध चार्जशीट जारी की जा रही है ।

हालांकि श्री डी0आर0मास्कर, मुख्य अभियन्ता दिनांक 30.09.2022 को सेवानिवृत हो चुका है तथा श्री रमन शर्मा, तत्कालीन कार्यकारी अभियन्ता दिनांक 31.10.2022 को सेवानिवृत होने जा रहा है ।

23.08.2021

414. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 385 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा संख्या–10217 के अनुसार फरीदाबाद–डबुआ–पाली सड़क का निर्माण कार्य आरम्भ हो गया है परन्तु उक्त कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है; तथा

हाँ, श्रीमान जी। घोषणा नं0 10217 के अनुसार, डबुआ–पाली सड़क निर्माण कार्य को 70: पूर्ण किया जा चुका है, शेष कार्य धनराशि के अभाव के कारण रुका हुआ था । मुख्यमंत्री घोषणा के तहत अब यह धन राशि सरकार से प्राप्त हो गई है और शेष 30: कार्य जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा।

(ख) यह कार्य शीघ्र पूरा होने की संभावना है।

नगर निगम, फरीदाबाद ने उक्त कार्य का अनुमानित राशि 6,96,88,000/– रू0 का कार्यादेश जारी किया है।

साइट पर 90: काम पूरा हो चुका है। वर्तमान में, कार्य प्रगति पर है और इसके दिनांक 31.12.2022 तक पूरा होने की संभावना है।

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(08.02.2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?			
		23.08.2021		
415.	श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या–423 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–	(क) हाँ, श्रीमान जी।		
	(क) क्या यह तथ्य है कि पिछले कई वर्षों से बाल कल्याण विद्यालय की सीवरेज की पाकेट में ओवरफ्लो होने के कारण फरीदाबाद में वार्ड नं. 5 के लोग भारी कठिनाई का सामना कर रहे हैं; तथा	(ख) नगर निगम, फरीदाबाद ने बाल कल्याण पॉकेट में स्टॉर्म वॉटर लाइन की गाद निकालने के लिए दिनांक 16.02.2021, 02.03.2021, 15.04.2021, 16.06.2021 और 11.08.2021 को कई बार निविदाएं आमंत्रित की थी। अब, दो निविदाएं प्राप्त हुई हैं, जिनकी जांच की जा रही है और कार्य आवंटन के बाद यह कार्य 3 माह के भीतर पूरा करवा दिया जाएगा।	नगर निगम, फरीदाबाद ने स्ट्रॉम वाटर लाईन की गाद निकालने का कार्य आदेश नं0 एम0सी0एफ0/ई0ई0–1/2021/432 दिनांक 03.09.2021 को जारी कर दिया था जिसमे कार्य सम्पूर्ण करने की तिथि 15.01.2022 थी और समय पर कार्य सम्पूर्ण करवा दिया गया है और यहां ओवरफलो की कोई शिकायत शेष नहीं है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (08.02.2023)
	(ख) यदि हां, तो उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ?			
		24.08.2021		
416.	श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 424 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे–	****		
		(ख) प्रतापगढ़ में निर्मित मुख्य पम्पिंग स्टेशन (एम.पी.एस.) के लिए बिजली कनैक्शन	जीवन नगर भाग–2 में सीवरेज पाइप लाईन बिछाने का कार्य अमृत योजना के तहत पूरा कर दिया गया है। इस	The Committee would like to know the latest position

(क) क्या यह तथ्य है कि एन.आई.टी. फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के जीवन नगर भाग–2 में अमरूत योजना के तहत सीवरेज पाईप लाईन बिछाने का कार्य काफी समय से बंद पडा है; तथा (ख) यदि हां, तो उपरोक्त सीवरेज पाइप लाईन बिछाने का कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?	मिलने के बाद ये सीवर लाईनें काम करना शुरू कर देंगी जिसमें एक महीने का समय लगेगा।	सीवरेज पाइप लाईन को प्रतापगढ़ में निर्मित मुख्य पम्पिंग स्टेशन (एम. पी. एस.) से जोड़ दिया गया है व इस स्टेशन के लिए बिजली का कनैक्शन लिया जा चुका है। जीवन नगर भाग–2 में डाली गई सीवरेज पाइप लाईनें सुचारू रूप से कार्य कर रही है।	in this regard. (08.02.2023)
	20.12.2021		
417. तारांकित प्रश्न संख्या 1349 के संदर्भ में श्री भारत भूषण बतरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–**** अध्यक्ष महोदय, सरकार एक ऑर्डर पास करे कि डिपार्टमैंट का अधिकारी मौके पर जायें और अपनी रिपोर्ट दे कि कितनी दुकानें टूटी हैं? किस वजह से दुकानें टूटी हैं और वहां पर तोड़फोड़ किसलिए की गई है। यह बात मेरी समझ में नहीं आ रही है। 15 फुट चौड़ी रोड बनाना तो बाद की बात है। सब कुछ यहां पर टूटा फूटा पड़ा है। वहां पर स्लम क्रियेट हो गया। डिपार्टमैंट ने इसका रिप्लाई ठीक ढंग से नहीं बनाया फिर भी इस बात के लिए अपने	**** मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि लोकल बॉडी विभाग के डायरेक्टर, वहां के डी.सी. और पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एंड आर.) का एक अधिकारी, इन तीनों अधिकारियों से इस मामले की जांच करवा लेंगे।	निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा द्वारा अन्य समिति सदस्यों सहित दिनांक 08.07.2022 को जिला रोहतक में रोहतक गोहाना रेलवे ट्रैक का दौरा किया गया। समिति द्वारा यह पाया गया है कि नगर निगम, रोहतक द्वारा कोई दुकान/मकान नहीं तोड़ा गया है जबकि अनाधिकृत कब्जाधारियों ने अपने आप ही ऐसे अनाधिकृत निर्माण रेलवे प्राधिकारियों द्वारा सीमांकन करने उपरांत हटा दिये हैं। बुलंद किये गये रेलवे ट्रैक को बनाने	The Committee would like to know the latest position in this regard. (08.02.2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

आपको डिफैंड कर रहे हो। मुझे यह बात सुनकर बड़ी अजीब लगती है। अध्यक्ष महोदय, मैं चाहता हूं कि सरकार इस बात का संज्ञान ले और संज्ञान लेकर कोई भी अधिकारी या एडीशनल प्रिंसीपल सैक्रेटरी या उससे नीचे के लैवल के अधिकारी को मौके पर भेजें और वह अधिकारी वहां की रिपोर्ट तैयार करे और रिपोर्ट की प्रति हमें भी दिलवाई जाये। अध्यक्ष महोदय, वह रिपोर्ट आपके पास भी आनी चाहिए।

के उपलक्ष में हटाये गये मकान मालिकों/दुकानदारों को मकान/दुकान अलॉट करने बारे मामला सरकार के पास विचाराधीन हैं। नगर निगम, रोहतक द्वारा आवंटन दर का प्रस्ताव भेजा गया है जो सरकार के पास विचाराधीन है।

10.03.2017

418. गुरूग्राम मे ग्वाल पहाड़ी भूमि के स्वामित्व से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर श्रीमती किरण चौधरी द्वारा उठाया गया मामला:

अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि इस पूरे मामले की इंक्वॉयरी करवाई जानी चाहिए?

अध्यक्ष महोदय, निःसंदेह इस मामले की जांच करवाई जायेगी। (शोर एवं व्यवधान) अब मैं उन बातों पर आता हूँ जहां से यह कहानी शुरू होती है। अध्यक्ष महोदय, वर्ष 1989 में गुड़गांव के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर श्री हरबख्श सिंह ने अपने समय में सबसे पहले इस जमीन को 25–75 की रेशो में बांटा।

इससे पहले इस जमीन के संबंध में कोर्ट्ज के अनेकों डिसीजंस आये कि यह जमीन ग्राम पंचायत से संबंधित है या षामलात है; जिनके अगेंस्ट अपीलें की गई तथा यह अपीलें रिजैक्ट भी होती रही। मैं समझता हूँ कि ज्यादा इतिहास बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि सबको विदित है कि वर्ष 1989 से इस जमीन के संबंध में अपीलें रिजैक्ट होती रही हैं और वर्ष 1989 से कानून के प्रावधानों के मद्देनज़र यह जमीन कई बार गांव वालों को दी गई और कई बार इस जमीन पर स्टे भी हुई जिसकी वजह से न जाने कितनी ही बार कोर्ट के डिसीजंस आते रहे और बदलते रहे और वर्ष 2007 में नो–इंकम्ब्रन्स सर्टिफिकेट का लाईसैंस देकर एस.ई.जैड. बनाया गया जबकि वास्तविकता यह है कि यहां पर नो–इंकम्ब्रन्स आज भी नहीं है। वर्ष 2007 में जिनके समय में यह नो–इंकम्ब्रेन्स सर्टिफिकेट जारी किया गया जब इसकी इंक्वॉयरी होगी तो पता चल जायेगा कि नो–इंकम्ब्रेस न होने के बावजूद भी नो–इंकम्ब्रन्स सर्टिफिकेट इशु करने में किनका हाथ रहा है? आज भी फारेस्ट डिपार्टमैंट का हमारे पास एक लैटर है जिसमें लिखा है कि 'an area of 21 acres fall under plantation has been

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

under Araveli Plantation Project then 101 acres falls under P.L.P.A. Act then 0.6 acres is notified protected forest' इस प्रकार लगभग 123 एकड़ जमीन आज भी फॉरेस्ट के अंडर है इसलिए मेरा प्रश्न यह है कि जो जमीन आज भी फॉरेस्ट के अंडर है उसको उस समय नो–इंकम्ब्रैन्स सर्टिफिकेट जारी करते हुए जो लाईसेंस दिया गया, वह किस आधार पर दिया गया। यह इंक्वॉयरी का विषय है और निःसंदेह हम इसकी इंक्वॉयरी करवायेंगे।

*****स्पीकर सर, इस पत्र में आगे लिखा है कि 'land use of said areas Shamlat Panchyats Deh to any other category of 1980 without following the provisions of F.C.A. 1980 is not only a violation of law but also vio-ab-initio. Action regarding this may be taken'. इसलिए सारी इंक्वॉयरी इस विषय की होगी।

***** आप माननीय सदस्यों के हिसाब से जब एस.ई.जैड में धनाढ्य लोगों को सर्टिफिकेट

दिए गए, जैसा कि आज करण सिंह दलाल जी भी कह रहे थे। मेरा यह कहना है कि इन धनाढ्य लोगों का हमसे परिचय किसने कराया। वह परिचय आपने ही कराया, उन लोगों को मेट्रोवैली आपने ही दी है और वे धनाढ्य आदमी हमसे कुछ नहीं ले सकते। जो आपने उनको दे दिया, वह सही दिया या गलत दिया इसका निर्णय कोर्ट करेगा। जब उनको नो–इन्कम्ब्रैंस सर्टिफिकट दे दिए तो इसको मतलब यह हुआ कि आपने उनको वह जमीन क्लीयर करके दे दी और जब जमीन दे दी है तो यह प्रश्न आज नहीं उठेगा, यह प्रश्न उस समय का उठेगा कि उनको ये जमीनें कैसे दी गईं। हमारे पास जैसे ही तथ्य सामने आयेंगे तो हम जांच करायेंगे।

02.03.2020

419. तारांकित प्रश्न संख्या–150 के संदर्भ में डॉ. कमल गुप्ता एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: *** अध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से यह निवेदन है कि जो बाकी 6 रेलवे क्रॉसिंग्स रह गए हैं उनका भी प्रोसैस शुरू करके उन पर जल्दी से जल्दी काम शुरू करवाया जाए ताकि शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके।

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने कहा कि हिसार में 11 रेलवे क्रॉसिंग्स हैं । मैं उनको करैक्ट करना चाहूंगा। वहां पर 11 की बजाय 13 रेलवे क्रॉसिंग्स हैं। इनमें से 4 रेलवे क्रॉसिंग्स पर काम कम्पलीट कर दिया है, 3 रेलवे क्रॉसिंग्स पहली, सूर्य नगर वाली एल.सी. 89 और 60, दूसरी सदर्न बाइपास सैक्टर–16 और सैक्टर एल.सी. 4 ए., तीसरी हिसार से कैमरी रोड एल.सी. 6 बी. पर काम

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

चल रहा है। इनके अलावा बालसमंद डिस्ट्रिब्यूट्री पर रेलवे लाइन है। उसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ चुकी है और उसका जी.ए.डी. (जनरल अरेंजमैंट ड्रॉइंग) बनने के लिए दिया जा चुका है। वहां पर स्ट्ड फार्म के साथ एक सड़क है। वह स्ट्ड फार्म आर्मी का है। हमने उसके लिए आर्मी से आग्रह किया था कि वह जमीन हमें दे दें लेकिन उन्होंने हमें मना कर दिया। अतः अब हम उसका पुनः जी.ए.डी. बनवा रहे हैं ताकि उसको किस तरीके से आगे लेकर जाया जाए। इसके अलावा हमने बचे हुए ब्रिजिज की रिपोर्ट मंगवाई है। रिपोर्ट के आ जाने के बाद हम उसे चैक करेंगे। हमारी सरकार का प्रयास है कि जहां यात्रियों और गाड़ियों की अधिक क्रॉसिंग है और अत्यधिक सघन क्षेत्र है उनको हम जीन्द के बाइपास या रोहतक के रेलवे ब्रीच जैसी सुविधा उपलब्ध करवा दें। इसके लिए उनकी स्टडी करवायेंगे।

16.03.2021

420. तारांकित प्रश्न संख्या 744 के संदर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XXX इस सदन में मुझे विश्वास दिलाया जाये कि सड़क पर (60 फीट एयरफॉर्स रोड पॉल्यूशन कम करने बारे) मौके पर तीन महीने में एक बार चीफ सैक्रेटरी लैवल के ऑफिसर की मीटिंग होगी तो वंहा से प्रदूषण अपने आप खत्म हो जायेगा। इस प्रदूषण की वजह से हमारे यंहा हर 10 वां आदमी कैंसर से मर रहा है।

XXX स्पीकर सर, मेरा आपके माध्यम से माननीय सदस्य से अनुरोध है कि वे अपने सभी सुझावों को लिखित रूप में मुझे भिजवा दें। हम उनको भी इम्पलीमैंट करने का प्रयास करेंगे। जहां तक वहां पर पेड़ लगवाने की बात है हम जल्दी से जल्दी वहां पर पेड़ लगवाने काम शुरू करवायेंगे।

कॉलोनियों के बीच 60 फीट एयरफोर्स रोड स्थित हे, ये कॉलोनी घनी आबादी वाली हैं। 60 फीट सड़क पूरी तरह से व्यावसायिक सड़क है, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने कोई हरित पट्टी उपलब्ध नहीं है। 60 फीट वायु सेवा सड़क के कोने पर, एक कचरा डंप साइट से हटा दिया गया था और इस कोने पर पेड़ लगाए गए थे, लेकिन इन पौधों को निजी वाहनों और आज जनता द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इसलिए इस सड़क के कोने पर एक महीने के भीतर कुछ नए पेड़ लगाए जाएंगे। 60 फीट की सड़क पहले से ही आरएमसी रोड द्वारा बनाई गई है और सड़क के बरम पहले से ही इंटरलॉकिंग टाइलों से ढके हुए हैं। ताकि इस सड़क पर धूल प्रदूषण न हो। वर्तमान में इस सड़क पर कोई कचरा हॉटस्पॉट नहीं है। कैंसर से होने वाली मौतों के लिए ऐसा कोई साक्ष्य/रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है।

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(08.02.2023)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

17.03.2021

421. तारांकित प्रश्न संख्या 1046 के संदर्भ में श्री प्रमोद कुमार विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX कुछ इण्डस्ट्रीज शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र में आती हैं और कंट्रोल्ड एरिया से बाहर भी हैं। ऐसी स्थिति में पानीपत का विकास कैसे होगा? चूंकि परिवार बढ़ जाते हैं और भाइयों में बंटवारा हो जाता है तो दूसरे भाइयों को भी नई फैक्ट्री लगानी पड़ती है। मैं सदन से पूछना चाहता हूँ कि पानीपत में किसी भी वजह से नये सेक्टर्ज डिवैल्प नहीं हो रहे हैं तो इण्ड्रस्टीज कहां लगेंगी? मैं यह बात सदन से पूछना चाहता हूँ। पानीपत की एक और समस्या यह है कि वहां पर पानी हाई पोटेंशियल जोन में आता है, इस प्रकार से वहां पर कृषि की जमीन का सी.एल.यू. हो ही नहीं सकता। पानीपत के उद्योगपतियों को अपने उद्योग लगाने के लिये मीडियम पोटेंशियल जोन

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो पानीपत को लेकर सुझाव दिये हैं, सरकार गंभीरतापूर्वक उन सुझावों पर विचार करेगी। पानीपत के अंदर जो सैंट्रल गवर्नमैंट की ऐड से मैडिकल अप्लायंसिज हब बनना है, उसके लिए ऑलरेडी उस एरिया को ईयरमार्क किया है। अगर आने वाले समय में सैंट्रल गवर्नमैंट की तरफ से प्रपोजल आएगी तो जरूर हम इस बारे में विचार करेंगे। क्योंकि यह 3–4 राज्यों में ही लागू होनी है और अगर वह लागू नहीं होती है तो हम जरूर इसको अल्टरनेटिव सोर्स से एच.एस.आई.आई.डी.सी. विभाग को प्रपोजल देंगे कि इस प्रपोजल पर विचार करे। XX जैसे ही टोपोग्राफी कम्पलीट होगी हमारी सरकार टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमैंट, अर्बन लोकल बॉडीज डिपार्टमैंट और इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स डिपार्टमैंट की एक–साथ मीटिंग करवाकर एक ज्वॉयंट पोलिसी फ्रेम करवाएगी। इससे कम से कम माननीय सदस्य के क्षेत्र के

करनाल या फिर लो पोटेंशियल जोन इसराना जाना पड़ता है। यह पानीपत के उद्योगपतियों के लिये बहुत बड़ी समस्या आ रही है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उद्योग मंत्री और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री से भी अनुरोध करना चाहता हूँ कि सी.एल.यू. के मापदंडों को थोड़ा सा बदलना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, वर्ष 1967 में एच.एस. आई.आई.डी.सी. विभाग बना था और वर्ष 1977 में हुडा विभाग यानी एच.एस.वी.पी. विभाग बना था लेकिन पानीपत में काबड़ी रोड पर औद्योगिक कॉलोनी वर्ष 1960 में बस चुकी थी, इसलिए सी.एल.यू. के मापदंडों में चेंज करके इनको नियमित किया जाये क्योंकि ये इण्ड्रस्टीज आज के सी.एल.यू. के मापदंडों को कभी भी पूरा नहीं कर पायेगी। मैं तो यह कहता हूँ कि नई इण्डस्ट्रीज न लगने दें बल्कि जो इण्डस्ट्रीज के प्लांट 20–30 वर्षों से पहले लगे हुए हैं, उनको नियमित करने की योजना सरकार को करनी चाहिए। इसके साथ ही साथ जब तक कॉलोनी नियमित नहीं होती तब तक नगर निगम और डी.टी.पी. विभाग की तरफ से इन परिवारों के बायफरकेट होने के बाद छोटे–छोटे हब्स बनने की समस्या भी खत्म हो जाएगी। इसके अलावा मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार पानीपत की इंडस्ट्रीज कॉलोनीज को रैगुलराइज करने के लिए भी कोई पोलिसी अवश्य प्रस्तावित करेगी। XX वहां पर जो बहुत पुरानी इंडस्ट्रीज लगी हुई हैं हमने उनके लिए पहले ही आदेश जारी किये हुए हैं कि जब तक सर्वे कम्पलीट नहीं हो जाता तब तक उनको किसी भी तरह की हानि न पहुंचाई जाए।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

इण्डस्ट्रीज को कोई नोटिस वगैरह भी इशू नहीं होना चाहिए। इस बात को लेकर समाज के अंदर बहुत ज्यादा आक्रोश होता है क्योंकि व्यापारियों का बिजनेस भी खराब होता है। मेरा एक सुझाव यह भी है कि रिफाइंनरी सेक्टर पानीपत में है। वर्ष 2012 में पानीपत में यह सेक्टर लॉंच हुआ था और उस सेक्टर में 8–9 वर्षों में केवल 20 एकड़ ही जमीन बिकी है, उसकी वजह यह है कि वहां पर तकरीबन 8800 रुपये प्रति गज के हिसाब से रेट है लेकिन जब यह सेक्टर लॉंच हुआ था तो उस समय 5500 रुपये प्रति गज के हिसाब से रेट था। पानीपत के उद्योगपतियों को डेढ़ करोड़ रुपये में तो एक एकड़ जमीन मिल जाती है। यदि यह सेक्टर इण्डस्ट्रीज को दे देंगे तो अनअथोराइज्ड कॉलोनियॉं जो बस रही हैं वे बसने से रुक जायेंगी और सरकार को इस प्रोसैस से बहुत ज्यादा रेवेन्यू भी मिल जायेगा। XX

03.03.2022

422. श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1500 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या सफीदों नगरपालिका में 35 करोड़ रूपये के घोटाले में सरकार द्वारा कोई जांच की जा रही है; यदि हां, तो जिस एजेंसी के माध्यम से उपरोक्त जांच की जा रही है उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) जांच की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त जांच कब तक पूरी किये जाने की संभावना है?

(क) जी श्रीमान। इस मामले की जांच उपमण्डल अधिकारी (नागरिक), सफीदों द्वारा की जा रही है।

(ख) जांच से संबंधित सभी अभिलेख/फाइलें नगरपालिका सफीदों द्वारा जांच अधिकारी को उपलब्ध करा दी गई हैं, जिसकी समीक्षा जांच अधिकारी द्वारा की जा रही है। तदानूसार आवश्यकता अनुसार, मौके पर निरीक्षण किये जायेंगें व नमूने लिए जायेंगें तथा जांच अधिकारी द्वारा जांच को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

03.03.2022

423. तारांकित प्रश्न संख्या 1726 के संदर्भ में श्री सुधीर सिंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, लक्ष्मण विहार में इस पंजीरी प्लांट में 2 एकड़ जमीन अतिरिक्त है जिसमें कम्युनिटी सैंटर बनाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त शीतला कॉलोनी और राजेन्द्र पार्क कॉलोनी में लगभग 2 से 2.5 लाख लोग रहते हैं इसलिए मेरा अनुरोध है

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय विधायक को बताना चाहता हूं कि पंजीरी प्लांट का स्वामित्व महिला एवं बाल विकास विभाग के पास है। जैसा कि माननीय विधायक ने कहा है कि म्यूनिसिपल कमिश्नर, गुरूग्राम ने पंजीरी प्लांट में ही नीचे कम्युनिटी सैन्टर और ऊपर पंजीरी प्लांट की एक्सटैन्शन की प्रोपोजल भेजी है तो हम इस प्रोपोजल को एग्जामिन करवा लेते हैं। अगर यह सम्भव

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

कि पंजीरी प्लांट को वहां से शिफ्ट कर दिया जाये। एम.सी. कमिश्नर, गुरूग्राम ने एक प्रोपोजल दी थी जिसके अनुसार पंजीरी प्लांट की बाकी बची हुई जमीन पर ही नीचे कम्युनिटी सैंटर बनाया जाना था तथा ऊपर पंजीरी पार्क को एक्सटैंड किया जाना था, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि उस प्रोपोजल का क्या फेट है? कमिश्नर, एम.सी. गुरूग्राम ने यह भी कहा था कि इस कार्य को हम अपने खर्च पर कर देंगे।

होगा तो इस पर हमें कोई आपत्ति नहीं है और दूसरे विकल्पों पर भी हम विचार कर सकते हैं।

03.03.2022

424. डा0 कृष्ण लाल मिढ़ा, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1589 क्या शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या जींद शहर की 35 कॉलोनियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(क) नगर परिषद जींद से 35 कॉलोनियों के नियमितीकरण का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) नगर परिषद जींद से प्रस्ताव प्राप्त होते ही संशोधित "हरियाणा नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले नगर क्षेत्र (विशेष प्रावधान)

(ख) यदि हां, तो उक्त कालोनियों के कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

अधिनियम, 2021" और संशोधित मानदंडों के तहत कॉलोनियों को अधिसूचित करने की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

अध्यक्ष महोदय, आदरणीय विधायक जी ने जो प्रश्न पूछा है, के संदर्भ में बताना चाहूंगा कि हरियाणा सरकार पूरे प्रदेश में 1210 कालोनियों को रेगुलराइज करने के लिए आइडेंटिफाई किया है जिसमें से 845 कॉलोनियां म्युनिसिपल लिमिट में कवर होती हैं। ये जो कॉलोनियां आइडेंटिफाई की गई हैं, इसमें से 6 कॉलोनियां जींद की भी शामिल हैं। अगर फर्स्ट फेज में इन 6 कॉलोनियों का रेगुलराइजेशन का प्रस्ताव जींद की एम.सी. पास करके भेजेगी तो इस दिशा में जल्द से जल्द कार्रवाई की जायेगी और उसके बाद 35 कॉलोनियों में से 6 कॉलोनियों को निकालने के बाद जो 29 कॉलोनियां रह जायेंगी, इनके बारे में भी अगर जींद की एम.सी. प्रस्ताव करके भेजेगी तो इन पर भी विचार करने काम किया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

03.03.2022

425. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 725 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:--

458. श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 111 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि नगर परिषद दादरी की सीमा के अंतर्गत आने वाली विभिन्न अस्वीकृत कॉलोनियों को नियमित करने की दिशा

महोदय, सरकार ने एक्ट 2021 का नं. 24 के तहत हरियाणा प्रबंधन नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले नगरीय क्षेत्र (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2016 में संशोधन अधिसूचना दिनांक 10.09.2021 द्वारा लागू किया है। संशोधित अधिनियम की धारा 3 के

में सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

अनुसार, नागरिक सुविधाओं और बुनियादि ढांचे की कमीवाले क्षेत्रों को अधिनियम के तहत घोषित क्षेत्र अधिसूचित करने की कार्रवाई के लिए मानदंड/नीति दिनांक 14.02.2022 जारी की गई है। अधिनियम के तहत अवैध कॉलोनियों को "घोषित क्षेत्र" के रूप में अधिसूचित करने की प्रकिया संबंधित नगर निकाय से संकल्प प्राप्ति के बाद और यदि कॉलोनी अधिसूचना के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करती है, तो की जाएगी।

26.12.2022

459. तारांकित प्रश्न संख्या 1 के संदर्भ में श्री सुभाष सुधा, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-- अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि वर्ष 1988 में कुरूक्षेत्र के सेक्टर 7 और 13 में यह पाइपलाइन डली थी। इस एरिया में पिपली रोड, ड्रेन, हॉस्पिटल्ज, रैजीडैंशियल एरिया आदि पड़ते हैं। जब बरसात होती है तो वहां पर कम से कम डेढ़ से दो फीट पानी खड़ा हो जाता है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सदन से कहना है कि इसमें जो-जो संबंधित डिपार्टमैंट्स

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि इसमें कोई शक नहीं है कि यह पाइपलाइन वर्ष 1988-89 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पानी की निकासी के कारण बिछाई गई थी। इस लाइन का जो टर्मिनल पॉर्शन है वह कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के गेट नं0 3 तक है अर्थात् पिपली गीता द्वार से कुरूक्षेत्र के यूनिवर्सिटी के गेट नं0 3 तंक लगभग दूरी डेढ़-दो किलोमीटर की पाइप क्षतिग्रस्त है। इस पाइपलाइन को बदलकर उसकी जगह तीन फीट डाया मीटर पाइप लगाने की योजना है। जिसका एस्टीमेट्स कॉस्ट लगभग 2

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	हैं अर्थात् पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.), हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण आदि से एस्टीमेट्स वगैरह बनाकर इसका काम आरंभ करवाया जाये क्योंकि यहां की पाइपलाइन बिल्कुल खत्म हो चुकी है और बरसात के दिनों में पानी खड़ा रहता है।	करोड़ रुपये आयेगा और इसे निकट भविष्य में बनवा दिया जायेगा।		
		26.12.2022		
460.	श्री बिशन लाल सैनी, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 14 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:— क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की उन नगर समितियों को 15 करोड रूपये देने की घोषणा की गई थी, जो वित्तीय रूप से कमजोर हैं यदि हां, तो नगर समिति रादौर को उक्त घोषणा अनुसार उक्त राशि कब तक दिए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?	नहीं श्रीमान् जी, राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर पालिकाओं को मान्नीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 15.00 करोड़ रूपये देने की कोई घोषणा नहीं की है। हालांकि मान्नीय मुख्यमंत्री महोदय ने 3 क वर्ष 2022–23 की बजट घोषणा संख्या 245 के तहत घोषणा की थी कि आर्थिक रूप से कमजोर पालिकाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी पालिकाओं में विकास कार्य प्रभावित न हों।		

461. श्री नयन पाल रावत, विधायक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 20 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृप्या बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद नगर निगम में पृथला विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के 7 गांव तथा पलवल नगर परिषद में 4 गांव सम्मिलित किए गए हैं; यदि हां, क्या शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा उक्त गांवों के विकास के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

(क) हाँ श्रीमान जी, नगर निगम, फरीदाबाद में सम्मिलित पृथला निर्वाचन क्षेत्र के सात गांवों में नगर निगम द्वारा 8 विकास कार्यों के लिए 204.80 लाख रुपये की राशि के अनुमान तैयार किए गए है और 18 विकास कार्यों को करने के लिए 494.00 लाख रुपये की राशि के अनुमान तैयार किए जा रहे है।

नगर परिषद पलवल में सम्मिलित पृथला निर्वाचन क्षेत्र के चार गांवों में नगर परिषद द्वारा 19 विकास कार्यों के लिए 421.35 लाख रुपये की राशि के अनुमान तैयार किए गए है।

सक्षम प्राधिकारियों से आवश्यक स्वीकृति एवं धनराशि की व्यवस्था उपरांत ये प्रस्तावित विकास कार्य संबंधित निकायों द्वारा प्रारंभ कर दिए जायेंगे।

(ख) नगर निगम फरीदाबाद और नगर परिषद पलवल में सम्मिलित पृथला निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में निष्पादित किए जाने वाले प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का विवरण अनुलग्नक—क में दिया गया है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

27.12.2022

462. तारांकित प्रश्न संख्या 21 के संदर्भ में श्री प्रमोद कुमार विज द्वारा पूछा गया पर अनुपूरक प्रश्नः– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जिस कम्पनी के साथ कांट्रैक्ट किया गया है उसको शहर में 45 प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स खोलने थे जहां पर शहर से डोर–टू–डोर कलैक्शन के बाद कूड़ा इकट्ठा किया जायेगा। उसके बाद वहां से सैग्रिगेशन प्वायंट पर जायेगा लेकिन 4 साल हो गये हैं और पानीपत नगर निगम कोई भी प्राइमरी सैन्टर नहीं खुलवा पाया है। डोर–टू–डोर कलैक्शन करने वाले लोग उस कूड़े को किसी खम्भे की आड़ में या किसी बिल्डिंग की आड़ में डाल देते हैं जिससे सारा दिन कूड़ा उड़ता रहता है और गलियों में बदबू आती रहती है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि इनकी बात जायज है। प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स खोलने की मंशा इसलिए नहीं है क्योंकि जैसा माननीय सदस्य स्वयं मान रहे हैं कि सैग्रिगेशन सैन्टर के पास बदबू रहती है और अगर हम शहर में प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स खोल देंगे तो पूरे शहर में बदबू फैल जायेगी। जहां तक जिमखाना क्लब के पास सैकेंड्री प्वायंट को बदलने की बात है तो मैं माननीय सदस्य से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे कोई दूसरी जगह सलैक्ट करके बता दें, हम वहां पर सैकेंड्री कलैक्शन प्वायंट बनाने बारे विचार कर लेंगे।

आग्रह है कि नगर निगम को इसके लिए आदेश दिये जायें तथा जो प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स खोले जाने हैं, वे खोले जायें। दूसरी बात यह है कि जो सैकेंड्री प्वायंट है जो सैक्टर–25 जिमखाना क्लब के बराबर में खोला गया है, वह बहुत पॉश एरिया है और महंगा एरिया है। उस सैकेंड्री प्वायंट के कारण वहां पर बहुत बदबू फैली रहती है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि सैकेंड्री प्वायंट शहर से दूर बनाया जाये ताकि लोगों को बदबू का सामना न करना पड़े। शहर में प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स भी खोले जायें और सैकेंड्री प्वायंट को शहर से दूर बनाया जाये।

27.12.2022

463. श्री अमरजीत ढांडा, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया आतांरिकत प्रश्न संख्या 41 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि ब्राहम्ण धर्मशाला द्वारा हरियाणा नगरपालिका सम्पत्ति प्रबंधन तथा राज्य सम्पत्ति नियम 2007 की

(क) जी महोदय, पंडित दीन दयाल उपाध्याय पुस्तकालय के लिए कलैक्टर रेट पर नगर पालिका, जुलाना की 610 वर्ग गज भूमि उपलब्ध कराने का मामला विभाग में प्रक्रियाधीन है।

(ख) निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के कार्यालय के पत्र दिनांक

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

धारा 9(1) के अन्तर्गत पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पुस्ताकलय के लिए नगर पालिका समिति, जुलाना की भूमि से 810 वर्ग गज भूमि उपलब्ध कराने का एक आवेदन जिला अधिकारी द्वारा पत्र संख्या 11870 दिनांकित 20.11.2021 के माध्यम से सचिव, नगर पालिका को भेजा गया था जो कि कार्यालय निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के पास लंबित है; तथा

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त भूमि कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है ?

19.10.2022 द्वारा जिला नगर आयुक्त, जीन्द एवं सचिव, नगर पालिका, जुलाना से कुछ सूचना/स्पष्टीकरण मांगा गया है जो प्रतीक्षित है। सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त होने के उपरान्त मामला सरकार के अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।

28.12.2022

464. तारांकित प्रश्न संख्या 47 के सन्दर्भ में श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: अध्यक्ष महोदय, मैं वर्ष 2022 की बात कर रहा हूं। मैं बार–बार क्यू.आर.

अध्यक्ष महोदय, इस संबंध में विभाग ने हमें पूरी जानकारी नहीं दी है। अगर वहां कोई मृत्यु हुई है तो हम उसकी इंक्वायरी करवाकर उस पर उचित कार्यवाही करेंगे।

जी. अस्पताल का नाम ले रहा हूं जिसके अन्दर चार सीवरमैन मरे हैं और उनकी नेशनल ह्यूमैन राईट कमीशन में जांच चल रही है। गगग अध्यक्ष महोदय, अब मंत्री जी कृपया यह तो बता दें कि जिस कुनाल बच्चे के मामले का मैंने जिक्र किया है, इसकी जांच कब तक पूरी हो जायेगी। इस मामले को पहले ही 54 दिन हो गए हैं। अध्यक्ष महोदय, यू.एल. बी. डिपार्टमैंट कब तक पुलिस को चिट्ठी भेज देगा कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एक्शन ले लिया जाये। मेरा निवेदन है कि इसको टाइम बाउंड मैंनर में करने का काम किया जाये। 54 दिन पहले ही हो चुके है। यह 11 साल का मासूम बच्चा था अध्यक्ष महोदय, इस बच्चे के परिवार को मुआवजा भी जाना है और दूसरे काम भी होने है। अतः माननीय मंत्री जी, इस संबंध में जांच की कोई टाइम लिमिट जरूर बता दें।

XXX अध्यक्ष महोदय, जांच का समय एक दम बताना बिल्कुल भी संभव नहीं है। यह बात मैं ऑन न दि फ्लोर ऑफ दि हाउस कह रहा हूँ लेकिन इतना जरूर कहना चाहूंगा कि यह जांच जल्द से जल्द करने का काम किया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

28.12.2022

465. श्री नीरज शर्मा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 83 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या गौंची ड्रेन का नवीनीकरण करने तथा उपरोक्त ड्रेन में गंदा पानी छोड़ने पर रोक लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि मुजेसर शमशान की ओर गौंची ड्रेन के साथ लगती सड़क पर कचरा गिराया जा रहा है तथा उक्त सड़क यातायात के लिए बंद हो गई है; यदि हां, तो उक्त सड़क को यातायात के लिए कब तक खोले जाने की संभावना है तथा उपरोक्त सड़क के निर्माण के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि खर्च की गई है?

श्रीमान जी, वर्तमान में नगर निगम फरीदाबाद के पास गौंची नाले के जीर्णोद्धार का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

उक्त नाले में छोड़े जा रहे गंदे पानी को रोकने के लिए नगर निगम फरीदाबाद, प्रतापगढ़ में 100 एमएलडी एसटीपी का निर्माण करा रहा है, जो 30.06.2023 तक चालू हो जाएगा। उक्त नाले में जिन–जिन बिन्दुओं पर गंदा पानी छोड़ा जाता है, उन्हे वहां मौजूदा 1600 एमएम व्यास के सीवर से टैप कर एसटीपी से जोड़ा जाएगा। एसटीपी बनने के बाद उपचारित पानी ही गौंची नाले में छोड़ा जाएगा।

(ख) हां, श्रीमान जी। यह तथ्य है कि गौंची नाले से सटी सड़क पर अवैध रूप से कूड़ा गिराया जा रहा है जिसे नगर निगम फरीदाबाद द्वारा सफाई एजेंसी के माध्यम से नियमित रूप से उठाया जा रहा है।

वर्तमान में मुजेसर श्मशान भूमि के साथ–साथ गौंची नाले के पास कोई पक्की सड़क मौजूद नहीं है। वर्तमान में उक्त सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम फरीदाबाद के पास कोई प्रस्ताव नहीं है।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

WELFARE OF SCHEDULED CASTES AND BACKWARD CLASSES DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		8.03.2018		
466.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर मुख्य मंत्री द्वारा दिये गए रिप्लाई के संदर्भ में।	अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि हरियाणा प्रदेश में एस.सी. और बी.सी. के बच्चों के लिए 11 हॉस्टल्ज का निर्माण करवाया जा रहा है। (मेंजें थप–थपाई गई) अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि 1025 नए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की भर्ती भी शुरू करवाई जा रही है। अध्यक्ष महोदय, गरीबों के कल्याण के लिए अभी तक प्रदेश और केन्द्र की लगभग 250 से 300 ऐसी योजनाएं हैं, जिनमें बहुत सी योजनाएं विद्यार्थियों, महिलाओं, अनुसूचित जाति, किसानों और मजदूरों से जुड़ी हुई हैं। (मेंजें थप–थपाई गई) अध्यक्ष महोदय, ऐसी बहुत–सी योजनाओं के द्वारा लोगों को जागरूक करने की दृष्टि से यह तय किया गया है कि हर तहसील केन्द्र पर अधिकारियों की देख–रेख में एक अंत्योदय कार्यालय खोला जाएगा और उस अंत्योदय कार्यालय में एक ही छत के नीचे सब लोगों को योजनाएं उपलब्ध होंगी, यहीं से उन्हें जानकारियां मिलेंगी,	हरियाणा राज्य के पांच जिलों में से जिला अम्बाला में अनुसूचित जाति के बच्चों के साथ–साथ विमुक्त जाति, घुमन्तु एवं अर्ध–घुमन्तु जाति तथा पिछड़े वर्ग के बच्चों को भी दाखिला दे दिया गया था। जिला रोहतक में किराए का भवन ढूंढ लिया गया है मुरम्मत होने व किराया स्वीकृत होने उपरान्त बच्चों को दाखिला दे दिया जाएगा। जिला हिसार में उपायुक्त से मिली रिपोर्ट अनुसार संत कबीर छात्रावास, राजगढ़ रोड़ भवन चिन्हित कर लिया गया है। उक्त भवन के किराए को PWD से निर्धारित करवाकर बच्चों को दाखिला दे दिया जाएगा। शेष दो जिलों (सिरसा व फरीदाबाद) में CM announcement No. 20656 को परिपालित करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय के आदेशानुसार	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11.05.2022)

	वे यहीं पर फार्म भी भर सकेंगे और अपनी–अपनी आवश्यकताओं के अनुसार उन योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि 15 अप्रैल, 2018 से कुछ कार्यालय शुरू भी हो जाएंगे और बाकी के कार्यालय अगले साल खोले जाएंगे।	दोनों जिला उपायुक्तों को किराए के भवन ढुंढने हेतु अर्ध–सरकारी पत्र जारी कर दिये गए है। और उपरोक्त दोनों जिला कल्याण अधिकारियों द्वारा भी किराए के भवन ढुंढने हेतु भरसक प्रयास किए जा रहे है।	
	22.02.2019		
467.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान श्री उदय भान द्वारा पूछा गया प्रश्न: अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा करने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। ****** वर्ष 2014 में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो उस समय वायदा किया गया था कि एस.सी. कमीशन को और अधिक मजबूती प्रदान करके उसका नये सिरे से गठन करेंगे। परन्तु सरकार के कार्यकाल का साढ़े 4 साल का समय बीत जाने के बाद भी एस.सी. कमीशन का गठन नहीं किया गया है। *** (विघ्न)	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि पहले जो एस. सी. कमीशन बना हुआ था उसको भंग कर दिया था। अब कैबिनेट की मीटिंग में एस.सी. कमीशन के लिए एप्रूवल हो चुकी है और जल्दी ही एस.सी. कमीशन का गठन हो जाएगा।	हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के गठन हेतु मामला सरकार के विचाराधीन है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11.05.2022)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		9.03.2021		
468.	तारांकित प्रश्न संख्या–869 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, जो बजट का प्रावधान किया गया था, उसमें से सारा पैसा खर्च नहीं हुआ है। विभाग ने तो सिर्फ जो पैसा अलॉट हुआ था, उसको ही खर्च किया है। इन्होंने जो प्रावधान किया था उसमें से 40 प्रतिशत पैसा बच गया है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि इस साल का पूरा बजट खर्च नहीं हुआ है। इसके बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी ही बता सकते हैं कि यह 40 प्रतिशत पैसा क्यों बचा हुआ है ?	अध्यक्ष महोदय, यह जो 40 प्रतिशत बजट कम रिलीज हुआ है उसके लिए अगली बार ध्यान रखा जाएगा और पूरा पैसा रिलीज किया जाएगा।	इस सम्बन्ध में यह अवगत करवाया जाता है कि अनुसूचित जाति उप योजना की स्कीमों की वार्षिक योजना निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकीय विभाग, हरियाणा (योजना विभाग) द्वारा एलोकेट की जाती है जिसके अनुरूप अनुसूचित जाति उप योजना के तहत खर्चे भी उन द्वारा ही संकलित किये जाते हैं। योजना विभाग द्वारा वर्ष 2019–20 तथा वर्ष 2020–21 दो वर्षों के परिव्यय तथा खर्चे उपलब्ध करवाये गये हैं जिनका अवलोकन करने से यह पाया गया है कि अनुसूचित जाति उप योजना के तहत कमशः 90: एवं 84: की राशि खर्च की गई है। इस प्रकार अनुसूचित जाति उप योजना के तहत योजना विभाग द्वारा दर्शाये गये आंकड़ों के अनुसार परिव्यय तथा खर्चे के मद्देनजर 40: बजट राशि बचना सम्भावित नहीं है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11.05.2022)

निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकीय विभाग, हरियाणा द्वारा उपलब्ध करवाये गये अनुसूचित जाति उप योजना के तहत स्कीमों का परिव्यय तथा खर्चों की सूचना निम्न अनुसार है:–

(Rs. in Crore)

Year	Total Budget (development welare Schemes)	Out of which SCSP Component	%age of SCSP Component	Exp. Under SCSP Comonent
2019-20 (RE)	39506.79	7984.69	20.21	7161.17
2020-21(BE)	45066.16	9092.55	20.18	7636.77

27.12.2022

489. तारांकित प्रश्न संख्या 29 के संदर्भ में श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, यह बात भी तो मायने रखती है कि मुझे इस बाबत अपना सवाल लिखित में देना पड़ा। अनुसूचित जाति आयोग को भंग कर दिया गया था और इसके बाद इसको पुनः बनाने में आठ साल का एक लंबा समय लगा है परन्तु देर से ही सही सरकार ने अनूसचित जाति आयोग का गठन करने का काम आखिरकार किया अध्यक्ष महोदय, यह भी जरूर बनायेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

है और इसके लिए मैं सरकार का बहुत–बहुत धन्यवाद प्रकट करता हूँ और साथ ही यह भी कहना चाहूंगा कि सफाई कर्मचारी आयोग जोकि अभी भी पैंडिंग पड़ा हुआ है, का भी जल्द से जल्द गठन करने का काम किया जाये और यही नहीं एस.सी. सब कंपोनेंट प्लॉन अथारिटी भी अभी तक नहीं बन पाई है। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या 20 परसेंट है। अतः मेरी प्रार्थना है कि अनुसूचित जाति के लोगों की कदापि नज़रअंदाजी नहीं की जानी चाहिए और इनका पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा स्टेट कमीशन फोर शैड्यूल्ड कास्ट एक्ट के मुताबिक अनुसूचित जाति आयोग का गठन करने के लिए कोई ऑप्शन नहीं था बल्कि यह अनिवार्य था। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने इस कमीशन को बनाया है इसके

लिए मैं फिर से धन्यवाद प्रकट करना चाहूंगा और यह भी प्रार्थना करना चाहूंगा कि सफाई कर्मचारी आयोग को भी जल्द से जल्द बनाया जाये और साथ ही हरियाणा प्रदेश में एस.सी. सब कंपोनेंट प्लॉन अथारिटी बनाने का भी काम किया जाये।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TECHNICAL EDUCATION DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

25-02-2014

470. श्री सुभाष चौधरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या-599 : क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल रैली में 1-4-2012 को माननीय मुख्य मंत्री द्वारा एक विश्वविद्यालय तथा इसमें एक पृथक अनुसूचित जातियों के लिये होस्टल खोलने की घोषणा की गई थी; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई; तथा

(ख) पूर्वोक्त विश्वविद्यालय तथा होस्टल के कब तक खोले जाने की सम्भावना है ?

(क) *****

विभाग द्वारा पांच स्थानों का सर्वे किया गया तदोपरांत उक्त पांच स्थानों के तुलनात्मक गुणवत्ता और उनमें से प्रत्येक की उपयुक्तता का मूल्यांकन एक उपयुक्त स्थान का अंतिम चयन शीघ्र ही कर लिया जायेगा *****

(क) नगर निगम, फरीदाबाद की 18 एकड भूमि को जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साईस एंड टैक्नौलॉजी, वाई.एम.सी.ए. फरीदाबाद को कलैक्टर दर पर हस्तातरित करने के प्रस्ताव को मंत्री परिषद द्वारा अपनी बैठक दिनांक 30–04–2020 में अनुमति प्रदान की गई थी । मंत्री परिषद के अनुमोदन के पश्चात् नगर निगम, फरीदाबाद ने 55.05 करोड रूपये की राशि जमा कराने के लिए पत्र कमांक एम.सी.एफ/एस.टी.पी./2020/532 दिनांक 24–07–2020, के द्वारा मांग–पत्र जारी किया था ।

तदानुसार उक्त 18 एकड भूमि की खरीद के लिए विश्वविद्यालय

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(05.05.2022)

को राज्य सरकार द्वारा दिनाक 03–11–2020 को 55.045 करोड रूपये की राशि जारी कर दी गई थी । नगर निगम, फरीदाबाद को उक्त राशि जमा कराने के पश्चात् विश्वविद्यालय ने उक्त भूमि का कब्जा दिनांक 4.12.2020 को ले लिया था । उक्त भूमि का कब्जा लेने के पश्चात् विश्वविद्यालय ने उपायुक्त, फरीदाबाद को स्टांप शुल्क में छूट देने का अनुरोध किया था, जो नही दिया गया । विश्वविद्यालय ने राज्य सरकार को स्टांप शुल्क के लिए 3.00 करोड रूपये का बजट जारी करने का अनुरोध किया । राज्य सरकार ने अगस्त,2021 में आपूर्ति बजट में उक्त राशि जारी कर दी गई। तदानुसार विश्वविद्यालय के पक्ष में कन्वैंशस डीड का निष्पादन किया जायेगा। आवटित भूमि का कब्जा मिलने के बाद विश्वविद्यालय ने निर्माण कार्य के लिए अनापत्ति

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए वन विभाग से संपर्क किया है जो अभी तक जारी नहीं किया जा सका।	
			इस सम्बन्ध में यह भी बताया जाता है कि उक्त भूमि को फरीदाबाद विकास योजना (FDP)- 2013 में प्रस्तावित एन.सी.जेड ("अभी तय होना बाकी" कैटैगरी के अंतर्गत) में शामिल करने की सिफारिश की हुई है । उक्त भूमि को प्रस्तावित एन.सी.जेड (फरीदाबाद विकास योजना–2030) से बाहर करने का प्रस्ताव जिला नगर एवम ग्राम योजनाकार, फरीदाबाद द्वारा नगर एवं ग्राम नियोजन निदेशालय,चण्डीगढ को भेजा गया है । इस 18 एकड भूमि को प्रस्तावित एन.सी.जेड से बाहर	

रखने के उक्त प्रस्ताव पर ऐसे मुद्दो पर गठित राज्य स्तरीय समिति विचार कर रही है। उक्त मामले को माननीय मुख्य मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिस पर दिनांक 09.10.2021 को माननीय मुख्य मंत्री ने सुझाव दिया कि भूमि की नवनीतम स्थिति जिला नगर एवम ग्राम योजनाकार, विभाग से प्राप्त कर ली जाये। तदानुसार उक्त भूमि की नवीनतम स्थिति जानने के लिए महानिदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग को इस कार्यालय के पत्र संख्या U-54/12/600/Univ. दिनांक 27.10.2021 द्वारा अनुरोध किया गया था । उसके पश्चात् इस कार्यालय के पत्र कमांक U-54/12/ 62/ Univ. दिनांक 28.01.2022 के द्वारा उक्त भूमि की नवीनतम स्थिति से शीघ्र अवगत करवाने के लिए सम्बन्धित विभाग को स्मरण–पत्र जारी किया गया ।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			परन्तु उक्त विभाग से अभी तक इस मामले में कोई सूचना प्राप्त नही हुई है। इसके पश्चात उक्त मामले के समाधान के लिए माननीय मुख्य मत्री महोदय की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक करने के लिए मामला सक्षम अधिकारी को पुनः प्रस्तुत किया गया । जिस पर माननीय मुख्यमंत्री ने उपायुक्त, फरीदाबाद से उक्त भूमि की नवीनतम स्थिति प्राप्त करने का आदेश दिया। तदानुसार इस कार्यालय यादि कमांक यू. –54/12/336/यूनि. दिनांक 10.05.2022 द्वारा उपायुक्त, फरीदाबाद से उक्त भूमि की नवीनतम स्थिति प्रदान करने का अनुरोध किया गया।	

471. श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया तारंकित प्रश्न संख्या 148 : क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृप्या बताएंगे कि झज्जर में आई.आई.टी. दिल्ली के विस्तार केन्द्र की वर्तमान स्थिती क्था है तथा इसके कब तक चालू किए जाने की संभावना है ?

महोदय, आई.आई.टी. दिल्ली द्वारा जीव विज्ञान पार्क के रूप में गांव बाढ़सा, झज्जर में आई. आई.टी. दिल्ली एक्सटैंशन कैंपस की स्थापना की जा रही है। आई.आई.टी. दिल्ली से आश्वासन दिया है कि स्वीकर्षति और भूमि पर कब्जे के बाद तीन वर्षो में पूरी तरह से काम करेगा।

- इस संबंध में दिनांक 19.05.2022 को तत्कालीन प्रशासनिक सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा निदेशक, आईआईटी दिल्ली के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई थी।
- इस मामले पर दिनांक 30.07.2022 को आईआईटी दिल्ली, सोनीपत कैंपस द्वारा निर्धारित शैक्षणिक आउटरीच कार्यक्रम के दौरान तत्कालीन प्रशासनिक सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा निदेशक आईआईटी दिल्ली के साथ चर्चा की गई थी। इस आयोजन के दौरान निदेशक, आईआईटी दिल्ली ने सूचित किया था कि प्रस्ताव के संबंध में झज्जर जिले के बड़सा गांव में आईआईटी दिल्ली के विस्तार परिसर की स्थापना अंतिम चरण में है और वे विधानसभा आश्वासन समिति के साथ इस पर चर्चा करना चाहेंगे।

टिप्पणी

After discussion with the Principal Secretary, Director and other senior officers of the Technical Education Department and Profs officers of the IIT, Delhi, the Committee is of the view that the Hon'ble Chief Minister, Haryana may be requested to hold a meeting with the ACS and other senior officers of the Technical Education Department and Director & Profs, of the IIT, Delhi in this regard so that this project may be completed in time bound manner as it is very precious project for Haryana. After that the Committee will have a collective meeting with the ACS, Irrigation, ACS. Power ACS. PW(B&R) ACS, Public Health and Engineering Departments alongwith the

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			○ तदनुसार, हरियाणा विधानसभा आश्वासन समिति की बैठक दिनांक 25.08.2022 को हरियाणा भवन नई दिल्ली में आयोजित की गई जिसमें निदेशक आईआईटी दिल्ली ने अपनी टीम के साथ परियोजना के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी। इस बैठक में समिति का यह विचार था कि माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा को इस बारे में अनुरोध कर दिया जाये कि अतिरिक्त मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं निर्देशक एवं प्रोफेसर आईआईटी दिल्ली के साथ एक बैठक रखें। ○ यह मामला फाइल पर माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया था और माननीय मुख्यमंत्री के नवंबर, 2022 के तीसरे सप्ताह	concerned Deputy Commissioner to solve out all the hurdles which are being faced to complete this project and which have come to the notice of the Committee during the discussion. The Committee also observed that a Nodal Officer be appointed by the Haryana Government for smooth functioning of development of this project. (25-08-2022)

में एक बैठक आयोजित करने की संभावना है, जिसमें निदेशक, आईटीआई दिल्ली परियोजना पर विस्तृत प्रस्तुति देंगे।

16.03.2021

472. श्रीमती सीमा त्रिखा, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 987 क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि वाई.एम. सी.ए. विश्वविद्यालय की ईमारत के निर्माण का कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

श्रीमान जी, विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी, 2021 में नगर निगम, फरीदाबाद से भूमि का कब्जा लिया है। इसके बाद विश्वविद्यालय ने वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए आवेदन किया है जो प्रतीक्षित है। उक्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के बाद, निर्माण कार्य शुरू करने बारे कार्यवाही आरम्भ कर दी जायेगी।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

DEVELOPMENT & PANCHAYATS DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

18-3-2015

473. श्री परमेन्द्र सिंह ढुल द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 27 के संदर्भ में– अध्यक्ष महोदय, मैं इस महान सदन का ध्यान एक अत्यावश्यक तथा अति लोक महत्व के विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ कि हरियाणा के गांवों के जोहड़ों में लगातार गांव का गंदा पानी काफी समय से जमा हो रहा है। गांव के पशु अकसर उन जोहड़ों से पानी पीते हैं जिसके कारण आज न केवल पशु स्वास्थ्य बल्कि आम जनमानस के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। गांवों के बच्चों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। गांवों की गलियां पानी तथा कीचड़ से भरी रहती हैं जिस कारण जनमानस को वहां आने-जाने में गम्भीर समस्या का सामना करना पड़ता है। दूषित पानी के कारण बीमारियाँ फैल रही हैं। प्रदेश की ज्यादातर जनसंख्या गांव में बसती है। पानी की निकासी न

*******आने वाले वर्ष में 1472 स्थानों पर ठोस और तरल कचरा प्रबन्धन के लिए 214 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गये हैं। मुझे लगता है कि बहुत तेजी के साथ इस रास्ते पर बढ़ रहे हैं और इस प्रकार की चिन्ता माननीय सदस्यों ने व्यक्त की है वह बहुत वाजिब है। हमारा मानना है कि बहुत तेजी के साथ इस विषय पर आगे बढ़ने की जरूरत है। अध्यक्ष महोदय, वैज्ञानिक जांच के आधार पर किसी भी पानी में बायोकैमिकल्स का लेवल क्या है और जो दूसरे कैमिकल्स हैं उनका लेवल क्या है? वह पानी मनुष्य व पशुओं के उपयोग के लिए है या नहरों में छोड़ने के लायक है या नहीं है, किसी सामान्य उपयोग के लिए जोहड़ में छोड़ने के लायक है या नहीं है। उन सबकी जांच के लिए भी सिस्टम बनाये जा रहे हैं कि उस पानी की पी.एच. वैल्यू क्या है। बी.ओ.डी. लेवल क्या है ? इसका सी.ओ.डी. लेवल क्या है ? उस तरह के भी सब वैज्ञानिक जांच के लिए सांकेतिक मानक पैमाने तैयार किए जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों का ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन करना, राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में से एक है। सरकार का प्रयास है कि घरों से निकलने वाले पानी को नालियों/नालों के माध्यम से तालाब में लाकर पानी को निथारा जाए ताकि उसका पुनः उपयोग किया जा सके। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, फेज–1 (2014–15 से 2019–20) में सरकार द्वारा ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन की 1394 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं जिन पर 388.43 करोड रुपये की राशि स्वीकृत की गई है तथा दिनांक 30.06.2021 तक 181.67 करोड रू0 की राशि व्यय हो चुकी है। 1323 परियोजनाएं तरल कचरा प्रबन्धन से संबंधित हैं। जिन पर 340.05 करोड की राशि स्वीकृत की गई थी तथा

समिति राज्य स्तरीय टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन, हरियाणा की देखरेख में उच्च स्तरीय विजिलेंस जांच की सिफारिश करती है ताकि स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन संबंधी सरकारी परियोजनाओं के परिचालन के दौरान सरकारी संपतियों के साथ हुई धांधली राज्य जिला खंड एंव ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के प्रबंधन की अनियमितताओं और सरकार के समक्ष झूठी

होने के कारण जन जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। आज इस गम्भीर समस्या से पूरा प्रदेश त्रस्त है।

इस गम्भीर समस्या के मध्यनजर, सरकार को इस महान सदन के पटल पर एक वक्तव्य देना चाहिए।

******* नहर विभाग को इस प्रकार के आदेश दे दिए गए हैं कि आने वाले 6 महीनों में वे हर टेल तक पानी पहुंचाएं और टेल पर हमारे विभाग का अधिकारी खड़ा होगा। अध्यक्ष महोदय आज व्हटसअप की बहुत अच्छी फैसीलिटी आ गई है। पानी और एक्सीयन दोनों की फोटो हमारे पास आए ऐसा हमने विभाग को कहा है ताकि हमें पता चले कि टेल तक पानी पहुंचा है या नहीं। निश्चित तौर से हम आने वाले 6 महीनों में कोई भी कैनाल ऐसी नहीं छोड़ेंगें जिसकी टेल तक पानी न पहुंचे। निश्चित रूप से हम इस रास्ते पर काम कर रहे हैं। *****किस तरह से हम अपनी सम्पदा को, तालाबों को और जोहड़ों को और गहरा करके रिचार्जिंग और आस पास की सिंचाई के लिए उपयोग कर सकेगें इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का जो कालिंग अटैंशन मोशन है इस पर इन्होंने चर्चा शुरू की है। इस प्रकार लिक्विड वेस्ट मैनेजमैंट और सोलिड वेस्ट मैनेजमैंट द्वारा हम टोटल स्वच्छता की दृष्टि से अपने गांवों को अच्छा बनाने के लिए काम कर सकेंगे ऐसा मुझे लगता है।

दिंनाक 30.06.2021 तक 148.47 करोड रू0 की राशि खर्च हो चुकी है। शुरू किए गए कार्यों में 661 पूर्ण कर दिये गये हैं, 401 कार्य प्रगति पर हैं। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस–II में 1242 गांवों की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं जिन पर 566.94 करोड़ रू0 की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त बाकी बचे गांवों में भी चरण बद्ध तरीके से कार्य करवाये जायेंगे। इन कार्यों में गन्दे पानी को गुणवत्ता सुधार हेतु तालाब बनाए जाते हैं जिसमें एनॉरोबिक तालाब (Anerobic Pond) 10 फुट गहरा, फैक्लटेटिव तालाब (Facultative Pond) 5 फुट गहरा तथा मैचौरेशन तालाब (Maturation Pond) 5 फुट गहरा बनाया जाता है। इस तकनीक से निखारे गए पानी की BOD तथा COD लेवल कम हो जाता है। इसके अतिरिक्त कई गांवों में अन्य तकनीक जैसे की Constructed wetland और सींचेवाल टाईप तीन कुओं का निर्माण भी किया जाता है तथा इस पानी का अथवा फेरबदल की हुई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबध में जिम्मेदार अधिकारियों का ब्यौरा हरियाणा सरकार के संज्ञान में प्रस्तुत किया जा सकें ताकि दोषीगण के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सके।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			पुनः खेतों के लिए उपयोग किया जाता है। इसी प्रकार फेज–1 में 1358 गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन के कार्य स्वीकृत किए हैं जिन पर 48.63 करोड की राशि स्वीकृत की गई हैं तथा दिनांक 30.06.2021 तक 33.20 करोड रू0 की राशि खर्च की गई हैं। 1358 कार्यों में से 883 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 88 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इसी प्रकार फेज–2 में 493 ठोस कचरा प्रबंधन के कार्य स्वीकृत किए गए थे जिन पर 10.37 करोड की राशि स्वीकृत की गई थी। दिनाक 30.06.2021 तक 4.06 करोड की राशि इन कार्यों पर खर्च की जा चुकी है। 493 कार्यों में से 160 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 70 कार्य प्रगति पर हैं। 1164 ग्राम पंचायतों मे ठोस कचरा प्रबंधन का कार्य एजेंसीयों द्वारा या	

ग्राम पंचायतों द्वारा अपने स्तर पर किया जा रहा है। अगले 5 वर्षो मे सभी ग्राम पंचायतो मे ठोस कचरा प्रबंधन के शेडो का निर्माण कर ठोस कचरा प्रबंधन का कार्य किये जाने का लक्ष्य है। यद्यपि सरकार ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु एक विस्तृत समाधान पर कार्य कर रही है परन्तु उस कार्य में कुछ चुनौतियां भी हैं जैसे आबदी के अन्दर स्थित तालाबों के पानी को आबादी से बाहर निकालने की समस्या, पानी की गुणवत्ता हेतु बायो आक्सीजन डिमांड (बी0ओ0डी0) को कायम रखना, बरसात के मौसम में तालाबों का ओवरफलो होना, तथा पानी की निकासी आदि कई चुनौतियां है क्योंकि परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात उनका रख–रखाव करना ग्राम पंचायत की जिम्मेवारी होती है और सभी प्रयत्न तब तक सफल नहीं होंगे जब तक जनता स्वयं इसे अपने स्वास्थय के लिये जरूरी नहीं समझेगी। इसलिये एसबीएमजी का विशेष जोर लोगों में वातावरण स्वास्थ्य तथा स्वच्छता आदि के प्रति जागरूक करके

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			उनकी विचारधारा में परिवर्तन लाना है।	
			उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत करवाया जाता है कि हरियाणा सरकार द्वारा राजपत्र अधिसूचना दिनांक 19.08.2018 द्वारा हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण (एच0पी0डब्लू0डब्लू0एम0ए0) का गठन किया गया हैं। एच0पी0डब्लू0 डब्लू0एम0ए0 द्वारा 15662 ग्रामीण तालाबों का रिकार्ड अपनी वेबसाईट www.hpwwma.org.in पर डाला गया है। जिसमें तालाबों बारे सारी जानकारी उपलब्ध है। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा भी अपने स्तर पर तालाबों का योजनाबद्व तरीके से विकास करवाया जा रहा है।	

474. श्रीमती नैना सिंह चौटाला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 29 : क्या उप मुख्यमंत्री कृप्या बताएगें कि बाढ़ड़ा निर्वाचनक्षेत्र के गांव घसोला, ऊन, बलरोड़, ककडोली, सरदारा, कडीरूपा, मण्डी खेड़ा, नन्धा, मेहरा, आर्य नगर, तथा मौरी में माननीय मुख्यमृत्री द्वारा घोषित पार्क–कम–व्यायामशाला का निर्माण कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?

25.02.2020

क्र. सं.	सीएम घोषणा कोड नं.	गाँव	स्वीकृत राशि	कार्य की वर्तमान स्थिति	कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि
1.	24283	आर्य नगर	4935000	प्रगति पर	31.5.2020
2.	24277	बालरोड	3330000	प्रगति पर	31.5.2020
3.	24275	घासाला	3330000	प्रगति पर	31.5.2020
4.	24278	काकरोली सरदारा	3678000	प्रगति पर	31.5.2020
5.	24279	कारी रूपा	4935000	प्रगति पर	31.5.2020
6.	24280	मंडी केहर	3242000	प्रगति पर	31.5.2020
7.	24281	मेहरा	3195000	प्रगति पर	31.5.2020
8.	24284	मौड़ी	4935000	प्रगति पर	31.5.2020
9.	24282	नांधा	4935000	प्रगति पर	31.5.2020
10.	24276	उण	3330000	प्रगति पर	31.5.2020

25.02.2020

475. श्री बलबीर सिंह, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 271 : क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

क) क्या यह तथ्य है कि गांव खुखराना के साथ लगते पानीपत थर्मल प्लांट तथा

श्रीमान, (क) तथा (ख) जबकि पानीपत थर्मल पावर स्टेशन (पी.टी.पी.एस.) की यूनिट 1–4 तथा यूनिट–5 क्रमशः वर्ष 2015 एवं 2019 में बंद होने से प्रदूषण की समस्या कम हुई, गांव खुखराना को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

सीमेंट कारखाने की राख तथा उत्सर्जित अपव्यय द्वारा गांव का पर्यावरण दूषित हो रहा है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या को देखते हुए उक्त गांव को स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है ?

विचाराधीन है जिसके लिए विकास कार्य चल रहे हैं।

04.03.2020

476. तारांकित प्रश्न संख्या 180 के सन्दर्भ में श्री सुभाष गांगोली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : ******अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि आज बजट सैशन का लॉस्ट दिन है, इसलिए मेरे स्टेडियम (to construct sports stadium in village Hatt of Safidon Assembly Constituency) बनाने के प्रश्न का हां में जवाब दिया जाए।

*****अभी तक वहां पर स्टेडियम बनाने का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन मैं इसके लिए सर्वे करवा लूंगा। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन में यही कहना चाहूंगा कि जहां–जहां खिलाड़ी जो–जो गेम खेलता है, उसके हिसाब से सर्वे करवा कर उसी जगह पर मैदान बनाए जाएंगे। विभाग स्टेडियम में पवेलियन बनाने पर होने वाले खर्च की बजाए वह राशि खिलाड़ियों की डाईट इत्यादि पर लगाना चाहते हैं ताकि खिलाड़ी खेल की फील्ड में

आगे बढ़ सकें और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।*****

5.11.2020

477. श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 176 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि राज्य के गांवों में निर्मित व्यायामशालायों की अवस्था बहुत बुरी है उनके उचित रख रखाव की आवश्यकता है; यदि हां, तो क्या राज्य में व्यायामशालाओं के रख रखाव के लिए उचित प्रबन्ध करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

XXX विकास एवं पंचायत विभाग और बोर्ड द्वारा एच.आर.डी.एफ.ए. पार्क व व्यायामशालाओं के निर्माण के लिए धनराशि जारी की जा रही है। जहां तक इन पार्क व व्यायामशालाओं के रखरखाव का सवाल है तो यह राज्य सरकार के स्तर पर तय किया गया है कि इन पार्क व व्यायामशालाओं का स्वामित्व और रखरखाव ग्राम पंचायतों के पास रहेगा और इसके मामलों की देखभाल एक समिति द्वारा जिसके सदस्य (1) सरपंच, (2) दो पंच, (3) ग्राम सचिव और (4) संबंधित ग्राम पंचायत का कनिष्ठ अभियंता (प.रा.) होंगे, की जायेगी। पूर्व में, पंचायतों की संपत्ति के रखरखाव के लिए विकास एवं पंचायत विभाग में कोई प्रावधान नहीं था। लेकिन अब पंचायत की सम्पतियों, जिसमें व्यायामशालायें भी शामिल हैं, के रखरखाव के लिए राशि उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		6.11.2020		
478.	तारांकित प्रश्न संख्या 852 के संदर्भ में श्रीमती रेणु बाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से यह बात पूछना चाहती हूं कि हल्का साढौरा के गांव मलिकपुर बांगर में 400 एकड़ पंचायती जमीन को एक्वॉयर करके गोशाला बनाने की बात कही गई थी वहां पर गोशाला कब तक बन जायेगी?	अध्यक्ष जी, जो माननीय सदस्या ने बात रखी मैं उस सम्बन्ध में यह कहना चाहूंगा कि यह मामला सरकार के विचाराधीन है। मगर जिस भूमि की बात माननीय सदस्या कर रही हैं वह लो–लाईंग एरिया है जिस कारण वहां पर बड़ी मात्रा में पानी खड़ा रहता है। मैं उसकी फिजीबिलिटी रिपोर्ट को दोबारा से मंगवा लेता हूं। इस भूमि को एक्वॉयर करने की जरूरत नहीं है क्योंकि पंचायत ने सरकार को यह भूमि ऑफर की थी। इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करके माननीय सदस्या को सूचित कर दिया जायेगा।		
		10.03.2021		
479.	तारांकित प्रश्न संख्या 870 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, दिल्ली में यह मुद्दा बड़ी भावुकता के साथ उठा था कि दिल्ली में एक मंदिर तोड़ दिया	अध्यक्ष महोदय, यह जमीन पंचायत विभाग से संबंधित है। इस जमीन का रैजोल्यूशन हो चुका है और रैजोल्यूशन उपायुक्त, कुरूक्षेत्र के पास आ चुका है। सरकार इसको जल्दी ही टेकअप करेगी।		

गया। मेरा सवाल यह है कि हमारे मैनीफैस्टो में सरकार ने यह घोषणा की हुई है कि हम कुरूक्षेत्र में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी के नाम से एक भव्य मंदिर 5 एकड़ जमीन पर बनायेंगे। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि कुरूक्षेत्र के पास 2 किलोमीटर दूर उमरी गांव में 5 एकड़ जमीन पंचायत द्वारा दे दी गई है। उपायुक्त, कुरूक्षेत्र से यह प्रस्ताव मंजूर हो कर भी चला गया है। सरकार के नोटिस में भी है कि वहां पर मंदिर बनेगा। यह केवल मंदिर ही नहीं बनेगा बल्कि इसमें कोचिंग सैन्टर, कम्प्यूटर सैन्टर, स्मार्ट क्लास रूम्स वगैरह की सुविधा भी होगी। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से केवल इतना जानना चाहता हूं कि जब जमीन दे दी गई है मैं केवल प्रावधान जानना चाहता हूं तो फिर जवाब (गृह मंत्री अनिल विज के माध्यम से) नहीं में क्यों आया है?

17.03.2021

480. तारांकित प्रश्न संख्या 894 के संदर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया

हमारे प्रदेश की कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जिनके पास अपना कोई सोर्स ऑफ इन्कम

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

अनुपूरक प्रश्न : XX मैंने पिछले डेढ़ साल में एक चीज महसूस की कि यदि गांवों में हम एक कास्ट के लोगों के लिए चौपाल बनवा देते हैं तो दूसरी कास्ट के लोग कम्पीटिशन करने लग जाते हैं, जिसके कारण सरकार द्वारा लगाया गया फंड दिखाई नहीं देता है। हमने भी इस बारे में कई बार लोगों से बात की है और वे लोग खुश भी हो जाते हैं। मेरा निवेदन है कि बड़ी पंचायती जमीन में सामुदायिक केन्द्र बनाये जायें ताकि लोग उसमें अपने बच्चों की शादी कर सकें। यदि ऐसा होता है तो उनका वर्डन खत्म हो जाएगा। ऐसा लोग भी चाहते हैं इसलिए मेरी सरकार से विनती है कि इस पर विचार किया जाये।

नहीं होता है। हमारी सरकार द्वारा उन ग्राम पंचायतों को फंड देने के लिए प्रयास किया जायेगा। अपने समय में मैचिंग ग्रांट से संबंधित चौधरी देवी लाल जी ने भी प्रयास किया था और आने वाले वित्त वर्ष में हमारी सरकार भी मैचिंग ग्रांट की व्यवस्था को बढ़ाने का काम करेगी। जिसके कारण ग्राम पंचायत की इन्वेस्टमैंट होगी या गांव की सामाजिक तौर पर कलैक्शन की इन्वेस्टमैंट होगी। हमारी सरकार इसको मैच करके एटलिस्ट ऐसे सामुदायिक केन्द्रों को डिवैल्प करने के लिए प्रोत्साहन जरूर देगी।

9.03.2021

481. श्री इंदुराज, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 801 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र

श्रीमान् जी, बडौदा विधानसभा क्षेत्र के पाँच गावों बुटाना, गंगाना, शामरी, मुण्डलाना व चिड़ाना के कार्य पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं तथा कार्य

बरोदा के गांव कथूरा, बरोदा, बुटानां गंगाना, शामड़ी, चिड़ाना, मुण्डलाना, घड़वाल, भवर तथा रिंढाणा में गंदे पानी की निकासी करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

तारांकित प्रश्न संख्या–912 के संदर्भ में श्री इन्दु राज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री से पूछना चाहूंगा कि इन गांवों में गंदे पानी की निकासी के कार्य कब तक पूरे हो जायेंगे?

प्रगति पर हैं। शेष पाँच गांवों कथूरा, बरोदा, घड़वाल, भांवर तथा खिाना हेतु प्राक्कलन बनवाए जा चुके हैं तथा कार्य अगले वित्तीय वर्ष में लिया जाना प्रस्तावित है। XX पांच गांव कथूरा, बरोदा, घड़वाल, भावड़ और खिाना में एडीशनल कार्यों के लिए 3.80 करोड़ रुपये का ऐस्टीमेट बना दिया गया है और इनके कार्य भी जल्द ही शुरू करवा दिये जायेंगे। XX हम इन कार्यों को करने के लिए ई–टेंडर भी करवायेंगे और इन कार्यों को शीघ्र ही पूरा करवाने का काम किया जायेगा। हमारी पार्टी का भी बरोदा विधान सभा क्षेत्र से काफी लगाव रहा है और इस क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी कमी नहीं रहने दी जायेगी।

10.03.2021

482. श्रीमती नैना सिंह चौटाला, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 337 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या बाढ़डा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के बाढ़डा कस्बे में एक पार्क विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त पार्क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?

क) जी हां, श्रीमान जी!

(ख) जिला प्रशासन से अनुमान प्राप्त हो चुका है तथा पार्क सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन की तारीख से 6 माह के भीतर विकसित करवा दिया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

10.03.2021

483. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 191 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि एन.आई.टी फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव कुरेशीपुर की सड़क खराब अवस्था में है तथा उक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है ?

हां, श्रीमान जी। सड़क ठीक हालत में नहीं है। सड़क को हाल ही में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (HSAMB) से स्थानांतरित किया गया है। इस सड़क की मरम्मत की अनुमानित लागत 92.38 लाख रुपये का अनुमान सरकार की स्वीकृति के लिए विचाराधीन है। इसलिए इस स्तर पर कोई समय सीमा नहीं दी जा सकती।

15.03.2021

484. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 193 क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि एन.आई.टी फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के वार्ड नं. 1 की राजीव कॉलोनी में राजकीय विद्यालय की गली बुरी अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त गली को कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है ?

जी हां, श्रीमान जी। प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है और कार्य की मंजूरी के बाद उक्त गली का निर्माण 6 महीने के भीतर करवा दिया जाएगा।

23.08.2021

485. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 384 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे–

(क) क्या यह तथ्य है कि शिकायत समिति, फरीदाबाद के पत्र क्रमांक–एल.एफ.ए/2019/1524 दिनांक 27/09/2019 को राजीव कॉलोनी, बांके बिहारी कॉलोनी गली नं. 1–7 के श्री देवी चरण शर्मा प्रधान तथा सभी निवासियों द्वारा शिकायत दी गई है परन्तु अब तक उक्त शिकायत पर सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त शिकायत का समाधान करने के पश्चात् राजीव कॉलोनी में बांके बिहारी मंदिर की मुख्य सड़क के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

(क) जी हाँ, श्रीमान जी।

उक्त शिकायत जिला लोक शिकायत एवं निवारण समिति की बैठक में उठाई गई थी, जिस पर समिति के अध्यक्ष ने आयुक्त, नगर निगम, फरीदाबाद को नालों की सफाई करवाकर रुके हुए पानी की समस्या का समाधान करने का आदेश दिया और एक्सियन (पी.आर.) को राजीव कालोनी स्थित बांके बिहारी मंदिर के मुख्य मार्ग को विधायक फण्ड के अंतर्गत कार्य को करवाने के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिये थे और शिकायत फाइल कर दी गयी थी।

(ख) जब भी विधायक, एन.आई.टी. फरीदाबाद द्वारा कार्य का अनुमान विधायक फण्ड के अन्तर्गत तैयार करने की सिफारिश एक्सियन (पी.आर.) फरीदाबाद को प्रदान की जाती है, नियमानुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

24.08.2021

486. श्री वरूण चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 412 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि मुलाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 25284 के

श्रीमान् जी, निम्न सारणीबद्ध विवरण अनुसार मुख्य मंत्री घोषणा संख्या 25284 के तहत मुलाना विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के क्रियान्वयन व निविदाएँ आमंत्रित करने में कोई विलम्ब नहीं हुआ है :–

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

अंतर्गत पांच करोड़ रूपए के विकास कार्यों के लिए निविदाएं निष्पादित करने तथा जारी करने में देरी करने के क्या कारण हैं ?

क्र. सं.	खण्ड	स्वीकृत राशी (राशि लाख रू0 में)	राशी जारी करने की तिथि	स्वीकृत कार्यों की संख्या	पूर्ण कार्यों की संख्या	भौतिक शुरू नहीं करवाए गए कार्यों की संख्या	स्थिति टिप्पणी
1	अम्बाला –I	75.76	31.03.202116	14	2		मु0 5 लाख रू0 से अधिक लागत के 2 कार्यों की निविदाएँ दिनांक 14.09.2021 को प्राप्त की जाऐंगी।
2	साहा	211.54	20.8.2021	24	0	24	मु0 5 लाख रू0 तक की लागत के 21 कार्यों को विभागीय तौर पर जल्दी ही शुरू करवाया जाएगा। मु0 5 लाख रूपये से अधिक लागत के 3 कार्यों की निविदाएँ दिनांक 07.09.2021 को प्राप्त की जाऐंगी।
3	बराडा			23	0	23	मु0 5 लाख रू0 तक के 19 कार्यों को विभागीय तौर पर जल्दी ही शुरू करवाया जाएगा। मु0 5 लाख रू0 से अधिक लागत के 4 कार्यों की निविदाएं दिनांक 07.09.2021 को प्राप्त की जाएगी।
	कुल	287.30		63	14	49	

22.12.2021

487. श्री सीताराम यादव, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1376 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव बाघोत तथा खेड़ी तलवाना में सीवरेज उपचार संयत्र तथा सीवरेज प्रणाली को लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जिसकी आबादी दस हजार है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है?

xxx अध्यक्ष महोदय, XXX बाघोत गांव की आबादी 5228 है, खेड़ी गांव की आबादी 6457 है और तलवाना गांव की आबादी 1631 है। महाग्राम योजना के तहत सीवरेज लगवाने के लिए गांव की जनसंख्या 10,000 से ज्यादा निर्धारित की गई है। गगग अब महाग्राम योजना को भी तीन हिस्सों में बनाने का काम किया जायेगा। इसके तहत 10,000 से ज्यादा आबादी वाले गांवों में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट लगाया जायेगा, 8000 से 10,000 की आबादी वाले गांवों को एफ.एस.टी.पी. की सुविधा के साथ अपग्रेड किया जायेगा और 5000 से 8000 की आबादी वाले गावों को पौंड अथारिटी एक नयी परियोजना के साथ टेक अप करेगी। जैसे ही जनगणना के आंकड़ें आएंगे तो माननीय सदस्य को संबंधित आंकड़ें दे दिए जायेंगे और उनके अनुसार काम भी शुरू करेंगे।

22.12.2021

488. तारांकित प्रश्न संख्या–1376 के संदर्भ में श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, अटेली विधान सभा के 9 गांवों क्रमशः सेहलंग,

अध्यक्ष महोदय, गगग आज के दिन पूरे प्रदेश के गांवों के तालाब/जोहड़ पहले से बहुत ज्यादा बदतर हालत में हैं। इसके लिए पौंड अथॉरिटी को आदेश दिए गए हैं और एच.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	बाघोत, खेड़ी– तलवाना, भौजावास, धनौंदा, मिर्जापुर, बाछौद, दौंगड़ा अहीर और कांटी की आबादी लगभग 10,000 से ज्यादा है। गगग मेरा माननीय उप मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इन 9 गांवों में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट लगांकर गंदे पानी को साफ करवाकर किसी नदी–नाले में या एग्रीकल्वर परपज के लिए यूज किया जाए। xxx अध्यक्ष महोदय, xxx मेरा माननीय उप मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि इन 9 गांवों में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट लगाने के लिए इनको महाग्राम योजना से जोड़ दिया जाए lxxx	आर.डी.एफ.सी. में स्पैशल बजट डायवर्ट किया जा रहा है। जिससे तालाबों की सफाई और सौंदर्यकरण का काम किया जाएगा। माननीय विधायक जी ने जो गांव बताएं हैं उनकी भी डिटेल्ड रिपोर्ट जल्द मंगवाकर नियमानुसार काम शुरू किया जाएगा।		
		22.12.2021		
489.	सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों/मांगों के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये जवाब के संदर्भ में।	अध्यक्ष महोदय, हमें यह मानने में कोई एतराज नहीं है कि पिछले दो वर्षों में हम कोविड–19 की वजह से उस गति से विकास के काम नहीं कर पाये जिस गति से काम करने की हमारी		

सोच थी। यह स्वाभाविक है कि जब सारे देश में स्लम्प आया था तो हमारे प्रदेश में भी स्लम्प आया लेकिन राष्ट्रीय स्तर से हमारा स्लम्प कम था। हम अपेक्षा करते हैं कि सरकार का अगला वर्ष ठीक–ठाक निकलेगा और हम अपने कार्मों की गति को बढ़ाते हुए आगे बढ़ेंगे। जो डिमांड्ज इस वर्ष के अंतर्गत दे दी गई हैं हम उनको तो अवश्य पूरा करेंगे। हम एक बार तो बजट सत्र से पहले सामूहिक विचार–विमर्श कर चुके हैं और हमने उसमें माननीय सदस्यों की काफी डिमांड्ज को स्वीकार भी किया था। जब बजट सत्र आयेगा तो हम चाहेंगे कि जनवरी के महीने में सभी माननीय सदस्य अगले बजट के लिए अपने–अपने क्षेत्र की अप्रैल ओनवर्ड्स बड़े कामों को लिख लें परन्तु गली वगैरह के छोटे काम न लिखें। (विघ्न) प्रत्येक माननीय सदस्य को एक बार 5 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। जिस माननीय सदस्य को यह राशि नहीं मिली होगी उनको भी मिल जाएगी। अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि वर्ष 2020 के बजट में 5 करोड़ रुपये की घोषणा की गई थी। हर वर्ष के लिए 5 करोड़ रुपये मिलेंगे ऐसा नहीं मानना है। यह राशि 5 साल के लिए एक बार मिलेगी। (शोर एवं व्यवधान) आप मेरी बात सुनिये। इस विषय को

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		मेरे ओ.एस.डी. श्री सतीश सैनी देखते हैं। वे ही मुझे आकर बताते हैं कि किसके रुपये चले गए हैं और किसके रह गये हैं। अतः एक बार माननीय सदस्य उनसे मिल लें। (विघ्न) 5 करोड़ रुपये सबको मिलेंगे। अध्यक्ष महोदय, ऐसा नहीं है। अगर किसी को 5 करोड़ रुपये नहीं भी मिले होंगे तो भी 31 मार्च से पहले–पहले सभी माननीय सदस्यों को रुपये मिल जाएंगे । इस वर्ष के बजट में सभी को रुपये मिल जाएंगे। (शोर एवं व्यवधान) जब मैंने कह दिया है तो सभी माननीय सदस्यों को रुपये अवश्य मिल जाएंगे। (शोर एवं व्यवधान)		
		23.10.2017		
490.	श्री जय प्रकाश द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 2102 क्या कृषि मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अनाज मंडी कलायत से गांव खरक पांडवा तक सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार	XX अध्यक्ष महोदय, भाई जय प्रकाश जी अनाज मंडी कलायत से गांव खरक पांडवा तक एक सड़क बनवाना चाहते हैं जिसके लिए डिपार्टमैंट ने तो "ना" कही है लेकिन भाई जय प्रकाश जी की चिंता के मद्देनज़र		

के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की सम्भावना है?

मैं आश्वस्त करता हूँ कि इनके द्वारा इस सड़क को बनाने संबंधी प्रपोजल को मैं स्वीकार करता हूँ और जल्द से जल्द इस सड़क को बना दिया जायेगा।

22.12.2021

491. तारांकित प्रश्न संख्या–1337 के संदर्भ में श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः माननीय अध्यक्ष महोदय जी, XXX मेरे हल्का इसराना में गांव सिंहपुरा से लेकर बोहली तक पानी की निकासी के जो दो नाले हैं उनमें इस समय पानी की निकासी नहीं हो रही है। XXX वहां पर सड़क टूटी हुई थी जिसको मैंने माननीय उप मुख्यमंत्री जी को रिक्वैस्ट करके बनवाने का काम किया था। वहां पर पानी की निकासी न होने की वजह से उस सड़क के फिर से टूटने की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता। XXXXXX मैं मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि इन दोनों नालों के पानी की निकासी का प्रबन्ध तुरंत प्रभाव से गांव पाबड़ी के पास पड़ने वाले बड़े नाले में किया जाये XXX

अध्यक्ष महोदय, XXX हरियाणा सरकार ने जहां–जहां पर भी पानी उपलब्ध है वहां–वहां पर एस.टी.पी. लगाकर उस पानी को सिंचाई के काम में प्रयोग में लाया जा सके, इसके लिए हमारी सरकार ने बाकायदा से योजना बनाई है। XXX अगर माननीय सदस्य हमें जमीन उपलब्ध करवा दें तो उस पानी को साफ करके खेती में सिंचाई के काम में आने के लिए हम प्रावधान कर देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20.12.2021		
492.	श्री राम कुमार गौतम, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1288: क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि नारनौंद निर्वाचन क्षेत्र में बास नगर पालिका की ऑफिस बिल्डिंग के लिए साथ ही साथ बास के नगर क्षेत्र के सीवरेज पानी की निकासी के लिए भूमि अधिग्रहण कब तक किए जाने की संभावना है?	**** बास में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए 4 एकड़ भूमि की आवश्यकता को पी.एच.ई.डी. द्वारा ई–भूमि पोर्टल पर 10.12.2021 को अपलोड किया गया था और भूमि मालिकों से आज तक भूमि का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। भूमि मालिकों से प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी। कार्यालय भवन निर्माण के लिए नगर पालिका, बास ने नगर पालिका की भूमि भाकलाना रोड पर निर्धारित की है। अनुमान तैयार होने और उसे उद्देश्य के लिए धनराशि उपलब्ध होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।	
		02.03.2022		
493.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	प्रदेश में तालाबों के सुधार के लिए हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण		

गठित किया गया है। इसने वर्ष 2022–23 और 2023–24 के दौरान प्रथम चरण में 1802 गांवों में वेटलैंड टेक्नॉलोजी के माध्यम से 4554 तालाबों के पुनर्वास, नवीनीकरण व पुनरोद्धार का कार्य हाथ में लिया है।

03.03.2022

528. तारांकित प्रश्न संख्या 1397 के संदर्भ में श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया इसके लिए आपका धन्यवाद। अध्यक्ष महोदय, जी.एम.डी.ए. की रिपोर्ट के अनुसार एस.टी.पी., धनवापुर की कैपेसिटी 218 एम.एल.डी. है। मेरी टीम ने आज सुबह उस नहर को नापा है। उसमें 258 एम.एल.डी. पानी चल रहा है। मेरा प्रश्न है कि यह अतिरिक्त 40 एम.एल.डी. पानी कहां से आया ? अब तो कोई बारिश का मौसम भी नहीं है। इसके अलावा यह कैसे माना जा सकता है कि यह पानी ट्रीटेड है या नहीं क्योंकि पानी की क्वालिटी चैक करने के लिए लैग–2 और लैग–3 पर लाइव इक्यूपमैंट नहीं लगे हुए हैं ? लाइव अध्यक्ष महोदय, अभी तक उन नालों के डिस्चार्ज को नापने का हमने कोई परमानैंट सिस्टम नहीं बनाया है। जब भी हमें उसे चैक करना होता है तो हम उसे जाकर चैक कर लेते हैं। भविष्य में हम कोई ऐसा प्रावधान करेंगे जिससे सारे नाले के डिस्चार्ज पानी के बारे में हमें पता चल जाये कि इस वक्त कितना पानी डिस्चार्ज हो रहा है और उसी हिसाब से जितनी जरूरत होगी प्रोजैक्ट को डिजाइन करेंगे और तैयार करवायेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

इक्यूपमैंट केवल लैग–1 पर लगे हुए हैं। उसके लिए साइड से एक छोटी–सी ब्रांच अलग से निकाल रखी है और उसमें से ही साफ पानी निकाला जाता है। अतः जब तक पानी की क्वालिटी चैक नहीं की जाएगी तब तक इसे ट्रीटेड नहीं माना जा सकता।

17.12.2021

529. तारांकित प्रश्न संख्या 1397 के संदर्भ में श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, एन.जी.टी. ने तो मनमाने तरीके से इसकी रिपोर्ट तैयार की है। नजफगढ़ का इलाका दिल्ली में पड़ता है और वह हरियाणा प्रदेश के बॉर्डर से 12 किलोमीटर की दूरी पर है। पुराने जमाने के लोग उस इलाके को नजफगढ की झील के नाम से जानते थे और अगर उस नहर को तोड़ दिया जाए तो उसका सारा पानी नजफगढ में पड़ेगा, परन्तु अध्यक्ष महोदय, यह बात सही है कि नजफगढ का क्षेत्र लो लाईंग है। इसमें संबंधित झील उनकी तरफ बननी चाहिए थी, लेकिन दिल्ली सरकार ने वहां पर बांध बना दिया है जिसके कारण वह पानी हमारे क्षेत्र में आता है। इसके लिए हरियाणा सरकार पूरा प्रयत्न कर रही है कि उस इलाके का ट्रीटेड वॉटर ड्रेन के माध्यम से यमुना में जाए और उसका कंट्रोल हमारे पास रहे।

XXX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि यह इन्टर–स्टेट मामला है और एन.जी.टी. में

आज उसकी वजह से हरियाणा प्रदेश सफरर हो रहा है। दिल्ली सरकार ने चालाकी करके इस समस्या से खुद के एरिया को सेफ कर लिया है।

530. श्री चिरंजीव राव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 528 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाई, 2021 के दौरान धारूहेड़ा के सेक्टर–4, हाउसिंग बोर्ड अम्बेडकर पार्क तथा अन्य हिस्सों में रसायन मिश्रित वर्षा का पानी भर गया; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

चल रहा है। सरकार इस मामले में अपना पक्ष मजबूती से रख रही है और इस क्षेत्र का पानी निकालने की पूरी योजना है।

21.12.2021

(क) हाँ श्रीमान जी।

(ख) ऐसी बाढ़ का मुख्य कारण भिवाड़ी (राजस्थान) के औद्योगिक और घरेलू क्षेत्र से आने वाला अपशिष्ट जल था। इस समस्या के समाधान के लिए दिनांक 09.04.2021 को कलेक्टर अलवर के साथ उपायुक्त रेवाड़ी की बैठक हुई जिसमें कलेक्टर अलवर द्वारा सूचित किया गया कि भिवाड़ी की औद्योगिक इकाई द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट के उपचार के लिए 9 एमएलडी सीईटीपी स्थापित करने का प्रस्ताव राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेष निगम (रीको) के विचाराधीन है और इसके लिए शीघ्र ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। इसके अलावा मीटिंग में यह भी निर्णय लिया गया की एमसी–भिवाड़ी सीवेज के अनुपचारित बहाव को सीवर लाइन में तत्काल टेप करेगा। उक्त सीईटीपी का काम पूरा होने के बाद भिवाड़ी से आने वाले गंदे पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

8.03.2021

531. श्री दीपक मंगला, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 285 क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि हुडा सैक्टर–21, पलवल में परिवहन नगर का विकास कार्य अब तक आरम्भ नहीं हुआ हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो परिवहन नगर का विकास कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

(क) परिवहन नगर सैक्टर–21, पलवल में विकास कार्य अभी तक आरम्भ नहीं हुआ है, क्योंकि उसके लिए अनुमान तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है।

(ख) जलापूर्ति, सीवरेज, बरसाती पानी की निकासी, आंतरिक सड़कें व पार्किंग इत्यादि के विकास कार्य अनुमान की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्ति के बाद आरम्भ किए जाएंगे।

22.12.2021

532. तारांकित प्रश्न संख्या–1292 के संदर्भ में डॉ. कमल गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न: अध्यक्ष महोदय, हमारे हिसार शहर के सैक्टर 14 और 23 के लिए 15 एम.एल.डी. कैपेसिटी का भी एक एस.टी.पी. बन रहा है। मैं जानना चाहता हूँ कि उसका निर्माण कब तक हो जायेगा ?

अध्यक्ष महोदय, हिसार शहर के सैक्टर 14 और 23 में एस.टी.पी. 3–4 महीने में बन जायेगा। xxx

22.12.2021

533. श्री नीरज शर्मा, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 608 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) एन आई टी फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में ओवर हेड वाटर टैंकों की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सभी ओवर हैड वाटर टैंकों को सरकार द्वारा कार्यात्मक बना दिया है; यदि नहीं, तो उक्त वाटर टैंकों को कब तक कार्यात्मक बनाये जाने की संभावना है?

(क) xxx

(ख) xxx

इन ओवरहेड पानी के टैंकों को पर्याप्त पानी, जिसे फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफ.एम.डी. ए.) द्वारा प्रदान किया जाना है, की उपलब्धता के बाद कार्यशील बनाया जाएगा।

22.12.2021

534. दि हरियाणा मैनेजमैंट ऑफ़ सिविक अमैनिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेफिशियंट एरियाज आउटसाइड म्युनिसिपल एरिया (स्पेशल प्रौविजंस) बिल, 2021 के संदर्भ में श्री राम कुमार गौतम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल के संबंध में कहना चाहता हूं कि गावों में नक्शे का कोई मतलब नहीं होता है इसलिए इस बिल के माध्यम से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग का लफडा ही खत्म कर दीजीए। ****

गौतम जी, हम वहां पर पंचायत बना देंगे। गौतम जी, इन कॉलोनियों को रैगुलराइज कर दिया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	अध्यक्ष महोदय, जिस तरह से हमारा बास गांव है, सिसाय गांव है तो वे भी गांव ही है। गांव तो गांव ही रहेगा। मैं कहना चाहता हूं कि इनमें आउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग का जो रोल है, उनको खत्म करने का काम किया जाये। **** अध्यक्ष महोदय, सरकार वहां पर कमेटी बना रही है। (विघ्न) वहां पर जितनी भी कॉलोनियां बनी हुई हैं, मैं चाहता हूं कि इन कॉलोनियों को रैगुलाइज कर दीजीए।			
		02.03.2022		
535.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गुरुग्राम में हुडा सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन–सेक्टर–22 साइबर सिटी तक, फरीदाबाद से गुरुग्राम के बीच, रेजांगला चौक से सेक्टर–21 द्वारका तक तथा दिल्ली–सोनीपत–पानीपत–करनाल आर.आर.टी.एस. कॉरिडोर तक नई मेट्रो परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी।		

536. श्री मामन खान , द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1508 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग यादि क्रमांकः एम.आई.सी.एस. –2266/2019/एस. डी. (डी) 7/25/2019–2 टी.सी.पी. दिनांक 02.09.2019 द्वारा जारी की गई नीति के अनुसार बढाए गए एफ.ए.आर. (तल क्षेत्र अनुपात) के दृष्टिगत गुरूग्राम में निजी लाइसेंस प्राप्त कालोनियों में विद्यमान सेवाओं को सुदृढ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) गुरूग्राम में वर्ष 2017 से 2022 तक खरीद योग्य एफ.ए.आर. के माध्यम से एकत्रित की गई राशि का वर्ष वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) गुरूग्राम में उपरोक्त नीति के अनुसार विद्यमान अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि का उपयोग किया गया ?

(क) हां सर, नगर निगम गुरूग्राम ने सूचित किया है कि लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में मौजूदा सेवाओ को मजबूत करने का प्रस्ताव है।

(ख) विवरण सदन मे पटल पर रख दिया गया है।

(ग) गुरूग्राम मे उक्त नीति के अनुसार किसी भी राशि का उपयोग नही किया गया है।

कथन

गुरूग्राम में वर्ष 2017–2022 से क्रय योग्य एफ0ए0आर0 के माध्यम से एकत्र की गई कुल राशि का वर्षवार विवरण इस प्रकार है:–

Sr. no.	Year	T&CP (in Rs)	MCG (in Rs)
1	2017-18	1,97,50,125	84,40,83,335
2	2018-19	21,56,65,947	-
3	2019-20	1,53,84,37,362	-
4	2020-21	1,50,93,91,438	-
5	2021-22	2,96,03,73,265	-
	Total	**6,24,36,18,138**	**84,40,83,335**
कुल राशि : 708.7701 crore			

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

04.03.2022

537. श्री घनश्याम सर्राफ, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 652 क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या भिवानी में बसिया भवन से एम. एल. शर्मा अस्पताल तक ग्रीन बेल्ट विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

(क) हाँ श्रीमान जी, बसिया भवन से एम. एल. शर्मा अस्पताल तक ग्रीन बेल्ट के सुधार अथवा नवीनीकरण का प्रस्ताव है, जिसके लिए 27.70 लाख रुपये का अनुमान अनुमोदित हो चुका है।

(ख) कार्य के आबंटन के बाद, करीब 4 महीने लगेंगे।

07.03.2022

538. श्री मोहन लाल बडोली, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 1724 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या दहीसारा में स्थित रैनीवेल से कुण्डली में पेयजल आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(क) नहीं श्रीमान् जी, वर्तमान में कुंडली में रैनी वेल से पेयजल आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है क्योंकि दहीसरा में कोई रैनी वेल स्थित नहीं है।

(ख) हां श्रीमान् जी, सोनीपत के विभिन्न सैक्टरों के लिए रैनी वेल आधारित जलापूर्ति

(ख) क्या जैनपुर, टिकोला तथा मेंहदीपुर में स्थित रैनीवेल से सोनीपत के विभिन्न सैक्टरों में पेयजल आपूर्ति करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या हैं?

परियोजना को क्रियान्वित किया जा रहा है। ये रैनी वेलज जैनपुर, टिकोला और मेंहदीपुर में स्थित नहीं हैं। वास्तव में, ये रैनी वेलज गांव बख्तावरपुर में स्थित हैं जो इन गावों के निकट हैं। पारेषण लाइन बिछाने की लागत सहित इस परियोजना पर होने वाला कुल खर्च 115 करोड़ है और इस परियोजना के मई, 2022 तक कार्यशील होने की संभावना है। xx अध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने पहले भी बताया है कि माननीय सदस्य के सुझाव पर विचार करके फैसले के बारे में उनको भी सूचित कर दिया जाएगा।

08.03.2022

539. दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 235 से निकाला गया आश्वासन।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने ई–नीलामी के माध्यम से भू–खण्डों की बिक्री और अपने कर्ज के बोझ को कम करने के लिए अथक प्रयास किए हैं। हमारी आजादी के 75वें वर्ष को मनाने के लिए एचएसवीपी ने अगले पांच वर्षों में 75 नए क्षेत्रों को विकसित करने की योजना बनाई है, जिसमें 40,000 प्लॉट होंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

15.03.2022

540. तारांकित प्रश्न संख्या 1727 के संदर्भ में श्री सुधीर सिंगला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि इनके उत्तर के अन्दर ही मेरा प्रश्न लगा हुआ है। यह मेरे प्रश्न का जवाब नहीं है। इन्होंने कहा है कि इस कार्य के भाग के रूप में इफको चौक पर एन.एच.–18 पर फ्लाई ओवर के निर्माण के कारण लगभग 1700 मीटर लम्बाई की मौजूदा मास्टर सीवर लाईन को स्थानांतरित करना आवश्यक था। हालांकि, इस स्थानांतरण का कार्य केवल आंशिक हिस्सा एन.एच.ए.आई. द्वारा पूरा किया गया है। इन्होंने वर्ष 2017 में लिखा था कि यह कार्य कर दिया गया है। अब वर्ष 2017 के बाद वर्ष 2022 आ गया है। जब मैंने यह प्रश्न लगाया तो एन.एच.ए.आई. के ऑफिसर्ज ढूंढने लग अध्यक्ष महोदय, उस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। XX अध्यक्ष महोदय, मैं सदन को आश्वासन दिलाता हूं कि उस एस.डी.ई. के खिलाफ इन्क्वायरी करवाकर जो भी दोष होगा, उसके मुताबिक सजा दी जायेगी।

गये कि सीवरेज लाईन कहां पर है और सीवरेज लाईन को कनैक्ट करने की कोशिश करने लग गये हैं।। मैं पूछना चाहूंगा कि यह 7 करोड़ रुपये की पेमैंट किसके कहने से हुई है ? क्या यह पेमैंट करने से पहले साईट इंस्पैक्शन हुई थी ? क्या उस बिल का भुगतान हो गया है ? माननीय मंत्री जी कह रहे हैं कि बिल का भुगतान हो गया है तो जिसने उस बिल को वैरिफाई किया है उसका नाम भी बता दें। क्या इसमें केवल एस.डी.ई. ही जिम्मेवार है और बाकी दूसरे ऊपर वाले कोई अधिकारी जिम्मेवार नहीं हैं ? XX अध्यक्ष महोदय, आपने लिखा है कि एस.डी.ई. को स्थानांतरित कर दिया गया है। क्या इसमें इससे भी कोई ऊपर का अधिकारी मौजूद था या इस अधिकारी की जिम्मेवारी खाली साइड इन्सपैक्शन करने की थी? मुझे यह बतायें कि क्या उसने बिल वैरीफाई किया था? क्या सरकार उस पर किसी किस्म की जिम्मेवारी ठहरायेगी या नहीं? मैं यह भी बताना चाहूंगा कि वह एच. एस.वी.पी. विभाग का अधिकारी है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

16.03.2022

541. श्री दुड्ढा राम, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1688 क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या फतेहाबाद के सोमा सिटी, अल्फा सिटी तथा सैक्टर–3, हुडा को नहरी पानी की आपूर्ति के लिए नये जलघर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त जलघर के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है?

तारांकित प्रश्न संख्या 1688 के सन्दर्भ में श्री दूड्ढा राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी मौका देख लें और उस पानी को पीकर देखें। सोमा सिटी, अल्फा सिटी और सेक्टर–3 फतेहाबाद में पीने के लायक पानी नहीं है और उस सैक्टर के लोग टैंकर्ज से पानी लेकर पी रहे हैं। यह बात सही है कि वहां पर ट्यूबवैल से नीचे का पानी मिल रहा है लेकिन

****** नहर आधारित पानी के लिए जल घर के निर्माण हेतू 24.16 एकड़ भूमि सैक्टर–5, फतेहाबाद में निर्धारित की गई है। वर्तमान में, पानी की आपूर्ति 3 नलकूपों के माध्यम से की जा रही है और जब एचएसवीपी सैक्टरों में लगभग 40–50 प्रतिशत तक रिहायश हो जाएगी तब जल घर का निर्माण शुरू किया जा सकता है, जिसके निर्माण में कार्य आबंटित होने के बाद 3 वर्ष का समय लगेगा।

अध्यक्ष महोदय, मेरे पास ट्यूबवैल के पानी के बारे में रिपोर्ट आयी हुई है कि वह पोटेबल पानी नहीं है। इसकी दोबारा से जांच करवा लेते हैं और अगर कोई दिक्कत होगी तो उसको जल्दी ही ठीक करवा देंगे।

लोग टैंकर्ज से नहरी पानी लाकर पी रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि वे मौके पर जाकर देख लें। माननीय उप मुख्यमंत्री जी भी एच.एस.वी.पी. के सैक्टर– 3 में दो–तीन बार जा चुके हैं।

28.12.2022

542. श्री कृष्ण लाल मिढ्ढा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 87 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि जींद शहर में सैक्टर 6,7,8 तथा 9 की सड़कें बुरी अवस्था में हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त सड़कों के कब तक मरम्मत/निर्मित किए जाने की संभावना है ?

नहीं, श्रीमान जी।

(क) सैक्टर–6, 7, 8 व 9 जींद की सभी अंदरूनी सड़कों की विशेष मरम्मत वर्ष 2019 में शुरू की गई थी तथा ये सड़कें अक्टूबर 2022 तक डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड में थी। सैक्टर–8, 9 जींद की कुछ सड़कों की विशेष मरम्मत वर्ष 2018 में करवाई गई थी जिनका डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड अगस्त/सितंबर 2021 तक था। सैक्टर–8, 9 जींद की बाकी सड़कों की विशेष मरम्मत वर्ष 2019–2020 में करवाई गई थी। सैक्टर–8 की सड़कों का डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड अप्रैल 2022 तक था जबकि सैक्टर–9 की सड़कों का डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड सितंबर

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		2023 तक है। इन सड़कों का मरम्मतद्य रख–रखाव ह.श.वि.प्रा. द्वारा अपने स्तर पर या डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड में ठेकेदार द्वारा जरूरत अनुसार सामान्य पैच वर्क करवाकर किया जा रहा है। सैक्टर–7, 8 व 9 जींद के साथ परिधि सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य (लागत 171 लाख रुपये) तथा जींद–सफीदों सड़क पर दालमवाला अस्पताल से शुरू होने वाली सड़क को सुदृढ़ बनाने का कार्य (लागत 80.10 लाख रुपये) की निविदायें प्राप्त की जा चुकी है तथा इनका विशलेषण किए जा रहा है। इन कार्यों को आबंटन की तिथि के 4 महीने के अंदर पूरा कर लिए जाने की संभावना है।		
		28.12.2022		
543.	श्री घनश्याम सर्राफ द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 104 क्या	श्रीमान जी, ह.श.वि.प्रा. द्वारा सैक्टर–14, भिवानी में जिमखाना क्लब भवन का निर्माण कार्य		

मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि भिवानी में जिमखाना क्लब, हुड्डा भवन तथा वृद्ध आश्रम के निर्माण कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

लगभग 60 फीसदी पूरा किया जा चुका है। कार्य के निष्पादन के दौरान साईट की स्थितियों के कारण आकलन में संशोधन आवश्यक हो गया है। तदनुसर, संशोधित आकलन तैयार किया गया है और यह अनुमोदन के अधीन है। इस संशोधित आकलन के अनुमोदन के 6 महीने के भीतर कार्य पूरा कर लिये जाने की संभावना है।

इसके अलावा, वृद्धाश्रम का निर्माण ह.श.वि.प्रा. द्वारा पहले ही किया जा चुका है तथा इसे वर्ष 2012 में समाज कल्याण विभाग को सौंप दिया गया है।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SPORTS AND YOUTH AFFAIRS DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

11.09.2018

544. तारांकित प्रश्न संख्या 2855 के संदर्भ में श्री सुभाष सुधा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि जिला कुरूक्षेत्र में साइकलिंग के लगभग 100 खिलाड़ी मौजूद हैं लेकिन वर्ष 2006 से लेकर वर्ष 2015 तक रोड पर साइकलिंग की प्रैक्टिस करते हुए 3 खिलाड़ियों की मौत हो गई है। अतः अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय खेल मंत्री जी से निवेदन है कि कुरूक्षेत्र में साइकलिंग के बेहतरीन खिलाड़ियों की संख्या के मद्देनज़र यहां पर जल्द से जल्द साइकिल ट्रैक का निर्माण किया जाये और जहां तक जमीन उपलब्ध कराने की बात है, जमीन की कमी को साइकलिंग ट्रैक के निर्माण में आड़े नहीं आने दिया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं खुद भी एक कार्यक्रम के दौरान माननीय सदस्य के एरिया में गया था और वहां पर एक घोषणा करके आया था कि सरकार इनके एरिया में साइकलिंग ट्रैक का निर्माण करेगी। पहले साइकलिंग ट्रैक के निर्माण में जमीन की दिक्कत आड़े आ रही थी जोकि अब दूर हो गई है क्योंकि यूनिवर्सिटी ने मान लिया है कि वह 6 एकड़ जमीन देगी जिसका जल्द ही एम.ओ.यू. होने वाला है और इस प्रकार हम जल्द ही यहां पर एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का वेलोड्रम बनाकर देंगे। निःसंदेह यहां पर साइकलिंग के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। यहां पर साइकलिंग की दो नर्सरियां भी चल रही हैं जिसके लिए हमने दो कोच भी लगा रखे हैं। खिलाड़ियों के साइकलिंग में बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए यहां पर जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साइकिल ट्रैक का निर्माण किया जायेगा।

1. जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, कुरूक्षेत्र के पत्र क्रमांक 1713, दिनांक 28.06.2021 के तहत साईक्लिंग वेलोड्रम का निर्माण कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में किरमिच रोड़ पर स्थित 06 एकड़ भूमि पर करने के लिए प्रस्ताव / एम0ओ0यू0 प्राप्त हुआ है।
2. इससे पूर्व जो प्रस्ताव / एम0ओ0यू0 प्राप्त हुआ था वह गांव मिरजापुर, तहसील थानेसर की भूमि से संबंधित था।
3. इसके उपरांत खेल विभाग तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के मध्य गांव मिरजापुर की भूमि पर साईक्लिंग वेलोड्रम के निर्माण हेतू जो एम0ओ0यू0 साईन हुआ था, उसे रद्द करवाने हेतू मिसल 13.07.2021 को माननीय मुख्य मंत्री महोदय की सेवा में भेजी गई,

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(27.10.2021)

जिस पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 26.08.2021 को अनुमोदन कर दिया गया तथा माननीय खेल मंत्री महोदय द्वारा एम0ओ0यू0 में एक मद शामिल करने हेतू आदेश दिये गये।

4. आदेशों की अनुपालना में विभाग द्वारा दिनांक 8.09.2021 को उप कुलपति कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय को एम0 ओ0 यू0 में नवीनतम मद शामिल करवाकर पुनः विभाग को भिजवाने के लिए लिखा गया है। जो विश्वविद्यालय की ओर से अभी तक विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है।

24.02.2020

545. तारांकित प्रश्न संख्या 41 के संदर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, वस्तुतः मेरा प्रश्न स्टेडियम के लिए जो मूलभूत सुविधाओं की जरूरत होती है, के संदर्भ में है। मेरे क्षेत्र में जो पुरखास गांव में स्टेडियम है वहां पर सुविधाओं का अभाव है। इस गांव से 40–50 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होकर निकले हैं। उनको अर्जुन अवार्ड

***अध्यक्ष महोदय, वर्ष 1966 से लेकर आज तक हरियाणा प्रदेश में कोई भी इंटरनेशनल इवेंट नहीं हुआ है। हमें इस दिशा में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है ताकि हमारी जो आने वाली जैनरेशन है उनकी खेलों में और ज्यादा रूचि बढ़े और उनको दूसरे युवा अपना आइडल समझकर खेलों में और ज्यादा दिलचस्पी लें। हमें खेलों में नई प्रतिभाओं व खेल नर्सरीज को नित रोज बढ़ाने का काम करना चाहिए। जो बच्चे खेलों में आगे बढ़ना चाहते हैं हमारी सरकार उन बच्चों को आगे

गांव पुरखास में राजीव गांधी खेल परिसर बना हुआ है इस स्टेडियम में शुरू से ही एक खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया हुआ है इस प्रशिक्षक द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ–साथ खिलाड़ियों के खेलने के लिए खेल का सामान भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। अतः आश्वासन संबंधी मुद्दा ड्रोप करवाया जाना प्रस्तावित है।

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(27.10.2021)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तथा एकलव्य अवार्ड तक मिल चुके हैं। कोई भी स्टेडियम महज चारदीवारी से नहीं बनता बल्कि तमाम प्रकार की अनेकों खेल सुविधाओं का समावेश करके ही कोई स्टेडियम अपना मूर्त रूप धारण कर पाता है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि पुरखास गांव के स्टेडियम की सुविधाओं की तरफ ध्यान दिया जाये और साथ ही मेरा माननीय मंत्री जी से यह भी निवेदन है कि वे एक बार हमारे पुरखास गांव का दौरा करने जरूर आयें ताकि हमारे खिलाड़ियों को और भी ज्यादा प्रोत्साहन मिले।	बढ़ाने की दिशा में भी कार्य करेगी और पुराने खिलाड़ियों को रोल मॉडल बनाकर युवाओं का खेलों के प्रति रूझान पैदा करने का काम भी किया जायेगा।		
		04.03.2020		
546.	तारांकित प्रश्न संख्या 180 के सन्दर्भ में श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जहां पर जरूरत है और जहां पर बच्चे खिलाड़ी बनना चाहते हैं, वहां पर डैफिनेटली मैदान बनाएंगे और	इस संबंध में जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, पंचकुला अपने पत्र क्रमांक–2121, दिनांक 11.10.2021 के द्वारा सूचित किया गया है कि	The Committee would like to know the latest position in this regard. (27.10.2021)

चाहूंगा कि मेरे कालका विधान सभा क्षेत्र में मात्र 2–3 स्टेडियम्ज हैं। मेरे हल्के का रैयतर क्षेत्र बहुत बड़े ब्लॉक की तरह है। वहां पर आसपास 40–50 गांव हैं। अगर वहां पर पंचायत जमीन दे दे तो क्या वहां पर स्टेडियम बना देंगे ? उस एरिया में स्टेडियम की बहुत बड़ी डिमांड है। क्या वहां पर स्टेडियम बनवा दिया जाएगा ?

मैदान खिलाड़ियों के लिए ही होते हैं। जो स्टेडियम होते हैं वे दिखाने के लिए होते हैं। जहां पर इन्टरनैशनल सुविधाएं होती हैं, उसको स्टेडियम कहते हैं और जहां पर प्रैक्टिस होती है उसको मैदान कहते हैं। जहां पर खिलाड़ियों की जरूरत होगी, वहां पर प्रैक्टिस ग्राउंड जरूर बनवाएंगे। जहां पर जिस गेम के खिलाड़ी हैं, उनको वह सुविधा जरूर देंगे।

खण्ड पिंजौर के रायतन गांव में खेल मैदान बनाने हेतू खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारी, पिंजौर को पत्र लिखा गया था कि रायतन या इसके पास लगते किसी भी गांव में खेल मैदान बन सकता है अथवा नहीं। खण्ड विकास अधिकारी, पिंजौर द्वारा अपने पत्र दिनांक 07.05.2021 के द्वारा सूचित किया है कि रायतन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवों से रिपोर्ट ली गई है, जिसमें बताया गया है कि किसी भी ग्राम पंचायत में खेल स्टेडियम के नार्म अनुसार जगह उपलब्ध नहीं है। अतः आश्वासन संबंधी मुद्धा ड्रोप करवाया जाना प्रस्तावित है।

10.03.2021

547. तारांकित प्रश्न संख्या 1038 के संदर्भ में श्री विनोद भ्याना द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, ***** हांसी के खिलाड़ियों ने जहां ओलम्पिक्स में, एशिया कॉमन वैल्थ गेम्स में और अंतरराष्ट्रीय गेम्स में न केवल भाग लिया बल्कि देश के लिए पदक भी जीतकर लाये थे। आज उस हांसी में

अध्यक्ष महोदय, ***** मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि उन्होंने हमें "खेलो इंडिया" यूथ गेम्स को होस्ट करने का मौका दिया है और यह पहली बार हुआ है। अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य हमें मैदान के लिए जमीन उपलब्ध करवा देते हैं तो हम हांसी शहर व देहात के खिलाड़ियों के लिए मैदान बनवा देंगे। सरकार की तरफ से

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इन खिलाड़ियों के लिए प्रैक्टिस करने के लिए कोई खेल स्टेडियम नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी निवेदन है कि कृपया करके इन खिलाड़ियों की सहूलियत के लिए कोई अच्छा मल्टी गेम स्टेडियम बनाया जाये ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।	हांसी शहर व देहात में रेसलिंग, बॉक्सिंग और कबड्डी इत्यादि जो फेमस गेम है, इन गेम्स को प्रोवाइड करवाने का काम किया जायेगा। हम स्टेडियम के स्थान पर कोई खेल का मैदान तैयार करके दे सकते हैं। जिससे खिलाड़ियों को आने वाले समय में बहुत फायदा होगा क्योंकि जो स्टेडियम बनाने पर जो खर्चा आता है उस खर्चे से हम खिलाड़ियों को तैयार करने का काम करेंगे।		
		15.03.2021		
548.	श्री अमित सिहाग, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 317 क्या खेल कूद एंवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गुरू गोबिन्द सिंह स्टेडियम डबवाली को पूर्णतया कार्यात्मक बनाने तथा खेल के समस्त आधारभूत संरचना से सुसज्जित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?	श्रीमान जी, गुरू गोबिन्द सिंह स्टेडियम, डबवाली पहले से ही सभी पर्याप्त खेल आधारभूत संरचनाओं से सुसज्जित तथा पूर्ण क्रियाशील है। वर्तमान में तरणताल तथा पार्किंग का निर्माण विभाग के विचाराधीन है।		

549. श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 910 क्या खेलकूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में युवा क्लबों के लिए बजट का प्रावधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

तारांकित प्रश्न संख्या 910 के संदर्भ में श्री शीशपाल सिंह केहरवाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX जो युवा क्लब होते हैं वे सरकार के साथ तालमेल करके सरकार की गतिविधियों को धरातल तक पहुंचाने का काम करते हैं इसलिए उनकी रजिस्ट्रेशन फीस माफ की जाये। जो वर्ष 2021–22 के लिए बजट आया है उसमें युवा क्लब के लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि युवा क्लबों के लिए बजट का भी प्रावधान किया जाये।

हां जी, श्रीमान। राज्य के युवा क्लबों की सहायता हेतू एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। विवरण को अंतिम रूप दिया जाना शेष है। XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि रजिस्ट्रेशन फीस को कम करने की प्रोपोजल चल रही है। इस फीस को हम बहुत ज्यादा कम करके यानी 2800 रुपये से 100 रुपये पर लाने जा रहे हैं और जैसे ही यह काम हो जायेगा, मैं माननीय सदस्य को रिपोर्ट भिजवा दूंगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		17.03.2021		
550.	तारांकित प्रश्न संख्या 910 के संदर्भ में श्री शीशपाल सिंह केहरावाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX जो युवा क्लब होते हैं वे सरकार के साथ तालमेल करके सरकार की गतिविधियों को धरातल तक पहुंचाने का काम करते हैं इसलिए उनकी रजिस्ट्रेशन फीस माफ की जाये। जो वर्ष 2021–22 के लिए बजट आया है उसमें युवा क्लब के लिए बजट का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि युवा क्लबों के लिए बजट का भी प्रावधान किया जाये।	अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि सप्लीमैंट्री बजट में इसके लिए प्रावधान कर दिया जायेगा।		
		18.03.2021		
551.	श्री हरविन्द्र कल्याण, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1013 क्या	श्रीमान जी, घरौंडा में खेल स्टेडियम को अपग्रेड करने का ऐसा कोई प्रस्ताव नही है		

खेलकूद तथा युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या घरौंडा खेलकूद स्टेडियम का दर्जा पर्याप्त आवश्यक आधारभूत अवसंरचना के साथ, उप–मण्डल स्तर के स्टेडियम के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

***** अगर मैं केवल अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ही बात करूं तो मैं बताना चाहूंगा कि पहले जो भी स्टेडियम्ज विभाग द्वारा बनाये गए थे वे केवल 15 गांवों के एरिया तक ही सीमित होते थे। हमारे यहां पर तीन स्टेडियम्ज हैं जबकि मेरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र बहुत बड़े इलाके में फैला हुआ है। इन स्टेडियम्ज में किसी भी खेल की सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं। यह ठीक है कि हमने पिछले प्लॉन में एच.आर.डी.एफ. के फंड से स्टेडियम बनाने का काम करवाया मगर परेशानी की बात यह है कि स्पोर्ट्स डिपार्टमैंट द्वारा जिस प्रकार की सुविधायें यहां पर उपलब्ध करवाई जानी चाहिए थी वह आज तक नहीं करवाई गई हैं। अतः मेरा अनुरोध है कि न केवल घरौंडा विधान सभा क्षेत्र बल्कि पूरे स्टेट का एक इस तरीके से तथापि गांव बस्ताड़ा में उप–मण्डल स्तर का स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।

***** जहां तक माननीय सदस्य ने सर्वे कराने की बात कही है तो निश्चित तौर से घरौंडा हल्के में हम सर्वे करवायेंगे और वहां पर जिन फैसिलिटीज की जरूरत होगी उनको तुरंत प्रभाव से उपलब्ध करवाने का काम किया जायेगा और जो गेम्ज वहां पर उपलब्ध हैं, उनके अलावा अन्य गेम्ज को भी बढ़ावा देने का काम करेंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

सर्वे करवाया जाये कि जहां कही भी स्पोर्ट्स फैसिलिटिज की जरूरत है, उनको तुरंत प्रभाव से पूरी करने का काम किया जाये। अध्यक्ष महोदय, मेरी यह भी डिमांड है कि मेरे यहां यमुना बैल्ट और मेरठ रोड के पार का जो मेरा इलाका है, जिसमें लगभग 60 गांव आते हैं, वहां पर भी स्पोर्ट्स स्टेडियम्ज बनाकर, स्पोर्ट्स से जुड़ी अन्य सुविधाओं को देने का काम किया जाये।

21.12.2021

552. तारांकित प्रश्न संख्या 1352 के संदर्भ में श्री शमशेर सिंह गोगी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : XX अब असंध में खेल स्टेडियम बनाने की बात हो रही है, जो इतना बड़ा शहर है। जयसिंहपुर गांव और असंध में काफी अंतर है। (विघ्न) माननीय मंत्री जी इस बारे में सदन के पटल पर सिर्फ एक बार आश्वासन ही दे दें।

XX अध्यक्ष महोदय, खेल विभाग द्वारा मैपिंग करवाई ?जा रही है, अगर माननीय सदस्य की मांग के अनुसार वह जगह सही फिट बैठती है तो वहां पर स्टेडियम बनवा दिया जायेगा।

21.12.2021

553. श्री ईश्वर सिंह, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 536 क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या राज्य में एक खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो राज्य के अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग के छात्रों और निवासियों की श्रेणी के लिए खेल विश्वविद्यालय के प्रवेश में सरकार द्वारा अपनाई गई आरक्षण नीति का ब्यौरा क्या है?

(क) राई, जिला सोनीपत में हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए एक संशोधित विधेयक 2021 के बजट सत्र में हरियाणा विधान सभा के समक्ष विचार और अनुमोदन के लिए रखा गया था, जो वर्तमान में हरियाणा विधानसभा की प्रवर समिति के विचाराधीन है।

(ख) आरक्षण नीति के संबंध में अगर प्रवर समिति के कोई दिशा निर्देश होंगे तो विभाग द्वारा खेल विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु नया विधेयक तैयार करते समय विधिवत परीक्षण कर लिया जाएगा।

12.03.2021

554. वित्त वर्ष 2021–22 के बजट के सन्दर्भ में।

प्रदेश में सरकारी और निजी स्कूलों में कुल 297 खेल नर्सरियां चल रही हैं। वैज्ञानिक प्रशिक्षण, खेल के दौरान लगने वाली चोट के उपचार और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से, हरियाणा में चार पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की गई है। एक राज्य स्तरीय पुनर्वास केन्द्र पंचकुला में स्थापित किया जाएगा, जबकि मंडल स्तर के चार केन्द्र रोहतक, गुरूग्राम, करनाल और हिसार

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		में प्रस्तावित हैं। ये केन्द्र नवीनतम विश्व स्तरीय खेल–चिकित्सा उपकरणों से लैस होंगे और योग्य कर्मचारियों, मनोवैज्ञानिक और फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा संचालित होंगे।		
		14.03.2022		
555. श्री सुभाष गांगोली, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 764 क्या खेल कूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–		अध्यक्ष महोदय, सफीदों में महाराजा जन्मेजय स्टेडियम के रख रखाव के लिए अनुमानित लागत खर्च की जा रही है और उसके अनुसार आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।		
(क) सफीदों में महाराजा जन्मेजय स्टेडियम का उचित रख–रखाव करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए या उठाए जाने की संभावना हैं; तथा				
(ख) XXX				
		21.03.2022		
556. XX तारांकित प्रश्न संख्या–1728 के संदर्भ में ही श्री सुधीर सिंगला द्वारा पूछा		XX अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जिस		

गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय खेल मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इसमें संभावना की बात क्या है ? क्योंकि पहले भी ऐसा ही प्रश्न लगा था उसमें भी संभावना की बात कही गई थी, लेकिन आज तक एस्ट्रोटर्फ नहीं बदला है। माननीय मुख्यमंत्री जी उस नेहरू स्टेडियम में गये थे और उन्होंने एस्ट्रोटर्फ को देखने के बाद कहा था कि यह बदल दिया जायेगा। मंत्री जी स्वयं खिलाड़ी हैं और हॉकी के प्लेयर भी रहे हैं। इन्होंने स्वयं नेहरू स्टेडियम का एस्ट्रोटर्फ देखा होगा लेकिन इन्होंने यह नहीं लिखा कि यह बुरी हालत में है। आज के दिन वह बहुत बुरी हालत में है और वहां पर बहुत बच्चे हॉकी खेलते हैं मेरी मंत्री जी से गुजारिश है कि उसको जल्दी से जल्दी बदला जाये ताकि बच्चों को हॉकी खेलने में सुविधा हो सके।

स्टेडियम की मेरे साथी बात कर रहे हैं। उस स्टेडियम में मैं स्वयं बहुत मैच खेला हूं। मैं माननीय सदस्य श्री सुधीर सिंगला जी को आश्वसत करना चाहूंगा कि वर्ष, 2022–23 में इसको चेंज करके अच्छे रूप में वहां हॉकी का स्टेडियम बनायेंगे।

21.03.2022

557. तारांकित प्रश्न संख्या–1703 के संदर्भ में श्री जगदीश नायर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहूंगा

अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य उक्त जमीन हमारे विभाग के नाम पर ट्रांसफर करवा देते हैं तो वहां पर जो–जो खेल इस समय खेले जा रहे हैं उसी के आधार पर हम

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

कि वर्ष, 2007 में ग्राम पंचायत गढ़ी पटटी ने जमीन खेल विभाग के नाम करने के लिए रैजोल्यूशन पास करके सरकार को भेज दिया था। लेकिन पता नहीं किस कारण से विभाग के नाम वह जमीन नहीं चढ़ी। अब गढ़ी पटटी गांव नगर परिषद् की सीमा में आ गया है। यदि अभी भी किसी कागज की जरूरत है तो हम उसको पूरा करवाने का काम करेंगे। यह बहुत बड़ा गांव है और इसमें खिलाड़ी भी बहुत हैं। मेरी होडल विधान सभा के आस पास कोई स्टेडियम भी नहीं है। पिछली सरकार द्वारा वर्ष, 2007 में चारदीवारी का निर्माण शुरू किया गया था, जिसके लिए विभाग ने कुल 18.47 लाख रूपये का अनुदान प्रदान किया था। मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि वहां स्टेडियम जल्द से जल्द बनाया जाये ताकि उस गांव के खिलाड़ियों को खेलने में सुविधा हो सके। XXअध्यक्ष वहां पर इनको मैदान प्रदान करवा देंगे। इसके अतिरिक्त मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हमारी जो जियो मैपिंग चल रही है उसके आधार पर हम वहां पर गेम भी और कोचिज भी उपलब्ध करवा देंगे। XX अध्यक्ष महोदय, हमारी पूरे हरियाणा में जियो मैपिंग चल रही है और उसके आधार पर हम इनको जो भी सुविधा उपलब्ध करवा सकेंगे वह करवाने का प्रयास करेंगे।

महोदय, इसके साथ ही साथ मैं यह भी अनुरोध करना चाहूंगा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में भिड़ूकी, सोंध, बंचारी, दीघोट, औरंगाबाद, होडल, हसनपुर और सिया 10–10 हजार से अधिक की आबादी के गांव हैं और ये ग्राम पंचायतें जमीन देने के लिए तैयार हैं तथा इन पंचायतों ने अनुदान राशि की सहायता से बच्चों के खेलने के लिए जगह की चारदिवारी की हुई है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इन गांवों में भी खेल स्टेडियम बनाने की कृपा करें।

558. वर्ष 2022–23 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : उपाध्यक्ष महोदय, खेल के मामले में लीडिंग स्टेट तो हरियाणा पहले से ही है। जो मंत्री जी अवार्ड लेकर आये हैं, मुझे उसके बारे में सब मालूम है और मैं उसी का ही तो जिक्र कर रहा हूँ। हरियाणा को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है लेकिन सरकार उनके लिए जो कर

उपाध्यक्ष महोदय, अगर ऐसा है तो आगे से सैंटर गवर्नमैंट के हिसाब से पैरालम्पिक खिलाड़ियों को इनाम देने का काम किया जायेगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	रही है, वह सबके सामने है। एक खिलाड़ी होता है और एक पैरालम्पिक खिलाड़ी होता है जोकि डीफ एंड डंब होता हैं जो बोल नहीं सकता या सुन नहीं सकता या किसी प्रकार की कोई शारीरिक कमी इन खिलाड़ियों में होती है। इन खिलाड़ियों को भी बराबर का इनाम दिया जाना चाहिए। जबकि हमारे यहां ऐसा नहीं है। मध्य प्रदेश में, महाराष्ट्र में, राजस्थान में तथा सैंटर गवर्नमैंट में परालम्पिक खिलाड़ियों को भी बराबर का इनाम दिए जाने का प्रावधान है।			
559.	खिलाड़ियों को बधाई संदेश के संदर्भ में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— अध्यक्ष महोदय, एक बात और भी है कि हमारे जो पैरालंपिक खिलाड़ी हैं। वे भी गोल्ड मैडल लेकर आये हैं और माननीय मुख्यमंत्री जी ने	09.08.2022 ठीक है, हम इसको देखेंगे।		

इन खिलाड़ियों के लिए अनाउसमैंट की थी लेकिन वह अनाउसमैंट अभी नोटिफाई नहीं हुई है।

10.08.2022

560. श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 104 क्या खेल कूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत गावं पिचोपा कलां में स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना है ?

जी श्रीमान। गांव पिचोपा कलां में खेल स्टेडियम बनाने हेतु ड्राईंग तैयार की जा रही है। तत्पश्चात् अनुमानित लागत तैयार की जाएगी तथा संबंधित कार्यकारी एजैंसी द्वारा निर्माण शुरू किया जायेगा।

26.12.2022

561. तारांकित प्रश्न संख्या 3 के संदर्भ में श्री सुरेन्द्र पंवार, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने यह नहीं बताया कि सोनीपत के सैक्टर– 4 के एस्ट्रोटर्फ की हालत जर्जर हो चुकी है तो क्या उसको चेंज करवाया जाएगा या नहीं करवाया जाएगा ? चूंकि इनकी लाईफ 15–20 साल की ही होती है और अगर उसको यूज नहीं करेंगे तो वह 100 साल तक ऐसे ही पड़ा रहेगा। मेरा

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि इसकी जांच करवायी जा चुकी है और उसकी रिपेयर करवाने के लिए आलरेडी 17 लाख रुपया दिया जा चुका है। फिर भी माननीय सदस्य कहेंगे तो उसकी दोबारा से जांच करवा देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	कहना यह है कि वहां पर काफी बच्चे प्रतिदिन अभ्यास करते हैं, लेकिन उस एस्ट्रोटर्फ की लाईफ खत्म हो चुकी है। वह एस्ट्रोटर्फ पिछले 2 सालों से जर्जर हालत में है।			
		26.12.2022		
562.	तारांकित प्रश्न संख्या 3 के संदर्भ में श्री इंदु राज, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न–अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी ने उस दौरान कहा था कि संबंधित कबड्डी हाल के लिए 939 लाख रुपये दिये गये हैं और काम चालू है। आज उन बातों को 7 साल का समय बीत चुका है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि वहां पर काम बन्द है और अब तक बजट नहीं दिया गया है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि संबंधित कबड्डी हाल के	अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा न्यू कंस्ट्रक्शंज के लिए 100 करोड़ रुपये और मैंटेनैंस के लिए 35 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। यह बजट पूरे हरियाणा प्रदेश के लिए दिया गया है। विभाग ने इसको लॉस्ट के महीने में रिलीज कर दिया था और इस महीने से वहां पर काम शुरू हो जाएगा।		

लिए बजट रिलीज करके काम शुरू करवाएं ताकि वहां पर खिलाड़ियों को सुविधाएं मिल सकें। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि अगर कबड्डी की बात करें तो रिढ़ाणा गांव का श्री प्रदीप नरवाल पूरी दुनिया का सबसे बड़ा कबड्डी स्टार है और बहुत सारे कबड्डी के खिलाड़ी उसी गांव से तैयार होकर आते हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना है कि संबंधित कबड्डी हाल के लिए बजट देकर काम शुरू करवाया जाए।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

FOREST & WILD LIFE DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

22.03.2022

563. श्री भारत भूषण बतरा, विधायक तथा श्री वरूण चौधरी, विधायक द्वारा हरियाणा वन विकास अनुसंधान मण्डल, पिंजौर में सरकारी धन के गबन के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सूचना संख्या–72 के संदर्भ में।

अध्यक्ष महोदय, इस बारे अवगत करवाया जाता है कि मुझे श्री जितेन्द्र अहलावत, भ0व0से0 की बतौर वन मण्डल अधिकारी, अनुसंधान, पिंजौर के कार्यकाल के दौरान करोड़ों रुपयों के गबन की एक शिकायत प्राप्त हुई थी। ***मेरे निर्देशानुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय द्वारा विषयांकित मामले की जांच करने हेतु निम्नलिखित जांच कमेटी गठित की गई थी। ***जांच कमेटी ने पत्र क्रमांक HSBB/1933 दिनांक 07.02.2022 द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय को भेजी गई। ***उक्त प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट सरकार के स्तर पर विचाराधीन है तथा अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की मिलीभगत बारे भी जांच करवाई जाएगी।

22.03.2022

564. श्री वरूण चौधरी, विधायक द्वारा हरियाणा वन विकास अनुसंधान मण्डल, पिंजौर में सरकारी धन के गबन के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सूचना संख्या–72 के संदर्भ में पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि श्री जितेन्द्र अहलावत आज भी फील्ड में डी.एफ.ओ. लगा हुआ है। कम से कम उनको फील्ड से तो हटा दिया जाये। मंत्री जी विजीलैंस इंक्वॉयरी का जिक्र कर रहे हैं। इसके साथ मंत्री जी यह भी बता दें कि क्या विजीलैंस इंक्वॉयरी आज मार्क हो गई है?

अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि विजीलैंस इंक्वॉयरी आज मार्क हो जायेगी। ***अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी कहा है कि एक अकेला अधिकारी इतना बड़ा घोटाला नहीं कर सकता। हम इस मामले की विस्तृत तौर पर जांच करवायेंगे और जो भी दोषी होगा उसको छोड़ा नहीं जायेगा।

09.08.2022

565. श्री सीता राम यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 38 क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या गांव कांटी के आरक्षित वन में लगाए गए बबूल टॉर्टिल एवं मस्कट के सूखे वृक्षों के स्थान पर पीपल, नीम, कीकर, शीशम, बरगद तथा अन्य वृक्ष

(क) हां श्रीमान जी, कांटी आरक्षित वन में सूखे वृक्षों को हटाकर चालू मानसून सीजन में पौधारोपण का कार्य किया गया है। इस वन क्षेत्र में इस वर्ष 3500 पौधे लगाए गए हैं।

(ख) पौधारोपण का कार्य चालू पौधारोपण सीजन में पूर्ण कर लिया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त वृक्षों के कब तक लगाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

26.12.2022

566. श्री अमरजीत ढांडा, विधायक द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 1 क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना निर्वाचनक्षेत्र के गांव जुलाना से सिंडाना वाया लिजवाना कलां की सड़क के मरम्मत के संबंध में अनापत्ति पत्र लेने के लिए आवेदन वन विभाग के पास पिछले डेढ़ वर्ष (03.03.2021) से लम्बित है तथा जिस कारण से मरम्मत कार्य अब तक आरम्भ नहीं हुआ है जबकि लोक निर्माण विभाग से निधियां पहले ही जारी हो चुकी हैं; तथा

(क) जुलाना से लिजवाना कलां होते हुए सिंघाना तक सड़क की मुरम्मत व चौड़ा करने के लिए वन भूमि के उपयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र का प्रस्ताव लंबित है।

भारत सरकार द्वारा इस प्रस्ताव की सैद्धांतिक स्वीकृति दिनांक 22–12–2022 को जारी की गई है। अब प्रयोक्ता ऐजेंसी, लोक निर्माण विभाग (भवन और सड़क) का भारत सरकार द्वारा जारी सैद्धांतिक स्वीकृति की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

(ख) यदि हां, तो वन विभाग द्वारा उक्त एन. ओ.सी. (अनापत्ति प्रमाण) पत्र कब तक जारी किए जाने की संभावना है ताकि उक्त मरम्मत कार्य को निष्पादित किया जा सके ?

(ख) उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र की समय सीमा प्रयोक्ता ऐजेंसी द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति की अनुपालना रिपोर्ट पर निर्भर करती है। जैसे ही प्रयोक्ता ऐजेंसी से परिवेश पोर्टल पर अनुपालना रिपोर्ट प्राप्त होगी, वन विभाग द्वारा तुरन्त भारत सरकार को अंतिम स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रस्ताव भेज दिया जाएगा।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TOURISM DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12.3.2015		
567.	श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 110 : क्या पर्यटन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ऐतिहासिक तथा प्रसिद्ध पर्यटक स्थल, बड़खल झील फरीदाबाद का पुनर्नवीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव के कब कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?	श्रीमान् जी, फरीदाबाद की बड़खल झील के पुर्नउद्धार की संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रस्ताव है। **** अध्यक्ष महोदय, मेरी विधायिका ने जो बड़खल झील में पानी की व्यवस्था करने की बात की है हम इस पर विचार कर रहे हैं। उनका आंकलन ठीक है कि पहले झील में पानी होता था परन्तु बरसातें कम हुई और जो राजस्थान से पानी आता था वह भी रूक गया। इस बड़खल झील में पानी भरा जाए यह भी हमारे अगले विस्तार के अन्दर एक बिन्दु है।	भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा शुरु किए गए स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बडखल झील परियोजना का विस्तार एक अनुमोदित परियोजना है। माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा भी बडखल झील के विस्तार हेतू घोषणा संख्या 10196 की गई है जो कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फरीदाबाद द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। बडखल झील कायाकल्प परियोजना के प्रमुख घटकों की स्थिति निम्नानुसार है:– स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फरीदाबाद ने सूचित किया है कि बडखल झील को भरने के लिए ट्रीटेड वेस्ट वाटर उपलब्ध कराने के लिए 4 कि0मी0 लंबी पाइपलाइन के साथ 10एम0एल0डी0 एस0टी0पी0 की स्थापना से संबधित 10 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बाकी घटकों के	The Committee would like to know the latest position in this regard. (13.1.2021)

			सम्बन्ध में यानी लेक फ्रंट डेवलपमेंट, सरफेस पार्किंग, लेक बंध सहित (झील के तल) की मजबूती हेतू एक डी0पी0आर0 तैयार की जा रही है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फरीदाबाद द्वारा आवश्यक मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव संख्या FP/ HT/ Others/ 41689/ 2019 दिनांक 20.08.2019 को वन विभाग को प्रस्तुत किया गया था जो कि अभी वन विभाग की अनुमति के विचाराधीन है।	
		5.03.2018		
568.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में	कुरुक्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए, स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत कृष्णा सर्किट का विकास किया जा रहा है। हम इस परियोजना के तहत ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर, नरकातारी, सन्निहित सरोवर तथा कुरुक्षेत्र की शहरी अवसंरचना का विकास करेंगे।	1. ब्रह्म सरोवर– मल्टीप्रपज पर्यटन सूचना केन्द्र, रेलिंग, गजीबो, पार्किंग, लाईटिंग, म्यूरल पेंटिंग, डस्ट बिन्स, बैंचिज, नया प्रसाधन खंड, फसाड, फर्श, स्त्री स्नान घाट, परिक्रमा पाथ आदि का कार्य दिनांक 14.12.2016 को शुरु हुआ था तथा दिनांक 15.07.2019 को पूर्ण हो चुका है। इस पर 2516.00 लाख रु0 की राशि खर्च की गई है। म्यूजिकल फव्हारामय मल्टीमिडिया शो को कार्य 1600.00 लाख की लागत	The Committee would like to know the latest position in this regard. (13.1.2021)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			से भारतीय पर्यटन विकास निगम, दिल्ली द्वारा एक डिपोजिट कार्य के रूप में किया जा रहा है जिसके लिए 320.00 लाख रू0 की राशि जारी की जा चुकी है। भारतीय पर्यटन विकास निगम ने कार्यकारी एजेंसी को कार्य दिनांक 17.01.2020 को आंबटित कर दिया है, परन्तु एक निश्चित प्रकार के प्लेटफॉर्म में डिजाईन परिवर्तन के कारण आई0टी0डी0सी0 के साथ मामले पर पुर्नविचार किया जा रहा है जैसा कि टैंडर में परिवर्तन आवश्यक होगा। **2. नरकातारी का विकासः—** शोपिंग क्षेत्र, बहुददेशीय भवन, प्रशाधन, चारदिवारी पैदल मार्ग, पार्किंग, विष्णु सहस्त्रानाम पर स्टोन रेलिंग इत्यादि का कार्य दिनांक 23.04.2018 को शुरु हुआ था तथा दिनांक 15.07.2019 को पूर्ण हो चुका है। इस पर 129.93 लाख रु0 की राशि खर्च की गई है।	

3. सन्निहित सरोवर का विकासः– स्नान घाट, आर सी सी रेलिंग लेक, गजीबो, बेंच, डस्टबिन, प्रशाधन, चारदिवारी पैदल मार्ग, परिक्रमा पथ पर शेड इत्यादि का कार्य दिनांक 26.04.2017 को शुरु हुआ था तथा दिनांक 30.11.2019 को पूर्ण हो चुका है। इस पर 413.04 लाख रु0 की राशि खर्च की गई है।

4. सी सी टी वी की निविदा इस माह के अंत तक सुनिश्चित कर दी जाएगी।

5. शहर की आधारभूत संरचना का विकासः–इस कार्य की राशि उपायुक्त कुरूक्षेत्र को स्थानांतरित कर दी गई थी तथा सार्वजनिक शौचालय, पर्यटन सूचना केंद्र, पैदल मार्ग, संकेतक, डस्टबिन, बाहरी लाईट व्यवस्था, पानी के कूलर का कार्य दिनांक 26.04.2017 को शुरु हुआ था तथा दिनांक 31.07.2020 को पूर्ण हो चुका है। इस पर 505.95 लाख रु0 की राशि खर्च की गई है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

6. ज्योतिसर का विकास कार्य:– इस विकास कार्य के लिए धनराशि कार्यकारी अभियंता हरियाणा लोक निर्माण विभाग (भवन व सडकें) को स्थानांतरित कर दी गई थी व उनके द्वारा दिनांक 26.04.2017 को कार्य शुरु करते हूए 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 2507.88 लाख रु0 की राशि खर्च की जा चूकी है। महाभारत से संबधित घटनाओं के सृजन/प्रदर्शनी से संबधित कार्य के लिए परामर्शदाता कम्पनी की नियुक्त की जा चुकी है व कार्य प्रगति पर है।

5.11.2020

569. तारांकित प्रश्न संख्या 675 के संदर्भ में श्री प्रदीप चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः–अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी कह रहे हैं कि हम मोरनी को विकसित कर रहे हैं लेकिन विकसित तो तभी होगा अध्यक्ष महोदय, हम इस पर विचार कर लेंगे। इसके साथ ही मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि सरकार वहां पर बाईसिकिल पाथ बनाने पर विचार कर रही है। जिसके लिए उसकी फिजिब्लिटी देख रहे

जब मोरनी के आस–पास का कंट्रोल्ड एरिया खत्म होगा क्योंकि वहां पर हुडा वाले बार–बार जाकर लोगों को तंग करते हैं। वे कभी–कभी तो किसी के घर व दुकान को गिरा देते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक वहां कोई दुकान या होटल नहीं खुलेंगे तब तक मोरनी का एरिया विकसित कैसे होगा? अध्यक्ष महोदय, मोरनी का एरिया विकसित तो तभी होगा जब वहां से कंट्रोल्ड एरिया खत्म होगा।

हैं। इसी के साथ–साथ वहां पैरा ग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून की सुविधा पर भी विचार कर रहे हैं और अगर फिजिबिलिटी बनेगी तो इनको भी शुरू किया जायेगा इसके अतिरिक्त जैसाकि आजकल लोग रूरल पहाड़ी एरियॉज में रहने के ज्यादा इच्छुक हो रहे हैं, के दृष्टिगत मोरनी एरिया के लिए होम स्टे पॉलिसी भी लेकर आ रहे हैं। इससे यहां के लोगों को घर बैठे रोजगार मिलेगा। इस तरह की पॉलिसी हिमाचल, उत्तराखंड व सिक्किम में बहुत पापुलर रही है, हालांकि हमारी भौगोलिक स्थिति इन राज्यों से बिल्कुल अलग है परन्तु बावजुद इसके लोगों द्वारा शिमला के बाद मोरनी को ज्यादा अच्छे पर्यटक स्थल के रूप में पसन्द किया जा रहा है। जहां तक कोरोना काल की बात है, इस कोरोना काल में पर्यटन क्षेत्र को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है लेकिन यदि मोरनी क्षेत्र के हिसाब से पर्यटन क्षेत्र का लेखा–जोखा देखें तो पायेंगे कि हमारे मोरनी क्षेत्र में इस कोरोना काल में भी पर्यटकों की संख्या पहले से बहुत ज्यादा रही है। यह हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		02.03.2022		
570.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	पर्यटन से रोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ–साथ अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। इस दिशा में मेरी सरकार ने कालका से कलेसर तक पर्यटन हब विकसित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। प्रदेश में फार्म टूरिज्म को नये रूप में ढालते हुए 'होम स्टे स्कीम–2021' भी शुरू की है। इसके तहत छोटे किसान अपने घरों में कमरे बनाकर पर्यटकों को रख सकेंगे।		
		02.03.2022		
571.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	पंचकूला को टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए मोरनी में एडवेंचर स्पोर्ट्स, टूरिज्म सर्किट रूट, माउंटेन ट्रेकींग, बाइकिंग और पैराग्लाइडिंग सुविधाओं को विकसित किया गया।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

FOOD, CIVIL SUPPLIES & CONSUMER AFFAIRS DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

04-03-2022

572. श्री प्रदीप चौधरी,
श्री सुरेन्द्र पंवार,
श्री प्रमोद कुमार विज, द्वारा पूछा गया अंतारांकित प्रश्न संख्या 642 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की वेबसाइट पर राशन कार्ड सेवाऐं फरवरी, 2021 से बन्द पड़ी हैं; यदि हां, तो इनके कब तक पुनः आरम्भ किए जाने की संभावना है?

राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि राशन कार्डो से सबंधित सेवाएं जो कि सरल पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं, डुप्लिकेट राशन कार्ड जारी करना, राशन कार्ड स्थानांतरण तथा राशन कार्ड निरस्त करना जैसी सेवाओं को छोड़कर सभी सेवाओं को मास फरवरी, 2021 से परिवार पहचान पत्र (PPP) डाटाबेस का पी.डी.एस. डाटाबेस से मिलान होने तक बंद किया गया है। मिलान का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा राशन कार्ड से संबधित सेवाएं शीघ्र ही बहाल कर दी जायेगीं।

09-08-2022

573. श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 33 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि नए राशन कार्ड आवेदन करने के लिए ई.पी.डी.एस.

(क) ई.पी.डी.एस. वेबसाईट संचालित है। हालांकि, राशन कार्ड सेवाएं अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जाती हैं, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2021 से पी.डी.एस. डाटाबेस

वेब साईट फरवरी, 2021 से संचालन रहित है; यदि हां, तो तो उसके कारण क्या है; तथा

(ख) इसे कब तक संचालित किए जाने की संभावना है?

को परिवार पहचान पत्र (पी.पी.पी.) डेटाबेस के साथ अंतिम सत्यापन तक अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया थाय

(ख) पी.डी.एस. डाटाबेस का परिवार पहचान पत्र (पी.पी.पी.) डेटाबेस के साथ शत् प्रतिशत एकीकरण होने उपरांत सेवाओं को तदानुसार फिर से संचालित किया जाएगा।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

PERSONNEL DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20.09.2006		
574.	श्री तेजेन्द्र पाल सिंह मान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 516 : क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या वर्ष 2001 से 2006 तक के दौरान हरियाणा सरकार के आई.ए.एस. तथा आई.पी.एस. अधिकारियों के विरुद्ध कोई छापा मारा गया थाय यदि हाँ, तो उनकी संख्या कितनी है तथा प्रत्येक व्यक्तिगत मामले की वर्तमान स्थिति क्या है?	मैं केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा हरियाणा सरकार के आई.ए.एस./आई.पी.एस. अधिकारियों के विरुद्ध मारे गए छापे से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या 516 तथा कार्मिक विभाग में 22.8.2006 को प्राप्त हुई उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में सूचित करना चाहूँगा तदानुसार कार्मिक विभाग ने कार्मिक विभाग तथा प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो को उक्त तारांकित प्रश्न का उत्तर तैयार करने के लिये संबद्ध सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो से संबद्ध सूचना का इंतजार है। कार्मिक विभाग संबंधित विभागों से संबद्ध सूचना एकत्र करने के प्रयास कर रहा है परन्तु ऐसा लगता है कि कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो से संबद्ध सूचना मिलने में कुछ समय लगेगा। अतरू प्रश्न का उत्तर तैयार करने के लिए 15 दिनों का समय इस संदर्भ में व्यक्त किया जाता है कि वांछित सूचना हरियाणा सरकार कार्मिक विभाग के पत्र क्रमांक 29/18/2006. 2 एस 1, दिनांक 15.12.2006 द्वारा विधान सभा, हरियाणा को भेजी जा चुकी है। हरियाणा सरकार के भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध वर्ष 2001–2005 के दौरान केन्द्रीय जांच ब्यूरों द्वारा छापे मारे गए थे उनका विवरण एवं उनके विरुद्ध की गई कार्यवाही की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है:–	The Committee would like to know the latest position in this regard. (27-11-2017)

बढ़ाने के लिये आपसे अनुरोध किया जाता है।

क्रमांक	केस संख्या एवं तिथि	अधिकारी का नाम	छापा मारे जाने की तिथि	नवीनतम स्थिति
1	2	3	4	5
1.	आर.सी. 2(ए)/2003-ए.सी. यू.-III दिल्ली, दिनांक 26.3.03	श्री आनन्द मोहन शरण, भा.प्र.अ. भूतपूर्व आयुक्त लैण्ड डिस्पोजल) दिल्ली विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली	27.3.2003	केन्द्रीय जांच ब्यूरो की रिपोर्ट के मध्य नजर भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा अपने आदेश क्रमांक 107/4/2004–ए. वी.डी–I, दिनांक 11.03.2005 द्वारा श्री आनन्द मोहन शरण, आई. ए.एस. के विरुद्ध न्यायालय में अभियोजन चलाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है तथा मामला न्यायालय के विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा अपने ज्ञापन क्रमांक 106/4/2005–ए.वी.डी–I, दिनांक 30.03. 2005 द्वारा आल इण्डिया सर्विस (दण्ड एवं अपील) नियम, 1969 के नियम 8 के तहत अनुशासनिक कार्यवाही आरम्भ की गई। जिसकी विभागीय जांच श्री अशोक कुमार, आयुक्त, विभागीय जांच और जांच अधिकारी, केन्द्रीय विजिलैंस कमीशन भारत सरकार से करवाई गई। जांच रिपोर्ट दिनांक 13.05.2011 में चार्ज–I को अशतः सिद्ध और चार्ज–II को सिद्ध नहीं पाया गया। भारत सरकार द्वारा आदेश क्रमांक 106/4/2005–ए.वी.डी–I, दिनांक 23.12.2016 के

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन		सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3		4	5
				तहत निर्णय लिया है कि मामले की दोबारा से जांच अधिकारी द्वारा आगे जांच करवाई जाये और श्री अरुण कुमार मिश्रा,सेवानिवृत्त.आई.ए.एस. अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है जिसकी प्रति संलग्न है। मामले में निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाना है। इस के पश्चात भारत सरकार से इस बारे कोई सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इस अधिकारी की सेवानिवृति की तिथि 31.08.2025 है।	
2.	आर.सी. 3(ए)/2004-ए.सी. यू.-ix दिल्ली, दिनांक 24.5.04	श्री सन्दीप गर्ग, भा.प्र.अ. भूतपूर्व रिजनल डायरैक्टर (नार्थ एडलटशन सैल भारत सरकार, पैट्रोलियम मंत्रालय, नई दिल्ली	16.4.2004 तथा 28.5.2004	केन्द्रीय जांच ब्यूरो की रिपोर्ट के मध्य नजर भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा अपने आदेश क्रमांक 107/2/2006–ए.वी.डी–I, दिनांक 06.07.2006 द्वारा श्री सन्दीप गर्ग, आई. ए.एस. के विरुद्ध न्यायालय में अभियोजन चलाने की अनुमति प्रदान की गई थी। भ्रष्टाचार रोकथाम नियम, 1988 की धारा 13 (2) साथ पढ़ा जाये 13 (1) (ई) के तहत श्री गर्ग विशेष न्यायधीश, (पी. सी. नियम 1988), सी.बी.आई. नई दिल्ली द्वारा अपने आदेश दिनांक 23.04.2016 द्वारा श्री सन्दीप	

गर्ग, आई.ए.एस. को चार वर्ष की कठोर कारावास साथ ही रुपये 25 लाख जुर्माना की सजा दी गई। सजा होने पर श्री सन्दीप गर्ग, आई.ए.एस. को दिनांक 23.04.2016 से निलंबित कर दिया गया। इस संदर्भ में जारी **आदेश दिनांक 30.05.2016 की प्रति संलग्न है।** अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन और अपील) नियम 1969 की धारा 7(2) के तहत सेवा से बर्खास्तगी और निष्कासन की सजा केवल केन्द्र सरकार ही दे सकती है। अतः दिनांक 07.12.2016 द्वारा भारत सरकार को उचित आगे कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजा गया है **जिसकी प्रति संलग्न है।** अंतिम निर्णय भारत सरकार से इस बारे अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो, नई दिल्ली ने अपने पत्र क्रमांक दिनांक 29.06.2017 द्वारा सूचित किया है कि माननीय विशेष अदालत (पी.सी. एक्ट), केन्द्रीय जांच ब्यूरो, नई दिल्ली द्वारा श्री सन्दीप गर्ग, भा.प्र.अ. को दिनांक 01.06.2016 को बेल दी जा चुकी है। **इस संदर्भ में जारी आदेश दिनांक 29.06.2017 की प्रति संलग्न है।**

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

CIVIL AVIATION DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		9–3–2010		
575.	तारांकित प्रश्न संख्या 124 के संदर्भ में श्रीमती सुमिता सिंह, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न*** ***अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी महोदय से पूछना चाहूंगी कि जो इन्होंने बात कही कि रन–वे को बड़ा किया जायेगा। मैं बताना चाहूंगी कि रन–वे को बड़ा करने के लिए साथ लगती ज़मीन को एक्वायर करना पड़ेगा। क्या इसके लिये अभी तक कोई कार्यवाही शुरू की गयी है?"	अध्यक्ष महोदय, कार्यवाही प्रारम्भ है।	इस मामले में सूचित किया जाता है कि तत्कालीन मंत्री महोदय द्वारा दिये गये आश्वासन के उपरान्त करनाल हवाई अड्डे पर बड़े जहाजों के लिये रन-वे का विसतार करने का प्रस्ताव तत्कालीन कार्यकारी निदेशक, हरियाणा इंस्टीच्यूट आफ सिविल ऐविएशन, सिविल एरोडोम, करनाल से दिनांक 1.3.2011 को प्राप्त किया गया था जिसके अनुसार इस कार्य हेतु लगभग 20 एकड़ भूमि अधिग्रहण करनी पड़ेगी तथा इस कार्य पर लगभग 7 से 10 करोड़ रुपये की राशि खर्च होने की संभावना थी। भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही हेतु दिनांक 11.3.2011 को उपायुक्त, करनाल से वांछित भूमि चिन्हित करके जिला नगर योजनाकार, उपनिदेशक कृषि व संबंधित तहसीलदार को अनापत्ति	The Committee would like to know the latest position in this regard. (11-5-2016)

प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया गया था। इस संबंध मे विभाग द्वारा समय-समय पर निम्न कार्रवाई की :-

1. दिनांक 25.4.2011 को कार्यकारी निदेशक, हरियाणा इंस्टीच्यूट आफ सिविल ऐविएशन ने उपायुक्त, करनाल को वांछित जमाबंदी एवं अक्श सिजरा के दस्तावेज प्रस्तुत किए।
2. दिनांक 27.5.2011 को उपनिदेशक, कृषि विभाग, करनाल ने उक्त संदर्भ में स्थिति बारे अवगत करवाया।
3. दिनांक 23.1.2012 को कार्यकारी निदेशक, हरियाणा इंस्टीच्यूट आफ सिविल ऐविएशन ने पुनः उपायुक्त, करनाल को उक्त जमीन अधिग्रहण करने हेतु अनुरोध किया।
4. दिनांक 30.1.2012 को इस कार्यालय द्वारा पुनः उपायुक्त,

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			करनाल को उक्त जमीन का अधिग्रहण करने हेतु अनुरोध किया गया। इसी दौरान दिनांक 27.7.2012 को तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय केन्द्रीय मंत्री, सिविल विमानन, भारत सरकार मध्य हुई बैठक में हिसार एवं करनाल हवाई पट्टियों के विकास हेतु यह निर्णय लिया गया कि इन्हें घरेलू हवाई अड्डे के तौर पर अपग्रेड किया जाए। तदोपरान्त भारतीय विमानपत्तन से पत्राचार चलता रहा लेकिन कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया। इसी दौरान माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा दिनांक 8.11.2014 को करनाल हवाई अड्डे का विकास करने की घोषणा कर दी गई। इस पर कार्यवाही करने के लिए कार्यकारी निदेशक, हरियाणा इंस्टीच्यूट आफ	

सिविल ऐविएशन से उनकी रिपोर्ट मांगी गई जो उन्होंने दिनांक 28.7.2015 को प्रस्तुत की जिसके अनुसार करनाल को घरेलू हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 22 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी। यह हल्के वजन के परिवहन विमान जैसे कि एटीआर 42, क्यू 400 तथा लघु व्यवसायिक जैट विमान उतारने में सहायक होगी। विमानों को खड़ा करने के लिए एक अतिरिक्त हैंगर का निर्माण किया जाएगा। प्रथम चरण में रनवे का विस्तार 3000 फुट से 4500 फुट किया जायेगा। हैंगर के निर्माण तथा रनवे की री-कारपैटिंग के लिए 12 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट मांगा गया था। योजना विभाग ने सुझाव दिया था कि अतिरिक्त बजट की मांग आगामी वित्त वर्ष 2016-17 में की जाये। यद्यपि योजना विभाग द्वारा हिसार के अतिरिक्त सभी हवाई अड्डों/हवाई पट्टियों के विकास के लिए वर्तमान वित्त वर्ष 2016-17

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			में 20 करोड़ रुपये का बजट अलाट किया गया है। करनाल हवाई अड्डे पर अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण करने की संभावनाओं के बारे में निरीक्षण करने के लिए कार्यालय द्वारा उपायुक्त, करनाल को अनुरोध किया गया है। दिनांक 12.4.2016 एवं 27.4.2016 को निर्धारित बैठकों में प्रधान सचिव, सिविल विमानन विभाग द्वारा डिप्टी चीफ फ्लाईंग इंस्ट्रक्टर-कम-आफिसर-इंचार्ज, हरियाणा सिविल विमानन संस्थान, करनाल को उपायुक्त, करनाल के साथ तालमेल रखने के लिए हिदायतें दी तथा माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा को कार्यन्वित करने के बारे में उपायुक्त, करनाल की स्पष्ट सिफारिश प्राप्त करें। उपरोक्त तथ्यों के मध्यनजर यह	

अंकित किया जाता है कि करनाल हवाई अड्डे को विकसित करने बारे विभाग द्वारा उचित कार्यवाही की जा रही है। अतः इस मामले को झींप कर दिया जाये।

(11-5-2016)

16.3.2015

576. राज्यपाल महोदय, के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान	*** अध्यक्ष महोदय, हम प्रयत्न कर रहे हैं कि हिसार को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करेंगे। एक काऊंटर बिजनेस सिटी इसको हम बनाएंगे ताकि जिस लोकेशनल और जिन चीजों के बारे में बताया जा रहा है उसका लोकेशनल एडवंटर्ज दूसरे स्थानों पर भी हो सकता है। इसलिए हम इसको करेंगे।	दिनांक 29.12.2014 को माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा द्वारा हिसार हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अडडा बनाने की घोषणा की गई है। हरियाणा सरकार के पास हिसार हवाई अड्डे पर 198 एकड़ भूमि मौजूद है तथा हिसार हवाई अड्डे के साथ अतिरिक्त 3200 एकड़ भूमि की पहचान की गई है जिसका इस्तेमाल असानी से एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के लिये किया जा सकता है। हरियाणा सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रुप में हिसार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के लिये दिनांक 4.3.2016 को M/s Frost & Sullivan India Private Limited, Chennai को सलाहकार नियुक्त किया है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			सलाहाकार का प्राथमिक कार्य Inception Report, Feasibility Study, Bidding documents etc. सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत तकनीकी योग्यता/ मानक तैयार करना होगा। विधि विभाग हरियाणा से अनुबन्ध वैट करवा कर दिनांक 04.03.2016 को सिविल विमान्न विभाग, हरियाणा तथा M/s Frost & Sullivan India Private Limited, Chennai के मध्य एक एग्रीमैंट कर लिया गया है। M/s Frost & Sullivan India Private Limited, Chennai द्वारा अन्तिम Inception Report दिनांक 8.4.2016 को प्रस्तुत की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य में वर्ष 2016–17 स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान हरियाणा सरकार ने पहले चरण में मौजूदा हवाई पट्टी का विस्तार 4000 फुट से 7000 फुट करने तथा टर्मिनल भवन को 50 करोड़ रुपये की लागत से नवीनीकरण	

की योजना बनाई है। इस सम्बन्ध में प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, सिविल विमान्न विभाग द्वारा दिनांक 12.4.2016 एवं 27.4.2016 को लोक निर्माण विभाग एवं सिविल विमानन विभाग के संबंधित अधिकारियों के साथ मिटिंग कर विस्तृत चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग, भवन एवं सड़कें शाखा के अधिकारियों को इन कार्यों को शीघ्रता से निपटाने के लिए हिदायतें दी गई। हिसार हवाई अड्डे को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर विकसित करने के लिए सिविल विमान्न मंत्रालय, भारत सरकार से साईट क्लीयरैंस (Site Clearance) लेने के लिए कार्यालय द्वारा एक पत्र क्रमांक एविएसन–जी–2016/393, दिनांक 29.04.2016 लिखा गया है।

चूंकि इस सन्दर्भ में विभाग द्वारा वांछित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा पूरी व्यवस्था स्थापित करने में समय लगेगा। अतः इस मामले को ड्रॉप (drop) कर दिया जाये।

(11–5–16)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		5.03.2018		
577.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में	मेरी सरकार ने तीन चरणों में हिसार हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय विमानन हब के रूप में विकसित करने के लिए एक कार्य योजना को अंतिम रूप दिया है। आगामी आठ माह में मौजूदा हवाई क्षेत्र को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम एयरपोर्ट में उन्नत किया जाएगा। दूसरे चरण में, रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग (एमआरओ), पार्किंग और सब–बेसिंग कार्यों के लिए रनवे को 4000 फुट से बढ़ाकर 9,000 फुट किया जाएगा। अंत में, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे समेत अंतर्राष्ट्रीय विमानन हब के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।		
		16.03.2021		
578.	डॉ० कमल गुप्ता, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 903 क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि हिसार हवाई अड्डे के द्वितीय चरण के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक पूरे किए जाने की संभावना है?	हां, श्रीमान जी। हिसार हवाई हड्डे के निर्माण का दूसरा चरण 5.02.2021. को आरम्भ किया गया है तथा 2022 के अंत (अर्थात् कि वित्तिय वर्ष 2022–23) तक पूरा किये जाने की संभावना है।		

579. तारांकित प्रश्न संख्या 903 के संदर्भ में डॉ. कमल गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– स्पीकर सर, इसके लिए मैं आपके माध्यम से उप मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा। सर, इस मामले में मेरे दो सुझाव और हैं। एक तो जो ये फ्लाईंग क्लब एसोसिएशन है उसको भी शुरू करने की कृपा की जाये और दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि वहां पर एक हैली सर्विस शुरू की जाये। वहां पर नजदीक ही अग्रोहा धाम है। वहां पर अगर कोई हैलीकॉप्टर आ जा सके तो इससे लोगों का मनोरंजन भी हो जायेगा और यह कांसैप्ट टूरिज्म को भी हैल्प करेगा। अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से पुनः सरकार से यह कहना चाहूंगा कि मेरे हिसार में फ्लाईंग क्लब एसोसिएशन और हैलीकॉप्टर सर्विस की भी शुरूआत की जायेगी तो मैं उप मुख्यमंत्री जी का बहुत–बहुत आभारी रहूंगा।

अध्यक्ष जी, जहां तक हिसार में हैली सर्विस की शुरूआत करने की बात है हम इस सम्बन्ध में विचार कर सकते हैं क्योंकि हैलीपोर्ट की फिजिबिलिटी एक बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्य है। मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि आज भी उड़ान स्कीम के अंदर हिसार से देहरादून, हिसार से धर्मशाला और हिसार से चण्डीगढ़ के लिए फ्लाईट सर्विस निरंतर चल रही हैं। इसके साथ ही साथ जो हमारा सिविल एविएशन क्लब था उसको करनाल में रि–एलोकेट कर दिया गया था क्योंकि हिसार में हैंगर वगैरह की कंस्ट्रशन चल रही थी। स्पाईजैट से हमारा एम.ओ.यू. हो चुका है कि 100 पॉयलैट्स की ट्रैनिंग का फ्लाईंग क्लब हिसार में स्पाईसजैट बनायेगा। अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह आश्वासन भी देता हूं कि अगर किसी कारणवश स्पाईसजैट के फ्लाईंग क्लब की स्थापना में कोई डिले होगा तो जो हमारा हरियाणा का फ्लाईंग क्लब है उसको जरूर रि–एलोकेट करके वापिस करनाल से हिसार में ले जाने का काम करेंगे।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SAINIK AND ARDH SAINIK WELFARE DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

25.02.2020

580. श्री विरेंजीव राव, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 26 : क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सैनिक विद्यालय को रेवाड़ी से गांव गोथरा, जिला रेवाड़ी में इसकी नव निर्मित ईमारत में स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसको कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है ?

हाँ, श्रीमान जी। सैनिक स्कूल को रेवाड़ी से स्थायी स्थान गोठड़ा टप्पा खोरी में स्थानान्तरण होने में लगभग 36 महीने का समय लगने की संभावना है।

23.08.2021

581. वर्ष 2021–22 के लिए अनुपूरक अनुमानों (प्रथम किस्त) की मांगों पर चर्चा तथा मतदान करने के संदर्भ में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया प्रश्न : XX यह ठीक है कि उसमें पैरा मिलिट्री फोर्सिज को इंक्लूड कर दिया गया लेकिन उसे आप राज्य सैनिक बोर्ड ही रहने दीजिए। राज्य सैनिक बोर्ड का सैक्रेटरी हमेशा फौज से ब्रिगेडियर रैंक

उपाध्यक्ष महोदय, हमने एक्स सर्विसमैन के बोर्ड को विभाग बनाया है। इस विभाग में भी हम ऐसी व्यवस्था करेंगे कि जो एक्स सर्विसमैन हैं और जो पैरा मिलिट्री फोर्सिज हैं उन सब के नुमाइंदों को इसमें रख कर ही काम करेंगे, क्योंकि उनकी समस्याएं अपने टाइप की होती हैं। वे समस्याएं सामान्यतः एडमिनिस्ट्रेशन को या बाकी लोगों को ध्यान में नहीं होती हैं इसलिए उनकी नुमाइंदगी हम किसी भी रूप

का रहा है। अब आपने उसको पैरा मिलिट्री फोर्सिज के साथ जोड़ दिया इसलिए उसमें आप सैक्रेटरी कमांडैंट को बनाईये या बी.एस.एफ. से रिटायर्ड आई.जी. को बनाईये। अगर आप इसको विभाग बनाकर आई.ए.एस. को दे दोगे तो नीचे जो जिला सैनिक बोर्ड हैं उनमें भी एक्स सर्विसमैन नहीं जाएंगे। उनमें भी एक्स सर्विसमैन की बजाए और कोई जाएगा। ऐसा करने से फौजियों के साथ बहुत अन्याय हो जाएगा। आपसे अनुरोध है कि एक्स सर्विसमैन के साथ अन्याय न करें। आप इस बिल को रिवाईज करें। XX उपाध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने बताया है कि हमने इस विभाग को आई.ए.एस. के हवाले कर दिया है। XX उपाध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार से पहले सैनिक बोर्ड में उनका हैड व सैक्रेटरी एक्स सर्विसमैन होता था। मैं तो उन एक्स सर्विसमेन की भावना को बता रहा हूं। XX उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों को भी जब यह एतराज है, तो क्यों नहीं सरकार की तरफ से उनकी बात मानी जा रही है। सोल्जर से लेकर जनरल तक सभी में रखें लेकिन उनकी नुमाइंदगी के बिना उस विभाग को नहीं चलाएंगे। XX उपाध्यक्ष महोदय, वह विभाग आई.ए.एस. के हवाले तो जरूर कर दिया है लेकिन उसमें एक्स सर्विसमैन का प्रतिनिधित्व भी जरूर रहेगा। XX उपाध्यक्ष महोदय, हम उस विभाग में एक्स सर्विसमैन का प्रतिनिधित्व जरूर रखेंगे लेकिन वह किस रूप में रखेंगे, वह अभी डिसाइड नहीं है। XX उपाध्यक्ष महोदय, एक बार इसकी रचना बन जाने दो, बाद में इनकी रिप्रेजेंटेशन क्या होगी, यह हम सोच समझकर फैसला लेंगे। XX उपाध्यक्ष महोदय, हुड्डा साहब को निश्चिंत रहना चाहिए। सरकार हर पहलू को ध्यान में रखकर ही इस पर विचार करेगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय पर एतराज जता रहे हैं। XX उपाध्यक्ष महोदय, राज्य सैनिक बोर्ड में ब्रिगेडियर रैंक का अधिकारी हैड होता था और चीफ मिनिस्टर इसका चेयरमैन होता था। मेरा अनुरोध है कि राज्य सैनिक बोर्ड की उसी इस्टैब्लिशमैंट को रहने दिया जाये ताकि चीफ मिनिस्टर के साथ फौजियों का सीधा लिंक बना रहे। XX

20.12.2021

582. श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 525 क्या सैनिक तथा अर्धसैनिक कल्याण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर में सैनिक विश्राम गृह की इमारत बहुत बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विश्राम गृह का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

(क) हां।

(ख) कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) झज्जर द्वारा इस सैनिक विश्राम गृह को असुरक्षित घोषित किया जा चुका है तथा इस विभाग द्वारा कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) झज्जर को दिनांक 13 जुलाई 2021 को असुरक्षित इमारत को गिराने हेतु अनुमानित बजट अुनमान

जल्द से जल्द तैयार करने बारे अनुरोध किया गया है। सैनिक विश्राम गृह, झज्जर का निर्माण कार्य अगले 12 महीने में शुरू हो जाने की संभावना है।

20.12.2021

583. श्री चिरंजीव राव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 527 क्या सैनिक तथा अर्धसैनिक कल्याण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या जिला रेवाडी के सैनिक विद्यालय, गोठडा को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई बजट आबंटित किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

**** अब तक जिला रेवाड़ी के सैनिक स्कूल, गोठड़ा को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कुल बजट 16747.03 लाख रुपये आवंटित किया गया है। निर्माण कार्य पी.डब्ल्यू.डी. (बी. एंड.आर.) रेवाड़ी के निर्माणाधीन है। पहला चरण पूरा हो चुका है दूसरा चरण पूरा होने के निकट है और तीसरा तथा चौथा चरण शुरू किया जाना है दिसम्बर, 2024 तक कार्य पूरा होने की संभावना है।

08.03.2022

584. दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 167 से निकाला गया आश्वासन।

सरकार सभी जिलों में एकीकृत सैनिक एवं अर्धसैनिक सदन बनाएगी, जिसमें जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण कार्यालय, विश्राम गृह, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस), केंद्रीय भंडार विभाग (सीएसडी) और राज्य में सभी पूर्व–सैनिकों और

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

पूर्व–अर्धसैनिकों के लिए बैठक करने हेतु एक मीटिंग हॉल होगा।

14.03.2022

585. श्री आफताब अहमद, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 823 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) XXX

(ख) यदि हां, तो निम्नलिखित शहीदों के संबंध में सरकार द्वारा अनुग्रह राशि तथा की गई अन्य घोषणाओं का ब्यौरा क्या है:–

(i) XXX

(ii) दिनांक 20 अगस्त, 2021 को पठानकोट पंजाब में शहीद हुए अजहरूद्दीन पुत्र श्री खुर्शीद, निवासी – नाई नांगल, तावडू (कांस्टेबल संख्या – 10, बख्तारबंद वाहिनी इकाई); तथा

(iii) XXX

(क) XXX

(ख) श्रीमान जी,

(i) XXX

(ii) सिपाही अजहरूदीन पुत्र श्री खुर्शीद निवासी – नाई नांगल, तावडू, दिनांक 20 अगस्त 2021 को पठानकोट (पंजाब) में शहीद हुए थे। सिपाही को सैन्य प्रशासन द्वारा शहीद का दर्जा देने बारे कोर्ट ऑफ इन्कवायरी विचाराधीन है। सैन्य प्रशासन से युद्ध हताहत प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपरान्त सरकार की नीति अनुसार शहीद के आश्रितों को अनुग्रह राशि तथा अनुकंपा

आधार पर नियुक्ति प्रदान करने बारे विचार किया जाएगा।

(iii) XXX

15.03.2022

586. श्रीमती गीता भुक्कल, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 832 क्या सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या झज्जर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव मातनहेल में सैनिक विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है?

(क) हां, श्रीमान जी, जिला झज्जर गांव मातनहेल में सैनिक स्कूल खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ।

(ख) ग्राम पंचायत मातनहेल और रूडियावास ने सैनिक स्कूल मातनहेल की स्थापना के लिए 312 एकड़ भूमि दान में दी थी, लेकिन वह भूमि वन अधिनियम 4–5 के अधीन थी। अब ग्राम पंचायत मातनहेल ने 61 एकड़ भूमि मुफ्त में दान की है जो वन अधिनियम धारा 4–5 से मुक्त है। भूमि के आबंटन से संबंधित मामला विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ के पास विचाराधीन है जैसे ही भूमि आबंटन से सम्बन्धित केस पर अंतिम निर्णय होगा, सैनिक स्कूल के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

HORTICULTURE DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		02.03.2022		
587.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	बागवानी को बढ़ावा देने के लिए भिवानी, नूंह और झज्जर में 3 नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं। ****		
		08.03.2022.		
588.	दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 57 से निकाला गया आश्वासन।	मुझे यह बताते हुए अति हर्ष हो रहा है कि हरियाणा देश में एक महत्वपूर्ण बागवानी केंद्र के रूप में उभरा है। 'हॉर्टिकल्चर विज़न' के अनुसार वर्ष 2030 तक बागवानी क्षेत्र को दोगुणा और उत्पादन को तीन गुणा करने की योजना है। अनूठे 'फसल समूह विकास कार्यक्रम' के तहत ताजा फल और सब्जियों के लिए सम्पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य होगा। सरकार वर्ष 2022–23 में 100 पैक हाउस की स्थापना के लिये सहायता प्रदान करेगी।		

589. श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 60 क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बाढ़डा में टमाटर तथा नींबू से संबंधित फलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

हरियाणा कृषि–व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण नीति–2018 की बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज योजना के तहत मेसर्स नेकी राम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम बाढड़ा, चरखी दादरी से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था और 08.06.2022 को आयोजित 11वीं राज्य स्तरीय खाद्य प्रसंस्करण समिति (एसएलसी–एफपी) के दौरान सॉस, गुद्दा, जैम, अचार, मुरबा आदि का निर्माण और पैकिंग के लिए एक टमाटर और अन्य सब्जी प्रसंस्करण का संयंत्र ग्राम बाढड़ा, चरखी दादरी में स्थापित करने के लिए सहायता अनुदान के प्रस्ताव को पहले ही अनुमति दी जा चुकी है । परियोजना के पूरा होने और संचालन के लिए समय सारिणी, अनुमोदन की तारीख से 24 महीने होगी।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

FISHERIES DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20.02.2019		
590.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	XX मेरी सरकार ने खारे पानी में बड़े पैमाने पर मत्स्य पालन के लिए जल क्षेत्र में वृद्धि करने की योजना बनाई है। मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करने के लिए आगामी वर्ष के दौरान जिला झज्जर, जींद और चरखी–दादरी के जल भराव क्षेत्रों को विकसित किया जाएगा। मोती की खेती की दो इकाइयां स्थापित की जाएंगी और हरियाणा के 15 सरकारी मत्स्य बीज फार्मों पर 935.00 लाख फिश फिंगरलिंग्स का उत्पादन किया जाएगा। XX		
		12.03.2021		
591.	वित्त वर्ष 2021–22 के बजट के संदर्भ में	मत्स्यपालक किसानों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से, हरियाणा सरकार द्वारा 2021–22 से 2024–25 के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 1090 हैक्टेयर लवणता प्रभावित क्षेत्र और 5000 हैक्टेयर ताजा पानी वाले अतिरिक्त क्षेत्र का विकास किया जाएगा। करनाल और चरखी दादरी में दो बड़े फिश फीड मिल प्लांट स्थापित किए गए हैं। झींगा कल्चर के लिए लवणता प्रभावित क्षेत्र विकसित करने के लिए 2021–22 में भिवानी के गरवा गांव में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

JAILS AND JUDICIAL

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		17-03-2015		
592.	तारांकित प्रश्न संख्या 543 के संदर्भ में श्री महीपाल ढांडा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी द्वारा दिये गये जवाब से संतुष्ट नहीं हूँ। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि क्या मंत्री जी मानते हैं कि इसमें (गुड़गाँव में निचली अदालत में मारूति आगजनी तथा दंगा मामले में लड़ने के लिए वकीलों की नियुक्तियों के संबंध में) कुछ धांधली हुई है और अगर धांधली हुई है तो इस पर क्या सरकार एक्शन लेगी क्योंकि इस पर जनता की खून-पसीने की कमाई के करोड़ों रुपये का नुकसान पिछली सरकार के कारण हुआ है ?	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने एक चिन्ता व्यक्त की है कि इस पूरे मामले में कोई धांधली या गड़बड़-घोटाला तो नहीं हुआ है। इस बारे में मेरा कहना है कि इस केस की पूरी जानकारी प्राप्त होने के बाद ही सरकार किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकती है कि इसमें कोई अनियमितता हुई है, इसमें कोई क़ानूनी गड़बड़ हुई है या किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए कानून-कायदे ताक पर रखे गये हैं, अगर ऐसी अनियमितताएं सरकार के ध्यान में आती हैं तो सरकार माननीय सदस्य की भावनाओं का निश्चित तौर पर सम्मान करेगी और सरकार का यह प्रयास होगा कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।		
		18.3.2015		
593.	तारांकित प्रश्न संख्या 543 के संदर्भ में श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके	आदणीय कांग्रेस लैजिस्लेटिव पार्टी की अध्यक्षा हमारे सदन की वरिष्ठ नेता ने अपनी पार्टी के उन वकील साथियों की फीस के बारे में सवाल		

माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि क्या यह सत्य है कि जितने भी ये सीनियर एडवोकेट हैं, ये अपने-अपने हिसाब से अपनी फीस लेते हैं। दूसरी बात क्या यह सत्य है कि जब कोई जरूरी मैटर होते हैं तब यह आम तरीका है कि सीनियर एडवोकेट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में, हाई कोर्ट में, ईवन लोवर कोर्ट में जाया जाता है। इस बात को जानते हो। मैं एक एडवोकेट हूं मैं खुद इस बात को जानती हूं कि यह तो होता है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि इस बारे में हमें जानकारी दें।

पूछा है। क्या वह सामान्यत: इतनी ऊंची फीस लेते हैं ? निश्चित तौर पर लेते होंगे। उनकी फीस की जानकारी सदन में नहीं है। यह बात बिल्कुल ठीक है कि यह सरकार तय करती है कि किस वकील को रखना है और किस मामले में कितनी फीस देनी है। मैं तो उनके जवाब में इतना ही कहूंगा कि माननीय सदस्या ने जो चिन्ता व्यक्त की है और जो विषय उठाया है कि क्या देश के सुप्रीम कोर्ट में या निचली अदालतांे में क्या कोई वकील पार्टी से बाहर के थे और उनकी फीस क्या थी ? क्या और कोई विकल्प थे ? उन वकीलों को जो इतनी ऊंची फीस दी गई यह विषय बार-बार निकल कर आ रहा है। यह अनुसंधान का विषय है। जांच करने पर कोई बात निकलेगी या कोई या कोई बेकायदगी सामने आएगी तो निश्चित तौर पर सरकार उस पर अपनी कार्यवाही करेगी।

9-3-2010

594. महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय का जवाब।

हाई कोर्ट का हमने भी दावा किया है और आज के दिन चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया भी इन प्रिंसिपल एग्री करते हैं ओर यह मेरा भी वायदा है कि हम इसके लिए कोशिश करते रहेंगे और चण्डीगढ़ में अपना अलग से हाई कोर्ट बनवाकर ही रहेंगे।

हरियाणा प्रान्त के लिए अलग से हाई कोर्ट बनाने की अनुमति प्रदान करने का प्रस्ताव 4 मई, 2017 को हरियाणा विधान सभा द्वारा पारित किया जा चुका है तथा इस प्रस्ताव की प्रति कार्यालय के अर्थ सरकारी

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(14-01-2020)

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			पत्र 21/39/ 2005-2जेजे-11, दिनांक 07.03.2018 द्वारा Sh. Suresh Chandra, Secretary to Govt. of India, Law & Justice Department, New Delhi को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेज दी गई है। अब मामले में आगामी कार्यवाही भारत सरकार के सतर पर की जानी है तथा भारत सरकार से जवाब आने पर मामले में हरियाणा सरकार द्वारा तदानुसार कार्यवाही कर ली जायेगी। कार्यालय दिनांक 13.01.2020 को स्मरण पत्र जारी कर दिया गया है।	
		05.11.2019		
595.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	***महिलाओं के विरूद्ध अपराधों और बच्चों के विरूद्ध यौन अपराधों के मुकद्मों के तीव्रता से निपटान के लिये चार डैडिकेटिड फास्ट ट्रैक कोर्ट और 12 विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित की जाएंगी।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

ARCHAEOLOGY AND MUSEUMS DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		22.02.2019		
596.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के दौरान श्री मक्खन लाल सिंगला द्वारा पूछा गया प्रश्न :– उपाध्यक्ष महोदया, सिरसा के थेड़ गांव के निवासियों को पुरातत्व विभाग ने कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में हटा दिया है। वे लोग वहां पर पिछले 70 साल से रह रहे थे। उनमें से कुछ परिवारों को रहने के लिए हाउसिंग बोर्ड के मकान दिये गये थे तथा बाकी लोगों को भी वहां से हटने के नोटिस दिये जा रहे हैं। लेकिन जिन लोगों को हाउसिंग बोर्ड के मकानों	उपाध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने जो मामला उठाया है मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं कि 1984 में थेड़ गांव में 82 एकड़ जमीन थी और वहां पर हजारों लोग रह रहे थे। उस जमीन में पुरातत्व काल के सिक्के, मूर्तियां, पत्थर और शिलालेख मिले हैं इसीलिए माननीय हाई कोर्ट के आदेशों से उस जमीन में पुरातत्व विभाग तथा उपायुक्त ने उन लोगों को सैक्टर 21 के हाउसिंग बोर्ड के मकानों में शिफ्ट करवा दिया है। वहां पर 1260 हाउसिंग बोर्ड के मकान थे जिनमें 649 परिवारों को वहां पर शिफ्ट कर दिया गया है।	मुख्य सचिव हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 17.3.2020 को सुबह 11 बजे मुख्य सचिव समिति कक्ष में केंद्रीय सरकार द्वारा संरक्षित स्थल माउण्ड सिरसा में रहने वाले लोगों के लिए पुनर्वास योजना का सुझाव देने के लिए विस्तृत विचार विमर्श के बाद थेड माउण्ड सिरसा में रहने वाले निवासियों के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए गए:– 1. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित स्थल का उचित सीमांकन किया जाएगा। 2. उपायुक्त, सिरसा द्वारा 3233 रिहायशी लोगो की पुष्टि की गई। 3. सैद्धांतिक रूप में संरक्षित क्षेत्र पर अवैध अतिक्रमणकारियों का	The Committee would like to know the latest position in this regard. (27.7.2022)

में ठहराया गया है उनको अभी तक उन मकानों का मालिकाना हक नहीं दिया गया है इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पहले उन लोगों को मकान बना कर दिये जायें तथा उनके नाम रजिस्ट्री करवा दी जाये ताकि वे सही ढंग से रह सकें क्योंकि ये परिवार आर्थिक रुप से कमजोर हैं तथा मेहनत मजदूरी करके अपना तथा अपने परिवार का पालन–पोषण करते हैं।

इस बारे में 26.10.2017 को माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में मीटिंग हुई थी। मुख्यमंत्री के प्रिंसिपल सैक्रेटरी, पुरातत्व विभाग, उपायुक्त और हाउसिंग बोर्ड की आपस में तीन मीटिंग हो चुकी हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि बहुत जल्दी उनका समाधान कर दिया जायेगा।

पुनर्वास नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, संभावित कानून और व्यवस्था के तहत स्थिति को मददेनजर रखते हुए केवल उन परिवारों को पुनर्वास के लिए पात्र माना जाएगा जो बेदखली के परिणामस्वरूप या तो बेघर हो जाएगे या जिनके पास जमीन/संपति की रजिस्ट्री के दस्तावेज मौजूद है।

4. जिला प्रशासन सिरसा द्वारा कुछ गांवों को चिहिंत किया गया है। जहां पुनर्वास के लिए पात्र परिवारों को 100 वर्गगज तक का ही क्षेत्र अधिकृत किया जाएगा। महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के मानदण्डों के अनुसार ही भूमि की खाका योजना एवं डिजाईन तेयार किया जाएगा। ग्राम पंचायतों से भूमि प्राप्त करने और अन्य बुनियादीं सुविधाएं प्रदान करने की लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			5. पात्र व्यक्ति/परिवार स्वयं ही अतिक्रमण की हुई साईट को खाली कर उसमें बने ढांचे को ध्वस्त करेगा। साईट के खाली कर उसमें बने ढांचे को ध्वस्त करेगा। साईट के खाली करने के पश्चात सरकार द्वारा प्रदान की गई भूमि पर घर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकार्य अनुदान के बराबर अनुदान दिया जाएगा। यदि आंबटिती अपने घर के निर्माण के लिए स्वयं श्रम का योगदान करता है तो MGNREGA के तहत PMAY ग्रामीण के मानदंडों अनुसार मजदूरी प्राप्त करने का पात्र होगा। 6. उपरोक्त योजना उन 788 फलैट में रहने वाले	

अतिक्रमणकारियों पर उन्हें स्वयं का फलैट प्राप्त होने पश्चात लागू होगी।

उपरोक्त के संदर्भ में दिनांक 21.12.2020 को मुख्यमंत्री महोदय के मुख्य प्रधान सचिव तथा अतिक्ति मुख्य सचिव हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के द्वारा एक बैठक की गई थी जिसमें अतिक्रमणकारियों द्वारा अधिकृत किए गए हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के फलैटों का मास अक्तूबर/नवंबर 2017 से किराया देने के संबंध में विचार विमर्श किया गया था। उपायुक्त सिरसा द्वारा फलैटों का किराया लगभग 48.00 करोड रूपये का ऐस्टिमेट भेजा है जो कि विभाग में विचाराधीन है। इस संबंध में विभाग द्वारा 23.11.21 को ब्डड में ऐजंडा भेजा था परंतु प्रधान सचिव हाउसिंग के दखल के बाद दिनांक 25.11.21 के कैबिनेट मीटिंग से पहले ऐजंडा वापिस ले लिया गया था।

माननीय मुख्य मंत्री महोदय द्वारा आदेश दिए गए है कि अतिरिक्त

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			मुख्य सचिव पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग से अतिरिक्त मुख्य सचिव हाउसिंग फॉर ऑल इसके बाद एक बैठक कर हाउसिंग बोर्ड द्वारा मांगे गए फलैट के किराए के मामले को आपस में एक मीटिंग कर सुलझाए। इसके बाद अगर कोई मामला लंबित रहता है तो मुख्य सचिव महोदय से निर्णय कराने हेतु एक मीटिंग का आयोजन करे। अभी तक उक्त मीटिंग नहीं हुई है। मीटिंग उपरांत ही इस मामले में कोई निर्णय हो पाएगा। मामले के निपटान के लिए विभाग द्वारा उचित कार्यवाही की जा रही है। अत इस मामले को ड्राप कर दिया जाए।	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12.03.2021		
597.	वित वर्ष 2021–22 के बजट के संदर्भ में	xxआज के दिन 91 साल पहले महात्मा गांधी ने आजादी के लिए अपने अनुयायियों का नेतृत्व करते हुए साबरमती आश्रम से दांडी तक यात्रा निकाली थी। आज मैं इस अवसर पर एक नई योजना "मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान अभियान" शुरू करने की घोषणा करता हूँ। इस अभियान के लिए परिवार पहचान पत्र से डाटा का सत्यापन किया जाएगा और राज्य में एक लाख निर्धनतम परिवारों की पहचान की जाएगी। इन परिवारों की न्यूनतम आर्थिक सीमा 1.80 लाख रुपये वार्षिक करने के उद्देश्य से उनके आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा, कौशल विकास, वेतन रोजगार, स्व–रोजगार और रोजगार सृजन के उपायों का एक पैकेज अपनाया जाएगा और लागू किया जाएगा। जब इन एक लाख परिवारों का सफलतापूर्वक उत्थान हो जाएगा तो सरकार अगले एक लाख निर्धनतम परिवारों		

की पहचान करेगी और उनके आर्थिक उत्थान के लिए काम करेगी।

03.03.2022

598. श्री प्रदीप चौधरी, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 639 क्या सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि उन व्यक्तियों की पेंशन जिनकी आय परिवार पहचान–पत्र के अनुसार रू0 200000/– से अधिक है, सरकार द्वारा बंद की जा रही है, यदि हां, तो उपरोक्त लाभार्थियों की पैंशन को पुनः बहाल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

श्रीमान् जी, वर्तमान में केवल उन्हीं लाभार्थियों की पैंशन रोकी जा रही है जिनकी वार्षिक आय 3.50 लाख रूपये से अधिक है, जो उनके द्वारा परिवार पहचान पोर्टल पर अपडेट और हस्ताक्षर करके उपलब्ध की गई है। इसके अतिरिक्त, लाभार्थियों के लिए परिवार पहचान पत्र की जानकारी को अपडेट करने के लिए एक पोर्टल मॉडयूल पर तैयार किया गया है, जिसे बाद में सत्यापित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, एक शिकायत निवारण पोर्टल भी शुरू किया जा रहा है जहां लाभार्थी उन आधारों का पता लगा सकता है जिन पर पैंशन/भत्ते रोके गये हैं और यदि आधारों में सुधार की आवश्यकता है तो शिकायत जमा कर सकते हैं। त्रुटि में संशोधन के बाद योजना के प्रावधानों के अनुसार पात्र पाए जाने पर रूका हुआ लाभ फिर से शुरू किया जा सकता है।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SKILL DEVELOPMENT & INDUSTRIAL TRAINING DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		28.02.2020		
599.	वर्ष 2020–21 के बजट अनुमान के संदर्भ में।	82. सत्र 2019–20 से 4 नये राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और 4 नये निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रारम्भ किए गए हैं। साथ ही 22 नये राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। आगामी सत्र में सिकरोना, इन्द्री और जीवन नगर में तीन नये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शुरू हो जाएंगे।	राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिकरोना (फरीदाबाद), घरौण्डा (करनाल), मुसेदपुर (गुरूग्राम), सतनाली, सेहलांग (महेन्द्रगढ़), नंदगांव (भिवानी), सफीदों (जींद), बहलोलपुर (कुरूक्षेत्र), नलवा (हिसार), नाचरौन (यमुनानगर) और अलिका (सिरसा) के 11 संस्थानों के भवन पूर्ण हो चुके हैं।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (29.06.2022)
		84. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से निकलने वाले प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण देने तथा उद्योगों से अग्रानुबंधन के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रम में पूर्णतः बदलाव किया गया है। वर्ष 2020–21 में सौर ऊर्जा बैकअप, प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली, नवीनतम उपकरण, पूर्ण रूप से प्रशिक्षित अमला, इंटरनेट	शेष 11 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इन्द्री (करनाल), जीवन नगर (सिरसा), नलवी एट बसंतपुरा, शाहबाद मा0 (कुरूक्षेत्र), पाली, मोहना, तिगांव, फरीदाबाद (फरीदाबाद), खिजराबाद (यमुनानगर), सिसाय (हिसार) तथा खेवड़ा (सोनीपत) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्ष 2020–21 मे सिकरोना, इन्द्री और जीवन नगर में 3 नये औद्योगिक	

कनेक्शन और सभी सुविधाओं से युक्त 24 नए आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाएंगे।

89. वर्ष 2020–21 में हरियाणा कौशल विकास मिशन द्वारा उद्योग/भागीदार/विदेशी अभिकरण के सहयोग से राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, पन्नीवाला मोटा, सिरसा में एक अति आधुनिक आदर्श कौशल केन्द्र स्थापित किया जाएगा।

91. सरकार द्वारा संचालित सभी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अंग्रेजी माध्यम से प्रशिक्षण का विकल्प दिया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो के हर स्नातक को संस्थान छोड़ने से पहले निःशुल्क पासपोर्ट प्रदान किया जाए।

प्रशिक्षण संस्थान आरम्भ हो चुके हैं।

1. सत्र 2021–22 में कुल 64 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत दाखिला रिलिज किया गया है, जिसमें से 17 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान वें भी शामिल हैं जिन्हें राजकीय औद्योगिक मॉडल प्रशिक्षण संस्थान के रूप में परिवर्तित करने बारे कार्यवाही की जा रही है।
2. सभी 24 मोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में इन्टनेंट सुविधा आरम्भ कर दी गई है।
3. इन संस्थानो में स्मार्ट क्लास रूम तथा सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाए गए हैं।
4. इन संस्थानो में 80 प्रतिशत उपकरण भी उपलब्ध हैं।
5. राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को मॉडल आई.टी.आई. में अपग्रेड करने हेतु अनुदेशकों की नियमित भर्ती

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			एच.एस.एस.सी. के माध्यम से प्रक्रियाधीन है।	
		20.08.2021		
600.	तारांकित प्रश्न संख्या 1141 के संदर्भ में श्री धर्म सिंह छौक्कर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि इस आई.टी.आई की एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल व एफ.डी. से एप्रूवल हो चुकी है तथा इसके लिए 250 सीटें भी अलॉट की गई हैं। इस कार्य के लिए यहां पर पहले पंचायत और एक कंपनी के बीच कंबाइंड कमिटमैंट हुआ था जिसको कंपनी अपने स्तर पर पूरा नहीं कर पाई थी और माननीय हाई कोर्ट में मामला चला गया और विचाराधीन है। अध्यक्ष महोदय, इस सारे मामले में मसला केवल जमीन का है और चूंकि मामला माननीय हाई कोर्ट में लंबित है तो पता नहीं इसमें	अध्यक्ष महोदय, यदि माननीय सदस्य पंचायत से जमीन का रेजोल्यूशन पास कराकर हमारे पास भेज दें तो इस काम को करवा दिया जायेगा।	ग्राम पंचायत चुकलाना विकास खण्ड समालखां (पानीपत) की प्रस्तावित 40 कनाल 13 मरला शामलात भूमि का पट्टानामा विभाग के नाम हो चुका है। इस संस्थान के भवन निर्माण हेतु नक्शे बनाए जा चुके हैं तथा कच्चा अनुमानित चिट्ठा लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जाना है।	The Committee would like to know the latest position in this regard. (29.06.2022)

कितना समय लग जाये। अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि आई.टी.आई. का निर्माण होने वाली जिस जमीन पर डिस्प्यूट है, उस जमीन को दरकिनार कर दिया जाये और इस कार्य के लिए जितनी जमीन चाहिए, उतनी जमीन हमारी पंचायत फ्री ऑफ कोस्ट देने के लिए तैयार है और चूंकि संबंधित आई.टी.आई. के लिए सभी प्रकार की एप्रूवल्ज मिल चुकी हैं, के परिपेक्ष्य में अनुरोध है कि इस आई.टी.आई. का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाये।

23.08.2021

601. श्री जोगी राम सिहाग, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1124 क्या कौशल विकास तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री कृपया बताएंगे कि गांव बडोपती तथा धांसू में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

हां श्रीमान,

गांव बाडोपट्टी में नया महिला आई.टी.आई. तथा गांव धांसू में एक आई.टी.आई. खोलने बारे अनुरोध दिनांक 27.01.2021 विभाग को प्राप्त हुआ था। यह अनुरोध विभाग में विचाराधीन है।

गांव बाडोपट्टी खण्ड बरवाला जिला हिसार में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संस्थान स्थापित करने बारे ग्राम पंचायत की 7 एकड़ 7 कनाल 10 मरला भूमि एक रूपया प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से 33 साल के लिए पट्टे पर विभाग के नाम आवश्यक स्वीकृति जारी करने का केस महानिदेशक, विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के पास विचाराधीन

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			है। भूमि विभाग के नाम होने उपरान्त इस भूमि पर भवन निर्माण बारे कार्यवाही कर दी जाएगी। गांव धांसू के 15 किलोमीटर के क्षेत्र में 10 सरकारी और प्राइवेट आई.टी.आई. होने कारण गांव धांसू में आई.टी.आई. खोलना सम्भव नहीं है।	
		21.03.2022		
602.	तारांकित प्रश्न संख्या–1803 के संदर्भ में श्री सुभाष गांगुली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि गांव गांगोली में जहां मैंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की मांग की है, यह एरिया मेरे विधान सभा क्षेत्र के बीच में पड़ता है। यह जमीन स्टेडियम के साथ भी लगती है। मैं माननीय मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि एक गांव का बेटा	अध्यक्ष महोदय, जिस गांगोली गांव में माननीय सदस्य ने आई.टी.आई. मांगी है उसकी 20 किलोमीटर की परिधि में 4 आई.टी.आईज. आती हैं अगर उनमें कोई कमी होगी तो उसे देख लेंगे । इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने घोषणा भी की हुई है कि हम हर विकास खंड में एक आई.टी.आई. खोलेंगे । अगर इन 4 आई.टी.आइज. के होने के बाद भी वहां पर आई.टी.आई. की जरूरत होगी तो हम उस पर ध्यान देंगे।		

अपने गांव के लिए आई.टी.आई. मांग रहा है और गांव के समधी ने वह आई. टी.आई. देनी है । अतः इन दोनों के बीच में कोई तीसरा आदमी नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि हमारी बेटी सुप्रिया का नाम भी जिन्दगी भर के लिए रोशन हो जाएगा कि उन्होंने अपने पिताजी को कहकर आई.टी.आई. बनवाई थी। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस आई.टी.आई. को जरूर से जरूर मंजूर किया जाए।

21.03.2022

603. श्री रामकुमार कश्यप, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1619 क्या कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मन्त्री कृपया बताएंगे कि इन्द्री विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

हां श्रीमान जी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0) इन्द्री की कक्षाएं अस्थाई तौर पर वर्तमान सत्र 2021–22 से राजकीय आई0टी0आई0 करनाल में चल रहीं हैं और इसके अपने भवन इन्द्री में 3 मास में स्थानांतरित होने की सम्भावना है।

27.12.2022

604. कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

xxx

ठेकेदार सरकार को लोगों के नाम की सूचि

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

संबंधी : श्री आफताब अहमदः अध्यक्ष महोदय, शहीद हसन खां मैडिकल कॉलेज में जो बच्चे पिछले 10 वर्षों से ठेकेदारों के तहत अपनी सेवाएं दे रहे थे उनको निकाल कर और दूसरे ठेकेदारों द्वारा ही उनको भर्ती की जा रही है लेकिन उन बच्चों का जो 10 वर्षों का अनुभव था उसको नजरअंदाज किया जा रहा है। यह बात बिल्कुल सच्ची है कि वहां बच्चे इसके विरोध में धरने पर बैठे हुए हैं। उनकी लिस्ट और बच्चों के नाम बदले जा रहे हैं, क्या हरियाणा कौशल रोजगार निगम की यही पारदर्शिता है? अध्यक्ष महोदय, पुराने बच्चों के अनुभव और क्राइटेरिया को पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया गया है। इस तरह से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जब 10 वर्ष की सेवा देने के बाद भी उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है तो वे बेचारे देते थे और सरकार ठेकेदारों को एक–साथ पेमैंट कर देती थी । अभी भी ऐसे हजारों लोग हैं जिनके नामों को ठेकेदार एच.के.आर.एन. में पोर्ट नहीं कर रहे हैं और वे लोग हमें मिल भी नहीं रहे हैं तथा न ही उनकी हमारे पास कोई शिकायत आई है । इससे प्रतीत होता है कि ठेकेदारों के स्तर पर नीचे कोई गड़बड़ रही होगी कि उन्होंने सरकार के पास नाम बहुत ज्यादा लोगों के भेज दिए होंगे और उन्होंने भर्ती कम लोगों की की होगी । अतः यह एक ध्यान देने का विषय भी है । ऐसे में यह जांच का एक विषय है कि वे लोग फिजिकली अवेलेबल थे भी या नहीं और हम इसकी जांच करेंगे ।

xxx

कहां जायेंगे? सरकार को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिये। अध्यक्ष महोदय, इसमें कहीं भी पारदर्शिता दिखाई नहीं देती है।

27.12.2022

605. श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, मेरे पास इससे संबंधित एक कागज है जिसमें लिखा हुआ है कि पंचकुला के आदेश क्रमांक दिनांक 06.12.2022 को पी.जी.टी. के पद पर ज्वाईन किया था और दिनांक 09.12.2022 को दोपहर कार्यभार से मुक्त कर दिया जाता है। इन्होंने दिनांक 06.12.2022 को ज्वाईन किया था और दिनांक 09.12.2022 को कार्यभार से मुक्त कर दिया। इस संबंध में मेरे पास वाणिज्य प्रवक्ता का लैटर है।

xxx

अध्यक्ष महोदय, जब उसने ज्वाईनिंग की तभी तो उसको कार्यभार से मुक्त किया होगा। क्या उसको बगैर एप्वाँयंटमैंट के ज्वाईनिंग दे दी।

अध्यक्ष महोदय, मैंने इस बारे में पहले ही कह दिया है कि अगर ऐसी गलतियां हुई हैं तो उनको ठीक करने का काम किया जायेगा। अगर और भी इस तरह के केसिज हैं तो उनको भी हम देख लेंगे। एक बार अगर किसी की ज्वाईनिंग हुई है तो उनको वापिस, उनकी जो भी योग्यता होगी, आखिर हमारे पास हर योग्यता के लोगों की डिमांड तो आयेगी। अब इसके बाद और विभागों की डिमांड्स हैं क्योंकि अध्यापकों का चयन दो चरणों में किया है और हमें इसमें भी कठिनाईयों ध्यान में आई हैं। नये सिरे से हमारे ध्यान में जो कठिनाईयां आई हैं उनको भी दूर किया जायेगा। मैं स्वयं और हमारे प्रिंसीपल सैक्रेटरी श्री के.एम.पांडुरंग जी हैं, वे इस काम को देख रहे हैं। मैं उनको कहूंगा कि इन कठिनाईयों को दूर किया जाये और आगे से ऐसी कठिनाईयां न आयें, इसके लिए प्रयास किया जाये।

xxx

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

हुड्डा साहब, यह बात मेरे नोटिस में नहीं है। (विघ्न) अगर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत एफ.आई.आर. दर्ज हुई है तो इसकी जानकारी लेकर उस पर कार्रवाई करेंगे। (शोर एवं व्यवधान) अगर किसी ने जानबूझकर अपना नाम इसमें घूसेड़ दिया है तो उसके खिलाफ हम कार्रवाई करेंगे।

28.12.2022

606. श्री जोगी राम सिहाग द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 49 क्या कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री कृपया बताएंगे कि गांव बडोपटी में स्वीकृत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

गांव बाड़ोपट्टी में स्वीकृत किए गए नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। भूमि के स्थानान्तरण के लिए केस विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा के पास विचाराधीन हैं। क्योंकि भूमि ग्राम पंचायत की मलकीयत है। भूमि विभाग के नाम होने उपरान्त आई0टी0आई0 के भवन निर्माण की प्रकिया आरम्भ कर दी जाएगी।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

ENVIRONMENT AND CLIMATE CHANGE DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

9.03.2021

607. तारांकित प्रश्न संख्या–891 के संदर्भ में श्रीमती निर्मल रानी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में आसपास के गांवों में पॉल्यूटिड पानी आ रहा है जिससे कैंसर होने के कारण लोगों की मौतें हो रही हैं। वहां पर आसपास के गांवों ललेड़ी, बड़ी और राजलूगढ़ी हैं। इस सभी गांवों में पानी पाल्यूटिड हो चुका है जिसकी वजह से वहां पर मौतें हो रही हैं। हम हैल्थ इज वैल्थ की बात करते हैं, परन्तु हैल्थ ही नहीं होगी तो उस वैल्थ का क्या करेंगे ?

XX यमुना नदी में अगर कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अनट्रीटेड पानी छोड़ेगा तो उन इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनको बन्द कर दिया जाएगा। XX अगर माननीय सदस्या की जानकारी में कहीं भी कोई बोरवैल करके जमीन में अनट्रीटेड पानी छोड़ता है तो उसके बारे में बता दें। मैं यह बात सभी माननीय सदस्यों के लिए कह रहा हूं कि अगर इस प्रकार की कोई भी जानकारी है तो उसके बारे में बता दें। मैं इस सदन में आश्वासन देता हूं कि अगर कोई इस प्रकार की बात सामने आती है तो उसकी जानकारी दे दें। हम उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। अगर कोई भी उद्योगपति अनट्रीटेड पानी छोड़ रहा है तो उसकी जानकारी दे दें। हम संबंधित एरिया में अधिकारियों को मौके पर भेजकर चैक करवाएंगे। अगर कोई कमी पायी जाएगी तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) विभिन्न श्रेणियों के उद्योगों के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों का नियमित रूप से निरीक्षण कर रहा है ताकि जल प्रदूषणकारी इकाइयों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के संचालन की जांच की जा सके और पर्यावरण के निर्वहन के लिए निर्धारित मानकों का अनुपालन किया जा सके। नियमित अनिवार्य निरीक्षणों के अलावा, एचएसपीसीबी जहां भी प्रदूषण के खिलाफ उचित निर्दिष्ट चैनलों के माध्यम से शिकायतें प्राप्त करता है और जहां भी निरीक्षण के संचालन के लिए न्यायालय/न्यायाधिकरण के निर्देश प्राप्त होते हैं, विशेष निरीक्षण भी कर रहा है।

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(18.01.2023)

सोनीपत जिले में 1681 इकाइयां एचएसपीसीबी के सहमति प्रबंधन के तहत शामिल हजैं, जिनमें से 595 जल प्रदूषणकारी इकाइयां हैं और 595 इकाइयों ने प्रवाह के उपचार के लिए ईटीपी स्थापित किया है।

2022–23 की अवधि के दौरान, एचएसपीसीबी के अधिकारियों द्वारा 152 इकाइयों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 05 इकाइयां निर्धारित शर्तों का अनुपालन नहीं कर रही थी। 02 गैर–अनुपालन इकाइयों के खिलाफ बंद करने की कार्रवाई की गई है और 01 इकाई को नए सिरे से नमूना लेने के बाद अनुपालन करते हुए पाया गया और शेष 02 इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

लल्हेरी कलां, लल्हेरी खुर्द, बरही और राजलू गढ़ी गांवों में एचएसपीसीबी द्वारा अपशिष्ट की रिवर्स पम्पिंग करते हुए कोई औद्योगिक इकाई नहीं पाई गई।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, समिति से इस पैरा को हटाने का अनुरोध किया जाता है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

18.03.2021

608. श्री चिरंजीव राव, द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 820 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र, राजस्थान से धारूहेड़ा तक आने वाले औद्योगिक अपशिष्ट जल को रोकने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो राष्ट्रीय राजमार्ग–98 को अवरूद्ध करता है तथा धारूहेड़ा के लोगों तथा यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बनता है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

*****मंत्री जी ने अपने रिप्लाई में यह कहा है कि इस मामले में राजस्थान गवर्नमैंट को एन.जी.टी. ने जो निर्देश दिये हैं राजस्थान गवर्नमैंट उनकी पालना नहीं कर रही है। मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहूंगा कि इसका काम कब तक पूरा हो जायेगा क्योंकि पिछले 6 साल से

हाँ, श्रीमान जी, ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

हरियाणा सरकार ने समस्या का समाधान करने के लिए नियमित पत्राचार, क्षेत्र का निरीक्षण तथा संयुक्त बैठकों के रूप में राजस्थान सरकार के पास मामला उठाया है।

इस सम्बन्ध में (आवेदन पत्र क्रमांक 124/2015) माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (नैशनल ग्रीन ट्रब्यूनल), नई दिल्ली/शीर्षक सुमित्रा देवी बनाम सी०पी०सी०बी० के समक्ष दायर किया है जिसमें माननीय अधिकरण ने आदेश दिनांक 12.12.2017 द्वारा भिवाड़ी, राजस्थान से धारूहेड़ा हरियाणा में औद्योगिक तथा घरेलू बहि:स्त्राव को रोकने हेतु उचित कदम उठाने के लिए राजस्थान सरकार को निर्देश जारी किए गए है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड (एच0एस0पी0सी0बी0) ने माननीय अधिकरण के दिनांक 12.12.2017 माननीय एनजीटी ने सुमित्रा देवी बनाम सीपीसीबी शीर्षक के ओए संख्या 124 दायर 2019 के निष्पादन आवेदन संख्या 42 में अपने आदेश दिनांक 29.10.2021 के तहत सीपीसीबी की रिपोर्ट को स्वीकर कर लिया है और राजस्थान और हरियाणा के संबंधित प्राधिकरण/विभाग को निर्देश जारी किए हैं पर्यावरण की बहाली की लागत के रूप में पर्यावरण मुआवजे का भुगतान करें।

माननीय एनजीटी के दिनांक 29.10.2021 के आदेश के विरुद्ध भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक सिविल अपील नं० 2022 का 1377 दायर किया गया। भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के माननीय एनजीटी के आदेशों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

The Committee would like to know the latest position in this regard.
(18.01.2023)

धारूहेड़ा के लोग इस तकलीफ को झेल रहे हैं।*****

के आदेशों को राजस्थान सरकार द्वारा कार्यान्वित न करने के लिए नैशनल ग्रीन ट्रब्यूनल (एन0जी0टी0) के समक्ष कार्यन्वयन आवेदन क्रमांक 42/2019 भी दायर किया है।

अब, एन0जी0टी0 ने आदेश दिनांक 04.02.2021 द्वारा कानून के नियम की पालना करने तथा जनता के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए मामले में उचित आपातिक उपाय करने के लिए राजस्थान राज्य तथा इनके प्राधिकारियों को निर्देश दिए हैं। माननीय अधिकरण ने पर्यावरण को की गई हानि के लिए मुआवजों का निर्धारण करने हेतु केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी0पी0सी0बी0) को निर्देश भी दिए है। माननीय अधिकरण के 3 मास के भीतर उपरोक्त कथित प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि पांच मलजल उपचार संयन्त्र (एस0टी0पी0) घरेलू उपशिष्ट जल के उपचार के लिए नगरपालिका भिवाड़ी द्वारा निर्मित किए जाने योजनाबद्व थे जिसमें से चार एस0टी0पी0 संचालित किए जा चुके हैं। मुख्य सचिव, राज़स्थान ने यह भी सूचित किया है कि सामूहिक बहिःस्त्राव उपचार संयंत्र (सी.ई.टी.पी.) भिवाड़ी परिचालन में हैं तथा यह अंतरराज्यीय प्रदूषण का मामला है और मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है और इस संबंध में जारी निर्देश का पालन हरियाणा द्वारा किया जाएगा।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, समिति से इस पैरा को हटाने का अनुरोध किया जाता है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

उपचारित बहिःस्त्राव राजस्थान में औद्योगिक क्षेत्र खुशखेड़ा के निकट किया जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया है कि राजस्थान सरकार ने शून्य तरल बहन स्तर तक सी.ई.टी.पी. को आगे उन्नत करने तथा उपचारित बहिःस्त्राव का पुनःप्रयोग सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार से परियोजना की स्वीकृति प्राप्त की है।

मुख्य सचिव, राजस्थान द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि यह परियोजना वित्त वर्ष 2021–2022 की समाप्ति तक पूरी की जानी संभावित है।

*****अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है मैं उसके बारे में यह बताना चाहूंगा कि एन.जी.टी. ने इस मामले में जो आदेश दिये हैं उनके मुताबिक तीन महीने के अंदर–अंदर इस काम की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी। इसके साथ ही साथ जो हानि हुई है उसके मुआवजे के लिए भी एन.जी.टी. ने सम्बंधित डिपार्टमैंट को आदेश दिये हैं।

08.03.2022.

609. दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 79 से निकाला गया आश्वासन।

वन राष्ट्र के लिए फेफड़ों का काम करते हैं। सरकार ने राज्य में लगभग 200 नर्सरियां स्थापित की हैं, जहां विभिन्न प्रकार की पौध तैयार की जाती हैं। वर्ष 2022–23 के दौरान सरकार द्वारा प्रदेश में 10 हाईटेक नर्सरियां विकसित की जाएंगी, जिनमें स्वचालित जलवायु नियंत्रण, ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, रूट ट्रेनर सुविधाएं, जर्मिनेशन बैड, वनस्पति प्रसार सुविधाएं तथा सिंचाई और उर्वरक देने जैसी स्वचालित सुविधाएं होंगी, जिससे वर्षभर गुणवत्ता वाली पौध तैयार करने की सुविधा होगी।

15.03.2022.

610. तारांकित प्रश्न संख्या 1577 के संदर्भ में डॉ. अभय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया है इसमें उन्होंने बताया है कि वहां पर कुल 90 स्टोन क्रशर चल रहे हैं जिनमें से 61 स्टोन क्रशरों को पर्यावरणीय नॉर्म्स के मुताबिक चलता बताया है। मैं पहली बार यह प्रश्न नहीं उठा रहा हूं। सरकार के पिछले कार्यकाल में भी मैंने यह प्रश्न उठाया था। उस समय श्री

अध्यक्ष महोदय, अभी 61 स्टॉन क्रैशर को ठीक पाया गया है जो नियमों का पालन कर रहे हैं। वहां केवल 29 स्टॉन क्रैशर ऐसे हैं जो नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जैसे मैंने डिटेल वाईज भी बता दिया है कि कितने क्रैशर हमने बंद कर दिये हैं और कितने ऐसे हैं जो स्टे ले रहे हैं। माननीय सदस्य ने वहां एक कमेटी गठित करने की बात कही है जो उनको देखती रहे। मैं उनको आश्वासन देता हूं कि हम इस प्रकार की एक कमेटी गठित करके वहां जांच करवा देंगे।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

विपुल गोयल जी मंत्री थे और उन्होंने मुझे सदन में यह आश्वासन दिया था कि यह इंश्योर किया जायेगा कि कोई भी स्टोन क्रशर बिना पर्यावरणीय नियमों का पालन किये न चले लेकिन बड़े दुख की बात है कि हर बार लीपा–पोती करके जवाब दे दिया जाता है। मैं 2 बातें कहता हूं कि आप विधान सभा के सदस्यों की कमेटी बना कर वहां भेज दें और जो अधिकारी यह जवाब भिजवा रहे हैं कि वहां पर सबकुछ ठीक–ठाक है, वे वहां एक रात सो कर दिखा दें मैं मान जाऊंगा कि वहां पर कुछ भी नहीं है। मैं बताना चाहूंगा कि गांव मेघोत बिंजा में 5 दिन पहले साइक्लोसिस का एक मामला आया है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें फेफड़ों में धूल जम जाती है और मरीज बिना ऑक्सीजन के जिन्दा नहीं रह सकता। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन

है कि वहां पर हैल्थ डिपार्टमैंट की कोई टीम भेज कर उन गांवों के लोगों के फेफड़े चैक करवाये जायें कि कितने प्रतिशत लोग ठीक हैं। वहां पर 3 गांव मेघोत बिंजा, धौलेड़ा तथा बीगोपुर के लोगों में यह बीमारी फैली हुई है इसलिए चैक करवाया जाये कि कितने प्रतिशत लोगों में यह शिकायत है? अध्यक्ष महोदय, हम प्रजातंत्र में रहते हैं और प्रजातंत्र में उत्तरदायित्व होता है, इस तरह से समस्या को टालना नहीं चाहिए। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस काम को गम्भीरता से किया जाये।

27.12.2022

611. श्री राकेश दौलताबाद द्वारा पूछा गया अताराकिंत प्रश्न संख्या 63 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(घ) क्या राज्य के सभी शहरों में अधिक एक्यूआई मॉनिटरिंग केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं; तथा

XXX

(घ) और (ङ) उपरोक्त 29 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्रों के अलावा, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य में 22 मैनुअल वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र भी स्थापित किए हैं। राज्य सरकार ने हरियाणा राज्य में अतिरिक्त 100 वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
(ङ)	गुरुग्राम में मॉनिटरिंग सिस्टम के नेटवर्क को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?	है, जिनमें से 22 केन्द्र पहले चरण में गुरुग्राम सहित स्थापित किए जाएंगे।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14.03.2018		
612.	अध्यक्ष महोदय द्वारा दी गई ऑब्जर्वेशन।	XX अगर किसी अधिकारी/कर्मचारी ने गले से ढोल निकालने का काम किया है तो वह अलग बात है लेकिन माननीय सदस्य के साथ कोई दुर्व्यवहार किया होगा तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मैंने इस मामले की जांच के आदेश दे दिये हैं। मैंने उसी टाइम ढुल साहब को बता दिया था कि मामले की जांच होने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। (शोर एवं व्यावधान)		
		15.03.2018		
613.	मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सूचना।	यह सर्वमान्य बात है कि हरियाणा में स्पोर्टस पर्सन में जितना वातावरण बना है उसमें इस समय ग्रामीण क्षेत्र का नौजवान ही आगे बढ़ रहा है। ग्रुप डी में बाकी प्रतिशत्ता कुछ भी रखेंगे लेकिन उसमें रिजर्वेशन तो जरूर होगी।		

हम ग्रुप डी में स्पोर्टस पर्सन के लिए अलग से 10 प्रतिशत की रिजर्वेशन रखेंगे । जिसका मैं आज सदन में आश्वासन देता हूं।

10.09.2018

614. श्री हरिचन्द मिड्ढा द्वारा दिये गये तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों के संदर्भ में।

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन को यह भी बताना चाहूंगा कि दिवंगत मिड्ढा साहब द्वारा डिमांड किए गए जींद जिले के बरसोला गांव के वंश लोचन तीर्थ का जीर्णोद्धार भी कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के माध्यम से किया जायेगा।

10.09.2018

615. अतारांकित प्रश्न संख्या 714 के संदर्भ में श्री करण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या राज्य में मृतक सरकारी कर्मचारियों के आश्रित को रोजगार देने के लिए अनुकम्पा नीति को पुनः आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त नीति को कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

(क) हां, श्रीमान जी।

(ख) प्रस्ताव जल्द ही अधिसूचित होने की संभावना है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		28.12.2018		
616.	ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 16 (राज्य के विभिन्न जिलों में बीमारी वर्षा के कारण कृषि भूमि में सेम की समस्या से संबंधित) के संबंध में कृषि मंत्री द्वारा द्वारा दिया गया आश्वासन।	XX अध्यक्ष महोदय, पशुओं के संबंध में मुआवजे के लिए जो सवाल माननीय सदस्य द्वारा उठाया गया था, वह वास्तव में सही है और मुआवजा मिलना चाहिए था। मुआवजें का प्रावधान बजट के किसी भी फंड में न होने की वजह से जरूर इस काम में देरी हुई है, इसलिए सरकार मुख्यमंत्री राहत कोष में से पशुओं के लिए मुआवजा तुरंत ही देने जा रही है। XX		
		05.11.2019		
617.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण कें संदर्भ में।	***मेरी सरकार अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित सरकारी नौकरियों के विभिन्न बैकलॉग को भरने का अभियान चलाएगी।		
		28.02.2020		
618.	वर्ष 2020–21 के बजट अनुमान के संदर्भ में।	292. उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तथा सरकारी कर्मचारियों के अनुभव से फायदा उठाने के लिए, जो सेरकारी कर्मचारी 10 वर्ष की सेवा के उपरांत		

नौकरी छोड़कर अपना व्यवसाय प्रारंभ करना चाहेगें, सरकार उनके बैंकों के द्वारा ऋण लेने पर गारंटी देगी।

5.11.2020

619. तारांकित प्रश्न संख्या 488 के संदर्भ में श्री राम कुमार गौतम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मुझे माननीय गृह मंत्री जी से ऐसे जवाब की उम्मीद नहीं थी। पुलिस भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु में 5 वर्ष की छूट न देने से हजारों नौजवान पुलिस में भर्ती होने के लिए अप्लाई करने से वंचित रह जाएंगे। अतः सरकार को उन नौजवानों को आयु में अवश्य छूट देनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, माननीय गृह मंत्री श्री अनिज विज ने कहा है कि माननीय सदस्य का सुझाव बहुत अच्छा है और विचार करने योग्य है। कुछ समय पहले भारत सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों को नौकरियों में 10 परसैंट आरक्षण दिया है, उसी तर्ज पर हरियाणा सरकार ने भी आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नौकरियों में 10 परसैंट आरक्षण दिया है। अभी तक आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों को पुलिस भर्ती में आयु में कोई छूट नहीं है। उनके लिए भी वही आयु निर्धारित है जो सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित है । हमारे पास आर्थिक रूप से कमज़ोर श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु में छूट से संबंधित बहुत—से सुझाव आये और मैं समझता हूं कि माननीय सदस्य द्वारा यह प्रश्न पूछने के पीछे भी यही भावना रही होगी। मैं सदन में आज घोषणा करता हूं कि होम डिपार्टमैंट की पुलिस की भर्तियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की आयु में अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

24.08.2021

620. तारांकित प्रश्न संख्या 1119 के संदर्भ में श्री असीम गोयल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः— ****अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि भिवानी और अम्बाला के किराये की दरों या जीवन—यापन की दरों की अगर मैं बात करूं तो अम्बाला शहर और अम्बाला कैंट भिवानी से जीवन—यापन के मामले में ज्यादा महंगे शहर हैं जबकि अम्बाला में 70 रुपये प्रति घंटा और भिवानी में 141 रूपये प्रति घंटा की दर से वेतन दिया जाता है। इन दोनों शहरों में दिये जाने वाले वेतन में जो फर्क है वह बहुत ज्यादा है। अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इन दरों के संबंध में सभी जिलों में एक समान रेट कोड तय किया जाए। इससे होता यह है कि कर्मचारी अपने आपको

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने पूरे हरियाणा में एक यूनिवर्सल रेट कोड बनाने की बात कही है । मैं बताना चाहता हूं कि प्रारम्भिक तत्कालीन पंजाब सरकार द्वारा वर्ष 1931, 1934 और 1941 में डी.सी. रेट की दरें निर्धारित करने के निर्देश जारी किये गए थे। सभी जिलों के डी.सीज. इन्हीं निर्देशों के आधार पर हर साल डी.सी. रेट तय करते हैं। ये आमतौर पर श्रम लागत की दरों पर ही तय किये जाते हैं। फिर भी हम इस विषय को एक बार चैक करवा लेंगे।

बहुत ज्यादा प्रताड़ित महसूस करता है। वह रोज सरकार को ज्ञापन देता है और विभिन्न जगहों पर यह बात उठाता है कि उसके साथ अन्याय हो रहा है। अतः मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस मामले में पूरे हरियाणा में एक यूनिवर्सल रेट कोड बनाया जाए।

20.12.2021

621. हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग इत्यादि में राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा उजागर किए गए हरियाणा में सार्वजनिक रोजगार में जघन्य साजिशों और निंदनीय दुर्भावना के कारण विषम स्थिति से निपटने के लिए कठोर उपायों पर विचार करने से संबंधित स्थगन प्रस्ताव संख्या–1 के संदर्भ में।

****लगभग 54 ऐसे केसिज दिए हैं जिनमें ओ.एम.आर. सीट खाली छोड़ी गई है। डी.जी.पी. अपने तरीके से उनकी इंवेस्टिगेशन कर रहे हैं कि आखिर उन लोगों को किसने ओ.एम.आर. सीट खाली छोड़ने के लिए कहा था। निश्चित रूप से उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

20.12.2021

622. हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग इत्यादि में राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा उजागर किए गए हरियाणा में सार्वजनिक रोजगार में जघन्य साजिशों और निंदनीय दुर्भावना

****मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि इस बात की भी इन्वैस्टीगेशन करवा लेंगे और जो भी दोषी होगा उसको छोड़ा नहीं जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

के कारण विषम स्थिति से निपटने के लिए कठोर उपायों पर विचार करने से संबंधित स्थगन प्रस्ताव संख्या–1 के संदर्भ में श्री अभय सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः– ****इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री जी ने ओ.एम.आर. शीट स्कैन करने वाली पारूडाटा कम्पनी का नाम लिया है। इसमें श्री जसबीर नाम के एक आदमी को पहले सारा काम दिया गया था, परन्तु इससे पहले वाले एच.पी.एस.सी. के चेयरपर्सन श्री मनचंदा ने इस कम्पनी से सारा काम वापिस ले लिया था। पूर्व एच.पी.एस.सी. के चेयरपर्सन श्री मनचंदा ने संबंधित काम से इस कम्पनी को हटा दिया था। श्री आलोक वर्मा ने चेयरपर्सन लगने के बाद इसी कम्पनी को दोबारा से आउटसोर्स का काम देने का काम किया है।

20.12.2021

623. हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग इत्यादि में राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा उजागर किए गए हरियाणा में सार्वजनिक रोजगार में जघन्य साजिशों और निंदनीय दुर्भावना के कारण विषम स्थिति से निपटने के लिए कठोर उपायों पर विचार करने से संबंधित स्थगन प्रस्ताव संख्या–1 के संदर्भ में।

अध्यक्ष महोदय, वर्श 2011 की एच.सी.एस. अधिकारियों की भर्ती के संबंध में मेरे पास कम्पलेंट्स आई हैं। (शोर एवं व्यवधान) मेरे पास एक ताजा कम्पलेंट भी आई है जिसमें कहा गया है कि मेरे मार्क्स इतने थे, बाकियों के मार्क्स इतने थे। इसके बावजूद मुझे साक्षात्कार के लिए भी नहीं बुलाया गया था, इसलिए इस भर्ती की इंकवायरी करवाई जाए। उस भर्ती की इंकवायरी करवाने की डिमांड है। अतः मैं सारे सदन से इस बारे में पूछ रहा हूं कि क्या उन भर्तियों की इंकवायरी करवा ली जाए ? ****ठीक है, उन भर्तियों की इंकवायरी करवाई जाएगी।

22.12.2021

624. सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों/मांगों के दौरान श्री वरूण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि सदन में "हरियाणा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना" की बात हो रही है। सुनने में बड़ा हर्ष होता है कि इस योजना से गरीब से गरीब व्यक्ति

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से श्री वरूण चौधरी और पूरे हाउस की जानकारी के लिए इस सम्बन्ध में यह बताना चाहूंगा कि इस लोन का जो इंट्रैस्ट है वह सरकार भरेगी। दूसरी बात मैं यह बताना चाहूंगा कि ये केवल लोन की स्कीमें नहीं हैं इसके अलावा और बहुत सारी स्कीमें सब्सिडी की भी हैं। किसी भी विभाग से सम्बंधित स्कीमों का एक निर्धारित बजट होता है। इसमें हमने यह भी

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

की आय बढ़ जायेगी। मैं इस योजना का हिमायती हूं क्योंकि मुझे इस बात का पता चला है कि ये जीरो बजट स्कीम है। एक रुपया भी सरकार के द्वारा उस गरीब व्यक्ति को न लाभ दिया जायेगा और न ही सरकार अपनी तरफ से कुछ और सहायता देगी। सरकार द्वारा इस कार्यक्रम की चण्डीगढ़ एयरपोर्ट पर और यहां तक इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट दिल्ली पर एडवर्टाइजमैंट की जा रही है। जिस स्कीम का कोई बजट नहीं है। अगर उस स्कीम की एडवर्टाइजमैंट का बजट है तो बहुत ही दुख की बात है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक मेलों की बात है तो माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 250 से अधिक मेले लगाये जा चुके हैं। उसमें क्या होना है, उसमें सिर्फ गरीब व्यक्ति को लोन दिया जायेगा। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार इस चीज की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। छूट दी है कि अगर इन स्कीमों में ज्यादा लोग आयेंगे और अगर यह वर्तमान बजट में पूरा हो जायेगा तो वर्तमान के बजट में उनकी मांग को पूरा किया जायेगा और अगर कोई कमी रह जायेगी तो जो आज से अढाई महीने बाद जो बजट आयेगा उसमें उस राशि को और बढ़ा दिया जायेगा ताकि अगर सब्सिडी की स्कीमों में ज्यादा लोग आ जाते हैं तो उनको भी छोड़ा नहीं जायेगा, उन सभी को भी सब्सिडी दी जायेगी।'"

10.08.2022

625. मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये संक्षिप्त वक्तव्य के दौरान अग्निपथ योजना के संदर्भ में दिया गया आश्वासन।

XXXX इसमें यह प्रावधान किया गया है कि 4 साल के बाद जो 75 परसेंट लोग वापिस आयेंगे, उनके लिए अर्द्ध सैनिक बलों में तथा असम राइफल्ज में 10 परसेंट की रिक्तियों का आरक्षण देने का काम किया गया है। इसके अलावा प्राइवेट सैक्टर ने भी और यहां तक की कारपोरेट जगत ने भी कहा है कि जो ये लोग वापिस आयेंगे, उन्हें वे भी सिलेक्ट करके अपने यहां जॉब पर रखने का काम करेंगे। अग्निवीर क्लॉस–3 लैवल के होंगे। मैं अपनी ओर से सदन को यह बताना चाहता हूँ कि ऐसे सब लोग जो हरियाणा सरकार की नौकरी में आना चाहेंगे उनको हमारी सरकार गारेंटिड नौकरी देने का काम करेगी, यह प्रावधान हम करने जा रहे हैं। XXXX

10.08.2022

626. श्री बिसम्बर सिंह द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 47 क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में केन्द्र सरकार की तर्ज पर अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों के वर्ग (i) तथा (ii) को पदोन्नित में आरक्षण देने की घोषणा,

श्रीमान जी, (क) एवं (ख) केन्द्रीय अधिसूचना एवं प्रासंगिक निर्णय के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने के लिए 12 जून 2022 को रोहतक में एक घोषणा की गई थी। मामला सरकार के परीक्षणाधीन है जिसमें व्यापक परामर्श एवं महाधिवक्ता की कानूनी सलाह की आवश्यता है। अध्यक्ष महोदय,

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय कबीर जयंती समारोह में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा (ख) यदि हां, तो उक्त घोषणा के कब तक लागू किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?	माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा उसके "क" भाग का उत्तर हां श्रीमान जी है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिनांक 12 जून, 2022 को रोहतक में एक घोषणा की थी कि केन्द्र के तर्ज पर क्लास–वन और क्लास–टू के अधिकारियों/कर्मचारियों को आरक्षण दिया जायेगा। माननीय सदस्य के प्रश्न के "ख" भाग के उत्तर में कहा गया है कि केन्द्रीय अधिसूचना एवं प्रासंगिक निर्णय के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने के लिए 12 जून 2022 को रोहतक में एक घोषणा की थी। उसमें ए.जी. हरियाणा की राय ली जायेगी। अगर ए.जी. हरियाणा की राय पॉजिटिव आती है तो उसके बाद एक कमेटी बनाई जायेगी। वह कमेटी काडरवाइज देखेगी कि किस काडर में कितना शॉर्टफाल है। उसी के हिसाब से कमेटी का जो निर्णय आयेगा उस हिसाब से कार्रवाई करने का काम करेंगे।	

627. तारांकित प्रश्न संख्या 47 के संदर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने कहा है कि यह क्लास–I क्लास और क्लास–II दोनों में रिजर्वेशन का मामला है जिसकी हम ए.जी. ऑफिस की राय लेकर एक कमेटी बनायेंगे। मैं कहना चाहूंगा कि हरियाणा विधान सभा में एस.सी., एस.टी. और बी.सी. वर्ग की एक कमेटी बनी हुई है। इस कमेटी ने पहले ही रिकमंडेशन दे रखी है और इस कमेटी में ए.जी. हरियाणा, वित्त विभाग, और एस.सी., एस.टी विभाग स्पेशल सेक्रेटरी को भी बुलाया जा चुका है। अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि जब एक और अलग कमेटी बन जायेगी तो विधान सभा की एस.सी., एस.टी. कमेटी ने जो रिकमंडेशन दी है उसका क्या होगा? यह 85वां संविधान संशोधन एस.सी., एस.टी. कर्मचारियों की जीवन रेखा है। जब मुख्यमंत्री जी ने घोषणा कर दी तो कमेटी की क्या वैल्यू है। मुख्यमंत्री जी की घोषणा से ऊपर तो कोई कमिटमैंट माननीय अध्यक्ष महोदय, यह ठीक बात है कि मैंने रोहतक में घोषणा की थी परन्तु साथ में उस घोषणा में मैंने दो बातें और भी कही थी कि केंद्रीय अधिसूचना और प्रासंगिक निर्णय यानी जो सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है। उन दोनों को मिलाकर के जो केंद्रीय स्तर पर यह क्लास 'ए' और 'बी' की पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा, वैसा हम करेंगे लेकिन अब स्थिति यह बनी हुई है कि जो निर्णय सुप्रीम कोर्ट ने दिया है उसमें एक निर्णय यह दिया है कि पदोन्निति में आरक्षण दिया जा सकता है लेकिन एक विषय यह भी है कि उसमें पहले से जो दो निर्णय हो रखे हैं। उसमें यह था कि यह रिजर्वेशन क्लास के हिसाब से किया जायेगा या कैडर के हिसाब से किया जाएगा। ये दो निर्णय अलग–अलग हुए हैं। इसका अंतिम निर्णय अभी माननीय उच्चतम न्यायालय के स्तर पर होना शेष है। एक तो है क्लास या ग्रुप as a whole उसका रिजर्वेशन किया जाये कि टोटल एस.सी. की इतनी बाकी हैं और वो सबको मिलाकर सारी टोटल बढ़ा दी जायें। एक है कि हर विभाग का जो कैडर है उस कैडर के हिसाब से जो कमी है उसको पूरा किया जाये। यह निर्णय

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

हो ही नहीं सकती। अध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री जी ने जो घोषणा की थी उसको कब तक लागू किया जायेगा?

होना अभी शेष है। इसको हमने पहले एल. आर. के पास भेजा कि क्या हम केन्द्र सरकार के हिसाब से अधिसूचना जारी कर सकते हैं। एल.आर. मैडम ने कहा कि नहीं जब तक सुप्रीम कोर्ट का बाकी निर्णय नहीं हो तब तक इसको लागू करना कठिन है लेकिन हमने इस बारे में फिर भी विचार किया कि एक बार ए.जी. साहब से हम पूछ लें कि क्या इसका उतना ही नोटिफिकेशन जो सैंट्रल गवर्नमैंट का पार्ट है उसका हम करेंगे तो उसका लाभ है । इस बारे ए.जी. साहब की रिपोर्ट जैसे ही आती है यदि वह पॉजिटिव आती है कि हम कर सकते हैं तो उसको तीन महीने के अंदर–अंदर लागू किया जायेगा। अगर उनकी रिपोर्ट में यह कहा जाता है कि नहीं अभी जो सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आयेगा उसके हिसाब से नोटिफिकेशन की जाये। उसके बाद हम इस मामले में जो 17.08.2022 की डेट लगी हुई है उसमें सुप्रीम कोर्ट क्या निर्णय देता है उसके हिसाब से उस पर हम आगे निर्णय

करके हम नोटिफाई भी करेंगे और यह हमारा वायदा है कि सैंट्रल गवर्नमैंट के ऑफिसिज में जिस प्रकार से पदोन्नति में आरक्षण है उसी पद्धति से हम पदोन्नति में आरक्षण लागू करेंगे।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

EMPLOYMENT DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		08.03.2022		
628.	दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 137 से निकाला गया आश्वासन।	हमारे श्रम बल के हित के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण आवश्यक है। सरकार का लक्ष्य डायल–112 के साथ एकीकृत मेजर एक्सीडेंट हैजर्ड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने का है ताकि उन शिकायतों और दुर्घटनाओं पर त्वरित रिसपॉन्स प्रदान किया जा सके, जिनकी बड़ी दुर्घटनाओं में तब्दील होने की संभावना है। श्रमिकों की नियमित चिकित्सा जाँच के लिए सरकार पानीपत, सोनीपत, अंबाला, हिसार, रोहतक और जींद में 6 नई औद्योगिक स्वच्छता प्रयोगशालाएं स्थापित करेगी।		
		08.03.2022.		
629.	दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 138 से निकाला गया आश्वासन।	मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मानेसर में 500 बिस्तरों वाले नए अस्पताल के निर्माण और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा गुरुग्राम में मौजूदा अस्पताल की क्षमता को 163 बिस्तरों से बढ़ाकर 500 बिस्तर करने से औद्योगिक		

		श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। हिसार, रोहतक, सोनीपत, अंबाला, करनाल और पंचकूला में छः नए 100 बिस्तरों वाले अस्पतालों तथा करनाल, रोहतक, झाड़ली, गन्नौर, मुलाना, घरौंडा, फर्रुखनगर, कोसली, साहा, छछरौली, पटौंदी, भूना, चरखी दादरी और उकलाना मंडी में 14 नए ई.एस.आई. औषधालयों का निर्माण शुरू किया जाएगा।
		08.03.2022
630.	दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 141 से निकाला गया आश्वासन।	बाल मजदूरी और प्रवासी पुनर्वास के मुद्दे को हल करने के लिए सरकार गुरुग्राम और फरीदाबाद में बाल श्रम पुनर्वास केंद्र तथा प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के लिए गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद और पानीपत में 4 नए स्कूल खोलेगी।
		8.03.2022.
631.	दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 139 से निकाला गया आश्वासन।	औद्योगिक श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करने हेतु ईएसआईसी औषधालयों को एक्स–रे मशीन, लैब सुविधाएं और उपकरण जैसे सेल काउंटर, ऑटोएनलाइजर, दूरबीन माइक्रोस्कोप और दंत चिकित्सा सुविधा के साथ सुदृढ़ किया जाएगा।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		08.03.2022		
632.	दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 144 से निकाला गया आश्वासन।	सरकार अंबाला में मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक आजीवन देखभाल गृह की स्थापना करेगी जिसके वर्ष 2023–24 तक शुरू होने की उम्मीद है।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

NEW AND RENEWABLE ENERGY DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14.03.2022		
633.	श्री सीता राम यादव, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 794 क्या नवीन एवं नवीकरणीय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में सौर ऊर्जा पंपों पर 10 हॉर्स पावर के बजाय 20 हॉर्स पावर तक सब्सिडी प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना हैं?	हाँ, श्रीमान जी, 20 एच. पी. तक के सौर ऊर्जा पम्प पर अनुदान प्रदान करने का प्रस्ताव नवीन एंव नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के विचाराधीन है। जैसे ही इसे स्वीकृति मिल जायेगी, इसे राज्य में लागू किया जाएगा।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20.02.2019		
634.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के संदर्भ में।	XX 'श्याम प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन' के तहत राज्य के साथ–साथ लगते हुए 152 गांवों के 10 समूहों की तीन चरणों में पहचान की गई है। ये समूह आर्थिक गतिविधियां, इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं, कौशल विकास एवं स्थानीय उद्यमिता प्रदान करके विकसित किये जाएंगे। इनके विकास पर तीन से पांच वर्षों में 884.59 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। XX	**श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन (नवीनतम स्थिति)** भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन की शुरूआत छत्तीसगढ़ से दिनांक 21 फरवरी, 2016 को किया गया था। मिशन के लिए निधियों केंन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं, केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं और राज्य पोषित योजनाओं के अभिसरण (Convergence) के माध्यम से जुटाई जाएगी। विभिन्न योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से जुटाई गई निधियों की कमी पूर्ति इस मिशन मेंपरियोजना में आवश्यक पूरक वित्तपोषण (Critical Gap Fund) केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा (60:40) अनुपात में उपलब्ध कराकर की जाएगी।	**The Committee would like to know the latest position in this regard.** **(28.07.2021)**

इस मिशन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार करते हुए देश का स्थायी एवं संतुलित क्षेत्रीय विकास करना है।'रुर्बन क्लस्टर' मैदानी और तटीय क्षेत्रों में लगभग 25,000 से 50,000 आबादी वाले तथा मरूभूमि, पर्वतीय या जनजातीय क्षेत्रों में 5,000 से 15,000 तक की आबादी वाले भौगोलिक रूप से एक–दूसरे के समीप बसे गांवों का एक क्लस्टर (Cluster) होगा। सभी चयनित क्लस्टरों का 3 से 5 वर्षो के अंतर्गत विकास किया जाएगा। हरियाणा में इस मिशन के अंतर्गत कुल चयनित 10 कलस्टरों में 152 गांव शामिल किये गये थे, परन्तु बाद में 2 गाँव बराड़ा व मौजगढ़ (मुलाना कलस्टर, अंबाला) नगरपालिका (MC) में आने के बाद मुलाना कलस्टर, अंबाला से हटा दिए गए थे।

क्र.	जिले का नाम	समूह (Cluster) का नाम	कुल गांव
1	अम्बाला	मुलाना	14

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

2	जीन्द	उच्चाना खुर्द	15
3	करनाल	बल्ला	05
4	फतेहाबाद	समैन	10
5	झज्जर	बदली	19
6	रेवाड़ी	कोसली	17
7	पंचकुला	गणेशपुर	38
8	पनीपत	सिवाह	10
9	फरीदाबाद	तिगाँव	10
10	नूँह	सिंगर	12
	कुल		150

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के अंतर्गत कुल 1417 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें अब तक कुल 407 कार्य पूर्ण हुए हैं व 155 कार्य प्रगति पर है तथा शेष कार्य शीघ्र ही शुरू कर लिए जाएंगे। यह मिशन 1199.51 करोड़ का है व अब तक 375.37 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जिसकी दिनांक 30.06.2021 तक विस्तृत रिपोर्ट साथ संलग्न है।

16.03.2021

635. तारांकित प्रश्न संख्या 883 के संदर्भ में श्रीमती शैली द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगी कि अभी तक 2.39 करोड़ रुपये के वर्क्स सैंक्शन हुए हैं और आज उन बातों को सवा साल का समय व्यतीत हो चुका है। मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि यह पैसा कब तक मिलेगा, कब तक वर्क्स शुरू हो जाएंगे और बाकी पैसे कब तक मिल जाएंगे?

अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने बड़ा अच्छा सवाल पूछा है। पिछली बार हमारी सरकार ने बजट सैशन के दौरान सभी माननीय सदस्यों को अपने—अपने विधान सभा क्षेत्रों के लिए विधायक निधि के तहत 5—5 करोड़ रुपये की ग्रान्ट यूटिलाईज करने की घोषणा की थी। हमारे पास माननीय सदस्या की तरफ से डिवलैपमैंट वर्क्स के अस्टिमेट्स बनकर आये थे और उनमें से 2,39,03000 रुपये के वर्क्स फिजिबल थे। जिनको सैंक्शन कर दिया है। जैसे ही बैलैंस वर्क्स फाईल पर पुट अप हो जाएंगे तो हम उनको भी सैंक्शन कर देंगे।

16.03.2021

636. श्री जगबीर सिंह मलिक, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 245 क्या उप—मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गोहाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गढी हकीकत में सामान्य चौपाल की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

जी, हां, श्रीमान् जी, सी.एम. अनाउंसमैंट कोड नम्बर 25284 के तहत प्राप्त गोहाना विधान सभा क्षेत्र के गांव गढ़ी हकीकत में जनरल चौपाल को पूर्ण करने के लिए 2,88,000 रुपये का अनुमान सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

18.03.2021

637. तारांकित प्रश्न संख्या 872 के सन्दर्भ में श्री ईश्वर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न रू ****अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न है कि जिस प्रकार से हाउसिंग बोर्ड और एच.एस.वी.पी. जमीन एक्वायर करके अपनी कॉलोनीज और सैक्टर्ज बनाते हैं क्या माननीय उप–मुख्य मंत्री महोदय उसी प्रकार से गांवों के लिए कोई प्रावधान करेंगे ? शहर में तो प्लॉट्स की अवेलेबिलिटी होती है और वहां पर लोग प्लॉट खरीद लेते हैं । देहात में अगर कोई कमजोर व्यक्ति प्लॉट खरीदना भी चाहे तो प्लॉट्स की अवेलेबिलिटी न होने के कारण खरीद नहीं पाता। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या वे जमीन का कोई रिजर्व प्राइस तय करके गांव में कॉलोनीज बनाएंगे ? गांव में

*****वर्ष 2006 में एच.आर.डी.ए. (हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट) बनाया गया था। उसकी वर्ष 2006 से वर्ष 2019 तक कुल 2 या 3 बैठकें हुई थी। हमने पिछले एक वित्त वर्ष में इसकी 9 बैठकें की हैं और प्रदेश में एच.आर. डी.ए. की पहली प्लैंड रूरल कॉलोनी बनाने के लिए इसराना गांव ने हमें 47 एकड़ जमीन दी है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमैंट ने इसका नक्शा भी अप्रूव कर दिया है। मैं सदन को विश्वास दिलाता हूं कि हम इसराना में अगले एक माह में पहला रूरल अलॉटमैंट एण्ड ऑक्शन करेंगे। इसमें हम गरीब आदमियों को 100 गज, 280 गज, 350 गज और 500 गज के रैजीडैंशियल प्लॉट्स देंगे। उसमें कम्युनिटी सैंटर, स्पॉर्ट्स कॉम्पलैक्स, इंडीपैंडैंट पावर फीडर, प्रॉपर पानी की सप्लाई की व्यवस्था और प्रॉपर रोड्स, पशुओं को रखने के लिए जोहड़ आदि की व्यवस्था भी होगी। रूरल हरियाणा में इस तरह की प्लैंड तरीके

पंचायत की जमीन यदि गांव से दूर भी है और वहां पर कॉलोनी बना दी जाए तो वहां पर गांव के लोग नॉमीनल रेट पर प्लॉट ले तो सकेंगे। मेरा प्रश्न है कि क्या माननीय मुख्य मंत्री महोदय कोई ऐसा प्रावधान बनाएंगे ?

की कॉलोनी पहली बार बनाई जाएगी और इसमें गरीब आदमी के लिए माननीय सदस्य की मांग के अनुसार स्पैशली लोअर प्राइस पर प्लॉट की अलॉटमैंट करने का प्रावधान किया जाएगा।

22.12.2021

638. तारांकित प्रश्न संख्या 1309 के संदर्भ में श्री सुरेन्द्र पंवार द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः—अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न के संदर्भ में माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने जवाब दिया है कि सोनीपत विधान सभा क्षेत्र में कोई भी ग्राम पंचायत नहीं है। मैंने 2 साल पहले जिन कार्यों की सूची ए.डी.सी./कॉरपोरेशन कमिशनर साहब को दी थी, उसका 2 सालों के बाद यह जवाब दिया जा रहा है कि उस विधान सभा क्षेत्र में (विधायक आदर्श ग्राम योजना) संबंधित काम नहीं हो सकते। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से पहले तो यह पूछना चाहूंगा कि इस प्रकार 2 सालों तक संबंधित कार्य बाधित हुए हैं, उसका जिम्मेवार कौन

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि ए.डी.सी. और सी.ई.ओ., सोनीपत ने इनको दिनांक 08.01.2021 और दिनांक 22.11.2021 को पत्र लिखे गये हैं। इन पत्रों के माध्यम से इनसे यह कहा गया है कि जो फुली अर्बनाइज्ड कांस्टीच्यूएंसी हैं उनके एडज्वाईनिंग किसी भी गांव में काम करवाया जा सकता है लेकिन आज तक माननीय सदस्य या इनके ऑफिस के स्टाफ ने डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के साथ इस बारे में किसी प्रकार का कोई कम्युनिकेशन नहीं किया है। माननीय सदस्य की कास्टीच्यूएंसी के एडज्वाईनिंग गांवों में या किसी भी साथ लगती हुई रूरल कांस्टीच्यूएंसी के किसी भी गांव को आदर्श विधायक गांव बनाने के लिए फंड अगर लगाना चाहते हैं तो सरकार जरूर इनको इसकी स्वीकृति देगी।

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

है? क्या उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जिन्होंने 2 सालों तक एक विधायक को गुमराह रखा? मुझसे विभागीय अधिकारी आए दिन कहते रहे कि उन्होंने संबंधित फाईल ऊपर भेजी हुई है और बजट सैंक्शन होकर आने वाला है। आज 2 सालों के बाद सरकार द्वारा यह जवाब मिला है। दूसरी बात यह है कि इसी सरकार के कार्यकाल में जब सोनीपत को म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन बनाया गया था तो 36 गांवों को इस कॉरपोरेशन में शामिल किया गया था। इसमें उन्हीं गांवों को शामिल किया गया था जिनके खातों में 50–100 करोड़ रुपये के फंड्ज पड़े हुए थे। इन गांवों में से किसी गांव में 100 करोड़ रुपये और किसी गांव में 50 करोड़ रुपये के फंडज पड़े हुए थे। इन पैसों को म्युनिसिपल कोरपोरेशन के खाते में लेकर उस समय की शहरी

xxx अध्यक्ष महोदय, अगर माननीय सदस्य के यहां से हमें इन कार्यों के बारे में जितनी जल्दी लिखकर दिया जायेगा उसके 30 दिन के अंदर–अंदर उन कार्यों के लिए फंड रिलीज कर दिया जायेगा।

स्थानीय निकाय मंत्री ने कोरपोरेशन में खर्च किया या नहीं, हमें इस बारे में पता नहीं है। इसके बाद 18 गांव कोरपोरेशन से अलग कर दिये गये। आज तक इन गांवों में कोई चुनाव नहीं हुआ और न ही वहां पर कोरपोरेशन ने कोई काम करवाया। इसके कारण गांवों के लोग भी उन कार्यों को नहीं करवा पाये। जब वहां के कोरपोरेशन में शामिल किए गए गांवों का सारा पैसा खर्च कर दिया गया तो उन गांवों के विकास कार्यों की जिम्मेवारी किसकी बनती है? अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उपमुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि यदि मैं अपने विधान सभा क्षेत्र के साथ लगते हुए इस गांवों के कार्यों की सूची उनको देना चाहूं तो क्या वे कार्य हो पायेंगे?

21.3.2022

639. वर्ष 2022–23 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा के दौरान श्रीमती गीता भुक्कल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : डिप्टी स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी के ध्यान में उपाध्यक्ष जी, इस सम्बन्ध में मेरा यह कहना है कि यह राशि प्रत्येक विधायक को एक बार मिलनी होती है यानि प्रत्येक साल का एक करोड़ रूपया मिलना होता है। अगर माननीय सदस्या को कोई समस्या है तो वे इस

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	यह बात लाना चाहती हूं कि उन्होंने हर विधायक को पांच करोड़ रूपये की राशि देने के लिए कहा था। जब से यह घोषणा हुई उसके बाद से हमने बार–बार अपनी रिकमण्डेशंज लिखकर भेजी हुई हैं लेकिन आज तक एक रूपये का भी काम नहीं हुआ है। मैं विशेषकर अपने विधान सभा क्षेत्र झज्जर की बात कर रही हूं।	सम्बन्ध में मुझसे व्यक्तिगत रूप में मिल लें। (विघ्न) अध्यक्ष जी, यह पांच करोड़ रूपये का विषय मेरे ध्यान में आ गया है अगर किसी विधायक साथी को नहीं मिला है तो वह नियमानुसार मिल जायेगा। (विघ्न) उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन में यह घोषणा कर रहा हूं कि जो विधायक आदर्श ग्राम योजना (वी.ए.जी.वाई) को हम इस वर्ष से चालू कर रहे हैं। इस योजना को कोविड–19 के दौरान विवशतापूर्वक बंद करना पड़ा था। इसके बाद लगातार दो वर्ष तक यह योजना बंद रही। इस वर्ष से इस योजना के तहत मिलने वाली दो करोड़ रूपये की राशि की अदायगी शुरू कर दी जायेगी। (विघ्न)		
		27.12.2022		
640.	तारांकित प्रश्न संख्या 26 के संदर्भ में श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, विधायक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना	अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बड़ा अच्छा सवाल पूछा है। हमारी सरकार का हरियाणा प्रदेश में परिवार पहचान पत्र को लाने का एक सपना था कि जिन परिवारों की आय		

चाहूंगा कि सरकार ने पी.पी.पी. स्कीम के तहत डाटा बेस तैयार करके बहुत सी गवर्नमैंट स्कीम्ज को जोड़ा है। मैंने जो सवाल किया है उसमें यह आंकड़ा दिया गया है कि इसमें टोटल 30,38,942 परिवार हैं और उनमें से पी.पी.पी. स्कीम के डाटा के तहत 1,21,57,298 से ज्यादा सदस्य 1,80,000 रुपये सालाना से कम आय वाले हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अवगत करवाना चाहूंगा कि मेरे सवाल के जवाब में यह रिप्लाई दिया गया है कि उन सभी परिवारों को बी.पी.एल. की श्रेणी में रखा गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप– मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मेरे हल्के में काफी ऐसे लोग हैं जिनकी आय पी.पी.पी. स्कीम के डाटा के तहत 1,80,000 रुपये से सालाना कम दिखायी गयी है, परन्तु अभी तक उनके बी.पी.एल. कार्ड नहीं बने हैं। दूसरी बात यह है कि मेरे सवाल में यह बात थी कि जो पहले बी.पी.एल. कार्ड बने हुए थे उनमें से कितने बी.पी.एल. कार्ड काटे गये हैं? विभाग द्वारा दिये 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना है, उसको बी.पी.एल. की श्रेणी में डाला जाये। आज पहले से भी ज्यादा यानी 3 लाख ऐसे गरीब परिवार हैं, जिनको हमारी सरकार ने बी.पी.एल. की श्रेणी में डाला है। अध्यक्ष महोदय, पी.पी.पी. कार्ड में बनाने में कई प्रकार के क्राईटेरिया हैं। इसमें जो वैरीफिकेशन का प्रोसैस होता है, वह केवल मात्र सरकार के अधिकारियों द्वारा वैरीफाई किया जाता है। इसमें ऐसी बात नहीं है कि कोई एक व्यक्ति अपने आप इस प्रक्रिया के तहत डाटा अपलोड कर रहा है। हम इसमें पिछले तीन सालों से उस परिवार की इन्कम टैक्स की एवरेज भी देखते हैं। अगर उसका प्राईवेट सैक्टर में ई.एस.आई. कटता है या वह सरकारी नौकरी करता है तो उसका पूरा डाटा एच.आर.एम.एस. के अंदर होता है। इसके साथ ही साथ व्यक्ति के परिवार के पास 5 एकड़ एग्रीकल्चर लैंड है। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि गांव के अंदर 2000 वर्ग गज से बड़ा मकान है या शहर के अंदर 1000 वर्ग गज से बड़ा मकान है तो हमारी सरकार द्वारा इस प्रकार के डाटा को भी देखा जाता है। इसके अलावा उसके परिवार में और भी कोई रोजगार प्राप्त कर

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

गये रिप्लाई में 9,60,235 परिवारों के बी.पी.एल. कार्ड काटे बताये गये हैं। पहले टोटल 26 लाख 94 हजार 595 बी.पी.एल. कार्ड धारकों की संख्या थी यानी एक तिहाई गरीब लोगों के बी.पी. एल. राशन कार्ड काटे जा चुके हैं और ऐसे 14–15 लाख गरीब परिवार हैं जिनके नये बी.पी.एल. राशन कार्ड बनाये गये हैं। जिन परिवारों के बी.पी.एल. राशन कार्ड काटे गये हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि जब शुरू में पी.पी.पी. कार्ड बनाये गये थे तो जिस परिवार ने पी.पी.पी. कार्ड बनवाये थे तब उनको इसके महत्व का पता नहीं था और जो सैंटर द्वारा पी.पी.पी. कार्ड बनाये गये थे उसको भी इसके महत्व का पता नहीं था। उन्होंने जैसे–तैसे परिवारों के डाटा को भरकर भेज दिया, जिसके कारण पी.पी.पी. कार्ड में बहुत सी त्रुटियां रह रहा है या नहीं, ऐसी तमाम प्रकार की वैरीफिकेशंज के प्रोसैस के बाद परिवार की बी.पी.एल. श्रेणी में एडीशन होनी है या नहीं, इस प्रकार के डाटा को भी सरकार देखने का काम करती है। माननीय सदस्य ने खुद इस बात को बताया है कि 9 लाख 25 हजार पुराने बी.पी.एल. श्रेणी में बैठे लोगों को ऑमिट किया है और 12 लाख से ऊपर नये परिवारों को बी.पी.एल. श्रेणी में ऐड किया है। सरकार ने अभी 91 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा किया है और 9 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पैंडिंग पड़ा हुआ है और जब 9 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा होगा तभी हमारे सामने पूरे आंकड़े नजर आयेंगे। जैसा कि माननीय सदस्य ने बताया कि 15 लाख के आसपास परिवारों को हम बी.पी.एल. की श्रेणी में देख पायेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको आपकी कांस्टीच्यूंएसी का एक उदाहरण देना चाहूंगा। जिनका नाम कृष्ण सैनी जी है। वे पहले बी.पी.एल. श्रेणी

गई। मैं यह बात भी मानता हूं कि पी. पी.पी. कार्ड में त्रुटियां ठीक करने का समय भी दिया गया लेकिन इसके बावजूद भी आज त्रुटियां ठीक नहीं हो पा रही हैं इसलिए मेरा इसमें यही कहना है कि उनको ठीक करवाने का काम किया जाये। मेरे पास ऐसे बहुत से परिवारों की सूची हैं जो आज भी गरीबी में अपना जीवन जीने को मजबूर हैं। मैं उदाहरण के रूप में बताना चाहूंगा कि एक व्यक्ति चाय का खोखा चलता है और उसको गवर्नमैंट इम्पलॉई दिखा रखा है लेकिन उसमें उसकी आय जीरो दिखाई गई है। वह कास्ट से एस.सी. है और उसको एस.टी. कास्ट का दिखा रखा है। इस प्रकार से पी.पी. पी. कार्ड में तमाम त्रुटियां हैं इसलिए मेरा निवेदन है कि इस बात पर सरकार संज्ञान जरूर ले।

में थे और इनकी वैरीफिकेशन वर्ष 2011 के जनगणना के आधार पर की गई थी लेकिन आज वे सैक्टर–19 के ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं। वे खुद बिजनैसमैन हैं। उनकी वाईफ नीरू और उनकी बेटी स्वीटी प्राईवेट जॉब करती हैं। आज एक नहीं बल्कि अनेक ऐसे केसिज हैं, जिनके परिवार की इन्कम 10 लाख रुपये पर एनम से ज्यादा है और वे पहले बी.पी.एल. श्रेणी के लाभार्थी थे। अब परिवार पहचान पत्र आ जाने के कारण से डाटा की रैगुलर वैरीफिकेशन होती रहेगी। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अलग–अलग क्राईटेरिया हैं, हम इनको भी देखेंगे। xxx

हमारे पास जिन परिवारों की सालाना आय 5 लाख, 10 लाख रुपये है तो हमारे पास इस प्रकार के लाखों केसिज आये हैं। इन लोगों ने पहले किसी और का अधिकार ले रखा था जिनको आज बी.पी.एल. श्रेणी में होना चाहिए था। माननीय सदस्य ने एक बात और कही कि कब तक बी.पी.एल. कार्ड बन जायेंगे तो मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि सरकार ने वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य दिनांक 25 दिसम्बर, 2022 को लागू किया था। जिन–जिन परिवारों के परिवार पहचान

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

पत्र की वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा हो गया है, उनको दिनांक 1 जनवरी, 2023 में पूरी बी.पी.एल. श्रेणी की योजनाओं का लाभ हरियाणा प्रदेश में मिलने लगा जायेगा। xxx

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

LABOUR DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

4.03.2022

641. श्री कुलदीप वत्स, द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 635 क्या श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :—

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए 75 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के सरकार के कानून पर माननीय उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है; तथा

(ख) यदि हां, तो राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जाने की संभावना हैं?

हरियाणा राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार अधिनियम, 2020 के कार्यान्वयन पर माननीय पंजाब एवं हरियाणा, उच्च न्यायालय, चण्डीगढ़ ने अपने आदेश दिनांक 03.02.2022 द्वारा रोक लगा दी थी। हरियाणा सरकार द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक एस.एल.पी. दायर की थी, जिस पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 17.02.2022 द्वारा जारी स्टे को हटा दिया है। वर्तमान में इस अधिनियम के संचालन पर कोई रोक नहीं है। हरियाणा राज्य में इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार प्रदान किया जाएगा।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

HOUSING FOR ALL DEPARTMENT

Note :—In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र० संख्या	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		08.03.2022		
642.	दिनांक 8.3.2022 को पेश हुए बजट अनुमान के प्वायंट संख्या 150 से निकाला गया आश्वासन।	प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (पीएमएवाई–जी) के तहत कुल 30,789 मकानों के लक्ष्य के मुकाबले 21,551 मकानों को मंजूरी प्रदान की गई और 20,659 मकान बनाये जा चुके हैं। सरकार की वर्ष 2022–23 के दौरान प्रधान मंत्री आवास योजना–शहरी (पीएमएवाई–यू) के घटक की भागीदारी से किफायती आवास (एएचपी) के तहत 20,000 मकानों के निर्माण की योजना है।		

10261—H.V.S.—H.G.P., Pkl.